ब्रह्माने किस प्रकार सृजन् कर्म प्रारम्भ किया, पूछे जाने पर उत्तर में मैत्रेय ने कहा, जीवादृष्ट के द्वारा सृजन करने के अभिलाष से भगवान् ने कालरूप धारण किया, एवं उससे प्रकृति को क्षुब्ध किया, गुणत्रययुक्त उक्त क्षुब्ध प्रधान से महत्तत्त्व आविर्भूत हुआ। तन्त्र में कहा है,—श्रीविष्णु के तीन रूप हैं, कारणार्णवशायी प्रथम पुरुष, गर्भोदकशायी द्वितीय पुरुष, क्षीराब्धिशायी तृतीय पुरुष हैं। उनको जानने से जीव मुक्त होता है। महत् से अहङ्कार होता है, अहङ्कार स्वयं सत्त्व प्रधान होनेसे भी उत्पत्ति के समय त्रिगुणस्थ रजः का प्राधान्य होता है। पञ्च प्रकार को कहते हैं—तन्मात्रा महाभूत, ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय उनके देवता पञ्च पञ्च का सृजन किया। भौतिक अण्ड स्वयं सृजन करने में सक्षम नहीं था। अतः उसे मिलाकर सृजन किया, एवं उसका अधिष्ठान भी बना। सहस्र सूर्य के समान जिसकी कान्ति है, इस प्रकार एक पद्म नाभि से उत्पन्न हुआ जो समस्त लोकों का स्थान है, उसमें स्वराट् ब्रह्मा प्रकट हुए। गर्भोदक के निम्नतल में भगवान् पद्माधार रूप में शयित थे, उनसे अधिष्ठित होकर ब्रह्मा स्वराट् हुए एवं नामादि क्रम से यथापूर्व सृजन कार्य्य किये। अतएव भगवान् रूप को विराट् रूप से नहीं कहा गया है। अतः वासुदेवस्थानीय भगवान् उक्त पुरुष से भिन्न हैं, यह अर्थ—प्रकरण लब्ध है।

उक्त रूपद्वय का सामान्यतः एकरूप से वर्णन करते हैं—उन श्रीभगवान् का पौरुष रूप, वै शब्द प्रसिद्धार्थक है। विशुद्धोर्जित सत्त्वादि के द्वारा रूप प्रकट होनेसे शक्ति शक्तिमान् का अभेद ही है। इस प्रकार प्रकट रूप हैं, द्वितीय पुरुष व्यूह को लक्ष्य करके उनका स्वरूप वर्णन इस प्रकार हुआ है,—(भा० ३।९।३) आप का रूप अनुपम है, इससे श्रेष्ठ रूप और नहीं है। विशुद्ध शब्द का अर्थ है—मायिक, 'जड़ीय', गुणलेशशून्य, स्वरूपशक्ति वृत्तिभूत है। अजित,—सर्वतो बलवत्, परमानन्द स्वरूप होने से ही वैसा सम्भव है। तै० उपनिषद् में उक्त है,—यदि यह आकाश आनन्द स्वरूप नहीं होता तो कौन प्राण धारण करने में सक्षम होता। इस श्रुति से श्रीभगवद्रूप का ही निर्देश हुआ है। सृष्ट समस्त पदार्थों का आधार स्वरूप होनेसे ही उनको परमात्मा कहते हैं॥१॥

उक्तपुरुष रूप का विसर्ग निदानत्व स्थापन करने के निमित्त सार्द्धश्लोक के द्वारा कहते हैं, (भा० १।३।२-३)—

जो गर्भोदक में शयनलीला, योगनिद्रारूप स्वरूपानन्द समाधि का विस्तार करते हैं, उनके नाभिकमल से

यस्य पुरुषरूपस्य द्वितीयेन व्यूहेन ब्रह्माण्डं प्रविश्य अम्भसि गर्भोदके शयानस्येत्यादि योज्यम्। यस्य च तादृशत्वेन तत्र शयानस्य अवयवसंस्थानैः साक्षाच्छ्रीचरणादिसन्निवेशैर्लोकस्य विस्तारो विराडाकारः प्रपञ्चः कल्पितः। यथा तदवयवसन्निवेशास्तथैव (भा० २।१।२६) "पातालमेतस्य हि पादमूलम्" इत्यादिना नवीनोपासकान् प्रति मनःस्थैर्य्याय प्रख्यापितः, न तु वस्तुतस्तदेव यस्य रूपमित्यर्थः। यद्वा, (ऋक्० १०।९०।१३) "चन्द्रमा मनसो जातः" इत्यारभ्य (ऋक्० १०।९०।१४) "पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकानकल्पयत्" इति श्रुतेस्तैर्हेतुभूतैर्लोकविस्तारो रचित इत्यर्थः। तथा च भारते मोक्षधर्मे नारायणीये गर्भोदके शयानस्य रूपान्तरेण श्वेतद्वीपपतेर्वाक्यम् (म० भा० शान्ति-प० ३३९।७२-७४)—

सर्वसम्वादिनी

[मूल० ८म अनु०] "तृतीयम्" इति,—(मूले) "सात्वतं वैष्णवम्; तन्त्रं पञ्चरात्रागमम्; कर्मणां कर्माकारेणापि सतां श्रीभगवद्धर्माणाम्, यतस्तन्त्रान्नैष्कर्म्यं कर्मबन्ध-मोचकत्वेन कर्मभ्यो निर्गतत्वं तेभ्यो भिन्नत्वं प्रतीयत इति शेषः।"

विश्वस्रष्टा, प्रजापतिगण का पति ब्रह्मा उत्पन्न हुए थे।

टीका—कोऽसौ भगवानित्यपेक्षायां तं विशिनष्टि यस्येति। यस्याम्भसि एकार्णवे शयानस्य—विश्रान्तस्य। तत्र योगः समाधि स्तद्रूपां निद्रां विस्तारयतः, नाभिरेव ह्रदं तस्मिन् यदम्बुजं, तस्मात् सकाशात् ब्रह्मासीत्—अभूद। पाद्मे कल्पे—स पौरुषं रूपं जगृहे। (२) कीदृशं रूपं जगृहे तदाह यस्येति। ननु कीदृशो विग्रहस्तस्य योऽम्भसि शेते स्म तदाह।

क्रमसन्दर्भः—तस्य पुरुषरूपस्य विसर्गनिदानत्वमपि प्रतिपादयितुमाह सार्द्धेन। यस्य पुरुषरूपस्य द्वितीयेन व्यूहेन ब्रह्माण्डं प्रविश्याम्भसि गर्भोदके शयानस्येत्यादि योज्यम्। अत्र टीकायां पाद्म इत्यत्र ब्राह्म इति वाच्यम्।

प्रथम पुरुष के अंश से द्वितीय व्यूह रूप पुरुष को प्रकट कर ब्रह्माण्ड में सन्निविष्ट होकर, प्रलय के समय गर्भोदक में शयन करते हैं, इस प्रकार पद्यस्थ वाक्य की योजना है। उक्त गर्भोदक में शयित पुरुष के अवयव संस्थान के द्वारा अर्थात् साक्षात् श्रीचरणादि सन्निवेश के द्वारा लोक का विस्तार हुआ, अर्थात् विराडाकार प्रपञ्च की कल्पना हुई। (भा० २।१।२६) में वर्णित है—

पातालमेतस्य हि पादमूलम् पठन्ति पार्ष्णिप्रपदे रसातलम्।
महातलं विश्वसृजोऽथ गुल्फौ तलातलं वै पुरुषस्य जङ्घे॥

टीका—"विराड्देह तज्जीव तदन्तर्य्यामिणाम् अभेदमारोप्य उपासनं कर्त्तव्यम्। इत्याशयेनाह पातालं पादमूलम् पादस्याधोभागम्। पातालादीनां तदवयवता विधीयते। पातालादीनि अतलान्तानि अधस्तनादारभ्य सप्तभूविवराणि। पठन्ति गृह्णन्ति" इत्यादि प्रमाण प्रदर्शनम्। पार्ष्णिप्रपदे - पादस्य पश्चात् पुरोभागौ॥ जितासनो जितश्वासो जितसङ्गो जितेन्द्रियः। स्थूले भगवतो रूपे मनः सन्धारयेद्धिया। विशेषस्तस्य देहोऽयं स्थविष्ठश्च स्थवीयसाम्। यत्रेदं व्यज्यते विश्वं भूतं भव्यं भवच्च सत्॥(भा०२।१।२३-२४)

उपास्य में नवीन उपासक मनःस्थिर कर सके, एतन्निमित्त विश्वस्थ पदार्थ समूह को पुरुष के प्रत्येक देहावयव में सन्निविष्ट किया गया है। किन्तु उक्त पुरुष का उक्त विराड्रूप ही वास्तविक है, इस प्रकार धारणा न करें। ऋक् वेद के (१०।९०।१३) में वर्णित है,—पुरुष के मन से चन्द्रमाकी उत्पत्ति हुई।

"असमन्मूर्तिश्चतुर्थी या सासृजच्छेषमव्ययम् ॥७॥
स हि सङ्कर्षणः प्रोक्तः प्रद्युम्नं सोऽप्यजीजनत् । प्रद्युम्नादनिरुद्धोऽहं सर्गो मम पुनः पुनः ॥८॥
अनिरुद्धात्तथा ब्रह्मा तन्नाभिकमलोद्भवः । ब्रह्मणः सर्वभूतानि स्थावराणि चराणि च ॥"९॥

तत्रैव वेदव्यासः (म० भा० शान्ति-प० ३४०।२८-३१)—

"परमात्मेति यं प्राहुः सांख्ययोगविदो जनाः ॥१०॥
महापुरुष-संज्ञां स लभते स्वेन कर्म्मणा । तस्मात् प्रसूतमव्यक्तं प्रधानं तद्विदुर्बुधाः ॥११॥
अव्यक्ताद्व्यक्तमुत्पन्नं लोकसृष्ट्यर्थमीश्वरात् । अनिरुद्धो हि लोकेषु महानात्मेति कथ्यते ॥१२॥
योऽसौ व्यक्तत्वमापन्नो निर्म्ममे च पितामहम् ॥"१३॥ इति ।

सर्वसम्वादिनी

[मूल० ६म अनु०] "तुर्य्ये" इति,—धर्मस्य भागवत-मुख्यस्य कलायाः श्रद्धा-पुष्ट्यादि-साहित्येन पठितायाः श्रीभगवच्छक्ति-लक्षणाया मूर्त्तेश्च सर्गे प्रादुर्भावे । अनयोरेकावतारत्वं हरि-कृष्णाभ्यां सोदराभ्यामपि सह ।

इस प्रकार आरम्भ कर (ऋक्० १०।९०।१४) में कहा गया है, चरणद्वय से भूमि, तथा श्रोत्र से दिक् एवं अपरापर विश्व की उत्पत्ति हुई । उन उन अवयव को निमित्त करके लोक की रचना हुई । उस प्रकार महाभारत के मोक्षधर्मीय नारायणीय प्रकरण में उक्त है,—श्वेतद्वीपपति अनिरुद्ध ने कहा,—मेरी चतुर्थमूर्त्ति श्रीवासुदेव ने अव्यय शेष का सृजन किया, यह शेष—श्रीसङ्कर्षण नाम से अभिहित हैं, उनसे प्रद्युम्न उत्पन्न हुए । यद्यपि नरलीलात्मक द्वारका चतुर्व्यूह श्रीवासुदेव से श्रीप्रद्युम्न की सृष्टि हुई है, यहाँ देवलील वैकुण्ठ चतुर्व्यूह श्रीसङ्कर्षण से प्रद्युम्न का प्रादुर्भाव वर्णित है, ईश्वरलीला का क्रम इस प्रकार ही है ।

श्रीप्रद्युम्न से अनिरुद्ध प्रकट हुए हैं, इस प्रकार प्रकट पुनः पुनः होता रहता है, अनिरुद्ध के नाभिकमल से ब्रह्मा का जन्म होता है, ब्रह्मा से स्थावर जङ्गमात्मक समस्त भूतों की सृष्टि होती है । उक्त प्रकरण में वेदव्यास ने कहा है—सांख्ययोग तत्त्वविद्गण जिनको परमात्मा कहते हैं । निज कर्मके द्वारा आप "महापुरुष" नाम से विभूषित होते हैं । उससे अव्यक्त उत्पन्न होता है, उक्त अव्यक्त को बुधगण प्रधान कहते हैं, लोकसृष्टिकर्त्ता परमात्मा के प्रभाव से—अव्यक्त से व्यक्त महदादि की सृष्टि हुई है । अनिरुद्ध को विद्वान्‌गण महानात्मा शब्द से कहते हैं । अनिरुद्ध सृष्टि कार्य्य में प्रवृत्त होकर लोक पितामह ब्रह्मा को सृजन किए । सङ्कर्षण का वैभव कथन के पश्चात् अनिरुद्ध का वैभव को कहते हैं, लोकेषु—प्रत्येक ब्रह्माण्ड में महानात्मा—परमात्मा—अनिरुद्ध हैं । प्रद्युम्न से ही आप प्रकट हुए हैं ।

यहाँपर अनिरुद्ध की उक्ति में संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध तीन व्यूह का उल्लेख है, श्रीव्यास की उक्ति में सङ्कर्षण—अनिरुद्ध व्यूहद्वय का उल्लेख है, इस मतभेद का समाधान यह है, प्रद्युम्न के सहित अनिरुद्ध का अवान्तर भेद विद्यमान होने पर भी सूतोक्ति में उभय को अभेद करके ही कहा गया है, अतएव व्यूहद्वय हुआ है । चतुर्थ व्यूह वासुदेव स्थानीय श्रीभगवान् हैं । (भा० ११।४।३) श्लोक में उक्त है,— "भूतैर्यदा पञ्चभिरात्मसृष्टैः, पुरं विराजं विरचय्य तस्मिन् ।
स्वांशेन विष्टः पुरुषाभिधान,-मवाप नारायण आदिदेवः ॥"

आदिदेव नारायण जब महत्स्रष्टा पुरुष संज्ञा को प्राप्त करते हैं, तब निज सृष्ट पञ्चभूत के द्वारा ब्रह्माण्ड की रचना करके उसमें अन्तर्य्यामी रूप में प्रविष्ट होकर द्वितीय पुरुष नाम से अभिहित होते हैं । टीकाकार स्वामिपाद ने इन को पुरुषावतार कहा है ।

तदेवं सङ्कर्षणस्य वैभवमुक्त्वानिरुद्धस्याप्याह—अनिरुद्धो हीति, लोकेषु प्रत्येकं ब्रह्माण्डेषु महानात्मा परमात्मा। व्यक्तत्वं प्राकट्यं प्रद्युम्नादिति शेषः। सूतेन त्वभेदविवक्षया प्रद्युम्नः पृथङ्नोक्तः;—"विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि" इतिवत्। सेयं प्रक्रिया द्वितीयस्य षष्ठे दृश्यते, यथा (भा० २।६।३९)—"स एष आद्यः पुरुषः" इत्यादिपद्ये टीका—"स एष आद्यो भगवान् यः पुरुषावतारः सन् सृष्ट्यादिकं करोति" इत्येषा। एवम् (भा० २।६।४२)—"आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य" इत्यत्र टीका—"परस्य भूम्नः पुरुषः प्रकृतिप्रवर्त्तको यस्य (ऋक्० १०।९०।१) "सहस्रशीर्षा" इत्याद्युक्तो लीलाविग्रहः, स आद्योऽवतारः" इत्येषा। तथा तृतीयस्य विंशे (भा० ३।२०।१२) "दैवेन" इत्यादिकं (भा० ३।२०।१७) "सोऽनु-"इत्यन्तं

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १०म अनु०] "पञ्चमः" इति; (भा० ३।२४।१६—ग्रन्थकृद्विरचित-श्रीक्रमसन्दर्भे धृतानि पाथ-वाक्यानि)—

पञ्चभूतों से विराज अर्थात् ब्रह्माण्ड निर्म्माण करके परमात्मा उसमें प्रविष्ट होते हैं, नियामक रूप में प्रविष्ट होते हैं, भोक्ता रूप में नहीं, कारण प्रचुर पुण्य विशिष्ट जीव ही उक्त पुर का भोक्ता होता है। उस प्रकार उक्ति ही (भा० २।६।३९) में है—

"स एष आद्यः पुरुषः कल्पे कल्पे सृजत्यजः। आत्मन्यात्मनात्मानं स संयच्छति पाति च॥"

टीका—अवतार कर्माणि संक्षेपतो दर्शयति। स एष आद्यो भगवान् यः पुरुषावतारः सन् सृष्ट्यादि करोति। आत्मात्मन्यात्मनात्मानमिति कर्त्ता, अधिकरणं, साधनं, कर्म, च स्वयमेवेत्यर्थः॥ पुरुषोऽवतारः सृष्ट्यादीनि च कर्माणीति संक्षेपोक्तिः॥ (३९)

आद्य—अर्थात् भगवान् पुरुषावतार होकर सृष्ट्यादि कार्य्य करते हैं, टीकाकार ने भी कहा है,—आद्य, भगवान् पुरुषावतार होकर सृष्ट्यादि कार्य्य करते हैं। एवं स्वयं कर्त्ता, अधिकरण, साधन, कर्म भी होते हैं। इस प्रकार (भा० २।६।४२) में उक्त है—

"आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य, कालः स्वभावः सदसन्मनश्च।
द्रव्यं विकारो गुण इन्द्रियाणि, विराट् स्वराट् स्थास्नु चरिष्णु भूम्नः॥"

टीका—अवतारान् विस्तरेणाह,—आद्य इति, यावदध्यायसमाप्ति,—परस्य भूम्नः पुरुषः—प्रकृति प्रवर्त्तकः। यस्य सहस्रशीर्षाद्युक्तो लीलाविग्रहः स आद्योऽवतारः। वक्ष्यते हि भूतैर्यदा पञ्चभिरात्मसृष्टैः पुरं विराजं विरचय्य तस्मिन्। स्वांशेन विष्टः पुरुषाभिधानमवाप नारायण आदिदेवः॥ यच्चोक्तम्—विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्यान्यथो विदुः। प्रथमं महतः स्रष्टृ द्वितीयन्त्वण्डसंस्थितम्। तृतीयं सर्वभूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यते, इति। यद्यपि सर्वेषामविशेषेण अवतारत्वमुच्यते, तथापि कालश्च स्वभावश्च सदसदिति कार्य्यं कारणरूपा प्रकृतिश्च एताः शक्तयः। मन आदीनि कार्य्याणि, ब्रह्मादयो गुणावताराः, दक्षादयो विभूतयः॥ इति विवेक्तव्यम्। मनो—महत्तत्त्वम्। द्रव्यं महाभूतानि। क्रमोऽत्र न विवक्षितः। विकारोऽहङ्कारः। गुणः, सत्त्वादिः। विराट्—समष्टिशरीरम्। स्वराट् वैराजः। स्थास्नु—स्थावरं, चरिष्णु जङ्गमञ्च—व्यष्टि शरीरम्॥ (४२)

टीकाकार ने लिखा है, पर अर्थात् भूमापुरुष श्रीभगवान् का प्रथमावतार पुरुष है, जो प्रकृति का प्रवर्त्तक है। ऋक् में भी उक्त है, सहस्रशीर्षापुरुषः—इत्यादि लीलाविग्रह, वह ही आद्य अवतार है। उस प्रकार (भा० ३।२०।१२) से आरम्भ करके (भा० ३।२०।१७) पर्य्यन्त श्लोक में उक्त विवरण है,

सटीकमेव प्रकरणमत्रानुसन्धेयम् । तस्माद्विराट्त्वेन तद्रूपं न व्याख्यातम् । तस्माच्च वासुदेवस्थानीयो भगवान् पुरुषादन्य एवेत्यायातम् ॥

३ । अथ तस्य रूपद्वयस्य सामान्यत ऐकविध्येन स्वरूपमाह (भा० १।३।३)—

(३) "तद्वै भगवतो रूपं विशुद्धं सत्त्वमूर्जितम्" इति ।

सर्वसम्वादिनी

"कपिलो वासुदेवाख्यस्तत्त्वं साङ्ख्यं जगाद ह । ब्रह्मादिभ्यश्च देवेभ्यो भृग्वादिभ्यस्तथैव च ॥३॥
तथैवासुरये सर्ववेदार्थैरुपबृंहितम् । सर्ववेदविरुद्धञ्च कपिलोऽन्यो जगाद ह ।
साङ्ख्यमासुरयेऽन्यस्मै कुतर्क-परिबृंहितम् ॥"४॥ इति ।

श्रीधरस्वामिपाद की टीका को अवलोकन करना इस स्थल के लिए उपयोगी है । संक्षिप्त विवरण टीका का यह है—विकार रहित भगवान् महाविष्णु से प्रकृति क्षुब्धा होनेसे महत्तत्त्व का प्राकट्य होता है । यद्यपि प्रकृति क्षोभ के प्रति जीवादृष्ट, महापुरुष, एवं काल—कारण हैं । तथापि महापुरुष मुख्य कारण हैं, जीवादृष्ट एवं काल गौण कारण हैं । ईश्वर की इच्छा से महत्तत्त्व से अहङ्कार, पञ्च तन्मात्र, पञ्चमहाभूत, इन्द्रिय, इन्द्रियाधिष्ठात्री देवता, उत्पन्न होते हैं । ईश्वरेच्छा से उक्त समस्त तत्त्व मिलित होकर ब्रह्माण्ड सृष्ट होता है, उक्त ब्रह्माण्ड में ईश्वर (महाविष्णु) अंश से (अन्तर्य्यामी) रूप से प्रवेश करते हैं । उन स्वरूप का नाम गर्भोदकशायी हैं, इनकी नाभि से जीव समूह के अधिष्ठान स्वरूप पद्म आविर्भूत हुआ । उक्त पद्म से स्वयं ब्रह्मा प्रकट होते हैं । अतएव विराट् ब्रह्माण्ड ही पुरुष का रूप नहीं है, पुरुष उक्त विराट् ब्रह्माण्ड में अन्तर्य्यामी सहस्रशीर्षा रूप में अवस्थित होते हैं । यहाँ प्रणिधानयोग्य विषय यह है कि—"विवर्त्तवादिगण कहते हैं—जगत् मिथ्या है, केवल माया विवर्त्त मात्र है ।" उक्त वाद का निरसन (भा० ३।२०।१७) के द्वारा हुआ है ।

"सोऽनुविष्टो भगवता यः शेते सलिलाशये । लोकसंस्था यथापूर्वं निर्ममे संस्थया स्वया ॥"

टीका—यः सलिलाशये गर्भोदकस्यान्तः शेते तेन भगवतानुविष्टोऽधिष्ठितः सन् स स्वराट् । स्वया संस्थया—नामरूपादिक्रमेण । प्रलय के पूर्ववर्त्ती काल में जिनके जिस प्रकार नामादि थे, प्रलय के पश्चात् ठीक उक्त रूप से ही उसका सृजन होता है । यह रीति अनादि काल से चलती आ रही है । इससे रज्जुसर्पवत् भ्रान्ति विजृम्भित जगत् है, इसका निरास हुआ, सत्यवस्तु की ही अभिव्यक्ति जगत् है, इसका स्थापन हो श्रीमद्भागवत में है, मायावाद का नहीं । श्रुति भी कहती है, "सदेव सौम्य इदमग्र आसीत्" जगत् सृष्टि के पूर्व में सत्य ही था, पहले जिस प्रकार था, वह ही अभिव्यक्त होता है, अतः जगत् मिथ्या नहीं है ।

"यस्याम्भसि शयनस्य योगनिद्रां वितन्वतः । नाभिह्रदाम्बुजादासीत् ब्रह्मा विश्वसृजां पतिः ॥"

यहाँपर महत्स्रष्टा पुरुष एवं ब्रह्माण्ड में प्रविष्ट पुरुष को अभिन्न रूप से कहा गया है । अतएव श्रीवासुदेव स्थानीय भगवान् पुरुषावतार से भिन्न ही हैं, प्रकरण से इसका प्रकाश हुआ है ॥२॥

उक्त पुरुषद्वय को एकरूप से, अर्थात् स्वरूप तटस्थ लक्षण के द्वारा कहते हैं—(भा० १।३।३) में वर्णित है—"यस्यावयवसंस्थानैः कल्पितो लोकविस्तरः । तद्वै भगवतो रूपं विशुद्धं सत्त्वमूर्ज्जितम् ॥

टीका—कीदृशं रूपं जगृहे तदाह—यस्येति । ननु कीदृशो विग्रहस्तस्य योऽम्भसि शेते स्म तत्राह । तद् तस्य भगवतो रूपन्तु विशुद्धं,—रज आद्यसम्भिन्नम् । अतएवोर्ज्जितम्, निरतिशयं सत्त्वम् ॥

अनन्तर तटस्थ एवं स्वरूप लक्षण के द्वारा पुरुष का निरूपण करते हैं । स्वरूप लक्षण—पुरुषाख्य

तत् श्रीभगवतः पौरुषं रूपं वै प्रसिद्धो विशुद्धोर्जितसत्त्वाभिव्यक्तत्वाच्छक्तिस्वरूपयोरभेदाच्च तद्रूपमेवेत्यर्थः । उक्तञ्च द्वितीयं पुरुषव्यूहमधिकृत्य स्वरूपत्वं तद्रूपस्य (भा० ३।९।३) "नातः परं परम यद्भवतः स्वरूपम्" इत्यत्र । विशुद्धं जाड्यांशेनापि रहितम्, स्वरूपशक्तिवृत्तित्वात् । ऊर्जितं सर्वतो बलवत्, परमानन्दरूपत्वात् ; (तै० २।७।१) "को ह्येवान्यात् कः प्राण्यात् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्" इति श्रुतेः । तस्मात् साक्षाद्भगवद्रूपे तु कैमुत्यमेवायातम् ॥

४ । तदेवं पुरुषस्य द्विधा स्थानकर्मणी उक्त्वा स्वरूपवदाकारं त्वेकप्रकारमाह (भा० १।३।४)—

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १२श अनु०] "ततः" इत्ययमेव मातामहेन मनुना हरिरित्यनूक्तः ।
[मूल० १३श अनु०] "अष्टमे" इत्ययमेवावेश इत्येके ।

भगवद्रूप—रजः प्रभृति मायिक गुणों से अस्पृष्ट है, अप्राकृत है, विशुद्ध सत्त्व स्वरूप है, तटस्थ लक्षण—पुरुषरूप के अवयव संस्थान के द्वारा भू आदि लोक समूह कल्पित हैं ।

श्रीभगवान् के उक्त पौरुषरूप—विशुद्ध सत्त्वोर्ज्जित रूप में प्रसिद्ध है । बलवत् विशुद्ध सत्त्व में उक्त पुरुषरूप अभिव्यक्त होनेके कारण, कार्य्य कारण का निर्देश अभिन्न रूप से ही हुआ है । विशुद्धसत्त्व —श्रीभगवान् के स्वरूपशक्ति के वृत्तिरूप है, स्वरूप एवं शक्ति अभिन्न होनेसे ही अभेद निर्देश हुआ है । श्रीभगवान् के पौरुषरूप विशुद्ध, एवं ऊर्ज्जित सत्त्वस्वरूप हैं । द्वितीय पुरुष व्यूह को लक्ष्य करके (भा० ३।९।३) में उनका स्वरूप वर्णन हुआ है—

"नातः परं परम यद्भवतः स्वरूपमानन्दमात्रमविकल्पमविद्धवर्च्चः ।
पश्यामि विश्वसृजमेकमविश्वमात्मन् भूतेन्द्रियात्मकमदस्त उपाश्रितोऽस्मि ॥"

टीका—हे परम ! अविद्धवर्च्चः, अनावृतप्रकाशम् अतः अविकल्पम् निर्भेदं, अतएवानन्दमात्रम् । एवम्भूतं यद्भवतः स्वरूपम् । तत् अतो रूपात् परं भिन्नं न पश्यामि, किन्तु इदमेव तत् । अतः कारणात् ते तव अदः इदं रूपं उपाश्रितोऽस्मि । योग्यत्वादपीत्याह । एकम् उपास्येषु मुख्यम् । यतः विश्वसृजं—विश्वं सृजतीति । अतएव अविश्वं विश्वस्मादन्यत् । किञ्च भूतेन्द्रियात्मकं भूतानामिन्द्रियाणाञ्च आत्मानं कारणमित्यर्थः ॥

ब्रह्मा कहते हैं—हे परम ! दृश्यमान आपका रूप, आपका स्वरूप से भिन्न नहीं है, किन्तु मैं देख रहा हूँ, आपका स्वरूप ही आपका रूप है । यहाँपर रूप का ही स्वरूपत्व कथन हुआ है, अर्थात् जीव में जिस प्रकार जड़ देह एवं चिन्मय आत्मा का भान होता है, आपके स्वरूप में उस प्रकार देह देही भेद नहीं है, भगवान् चिन्मय स्वरूप हैं, अतएव भगवद्रूप ही भगवान् का स्वरूप है ।

उक्त श्लोकस्थ श्रीभगवान् का पौरुष रूप, प्रसिद्ध विशुद्धसत्त्व का ऊर्ज्जित स्वरूप है । जाड्यांश से रहित है, कारण वह स्वरूपशक्ति के वृत्तिरूप है । ऊर्ज्जित शब्द से सर्वापेक्षा बलवत्त्व को जानना होगा । कारण—वह परमानन्दरूप ही है । (तै० २।७।१) श्रुति भी उक्त पुरुष को परमानन्द स्वरूप कहती है, "यदि आकाश अर्थात् परमात्मा आनन्द स्वरूप नहीं होते तो कौन व्यक्ति जीवित रहने की चेष्टा करता ?" सुतरां स्वयं भगवद्रूप जो सर्वथा आनन्दमय हैं, मायिक नहीं हैं, कैमुत्य से उक्तार्थ का लाभ हुआ ॥३॥

उक्त रूप से पुरुष के दो प्रकार स्थान कर्म का वर्णन करने के अनन्तर स्वरूपवत् एकरूप आकार

(४) "पश्यन्त्यदो रूपमदभ्र-चक्षुषा, सहस्रपादोरुभुजाननाद्भुतम् ।
सहस्रमूर्द्धश्रवणाक्षिनासिकं, सहस्रमौल्यम्बरकुण्डलोल्लसत् ॥"१४॥

अदः पौरुषं रूपम्, अदभ्रचक्षुषा भक्त्याख्येन, (गी० ८।२२) "पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया" इत्युक्तेः, "भक्तिरेवैनं नयति भक्तिरेवैनं दर्शयति" इत्यादि श्रुतेश्च । तत्र

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १४श अनु०] "रूपम्" इत्ययमपि वराहवत् प्रथम-षष्ठ-मन्वन्तरयोरवतारवत् । तद्वदेव च द्वितीय एकतयैव वर्णितः । (भा० २।७।१२)—

का वर्णन करते हैं । (भा० १।३।४) में वर्णित है- पुरुष का रूप, सहस्र हैं, अर्थात् अनन्त चरण, अनन्त ऊरु, बाहु, वदन, अद्भुत अनन्त मस्तक, कर्ण, नयन, नासिका, अनन्त मुकुट, वस्त्र, कुण्डल द्वारा शोभित हैं, उपासकगण अदभ्रचक्षु के द्वारा उक्त रूपका दर्शन करते हैं ।

टीका—"एतच्च योगिनां प्रत्यक्षमित्याह, पश्यन्तीति, अदभ्रं - अनल्पं ज्ञानात्मकं यच्चक्षु स्तेन, सहस्रमपरिमितानि यानि पादादीनि तैरद्भुतम् । सहस्रं मूर्द्धादयो यस्मिन् तत् । सहस्रं यानि मौल्यादीनि तैरुल्लसत् शोभमानम् ॥"

क्रमसन्दर्भः– तदेवं पुरुषस्य द्विधा स्थानकर्मणो उक्त्वा स्वरूपवदाकारन्त्वेकप्रकारमाह,— पश्यन्तीति,—अदः पौरुषं रूपम् । अदभ्र चक्षुषा—भक्त्याख्येन, (गी० ८।२२)—"पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया" इत्युक्तेः, "भक्तिरेवैनं नयति, भक्तिरेवैनं दर्शयति" इत्यादि माठरश्रुतेश्च । तत्रप्रथमपुरुषस्य सहस्रपादादित्वं परमात्मसन्दर्भे व्यञ्जितम् । तृतीयस्याष्टमे तु द्वितीय पुरुष व्यूहरूपलक्षय (भा० ३।८।२४) "वेणुभुजाङ्घ्रिपाङ्घ्रेः" इति, (भा० ३।८।२६) "कोदण्ड - सहरूशाखम्" इति च, तथा नवमस्य चतुर्दशे (भा० ९।१४।२)—"सहस्रशिरसः पुंसो नाभिह्रदसरोरुहात् ।
जातस्यासीत् सुतो धातुरत्रिः पितृसमो गुणैः ॥" इति ।

अपुरोवर्त्ती उक्त पुरुषरूप का दर्शन अदभ्रचक्षु से होता है, अर्थात् भक्तिचक्षु से भक्तयोगिगण दर्शन करते हैं । श्रीगीता के (८।२२) में उक्त है—

"पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया । यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम् ॥"

टीका –तत्प्राप्तौ भक्तेः सुपायत्वमाह,—पुरुष स इति । स मल्लक्षणः पुरुषोऽनन्यया तदेकान्तया "अनन्यचेताः सततम्" इति पूर्वोदितया भक्त्यैव सायो लब्धुं शक्यो योगभक्त्या तु दुःशक्या तत्प्राप्तिरित्यर्थः, तल्लक्षणमाह,—यस्येति । सर्वमिदं जगत् येन ततं व्याप्तम् । श्रुतिश्चैवमाह,—"एकोवशी सर्वगः कृष्ण ईड्य, एकोऽपि सन् बहुधा योऽवभाति, वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येक स्तेनेदं, पूर्णं पुरुषेण सर्वम्" इत्याद्या ।

भगवत् प्राप्ति के निमित्त भक्ति ही एकमात्र सरल उत्तम उपाय है, उस का प्रकार सुस्पष्ट रूपसे करते हैं, मत्स्वरूप पुरुषावतार का दर्शन एकान्त भक्ति से ही होता है, पहले आपने कहा भी है, अनन्यचित्त होकर जो जन मेरा स्मरण नित्य ही करता है, उसके लिए मैं सुलभ हूँ, वह ही नित्ययुक्त योगी है । योग भक्ति के द्वारा भगवत् प्राप्ति दुःशक्य है, उक्त पुरुष का लक्षण कहते हैं, जिनके द्वारा सर्व जगत् व्याप्त है, श्रुति भी कहती है,—एक, वशी, सर्वग कृष्ण ईड्य स्तुत्य हैं, एक होकर भी जो अनेक रूपों में प्रतिभात होते हैं, वृक्ष के समान अचल होकर निज स्वरूपशक्ति में अवस्थित हैं, उन पुरुष के द्वारा ही समस्त जगत् परिपूर्ण हैं ।

प्रथमस्य सहस्रपादादित्वं परमात्मसन्दर्भे व्यञ्जितम्। तृतीयस्याष्टमे तु द्वितीयपुरुषस्य व्यूहमुपलक्ष्य श्रीमैत्रेयेण (भा० ३।८।२४)—"वेणुभुजाङ्घ्रिपाङ्घ्रेः" इति, (भा० ३।८।२९)—"दोर्दण्डसहस्रशाखम्" इति, (भा० ३।८।३०) "किरीटसाहस्रहिरण्यशृङ्गम्" इति च। तथा

सर्वसम्वादिनी

"मत्स्यो युगान्तसमये मनुनोपलब्धः क्षौणीमयो निखिलजीवनिकायकेतः।
विस्रंसितानुरुभये सलिले मुखान्मे, आदाय तत्र विजहार ह वेदमार्गान्॥"५॥ इति;

भक्ति उन पुरुष का दर्शन कराती है, भक्ति,—परमपुरुष को प्राप्त कराती है, इस प्रकार माठर श्रुति में वर्णित है। उनमें से प्रथम पुरुष का वर्णन—सहस्रपादादि रूप में परमात्मसन्दर्भ में सुस्पष्ट रूप से हुआ है, (भा० ३।८।२४) में द्वितीय पुरुष के व्यूह को लक्ष्य करके श्र मैत्रेय ने कहा है,—

"प्रेक्षां क्षिपन्तं हरितोपलाद्रेः सन्ध्याभ्रनीवेरुरुरुक्ममूर्ध्नः।
रत्नोदधारौषधिसौमनस्यवनस्रजो वेणुभुजाङ्घ्रिपाङ्घ्रेः॥"

टीका—कथम्भूतं पुरुषम्? हरितोपलाद्रेर्मरकतशिलामय पर्वतस्य प्रेक्षां शोभां क्षिपन्तं स्वलावण्यातिशयेन तिरस्कुर्वन्तम्, सन्ध्याभ्रं नीविः परिधानं यस्य तस्य शोभां पीताम्बरेण क्षिपन्तम्। उरुरुक्ममूर्ध्नः अनेकसुवर्णशिखरस्य तस्य सकिरीटैः। रत्नानि च उदधाराश्च ओषधयश्च सौमनस्यानि च पुष्पसमूहाः सुमनस एव वा तेषां वनस्रजो वनमाला यस्य। वेणव एव भुजा यस्य, अङ्घ्रिपा एवाङ्घ्रयो यस्य, स चासौ स च तस्य। अयमर्थः—यदि तस्मिन् माला इव स्थिता रत्नादयो भवन्ति, वेणवश्च भुजा इव वृक्षाश्च पादा इव; तर्हि तस्य शोभां स्वीयरत्नमुक्तातुलसी पुष्पदामभि र्भुजैरङ्घ्रिभिश्च क्षिपन्तमिति॥

पुरुष को मरकतशीलामयपर्वतरूप में उत्प्रेक्षा करके, उनके बाहु समूह को पर्वतोपरिस्थ वेणु, चरण समूह को पर्वताधः स्थित वृक्ष रूप में उत्प्रेक्षा करने से करचरण का अतंख्यत्व सूचित होता है। (भा० ३।८।२९) में उक्त है,—"परार्द्ध्यकेयूरमणिप्रवेकपर्य्यस्तदोर्दण्डसहस्रशाखम्।
अव्यक्तमूलं भुवनाङ्घ्रिपेन्द्रमहीन्द्रभोगैरधिवीतवल्शम्॥"

टीका—महाचन्दनवृक्षरूपकेण निरूपयितुं तं विशिनष्टि,—परार्द्ध्यानि श्रेष्ठानि केयूराणि अङ्गदानि मणिप्रवेकाश्च मण्युत्तमास्तैः पर्य्यस्ता व्याप्ता दोर्दण्डा एव सहस्रम् अनन्ताः शाखा यस्य। चन्दनवृक्षोऽपि केयूरादि तुल्यैः फलपुष्पादिभि र्व्याप्तशाखोभवति। अव्यक्तं प्रधानं मूलं अधोभागो यस्य। यद्वा अव्यक्तं ब्रह्म मूलं यस्य, ब्रह्माभिव्यक्तिरूपत्वात्। वृक्षस्यापिमूलं न व्यक्तम्। भुवनात्मकमङ्घ्रिपेन्द्रं वृक्षश्रेष्ठम्। अहीन्द्रस्यानन्तस्य भोगैः फणैः देहावयवै र्वा अधिवीताः संवेष्टिताः स्पृष्टावल्शाः स्कन्धा यस्या। वनस्पतेः शतवल्शो विरोहेतिश्रुतेः। सोऽपि सर्पै र्वेष्टितो भवति।

महाचन्दन वृक्षरूपक के द्वारा उक्त पुरुषावतार का वर्णन करते हैं. बहुमूल्य केयूर एवं उत्तम मणि समूह के द्वारा भुज समूह महाचन्दन वृक्ष की शाखा के समान सुशोभित हैं। अव्यक्त मूल ब्रह्म जिनका मूल हैं, वृक्ष पक्ष में अदृश्य जड़ समूह, भुवनरूप महावृक्ष के समान शोभित हैं, अहीन्द्र के फण के द्वारा स्कन्ध समूह सुशोभित हैं, वृक्ष पक्ष में सर्प वेष्टित है। (भा० ३।८।३०) में वर्णित है—

"चराचरौको भगवन्महीध्रमहीन्द्रबन्धुं सलिलोपगूढम्।
किरीटसाहस्रहिरण्यशृङ्गमाविर्भवत् कौस्तुभरत्नगर्भम्॥"

नवमस्य चतुर्दशे श्रीशुकेन (भा० ९।१४।२)—

"सहस्रशिरसः पुंसो नाभिह्रदसरोरुहात् ।
जातस्यासीत् सुतो धातुरत्रिः पितृसमो गुणैः ॥"१५॥ इति ।

५। तत्र श्रीभगवन्तं सुष्ठु स्पष्टीकर्त्तुं गर्भोदकस्थस्य द्वितीयस्य पुरुषस्य व्यूहस्य नानावतारित्वं विवृणोति (भा० १।३।५)—

(५) "एतन्नानावताराणां निधानं बीजमव्ययम् ।
यस्यांशांशेन सृज्यन्ते देव-तिर्य्यङ्नरादयः ॥"१६॥

सर्वसम्वादिनी

स्वायम्भुवीयस्यादौ ह्ययं दैत्यं हत्वा वेदानाहरत् । चाक्षुषान्तरे तु सत्यव्रते कृपामकरोदिति ।

टीका—प्रेक्षां क्षिपन्तमित्यत्रैव पर्वतरूपकेण निरूपितमपि विशेषणान्तरैः पुनर्निरूपयति—भगवानेव महीध्रस्तम् । चराचराणामोकः स्थानम् । सोऽपि तथा । अहीन्द्रस्य बन्धुम् । सोऽप्यहीन्द्राणां बन्धुः । सलिलेन उपगूढमावृतम्, पर्वतोऽपि मैनाकादिस्तथा । किरीटसहस्रमेव हिरण्यशृङ्गाणि यस्य, सोऽपि मेर्वादिस्तथा । यथा पर्वतस्य गर्भे क्वचित् रत्नमाविर्भवति तथा आविर्भवत् स्पष्टं दृश्यमानं कौस्तुभरत्नं गर्भे मूर्त्तिमध्ये यस्य तम् ॥

इसके पहले पर्वत रूपक के द्वारा पुरुष रूप वर्णित होने पर भी विशेषणान्तर के द्वारा पुनर्वार वर्णन करते हैं। भगवान् ही महीध्र 'पर्वत' के समान हैं, चराचर का ओक-स्थान हैं, अहीन्द्र बन्धु हैं। सलिल के द्वारा आवृत—मैनाकादि पर्वत के समान। सहस्रकिरीटधारी। शृङ्गमाला से शोभित। क्वचित् पर्वतगर्भ में रत्न भाण्डार होता है, भगवन्मूर्त्ति भी रत्नमय हैं।

क्रमसन्दर्भः—अव्यक्तमूलमिति। न व्यज्यते शास्त्रविद्‌भिर्न कथ्यते, मूलं यस्य तं सर्वमूलत्वेन मूलान्तररहितमित्यर्थः। अव्यक्तः—स्वयं भगवान्, तन्मूलमिति वा। भुवनरूपाणामङ्घ्रिपाणामिन्द्र-मीश्वरम् ॥

शास्त्रज्ञ व्यक्तिगण जिनका मूल अन्वेषण कर नहीं पाते हैं, अर्थात् जो सबके मूल हैं, उनको छोड़कर अपर मूल है ही नहीं। अव्यक्त अर्थात्—स्वयं भगवान्, अथवा अव्यक्त का भी मूलाश्रय श्रीभगवान् ही हैं। भुवनरूप महीरुह समूह का ईश्वर श्रीभगवान् ही मूल हैं। भा० ९।१४।२ में श्रीशुक ने कहा—सहस्रशीर्षा पुरुष के नाभिह्रदस्थित कमल से उत्पन्न ब्रह्मा के पुत्र 'अत्रि' पिता के समान गुणसम्पन्न थे। यह सहस्रशीर्षा पुरुष गर्भोदकशायी अर्थात् द्वितीय पुरुषावतार हैं।

क्रमसन्दर्भः—तदेतत् परमानन्दविलसितं तथैव मुहुर्घोषितमपि श्रीनारायणमारभ्य शंसितुमारभते—सहस्रेति ॥४॥

श्रीभगवान् का वर्णन सुस्पष्ट रूपसे करने के निमित्त गर्भोदकशायीरूप द्वितीय व्यूह का नानावतारित्व को कहते हैं। तद्वै भगवतो रूपं विशुद्धं सत्त्वमूर्जितम् ।
पश्यन्त्यदो रूपमदभ्रचक्षुषा सहस्रपादोरुभुजाननाद्भुतम् ।
सहस्रमूर्द्धश्रवणाक्षिनासिकं सहस्रमौल्यम्बरकुण्डलोल्लसत् ॥

एतन्नानावताराणां निधानं बीजमव्ययम् । यस्यांशांशेन सृज्यन्ते देवतिर्य्यङ्नरादयः ॥

इस ब्रह्माण्डस्थित गर्भोदकशायी पुरुष नानावतार का निधान एवं अक्षय बीजस्वरूप हैं। इनके अंश के द्वारा देव तिर्य्यक् नरादि उत्पन्न होते हैं।

एतदिति ब्रह्माण्डस्थमित्यर्थः। निधानं सरोवराणां समुद्र इव सर्वैवाश्रयः। अतएवाव्यय-मनपक्षयं बीजमुद्गमस्थानम्। न केवलमवताराणां बीजं जीवानामपीत्याह—यस्यांशांशेनेति ॥

६। अथ प्राचुर्य्येण तदवतारान् कथयंस्तदैक्यविवक्षया तदंशांशिनामप्याविर्भावमात्रं गणयति विंशत्या ; (भा० १।३।६)—

(६) "स एव प्रथमं देवः कौमारं सर्गमाश्रितः।
चचार दुश्चरं ब्रह्मा ब्रह्मचर्य्यमखण्डितम् ॥"१७॥

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १६श अनु०] "सुरा-" इत्ययमेव सुरप्रार्थनात् क्षौणीं दध्रे इति पाद्मे [कल्पे]। अन्यत्र तु तदर्थं कल्पादौ च प्रादुरभवदिति।

टीका—एतत्तु कूटस्थं न तु अन्यावतारवदाविर्भावतिरोभाववत् इत्याह—एतदिति। एतत्तु आदि नारायणरूपं निधीयतेऽस्मिन्निति निधानं कार्य्यावसाने प्रवेशस्थानमित्यर्थः। बीजम्—उद्गमस्थानमित्यर्थः। बीजत्वेऽपि नान्यबीजतुल्यं किन्त्वव्ययम्। न केवलं अवताराणां बीजमपितु सर्वप्राणिनामित्याह—यस्यांशो ब्रह्मा तस्यांशो मरीच्यादिस्तेन ॥

क्रमसन्दर्भः। अत्र श्रीभगवन्तं सुष्ठुस्पष्टीकर्त्तुं गर्भोदकस्यस्य द्वितीयस्य पुरुषव्यूहस्य नानावतारित्वं विवृणोति—एतदिति ब्रह्माण्डस्थमित्यर्थः। निधानं—सागराणां समुद्र इव सर्वैवाश्रयः। अतएवाव्ययमन-पक्षयम्। बीजमुद्गमस्थानम्; न केवलमवताराणां बीजं जीवानामपीत्याह, यस्यांशांशेनेति।

एतत्—अर्थात् ब्रह्माण्डस्थ, निधान—अर्थात् सरोवरसमूह का परम आश्रय जिस प्रकार परमाश्रय समुद्र है, उस प्रकार समस्त अवतारों का सदा ही आश्रय—प्रद्युम्न हैं। अतएव अव्यय—अर्थात् अपक्षय शून्य हैं। बीज—अर्थात् उद्गम स्थान, केवल अवतारों का उद्गम स्थान ही नहीं हैं। किन्तु जीवसमूह का भी उद्गम स्थान भी हैं।

तज्जन्य कहते हैं—'यस्यांशांशेन सृज्यन्ते देवतिर्य्यङ्नरादयः।" जिनका अंश ब्रह्मा हैं, उनके अंश मरीचि प्रभृति हैं, उनसे समस्त सृष्टि होती रहती हैं ॥५॥

अनन्तर विंशति श्लोक के द्वारा सर्वतोभावेन उनके अवतारसमूह का वर्णन करने में प्रवृत्त होकर सामान्य रूपसे उनके अंश एवं अंशी का आविर्भाव मात्र को कहते हैं—विंशति श्लोक के द्वारा। यहाँ अंश शब्द से अंशावतार से आवेशावतार को, एवं अंशी शब्द से आरम्भ करके स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण पर्य्यन्त को जानना होगा। "आविर्भावमात्र" पद में मात्र शब्द साकल्य वाचक है, किन्तु अन्यव्यावर्त्तक नहीं है, विशेष ज्ञातव्य यह ही है कि—भगवत् स्वरूपसमूह मायारहित ब्रह्माण्ड में प्रकट होकर सत्शिक्षा का प्रवर्त्तन करते हैं। श्रीसूत ने निखिल भगवत् आविर्भाव का ही वर्णन किया है, केवल पुरुष अवतार का वर्णन नहीं किया है। कारण, अवतारों के मध्य में स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का ही वर्णन है, भा० १।३।६ में उक्त है—उक्त देव अर्थात् पुरुष, प्रथमतः चतुःसन रूप में ब्राह्मण होकर दुश्चर अखण्डित ब्रह्मचर्य्य व्रतानुष्ठान किये थे।

टीका—सनत्कुमाराद्यवतारं सच्चरितमाह—स एवेति। कौमार आर्षः प्राजापत्यो मानवः "इत्यादीनि सर्गविशेषनामानि, यः पौरुषं रूपं जगृहे, स एव देवः कौमाराख्यः सर्गमाश्रितः सन् ब्रह्मा ब्राह्मणो भूत्वा ब्रह्मचर्य्यं चचार। प्रथमद्वितीयादिशब्दा निर्देशमात्रविवक्षया।"

योऽम्भसि शयानो यश्च सहस्रपादादिरूपः स एव पुरुषाख्यो देवः, (भा० १।३।२८)—"एते चांशकलाः पुंसः" इत्युपसंहारस्यापि संवादात्। कौमारं चतुःसनरूपम्। ब्रह्मा ब्राह्मणो भूत्वा ॥

७। (भा० १।३।७)—

(७) "द्वितीयन्तु भवायास्य रसातलगतां महीम्।
उद्धरिष्यन्नुपादत्त यज्ञेशः शौकरं वपुः ॥"१८॥

अस्य विश्वस्योद्भवाय ॥

८। (भा० १।३।८)—

(८) "तृतीयमृषिसर्गं वै देवर्षित्वमुपेत्य सः।
तन्त्रं सात्वतमाचष्ट नैष्कर्म्म्यं कर्म्मणां यतः ॥"१९॥

ऋषिसर्गमुपेत्य तत्रापि देवर्षित्वं श्रीनारदत्वमुपेत्य। सात्वतं वैष्णवं तन्त्रं पञ्चरात्रागमम्। कर्म्मणां कर्म्माकारेणापि सतां श्रीभगवद्धर्म्माणां यतस्तन्त्रान्नैष्कर्म्यं कर्म्मबन्धमोचकत्वेन

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १७श अनु०] "धान्वन्तरम्" इत्ययं समुद्रमथनात् षष्ठे [मन्वन्तरे] काशिराजात् सप्तमे [मन्वन्तरे] इति ज्ञेयम्।

सन्दर्भः। जो गर्भोदक में शयित हैं, जो सहस्रपादादि रूप हैं, वह ही यहाँ देव पद से उक्त है। भा० १।३।२८ में उक्त है—"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।
इन्द्रारिव्याकुलं लोकं मृडयन्ति युगे युगे ॥ "देव" शब्द से पुरुषार्थ कथन का कारण निर्देश करते हैं। अवतार प्रकरण के अन्तिम में उक्त है—ये सब पुरुष के अंश कला स्थानीय हैं। अतएव देव शब्द से "पुरुषार्थ" करना असङ्गत नहीं है। कौमार शब्द से चतुःसन—सनक, सनन्दन, सनातन सनत्कुमार को जानना होगा। श्लोकोक्त ब्रह्मा पद का अर्थ ब्राह्मण है ॥६॥

द्वितीयावतार में विश्वोत्पत्ति के निमित्त यज्ञेश्वर पुरुष रसातल प्राप्त पृथिवी को उद्धार करने के लिए वराह रूप को प्रकट किए थे।

टीका—वराहावतारमाह—द्वितीयमिति। अस्य विश्वस्य भवाय उद्भवाय। महीमुद्धरिष्यन्निति कर्मोक्तिः, एवं सर्वत्र अवतारस्तत् कर्मचोक्तमित्यनुसन्धेयम् ॥७॥

इस विश्व को उत्तोलन करने के निमित्त वराह अवतार हुए थे ॥७॥

भा० १।३।८ में उक्त है—तृतीय अवतार में ऋषिगण के मध्य में श्रीनारद रूप में प्रकट होकर भगवदुद्देश्य से अनुष्ठित कर्मों का नैष्कर्म्य स्थापन के निमित्त सात्वत तन्त्र कहे थे। सात्वत वैष्णवतन्त्र—पञ्चरात्र एवं आगम। कर्म से संसार बन्धन जीव का होता है। किन्तु भगवद्धर्म की प्रतीति कर्म की भाँति होने पर भी भगवद्धर्म कर्ममोचक है, अतः काम्यकर्म से वह स्वतन्त्र कर्म है। देवर्षि नारद ने सात्वत तन्त्र में उसका वर्णन सुस्पष्ट रूप से किया है।

टीका—नारदावतारमाह—तृतीयमिति। ऋषिसर्गमुपेत्य तत्र च देवर्षित्वमुपेत्येत्यर्थः। सात्वतं—वैष्णवं तन्त्रं पाञ्चरात्रागमम्। आचष्ट—उक्तवान्। यतस्तस्मात् निर्गतं कर्मत्वं बन्धहेतुत्वं येभ्यस्तानि निष्कर्माणि तेषां भावो नैष्कर्म्यं। कर्मणामेव मोचकत्वं यतो भवति तदाचष्टेत्यर्थः।

ऋषि सर्ग को अवलम्बन करके उसमें भी देवर्षि श्रीनारद होकर, सात्वत वैष्णवतन्त्र—पञ्चरात्र

कर्म्मभ्यो निर्गतत्वं तेभ्यो भिन्नत्वं प्रतीयत इति शेषः ॥

९ । (भा० १।३।९)—

(९) "तुर्य्ये धर्म्मकलासर्गे नरनारायणावृषी ।
भूत्वात्मोपशमोपेतमकरोद्दुश्चरं तपः ॥"२०॥

स्पष्टम् ॥

१० । (भा० १।३।१०)—

(१०) "पञ्चमः कपिलो नाम सिद्धेशः कालविप्लुतम् ।
प्रोवाचासुरये सांख्यं तत्त्वग्रामविनिर्णयम् ॥"२१॥

आसुरि-नाम्ने विप्राय ॥

११ । (भा० १।३।११)—

(११) "षष्ठमत्रेरपत्यत्वं वृतः प्राप्तोऽनसूयया ।
आन्वीक्षिकीमलर्काय प्रह्लादादिभ्य ऊचिवान् ॥२२॥

अत्रिणा तत्सदृशपुत्रोत्पत्तिमात्रं प्रकटं याचितमिति चतुर्थस्कन्धाद्यभिप्रायः ।

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १९श अनु०] "पञ्च-" इत्ययं कल्पेऽस्मिन्नादौ वाष्कलेरध्वरमगात्, ततो धुन्धोस्ततो बलेरिति

आगम का प्रणयन किया । कर्मरूप में प्रतीत होने से भी भगवद्धर्म कर्म नहीं है, कर्म मोचक है । अतः भगवद्धर्म को काम्यकर्म से पृथक् रूप में जानना होगा ॥८॥

चतुर्थावतार में धर्मपत्नी मूर्त्ति से नरनारायण ऋषि रूप में आविर्भूत होकर आत्मसंयम समन्वित कठोर तपस्या का अनुष्ठान किए थे । भा० १।३।९

टीका—नरनारायणावतारमाह— तुर्य्ये इति । तुर्य्ये—चतुर्थे, अवतारे, धर्मस्य कला अंशः, भार्य्येत्यर्थः । अर्द्धो वा एष आत्मनो यत् पत्नीति श्रुतेः । तस्याः सर्गे । ऋषि भूत्वेत्येकावतारत्वं दर्शयति ।९। पद्यार्थ सुस्पष्ट है ॥९॥

भा० १।३।१० में उक्त है,—पञ्चमावतार में सिद्धगणों के अधिपति कपिल नाम से आविर्भूत हुए थे । आपने आसुरि नामक ब्राह्मण को तत्त्वसमूह का निर्णायक, काल प्रभाव से विलुप्त सांख्य शास्त्र का उपदेश प्रदान किए थे ।

टीका—कपिलावतारमाह,—पञ्चम इति । आसुरये—एतन्नाम्ने ब्राह्मणाय, तत्त्वानां ग्रामस्य सङ्घस्य विनिर्णयो यस्मिन् तत् सांख्यम् ॥१०॥

भा० १।३।११ में उक्त है,—षष्ठावतार दत्तात्रेय हैं । अनसूया के द्वारा वृत होकर अत्रि के पुत्ररूप में प्रकट हुए थे । एवं अलर्क तथा प्रह्लाद प्रभृति को आत्मविद्योपदेश प्रदान किये थे ।

टीका—दत्तात्रेयावतारमाह—षष्ठमिति । अत्रेरपत्यत्वं तेनैव वृतः प्राप्त सन् अत्रेरपत्यमभिकाङ्क्षत आह—तुष्ट इति । वक्ष्यमाणत्वात् । कथं प्राप्तः ? अनसूयया मत्सदृशापत्यमिच्छेष मामेवापत्यं वृतवानिति दोषदृष्टिमकुर्वन्, इत्यर्थः । आन्वीक्षिकीं—आत्मविद्याम् । प्रह्लादादिभ्यश्च—आदिपदात् यदु हैहयाद्या गृह्यन्ते ।११।

क्रमसन्दर्भः । अत्रिणा तत् सदृश पुत्रोत्पत्तिमात्रं प्रकटं याचितमिति । भा० ४।१।२० "शरणं तं प्रपद्येऽहं य एव जगदीश्वरः । प्रजामात्मसमां मह्यं प्रयच्छत्विति चिन्तयन् ॥" चतुर्थ-स्कन्धाद्यभिप्रायः । एतद्वाक्येनानसूयया तु कदाचित् साक्षादेव श्रीमदीश्वरत्वेन पुत्रभावो वृतोऽस्तीति

एतद्वाक्येनानसूयया तु कदाचित् साक्षादेव श्रीमदीश्वरस्यैव पुत्रभावो वृतोऽस्तीति लभ्यते। उक्तञ्च ब्रह्माण्डपुराणे पतिव्रतोपाख्याने—

'अनसूयाब्रवीन्नत्वा देवान् ब्रह्मेशकेशवान्। यूयं यदि प्रसन्ना मे वरार्हा यदि वाप्यहम्।
प्रसादाभिमुखाः सर्वे मम पुत्रत्वमेष्यथ ॥२३॥ इति।

आन्वीक्षिकीमात्मविद्याम्। श्रीविष्णोरेवावतारोऽयं दत्तः ॥

१२। (भा० १।३।१२)—

(१२) "ततः सप्तम आकूत्यां रुचेर्यज्ञोऽभ्यजायत।
स यामाद्यैः सुरगणैरपात् स्वायम्भुवान्तरम् ॥"२४॥

स यज्ञस्तदा स्वयमिन्द्रोऽभूदित्यर्थः ॥

१३। (भा० १।३।१३)—

(१३) "अष्टमे मेरुदेव्यान्तु नाभेर्जात उरुक्रमः।
दर्शयन् वर्त्म धीराणां सर्वाश्रमनमस्कृतम् ॥"२५॥

उरुक्रम ऋषभो जातः ॥

सर्वसम्वादिनी

ज्ञेयम्। तथैव त्रिपु त्रिविक्रमत्वञ्च।

[मूल० २०श अनु०] "अवतारे" इत्ययं सप्तदशे चतुर्युगे द्वाविंशे स्विति केचित्; आवेश एवायम्।

लभ्यते। उक्तञ्च ब्रह्माण्डपुराणे पतिव्रतोपाख्याने—"अनसूयाब्रवीन्नत्वा देवान् ब्रह्मेश केशवान्। यूयं यदि प्रसन्ना मे वरार्हा यदि वाप्यहम्। प्रसादाभिमुखाः सर्वे मम पुत्रत्वमेष्यथ" इति। आन्वीक्षिकीम्—ब्रह्मविद्याम्। श्रीविष्णोरेवावतारोऽयम्।

चतुर्थस्कन्धस्थ पद्य के अभिप्रायानुसार प्रतीत होता है कि—अत्रि ने प्रकाश्य भाव से ही भगवत् सदृश पुत्र की प्रार्थना की, किन्तु साक्षात् रूप में प्रार्थना का प्रमाण ब्रह्माण्डपुराणस्थ पतिव्रता उपाख्यान में है,—"अनसूया प्रणाम कर ब्रह्मा, शम्भु, केशव को बोली,—आप सब यदि प्रसन्न हों, एवं यदि मैं वर प्राप्त करने की योग्या हूँ, तब कृपया पुत्रत्व को अङ्गीकार करें।" अनसूया की प्रार्थना के अनुसार श्रीविष्णु दत्तात्रेय रूप में आविर्भूत हुए थे। श्लोकोक्त "आन्वीक्षिकी" शब्द का अर्थ—आत्मविद्या है। चतुर्थ स्कन्ध का वचन एवं ब्रह्माण्डपुराणस्थ वचन में भिन्नार्थ सुस्पष्ट है। एक में भगवत् सदृश पुत्र की प्रार्थना, अपर में साक्षात् पुत्ररूप में प्रार्थना है। कल्प भेद से उभय वचन को सार्थक करना होगा ॥११॥

भा० १।३।१२ में सप्तमावतार का संवाद वर्णित है। सप्तमावतार यज्ञ, रुचिपत्नी आकूति से आविर्भूत हुए थे। एवं स्वीय पुत्र याम नामक देवगण के सहित स्वायम्भुव मन्वन्तर का पालन किये थे। उक्त यज्ञ भगवान् स्वायम्भुव मन्वन्तर में स्वयं इन्द्र भी हुए थे।

यज्ञावतारमाह—तत इति। स यज्ञः यामाद्यैः, स्वस्यैव पुत्रा नाम देवाः, तदाद्यैः सह स्वायम्भुव-मन्वन्तरं पालितवान्। तदा स्वयमिन्द्रोऽभूदित्यर्थः ॥१२॥

भा० १।३।१३ में अष्टमावतार उरुक्रम ऋषभदेव का वर्णन है। आग्नीध्र के पुत्र नाभि पत्नी मेरुदेवी से प्रकट हुए थे। इस अवतार में धीर व्यक्तियों के सर्वाश्रम नमस्कृत वर्त्म का प्रदर्शन हुआ है, अर्थात् परमहंसगण की पद्धति का प्रदर्शन हुआ है।

टीका—ऋषभावतारमाह—अष्टम इति। सर्वाश्रमनमस्कृतम्। अन्त्याश्रमम्, पारमहंस्यं, वर्त्म—धीराणां दर्शयन्, नाभेः आग्नीध्रपुत्रात् ऋषभो जातः ॥१३॥

१४। (भा० १।३।१४)—

(१४) "ऋषिभिर्याचितो भेजे नवमं पार्थिवं वपुः।
दुग्धे मामोषधीर्विप्रास्तेनायं स उशत्तमः॥"२६॥

पार्थिवं वपू राजदेहं पृथुरूपं दुग्ध अदुग्ध। उशत्तमः कमनीयतमः॥

१५। (भा० १।३।१५)—

(१५) "रूपं स जगृहे मात्स्यं चाक्षुषान्तरसंप्लवे।
नाव्यारोप्य महीमय्यामपाद्वैवस्वतं मनुम्॥"२७॥

चाक्षुषमन्वन्तरे तदन्ते य उदधिसंप्लवस्तस्मिन्। वैवस्वतमिति भाविनी संज्ञा सत्यव्रतस्य। प्रतिमन्वन्तरावसानेऽपि प्रलयः श्रूयते। श्रीविष्णुधर्मोत्तरे प्रथमकाण्डे—"मन्वन्तरे परिक्षीणे कीदृशी द्विज जायते" इत्यादि, श्रीवज्रप्रश्नस्य 'मन्वन्तरे परिक्षीणे' इत्यादि श्रीमार्कण्डेयवक्त्तोत्तरे—

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २१श अनु०] "ततः" इत्यस्य पूर्वजन्मन्यपान्तरतमस्त्व-श्रवणादावेश इति केचित्। तत्सायुज्यादयं साक्षादंश एवेत्यन्ये।

भा० १।३।१४ में नवमावतार पृथु का वर्णन है। ऋषिगण के द्वारा प्रार्थित होकर पार्थिव अर्थात् नृपति होकर आविर्भूत हुए थे। इस अवतार में पृथिवी विलुप्त ओषधिसमूह का दोहन हुआ था, तज्जन्य पृथु अवतार अतिशय कमनीय है।

टीका—पृथ्ववतारमाह,—ऋषिभिरिति। पार्थिवं वपुः, राजदेहं पृथुरूपम्। पार्थवमिति पाठे पृथोरिदं पार्थवम्। ओषधीरित्युपलक्षणम्, इमां पृथ्वीं सर्वाणि वस्तूनि दुग्ध—अदुग्धा अडागमाभावस्त्वार्षः। हे विप्राः तेन पृथ्वी दोहनेन सोऽयमवतार उशत्तमः कमनीयतमः। "वश कान्तौ" इत्यस्मात्॥१४॥

भा० १।३।१५ में वर्णित है,—दशमावतार मत्स्यदेव, चाक्षुष मन्वन्तर में जल प्लावन होने पर स्वीय मत्स्यरूप को प्रकट करके तरणी रूपमें कल्पिता पृथिवी वैवस्वत मनु को स्थापनपूर्वक रक्षा किए थे।

टीका—मत्स्यावतारमाह—रूपमिति। चाक्षुषमन्वन्तरे य उदधीनां संप्लवः, संश्लेषस्तस्मिन्। यद्यपि मन्वन्तरावसाने प्रलयो नास्ति तथापि केनचित् कौतुकेन सत्यव्रताय माया प्रदर्शिता। यथा अकाण्डे मार्कण्डेयाय इति द्रष्टव्यम्। महीमय्यां नावि नौकारूपायां मह्यामित्यर्थः। अपात् रक्षितवान्। वैवस्वतमिति भाविनी संज्ञा।

श्रीमत्स्यदेव, सत्यव्रत की रक्षा किए थे। यह प्रसिद्ध भागवती कथा है, यहाँ पर "वैवस्वत" कहने का तात्पर्य्य यह है कि—सत्यव्रत ही उत्तर काल में वैवस्वत मनु हुए थे। सुतरां वैवस्वत मनु सत्यव्रत का ही भविष्यत् कालीन नाम है। चाक्षुष मन्वन्तर में जो जलप्लावन हुआ था, उससे सत्यव्रत की रक्षा किए थे। इस कथन में विचार प्रस्तुत करते हैं। किसी के मत में मन्वन्तर के अवसान में प्रलय नहीं होता है। चतुर्दश मन्वन्तर के अनन्तर ब्रह्मा के दिनावसान में नैमित्तिक प्रलय होता है। नित्य, नैमित्तिक, प्राकृत, आत्यन्तिक भेद से प्रलय चतुर्विध हैं। नित्य प्रलय—सुषुप्ति है। नैमित्तिक प्रलय—ब्रह्मदिवस के अवसान होने पर। प्राकृत प्रलय—ब्रह्मपरमायुः द्विपरार्द्धवत्सरावसान में होता है। आत्यन्तिक प्रलय—सर्व मुक्ति में होता है।

"ऊर्मिमाली महावेगः सर्वमावृत्य तिष्ठति। भूर्लोकमाश्रितं सर्वं तदा नश्यति यादव ॥२८॥
न विनश्यन्ति राजेन्द्र विश्रुताः कुलपर्वताः। नौर्भूत्वा तु महीदेवी ……॥"२९॥ इत्यादि। एवमेव 'मन्वन्तरेषु संहारः" इत्यादि-प्रकरणं श्रीहरिवंशे तदीयटीकासु च स्पष्टमेव। ततश्चाक्षुषेऽप्युपलक्षणमेव ज्ञेयम् ॥

१६। (भा० १।३।१६)—

(१६) "सुरासुराणामुदधिं मथ्नतां मन्दराचलम्।
दध्रे कमठरूपेण पृष्ठ एकादशे विभुः ॥"३०॥

स्पष्टम् ॥

१७। (भा० १।३।१७)—

(१७) "धान्वन्तरं द्वादशमं त्रयोदशममेव च।
अपाययत् सुरानन्यान् मोहिन्या मोहयन् स्त्रिया ॥"३१॥

बिभ्रदित्युत्तरेणान्वयः। द्वादशमं धान्वन्तरं रूपं बिभ्रत्, त्रयोदशमञ्च मोहिनीरूपं

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २२श अनु०] "नरदेव-" इत्ययं चतुर्विंशे चतुर्युगे त्रेतायाम्।

वैष्णव दार्शनिक के मत में आत्यन्तिक प्रलय का अर्थ है,—मुक्ति, श्रीमद्भागवत के मत में मुक्ति भिन्न जगद्गत आत्यन्तिक प्रलय अस्वीकृत है।

मन्वन्तरावसान में प्रलय की वार्त्ता विष्णुधर्मोत्तर के प्रथमकाण्ड में है, यथा—"हे द्विज ! मन्वन्तरान्ते जगत् की अवस्था कैसी होती है ? वज्रनाभ के प्रश्नोत्तर में श्रीमार्कण्डेय कहते हैं— "मन्वन्तर के अवसान में महावेगवान् समुद्र, समस्त जगत् आवृत करके अवस्थित होता है, उस समय भूर्लोकस्थित समस्त पदार्थ विनष्ट हो जाते हैं, किन्तु हे राजेन्द्र ! कुल पर्वतसमूह विनष्ट नहीं होते हैं। पृथिवी नौकारूप धारण करती है।" मन्वन्तर के अवसान में प्रलय की वार्त्ता श्रीहरिवंश पुराण की "मन्वन्तरेषु संहार" इत्यादि प्रकरणस्थ टीका में सुस्पष्ट रूप में उल्लिखित है। अतएव चाक्षुष मन्वन्तर में केवल वैवस्वत मनु की रक्षा आपने की है, यह उपलक्षण है—स्व प्रतिपादकत्वे सति स्वेतरप्रतिपादकत्वं उपलक्षणत्वम्" एक वस्तु प्रतिपादन द्वारा अपर वस्तु प्रतिपादन का बोध होने से उसे उपलक्षण कहते हैं। अतएव उससे प्रतीति होती है कि—अन्य मन्वन्तरावसान में भी अन्यान्य मनु की उस प्रकार रक्षा करते हैं ॥१५॥

भा० १।३।१६ में लिखित है, सुर एवं असुरगण समुद्र मन्थन कार्य्य में प्रवृत्त होने पर विभु कूर्मरूप धारण कर स्वीय पृष्ठदेश में मन्दराचल को धारण किए थे।

टीका—कूर्मावतारमाह—कमठः कूर्मः, तद्रूपेण। एकादशे विभुर्दध्रे दधार ॥१६॥

भा० १।३।१७ में वर्णित है—त्रयोदशावतार में मोहिनीरूप धारण पूर्वक असुरगण को अमृत पान कराये थे।

टीका—धन्वन्तर्य्यवतारमाह—धान्वन्तरं धन्वन्तरिरूपम्। द्वादशमादि प्रयोगस्त्वार्षः, त्रयोदशमेव रूपं तच्चरितेन सह दर्शयति—अपाययदिति। अत्र सुधामित्यध्याहारः। मोहिन्या स्त्रियारूपेण अन्यान-सुरान् मोहयन् धन्वन्तरिरूपेण अमृतमानीय मोहिन्या अपाययदित्यर्थः ॥

क्रमसन्दर्भः। बिभ्रदित्युत्तरेणान्वयः, द्वादशं धान्वन्तरं रूपं बिभ्रत् त्रयोदशञ्च मोहिनीरूपं बिभ्रत्

बिभ्रत् । सुरानपाययत् सुधामिति शेषः । केन रूपेण ? मोहिन्या स्त्रिया तद्रूपेणेत्यर्थः । किं कुर्वन् ? अन्यान् असुरान् मोहयन्, धन्वन्तरिरूपेण सुधाञ्चोपहरन्निति शेषः । अजितस्यावतारा एते त्रयः ॥

१८ । (भा० १।३।१८)—

(१८) "चतुर्दशं नारसिंहं बिभ्रद्दैत्येन्द्रमूर्जितम् ।
ददार करजैरूरावेरकां कटकृद्यथा ॥"३२॥

नारसिंहं रूपं बिभ्रत् ॥

१९ । (भा० १।३।१९)—

(१९) "पञ्चदशं वामनकं कृत्वागादध्वरं बलेः ।
पादत्रयं याचमानः प्रत्यादित्सुस्त्रिविष्टपम् ॥"३३॥

कृत्वा प्रकटय्य ॥

२० । (भा० १।३।२०)—

(२०) "अवतारे षोड़शमे पश्यन् ब्रह्मद्रुहो नृपान् ।
त्रिसप्तकृत्वः कुपितो निःक्षत्रामकरोन्महीम् ॥"३४॥

अवतारे श्रीपरशुरामाभिधे ॥

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २४श अनु०] "ततः" इत्ययं कलेरब्दसहस्रद्वितये गते व्यक्तः । मुण्डितमुण्डः पाटलवर्णो द्विभुजः ।

सुरानपाययत्, सुधामिति शेषः । केन रूपेण ? मोहिन्या स्त्रिया तद्रूपेणेत्यर्थः । किं कुर्वन् ? अन्यान् असुरान् मोहयन्, धन्वन्तरिरूपेण सुधाञ्चोपहरन्निति शेषः । अजितस्य अवतारा एते त्रयः (कूर्मं धन्वन्तरि-मोहिनीति) ॥

धन्वन्तरि अवतार में सुधा आहरण किए थे। कूर्म, धन्वन्तरि एवं मोहिनी अवतारत्रय—श्रीअजित के हैं ॥१७॥

भा० १।३।१८ में उक्त है—चतुर्दशावतार में श्रीनरसिंह रूप धारण करके बलदर्पित दैत्येन्द्र हिरण्य-कशिपु को स्वीय उरु में स्थापन पूर्वक कट निर्माणकारी जिस प्रकार तृण को विदीर्ण करता है, तद्रूप अनायास से नख के द्वारा विदीर्ण किये थे।

टीका—श्रीनृसिंहावतारमाह—नारसिंहं रूपं बिभ्रत् । एरका—अग्रन्थि तृणविशेषः ॥१८॥

भा० १।३।१९ में वर्णित है,—पञ्चदशावतार में वामनरूप को प्रकट कर बलिराजा के यज्ञभूमि में जाकर उनके निकट से स्वर्गराज्य को दान रूपमें ग्रहण करने के निमित्त त्रिपादभूमि की प्रार्थना किये थे।

वामनावतारमाह,—पञ्चदशमिति, दुष्टानां मदं वामनयतीति वामनकं रूपं ह्रस्वं वा, प्रत्यादित्सुः तस्मादाच्छिद्य ग्रहीतुमिच्छुः ॥१९॥

भा० १।३।२० में लिखित है,—षोड़शावतार परशुराम हैं। राजन्यवर्ग को ब्राह्मण द्रोही देखकर क्रुद्ध होकर एकविंशतिबार पृथिवी को क्षत्रिय शून्य किए थे।

परशुरामावतारमाह—अवतार इति। त्रिः—त्रिगुणं यथा भवति तथा सप्त कृत्वा सप्तवारान्

२१। (भा० १।३।२१)—

(२१) "ततः सप्तदशे जातः सत्यवत्यां पराशरात्।
चक्रे वेदतरोः शाखा दृष्ट्वा पुंसोऽल्पमेधसः॥"३५॥

स्पष्टम्॥

२२। (भा० १।३।२२)—

(२२) "नरदेवत्वमापन्नः सुरकार्य्यचिकीर्षया।
समुद्रनिग्रहादीनि चक्रे वीर्य्याण्यतः परम्॥"३६॥

नरदेवत्वं श्रीराघवरूपेण। अतः परमष्टादशे। अस्य साक्षात् पुरुषस्य स्कान्दे श्रीरामगीतायां विश्वरूपं दर्शयतो ब्रह्म-विष्णु-रुद्रकृत-स्तुतिः श्रूयते॥

२३। (भा० १।३।२३)—

(२३) "एकोनविंशे विंशतिमे वृष्णिषु प्राप्य जन्मनी।
रामकृष्णाविति भुवो भगवानहरद्भरम्॥"३७॥

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २५श अनु०] "अथ" इत्ययं कल्किवुद्धश्च प्रति-कलियुग एवेत्येके। एतौ चावेशाविति विष्णुधर्म-मतम्। तथा हि (श्रीविष्णुधर्मे)—

एकविंशतिवारान् इत्यर्थः॥२०॥

भा० १।३।२१ में वर्णित है—सप्तदशावतार श्रीव्यास हैं। आप पराशर पत्नी सत्यवती से जन्मग्रहण किए थे। लोकसमूह की हीन बुद्धि को देखकर आप वेदादि शास्त्राध्ययनाध्यापन का प्रवर्त्तन किए थे।

टीका—व्यासावतारमाह—तत इति। अल्पमेधसः अल्पप्रज्ञान् पुंसो दृष्ट्वा तदनुग्रहार्थं शाखाश्चक्रे॥२१॥

भा० १।३।२२ में उक्त है—अष्टादशावतार श्रीरामचन्द्र हैं। देवकार्य्य सम्पन्न करने के निमित्त आपने समुद्रबन्धनादि के द्वारा स्वीय पराक्रम को प्रकट किए थे।

टीका—रामावतारमाह—नरेति। नरदेवत्वं राघवरूपेण प्राप्तः सन्। अतः परम् अष्टादशे।

स्कन्दपुराणीय श्रीरामगीता में श्रीरामचन्द्र, साक्षात् पुरुष नाम से अभिहित हैं। विश्वरूप प्रकटकारी श्रीरामचन्द्र की स्तुति ब्रह्मा, विष्णु, रुद्रकृत है। अतः आपको साक्षात् पुरुष कहते हैं॥२८॥

भा० १।३।२३ में वर्णित है—ऊनविंश एवं विंशावतार में भगवान् राम एवं कृष्ण, वृष्णि वंश में आविर्भूत होकर पृथिवी का भारापनोदन किए थे।

टीका—रामकृष्णावतारमाह—एकोनेति। विंशतितमे वक्तव्ये 'त'कार लोपश्छन्दानुरोधेन। रामकृष्णावित्येवं नामनी जन्मनी प्राप्य।

क्रमसन्दर्भः। भगवानिति—साक्षात् श्रीभगवत एवाविर्भावोऽयम्। न तु पुरुषसंज्ञस्य अनिरुद्धस्येति विशेषप्रतिपत्त्यर्थं तत्र तत्र साक्षाद्रूपत्वाच्छ्रीकृष्णरूपेण निजांशरूपत्वाद्रामरूपेणापि भारहारित्वं भगवत एवेत्युभयत्रापि भगवानहरद्भरमिति श्लिष्टमेव। अतो बलरामस्याप्यनिरुद्धावतारत्वं प्रत्याख्यातम्। श्रीकृष्णस्य वासुदेवत्वात् श्रीरामस्य च सङ्कर्षणत्वाद्युक्तमेव च तदिति॥

भा० १।३।२३ श्लोकोक्त 'भगवान्' शब्द से प्रतिपन्न होता है कि—श्रीकृष्ण साक्षात् भगवान् हैं।

भगवानिति साक्षात् श्रीभगवत एवाविर्भावोऽयम्, न तु पुरुषसंज्ञस्यानिरुद्धस्येति विशेष-प्रतिपत्त्यर्थम्। तत्र तस्य साक्षाद्रूपत्वात् श्रीकृष्णरूपेण, निजांशरूपत्वाद्रामरूपेणापि भारहारित्वं भगवत एवेत्युभयत्रापि भगवानहरद्भरमिति श्लिष्टमेव। अतो रामस्याप्यनिरुद्धा-वतारत्वं प्रत्याख्यातम्। श्रीकृष्णस्य वासुदेवत्वात् श्रीरामस्य च सङ्कर्षणत्वाद् युक्तमेव च तदिति ॥

२४। (भा० १।३।२४)—

(२४) "ततः कलौ सम्प्रवृत्ते सम्मोहाय सुरद्विषाम्।
बुद्धो नाम्नाञ्जनसुतः कीकटेषु भविष्यति ॥"३८॥

कीकटेषु गयाप्रदेशे ॥

२५। (भा० १।३।२५)—

(२५) "अथासौ युगसन्ध्यायां दस्युप्रायेषु राजसु।
जनिता विष्णुयशसो नाम्ना कल्किर्जगत्पतिः ॥"३९॥

युगसन्ध्यायां कलेरन्ते ॥

सर्वसम्वादिनी

'प्रत्यक्षरूपधृग्देवो दृश्यते न कलौ हरिः। कृतादिष्वेव तेनैष त्रियुगः परिपठ्यते ॥६॥

पुरुषाख्य अनिरुद्ध का अवतार नहीं है। श्रीबलराम भी श्रीकृष्ण का साक्षात् अंश है। एतज्जन्य श्रीबलराम श्रीकृष्णलीला का साक्षात् सहायक हैं।

पृथिवी का भारापनोदनरूप श्रीकृष्णलीला का आनुकूल्य करते हैं, तज्जन्य "भगवान्" विशेषण से उभय को ही विशेषित किया गया है। अर्थात् उभय का भी भूभार रूप एक कार्य्य है। "भगवानहरद्-भरं" यह पद श्लिष्ट है, भगवान् शब्द से उभय ही क्रोड़ीकृत हुए हैं। उभय की तुल्य भगवत्ता का प्रतिपादन उक्त 'भगवान्' विशेषण से ही होता है। श्रीबलराम भगवान् से अभिन्न होने पर श्रीबलराम, अनिरुद्ध का अवतार नहीं हैं, यह प्रतिपन्न उक्त श्लोक से ही हुआ है। श्रीबलराम एवं कृष्ण पुरुषावतार नहीं हैं, कारण, श्रीकृष्ण एवं बलराम अन्य व्यूह निरपेक्ष हैं, श्रीकृष्ण चतुर्व्यूह के मध्य में श्रीवासुदेव हैं, एवं श्रीबलराम भी उक्त व्यूहान्तर्गत साक्षात् सङ्कर्षण हैं। श्रीकृष्ण एवं बलराम से ही अन्यान्य व्यूह का प्रादुर्भाव हुआ है ॥२३॥

भा० १।३।२४ में उक्त है,—एकविंशावतार बुद्ध हैं। कलियुग प्रवृत्त होने पर असुर मोहन के निमित्त आप 'कीकट' गया प्रदेश में अञ्जनपुत्र रूप में आविर्भूत होंगे।

टीका—बुद्धावतारमाह—"ततः" इति। अञ्जनस्य सुतः। अजिनस्य सुत इति पाठे अजिनोऽपि स एव। कीकटेषु मध्ये गया प्रदेशे ॥२४॥

भा० १।३।२५ में लिखित है,—कलियुग के सन्ध्या समय में राजगण दस्यु सदृश होने पर जगत्पति विष्णुयशा ब्राह्मण से कल्कि नाम से आविर्भूत होंगे।

कल्क्यवतारमाह,—अथेति। युगसन्ध्यायां कलेरन्ते, विष्णुयशसो ब्राह्मणात् सकाशात् जनिता जनिष्यते।

युगसन्ध्या शब्द का अर्थ है, कलियुग के अन्तिम समय में ॥२५॥

२६। अथ श्रीहयग्रीव-हरि-हंस-पृश्निगर्भ-विभु-सत्यसेन-वैकुण्ठाजित-सार्वभौम-विष्वक्सेन धर्मसेतु-सुधाम-योगेश्वर-बृहद्भान्वादीनां शुक्लादीनाञ्चानुक्तानां संग्रहार्थमाह (भा० १।३।२६)—

(२६) "अवतारा ह्यसंख्येया हरेः सत्त्वनिधेर्द्विजाः।
यथाविदासिनः कुल्याः सरसः स्युः सहस्रशः॥"४०॥

हरेरवतारा असंख्येयाः सहस्रशः सम्भवन्ति, हि प्रसिद्धौ। असंख्येयत्वे हेतुः—सत्त्वनिधेः, सत्त्वस्य स्वप्रादुर्भावशक्तेः सेवधिरूपस्य। अत्रैव दृष्टान्तः—यथेति; अविदासिनोऽपक्षयशून्यात्, सरसः सकाशात् कुल्यास्तत्तत्स्वभावकृता निर्झरा अविदासिन्यः सहस्रशः सम्भवन्तीति। अत्र येऽंशावतारास्तेषु चैव विशेषो ज्ञेयः। श्रीकुमारनारदादिष्वाधिकारिकेषु ज्ञान-भक्ति-शक्त्यंशावेशः, श्रीपृथ्वादिषु क्रियाशक्त्यंशावेशः, क्वचित्तु स्वयमावेशः, तेषां भगवानेवाहमिति वचनात्। अथ श्रीमत्स्यदेवादिषु साक्षादंशत्वमेव; तत्र चांशत्वं नाम-साक्षाद्भगवत्त्वेऽप्य-

सर्वसम्वादिनी

कलेरन्ते च सम्प्राप्ते कल्किनं ब्रह्मवादिनम्। अनुप्रविश्य कुरुते वासुदेवो जगत्स्थितिम् ॥७॥

अनन्तर भा० १।३।२६ में श्रीहयग्रीव, हरि, हंस, पृश्निगर्भ, विभु, सत्यसेन, वैकुण्ठ, अजित, सार्वभौम, विष्वक्सेन, धर्मसेतु, सुधामा, योगेश्वर, बृहद्भानु प्रभृति एवं शुक्लादि प्रभृति अवतार का उल्लेख नहीं हुआ है, वे सब भी पुरुषावतार हैं, उसको कहने के लिए एक श्लोक का उत्थापन करते हैं।

हे द्विजगण! अपक्षयशून्य सरोवर से सहस्र सहस्र क्षुद्र प्रवाह निर्गत होते हैं, तद्रूप सत्त्वनिधि श्रीहरि से असंख्य अवतार आविर्भूत होते रहते हैं।

टीका—अनुक्तसर्वसंग्रहार्थमाह,—अवतारा इति। असंख्येयत्वेदृष्टान्तः, यथेति। अविदासिनः—उपक्षयशून्यात्। दसु, उपक्षय इत्यस्मात्। सरसः सकाशात् कुल्याः अल्पप्रवाहाः।

श्रीहरि के अवतार समूह असंख्य हैं, 'हि' शब्द का प्रयोग—प्रसिद्धि अर्थ में होता है। असंख्येय के प्रति कारण निर्देश करते हैं, श्रीहरि (पुरुष) सत्त्वनिधि हैं, असंख्यावतार प्रादुर्भाव शक्ति का एकमात्र आश्रय हैं। दृष्टान्त के द्वारा उसका स्पष्टीकरण करते हैं,—अक्षय सरोवर से सहस्र सहस्र प्रवाह निर्गत होने पर भी जिस प्रकार क्षय होने की सम्भावना उसमें नहीं है, उस प्रकार श्रीहरि से असंख्य अवतार आविर्भूत होने पर भी श्रीहरि पूर्ण हो रहते हैं, अक्षय सरोवर से आविर्भूत होने के कारण, प्रवाहसमूह जिस प्रकार नित्य होते हैं, तद्रूप श्रीहरि के अवतार समूह भी नित्य हैं।

उनमें से जो अंशावतार हैं, उनके सम्बन्ध में कुछ विशेष ज्ञातव्य यह है—श्रीकुमार-नारद प्रभृति आधिकारिक अवतारसमूह में ज्ञान, भक्ति शक्त्यंश का आवेश है, अर्थात् श्रीनारद-कृष्ण द्वैपायन प्रभृति में भक्ति शक्त्यंश का आवेश है। श्रीसनकादि में ज्ञान शक्त्यंश का आवेश है, एवं श्रीपृथु महाराज प्रभृति में क्रियाशक्त्यंशावेश है। किसी किसी अवतार में साक्षात् भगवान् का ही आवेश होता है, कारण वे सब अवतार कहते हैं—"मैं ही भगवान् हूँ।" इस प्रकार उक्ति स्वयमावेश का ही लक्षण है। श्रीऋषभ देव की उक्ति उक्तानुरूप ही है। "प्रीति र्न यावन्मयि वासुदेवे न मुच्यते देहयोगेन तावत् (५।५।६) मैं ही वासुदेव हूँ, मुझमें जब तक प्रीति नहीं होती है, तब तक कोई व्यक्ति देहसम्बन्ध से मुक्त नहीं हो सकते हैं।"

श्रीमत्स्य देवादि में साक्षात् भगवान् अंश ही है। अद्वय ज्ञानस्वरूप तत्त्ववस्तु का 'अंश' होना कैसे

व्यभिचारि-तादृश-तदिच्छावशात् सर्वदैवैकदेशतयैवाभिव्यक्तशक्त्यादिकत्वमिति ज्ञेयम् । तथैवोदाहरिष्यते (ब्र० सं० ५।५०)—"रामादिमूर्त्तिषु कलानियमेन तिष्ठन्" इति ।

२७ । अथ विभूतीराह (भा० १।३।२७)—

(२७) "ऋषयो मनवो देवा मनुपुत्रा महौजसः ।
कलाः सर्वे हरेरेव सप्रजापतयः स्मृताः ॥"४१॥

कला विभूतयः । अल्पशक्तेः प्रकाशाद्विभूतित्वम्, महाशक्तेस्त्वावेशत्वमिति भेदः ॥

२८ । तदेवं परमात्मानं साङ्गमेव निर्द्धार्य्य प्रोक्तानुवादपूर्वकं श्रीभगवन्तमप्याकारेण

सर्वसम्वादिनी

पूर्वोत्पन्नेषु भूतेषु तेषु तेषु कलौ प्रभुः । कृत्वा प्रवेशं कुरुते यदभिप्रेतमात्मनः ॥'८॥ इति ।

सम्भव है ? उत्तर में कहते हैं—"अंशत्व" शब्द से जानना होगा कि—साक्षात् भगवान् होने पर भी अंश रूप में प्रकाशित होने के निमित्त श्रीभगवान् की अव्यभिचारिणी इच्छाशक्ति से सर्वदा शक्ति की एकदेशिक अभिव्यक्ति, अर्थात् भगवत् अवतारसमूह ही श्रीभगवत् स्वरूपगत निखिल असाधारण धर्मपूर्ण हैं। श्रीभगवदिच्छा का व्यभिचार कभी भी नहीं होता है । वह नित्या है, उक्त इच्छा भी केवल भक्ताभीष्ट पूर्त्तिकारिणी है । सुतरां भक्त सङ्कल्पानुरूप रूप-गुण-लीलादि का प्रकटन पूर्वक निरन्तर उक्त रूप में अवस्थित होते हैं । उसके अनुसार जिस स्वरूप में न्यून शक्त्यादि का प्रकाश होता है, उन्हें अंशावतार कहते हैं । इससे इस प्रकार धारणा नहीं होती है कि—अंशावतार भी कभी अंशी हो सकते हैं । अंशी, अंश रूप में प्रकट हो सकते हैं, किन्तु अंश का अंशी रूप में प्रकट होने की सम्भावना नहीं है । ब्रह्मसंहिता के ५।३९ में उक्त है—"रामादिमूर्त्तिषु कलानियमेन तिष्ठन् नानावतारमकरोद्भुवनेषु किन्तु ।
कृष्णः स्वयं समभवत् परमपुमान् यो गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥"

टीका—यः कृष्णः परमः पुमान् कलानियमेन रामादिमूर्त्तिषु तिष्ठन् भुवनेषु नानावतारं अकरोत् यः परमः पुमान् कृष्णः स्वयं समभवत्, अवतार, तं आदिपुरुषं गोविन्दं अहं भजामि ।

जो रामादि मूर्त्ति में कला नियम से अर्थात् निर्दिष्ट न्यून शक्तिविशेष को प्रकाश करके भक्तानुग्रह हेतु निरन्तर विराजित हैं, जो अन्य निरपेक्ष सत्तास्वरूप स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण हैं, किन्तु स्वयं प्रापञ्चिक लोक में प्रकट हुए थे, मैं उन आदि पुरुष गोविन्द का भजन करता हूँ । "तिष्ठन्" स्था धातु के उत्तर शतृ प्रत्यय द्वारा निष्पन्न पद है । स्था—गति निवृत्ति अर्थ, शतृ प्रत्यय का वर्त्तमान कालीनत्व अर्थ है ।

इससे अंशावतार में प्रकटित शक्ति की गति निवृत्ति एवं सतत विद्यमानता का बोध होता है । अर्थात् कभी भी उक्त शक्ति का न्यूनाधिक्य अथवा अभाव नहीं होता है ॥२६॥

अनन्तर विभूति का वर्णन करते हैं । भा० १।३।२७ में वर्णित है—महाप्रभावसम्पन्न ऋषिवृन्द, मनु, देवता, मनुपुत्रगण एवं प्रजापतिसमूह श्रीहरि की विभूति हैं । कला—शब्द से विभूति अर्थ जानना होगा, जहाँ पर अल्पशक्ति का प्रकाश होता है, उसको विभूति कहते हैं । महाशक्ति का प्रकाश जहाँ होता है, उसको आवेश कहते हैं । विभूति एवं आवेश में यह भेद है । जीव में विभूति एवं आवेशावतार का प्रकाश होता है । महत्तम जीव में श्रीभगवान् की स्वल्पशक्ति प्रकटित होने से विभूति, अधिक शक्ति का प्रकाश होने से आवेश होता है । लोह जिस प्रकार अग्नि संयोग से अग्नि साधर्म्य को प्राप्त करता है, वस्तुतः स्वरूप में लोह ही है, तद्रूप विभूति एवं आवेशावतार के सन्दर्भ में भी जानना होगा ॥२७॥

निर्द्धारयति (भा० १।३।२८)—

(२८) "एते चांश-कलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति ।

एते पूर्वोक्ताः, च-शब्दादनुक्ताश्च, प्रथममुद्दिष्टस्य पुंसः पुरुषस्यांशकलाः । केचिदंशाः स्वयमेव अंशाः साक्षादंशत्वेनांशांशत्वेन च द्विविधाः, केचिदंशाविष्टत्वादंशाः केचित्तु कला

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २९श अनु०] "अवतारा" इति,—तत्र चैष विशेष इत्यथैतदुक्तं भवति ।—भगवान् खलु त्रिधा

उक्त प्रकार से अंश के सहित परमात्मा का निरूपण करने के पश्चात् पूर्वोक्त अवतार समूह का अनुवादपूर्वक श्रीभगवान् का निरूपण, शक्ति प्रकटन के तारतम्य से कहते हैं । भा० १।३।२८ में वर्णित है, पूर्वोक्त अवतारसमूह कारणार्णवशायी नारायण के ही अंश एवं कला हैं । किन्तु श्रीकृष्ण, स्वयं भगवान् हैं ।

टीका—"तत्र विशेषमाह—एते चेति । पुंसः परमेश्वरस्य,—केचिदंशाः, केचित् कलाः, विभूतयः । तत्र मत्स्यादीनामवतारत्वेन सर्वज्ञत्वे सर्वशक्तिमत्त्वेऽपि यथोपयोगमेव ज्ञानक्रियाशक्त्याद्याविष्करणम् । कुमारनारदादिष्वधिकारिषु यथोपयोगमंशकलावेशः । तत्र कुमारादिषु ज्ञानावेशः, पृथ्वादिषु शक्त्यावेशः । कृष्णस्तु साक्षात् भगवान्—नारायण एव, आविष्कृत सर्वशक्तित्वात् । सर्वेषां प्रयोजनमाह—इन्द्रारयो दैत्याः तैर्व्याकुलम् उपद्रुतं लोकं मृडयन्ति सुखिनं कुर्वन्ति ॥"

इसके पहले जिन अवतार समूह का उल्लेख हुआ है, और जिनका नामतः उल्लेख नहीं हुआ है, वे सब ही कारणार्णवशायी रूप प्रथम पुरुष के ही अंश कला हैं । अर्थात् कुछ तो अंश हैं, और कतिपय अवतार की विभूति हैं, अंश द्विविध हैं—साक्षात् अंश एवं अंश का अंश । "एते चांश" यहाँ के 'च' शब्द से ही अनुल्लिखित अवतारों का संग्रह हुआ है । कतिपय अवतार अंशाविष्ट होने से अंश संज्ञा से अभिहित होते हैं । कला-शब्द से विभूति अर्थ जानना होगा । अवतार नामसंग्रह प्रकरण के विंशतितम अवतार रूप में जिनका नामोल्लेख है, वह श्रीकृष्ण हैं । किन्तु श्रीकृष्ण, अवतार नहीं हैं, सबके अवतारी हैं, स्वयं भगवान् हैं, अर्थात् कारणार्णवशायी रूप में जिनका उल्लेख प्रथम है, उन पुरुष का भी जो अवतारी हैं, उक्त भगवान् शब्द से कथित अवतारी ही श्रीकृष्ण हैं ।

क्रमसन्दर्भः । जगृहे इति । तत्र ब्रह्मेति परमात्मेत्यत्र यो भगवान् निर्दिष्टः (भा० १।२।३०) "स एवेदम्" इत्यादौ च यस्यैवाविर्भावा महत्स्रष्ट्रादयो विष्णु पर्य्यन्ता निर्दिष्टाः, स भगवान् स्वयं श्रीकृष्ण एवेति पूर्वदर्शित शौनकाद्यभीष्टनिजाभिमतस्थापनाय परमात्मनो विशेषानुवादपूर्वकं दर्शयितुं तत् प्रसङ्गेनान्यानवतारान् कथयितुं तत्रैव ब्रह्म च निर्देशमारभते,—जगृहे इति । यः श्रीभगवान् पूर्णषडैश्वर्य्यत्वेन पूर्वं निर्दिष्टः, स एव पौरुषं रूपं पुरुषत्वेनाम्नायते, यद्रूपं तदेवादौ सर्गारम्भे जगृहे,—प्राकृतप्रलये स्वस्मिन् लीनं सत् प्रकटतया स्वीकृतवान् । किमर्थम् ? तत्राह—लोकसिसृक्षया ; तस्मिन्नेव लीलानां समष्टि-व्यष्ट्युपाधि जीवानां सिसृक्षया प्रादुर्भावनार्थमित्यर्थः । कीदृशं सत्—तद्रूपं लीनमासीत् ? तत्राह—महदादिभिः सम्भूतं मिलितं, अन्तर्भूतमहदादितत्त्वमित्यर्थः । "सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्यो नगापगाः" इत्यादौ हि संभूतिर्मिलनार्थः । तत्र हि महदादीनि लीनान्यासन्निति । तदेवम् "विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्यान्यथो विदुः । एकन्तु महतः स्रष्टृ द्वितीयं त्वण्डसंस्थितम् तृतीयं सर्वभूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यते ॥" इति नारदीयतन्त्रादौ महत् स्रष्टृत्वेन प्रथमं पुरुषाख्यं रूपं यत् श्रूयते (ब्र० सं० ५।१६) "तस्मिन्नाविरभूल्लिङ्गे महाविष्णुर्जगत्पतिः" इत्यादि ; (ब्र० सं० ५।१८) नारायणः स भगवान् आपस्तस्मात् सनातनात् । आविरासीत् कारणार्णोनिधिः सङ्कर्षणात्मकः । योगनिद्रां गत स्तस्मिन् सहस्रांशः स्वयं महान् ।" इत्यादि ब्रह्मसंहितादौ कारणार्णवशायिसङ्कर्षणत्वेन श्रूयते, तदेव जगृह इति

विभूतयः। इह यो विंशतितमावतारत्वेन कथितः, स कृष्णस्तु भगवान्, पुरुषस्याप्यवतारी यो भगवान् स एष एवेत्यर्थः। अत्र "अनुवादमनुक्त्वैव न विधेयमुदीरयेत्" इति वचनात् कृष्णस्यैव भगवत्त्वलक्षणो धर्मः साध्यते, न तु भगवतः कृष्णत्वमित्यायातम्। ततश्च श्रीकृष्णस्यैव भगवत्त्वलक्षणधर्मित्वे सिद्धे मूलावतारित्वमेव सिद्धति, न तु ततः प्रादुर्भूतत्वम्। एतदेव व्यनक्ति—स्वयमिति। तत्र च स्वयमेव भगवान्, न तु भगवतः प्रादुर्भूततया,

सर्वसम्वादिनी

प्रकाशते—(१) स्वयंरूपः; (२) तदेकात्मरूपः; (३) 'आवेश'-रूपश्चेति। तत्र (१) अनन्यापेक्षरूपः

प्रतिपादितम्। पुनः कीदृशं तद्रूपम्? तत्राह—षोड़शकलं तत् सृष्ट्युपयोगिपूर्णशक्तिरित्यर्थः। तदेवं यस्तद्रूपं जगृहे, स भगवान्। यत्तु तेन गृहीतम्, तत्तु स्वसृज्यानामाश्रयत्वात् परमात्मेति पर्य्यवसितम्॥

भा० १।३।१ श्लोक में उक्त है—"जगृहे पुरुषं रूपं भगवान्" भगवान् ने पुरुष रूप धारण किया, वह भगवान् भा० १।२।११ में उक्त एक अद्वय ज्ञानतत्त्व रूप श्रीकृष्ण हैं, जिनका निर्देश ब्रह्म, परमात्मा, भगवान् रूप से उक्त श्लोक में हुआ है। भा० १।२।३० में उक्त विवरण से ज्ञात होता है कि—जिनके आविर्भाव रूप में महत् स्रष्टा विष्णु पर्य्यन्त सब का उल्लेख है। वह भगवान् स्वयं कृष्ण ही हैं। पूर्व वर्णित शौनकादि के अभीष्ट निजाभिमत स्थापन हेतु परमात्मा उनके अवतार एवं उक्त प्रसङ्ग में ब्रह्म का निर्देश करने के लिए कहते हैं—"जगृहे इ'त।" जो भगवान्—षडैश्वर्य्यपूर्ण रूप में पूर्व प्रकरण में निर्दिष्ट हुए हैं, वह ही पुरुष शब्द से अभिहित होते हैं। सृष्टि के आरम्भ में उस रूप को प्रकट करते हैं। प्राकृत प्रलय में विलीन होकर जो रूप था उसको प्रकट करके स्वीकार किये हैं, उसे कहते हैं,—महदादि मिलित तत्त्वसमूह, सं-पूर्व भू धातु का मिलन अर्थ प्रसिद्ध है। नदीसमूह मिलित होकर अम्भोधि को प्राप्त करती हैं। यहाँ 'सम्भूय' का मिलन अर्थ में प्रयोग हुआ है। प्रलय समय में श्रीभगवान् में समस्त तत्त्व विलीन थे, नारदीय तन्त्र प्रभृति में उनका ही वर्णन है—विष्णु के तीन रूप हैं, एक—कारणार्णवशायी महत्स्रष्टा, द्वितीय—गर्भोदकशायी, तृतीय—क्षीरोदशायी, इसमें महत् स्रष्टा रूप में जिस पुरुष का वर्णन है, ब्रह्म संहिता ५।१८ में भी वर्णन है यह नारायण से जल उत्पन्न हुआ, और उसमें सङ्कर्षणात्मक नारायण आविर्भूत हुए। इत्यादि ब्रह्मसंहितोक्त कारणार्णवशायी सङ्कर्षण रूप को ही आपने प्रकट किया। और उसका प्रतिपादन ही भा० "जगृहे" श्लोक से हुआ है। वह रूप किस प्रकार है, षोड़श कलायुक्त है। अर्थात् सृष्टि के उपयोगी पूर्ण शक्तिसम्पन्न हैं। उस प्रकार रूप का प्रकट जिन्होंने किया, वह ही स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण हैं, उन्होंने जिस रूप का ग्रहण किया है, वह सृष्ट पदार्थों का आश्रय होने से ही परमात्मा नाम से विख्यात है।

अनुवाद का कथन व्यतीत विधेय का कथन अयुक्त है। मानान्तर से प्राप्त का पुनः कथन ही अनुवाद है। उक्त नियम के अनुसार श्रीकृष्ण का ही भगवत्तालक्षण धर्म साधित होता है। भगवान् का श्रीकृष्णत्व नहीं। अर्थात् जो भगवान् है वह ही श्रीकृष्ण हैं, ऐसा नहीं। यदि कहा जाय कि भगवान् श्रीकृष्ण हुए हैं, तब श्रीकृष्ण का अवतारी अपर किसी को कहना होगा। किन्तु वैसा सम्भव नहीं है, श्रीकृष्ण—निरपेक्ष परतत्त्व हैं, उनकी भगवत्ता से ही अपर स्वरूपों की भगवत्ता है। श्रीकृष्ण की भगवत्ता स्वतः सिद्ध है। अतएव श्रीकृष्ण का भगवत्त्व लक्षण धर्मित्व सिद्ध होने से मूल अवतारित्व श्रीकृष्ण का ही है, किन्तु कारणार्णवशायी नारायण से श्रीकृष्ण आविर्भूत नहीं हुए हैं। अनुवाद विधेय का विचार इस प्रकार है—अनुवाद्यं—उद्देश्यं, प्राप्तस्य धर्मान्तरप्राप्तये कथनमुद्देशः, विधेयं—साध्यं, अप्राप्तस्य प्राप्तये कथनं विधेयं। मानान्तरेण प्राप्तस्य पुनः कथनं अनुवादः। प्रमाणान्तर के द्वारा प्राप्त

न तु वा भगवत्ताध्यासेनेत्यर्थः; न चावतारप्रकरणेऽपि पठित इति संशयः;—"पौर्वापर्ये पूर्वदौर्बल्यं प्रकृतिवत्" इति न्यायेन; यथाग्निष्टोमे "यद्युद्गाता विच्छिद्याददक्षिणेन यजेत, यदि प्रतिहर्त्ता सर्वस्वदक्षिणेन" इति श्रुतेः,—तयोश्च कदाचिद्द्वयोरपि विच्छेदे प्राप्ते विरुद्धयोः प्रायश्चित्तयोः समुच्चयासम्भवे च परमेव प्रायश्चित्तं सिद्धान्तितं तद्वदिहापीति।

सर्वसम्वादिनी

'स्वयंरूपः'; (२) स्वरूपाभेदेऽपि तत्सापेक्ष-रूपादिः 'तदेकात्म-रूपः'; (३) जीवविशेषाविष्ट 'आवेशरूपः'।

वस्तु की धर्मान्तर प्राप्ति के निमित्त कथन का नाम अनुवाद है, एवं अप्राप्त वस्तु की प्राप्ति के निमित्त कथन को विधेय कहते हैं। प्रकृत स्थल में श्रीकृष्ण अनुवाद है, विंशतितम अवतार रूप में उक्त नाम प्राप्त है। "स्वयं भगवान्" विधेय है, कारण स्वयं भगवान् का परिचायक शब्द का प्रयोग इसके पहले में नहीं हुआ है, श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं, तज्जन्य श्रीकृष्ण में ही स्वयं भगवत्ता लक्षण धर्म साधित हुआ है। यदि स्वयं भगवान् का ही कृष्णत्व साधन करने की इच्छा होती तो मूल श्लोक में श्रीसूत का कथन "स्वयं भगवांस्तु कृष्णः" अर्थात् स्वयं भगवान् कृष्ण हैं, ऐसा होता।

'स्वयं' पद का प्रयोग होने से श्रीकृष्ण ही मूल अवतारी है, बोध होता है। स्वयं भगवान् शब्द का स्वाभाविक अर्थ यह है कि—श्रीकृष्ण स्वयं ही भगवान् हैं। भगवान् से आविर्भूत होने से अथवा आरोपित भगवत्ता के कारण आप भगवान् नहीं हैं।

भा० १।३ स्थित अवतार प्रकरण में अन्यान्य अवतार के सहित श्रीकृष्णनाम पठित होने से श्रीकृष्ण मूल अवतारी नहीं हैं, इस प्रकार संशय नहीं हो सकता है। कारण उक्त प्रकरण के उपसंहार में ही श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता कथित है। यहाँ पर जिज्ञास्य यह है कि—उक्त उभयविध वाक्य में—श्रीकृष्ण की अवतारान्तर्भूतता (१) (२) स्वयं भगवत्ता में। प्राबल्य किस का है? उत्तर,—स्वयं भगवत्ता का प्रकाशक वाक्य ही प्रबल है। मीमांसादर्शन में उक्त है,—"पौर्वापर्ये पूर्वदौर्बल्यं प्रकृतिवत्" इस नियम से (अर्थात् पूर्वप्रदर्शित विधि एवं पर प्रदर्शित विधि) उभय के मध्य में पूर्वविधि की दुर्बलता है। अर्थात् परविधि के द्वारा पूर्वविधि बाधित है। प्रकृतिवत् का दृष्टान्त,—प्रकृति शब्द—मीमांसा दर्शन का पारिभाषिक है,—"यत्र समग्रोपदेशः स प्रकृतिः।" यथा "दर्शपौर्णमासादिः" प्रकृतियज्ञ—विकृतियज्ञयोर्मध्ये प्रकृति यज्ञस्य प्राधान्यं, तद्वत्। अग्निष्टोम में विधि यह है—यज्ञ समाप्ति के समय यज्ञानुष्ठातृगण परस्पर अग्रगामी व्यक्ति के कटिदेश को धारण कर यज्ञवेदी की प्रदक्षिणा करें। परिक्रमण के समय यदि उद्गाता विच्छिन्न होता है, तब यजमान पुनर्बार दक्षिणा रहित यज्ञानुष्ठान करें। प्रतिहर्त्ता विच्छिन्न होने पर सर्वस्व दक्षिणा के द्वारा यज्ञानुष्ठान करें। उभय प्रकार प्रायश्चित्त का विधान है। कदाचित् प्रदक्षिणा के समय उद्गाता—प्रतिहर्त्ता विच्छिन्न होने से किस प्रकार प्रायश्चित्त विधेय है? उत्तर में कहते हैं—सदक्षिण अदक्षिण उभयविध यज्ञ ही करना होगा, ऐसा नहीं। कारण, परस्पर अत्यन्त विरुद्ध प्रायश्चित्तद्वय का समुच्चय होना असम्भव है, अर्थात् युगपत् दक्षिणाशून्य एवं दक्षिणायुक्त उभय यज्ञानुष्ठान करना कैसे सम्भव होगा? अतएव परविधि के द्वारा प्राप्त सर्वस्व दक्षिण यज्ञानुष्ठान ही विहित है।

ज्योतिष्टोम याग में वेदी चतुष्टय हैं। "अध्वर्युर्द्गातृ होतारो यजुःसामर्त्विजः क्रमात्।" सामवेदी ऋत्विक् को उद्गाता, ऋग्वेदीय ऋत्विक् को प्रतिहर्त्ता, यजुर्वेदीय ऋत्विक् को अध्वर्यु कहते हैं।

प्रकृत प्रसङ्ग में भी अवतारगण के मध्य में पाठ हेतु श्रीकृष्ण का अवतारत्व, एवं परवर्त्ती "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य के द्वारा उनकी स्वयं भगवत्ता अर्थात् स्वयं अवतारित्व की प्रतीति

अथवा, 'कृष्णस्तु' इति श्रुत्या प्रकरणस्य बाधात्; यथा शङ्करशारीरक-भाष्ये (ब्र० सू० ३।३।५०) —"श्रुत्यादिबलीयस्त्वाच्च न बाधः" इति सूत्रे, "ते हैते विद्याचित एव" इति श्रुतिः, मनश्चिदादीनामग्नीनां प्रकरणप्राप्तं क्रियानुप्रवेशलक्षणमस्वातन्त्र्यं बाधित्वा विद्याचित्त्वेनैव

सर्वसम्वादिनी

(२) तदेकात्मरूपोऽपि द्विविधः—(२क) 'तत्समः'; (२ख) 'तदंश'श्च। (३) आवेशोऽपि त्रिविधः—

होती है। परस्पर अत्यन्त विरुद्ध वाक्यद्वय का समुच्चय नहीं हो सकता है। समुच्चय शब्द का अर्थ समाहार है। अविरुद्ध एक जातीय वस्तु का समाहार हो सकता है, यथा—"त्रिभुवन" शब्द से भुवनत्रय का समाहरण हुआ है। श्रीकृष्ण यदि अन्यान्य अवतार के सजातीय होते तो उन सब के सहित श्रीकृष्ण का समुच्चय होता। जो अवतार है, वह अवतारी नहीं हो सकता, जो अवतारी है, उनका निरूपण अवतार में नहीं हो सकता है। अतएव अग्निष्टोम यज्ञीय श्रुति प्रसिद्ध सिद्धान्त के समान प्रकृत स्थल में भी पूर्व विधि का दौर्बल्य एवं परविधि का प्राबल्य स्वीकार करना होगा। पूर्वविधि हेतु अवतार सूचक वाक्य—"रामकृष्णाविति भुवो भगवानहरद्भरम्" दुर्बल है। परविधि प्राप्त अवतारित्व द्योतक "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य प्रबल है। बलवान् विधिवाक्य ही सर्वथा ग्राह्य है। अतः श्रीकृष्ण का अवतारत्व सूचक वाक्य को अग्राह्य करके अवतारित्व द्योतक वाक्य को ही अङ्गीकार करना होगा।

अथवा 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयं' वाक्य—श्रीमद् भागवत की सावधारणा श्रुति है। अवधारणार्थ का प्रकाशक 'तु' शब्द का प्रयोग यहाँ है। पुनः "कृष्णः भगवान् स्वयं" यह श्रुति अवधारणयुक्ता होने से अतिशय बलवती है। साधारणतः ही 'प्रकरण' से श्रुति बलवती होती है। उससे श्रीकृष्ण का अवतारत्व बाधित होकर सावधारणाश्रुत्युक्त स्वयं भगवत्ता निश्चित हुई है। श्रुति के द्वारा प्रकरण की बाधा होती है, उसका विवरण यह है—"श्रुतिलिङ्गप्रकरणस्थानसमाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यम् विप्रकर्षात्" इति पारमर्षसूत्रम् मीमांसादर्शनम्। ३।३।१४

उक्तिगत विरोध समाधान कल्प में महर्षि जैमिनि का कथन यह है—श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान, समाख्या के समवाय स्थल में यथाक्रम से परप्रमाण की दुर्बलता है। अर्थात् श्रुति-लिङ्ग के मध्य में लिङ्ग दुर्बल, लिङ्ग वाक्य के मध्य में वाक्य दुर्बल। इस रीति से श्रुति का सर्वाधिक प्राबल्य है।

श्रुत्यादि की निरुक्ति—श्रुतिश्च शब्दः, क्षमता च लिङ्गं वाक्यं पदान्येव तु संहतानि।
सा प्रक्रिया यत् करणं साकाङ्क्षम् स्थानं क्रमो, योगबलं समाख्या॥

अर्थात् श्रुति—शब्द, लिङ्ग—क्षमता, वाक्य—पद संहति, प्रकरण—साकांक्षकरण, स्थान—क्रम, समाख्या—यौगिक शब्द, यथा निरपेक्षोरवः श्रुतिः, शब्दः—सामर्थ्यं लिङ्गं, समभिव्याहारो वाक्यम्। उभयाकाङ्क्षा-प्रकरणम्। देशसामान्यम् स्थानं, समाख्या यौगिकः शब्दः। निजार्थ प्रतिपादन हेतु पदान्तरापेक्षारहित शब्द ही श्रुति है। शब्द की अर्थ प्रकाशन सामर्थ्य का नाम लिङ्ग है, साध्यत्वादि वाचक द्वितीयादि का अभाव होने से तात्पर्य लब्ध शेषशेषिभाव बोधक पदद्वय के सहोच्चारण का नाम वाक्य, अङ्गाङ्गित्व में अभिमत परस्पराकाङ्क्षा—प्रकरण, देश का समानत्व—स्थान, यौगिक शब्द—समाख्या है। दृष्टान्त स्वरूप "श्रुत्यादिबलीयस्त्वाच्च न बाधः" ३।३।५० सूत्रस्थ शाङ्कर भाष्य में श्रुति का प्रामाण्य स्वीकृत है। वाजसनेयी अग्निरहस्य में "मनश्चित्" प्रभृति अग्नि की भाँति "विद्याचित्" का प्रकरण में पाठ हेतु क्रियापारतन्त्र्य प्रदर्शित हुआ है। अपर श्रुति में "विद्याचित्" ब्रह्मज्ञान का ही मोक्ष साधन सामर्थ्य सम्पन्न ज्ञान का ही साक्षात् उपदेश होने से, प्रकरण प्राप्त—अर्थात् क्रियाधिकरण पाठ हेतु "विद्याचित्" का क्रियापारतन्त्र्य निरस्त होकर श्रुति प्राबल्य निबन्धन मोक्ष साधकत्व स्थापित

हुआ है। प्रस्तुत कृष्णस्तु विचार स्थल में भी उक्त रीति को जानना होगा। ब्रह्मसूत्रस्य शाङ्करभाष्य का प्रकरण यह है—

"विद्यैव तन्निर्द्धारणात्" 'तु' शब्दः पक्षव्यावर्त्तकः, निर्द्धारणात्—अवधारणात् मनश्चिदादीनां विद्याङ्गता सिद्धति। सूत्रस्थ तु-शब्द का अर्थ, उक्त पूर्वपक्ष का निषेध करना है, अर्थात् पूर्वपक्ष उत्थित नहीं हो सकता है। श्रुति में निर्द्धारण वाक्य की विद्यमानता ही एकमात्र कारण है। अतः मनश्चिदादि अग्नि क्रियाङ्ग नहीं है। प्रत्युत स्वतन्त्र एवं उपासनाङ्ग है। श्रुति उसका अवधारण वाक्य 'तु' के द्वारा निश्चय करती है।

श्रुतिलिङ्गवाक्यैः प्रकरणं वाक्यैः प्रकरणं वाध्यमिति सूत्रत्रयार्थः। (रत्नप्रभा) तस्मात् श्रुतिलिङ्ग-वाक्यानि प्रकरणमपोह्य स्वातन्त्र्यं मनश्चिदादीनामवगमयन्तीति सिद्धम् (भामती)। प्रकरण की बलवत्ता से स्वातन्त्र्य भङ्ग नहीं हो सकता है। कारण, श्रुति-लिङ्ग-वाक्य तीन ही प्रकरण की अपेक्षा बलवान् हैं। सुतरां उक्त तीनों के द्वारा स्वतः ही प्रकरण बाधित होता है। सूत्रस्थ शाङ्करभाष्य,—

"ननु लिङ्गमप्यसत्यामन्यस्यां प्राप्तावसाधकं कस्यचिदर्थस्येत्यपास्य तत् प्रकरणसामर्थ्यात् क्रियाशेषत्व-मध्यवसितमित्यत उत्तरं पठति—"श्रुत्यादिबलीयस्त्वाच्च न बाधः" नैवं प्रकरणसामर्थ्यात् क्रियाशेषत्व-मध्यवसायस्वातन्त्र्यपक्षोबाधितव्यः, श्रुत्यादिबलीयस्त्वात्। बलीयांसि हि प्रकरणात् श्रुतिलिङ्ग-वाक्यानीति स्थितं श्रुतिलिङ्गसूत्रे। तानि चेह,—स्वातन्त्र्यपक्षं साधयन्ति दृश्यन्ते। कथम्? श्रुतिस्तावत् "ते हैते विद्याचित एव" इति। तथा लिङ्गं "सर्वदा सर्वाणि भूतानि चिन्वन्त्यपि स्वपते" इति। तथा वाक्यमपि "विद्यया हैवैत एवम्विदश्चिता भवन्ति" इति। "विद्याचित एव" इति हि सावधारणेयं श्रुतिः क्रियानुप्रवेशेऽभीषामभ्युपगम्यमाने बाधिता स्यात्।

कतिपय व्यक्ति कहते हैं, अन्य क्रिया की प्राप्ति से लिङ्ग दर्शन असाधक होता है। अर्थात् कार्य्यकारी अथवा बोधक नहीं होता है। बोधक न होने से ही प्रकरण के बल से पूर्वोक्त विषयों की क्रियाङ्गता निश्चित हो सकती है? उत्तर प्रदान करते हैं—प्रकरण के बल से उक्त विषयों की क्रियाङ्गता स्थित करके स्वातन्त्र्य पक्ष का निरास नहीं कर सकते। कारण उक्त प्रकरण की अपेक्षा, श्रुति, लिङ्ग, वाक्य तीन प्रमाण ही बलवान् हैं। प्रकरण की अपेक्षा उक्त समूह का अधिक बल है, तज्जन्य प्रकरण स्वयं उससे बाधाप्राप्त होता है, अर्थात् स्व-सम्बन्धित अर्थ प्रत्यायन में अक्षम होता है। यह नियम पूर्व मीमांसा के श्रुतिलिङ्गादि का बलाबल निर्णायक सूत्र में अभिहित है। श्रुति, लिङ्ग, वाक्य प्रमाणत्रय को उदाहृत अग्नि का स्वातन्त्र्यपक्ष साधन एवं क्रियाङ्गपक्ष निवारण में विनियोग करते हैं। श्रुति यथा— "वह यह मनश्चितादि अग्नि विद्याचित व्यतीत अपर कुछ भी नहीं हैं। अर्थात् साक्षात् क्रियाग्नि नहीं है।" लिङ्ग यथा—समुदाय प्राणी सब समय इस अग्नि का चयन करते हैं। क्रियाङ्ग अग्निसमूह सब समय सब प्राणियों के द्वारा गृहीत नहीं होते हैं। तज्जन्य मनश्चितादि अग्नि की ध्यान मात्रता की ही प्रतीति होती है। वाक्यरूपता की प्रतीति नहीं होती है। यथा—विद्या, अर्थात् ध्यानरूप उपासना के द्वारा उक्त समूह द्रव्य उन उन उपासक कर्त्तृक चित होते हैं। मनश्चितादि को अग्नि कहते हैं। वास्तविक वे सब अग्नि नहीं हैं, किन्तु अग्नि तुल्य हैं। अग्निरूप में चिन्तनीय अथवा ध्येय हैं। क्रियाङ्ग शब्द से "विद्याचित एव" श्रुति बाधित होगी। अर्थ प्रकाश में असमर्थ होकर मिथ्या होगी। यहाँ श्रुति शब्द का अर्थ है—साक्षात् अर्थ प्रत्यायक शब्द। "विद्याचित एव" उक्त शब्दद्वय के द्वारा साक्षात् अथवा मुख्य रूप से उक्तार्थ की प्रतीति होती है। उक्त कारण से ही यह श्रुति है।

नन्वबाह्यसाधनत्वाभिप्रायमिदमवधारणं भविष्यति। नेत्युच्यते। तदभिप्रायतायां हि "विद्याचितः" इतीयता विद्यास्वरूपसङ्कीर्त्तनेनैव कृतत्वादनर्थकमिदमवधारणं भवेत्। स्वरूपमेव ह्येषामबाह्यसाधनत्व-मिति। अबाह्यसाधनत्वेऽपि मानसग्रहवत् क्रियानुप्रवेशशङ्कायां तन्निवृत्तिफलमवधारणमर्थवद् भविष्यति।

स्वातन्त्र्यं स्थापयति, तद्वद्विहापीति । अत एतत्प्रकरणेऽप्यन्यत्र क्वचिदपि भगवच्छब्दमकृत्वा तत्रैव (भा० १।३।२३) "भगवानहरद्भरम्" इत्यनेन कृतवान् । ततश्चास्यावतारेषु गणना तु स्वयं भगवानप्यसौ स्वरूपस्थ एव निजपरिजनवृन्दानामानन्दविशेषचमत्काराय किमपि

सर्वसम्वादिनी

(३क) भक्ति-(३ख) ज्ञान-(३ग) क्रिया-शक्तिप्राधान्येन ।

तत्र (१) 'स्वयंरूपो' यथा श्रीब्रह्म-संहितायाम् (५।१)—

तथा "स्वपते जाग्रते चैवम्विदे सर्वदा सर्वाणि भूतान्येतानग्नीन् चिन्वन्ति" इति सातत्य दर्शनमेतेषां स्वातन्त्र्यपक्ष एव कल्पते । यथा साम्पादिके वाक्प्राणमये अग्नि होत्रे "प्राणं तदा वाचि जुहोति, वाचं तदा प्राणे जुहोति", इत्युक्त्वा उच्यते "एते अनन्ते अमृते आहुती जाग्रच्च स्वपंश्च सततं जुहोति" इति तद्वत् । क्रियानुप्रवेशे तु क्रियाप्रयोगस्याल्पकालत्वात् न सातत्येनैषां प्रयोगः कल्प्येत । न चेदमर्थवादमात्रमिति न्याय्यम् । यत्र हि विस्पष्टो विधायको लिङ्गादिरूप लभ्यते । युक्तं तत्र सङ्कीर्त्तनमात्रस्यार्थवादत्वम्, इह तु विस्पष्ट विध्यन्तरानुपलब्धेः सङ्कीर्त्तनादेवैषां विज्ञानानां विधानं कल्पनीयम् । तच्च यथा सङ्कीर्त्तनमेव कल्पयितुं शक्यते, इति सातत्यदर्शनात् तथा भूतमेव कल्प्यते । ततश्च सामर्थ्यादेषां स्वातन्त्र्यसिद्धिः, एतेन "तद्वत किञ्चेमानि भूतानि मनसा सङ्कल्पयन्ति, तेषामेव सा कृतिः, इति व्याख्यातम् । तथा वाक्यमपि "एवम्विदे" इति पुरुषविशेषसम्बन्धमेवैषामाचक्षाणं न क्रतु सम्बन्धं मृष्यते तस्मात् स्वातन्त्र्य पक्ष एव ज्यायानिति ।"

"विद्याचित एव" अवधारणात्मक श्रुति अपाह्यसाधनाभिप्राय से कथित है, ऐसा कहना ठीक नहीं है । उक्त अग्निसमूह आपाह्यसाधन अर्थात् मानस साधन है । ध्यान के अभिप्राय से कथित नहीं हुआ है । अपोह्य साधनाभिप्राय से अभिहित होने से "विद्याचितः" पर्यन्त कथन ही होता, 'एव'-कार का प्रयोग नहीं होता । उक्त शङ्कापनोदनार्थ अवधारणवाची 'एव' शब्द का प्रयोग हुआ है । सुतरां वह क्रियाङ्ग नहीं हो सकता है । कारण क्रिया का अनुष्ठान स्वल्पकाल व्यापी है । सुतरां उक्तानुष्ठान का सातत्य असम्भव है । श्रुति का कथन है—"सततं जुहोती" अतः वह निश्चित ही उपासना विशेष है, क्रिया का अङ्गविशेष नहीं है । यह अर्थवाद भी नहीं है । जहाँ सुस्पष्ट विधि है, वहाँ अर्थवाद सम्भव है, उदाहृत स्थल में विस्पष्ट विध्यन्तर उपलब्ध न होने से उल्लेख से ही ध्यानात्मक ज्ञान विधान की कल्पना की जाती है । किन्तु विधान की कल्पना कथन के अनुसार ही होती है । उदाहृत श्रुति में सातत्य कीर्त्तन है । सुतरां सातत्य रक्षा हेतु उक्त कल्पना विधेय है । इससे मनश्चित् प्रभृति का स्वातन्त्र्य सिद्ध होता है । इससे "तद्वत्" इसका समाधान भी हुआ । विचार का उपसंहार यह है कि—प्रदर्शित युक्ति में 'मनश्चित्' एवं वाक्चित् प्रभृति अग्नि का स्वातन्त्र्य पक्ष ही श्रेष्ठ रूप से स्थापित होता है ।

अतएव अवतार प्रकरण में अन्य किसी भी अवतार के नामकरण के समय उक्त नाम को भगवत् शब्द के द्वारा विशेषित न करके श्रीकृष्णावतार प्रसङ्ग ही "भगवानहरद्भरम्" वाक्य में 'भगवत्' शब्द का प्रयोग किया है ।

श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् होने पर भी अवतारों की गणना में सन्निविष्ट होने का कारण यह है कि—साधारण अवतारगणों के तुल्य अवतीर्ण होने का हेतु श्रीकृष्ण में मुख्य रूपमें नहीं है । अर्थात् पृथिवी का भार अपनोदन करना ही श्रीकृष्णावतार का हेतु नहीं, उक्त कार्य्य का सम्पादन पुरुषावतारगण ही करते हैं । किन्तु निज परिजनवृन्द को विशेष आनन्दित करने के लिए ही श्रीकृष्ण अवतीर्ण होते हैं ।

श्रीकृष्ण, स्वयं भगवान् होकर भी लोक नयन गोचरीभूत होते हैं । यह ही जगद्गत भक्तगणों के

माधुर्य्यं निजजन्मादिलीलया पुष्णन् कदाचित् सकललोकदृश्यो भवतीत्यपेक्षयैवेत्यायातम्। यथोक्तं ब्रह्मसंहितायाम् (ब्र० सं० ५।३९)

"रामादिमूर्त्तिषु कलानियमेन तिष्ठ,-न्नानावतारमकरोद्भुवनेषु किन्तु।
कृष्णः स्वयं समभवत् परमः पुमान् यो, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥"४२॥ इति।

अवतारश्च प्राकृतवैभवेऽवतरणमिति ज्ञेयम्। श्रीकृष्णसाहचर्य्येण श्रीरामस्यापि पुरुषांशत्वात्ययो ज्ञेयः। अत्र 'तु'-शब्दोऽंश-कलाभ्यः पुंसश्च सकाशाद्भगवतो वैलक्षण्यं बोधयति। यद्वा, अनेन 'तु'-शब्देन सावधारणा श्रुतिरियं प्रतीयते। ततः "सावधारणा श्रुतिर्बलवती" इति न्यायेन श्रुत्यैव श्रुतमप्यन्येषां महानारायणादीनां स्वयंभगवत्त्वं गुणीभूतमापद्यते। एवं पुंस इति भगवानिति च प्रथममुपक्रमोद्दिष्टस्य तस्य शब्दद्वयस्य

सर्वसम्वादिनी

'ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः। अनादिरादिर्गोविन्दः सर्वकारणकारणम् ॥'१॥ इति।

प्रति उनका विशेष अनुग्रह है। इस विषय को प्रकाशित करने के लिए ही अवतारगणों में उनका नामोल्लेख हुआ है। पुरुष के अंशावतारत्व सूचित करने के निमित्त श्रीकृष्ण नामोल्लेख अवतार विवरण में नहीं हुआ है। कारण, ब्रह्मसंहिता ५।३९ में उक्त है—'श्रीगोविन्द कदाचित् स्वयं ही प्रपञ्च में अवतीर्ण होते हैं, एवं श्रीरामादि मूर्त्ति में समयोपयोगी शक्ति का प्रकाश करते हैं। उन श्रीगोविन्द का मैं भजन करता हूँ।

टीका—स एव कदाचित् प्रपञ्चे निजांशेन, स्वयमवतरतीत्याह—रामादीति। यः कृष्णाख्यः परमः पुमान् कलानियमेन तत्र तत्र नियतानामेवशक्तीनां प्रकाशेन रामादिमूर्त्तिषु तिष्ठन् तत्तन्मूर्त्तीः प्रकाशयन् नानावतारमकरोत्। य एव स्वयं समभवदवततार। तं लीलाविशेषेण सन्तमहं भजामीत्यर्थः। तदुक्तं श्रीदशमे देवैः, "मत्स्याश्वकच्छपवराहनृसिंहहंसराजन्यविप्रविबुधेषु कृतावतार त्वं पासि न त्रिभुवनञ्च यथाधुनेश, भारं भुवो हर यदूत्तम वन्दनं ते।"

अप्राकृत वैभव से प्राकृतवैभव में भगवत् स्वरूपवृन्द का अवतरण को अवतार कहते हैं। अवतार शब्द का अर्थ—केवल अंश नहीं है। श्रीकृष्ण के साहचर्य्य से श्रीबलराम का भी पुरुषांशवतारत्व खण्डित हुआ। इस अभिप्राय को प्रकट करने के लिए श्रीसूत ने ऊनविंश एवं विंश, अवतारद्वय को ही 'भगवान्' विशेषण से विशेषित किया है। "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य में 'तु' शब्द का प्रयोग है। उक्त 'तु' शब्द, अंश, कला से एवं पुरुष से स्वयं भगवान् कृष्ण को पृथक् करता है। अथवा 'तु' शब्द के द्वारा सावधारणा श्रुति की प्रतीति होती है, तज्जन्य उक्त श्लोकस्थ 'तु' शब्द का अर्थ 'एव' है। अर्थात् श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं। "सावधारणाश्रुतिर्बलवती" इस न्याय से महानारायण प्रभृति की स्वयं भगवत्ता श्रुत होने पर भी उन सब की स्वयं भगवत्ता गौण होती है। गुणीभूत शब्द का अर्थ—अप्रधानीभूत है। अर्थात् महानारायण प्रभृति की स्वयं भगवत्ता, अन्यान्य भगवत् स्वरूप की अपेक्षा से ही है। किन्तु श्रीकृष्ण की अपेक्षा से नहीं। यहाँ पर विशेष ज्ञातव्य विषय यह है कि—"जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः" इस वाक्य में जिस प्रकार पुरुष एवं भगवान् शब्द का प्रयोग हुआ है, उस प्रकार उपसंहार वाक्य "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" में, उपक्रम वाक्य में उल्लिखित पुरुष शब्द का सहोदर अर्थात् समानार्थ वाचक 'पुमान्' शब्द के सहित ही भगवच्छब्द का उल्लेख हुआ है। अतः उपक्रम वाक्यस्थ पुरुष एवं भगवान् शब्द का स्मरण उपसंहार वाक्यस्थ 'पुंसः' एवं 'भगवान्' शब्द से हुआ है।

तत्सहोदरेण तेनैव शब्देन च प्रतिनिर्द्देशात्तावेव खल्वेताविति स्मारयति। उद्देशप्रतिनिर्द्देशयोः प्रतीतिस्थगितता-निरसनाय विद्वद्भिरेक एव शब्दः प्रयुज्यते तत्समवर्णो वा; यथा ज्योतिष्टोमाधिकरणे "वसन्ते वसन्ते च ज्योतिषा यजेत" इत्यत्र 'ज्योतिः'-शब्दो ज्योतिष्टोम-विषयो भवतीति। अत्र तत्त्ववाद-गुरवस्तु 'च'-शब्दस्थाने 'स्व'-शब्दं पठित्वैवमाचक्षते— "एते प्रोक्ता अवतारा मूलरूपी स्वयमेव। किं स्वरूपाः? स्वांशकलाः, न तु जीववद्विभिन्नांशाः; यथा वाराहे—

"स्वांशश्चाथ विभिन्नांश इति द्वेधांश इष्यते। अंशिनो यत्तु सामर्थ्यं यत्स्वरूपं यथा स्थितिः ॥४३॥
तदेव नाणुमात्रोऽपि भेदः स्वांशांशिनोः क्वचित्।
विभिन्नांशोऽल्पशक्तिः स्यात् किञ्चित् सामर्थ्यमात्रयुक् ॥"४४॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

(२क) 'तत्समो' यथा—तस्यैव (२क-१) 'परमव्योम-नाथः' इति प्रतिपत्स्यते; यथा परमव्योमावरणस्थस्तस्य

उपक्रम एवं उपसंहार वाक्य में विद्वद्गण एक प्रकार वाक्य का, अथवा उपक्रम वाक्यबोधक वाक्य का प्रयोग करते हैं, इससे वर्णितव्य विषय का तात्पर्य्यावधारण सुष्ठु रूपेण होता है। जिस प्रकार ज्योतिष्टोमाधिकरण में उक्त है, प्रति वसन्त ऋतु में ज्योतिः के द्वारा याग करें। यहाँ 'ज्योतिः' शब्द से ज्योतिष्टोम का बोध होता है। कारण, अधिकरण के प्रारम्भ में ज्योतिष्टोम शब्द का प्रयोग है, अन्तिम में तत् समान वर्ण ज्योतिः शब्द का प्रयोग हुआ है। इससे ज्योतिष्टोम याग की इतिकर्त्तव्यता का बोध होता है। इससे प्रतिपन्न हुआ कि—भा० १।३।१ श्लोक में जिन पुरुष की कथा वर्णित है, वह पुरुष कुमारादि अवतारों का अवतारी हैं। किन्तु उक्त अवतारी का अवतार कौन है, इसका उल्लेख नहीं हुआ है। "एते चांशकलाः पुंसः" श्लोक के द्वारा उसका ही स्पष्टीकरण हुआ है। उक्त अवतारी पुरुष का भी अवतारी श्रीकृष्ण ही हैं। तत्त्ववादगुरु श्रीमन्मध्वाचार्यचरण स्वकृत पुराण प्रस्थान के विंशति पृष्ठ में लिखते हैं—"एते स्वांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।
इन्द्रारि व्याकुलं लोकं मृडयन्ति युगे युगे॥ एते प्रोक्तावताराः, मूलरूपी स्वयमेव॥ श्रीमन्मध्वाचार्य्यचरण—"एते चांशकलाः" शब्द के स्थान में "एते स्वांशकलाः" पाठ को मानकर कहते हैं,—एते—अवतार प्रकरण में पठित अवतारसमूह कारणार्णवशायी प्रथम पुरुष के ही अवतार हैं, किन्तु मूलरूप, अवतारी स्वयं श्रीकृष्ण ही हैं। अवतारसमूह—पुरुष के अंश कला हैं। जीववत् विभिन्नांश नहीं हैं। अत्र प्राचीन टीका—

"एते कौमारं सर्गमाश्रित इत्यादिना कल्की जगत्पतिरित्यन्तेन उक्ता अवताराः स्वांशकलाः स्वरूपांशावताराः। तत्त्वंशिनो भिन्ना इति स्वशब्दार्थः। तत्पत्यन्त भेदाभावेऽपि स्वांशः किं भिन्नाभिन्नः? तत्राह—कृष्णस्तु भगवान् स्वयमिति। कृष्णमेघवत् कृष्णवर्णः भगवान् पद्मनाभः स्वयं मूलरूप्येव। अथवा नारसिंहादिवत् कृष्णो भगवान् पद्मनाभः कस्यांशः" इति शङ्कापरिहरति मूलरूप्येवेत्यर्थः॥ (सर्वमूलग्रन्थाः)

वराहपुराण में उक्त है—स्वांश एवं विभिन्नांश भेद से अंश दो प्रकार हैं। अंशी की सामर्थ्य, स्वरूप, स्थिति जिस प्रकार होती है, स्वांशमें उस प्रकार ही होती है। स्वांश के सहित अंशी का अणु मात्र भी भेद नहीं है। किन्तु विभिन्नांश, अल्पशक्ति एवं किञ्चित् सामर्थ्ययुक्त है। इस विषय में वक्तव्य यह है कि—अंशी के समान सामर्थ्यादि की बात कही गई है, वह केवल अंशांशी के ऐक्य को लक्ष्य करके ही है। समान जातीयत्व की दृष्टि से ही अभिन्न कथन हुआ है। अन्यथा उभय की सामर्थ्यादि एकरूप

अत्रोच्यते—अंशानामंशिसामर्थ्यादिकं तदैक्येनैव मन्तव्यम्। तच्च यथाविदासिन इत्यादौ तस्याक्षयत्वेन तासामक्षयत्वं यथा तद्वत्, अंशांशित्वानुपपत्तेरेव। तथा च श्रीवासुदेवानिरुद्धयोः सर्वथा साम्ये प्रसक्ते कदाचिदनिरुद्धेनापि श्रीवासुदेवस्याविर्भावना प्रसज्येत; तच्च श्रुतविपरीतमित्यसदेव। तस्मादस्त्येवावतार्य्यवतारयोस्तारतम्यम्। अतएव तृतीयस्याष्टमे (भा० ३।८।३-४)—"आसीनमुर्व्यां भगवन्तमाद्यं, सङ्कर्षणं देवमकुण्ठधिष्ण्यम्।

विवित्सवस्तत्त्वमतः परस्य, कुमारमुख्या मुनयोऽन्वपृच्छन् ॥४५॥

स्वमेव धिष्ण्यं बहु मानयन्तं, यद्वासुदेवाभिधमामनन्ति"

इत्यादौ वासुदेवस्य सङ्कर्षणादपि परत्वं श्रूयते। यत्तु तेषां तथा व्याख्यानम्—तत्र "कृष्णस्तु" इत्यनर्थकं स्यात्, "भगवान् स्वयम्" इत्यनेनैवाभिप्रेतसिद्धेः। किञ्च, तैः स्वयमेव (ब्र० सू० २।३।४५) "प्रकाशादिवन्नैवं परः" इति सूत्रे स्फुटमंशांशिभेदो दर्शितः। अंशत्वेऽपि

सर्वसम्वादिनी

(२क-१अ) 'वासुदेवः'। (२ख) 'तदंशो' यथा—तदा(परमव्योमा)वरणस्थः (२ख-१) 'सङ्कर्षणादिः';

होने से अंशांशी विभाग विलोप होगा। कौन अंश है, एवं अंशी कौन है, निरूपण नहीं होगा। वस्तु के अभाव से शब्दद्वय निरर्थक होगा। उससे श्रीवासुदेव एवं श्रीअनिरुद्ध की एकता होगी। सुतरां अनिरुद्ध से वासुदेव की उत्पत्ति होने लगेगी, उससे श्रुति का विरुद्धाचरण होगा। अतएव अवतार अवतारी के मध्य में अवश्य ही तारतम्य विद्यमान है। अक्षय सरोवर से प्रणाली निर्गत होने पर तत्त्वदृष्टि से सरूपता तो है ही, किन्तु परिमाण एवं तदुचित सामर्थ्य से प्रत्येक ही भिन्न है। उस प्रकार ही अंशांशि विभेद में तारतम्य को जानना होगा।

भा० ३।८।३-४ में उक्त है—एक सनत्कुमार प्रभृति मुनिगण परतत्त्व अवगत होने के निमित्त पाताल में श्रीसङ्कर्षण के निकट उपस्थित हुए थे। उस समय अप्रतिहत ज्ञानसम्पन्न श्रीसङ्कर्षण देव श्रीवासुदेव की आराधना में रत थे। उक्त श्लोकद्वय के विवरण से ज्ञात होता है कि—श्रीसङ्कर्षण से श्रीवासुदेव श्रेष्ठ हैं, अन्यथा श्रीसङ्कर्षण देव श्रीवासुदेव का ध्यान क्यों करेंगे ?

टीका—"कोऽसौ भगवान्? केभ्यश्च ऋषिभ्य आह कथञ्च त्वया प्राप्तमित्यपेक्षायामाह—आसीनमिति सप्तभिः।" उर्व्या—पातालतले—अकुण्ठसत्त्वम्—अप्रतिहतज्ञानम्। अतः सङ्कर्षणात् परस्य श्रीवासुदेवस्य। (३) तमेव विशिनष्टि स्वयमेव धिष्ण्यं, स्वीयमाश्रयं वासुदेवसंज्ञं परमानन्दरूपं ध्यानपथेनानुभूय बहुमानयन्तं सर्वोत्कर्षेण पूजयन्तम्। प्रत्यग्धृतमन्तर्मुखीकृतं नेत्राम्बुजमुकुलं किञ्चिदुन्मीलयन्तम्। कृपावलोकेन सनत्कुमारादीनाम्युदयार्थम् ।४।

श्रीमन्मध्वाचार्य्य कृत "एते स्वांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" श्लोक की व्याख्या में स्वांश के सहित अभिन्नता प्रदर्शन मूलक जो व्याख्या हुई है, उससे "कृष्णस्तु" पद की व्यर्थता अवश्यम्भावी है। "स्वयं भगवान्" कहने से ही अभिप्राय सिद्ध होता। कारण, समस्त भगवत् स्वरूप, यदि समान होते हैं, तब तो समस्त भगवत् स्वरूप ही स्वयं भगवान् हैं, स्वतन्त्र कृष्ण शब्दोल्लेख करने का प्रयोजन ही नहीं होता। और भी कहना है कि—तत्त्ववाद गुरुवर्य्य ने वेदान्तसूत्र २।३।४५ "प्रकाशादिवन्नैवं परः" भाष्य में सुस्पष्ट रूप से अंशांशी का भेद प्रदर्शन किया है। "अंशत्वेऽपि न मत्स्यादिरूपी पर एवंविधः। यथा तेजोंशस्यैव कालाग्नेः खद्योतस्य च नैक प्रकारता"। अंश होने पर भी मत्स्यादिरूपी पर (ईश्वर)

न मत्स्यादिरूपी परं एवम्विधो जीवसदृशः—यथा तेजोऽंशस्यैव सूर्य्यस्य खद्योतस्य च

सर्वसम्वादिनी

(२ख-२) 'मत्स्यादि'श्च। (३) आवेशाश्च तत्(परमव्योम)स्थः—(३क) 'नारद'-(३ख) 'चतुःसन'-(३ग) 'शेष'-पृथ्वादयः।

भगवदंशरूप में कथित जीवसदृश नहीं हैं। जिस प्रकार तेज का अंश सूर्य्य, एवं तेज का अंश—खद्योत की एक प्रकारता नहीं है। अतएव अंशांशी में भेद सुस्पष्ट होने से ही कथन सार्थक हुआ है—"कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं, व्याख्या अति उत्तम है।

प्रश्न हो सकता है कि—सम्प्रदायाचार्य्य श्रीपाद मध्वाचार्य चरणं "एते चांशकलाः" श्लोक में 'च' के स्थान में 'स्व' शब्द पाठ करके अंशांशी में अभेद स्थापन किए हैं। तब क्यों श्रीजीव गोस्वामिचरण अंशांशी में भेद प्रतिपादन करते हैं? उत्तर—श्लोक में 'च' शब्द के स्थान में 'स्व' शब्द प्रयोग करके विभिन्नांश जीव को स्वांश मत्स्यादि से पृथक् रूप में प्रदर्शन करना ही उद्देश्य है। "प्रकाशादिवन्नैवं परम्" सूत्र व्याख्या में उसका स्पष्टीकरण हुआ है।

श्रीमन्मध्वमुनि के मत में अखण्ड तेजोराशि तुल्य श्रीकृष्ण हैं, तेजोऽंश सूर्य्य तुल्य मत्स्यादि स्वांश हैं, एवं तेजोऽंश खद्योत तुल्य विभिन्नांश जीव है। अखण्ड तेज के अंश होने पर भी सूर्य्य एवं खद्योत में समानता नहीं है। उस प्रकार स्वांश एवं विभिन्नांश, अखण्ड परतत्त्व वस्तु हैं।

सूत्र "प्रकाशादिवन्नैवं परः" श्रीरामानुज भाष्य—'तु' शब्दश्चोद्यं व्यावर्त्तयति, प्रकाशादिवज्जीवः परमात्मनोऽंशः, यथा अग्न्यादित्यादेर्भास्वतो भारूपः प्रकाशोंऽशो भवति, यथा गवाश्वशुक्लकृष्णादीनां गोत्वादिविशिष्टानां वस्तूनां गोत्वादिनि विशेषणान्यंशाः, विशिष्टस्यैकस्य वस्तुनो विशेषणमंश एव। तथा च विवेचकाः विशिष्टे वस्तुनि विशेषणांशोऽयम्, विशेष्यांशोऽयम् इति व्यपदिशन्ति। विशेषणविशेष्ययो-रंशांशित्वेऽपि स्वभाववैलक्षण्यं दृश्यते। एवं जीवपरयोर्विशेषणविशेष्ययोरंशांशित्वेऽपि स्वभाववैलक्षण्यं दृश्यते। एवं जीव परयोर्विशेष्ययोरंशांशित्वं, स्वभावभेदश्चोपपद्यते। तदिदमुच्यते—नैवं पर इति। यथाभूतो जीवः, न तथाभूतः परः। यथैवेहि प्रभायाः प्रभावानन्यथाभूतः, तथा प्रभास्थानीयत्वात् स्वांशाज्जीवादंशी परोऽप्यर्थान्तरभूत इत्यर्थः। एवं जीवपरयोर्विशेषणविशेष्यत्वकृतं स्वभाववैलक्षण्यमाश्रित्य भेदनिर्देशाः प्रवर्त्तन्ते, अभेदनिर्देशास्तु पृथक् सिद्धयनर्हं विशेषणानां विशेष्यपर्य्यन्तत्वमाश्रित्य मुख्यत्वेनो-पपद्यन्ते। 'तत्त्वमसि' 'अयमात्मा ब्रह्म' इत्यादिषु तच्छब्दब्रह्मशब्दवत् त्वमयमात्मेति शब्दा अपि जीवशरीरकब्रह्मवाचकत्वेनैकार्थाभिधायित्वादित्ययमर्थः प्रागेव प्रपञ्चितः।"

जीव अंश होने पर, ब्रह्म का एकदेश है, अयः जीवगत दोषसमूह की प्राप्ति ब्रह्म की अवश्य होगी। इस संशय निवारणार्थ शब्द में 'तु' शब्द का प्रयोग हुआ है। प्रकाशादिवत् जीव, परमात्मा का अंश है। जिस प्रकार अग्नि एवं सूर्य्य का भारूप प्रकाशांश होता है, जिस प्रकार गो, अश्व, शुक्लकृष्णादि गोत्वादि विशिष्ट वस्तुओं के गोत्वादि विशेषण अंश होते हैं। जिस प्रकार देही का देव मनुष्यादि देह अंश है, उस प्रकार अंश है। एक वस्तु के एकदेश को अंश कहते हैं। विशिष्ट एक वस्तु का विशेषण ही अंश है। विवेचकगण वैसा ही मानते हैं, उससे स्वभाव की विलक्षणता देखने में आती है। उस प्रकार जीव एवं परमेश्वर में स्वभावगत भेद है, उसको कहते हैं—अंश परमेश्वर नहीं है। जिस प्रकार प्रभा का प्रभाव अनन्यभूत है, उस प्रकार प्रभा स्थानीय स्वांश जीवस्वरूप से अंशी पर होकर भी अर्थान्तरभूत है। इस प्रकार जीव-परमेश्वर में विशेषण विशेष्य भाव को अवलम्बन कर स्वभाववैलक्षण्य को मानते हैं, उससे ही भेद निर्देश होता है। अभेद निर्देश भी होता है। कारण पृथक् सिद्धयनर्हं विशेषणसमूह का पर्य्यवसान विशेष्य में ही होता है। तत्त्वमसि, अयमात्मा ब्रह्म, इत्यादि में तच्छब्द ब्रह्म शब्दवत् 'त्वमयमात्मा'

शब्द भी जीवशरीरक ब्रह्म वाचक होने से एकार्थ का प्रकाशक है।

मध्वभाष्य—अनंशत्व श्रुतेर्गति चाह—"प्रकाशादिवन्नैवं परः"। अंशत्वेऽपि न मत्स्यादिरूपी पर एवम्विधः। यथा तेजोंऽशस्यैव कालाग्नेः खद्योतस्य च नैक प्रकाशता।

अनुव्याख्यानम्। अंशस्तु द्विविधो ज्ञेयः स्वरूपांशोऽन्य एव च विभिन्नांशोऽल्पशक्तिः स्यात् किञ्चित् साद‍ृश्यमात्रयुक्॥

अंश होने पर भी मत्स्यादि रूपी अवतारी नहीं होते हैं। इस प्रकार जीव अंश होने पर भी भिन्न है, तेज का अंश—कालाग्नि एवं खद्योत भी है। उभय में भिन्नता सुस्पष्ट है, तद्वत् जानना होगा।

गोविन्दभाष्य—प्रसङ्गादिदं विविच्यते—"एको वशी सर्वगः कृष्ण ईड्य एकोऽपि सन् बहुधा योऽवभाति" इति श्रीगोपालतापन्यां पठ्यते। स्मृतौ च "एकानेकस्वरूपायेत्यादि। अत्रांशिरूपेणैकोऽंश-कलारूपेण तु बहुधेत्यर्थः प्रतीयते। तत्र जीवांशात् मत्स्याद्यंशस्य विशेषोऽस्ति न वेति संशये अंशविशेषात् नास्तीति प्राप्ते "प्रकाशादिवन्नैवं परः" अंशशब्दितत्वेऽपि परो मत्स्यादि नं एवं जीववन्न भवति। तत्र दृष्टान्तमाह,—प्रकाशेति। यथा तेजोंशो रविः, खद्योतश्च, तेजः शब्दितत्वेऽपि नैक रूप्यभाक्। यथा जलांशः सुधामद्यादिश्च जलादिशब्दितत्वेनापि न साम्यं लभते तद्वत्" "स्मरन्ति च" स्वांशश्चाथ विभिन्नांश इति द्वेधाऽंश इष्यते। अंशिनो यत्तु सामर्थ्यं यत् स्वरूपं यथास्थितिः तदेव नाणुमात्रोऽपि भेद स्वांशिनो क्वचित्। विभिन्नांशोऽल्पशक्तिः स्यात् किञ्चित् सामर्थ्यमात्र युक्" इति। सर्वैरुर्वगुणैः पूर्णाः सर्वदोष-विवर्जिता" इति च। अयं भावः। "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयमित्यादौ कृष्णाख्यस्य वस्तुनः स्वयं रूपस्य ये मत्स्यादयोंशा स्मृताः, नते जीववत् ततो भिद्यन्ते, तस्यैव वैदूर्य्यादिवत् तत्तद्-भावाविष्कारात्। सर्वशक्तिव्यक्त्यव्यक्तिसव्यपेक्षो हि तत्तद्व्यपदेशः। यः कृष्णः कृत्स्नषाड्गुण्य व्यञ्जकोऽंशो, स एव। कृत्स्न तद्व्यञ्जको द्व्येकव्यञ्जको वाऽंशः कला चेत्युच्यते। यथैकः कृत्स्न षट् शास्त्रप्रवक्ता सर्वविदुच्यते स एव क्वचिदकृत्स्नतद्वक्ता द्व्येकशास्त्रवक्ता च सर्ववित् कल्पोऽल्पज्ञश्चेति पुरुषबोधिन्यादिश्रुता राधाद्याः पूर्णाः शक्तयो दशमादिस्मृताः। गुणश्च सर्वातिशयि प्रेमपूर्णपरिकरस्य द्रुहिणादिविद्वत्तमविस्मापकवंशिमाधुर्य्यस्वपर्य्यन्तसर्वविस्मापकरूपमाधुर्य्यनिरतिशयकारुण्यादयो यशोवा-स्तनन्धये कृष्ण एव नित्याविर्भूताः सन्ति, नतु मत्स्यादिस्वे सतीति तस्यैव तत्तद्भावाविष्काराच्च मत्स्यादे-र्जीववत् तस्यान्तरत्वं किन्तु तदात्मकत्वमेवेति।

प्रसङ्गक्रम से कहते हैं—गोपालतापनी के अनुसार एक ब्रह्म का बहुरूपत्व कहा गया है। उक्त प्रकार स्मृति का भी कथन है, यहाँ संशय यह है कि—अंश रूप में जीव एवं मत्स्यादि अवतार एकरूप हैं, अथवा भिन्न हैं? अंशात्मक होने से एकरूप होना ही सङ्गत है—उत्तर में समाधान करते हैं। अंश शब्द से कथित होने पर भी जीव मत्स्यादि के तुल्य नहीं हैं, मत्स्यादि भी अवतारी कृष्ण के सदृश नहीं हैं।

स्मृति में उक्त है—स्वांश विभिन्नांश द्विविध अंश हैं। स्वांश में अंशी के अनुरूप सामर्थ्यादि प्रकट होते हैं। विभिन्नांश—अल्पशक्तिविशिष्ट है। अवतारसमूह अंशकलात्मक होते हैं। श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं। वैदूर्य्यमणिवत् सबका प्रकाश होता है। शक्ति प्रकाश तारतम्य से ही अंश कला का प्रयोग होता है। समस्त पूर्ण शक्ति का प्राकट्य श्रीकृष्ण में है। अतः आप अवतारी स्वयं भगवान् हैं, अन्यत्र स्वल्प शक्ति का प्राकट्य होता है।

श्रीभागवतभाष्यं वेदान्तदर्शनस्य—"प्रकाशादिवन्नैवं परः"।

भक्तियोगेन मनसि सम्यक् प्रणिहितेऽमले अपश्यत् पुरुषं पूर्णं मायाञ्च तदपाश्रयाम्।
यया सम्मोहितं जीव आत्मानं त्रिगुणात्मकम् परोऽपि मनुतेऽनर्थं तत्कृतञ्चाभिपद्यते॥ भा० १।७।४-५

ब्र० सू० "स्मरन्ति च" (२।३।४५)

नैकप्रकारतेत्यादिना। तस्मात् स्थिते भेदे साध्वेव व्याख्यातम् (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" इति। "इन्द्रारि-" इति पश्चार्द्धं त्वत्र नान्वेति, तु-शब्देन वाक्यस्य भेदनात्, तच्च तावतैवाकाङ्क्षापरिपूर्त्तेः। एकवाक्यत्वे तु च-शब्द एवाकरिष्यत। ततश्च "इन्द्रारि-" इत्यत्रार्थात्त एव पूर्वोक्ता एव "मृड़यन्ति" इत्यायाति ॥ श्रीसूतः ॥

२९। तदेवं श्रीकृष्णो भगवान्, पुरुषस्तु सर्वान्तर्य्यामित्वात् परमात्मेति निर्द्धारितम्। तत्राशङ्क्यते—नन्विदमेकमंशित्वप्रतिपादकं वाक्यमंशत्वप्रतिपादकबहुवाक्यविरोधे गुणवादः स्यात्? तत्रोच्यते—तानि किं श्रीभागवतीयानि परकीयानि वा? आद्ये जन्मगुह्याध्यायो

सर्वसम्वादिनी

स एते स्वयंरूपादयो यदि विश्वकार्य्यार्थमपूर्वा इव प्रकटीभवन्ति, तदा 'अवताराः' उच्यन्ते। ते

एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।
इन्द्रारिव्याकुलं लोकं मृड़यन्ति युगे युगे ॥ भा० १।३।२८

"इन्द्रारिव्याकुलं लोकं मृड़यन्ति युगे युगे" "युग युग में असुर कर्त्तृक व्याकुलित जगत् को अवतार वृन्द सुखी करते हैं।" उक्त श्लोकांश का अन्वय, कृष्णस्तु भगवान् स्वयं के साथ नहीं होगा। कारण "कृष्णस्तु" 'तु' शब्द के द्वारा वाक्यभेद किया गया है। "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं कथन से ही वाक्य पूर्ण हुआ है। आकाङ्क्षा पूर्ण होने से इस वाक्य के सहित अन्य किसी वाक्ययोजना की आवश्यकता नहीं होती है। "इन्द्रारि व्याकुलं लोकं" वाक्य के सहित "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य का अन्वय अभीप्सित होने से "कृष्णस्तु" पद के स्थान में 'कृष्णश्च" पद का प्रयोग होता, तब अर्थ होता—पूर्वोक्त अवतारवृन्द असुर विनाशन के द्वारा जिस प्रकार जगत् को सुखी करते हैं, तद्रूप श्रीकृष्ण भी कार्य्य करते हैं। 'तु' शब्द के द्वारा वाक्य पृथक् होने से अर्थ हुआ कि—पूर्वोक्त अवतारगण असुरविनाशन के द्वारा जगत् को सुखी करते हैं, परन्तु श्रीकृष्ण—जन्मादि लीला के द्वारा लोकलोचनीभूत होकर निज परिजनगण के अनिर्वचनीय चमत्कार आनन्दविशेष का पोषण करते हैं। प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥२८॥

अतएव स्थिर सिद्धान्त यह है कि—श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं। एवं प्रथमपुरुष सर्वान्तर्य्यामी होने के कारण 'परमात्मा' हैं। इस प्रकार सिद्धान्त में संशय होता है कि—एक ही अंशित्व प्रतिपादक वाक्य है "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" किन्तु अंशत्व प्रतिपादक वाक्य अनेक हैं। उक्त उभयविध वाक्य से उद्भूत विरोध समाधान हेतु—अर्थात् "विरोधे गुणवादः स्यात् अनुवादोऽवधारिते, भूतार्थवादस्तद्धानादर्थवादस्त्रिधामतः। प्रमाणान्तरविरोधे सत्यर्थवादो गुणवादः। यथा आदित्यो यूपः, यूपे आदित्यभेदस्य प्रत्यक्षबाधितत्वादादित्यवदुज्ज्वलत्वगुणोऽनया लक्षणया प्रतिपद्यते।"

अर्थवाद तीन प्रकार हैं। गुणवाद, अनुवाद, भूतार्थवाद। प्रमाणान्तर के सहित विरोध होने से अर्थवाद—गुणवाद होता है। यथा—यूप, यह प्रत्यक्ष के द्वारा बाधित है। उभय वस्तु भिन्न है, अतएव अर्थ सङ्गति हेतु कहना होगा कि—सूर्य्यवत् उज्ज्वल गुणविशिष्ट यूप है। यह ही गुणवाद है। अर्थात् गुणवाद में मुख्यार्थ बाधित होकर गौणार्थ की प्रतीति होती है। इस प्रकार गुणवाद रूप अर्थवाद प्रसक्ति निवारणार्थ उत्तर करते हैं,—प्रथम प्रष्टव्य यह है कि—उक्त अवतार बोधक वाक्य समूह, "जिसके द्वारा श्रीकृष्ण को पुरुष का अवतार कहा जाता है" श्रीमद्भागवत के हैं, किम्वा ग्रन्थान्तर के हैं? प्रथम, यदि उक्त अवतार बोधक वाक्यसमूह श्रीमद्भागवत के हैं, तो श्रीमद्भागवत का जन्मगुह्याध्याय अर्थात्

ह्ययं सर्वभगवदवतारवाक्यानां सूत्रं सूचकत्वात् प्राथमिकपाठात्तैरुत्तरत्र तस्यैव विवरणाच्च । तत्र च "एते चांश-कलाः पुंसः" इति परिभाषासूत्रम् । अवतारवाक्येषु अन्यान् पुरुषांशत्वेन जानीयात्, कृष्णस्तु स्वयंभगवत्त्वेनेति प्रतिज्ञाकारेण ग्रन्थार्थनिर्णायकत्वात् । तदुक्तम्,— "अनियमे नियमकारिणी परिभाषा" इति । अथ परिभाषा च सकृदेव पठ्यते शास्त्रे, न त्वभ्यासेन ; यथा "विप्रतिषेधे परं कार्य्यम्" इति, ततश्च वाक्यानां कोटिरप्येकेनैवामुना शासनीया भवेदिति नास्य गुणानुवादत्वम् । प्रत्युतैतद्विरुद्धायमानानामेतदनुगुणार्थमेव वैदुषी, न च पारिभाषिकत्वात्तच्छास्त्र एव स व्यवहारो ज्ञेयो न सर्वत्रेति गौणत्वमाशङ्क्यम् । परमार्थवस्तुपरत्वाच्च श्रीभागवतस्य तत्राप्याधिकत्वाच्च तस्याः परिभाषायाः । किञ्च, प्रतिज्ञावाक्यमात्रस्य च दृश्यते परत्रापि नानावाक्यान्तरोपमर्द्दकत्वम् । यथाकाशस्यानुत्पत्ति-

सर्वसम्वादिनी

च कदाचित् स्वयमेव प्रकटीभवन्ति ; द्वारान्तरेण च,—द्वारञ्च कदाचित् स्वरूपम्, भक्तादि-रूपञ्च भवति ।

भा० १।३ अध्याय—समस्त भगवदवतार वर्णन का सूत्रस्वरूप है । अर्थात् "स्वल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद् विश्वतो मुखम्, अस्तोभमनवद्यञ्च सूत्रं सूत्रविदो विदुः" सूत्र लक्षणाक्रान्त है । इस अध्याय में समस्त भगवदवतारों का विवरण प्रस्तुत किया गया है । ग्रन्थ के प्रथम भाग में उक्त अवतार सूचक विवरण प्रस्तुत करने के अनन्तर श्रीसूत, वर्णित अवतारों का सविशेष विवरण प्रदान किए हैं उत्तर ग्रन्थ में । इस जन्मगुह्याध्याय में "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य परिभाषा वाक्य है । "अनियमे नियमकारिणि परिभाषा" है । अवतार प्रकरण में निर्णय नहीं था कि—स्वयं भगवान् कौन हैं । उसका ही निर्णायक वचन कृष्णस्तु भगवान् स्वयं है । अवतार प्रकरणोक्त श्रीकृष्ण भिन्न समस्त उक्त प्रथमपुरुष को ही अवतार जानना, कारण—"कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" प्रतिज्ञा वाक्य ही ग्रन्थार्थ का एकमात्र निर्णायक है । साध्य निर्देश का नाम ही प्रतिज्ञा है । "साध्यनिर्देशः प्रतिज्ञा" । 'अनियमे नियमकारिणी' परिभाषा का उल्लेख शास्त्र में एकबार ही होता है, एवं उनके द्वारा ही समस्त वाक्य अनुशासित होते हैं । जिस प्रकार "विप्रतिषेधे परं कार्य्यम्" निर्णायक वाक्य का प्रयोग एकबार ही हुआ है, बारम्बार नहीं । यदि उक्त परिभाषा वाक्य 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयं' नहीं होता तब अन्य वाक्य के सहित विरोध उपस्थित होने पर गौणार्थ अवलम्बन करके अर्थ की सङ्गति होती । किन्तु "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य परिभाषा स्वरूप होने से विरोधी वाक्यसमूह की व्याख्या उक्त वाक्य के आनुगत्य से ही होगी । अर्थात् 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य का मुख्यार्थ की रक्षा यथावत् करनी होगी एवं प्रयोजन होने से विरोधी वाक्यों की व्याख्या गौणार्थ मानकर ही करनी होगी । अतएव "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य गुणवाद रूप अर्थवाद नहीं है ।

श्रीमद्भागवतोक्त "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" परिभाषा वाक्य, श्रीमद्भागवतोक्त विरोधी वाक्य समूह के समाधानहेतु स्वीकरणीय है । किन्तु अपर ग्रन्थोक्त अवतार बोधक वाक्यसमूह का निरसनार्थ स्वीकरणीय नहीं है । कारण जिस ग्रन्थ में जो परिभाषा है, उस ग्रन्थ में ही उसकी मान्यता होती है । इस प्रकार कथन समीचीन नहीं है । कारण श्रीमद्भागवत ही परमार्थ वस्तु निर्णायक शास्त्र है । भा० १।१।२ श्लोक में ही उक्त है "वेद्यं वास्तवमत्र वस्तु शिवदं" उसमें भी अवतार प्रकरणस्थ "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य, ग्रन्थतात्पर्य्य निर्णय का एकमात्र सहायक है ।

श्रुतिः प्राणानाञ्च तच्छ्रुतिः स्वविरोधिनी नान्या श्रुतिश्च; (बृ० ४।५।६) "आत्मनि विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति", (बृ० २।४।६) "इदं सर्वं यदयमात्मा" इत्यादिनोपमर्द्येत। अतएव श्रीस्वामिप्रभृतिभिरप्येतदेव वाक्यं तत्तद्विरोधनिरासाय भूयोभूय एव दर्शितम्। तदेवं श्रीभागवतमते सिद्धे च तस्य वाक्यस्य बलवत्तमत्वे श्रीभागवतस्य सर्वशास्त्रोपमर्दकत्वेन प्रथमे सन्दर्भे प्रतिपन्नत्वात्, अस्मिन्नेव प्रतिपत्स्यमानत्वाच्च परकीयानामप्येतदानुगुण्यमेव विद्वज्जनदृष्टम्—यथा राज्ञः शासनं तथैव हि तदनुचराणामपीति। तत्र श्रीभागवतीयानि वाक्यानि तदनुगतार्थतया दर्श्यन्ते। (भा० १०।१।२)"तत्रांशेनावतीर्णस्य"इति, अंशेन श्रीबलदेवेन

सर्वसम्वादिनी

तत्र च स्वयंरूप-तत्समो—'परावस्थौ'; अंशतारतम्यक्रमेण—'प्राभवाः', वैभवरूपाश्च। आवेशास्त्वावेशा एवेति पाद्मादौ प्रसिद्धिः।

प्रतिज्ञा वाक्य मात्र का ही समस्त विरोधि वाक्य निरासकत्व सुप्रसिद्ध ही है। यथा,—छान्दग्योपनिषद् में आकाश की अनुत्पत्ति श्रुति, प्राण की अनुत्पत्ति श्रुति, निज विरोधिनी श्रुति, एवं अन्यान्य अनेक प्रकार श्रुति का उल्लेख है। किन्तु (वृहदारण्यक ४।५।६) श्रुति—"आत्मनि विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति" आत्मा विज्ञात होने से समस्त पदार्थ विज्ञात होते हैं। (वृ० २।४।६) "इदं सर्वं यदयमात्मा" कारण निखिल वस्तु ही आत्मा है। इस श्रुति के द्वारा उक्त श्रुतिसमूह उपमर्दित हुई हैं। कारण समस्त ही आत्मा है, कहने से बोध होता है कि—आकाश एवं प्राण की उत्पत्ति भी आत्मा से ही हुई है। अतएव श्रीधरस्वामि प्रभृतियों ने भी "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य को परिभाषा वाक्य मानकर श्रीकृष्ण के स्वयं भगवत्ता विरोधी वाक्यसमूह का निरसन उक्त परिभाषा वाक्य से ही किया है। उक्त रीति से श्रीमद्भागवत "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य का बलवत्तमत्व स्थापित हुआ। श्रीमद् भागवत भी समस्त शास्त्रों का उपमर्दक है, उसका प्रतिपादन तत्त्वसन्दर्भ में हुआ है। एवं प्रस्तुत सन्दर्भ में भी श्रीमद्भागवत का सर्वशास्त्रशिरोमणित्व प्रतिपादित होगा। तज्जन्य शास्त्रान्तर के वचनसमूह को भी मनीषिगण "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" परिभाषा वाक्य के आनुगत्य से देखते हैं। जिस प्रकार अनुशासन राजा का होता है, उस प्रकार ही अनुशासन राजा के अनुगत जनों का होता है। नरपति स्थानीय वाक्य ही परिभाषा वाक्य है, अन्यान्य वाक्यसमूह राजा के अनुचरवृन्द के वाक्य के समान हैं। श्रीमद्भागवत में लिखित अवतार सूचक जो वाक्यसमूह हैं, वे सब भी "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" प्रतिज्ञा वाक्य के ही अनुगत हैं, उसको दर्शाते हैं—भा० १०।१।२ में वर्णित है—

"यदोश्च धर्मशीलस्य नितरां मुनिसत्तम। तत्रांशेनावतीर्णस्य विष्णोर्वीर्याणि शंस नः॥"

हे मुनिसत्तम! धर्मशील यदुवंश में अंश के सहित अवतीर्ण विष्णुचरित्र का वर्णन करें।

टीका—"प्रतीत्याभिप्रायेणोक्तम्" आपाततः दृष्टि से ही कहा गया है अंश से विष्णु अवतीर्ण हुए हैं। क्रमसन्दर्भः। अंशेन—श्रीबलदेवेन सह।

वृहत् क्रमसन्दर्भः। यदोश्चेति पुनरुपादानं तेषामप्यधिको यदुर्यद्वंशे वासुदेवो जातः, इति यदोः पूज्यार्थम्। तत्र भा० ९।२४।३० "वसुदेवं हरेः स्थानम्" इत्युक्तेस्तस्मात् स्वयं हरिरवततार। अतएव भा० ९।२ ।१९-२० यदोर्वंशं नरः श्रुत्वा सर्वपापैर्विमुच्यते। यत्रावतीर्णो भगवान् परमात्मा नराकृतिः" इत्याशयेनाह—तत्रांशेनेत्यादि। तत्र यदोर्वंशे, अंशेन—अंशानां समूहेन, तस्य समूह इत्यण्। सर्वैरंशैरिति यावत्, अंशेन बलदेवेनेति वा, अथान्यथा (भा० ९।२४।५५) "अष्टमस्तु तयोरासीत् स्वयमेव हरिः किल"

इति स्वयमेव किलेति शब्दैः (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति शब्देनाप्यसङ्गतिः स्यात् ।

सोम सूर्य्यवंशीय राजन्यवर्ग के चरित्र श्रवण के अनन्तर यदुवंश चरित्र श्रवण के निमित्त अभिलाष हुआ। यदु अतिशय पुण्यात्मा थे, जिनके वंश में वसुदेव उत्पन्न हुए थे। अतिशय पूज्यता का सूचन के निमित्त पुनर्बार यदु शब्द का उल्लेख किया। भा० ९।२४।३० "वसुदेवं हरेः स्थानं वदन्त्यानकदुन्दुभिम्"।

टीका—हरेः प्रादुर्भावस्य स्थानम् ॥

आनकदुन्दुभि वसुदेव को श्रीहरि का आविर्भाव स्थान मानते हैं। उनसे ही स्वयं हरि अवतीर्ण हुए। अतएव (भा० ९।२३।१९-२०) "यदोर्वंशं नरः श्रुत्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते। यत्रावतीर्णो भगवान् परमात्मा नराकृतिः ॥" अति पवित्र यदुवंश चरित श्रवण से मनुष्य मुक्त होता है। जहाँ नराकृति परमात्मा आविर्भूत हुए हैं। इस आशय को व्यक्त करने के निमित्त कहा—अंश से अवतीर्ण, यदुवंश में अंशेन—अंशसमूह के सहित। "तस्य समूह-" इस अर्थ में अण् प्रत्यय होता है। समस्त अंश के सहित अवतीर्ण हैं, अथवा—अंश, बलदेव के सहित। अन्यथा भा० ९।२४।५५ "अष्टमस्तु तयोरासीत् स्वयमेव हरिः किल" अष्टम गर्भ में स्वयं हरि का आगमन हुआ था। टीका—"अष्टमस्तु स्वयमेवासीत् नतु कर्मादिना हेतुना, ताभ्यां जनितो वा, यतोऽसौ हरिः।" अष्टम गर्भ में स्वयं ही हरि आविर्भूत हुए थे। कर्म से अथवा मातापिता से आविर्भूत नहीं हुए, कारण—आप श्रीहरि हैं। "स्वयमेव हरिः किल" यहाँ किल शब्द से भा० १।३।२८-स्थ "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य का स्मरण हुआ है। अतः उक्त परिभाषा वाक्य के सहित असङ्गति नहीं हुई।

श्रीचैतन्यमतमञ्जुषा। ननु कथमत्र सङ्गतिः कार्य्या, यतो विष्णुपुराणादौ अन्यथैव श्रूयते ? सत्यं, यत्तु विष्णुपुराणे (५।१।२) 'अंशावतारो ब्रह्मर्षेयोऽयं यदुकुलोद्भवः' इति, (५।१।३) 'अंशेनावतीर्य्योर्व्याम्' इति, (५।१।४) 'विष्णोरंशांशसम्भूति चरितम्' इत्यादि श्रूयते, तत्र तत्रायमर्थः क्रमेण वर्ण्यते। अयं यदुकुलोद्भवः अंशावतारः, अंशानां नारायणादीनामवतारो यस्मात् स तथा इत्येकः। अंशा ब्रह्मादय-स्तेषामंशेन यादवरूपेण अवतीर्य्य (भा० १०।१।२२) 'भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम्' इत्यत्रैव वक्ष्यमाणत्वात् इति द्वितीयः। विष्णोः श्रीकृष्णस्य चरितं कीदृशम् ? अंशांश—सम्भूतिः अंशानां ब्रह्मादीनामंशा यादवाः, तेषां सम्यक् समीचीना भूतिः सम्पत्तिर्यस्मात् यत्र वेति तृतीयः। यच्च तत्रैव(विष्णु-पु० ५।१।५९-६०) "उज्जहारात्मनः केशौ सित कृष्णौ महामुने ! उवाच च सुरानेतौ मत् केशौ वसुधातले। अवतीर्य्य भुवो भारक्लेशहानिं करिष्यतः" इति, (विष्णु-पु० ५।१।६३) "वसुदेवस्य या पत्नी देवकीदेवतोपमा। तस्यायमष्टमो गर्भो मत् केशो भविता सुराः" इति। एवं क्रमेणायमर्थः, आत्मनः सितकृष्णकेशौ उज्जहार उद्धृधावित्यर्थः, नतूत्पाटयामास, तेषां केशानां चिद्रूपत्वात् छेदो दुर्बोधः, अमङ्गलप्रतिपादकञ्च। अतस्तयो-रुद्धृत्य दर्शनं स तात्पर्य्यम्, तच्च तात्पर्य्यं मूर्द्धन्यत्वप्रतिपादनार्थं, वर्णसूचनार्थञ्च। केशद्वयसन्दर्शनेनापि सन्दिग्धात् पुनरुवाच—एतौ मम मूर्द्धन्यभूतौ शुक्लकृष्णवर्णौ मत्केशौ मदीयेश्वरभूतौ 'सर्वनाम्नः क-प्रत्ययः, अहमीशो याभ्यां तौ मत्केशौ, त्वत्कपुत्रो मत्कपुत्रो' इत्यादिवत्। अथवा मम कं सुखं तत्स्वरूपौ ईश्वरौ च; यद्यपि बलदेवस्तदीयेश्वरो न भवति, तथापि सहकालवचनानन्त्यातिशयात् स्वांशेऽपि तथा प्रतिपादनं पश्चाच्च व्यक्तीकृतं (विष्णु-पु० ५।१।७२) 'शेषाख्यांशस्ततो मम अंशांशेनोदरे तस्याः सप्तमः संभविष्यति'। 'अष्टमो भविता गर्भो मत्केश (६३) इति पृथगाख्यानेन मत्केशः श्रीकृष्ण इति पूर्ववत् व्याख्यानम्। यद्वा, मम कं सुखं यस्मात् स चासौ ईशश्चेति। यच्च भारते—'स चापि हरिरुच्चजर्हे शुक्लमेकं परञ्च कृष्णाम्। तौ चापि केशावविशतां यदूनां कुले स्त्रियौ रोहिणीं देवकीञ्च। तयोरेको बलभद्रो बभूव योऽसौ श्वेतस्तस्य देवस्य केशः। कृष्णो द्वितीय केशवत् संबभूव केशो योऽसौ वर्णतस्तस्य देवस्य केशः। एवमेवार्थः— यस्मै ब्रह्मादयो निवेदनमकार्षुः स हरिः केशौ उच्चजर्हे, उद्धृत्य दर्शयामास, हृञ् प्रापणार्थः, उद्धरणं वर्णमूर्द्धन्यत्व सूचनार्थम्। अतस्तौ चापि केशौ। अयमर्थः—यतस्तयोः प्रस्तावे केशौ उद्धृत्य दर्शितौ,

सहेत्यर्थः, (भा० १०।२०।४८) "कलाभ्यां नितरां हरेः" इति हरेः कला पृथ्वी, आभ्यां श्रीराम-
सर्वसम्वादिनी

तत्र स्वयंरूपः श्रीकृष्णः। तत्-सम-प्रायौ—श्रीनृसिंह-रामौ। वैभवरूपौ—क्रोड़(वराह)-हयग्रीवौ।

ततस्तौ चापि रामकृष्णौ केशनामानौ बभूवतुः। ततस्तु यदूनां कुले स्त्रियौ आविशतां, तयोरेकः केशः, केशनामा बलदेवो बभूव, द्वितीयः केशनामा केशवो बभूव। के शिरसि शेते इति केशः। अन्यतो चेति उभयोरपि केशत्वं (भा० ११२।५) 'सप्तमो वैष्णवं धामयमनन्तं प्रचक्षते' इति वैष्णवधामत्वात् षष्ठस्कन्धे उवाच च स्वयमेव सङ्कर्षणः (भा० ६।१६।५१) 'अहं सर्वाणि भूतानि भूतात्मा भूतभावनः। शब्दब्रह्म परंब्रह्म ममोभे शाश्वती तनू' इति सर्वमनवद्यम् ॥"

यहाँ पर सङ्गति कैसे होगी? विष्णुपुराण में अंशावतार वाचक अनेक वचन विद्यमान हैं। 'यदुकुलोद्भव यह अंशावतार है', 'अंश से पृथिवी में अवतीर्ण है', 'विष्णु के अंशांशचरित' उक्त वचनों के अर्थसमूह का प्रदर्शन क्रमपूर्वक करते हैं। यह यदुकुलोद्भव अंशावतार है, अर्थात् अंशस्वरूप श्रीनारायण प्रभृति का अवतार जिनसे होता है, एक अर्थ यह है। अंश ब्रह्मादि, उन सबके अंश से यादवरूप के सहित अवतीर्ण होकर, (भा०१०।१।२२) आप सब निजांश से यदुकुल में उत्पन्न होवें। यह द्वितीय है।

विष्णु अर्थात् श्रीकृष्ण चरित किस प्रकार है? अंशांश-सम्भूतिः, ब्रह्मादि के अंश यादवगण, उन सबकी सम्यक् समीचीना भूति—सम्पत्ति जिनसे होती है। तृतीय, विष्णुपुराण में उक्त है,—निज सितकृष्ण केशद्वय का उत्पाटन उन्होंने किया। देवताओं को उन्होंने कहा, वसुधातल में मेरा केशद्वय अवतीर्ण होकर भूमि का भारापनोदन करेगा, वसुदेव पत्नी के अष्टम गर्भ से यह केशद्वय उत्पन्न होगा। इस वचन का क्रमिक अर्थ इस प्रकार है,—उन्होंने निज केशद्वय को उठाकर कहा, किन्तु उखाड़ा नहीं। केश तो उनका नित्य चिद्रूप है। छेदन नहीं होता। छेदन अर्थ—दुर्बोध्य एवं अपवित्र है, अमङ्गल सूचक भी है। अतः दोनों केशों को उठाकर ही कहा था। उसका तात्पर्य्य है, अवतार का वर्ण सूचन करना तथा मूर्द्धन्यत्व प्रतिपादन करना। केशद्वय को देखकर जो लोक सन्देहाक्रान्त हुए थे। उन सबको निःसन्दिग्ध करने के निमित्त कहा—यह अवतारद्वय मूर्द्धन्यभूत है, शुक्ल-कृष्णवर्ण है, मेरा ईश्वरस्वरूप है। जिससे मैं ईश्वर बना हूँ। अथवा मेरा सुखस्वरूप ही उक्त ईश्वर है। यद्यपि बलदेव उनका ईश्वर नहीं हैं, तथापि युगपत् कथनरूप आनन्दातिशय से स्वांश में ईश्वर शब्द का प्रयोग हुआ है। अनन्तर कथन से सुस्पष्ट होता है। शेषाख्य अंश है, सप्तम गर्भ में आविर्भूत होगा। अष्टम गर्भ में मेरा केश का आविर्भाव होगा। पृथक् रूप से कथन से बोध होता है। मेरा ईश्वर श्रीकृष्ण हैं। यद्वा, जिनसे सुख होता है, वह ईश्वर श्रीकृष्ण हैं। भारत में सितकृष्ण केशोत्पाटन का जो प्रसङ्ग है, उसका अर्थ इस प्रकार है,—जिनको देवगण निवेदन किए थे, क्षीरोदशायी अनिरुद्ध ने अपना केशद्वय को अङ्गुलि से दिखाकर कहा—इस प्रकार वर्णयुक्त रामकृष्ण आविर्भूत होंगे। के शिरसि शेते इति केशः। मूर्द्धन्य इत्यर्थः। भा० १०।२।५ में सुस्पष्ट वर्णन है। वैष्णवधाम अनन्त से ही सप्तम गर्भ अलङ्कृत होगा। षष्ठस्कन्ध में कहा है, सङ्कर्षण ने—मैं समस्त भूतों का परिचालक हूँ। शब्दब्रह्म परब्रह्म मेरी शाश्वती तनुद्वय हैं। यह कथन अनवद्य है। उक्त श्लोक में विष्णु शब्द का प्रयोग हुआ है। उससे सर्व व्यापक रूप विष्णु शब्द का चरम पर्य्यवसान श्रीकृष्ण में ही है। तज्जन्य विष्णु शब्द के द्वारा ही श्रीकृष्ण का उल्लेख होता है।

भा० १०।२०।४८ में—"पुरग्रामेष्वाग्रयणैरैन्द्रियैश्च महोत्सवैः।
बभौ भूः पक्वशस्याढ्या कलाभ्यां नितरां हरेः ॥"

हरि के अंश श्रीरामकृष्ण के द्वारा पृथिवी अतिशय शोभिता हुई। वस्तुतः हरि की कला अर्थात्

यथा सर्वगतो विष्णुस्तथैवेयं द्विजोत्तम।
देवत्वे देवदेहेयं मानुषत्वे च मानुषी
विष्णोर्देहानुरूपां वै करोत्येषात्मनस्तनुम्॥"

श्रीविष्णु की श्री-प्रेयसी तदीय अनपायिनी-स्वरूपानुबन्धिनी शक्तिस्वरूपा एवं नित्या हैं, एवं जगन्माता हैं। जिस प्रकार विष्णु सर्वगत हैं, उस प्रकार श्री भी सर्वगता हैं।

जब जहाँ जिस रूप में श्रीविष्णु लीला करते हैं, तदीय प्रेयसी श्री भी तदनुरूप श्रीविग्रह धारणकर उनकी लीला की सहकारिणी होती हैं, देवरूप में लीलाकारी विष्णु के सहित देवी, मनुष्य रूप में लीलाकारी विष्णु के सहित मानुषी होती हैं।

श्रूयते, तदपि पूर्ववदेव मन्तव्यमिति । अत्र प्रसिद्धार्थे (भा० १०।४७।६०)—"नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेः प्रसादः, स्वर्योषितां नलिनगन्धरुचां कुतोऽन्याः" इति विरुध्येत । न च सुरस्त्रीणां सम्भववाक्यं श्रीमहिषीवृन्दपरम्, तासामपि तन्निजशक्तिरूपत्वेन दर्शयिष्यमाणत्वात् ॥ श्रीशुकः ॥

सर्वसम्वादिनी

अथ कश्चिद्वदति,—'ईश्वरः सर्वभूतानाम्' इत्यादौ 'सर्वमेवेदमीश्वरः' इति भावेन यत्पूजनम्, तत्र

श्रीकृष्णप्रेयसीगण, श्री, पराशक्ति प्रभृति विभिन्न नामों से अभिहिता है । ब्रह्मसंहिता ५५ में उक्त है—"श्रियः कान्ताः कान्तः परमपुरुषः कल्पतरवो द्रुमा भूमिश्चिन्तामणिगणमयी तोयममृतम् ।

कथा गानं नाट्यं गमनमपि वंशी प्रियसखी चिदानन्दज्योतिः परमपि तदास्वाद्यमपि च ॥" इत्यादि पद्य में तदीय प्रेयसीवर्ग श्री शब्द से अभिहित हैं ।

श्रीकृष्ण अवतीर्ण होने से जिस प्रकार अंशावतारगण उनमें मिलित होते हैं, उस प्रकार श्रीकृष्ण की स्वरूपशक्ति रूपा नित्य प्रेयसीवृन्द में भी अन्य स्वरूप के कान्तागण प्रविष्ट होते हैं, अथवा उक्त देववधूगण श्रीकृष्णप्रेयसीगण के दास्यादि के निमित्त आविर्भूत हो जायें । उक्त वाक्य के द्वारा इस अभिप्राय को व्यक्त किया गया है ।

श्रीकृष्ण के प्रेयसीवृन्द को आविर्भूत कराने के निमित्त देववृन्दोंने प्रार्थना नहीं की, तथापि आपने देववधूवृन्द को तदीय प्रेयसीवर्ग में प्रविष्ट होने का आदेश देकर सूचित किया कि, उन सबका भी आविर्भाव होगा । इसका कारण क्या है ? उत्तर—प्रेयसीवर्ग के सहित लीलाविलासविशेष का आस्वादन के निमित्त ही श्रीकृष्ण का धराधाम में आविर्भाव है । पृथिवी का भारापनोदन आनुषङ्गिक कार्य्य है ।

अतएव श्रीमदुपेन्द्रादि के प्रेयसीवृन्द भी जब साक्षात् सम्बन्ध में श्रीकृष्ण प्रेयसी संज्ञा प्राप्त करने में अक्षम हैं, तब श्रुतिगण, दण्डकारण्यवासी मुनीगण, एवं अग्निपुत्रगण की गोपिकादित्व प्राप्ति की जो वार्त्ता श्रुत है, उसका अर्थ है—श्रीकृष्ण प्रेयसी गोपिकावृन्द में प्रवेश, अथवा उन सबकी दास्यादि प्राप्ति । साक्षात् श्रीकृष्णप्रेयसीत्व प्राप्ति के द्वारा उक्त कथन सार्थक नहीं होता है ।

उक्त श्लोकसमूह का यथाश्रुत अर्थ स्वीकार करने पर अर्थात् "देववधूगण ही श्रीकृष्णप्रेयसी हुए थे" इस प्रकार अर्थ करने से, श्रीउद्धव वाक्य के सहित विरोध उपस्थित होगा,—

"नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेः प्रसादः, स्वर्योषितां नलिनगन्धरुचां कुतोऽन्याः ।

रासोत्सवेऽस्य भुजदण्डगृहीतकण्ठ,-लब्धाशिषां य उदगाद् व्रजसुन्दरीनाम् ॥" (भा० १०।४७।६०)

सम्प्रति मेरे निकट प्रत्यक्षवत् अनुभूयमान यह श्रीकृष्ण के भुजदण्डयुगल, जो स्वल्पपरिमाण में चलित होकर शत्रु को दण्ड देने में समर्थ हैं, तद्द्वारा रासोत्सव में आलिङ्गित कण्ठ होकर जिन्होंने मनोरथ विशेष को प्राप्त किया है, उन व्रजसुन्दरीगण के श्रीकृष्णाङ्गसङ्ग सुखोल्लासरूप जो प्रसाद—अनुग्रह, प्रकाशित हुआ है, उस प्रकार अनुग्रह—श्रीकृष्ण के मूर्त्तिविशेष में संसक्त (अर्थात् श्रीकृष्ण के अंशस्वरूप परव्योमनाथ के सहित संसक्ता) लक्ष्मी के प्रति भी नहीं हुआ है ।

उक्त रूप अनुग्रह से वञ्चिता लक्ष्मी का स्वरूप विचार करने से प्रतीत होता है कि—श्रीभगवान् में वर्त्तमाना स्वरूपशक्ति, मायाशक्ति, एवं जो जीवशक्ति है । उक्त शक्तित्रय के मध्य में स्वरूपशक्ति सर्व प्रधाना है । उक्त स्वरूपशक्ति की अभिव्यक्ति विभिन्न प्रकार से होने पर भी तन्मध्य में श्री, भू, लीला, तुष्टि, पुष्टि, प्रभृति षोड़श शक्ति का प्राधान्य है । षोड़श शक्ति के मध्य में श्री, भू, लीला—तीन शक्ति श्रेष्ठा है । उक्त शक्तित्रय के मध्य में भी श्री शक्ति, अर्थात् लक्ष्मी सर्वश्रेष्ठा है । इस प्रकार विचार करके ही कहते हैं । दिव्य स्वर्णकमल के समान जिनकी अङ्गगन्ध एवं अङ्गकान्ति है, तादृश

४४। तदेवमवतारप्रसङ्गेऽपि श्रीकृष्णस्य स्वयं भगवत्त्वमेवायातम्। यस्मादेवं तस्मादेव श्रीभागवते महाश्रोतृवक्तॄणामपि श्रीकृष्ण एव तात्पर्यं लक्ष्यते। तत्र श्रीविदुरस्य (भा० ४।१७।६-७)—

(४४) "यच्चान्यदपि कृष्णस्य भवेद्भगवतः प्रभोः।
श्रवः सुश्रवसः पुण्यं पूर्वदेहकथाश्रयम् ॥८०॥
भक्ताय मेऽनुरक्ताय तव चाधोक्षजस्य च।
वक्तुमर्हसि योऽदुह्यद्वैण्यरूपेण गामिमाम् ॥"८१॥

पूर्वदेहः पृथ्ववतारः, लोकदृष्टावभिव्यक्तिरीत्या पूर्वत्वम्, तत्कथैवाश्रयो यस्य तत् ॥ विदुरः ॥

सर्वसम्वादिनी

ज्ञानांश-स्पर्शः। इह तु (गी० १८।६५) 'मन्मना भव' इत्यादि शुद्धैव भक्तिरुपदिष्टेत्यत एव सर्वगुह्यतमत्वम्;

सुखभोगास्पद स्थानसमूह के शिरोमणिभूत वैकुण्ठस्थित भू-लीलादि योषिद्गणों के मध्य में परमप्रेमवती जो लक्ष्मी हैं, वह भी जब श्रीकृष्ण के अङ्गसङ्गरूप अनुग्रह लाभ करने में अक्षम हैं, तब शची प्रभृति अन्य सुरस्त्रीगण श्रीकृष्ण के अङ्गसङ्गादिरूप अनुग्रह लाभ के नितान्त अयोग्य ही हैं, इसमें सन्देह ही क्या है।

यदि कहा जाय कि—देववधूगणों का आविर्भाव वाक्य, श्रीगोपीगण के सम्बन्ध में असङ्गत होने पर भी द्वारकास्थित महिषीवृन्द के पक्ष में सङ्गत होगा? इस प्रकार भी नहीं हो सकता है। द्वारका स्थित महिषीवृन्द भी श्रीकृष्ण की निज शक्तिरूपा हैं। इसका प्रदर्शन उत्तर ग्रन्थ में होगा।

प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥४३॥

अवतार प्रसङ्ग में भी "ईश्वरेश्वर" इत्यादि वाक्य के द्वारा श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता सुस्थिर हुआ। अतएव श्रीमद्भागवत के महावक्ता एवं श्रोतृवृन्द का तात्पर्य्य भी श्रीकृष्ण में ही दृष्ट होता है। श्रीमद्भागवत के ४।१७।६-७ विदुर मैत्रेय संवाद में उक्त है,—श्रीविदुर मैत्रेय को कहे थे—"स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण सुयशस्वी हैं। उनके पूर्वदेह को आश्रय कर अर्थात् पृथुदेह को अवलम्बन कर अपर जो पवित्र यशः विस्तृत हुआ है, उसका वर्णन आप करें, मैं आपका एवं अधोक्षज श्रीकृष्ण का भक्त एवं अनुरक्त हूँ। पूर्वदेह में वेण पुत्ररूप में श्रीकृष्ण, पृथिवी दोहन किए थे, उस स्वरूप की कथा का श्रवणाभिलाषी मैं हूँ।

क्रमसन्दर्भः। यच्चान्यदिति द्वयेन श्रीविदुरस्य सर्वत्राप्येतदेव हार्द्दं व्यक्तम्। भवेदित्यत्र भवानिति क्वचित्, 'चित्सुख' सम्मतोऽयम्। पूर्वदेहः—पृथ्ववतारः—लोकदृष्ट्यावभिव्यक्तिरीत्या पूर्वत्वम्; तत् कथैवाश्रयो यस्य तत्; यद्वा, देहत्वमावेशावतारत्वम्, पूर्वत्वं, प्राकट्याकालपेक्षयैव, अर्हसीत्यत्र अर्हतीति क्वचित् ॥

यच्चान्यत् श्लोकद्वय में व्यक्त हुआ कि—श्रीविदुर का चरित्रश्रवण तात्पर्य्य, श्रीकृष्ण विषय में ही सर्वत्र है। 'भवेत्' शब्द के स्थान में 'भवान्' पाठ है, वह पाठ चित्सुख सम्मत है। पूर्वदेह का अर्थ—पृथु अवतार, लोक दृष्टि से अभिव्यक्ति रीति से श्रीकृष्णावतार से वह अवतार पूर्वावतार है। उक्त अवतार के द्वारा अनुष्ठित कार्य्यावली का कीर्त्तन आप करें। अथवा देहत्व आवेशावतार क्रियाशक्त्या-वेशावतार है। पूर्वत्व—प्राकट्य काल की अपेक्षा से है। कहीं पर 'अर्हसि' स्थान में 'अर्हति' पाठ दृष्ट होता है।

अर्थात् पूर्वदेह—पृथु अवतार, श्रीकृष्ण, सर्वादि पुरुषोत्तम हैं। यहाँ लौकिक दृष्टि से अभिव्यक्ति की रीति के अनुसार श्रीपृथु अवतार को श्रीकृष्ण के पूर्ववर्ती कहा गया है।

४५। अथ श्रीमैत्रेयस्य तदनन्तरमेव (भा० ४।१७।८)—

(४५) "चोदितो विदुरेणैवं वासुदेवकथां प्रति।
प्रशस्य तं प्रीतमना मैत्रेयः प्रत्यभाषत ॥"८२॥

तत्प्रशंसया प्रीतमनस्त्वेन चास्यापि तथैव तात्पर्य्यं लभ्यते। अतएवात्र श्रीवसुदेव-नन्दनत्वेनैव 'वासुदेव'-शब्दः प्रयुक्तः ॥ श्रीसूतः ॥

४६। अथ श्रीपरीक्षितः (भा० १।१९।५)—

(४६) "अथो विहायेममगुञ्च लोकं, विमर्शितौ हेयतया पुरस्तात्।
कृष्णाङ्घ्रिसेवामधिमन्यमान, उपाविशत् प्रायममर्त्यनद्याम् ॥"८३॥

सर्वसम्वादिनी

किंवा, पूर्वेण वाक्येन परोक्षतयैवेश्वरमुद्दिश्यापरेण तमेवापरोक्षतया निर्दिष्टवानित्यत एव न च वक्तव्यम्;— पूर्वमपि (गी० ३।३४)

श्रीकृष्ण कथा ही आश्रय है जिनका, उनका यशः श्रवण में श्रीविदुर अभिलाषी हैं। उनका जीवनसर्वस्व श्रीकृष्ण हैं। पहले पृथु अवतार ग्रहण कर लोकहितकर कार्य्य किए थे। उनकी लीला श्रवण से श्रीकृष्ण लीलाविशेष का श्रवण होगा। तज्जन्य ही श्रवणाभिलाषी हैं। स्वतन्त्र रूप में श्रीपृथु चरित्र श्रवण, श्रीविदुर का अभीप्सित नहीं है। श्रीविदुर मैत्रेय ऋषि को कहे थे ॥४४॥

श्रीविदुर का तात्पर्य्य जिस प्रकार श्रीकृष्ण में है, उस प्रकार ही श्रीमैत्रेय का भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में है। श्रीविदुर कर्त्तृक श्रीवासुदेव कथा कीर्त्तन में प्रवर्त्तित होकर प्रीतमना मैत्रेय ऋषि, उनकी प्रशंसा करके श्रीपृथु महाराज की लीला वर्णन किये थे। (भा० ४।१७।८)

क्रमसन्दर्भः। "तत् प्रशंसया प्रीतमनस्त्वेन चास्यापि तथैव तात्पर्य्यं लभ्यते। अतएवात्र वासुदेवः —श्रीवसुदेवनन्दनः श्रीकृष्ण एव।"

विदुर के वाक्य को सुनकर—मैत्रेय ने उनकी प्रशंसा सन्तुष्ट मन से की। इससे विदित हुआ कि— श्रीमैत्रेय का भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है। निजाभीष्ट कार्य्य में प्रवर्त्तित होने से सब व्यक्ति सुखी होते हैं, एवं प्रवर्त्तक की प्रशंसा भी करते हैं। श्रीकृष्ण कथा कीर्त्तन में मैत्रेय का भी अभिलाष था। श्रीविदुर, श्रीकृष्ण सम्बन्ध स्मरणपूर्वक श्रीपृथु चरित्र श्रवणेच्छु हुए थे— इससे ही मैत्रेय प्रसन्न हुये थे। श्लोक में 'श्रीवसुदेवनन्दन' इस प्रकार निर्देश करने के निमित्त ही 'वासुदेव' शब्द प्रयुक्त हुआ है। सर्वभूतान्तर्य्यामी होने के कारण अथवा परव्योमस्थ चतुर्व्यूह को सूचित करने के निमित्त,—वासुदेव शब्द प्रयुक्त नहीं हुआ है। प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥४५॥

श्रीपरीक्षित् का भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है। श्रीपरीक्षित् ब्रह्मशाप प्राप्त होने के पहले ही इहलोक परलोक को हेय रूप में अवगत हुये थे। यह बुद्धि, परीक्षित् की निश्चयात्मिका रही, ब्रह्मशाप प्राप्ति के पश्चात् इहलोक परलोक के महत्त्व को परित्यागपूर्वक श्रीकृष्ण चरणारविन्द की सेवा को ही निखिल पुरुषार्थ सार रूप में वरण कर गङ्गातीर में अनशन व्रतावलम्बनपूर्वक उपवेशन किये थे।

"अथो विहायेममगुञ्च लोकं, विमर्शितौ हेयतया पुरस्तात्।
कृष्णाङ्घ्रिसेवामधिमन्यमान, उपाविशत् प्रायममर्त्यनद्याम् ॥"

टीका—अथो अनन्तरम्। उभौ लोकौ पुरस्ताद्राज्यमध्य एव हेयतया विचारितौ विहाय। श्रीकृष्णसेवाधिमन्यमानः सर्वपुरुषार्थेभ्योऽधिकां जानन् प्रायमनशनं तस्मिन्नित्यर्थः। तत्सङ्कल्पेनोपाविशदिति

टीका च—"श्रीकृष्णाङ्घ्रिसेवामधिमन्यमानः सर्वपुरुषार्थाधिकां जानन्" इत्येषा ॥ श्रीसूतः ॥

४७। (भा० १।१९।२०)—

(४७) "न वा इदं राजर्षिवर्य्य चित्रं, भवत्सु कृष्णं समनुव्रतेषु।
येऽध्यासनं राजकिरीटजुष्टं, सद्यो जहुर्भगवत्पार्श्वकामाः॥"८४॥

भवत्सु पाण्डोर्वंश्येषु ये जुहुरिति श्रीयुधिष्ठिराद्यभिप्रायेण। अतएव तत्र स्थितानां सर्वश्रोतॄणामपि श्रीकृष्ण एव तात्पर्य्यमायाति ॥ श्रीमहर्षयः श्रीपरीक्षितम् ॥

४८। (भा० १।१९।३५-३६)—

(४८) "अपि मे भगवान् प्रीतः कृष्णः पाण्डुसुतप्रियः।
पैतृष्वस्रेयप्रीत्यर्थं तद्गोत्रस्यात्तबान्धवः ॥८५॥

सर्वसम्वादिनी

'मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु। मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः॥'२१॥

यावत्। यद्वा, प्रायं प्रकृष्टमयनं शरणं यथा भवति तथा।

श्रीस्वामिपाद उक्त श्लोक की टीका में "कृष्णाङ्घ्रिसेवामधिमन्यमानः" का अर्थ किए हैं। "समस्त पुरुषार्थ से श्रीकृष्णचरण सेवा को अधिक महत्त्वपूर्ण जानकर"। महानुभव श्रीस्वामिपाद की व्याख्या से श्रीपरीक्षित् की श्रीकृष्ण में एकमात्र तात्पर्य्य वार्त्ता परिस्फुट हुई है। प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥४६॥

केवलमात्र श्रीकृष्ण में तात्पर्य्य श्रीपरीक्षित् महाराज का ही था, यह नहीं, किन्तु तदीय सभा में समवेत श्रोतृवर्ग का भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही दृष्ट होता है। ऋषिगण, श्रीपरीक्षित् महाराज को कहे थे —"हे राजर्षे! जिन्होंने श्रीकृष्ण के समीप गमन के निमित्त राज-किरीट सेवित सिंहासन पर्य्यन्त परित्याग किया है। उन श्रीकृष्णानुगत आप सबके पक्ष में उक्त आचरण आश्चर्य्यजनक नहीं है।

"महर्षयो वै समुपागता ये, प्रशस्य साध्वित्यनुमोदमानाः।
ऊचुः प्रजानुग्रहशीलसारा, यदुत्तमश्लोकगुणाभिरूपम् ॥
न वा इदं राजर्षिवर्य्यचित्रं, भवत्सु कृष्णं समनुव्रतेषु।
येऽध्यासनं राजकिरीटजुष्टं, सद्योजहुर्भगवत् पार्श्वकामाः॥
सर्वे वयं तावदिहास्महेऽथ, कलेवरं यावदसौ विहाय।
लोकं परं विरजस्कं विशोकं, यास्यत्ययं भागवतप्रधानः॥" (भा० १।१९।१९-२१)

टीका—प्रजानुग्रहे शीलं—सारो बलञ्चयेषाम्। उत्तमश्लोकगुणैरभिरूपं सुन्दरमिव। भवत्सु पाण्डोर्वंशेषु ये जहुरिति युधिष्ठिराद्यभिप्रायेण॥

श्रीपरीक्षित् महाराज के पहले श्रीकृष्ण पार्श्वगमनाभिलाष से युधिष्ठिर प्रभृति राजन्यवर्ग उक्त राजसिंहासन परित्याग किए थे। उसका स्मरण कर ऋषिगण बोले थे—"पाण्डुवंशीय आप सबका इस प्रकार श्रीकृष्णानुराग स्वाभाविक ही है, सुतरां आपका सिंहासन त्यागरूप कर्म विस्मयावह नहीं है।" श्रीपरीक्षित् महाराज के सभास्थित महर्षिगण, तदीय कार्य्य को प्रशंसा के सहित अनुमोदन किये थे। इससे तत्रस्थ श्रोतृवर्ग का तात्पर्य भी श्रीकृष्ण में ही था, यह स्थिर हुआ। प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥४७॥

श्रीपरीक्षित् महाराज श्रीशुकदेव को कहे थे—पाण्डुसुत प्रिय भगवान् श्रीकृष्ण अवश्य ही मेरे प्रति प्रसन्न हैं। तज्जन्य पितृस्वसा के सन्तान श्रीयुधिष्ठिर प्रभृति के वंशोद्भव जानकर आप बन्धुकृत्य को अङ्गीकार किए हैं। अन्यथा आप अव्यक्त गतिसम्पन्न हैं, मनुष्यगण आपका दर्शन कैसे कर सकते हैं ?

अन्यथा तेऽव्यक्तगतेर्दर्शनं नः कथं नृणाम् ।
नितरां म्रियमाणानां संसिद्धस्य वनीयसः ॥"८६॥

तेषां पैतृष्वस्रीयाणां पाण्डुसुतानां गोत्रस्य मे आत्तं स्वीकृतं बान्धवं बन्धुकृत्यं येन । ते तव श्रीकृष्णैकरसिकस्य । वनीयसोऽत्युदारतया मां याचेथा इति प्रवर्त्तकस्येत्यर्थः ॥ राजा श्रीशुकम् ॥

४६ । (भा० २।३।१५)—

(४६) "स वै भागवतो राजा पाण्डवेयो महारथः ।
बालः क्रीड़नकैः क्रीड़न् कृष्णक्रीड़ां य आददे ॥"८७॥

सर्वसम्वादिनी

इत्यादिभिः शुद्धभजनस्योक्तत्वात्; तथापि (गी० ८।४) 'अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृतां वर' इत्यादौ च

विशेष कर म्रियमाण मेरे लिए परिपूर्ण सर्वमनोरथ सम्पन्न व्यक्ति भी श्रीकृष्ण कथा का वक्ता होंगे, यह असम्भव ही प्रतीत होता है । आपका दर्शन अवश्य ही श्रीकृष्ण कृपा प्रभाव से सम्भव हुआ है ।

क्रमसन्दर्भः । वनीयस इति तु छन्दसीति हि तृन् तृजन्ताविष्ठेयसुनौ भवतः । (पाणिनिः ६।४।१५४) 'तुरिष्ठेमेयःसु' इति च तृ-शब्दस्य लोपः स्यात् । ततो निमित्ताभावे नैमित्तकस्याप्यभावात् टेर्लोपाश्च सिध्यन्ति ।

टीका—पाण्डुसुतानां प्रियः, अतस्तेषां पैतृस्वष्वसेयाणां प्रीत्यर्थं तद्‌गोत्रस्य मे आत्तं स्वीकृतं बान्धवं बन्धुकृत्यं येन । अन्यथा, श्रीकृष्णप्रसादं विना । अव्यक्तागति र्यस्य । म्रियमाणानां नितरां कथं स्यात् । वनयिता—याचयिता, वनयितृतमो वनीयान् तस्य अत्युदारतया मां याचेथा इति प्रवर्त्तकस्येत्यर्थः ॥

श्रीकृष्ण की पितृस्वसा के पुत्र पाण्डवगण के वंशोत्पन्न मेरे प्रति बन्धुकृत्य का स्वीकार आपके द्वारा श्रीकृष्ण ने किया है । कारण आप श्रीकृष्ण के अभिन्न हृदय हैं । श्रीकृष्ण के हृदय में जब जिस भाव का उदय होता है, वह भाव आपके हृदय में भी तत्क्षणात् स्फुरित होता है । कारण उन्होंने कहा भी है—"साधवो हृदयं मह्यं साधूनां हृदयन्त्वहं, मदन्यत्ते न जानन्ति नाहं तेभ्यो मनागपि ।" मेरा अन्तिम समय में मेरे निकट में उपस्थित होकर उनकी स्मृति को प्रदीप्त करने के निमित्त श्रीकृष्ण की इच्छा हुई, तज्जन्य ही आप स्वयं उपस्थित होकर स्वीय उदारता वशतः श्रीकृष्णकथा का वक्ता होने का अभिप्राय व्यक्त कर रहे हैं । अर्थात् मुझको कृष्ण कथा सुनने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं ।

उक्त कथन का तात्पर्य्य यह है—पाण्डवगण, श्रीकृष्ण के अतिशय प्रिय थे, श्रीकृष्ण भी पाण्डवों के अत्यन्त प्रिय थे । मेरा अन्तिम समय में इस सभा में आपका शुभागमन, उक्त प्रीति का ही अनुभाव स्वरूप है । मुझको निज चरणारविन्द के समीप में आकर्षण करने के निमित्त ही श्रीकृष्ण उनके लीला कथामृत का आस्वादन कराने के निमित्त आपको प्रेरण किए हैं । यह कृत्य, श्रीकृष्ण का बान्धवोचित ही है । मेरा ऐसा कुछ भी सौभाग्य नहीं है, जिससे प्राणप्रयाण के समय मेरी कथा श्रीकृष्ण के स्मरण पथ में उदित हो । श्रीकृष्ण कृपा भिन्न आपका सन्दर्शन, सर्वथा असम्भव है । कारण आपका दर्शन ही साक्षात् श्रीकृष्ण प्राप्ति स्वरूप है । मूलस्थ 'वनीयसः' पद का ही यह तात्पर्य्य है ।

महाराज परीक्षित् श्रीशुकदेव को कहे थे ॥४८॥

श्रीपरीक्षित् महाराज—आशैशव श्रीकृष्णानुरक्त थे, उसका वर्णन करते हैं—"पाण्डुकुलतिलक महारथ, भागवत, राजा परीक्षित् बाल्यकाल में क्रीड़नक समूह के द्वारा क्रीड़ा करते करते श्रीकृष्ण क्रीड़ा

या या श्रीकृष्णस्य वृन्दावनादौ बालक्रीड़ा श्रुतास्ति, तत्प्रेमावेशेन तत्सख्यादिभाववान् तां तामेव क्रीड़ां यः कृतवानित्यर्थः ॥ श्रीशौनकः ॥

५० । एवंजातीयानि बहून्येव वचनानि विराजन्ते । तथा (भा० १०।१।१) "कथितो वंशविस्तारः" इत्यारभ्य (भा० १०।१।१३) "नैषातिदुःसहा क्षुन्मां" इत्यन्तं दशमस्कन्ध-प्रकरणमप्यनुसन्धेयम् । किञ्च, (भा० १०।१२।४०)—

सर्वसम्वादिनी

स्वस्यान्तर्यामित्वेन चोक्तत्वात्, सर्वगुह्यतमत्व-गुह्यतरत्वयोरनुपपत्तिरिति ;—यद्यदेव पूर्वं सामान्यतयोक्तम्,

का ही अनुष्ठान करते थे ।"

टीका—एतत् प्रपञ्चयति, स वा इति द्वाभ्याम् । कृष्णपूजादिरूपां क्रीड़ां यः स्वीकृतवान् ।

क्रमसन्दर्भः । स वै इति । श्रीकृष्णस्य वृन्दावनादौ बालक्रीड़ा श्रुतास्ति, तत् प्रेमावेशेन तत् सख्यादि भाववान् तां तामेव क्रीड़ां यः कृतवानित्यर्थः ॥

श्रीवृन्दावनादि में श्रीकृष्ण की बाल्यक्रीड़ा की जो कथा प्रसिद्ध रही, माता श्रीउत्तरा के प्रमुख से आप उसका श्रवण किए थे, एवं श्रीकृष्ण प्रेमावेश से स्वयं सख्यादिभावविशिष्ट होकर उक्त क्रीड़ासमूह का अनुष्ठान निज बाल्यक्रीड़ा के समय में करते थे । प्रवक्ता श्रीशौनक हैं ॥४९॥

महाराज श्रीपरीक्षित् के श्रीकृष्णानुरागसूचक बहु वाक्य, श्रीमद्भागवत में विराजित हैं । (भा० १०।१।१) "कथितो वंशविस्तारः" से (भा०१०।१।१३) "नैषातिदुःसहा क्षुन्मां" इत्यादि पर्य्यन्त प्रकरण का अनुसन्धान करना परमावश्यक है । उसमें श्रीपरीक्षित् की श्रीकृष्ण कथा श्रवणासक्ति प्रकाशित है । प्रकरण इस प्रकार है—

श्रीराजोवाच—

"कथितो वंशविस्तारो भवता सोमसूर्य्ययोः । राज्ञाञ्चोभयवंश्यानां चरितं परमाद्भुतम् ॥१
यदोश्च धर्मशीलस्य नितरां मुनिसत्तम । तत्रांशेनावतीर्णस्य विष्णो र्वीर्य्याणि शंस नः ॥२
अवतीर्य्य यदोर्वंशे भगवान् भूतभावनः । कृतवान् यानि विश्वात्मा तानि नो वदविस्तरात् ॥३
निवृत्ततर्षैरुपगीयमानाद् भवौषधाच्छ्रोत्रमनोऽभिरामात् ।
क उत्तमः श्लोकगुणानुवादात् पुमान् विरज्येत विनापशुघ्नात् ॥४
पितामहा मे समरेऽमरेञ्जयैर्देवव्रताद्यातिरथैस्तिमिङ्गिलैः ।
दुरत्ययं कौरवसैन्यसागरं कृत्वातरन् वत्सपदं स्म यत् प्लवाः ॥५
द्रौण्यस्त्रविप्लुष्टमिदं मदङ्गं सन्तानबीजं कुरुपाण्डवानाम् ।
जुगोपकुक्षिं गत आत्त चक्रो मातुश्च मे यः शरणं गतायाः ॥६
वीर्य्याणि तस्याखिलदेहभाजामन्तर्बहिः पुरुषकालरूपैः ।
प्रयच्छतो मृत्युमुतामृतञ्च मायामनुष्यस्य वदस्व विद्वन् ॥७
रोहिण्यास्तनयः प्रोक्तो रामः सङ्कर्षणस्त्वया । देवक्या गर्भसम्बन्धः कुतो देहान्तरं विना ॥८
कस्मान्मुकुन्दो भगवान् पितुर्गेहाद् व्रजं गतः । क्व वासं ज्ञातिभिः सार्द्धं कृतवान् सात्वतां पतिः ॥९
व्रजे वसन् किमकरोन्मधुपुर्य्याञ्च केशवः । भ्रातरञ्चावधीत् कंसं मातुरद्धाऽतदर्हणम् ॥१०
देहं मानुषमाश्रित्य कति वर्षाणि वृष्णिभिः । यदुपुर्य्यां सहावात्सीत् पत्न्यः कत्य भवन् प्रभोः ॥११
एतदन्यच्च सर्वं मे मुने कृष्णविचेष्टितम् । वक्तुमर्हसि सर्वज्ञ श्रद्दधानाय विस्तृतम् ॥१२
नैषातिदुःसहा क्षुन्मां त्यक्तोदमपि बाधते । पिबन्तं त्वन्मुखाम्भोज-च्युतं हरिकथामृतम् ॥"१३

क्रमसन्दर्भः । नैषेति श्रीपरीक्षितो गाढ़राग-व्यक्तिः । त्यक्तोदमपीत्युदकमपि सम्यक् त्यक्तवन्तमित्यर्थः ।

(५०) "इत्थं द्विजा यादवदेवदत्तः" इत्यादि।

येन श्रवणेन नितरां गृहीतं वशीकृतं चेतो यस्य सः ॥ श्रीसूतः ॥

५१। तथा, (भा० १०।७।१)—

(५१) "येन येनावतारेण" इत्यादि; (भा० १०।७।२) "यच्छृण्वतोऽपैत्यरति" इत्यादि च।

टीका च—"कृष्णार्भकसुधासिन्धुसंप्लवानन्दनिर्भरः।

भूयस्तदेव संप्रष्टुं राजाप्यदभिनन्दति ॥८८॥

सर्वसम्वादिनी

तस्यैवान्ते विविच्य निर्द्दिष्टत्वात् ? उच्यते। न तावद्भजन-तारतम्यम्; अत्र भजनीय-तारतम्यस्यापि सम्भवे

भा० १०।१२।४० में वर्णित है—"इत्थं द्विजा यादवदेवदत्तः श्रुत्वा स्वरातुश्चरितं विचित्रम्।
प्रपच्छ भूयोऽपि तदेव पुण्यं वैयासकिं यन्निगृहीतचेताः ॥"

टीका—"येन श्रवणेन निगृहीतं वशीकृतं चेतो यस्य सः।"

बृहद्वैष्णवतोषणी। इत्थं स्वयमेव श्रीबादरायणिना कथयितुमारभ्यमाणाया अपि कथाया मध्ये परमौत्सुक्येन महाराजोऽपृच्छदित्याह—इत्थमिति। यादव-देवेन श्रीभगवता दत्तो ब्रह्मास्त्रतो रक्षित्वा पाण्डवेभ्योऽर्पितः। यादवदेवेति—पाण्डवैः सह सम्बन्धश्च सूचयति। इत्यादयो भूयः प्रश्ने हेतवः। विचित्रं परमाद्भुतं वैयासकिं श्रीव्यासनन्दनमिति सर्ववेदार्थतत्त्वाभिज्ञतोक्ता। यदिति तैर्व्याख्यातम्। तत्र येन श्रवणेनेति श्रुत्वेत्यस्य परामर्शादिति। यद्वा, येन चरितेन नितरां गृहीतं प्रेमविशेषाविर्भावनेन परमोत्कण्ठया पीड़ितं चेतो यस्य सः। तथापि प्रश्ने हेतुः—पुण्यं शुभावहमिति तत् पीड़ाया-स्तदेकोपशत्वादिति भावः।

वैष्णवतोषणी। अत्राकस्मात् सूत उवाच इति तत् प्रसङ्गे परमानन्दस्य वैशिष्ट्यात् सोऽपि तत्र तो तुष्टाव इत्यर्थः। येन चरितेन निगृहीतं तद्वियोगमयप्रेमाविर्भावनेन पीड़ितं चेतो यस्य सः, तथापि प्रश्ने हेतुः—पुण्यं शुभावहमिति, तत् पीड़ाया स्तदेकोपत्वादिति भावः।

श्रीसूत ने कहा,—हे द्विजगण! श्रीकृष्ण कर्त्तृक ब्रह्मास्त्र से रक्षित एवं श्रीयुधिष्ठिर प्रभृति के निकट प्रदत्त महाराज परीक्षित्, निज रक्षक श्रीकृष्ण का इस प्रकार विचित्र चरित्र सुनकर पुनर्वार श्रीशुकदेव को जिज्ञासा किए, कारण श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण कर उनका चित्त श्रीकृष्ण लीलामाधुर्य्य के द्वारा वशीभूत हो गया था।

श्लोक में "यन्निगृहीतचेताः" पद का प्रयोग है। यह विशेषण—श्रीपरीक्षित् का है। उसका अर्थ,—जिसके द्वारा, अर्थात् जिस चरित्र श्रवण के द्वारा निरतिशय रूप में गृहीत वशीकृत हुआ है, चित्त जिनका, वह परीक्षित्। सुतरां श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण के निमित्त उनका औत्सुक्य स्वाभाविक है।

प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥५०॥

दशम स्कन्ध के सप्तमाध्यायस्थ प्रथम द्वितीय श्लोक में महाराज परीक्षित् का श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण हेतु औत्सुक्य विशेष दृष्ट होता है—"येन येनावतारेण भगवान् हरिरीश्वरः।
करोति कर्णरम्याणि मनोज्ञानि च नः प्रभो ॥
यच्छृण्वतोऽपैत्यरतिर्वितृष्णा सत्त्वञ्च शुध्यत्यचिरेण पुंसः।
भक्तिर्हरौ तत्पुरुषे च सख्यं तदेव हारं वद मन्यसे चेत् ॥"

टीका—"कृष्णार्भकसुधासिन्धुसंप्लवानन्दनिर्भरः। भूयस्तदेव सम्प्रष्टुं राजाप्यदभिनन्दति ॥

येन येन मत्स्याद्यवतारेणापि यानि यानि कर्माणि करोति, तानि नः कर्णसुखावहानि मनःप्रीतिकराणि च भवन्त्येव। तथापि यच्छृण्वतः पुंसः पुंमात्रस्यारतिर्मनोग्लानिस्तन्मूलभूत-विविधा तृष्णा चापगच्छति, तथा सत्त्वशुद्धि-हरिभक्ति-हरिदास्य-सख्यानि च भवन्त्यचिरेणैव तदेव हारं हरेश्चरित्रं मनोहरं वा वद, अनुग्रहं यदि करोषि" इत्येषा ॥ राजा ॥

सर्वसम्वादिनी

गौण-मुख्य-न्यायेन भजनीय एवार्थ-सम्प्रतीतेः; मुख्यत्वञ्च,—तस्य (ब्र० सू० ३।२।३९) "फलमत उपपत्तेः"

येन येनेति—येन येन मत्स्याद्यवतारेणापि यानि यानि कर्मरम्याणि करोति, तानि नः, कर्णसुखावहानि मनः प्रीतिकराणि च भवन्त्येव। तथापि तच्छृण्वतः पुंसः पुरुषमात्रस्यारतिर्मनोग्लानि स्तन्मूलभूता विविधा तृष्णा चापगच्छति, तथा सत्त्वशुद्धिहरिभक्तिहरिदासाख्यानि च भवन्ति। तदेव हारं—हरेश्चरितं मनोहरं वा वद, मन्यसे चेत् अनुग्रहं यदि करोषीति ॥"

महाराज परीक्षित् श्रीकृष्ण के बाल्यक्रीड़ा रूप अमृतसागर में परिप्लुत होकर भी पुनर्बार उक्त विषय को सविशेष रूप से अवगत होने के निमित्त अन्यान्य भगवच्चरित्र का अभिनन्दन करते हैं। "येन येन" मत्स्यादि अवतार ग्रहण कर श्रीहरि, जो कर्म करते हैं, वह मनः प्रीतिकर एवं कर्णसुखावह तो है ही, तथापि जिसका श्रवण से पुरुष मात्र की ही अरति, मनोग्लानि, वितृष्णा, मनोग्लानि की मूलीभूत विविध वासना, विदूरित होती है, एवं सत्त्वशुद्धि—मनःशुद्धि, हरिभक्ति, हरि का दास्य, सख्य प्रभृति का सञ्चार अविलम्ब से होता है। उन श्रीहरि का मनोहर चरित्र का वर्णन अनुग्रहपूर्वक करें।

श्रवणकीर्त्तनादि अशेष साधनों का श्रेष्ठ फल है—श्रीभगवद्रति। श्रीकृष्ण की पूतना मोक्षणलीला श्रवण से श्रवणकीर्त्तनादि अशेष साधनों का फलस्वरूप श्रीकृष्ण प्रीति का आविर्भाव होता है। किन्तु महाराज अवतारान्तर के चरित्र वर्णन प्रसङ्ग से आशङ्कित होकर अभीप्सित श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण हेतु निखिल भगवदवतार चरित्र को अभिनन्दित किये थे। कहे थे—अन्यान्य भगवच्चरित्र श्रवण से मानसिक सुखोदय तो होता है, किन्तु जिस श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण से अरति निवृत्ति, सत्त्वशुद्धि, हरिभक्ति, हरिदास नाम, हरिसख्य प्रभृति फललाभ अति सत्वर होता है। उक्त श्रीकृष्ण चरित्र का धारण मनोहर हार के समान करना ही कर्त्तव्य है। महाराज ने इस प्रकार प्रार्थना करके निज हृदय का तात्पर्य्य एकमात्र श्रीकृष्ण में ही है—प्रकाश किया।

क्रमसन्दर्भः। बाल्यलीलारम्भत एव इति—फलं श्रुत्वा त्वरयापि तदुद्दीपनमनुभूयजातपरमानन्द-स्तदेव भूयः पृच्छति, येनेति त्रिभिः। वदेत्यनेन यद्यपि, तथापि यदन्यदपीति शृङ्खलया त्रयाणां किञ्चिदध्याहारेणान्वयः। कर्णेति—कर्णरम्याणि, मनोज्ञानि, इति; पदद्वयं शब्दार्थयोः पृथङ्माधुर्य्यानु-भवेन। हारं—हारवत् स्पृहया हृदि धार्य्यम्। चेन्मन्यसे—पूर्वपूर्ववद्गुरुत्वं न करोषीत्यर्थः। तत्ताहशमन्यदपि लोकाचरितमेव वदेत्यन्वयः।

श्रीकृष्ण कथा श्रवण का एकमात्र फल है—श्रीकृष्णचरणों में प्रीति। इसका श्रवण करके प्रीति का उद्दीपनस्वरूप चरित्र को जानकर परमानन्द से आप्लुत होकर महाराज पुनर्बार पूछे थे—

"येन येन अवतारेण भगवान् हरिरीश्वरः। करोति कर्णरम्याणि मनोज्ञानि च नः प्रभो ॥

'वद' इस क्रियापद का विन्यास से सूचित होता है कि—यद्यपि समस्त भगवदवतार चरित्र मधुर है, तथापि श्रीकृष्ण बालचरित्र अति सुमधुर है। इस प्रकार अध्याहार के द्वारा अन्वय होता है। "कर्णरम्याणि—मनोज्ञानि" पदद्वय का प्रयोग—शब्दार्थ का पृथक् माधुर्य्यानुभव से ही हुआ है।

हार शब्द—मनोहर हार के सदृश ही श्रीकृष्ण चरित्र का धारण करना विधेय है। मनोहर कृष्ण

५२। अथ श्रीशुकदेवस्य (भा० १।१९।३५) "अपि मे भगवान् प्रीतः कृष्णः पाण्डुसुतप्रियः" इत्यादिना श्रीकृष्ण एव स्वरतिं व्यज्य म्रियमाणानां श्रोतव्यादिप्रश्नेनैवान्तकाले श्रीकृष्ण एव मय्यप्युपदिश्यतामिति राजाभिप्रायानन्तरम् (भा० २।१।१)—

(५२) "वरीयानेष ते प्रश्नः कृतो लोकहितं नृप।
आत्मवित्सम्मतः पुंसां श्रोतव्यादिषु यः परः॥"८९॥

ते त्वया पुंसां श्रोतव्यादिषु मध्ये यः परः श्रीकृष्णश्रवणाभिप्रायेण परमः प्रश्नः कृतः, एष वरीयान् सर्वावतारावतारिप्रश्नेभ्यः परममहान्, स च लोकहितं यथा स्यात्तथैव कृतः। त्वन्तु तथाभूत-श्रीकृष्णैकनिर्बन्धप्रेमत्वात् कृतार्थ एवेति भावः। तदुक्तम् (भा० २।४।१)—

"वैयासकेरिति वचस्तत्त्वनिश्चयमात्मनः।
उपधार्य्य मतिं कृष्ण औत्तरेयः सतीं व्यधात्॥"९०॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

इति न्यायेन, विशेषतस्तु तच्छब्देन न स्वयमेव तद्रूप इति मच्छब्देन स्वयमेवैतद्रूप इति च भेदस्य

चरित्र का वर्णन करें। अनुग्रहपूर्वक ही वर्णन करें, पूर्वपूर्ववत् गोपन न करके ही कृपया वर्णन करें। उस प्रकार अन्य बाल्यचरित्र का भी वर्णन करें। इस प्रकार वाक्य योजना है।

प्रवक्ता राजा परीक्षित् हैं॥५१॥

श्रीशुकदेव का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, उसका प्रदर्शन करते हैं। भा० १।१९।३५ में उक्त है—

"अपि मे भगवान् प्रीतः कृष्णः पाण्डुसुतप्रियः। पैतृष्वस्रेय प्रीत्यर्थं तद्गोत्रस्यात्मबान्धवः॥

'पाण्डुसुतप्रिय भगवान् श्रीकृष्ण' इत्यादि वाक्य के द्वारा एकमात्र श्रीकृष्ण में ही निज प्रीति व्यक्त कर म्रियमाण जनगण का कर्त्तव्य क्या है? इस प्रश्न उत्थापनपूर्वक अन्तिम समय में मुझको श्रीकृष्ण उपदेश ही प्रदान करें। महाराज परीक्षित् उक्त प्रकरण से स्वीय अभिप्राय प्रकाश करने पर श्रीशुकदेव कहे थे—

"वरीयानेष ते प्रश्नः कृतो लोकहितं नृप! आत्मवित् सम्मतः पुंसां श्रोतव्यादिषु यः परः।
तस्माद् भारत! सर्वात्मा भगवानीश्वरो हरिः। श्रोतव्यः कीर्त्तितव्यश्च स्मर्त्तव्येच्छताभयम्॥"

हे नृप! यह प्रश्न सर्वोत्तम है। कारण इससे लोकों का परमोपकार होगा। यह प्रश्न मुक्त पुरुषों का अनुमोदित है, और श्रोतव्यादि के मध्य में यह सर्वोत्तम है।

श्रवणीय के मध्य में जो सर्वोत्कृष्ट है, अर्थात् श्रीकृष्णाभिप्राय हेतु श्रेष्ठ है, उस विषय का प्रश्न ही आप से हुआ है। यह वरीयान् है, अर्थात् सर्वावतारावतारी के सम्बन्ध में आपने जो पूछा है, उक्त समूह से यह श्रेष्ठ है। जिससे जनकल्याण होगा, उस अभिप्राय से ही आपने प्रश्न किया है। प्रश्न से ही आप कृतार्थ हो गये हैं, उस प्रकार मेरी धारणा नहीं है। कारण—जिनके चरित्र श्रवण से ही सर्व शुभोदय होता है। आप तो उन श्रीकृष्ण में ही परम प्रेमयुक्त होकर परम कृतार्थ हुये हैं। श्रीशुकोक्ति का यह ही तात्पर्य्य है।

श्रीपरीक्षित् महाराज पहले से ही श्रीकृष्ण में प्रगाढ़ प्रेमवान् थे, उसका कथन श्रीसूत ने शौनकादि के समीप में किया था।

वैयासकेरिति वचस्तत्त्वनिश्चयमात्मनः। उपधार्य्यमतिं कृष्णे औत्तरेयः सतीं व्यधात्। (भा० २।४।१)

व्यासनन्दन के आत्मतत्त्व निश्चायक वाक्यसमूह का श्रवण कर उत्तरानन्दन परीक्षित् श्रीकृष्ण में

सती विद्यमाना कृष्णे या मतिस्तामेव विशेषेण धृतवानित्यर्थः। एतदेव व्यक्तीकरिष्यते राजा (भा० २।८।२)—

"हरेरद्भुतवीर्य्यस्य कथा लोकसुमङ्गलाः।
कथयस्व महाभाग यथाहमखिलात्मनि।
कृष्णे निवेश्य निःसङ्गं मनस्त्यक्ष्ये कलेवरम् ॥"५१॥ इति ॥ श्रीशुकः ॥

५३। एवमेव (भा० १०।१।१) "कथितो वंशविस्तारः" इत्याद्यनन्तरम्, (भा० १०।१।१५)—

(५३) "सम्यग्व्यवसिता बुद्धिः" इत्यादि।

पूर्वं मया नानावताराविकथाभिरभिनन्दितस्यापि यच्छ्रीवसुदेवनन्दनस्यैव कथायां नैष्ठिकी स्थायिरूपा रतिर्जाता, एषा बुद्धिस्तु सम्यग्व्यवसिता परमरसविदग्धेत्यर्थः॥ श्रीशुकः॥

सर्वसम्वादिनी

विद्यमानत्वादुपदेशद्वये निजेनौदासीन्येनावेशेन च लिङ्गेनापूर्णत्वोपलम्भात्, फल-भेद-व्यपदेशेन एव-कारेण

निज सतीमति का धारण विशेष रूप से किए थे।

सती,—पूर्व से ही श्रीकृष्ण में विद्यमाना जो मति थी, उसकी धारणा, विशेष रूप से महाराज ने किया था, यह ही मर्मार्थ है। विशेष रूप से मति धारण की वार्त्ता श्रीपरीक्षित् वाक्य में ही सुव्यक्त है।

"एतद्वेदितुमिच्छामि तत्त्व तत्त्वविदाम्वर! हरेरद्भुतवीर्यस्य कथा लोक सुमङ्गलाः॥
कथयस्व महाभाग यथाहमखिलात्मनि। कृष्णे निवेश्य निःसङ्गं मनस्त्यक्ष्ये कलेवरम्॥

(भा० २।८।२-३)

हे महाभाग! आप, अद्‌भुत वीर्य्य श्रीहरि की लोकसुमङ्गला कथा का वर्णन करें। उक्त कथा के द्वारा अखिलात्मा श्रीकृष्ण में सर्ववासनाशून्य मनः को स्थापन कर देहत्याग करूँगा।

श्रीशुकदेव की उक्ति है ॥५२॥

इस प्रकार (भा० १०।१।१) "कथितो वंशविस्तारो भवता सोमसूर्य्ययोः।
राज्ञाञ्चोभयवंश्यानां चरितं परमाद्‌भुतम्॥
यदोश्च धर्मशीलस्य नितरां मुनिसत्तम!
तत्रांशेनावतीर्णस्य विष्णोर्वीर्य्याणि शंस नः॥" इत्यादि श्रीपरीक्षित् के कथन के पश्चात् "सम्यग्व्यवसिताबुद्धिस्तव राजर्षि सत्तम! वासुदेव कथायां तेयज्जातानैष्ठिकी रतिः॥" श्रीशुक वाक्य से जो तात्पर्य्य प्रकाशित हुआ है, हे राजर्षिसत्तम! आपकी बुद्धि सम्यक् प्रकार से कृतनिश्चयात्मिका है। तज्जन्य ही श्रीवासुदेव की कथा में आपकी नैष्ठिकी रति उत्पन्न हुई है।

इसके पहले बहुविध अवतार कथा श्रवण से आप आनन्दित हुए हैं। तथापि वसुदेव नन्दन की कथा में आपकी नैष्ठिकी रति है। अर्थात् स्थायिरूपा रति का आविर्भाव हुआ है। उससे प्रतीत होता है कि—आपकी बुद्धि परमविदग्ध है। श्रीशुकदेव का कहने का अभिप्राय यह ही है।

उत्तम कार्य्यानुष्ठानकारी व्यक्ति ही प्रशंसार्ह होता है। श्रीकृष्ण में मनोनिवेश करना सर्वोत्तम कार्य्य है। अतः श्रीपरीक्षित् की बुद्धि की प्रशंसा करते हैं। विशेषतः नाना अवतार वर्णन गहन कानन के मध्य में वर्णित श्रीकृष्ण को सर्वोत्तम रूप से अवगत होना ही बुद्धि वैदग्धी-पाण्डित्य की चरम पराकाष्ठा है। श्रीशुकदेव का कथन है ॥५३॥

५४। तथा, (भा० १०।१२।४०) "इत्थं द्विजा यादववेवदत्तः, श्रुत्वा स्वरातुश्चरितं विचित्रम्" इत्यनन्तरम् (भा० १०।१२।४४)—

(५४) "इत्थं स्म पृष्टः स च बादरायणि,-स्तत्स्मारितानन्तहृताखिलेन्द्रियः।
कृच्छ्रात् पुनर्लब्धबहिर्द्दृशिः शनैः, प्रत्याह तं भागवतोत्तमोत्तम॥"६२॥

अनन्तः प्रकटितपूर्णैश्वर्य्यश्रीकृष्णः सर्वदा तेन स्मर्य्यमाणेऽपि तस्मिन् प्रतिक्षण-नव्यत्वेनैव तत्स्मारितेत्युक्तम्॥ श्रीसूतः॥

सर्वसम्वादिनी

च तत्तदर्थस्यैव पृष्टत्वाच्च, साक्षादेव भजनीय-तारतम्यमुपलभ्यते। वस्तुतस्तु सर्वभावेनेत्यस्य सर्वेन्द्रिय-

अतएव भा० १०।१२।४० में उक्त है— श्रीसूत उवाच—

"इत्थं द्विजा यादववेवदत्तः श्रुत्वा स्वरातुश्चरितं विचित्रम्।
पप्रच्छ भूयोऽपि तदेव पुण्यं वैयासकिं यन्निगृहीतचेताः॥"

टीका—येन श्रवणेन निगृहीतं वशीकृतं चेतो यस्य सः॥

वैष्णवतोषणी। अत्राकस्मात् सूत उवाच इति तत् प्रसङ्गे परमानन्दस्य वैशिष्ट्यात् सोऽपि तत्र तौ तुष्टाव इत्यर्थः। येन चरितेन निगृहीतं तद्वियोगमयप्रेमाविर्भावनेन पीड़ितं चेतो यस्य सः। तथापि प्रश्ने हेतुः—पुण्यं शुभावहमिति, तत् पीड़ायास्तदेकौषधत्वादिति भावः।

सूत उवाच—"इत्थं स्म पृष्टः स तु बादरायणि,-स्तत्स्मारितानन्तहृताखिलेन्द्रियः।
कृच्छ्रात् पुनर्लब्धबहिर्द्दृशिः शनैः प्रत्याह तं भागवतोत्तमोत्तम॥"

टीका—तेन यः स्मारितोऽनन्तस्तेन हृतानि अखिलेन्द्रियाणि यस्य सः। तथाभूतोऽपि कथञ्चिल्लब्ध बहिर्द्दृष्टिः, हे भागवतोत्तमोत्तम! हे शौनक!

वैष्णवतोषणी। बादरायणिरिति—पितृनामोल्लेखात्तस्यापि नन्दनत्वेन माहात्म्यविशेषः सूचितः। अतएव तेन तदीय प्रश्नविशेषेण स्मारितस्तत्तद्विशेषेण हृदयं प्रापितोऽनन्तः शाद्वलजेमनादिब्रह्मस्तूयमान तात्पर्य्यन्तानन्तैश्वर्य्यमाधुरीकः कृष्णः तेन हृताखिलेन्द्रियः, प्रेमभरेण तदेकपरिस्फूर्त्या लीनसर्वेन्द्रिय-वृत्तिरित्यर्थः। अयं प्रमोदमोहानुभवः प्रलयाख्यः, कम्पपुलकादिवत्, प्रेमविकारविशेषो ज्ञेयः। संस्मारित इति क्वचित् पाठः। तथापि स एवार्थः। स च स्वाम्य सम्मतः, चित्सुखस्य तु सम्मतः, कृच्छ्रादुच्चैः करताल-शङ्ख-भेरी-दुन्दुभि-निःशानादिवाद्ययुक्त-कीर्त्तनोद्घोदर्णबहुल-प्रयासेन लब्धबहिर्द्दृशिः जातेन्द्रिय बहिर्वृत्तिरित्यर्थः। पुनरित्यनेन पूर्वमपि वारंवारमीदृशोजातोऽस्तीति बोध्यते, तत्र तत्रैव तातेति वारम्वारं सम्बोधनमित्यभिज्ञा आहुः। तदर्थं श्रीपरीक्षिता महाय्यप्रेण सता निजान्तिके तत्तद्वाद्यादिश्रीकृष्णकीर्त्तन-सामग्रीश्रीजनमेजयतो रक्षितास्तीत्याख्यायिका प्रसिद्धा। शनैरिति, तदानीमनुवर्त्तमानेन प्रेमभरेणाक्रान्त-त्वात्। हे भागवतोत्तमोत्तम इति—तत्परमगुह्यमपि श्रोतुमर्हसीति भावः। क्वचित् साम्यसम्मतो द्वितीयान्तपाठः, चित्सुखसम्मतः। ततश्च प्रतिवचने हेतुर्ज्ञेयः॥

पूर्ण ऐश्वर्य्य प्रकटन हेतु ही श्रीकृष्ण अनन्त नाम से अभिहित हैं। श्रीपरीक्षित् ने स्मरण कराया, कहने से यह प्रतीत नहीं होता है कि—इसके पहले श्रीशुकदेव श्रीकृष्ण स्मरण नहीं करते थे। किन्तु श्रीशुकदेव निरन्तर ही श्रीकृष्ण स्मरण करते थे। राजा के प्रश्न से उक्त स्मृति नूतन से नूतनतम रूप से अनुभूत होती थी। तज्जन्य ही कहा गया है—श्रीपरीक्षित् ने स्मरण करवाया।

पितृनामोल्लेखपूर्वक अर्थात् 'बादरायणि' शब्द से शुकदेव को सम्बोधन करने से उनका आनन्द प्रदाता रूप में विशेष माहात्म्य सूचित हुआ। अतएव राजा प्रश्न विशेष से ब्रह्ममोहन लीलापरायण

५५। अतएव (भा० २।३।१५) "स वै भागवतो राजा" इत्याद्यनन्तरं राज्ञा समान-वासनत्वेनैव तमाह, (भा० २।३।१६)—

(५५) "वैयासकिश्च भगवान् वासुदेवपरायणः।
उरुगायगुणोदाराः सतां स्युर्हि समागमे ॥"६३॥

'च'-शब्दः प्राग्वर्णितेन समानवासनत्वं बोधयति। तस्माच्छ्रीवसुदेवनन्दनत्वेनैवात्रापि 'वासुदेव'-शब्दो व्याख्येयः। अन्येषामपि सतां समागमे तावदुरुगायस्य गुणोदाराः कथा भवन्ति। तयोस्तु श्रीकृष्णचरितप्रधाना एव ता भवेयुरिति भावः ॥ श्रीशौनकः ॥

५६। किं बहुना, श्रीशुकदेवस्य श्रीकृष्ण एव तात्पर्य्यं तदेकचरितमयौ ग्रन्थार्द्धायमानौ दशमैकादशस्कन्धावेव प्रमाणम्। स्कन्धान्तरेष्वन्येषाञ्चरितं संक्षेपेणैव समाप्य ताभ्यां तच्चरितस्यैव विस्तारितत्वात्। अतएवारम्भत एव तत्प्रसादं प्रार्थयते (भा० २।४।२०)—

सर्वसम्वादिनी

प्रवणतयेत्यर्थः;—गौण-मुख्य न्यायेनैव ज्ञानमिश्रस्य सर्वात्मता-भावना-लक्षण-भजनरूपार्थस्य बाधितत्वात्,

श्रीकृष्ण का माधुर्य्यास्वादन हृदय में उद्वेलित हो उठा, उससे ही आपकी निखिलेन्द्रियवृत्ति स्तिमित हो गई। यह प्रमोदमोहानुभव जनित प्रलयाख्य नामक सञ्चारिभाव है। 'संस्मारित' पद दृष्ट होता है, किन्तु यह स्वामिसम्मत नहीं है, चित्सुख सम्मत है। उसका अर्थ भी समान ही है। वाद्ययन्त्र के सहित कीर्त्तन प्रयास से बहिर्वृत्ति का सम्पादन हुआ था। प्रसिद्धि है कि—महाराज के आदेश से जनमेजय कीर्त्तन मण्डली के द्वारा समय समय में उपस्थित अन्तर्मुखिता से बहिर्वृत्ति का सम्पादन करते थे। प्रेमातिशय्य से आक्रान्त होने से शुकदेव शनैः शनैः बहिर्वृत्ति प्राप्त किए थे। हे 'भगवतोत्तमोत्तम' सम्बोधन है। परमपुण्यात्मक गोपनीय कथा श्रवण सौभाग्य हेतु प्रशंसा वचन है। 'भागवतोत्तमोत्तम्' द्वितीयान्त पाठ भी दृष्ट होता है। यह पाठ स्वामिसम्मत नहीं है, चित्सुख सम्मत है। उत्तर के प्रति यह ही हेतु है। प्रकरण प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥५४॥

अतएव (भा० २।३।१५) "स वै भागवतो राजा पाण्डवेयो महारथः,
बालः क्रीडनकैः क्रीडन् कृष्णक्रीडां य आददे।" श्लोक में राजा परीक्षित् को पाण्डव वंशधर महारथ एवं भागवत कहा गया है। परवर्त्ती श्लोक में "वैयासकिश्च भगवान् वासुदेव परायणः। उरुगायगुणोदारा सतां स्युर्हि समागमे॥" श्रीपरीक्षित् के समान वासनाविशिष्ट रूप से ही शुकदेव का वर्णन हुआ है। भगवान् व्यासनन्दन भी वासुदेव परायण हैं। उरुगाय श्रीकृष्ण के गुण वर्णन के द्वारा जो महती कथा प्रसिद्ध है। साधुसमागम में उक्त कथा का ही कीर्त्तन होता है। श्लोकोक्त 'च' शब्द के द्वारा (वैयासकिश्च) पूर्व वर्णित राजा का समान वासनाविशिष्टत्व सूचित हुआ है। अर्थात् परीक्षित् के समान श्रीशुकदेव भी श्रीवासुदेव परायण थे। अन्यान्य साधुसमागम में किसी भगवत् स्वरूप का प्रसङ्ग होता है, किन्तु उक्त समान हृदयाक्रान्त व्यक्तिद्वय के मध्य में श्रीकृष्ण चरित प्रधान कथा ही होगी। कारण श्रीवसुदेव सुत उन दोनों का परमाश्रय हैं, उनको छोड़कर अपर स्वरूप की कथा से उन दोनों को सम्पूर्ण उल्लास सम्भावना नहीं की जाती है। प्रवक्ता श्रीशौनक हैं ॥५५॥

श्रीशुकदेव का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, इस विषय में अधिक प्रमाण उट्टङ्कन की आवश्यकता नहीं है। कारण, श्रीमद्भागवत के अर्द्धपरिमित श्रीकृष्ण चरित प्रधान, दशम एवं एकादश स्कन्ध ही उसका प्रकृष्ट प्रमाण है।

(५६) "श्रियः पतिः" इत्यादौ "पतिर्गतिश्चान्धक-वृष्णिसात्वतां
प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः"

स्पष्टम् ॥ श्रीशुकः ॥

५७ । अथ श्रीव्यासदेवस्य (भा० १।७।६-७)—

(५७) "अनर्थोपशमं साक्षाद्भक्तियोगमधोक्षजे ।
लोकस्याजानतो व्यासश्चक्रे सात्वतसंहिताम् ॥"६४॥

सर्वसम्वादिनी

(गी० १८।६२) 'स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम्' इति लोकविशेष-प्राप्तेरेव निर्दिष्टत्वात् ।

स्कन्धान्तर में अन्यान्य भगवत्स्वरूप की कथा का वर्णन सङ्क्षेप में समाप्त करके उक्त स्कन्धद्वय में श्रीकृष्ण चरित का सुविस्तार वर्णन आपने किया है । श्रीशुकदेव का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में होने के कारण ही आपने श्रीमद्भागवत कीर्त्तन में प्रवृत्त होकर तदीय प्रसाद की प्रार्थना भा० २।४।२० में की है—

"श्रियः पतिर्यज्ञपतिः प्रजापतिर्धियां पतिर्लोकपतिर्धरापतिः ।
पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः ॥

टीका—सर्वपालकत्वमनुस्मरन्नाह—श्रिय इति । गतिश्च सर्वापत्सु रक्षकः ॥

क्रमसन्दर्भः । तदेवं निजोपास्यविशेषं रहस्यत्वेनाभिव्यज्य परमप्रेमावेशेनैव व्यञ्जयन्नाह—श्रियः सर्वसम्पदधिष्ठात्र्याः पतिः—स्वामी, अतो यज्ञानां सर्व-श्रेयः साधनानां च पतिः फलदाता, अतः प्रजानां सर्वेषामेव पतिरीश्वरः । यतो पतिस्तासामन्तर्य्यामी, ततस्ततश्च तासां ये लोका भोग्य भुवनानि, तेषामपि पतिर्भोक्ता, स एव च धरापतिः, कृपयावतीर्य्य धरापतित्व— लीलाञ्च व्यञ्जितवानित्यर्थः । कोऽसावित्य-पेक्षायामाह—पतिरिति, पतिः—पालको गतिर्नित्याश्रयश्च । तत्र प्रमाणमाह—सतां तदनुभविनां पतिराश्रय इति ॥

लक्ष्मीपति, यज्ञपति, बुद्धिपति, लोकपति, पृथिवीपति, अन्धक, वृष्णि एवं भक्तवृन्दों के पति एवं गति, एतद्रूप साधुसमूह के पति, भगवान् मेरे प्रति सन्तुष्ट होवे ।

यहाँ श्रीकृष्ण की प्रसन्नता प्रार्थित हुई है—इसका प्रमाण क्या है ? उत्तर—श्रीकृष्ण ही अन्धक एवं वृष्णिगणों का पालक एवं नित्याश्रय है । सुतरां अन्धक एवं वृष्णिवृन्दों की गति एवं पति कहने से श्रीकृष्ण का ही बोध होता है ।

क्रमसन्दर्भ । निजोपास्य अति गोपनीय होने के कारण परम प्रेमावेश से ही व्यञ्जित करते हैं, श्री—निखिल सम्पत् अधिष्ठात्री देवी का पति—स्वामी, अतएव, यज्ञ प्रभृति निखिल श्रेयः साधनों का पति—फलदाता हैं । तज्जन्य समस्त प्रजाओं का पति—ईश्वर हैं । कारण, बुद्धिवृत्तियों का पति—उन सबका अन्तर्य्यामी हैं । अतएव उन सब जो लोक—भोग्य भुवनसमूह हैं, उन सबका पति एवं भोक्ता हैं, वह ही धरापति हैं । कृपापूर्वक धरातल में अवतीर्ण होकर धरापतित्व लीला का विस्तार किए हैं, वह कौन हैं ? उत्तर में कहते हैं—पति, पति—पालक, गति—नित्याश्रय, उस विषय में प्रमाण का प्रदर्शन करते हैं । सतां—सज्जनवृन्दों का तदनुभवि जनों का पति—आश्रय हैं । सुस्पष्ट रूप से श्रीशुकदेव ने कहा ॥५६॥

श्रीव्यासदेव का भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है । भा० १।७।६-७ में वर्णित है—"अधोक्षज श्रीकृष्ण में भक्तियोग अनुष्ठित होने से जीव की अनर्थ निवृत्ति होती है । समाधिस्थ होकर व्यासदेव ने इस विषय को प्रत्यक्ष किया एवं लोक हितार्थ श्रीमद्भागवत रूप सात्वत संहिता का प्रणयन किया । जिसका श्रवण

यस्यां वै श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे ।
भक्तिरुत्पद्यते पुंसः शोक-मोह-भयापहा ॥"६५॥

अधोक्षजे श्रीकृष्णे; (हरिवंशे विष्णु-प० १०१।३०-३२)

"अधोऽनेन शयानेन शकटान्तरचारिणा । राक्षसी निहता रौद्रा शकुनीवेशधारिणी ॥६६॥
पूतना नाम घोरा सा महाकाया महाबला । विषदिग्धं स्तनं क्षुद्रा प्रयच्छन्ती जनार्दने ॥६७॥
ददृशुर्निहतां तत्र राक्षसीं वनगोचराः । पुनर्जातोऽयमित्याहुरुक्तस्तस्मादधोक्षजः ॥"६८॥

इति हरिवंशे वासुदेव-माहात्म्ये तन्नाम्नः श्रीकृष्णविषयतया प्रसिद्धेः । अतएवोत्तरत्र-पद्ये साक्षात् कृष्ण इत्येवोक्तम् । श्रीभगवन्नामकौमुदीकाराश्च (३।६)—"कृष्ण-शब्दस्य तमाल-श्यामलत्विषि यशोदास्तनन्धये परब्रह्मणि रूढ़िः" इति प्रयोगप्राचुर्यात्तत्रैव प्रथमत एव प्रतीतेरुदय इति चोक्तवन्तः । सामोपनिषदि च—"कृष्णाय देवकीनन्दनाय" इति । अत्र ग्रन्थफलत्वं तस्यैव व्यक्तमिति चैकेनैवानेन तत्परिपूर्णता सिध्यति ॥ श्रीसूतः ॥

सर्वसम्वादिनी

तस्माच्च भजनावृत्ति-तारतम्यावधारणः । न च भजनीयस्यैव परोक्षापरोक्षतया निर्देशयोस्तारतम्यम् ।

से परमपुरुष श्रीकृष्ण में भय-शोक-मोह नाशिनी भक्ति का उदय जीव में होता है ।

श्लोकोक्त अधोक्षज शब्द का अर्थ श्रीकृष्ण हैं । कारण श्रीहरिवंश के श्रीवासुदेव माहात्म्य में अधोक्षज नाम से श्रीकृष्ण ही अभिहित हैं । (हरिवंश-विष्णुपर्व १०१।३०-३२) "शकट के निम्नभाग में शयित श्रीकृष्ण कर्त्तृक राक्षसी निहता हुई । वह राक्षसी—विकटाकृति, शकुनीवेशधारिणी पूतना नाम धारिणी थी । वह महाकाय, महाबल विशिष्टा, घोररूपिणी, क्षुद्राशया श्रीकृष्ण को विषदिग्ध स्तनदान कर रही थी । उस समय श्रीकृष्ण ने उसको विनष्ट किया । राक्षसी को निहता देखकर गोपगोपीगण कहने लगे थे—इस बालक का पुनर्जन्म हुआ है । अतः इसका नाम अधोक्षज है । अधोक्षज नाम से श्रीकृष्ण प्रसिद्ध हैं ।" अतएव परवर्त्ती श्लोक में साक्षात् सम्बन्ध में श्रीकृष्ण शब्द का ही प्रयोग हुआ है । श्रीकृष्ण शब्द से भगवत्स्वरूप का बोध स्वाभाविक रूप से होता है । उसकी प्रतीति के निमित्त श्रीभगवन्नाम कौमुदीकार कहते हैं—"तमालश्यामल कान्ति यशोदास्तन्यपायी परब्रह्म में श्रीकृष्ण शब्द की रूढ़ि वृत्ति है । कारण यशोदानन्दन में ही श्रीकृष्ण शब्द का प्रचुर प्रयोग दृष्ट होता है, एवं श्रीकृष्ण शब्द श्रवणमात्र से ही सर्व प्रथम यशोदानन्दन की प्रतीति होती है ।"

सामवेदीय छान्दोग्योपनिषद में लिखित है—"तद्धैतद् घोर आङ्गिरसः कृष्णाय देवकी-पुत्रायोक्त्वोवाचापिपास एव स बभूव, सोऽन्तवेलायामेतत् त्रयं प्रतिपद्येताक्षितमस्यच्युतमसि प्राणसंशितमसीति तत्रैते द्वे ऋचौ भवतः ।" (३।१७।६) आङ्गिरस घोर नामक ऋषि, देवकीनन्दन श्रीकृष्ण को नमस्कार कर शिष्य को कहे थे,—यथोक्त यज्ञवित् पुरुष मृत्यु समय में 'अक्षितमसि' तुम अक्षय हो, 'अच्युतमसि' तुम अच्युत हो, 'प्राणसंशितमसि' तुम प्राण से भी प्रियतम हो, इस मन्त्रत्रय का स्मरण करो । उपासना से श्रीभगवत् साक्षात्कार एवं साक्षात्कार से तत्प्राप्ति विषय में मन्त्रद्वय भी है ।

उक्त ऋक् में श्रीकृष्ण को देवकीनन्दन कहा है, श्रीयशोदा का अपर नाम देवकी है, इसका वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में होगा । सुतरां परमपुरुष श्रीकृष्ण शब्द से श्रीयशोदानन्दन को ही जानना होगा, अन्य स्वरूप को नहीं ।

श्रीमद्भागवत ग्रन्थ का एकमात्र तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, उसकी सम्यक् प्रतीति—"यस्यां वै

५८। अथ श्रीनारदस्य (भा० १।५।२६)—

(५८) "तत्रान्वहं कृष्णकथाः प्रगायता,-मनुग्रहेणाश्रृणवं मनोहराः।
ताः श्रद्धया मेऽनुपदं विश्रृण्वतः, प्रियश्रवस्यङ्ग ममाभवद्रतिः॥"६६॥

(भा० १०।७।१) "येन येनावतारेण" इत्येतच्छ्रीपरीक्षिद्वचनपद्यद्वयमप्यत्र श्रीयशोदास्तनन्धयत्वे साधकं श्रुतिसामान्य-न्यायेन॥ श्रीनारदः श्रीवेदव्यासम्॥

सर्वसम्वादिनी

तदैव तया प्राचीनयार्वाचीनया चानया गतिक्रियया सङ्कोच-वृत्तिरियं कल्पनीया। यदन्तर्यामिणः

श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे भक्तिरुत्पद्यते पुंसः शोकमोहभयापहा" इस श्लोक से होती है। कारण—श्रीमद्भागवत श्रवण का फल, श्रीकृष्णभक्ति का उदय है, उसका निर्देश उक्त श्लोक में हुआ है।

प्रकरण प्रवक्ता श्रीसूत हैं॥५७॥

श्रीकृष्ण में श्रीनारद का भी तात्पर्य्य है। भा० १।५।२६ में कथित है, श्रीनारद श्रीव्यासदेव को कहे थे—"हे प्रिय! ब्राह्मणगण की उच्छिष्ट का भोजन करने से मेरी रुचि, श्रीकृष्ण-कथा में हुई। श्रीकृष्ण कथा कीर्त्तनकारी ब्राह्मणों के समीप में उनके अनुग्रह से उसका निरन्तर श्रवण मैंने किया, प्रतिपद का श्रवण श्रद्धा के सहित करने से निज यशः प्रिय श्रीकृष्ण में मेरी भक्ति हुई थी।

टीका—अश्रृणवं, श्रुतवानस्मि। मे श्रद्धया—ममैव स्वतः सिद्धया, न त्वनेन बलाज्जनितया, अतो ममेत्यस्यापौनरुक्त्यम्, अनुपदं, प्रतिपदं, प्रियं श्रवो यस्य तस्मिन्॥

क्रमसन्दर्भः। तत्रेति—कृष्णकथा, श्रीनन्दनन्दनस्य जन्मादिलीलाः, (भा० १०।७।२) "यच्छृण्वतो-ऽपैत्यरतिर्वितृष्णा" इत्यादेः प्रियं सर्वेषां प्रीतिविषयं श्रवः कीर्त्तिर्यस्य॥

श्रीराजोवाच—

"येन येनावतारेण भगवान् हरिरीश्वरः। करोति कर्णरम्याणि मनोज्ञानि च नः प्रभो॥
यच्छृण्वतोऽपैत्यरतिर्वितृष्णा सत्त्वञ्च शुध्यत्यचिरेण पुंसः।
भक्तिर्हरौ तत्पुरुषे च सख्यं तदेव हारं वद मन्यसे चेत्॥
अथान्यदपि कृष्णस्य तोकाचरितमद्भुतम्।
मानुषं लोकमासाद्य तज्जातिमनुरुन्धतः॥" (भा० १०।७।१-३)

श्रीपरीक्षित् उक्त श्लोकद्वय मेंवर्णित फल रूप प्रमाणानुसार से श्रीनारदोक्त श्रीकृष्ण, श्रीयशोदानन्दन रूप में प्रमाणित हुये हैं। कारण, उभय स्थल में एक प्रकार फल दृष्ट होता है। अर्थात् श्रीपरीक्षित् महाराज—श्रीयशोदानन्दन की पूतना मोक्षण लीला को सुनकर जिस प्रकार श्रीकृष्ण प्रीति आविर्भाव का अनुभव किए थे, उस प्रकार श्रीनारद का भी श्रीकथा श्रवण से प्रीति का उदय हुआ था। इससे श्रीकृष्ण शब्द से श्रीयशोदानन्दन का ही बोध होता है। कारण शब्द द्वारा स्वाभाविक रूप से श्रवण मार्ग से ही जिस अर्थ का बोध होता है, उस नियम से ही कृष्ण शब्द यशोदा स्तनन्धय में ही रूढ़ि है। श्रुतिसामान्य न्याय मीमांसादर्शन प्रथम पादस्थ एकत्रिंश सूत्र है। श्रुति—अर्थात् शब्द से जो बोध होता है, वह श्रुति है। इस प्रकार व्युत्पत्ति के अनुसार श्रुति शब्द का अर्थ शब्द है। सामान्य अर्थात् समानता अथवा सादृश्यमात्र है, अतः उक्त श्रुतिसामान्य नियम से कृष्णशब्द का यशोदास्तनपायी में ही प्रथम प्रतीति है। श्रीनारद श्रीवेदव्यास को कहे थे॥५८॥

५९। तच्छब्दस्यैवाभ्यासोऽपि दृश्यते (भा० १।६।२८) "एवं कृष्णमतेः" इत्यादौ। अन्यत्र च (भा० ७।१०।४८-५०)—

(५९) "यूयं नृलोके बत भूरिभागा, लोकं पुनाना मुनयोऽभियन्ति।
येषां गृहानावसतीति साक्षाद्,-गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम् ॥१००॥
स वा अयं ब्रह्म महद्विमृग्य,-कैवल्यनिर्वाणसुखानुभूतिः।
प्रियः सुहृद्वः खलु मातुलेय आत्मार्हणीयो विधिकृद्गुरुश्च ॥१०१॥
न यस्य साक्षाद्भवपद्मजादिभी, रूपं धिया वस्तुतयोपवर्णितम्।
मौनेन भक्त्योपशमेन पूजितः, प्रसीदतामेष स सात्वतां पतिः ॥"१०२॥

टीका च—"अहो प्रह्लादस्य भाग्यं येन देवो दृष्टः; वयन्तु मन्दभाग्या इति विषीदन्तं राजानं प्रत्याह—यूयमिति त्रिभि" इत्येषा। मनुष्यस्य दृश्यमानमनुष्यस्येव लिङ्गं

सर्वसम्वादिनी

सकाशादन्यापरावस्था न श्रूयते शास्त्रे, श्रूयते तु तदवस्थातः परा, ततोऽपि परा च सर्वत्र।

अत्रैव तावत् (गी० ७।३०) 'साधिभूताधिदैवं मां साधियज्ञञ्च ये विदुः' इत्यादौ भेद-व्यपदेशान्

श्रीमद्भागवतस्थ श्रीनारदोक्ति समूह में श्रीकृष्ण शब्द का बारम्बार प्रयोग भी दृष्ट होता है। पुनः पुनः कथन ही अभ्यास है। भा० १।६।२८ में उक्त है—

"एवं कृष्णमते र्ब्रह्मन्नासक्तस्यामलात्मनः। कालः प्रादुरभूत् काले तड़ित् सौदामिनी यथा॥"

टीका—काले—स्वावसरे, कालो—मृत्युः, प्रादुरभूत्—आविर्बभूव। अकस्मात् प्रादुर्भावे दृष्टान्तः—तड़िदिति। सौदामिनीति विशेषणं, स्फुटत्वप्रदर्शनार्थम्। सुदामा-माला, तत्र भवा सौदामनी मालाकारेत्यर्थः। यद्वा, सुदामा नाम कश्चित् स्फटिकपर्वतः, तेनैकविंशति सूत्रेण अणु, स्फटिकमयपर्वत-प्रान्तभाग भवा हि विद्युदतिस्फुटा भवति तद्वदित्यर्थः, यद्वा, तड़िदिदन्तिक इत्यर्थः। तड़िदन्तिक-वज्रयोरिति नैरुक्तस्मरणात्।

श्रीनारद कहे थे—हे ब्रह्मन्! इस प्रकार यथा समय में विद्युन्माला के समान कृष्णभक्त तद्गत चित्त अमलात्मा मेरी भगवत् कृपा प्राप्ति का अवसर उपस्थित हुआ था।

इस प्रकार भा० ७।१०।४८-५० में श्रीयुधिष्ठिर के प्रति श्रीनारद महोदय ने कहा था। इस मनुष्य लोक में आप सब ही यथार्थ भाग्यवान् हैं। अहो, जो मुनिगण चरणरेणु प्रदान द्वारा जगत् को पवित्र करते रहते हैं, वे सब सर्वदा स्वेच्छा से आपके गृह में आते रहते हैं। कारण, मनुष्यविग्रहधारी परमब्रह्म आपके घर में निवास कर रहे हैं।

विवेकिगण, जिस कैवल्यस्वरूप निर्वाण सुख का अनुसन्धान निरन्तर करते रहते हैं, उन निरुपाधि परमानन्दानुभूतिस्वरूप परमब्रह्म श्रीकृष्ण, आप सबके प्रीति सम्पादक, हितकारी मातुलेय निज निज शरीर के समान नितान्त प्रिय, कृपा हेतु प्रतिपालक, किङ्कर एवं हितोपदेष्टा हैं।

जिनके रूप-तत्त्वादि का वर्णन ब्रह्मा, रुद्रादि यथार्थ रूप से करने में समर्थ नहीं हैं। कारण, उनमें किसी की बुद्धि प्रविष्ट हो नहीं सकती है। मौनव्रत, वैराग्य के द्वारा आराधित उन यादवाधिपति हमारे प्रति प्रसन्न होवे। (भा० ७।१०।४८-५०)

टीका—अहो प्रह्लादस्य भाग्यम्, येन देवो दृष्टः। वयन्तु मन्दभाग्याः, इति विषीदन्तं तं प्रत्याह—यूयमिति त्रिभिः। येषां—युष्माकम्, गृहान् मुनयोऽभियन्ति—सर्वतः समायान्ति। तत् कस्य हेतोः,

करचरणादिसन्निवेशो यस्य तं रूपं श्रीविग्रहः, वस्तुतया नोपवर्णितं तद्रूपस्यैव परब्रह्मत्वेन किमिदं वस्त्विति निर्वक्तुमशक्यत्वात्; यथोक्तं सहस्रनामस्तोत्रे (३२श श्लो०) 'अनिर्देश्यवपुः' इति। एषामेव पद्यानां सप्तमान्तेऽपि परमामोदकत्वात् पुनरावृत्तिर्दृश्यते ॥ स श्रीयुधिष्ठिरम् ॥

६० । अत्र च स्पष्टम् (भा० १।६।३३-३४)—

(६०) "देवदत्तामिमां वीणां स्वरब्रह्म-विभूषिताम् ।
मूर्च्छयित्वा हरिकथां गायमानश्चराम्यहम् ॥१०३॥
प्रगायतः स्ववीर्य्याणि तीर्थपादः प्रियश्रवाः ।
आहूत इव मे शीघ्रं दर्शनं याति चेतसि ॥"१०४॥

सर्वसम्वादिनी

तत्र (पाणिनि-सू० २।३।१९) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' इति स्मरणेनाधियज्ञस्यान्तर्यामिणः सहार्थ-तृतीयान्ततया लब्ध-

येषु गृहेषु नराकारं गूढं सत् श्रीकृष्णाख्यं परं ब्रह्म साक्षात् वसतीति ।४८।

ननु कृष्णोऽस्माकं मातुलेयः, कथं ब्रह्मेत्युच्यते ? तत्राह—सेवा इति । सोऽयं ब्रह्मैव । कथम्भूतः ? महद्भिर्विमृग्यं यत् कैवल्यनिर्वाणसुखं निरुपाधिपरमानन्दः तदनुभूतिरूपः, यो युष्माकं खलु प्रियः सुहृदित्यादिरूपो भवति । विधिकृत् आज्ञानुवर्ती ।४९।

ननु परंब्रह्म चेत् कथं द्व्यष्टसहस्र स्त्रीषु रतिः ? कथं वा धर्माद्याचरणं तस्य ? इत्यत आह—न यस्येति । यस्य रूपं तत्त्वं भवादिभिरपि धिया स्वबुद्ध्या वस्तुतया इदमित्थमिति साक्षान्नोपवर्णितं, स युष्माकं स्वयमेव प्रसन्नः । अस्माकन्तु मौनादिसाधनैस्तत्प्रसादः प्रार्थनीय एवेत्याह—मौनेनेति । स एव सात्वतां पतिर्नः प्रसीदतु । नहि प्रह्लादस्य गृहेषु परंब्रह्म वसति, न च तद्दर्शनाय मुनयस्तद्गृहानभियन्ति । न च तस्य मातुलेयादिरूपेण वर्त्तते, न च स्वयमेव प्रसन्नम् । अतो यूयमेव ततोऽपि अस्मत्तोऽपि भूरिभाग्या इति भावः ।५०।

अहो, प्रह्लाद के भाग्य की सीमा नहीं है । प्रह्लाद ने तो श्रीभगवान् का दर्शन किया है । हम सब मन्दभाग्य हैं । इस प्रकार से निज विषण्णता का प्रकाशक राजा युधिष्ठिर को उक्त श्लोकत्रय के द्वारा श्रीनारद सान्त्वना प्रदान करते हैं । श्लोकस्थ "परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्ग" दृश्यमान् मनुष्य के समान जिनका करचरणादि का सन्निवेश है, उसका रूप अर्थात् श्रीविग्रह का वर्णन यथार्थ रूप से श्रीशिवादि करने में सक्षम नहीं हैं । कारण, उस प्रकार ही परमब्रह्म हैं । उक्त रूप ही परंब्रह्म हैं । अतएव वह किस वस्तु हैं, उसका निर्णय कोई नहीं कर सकते हैं । सहस्र सहस्रनाम स्तोत्र में श्रीभगवान् को अनिर्देश्य वपुः कहा गया है । उक्त श्लोकत्रय अत्यन्त आनन्द जनक होने से ही सप्तम स्कन्ध समाप्ति के समय उसकी पुनरावृत्ति हुई । श्रीनारद श्रीयुधिष्ठिर को बोले थे ॥५९॥

यहाँ पर निम्नोक्त भा० १।६।३३-३४ श्लोकद्वय में स्पष्टतः ही श्रीनारद का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में वर्णित हुआ है ।

टीका—किमिति पर्य्यटसि ? ईश्वराज्ञया—लोकमङ्गलार्थमित्याह—चतुर्भिः । देवेन ईश्वरेण, दत्ताम् । स्वराः—निषादर्षभ-गान्धार-षड्ज-मध्यम-धैवताः पञ्चमश्च इति सप्त । स एव ब्रह्म, ब्रह्माभिव्यञ्जकत्वात् तेन विभूषिताम् । स्वतःसिद्धसप्तस्वरामित्यर्थः । मूर्च्छयित्वा—मूर्च्छनालापवतीं कृत्वा ।३३। स्वप्रयोजनमाह—प्रगायत इति ।३४।

स्वरब्रह्म—सप्तस्वर हैं । षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत, निषाद, ये सप्तस्वर

देवः श्रीकृष्ण एव, लिङ्गपुराणे उपविभागे तेनैव स्वयं तस्य वीणाग्राहणं हि प्रसिद्धम् । अत्र यद्रूपेण वीणा ग्राहिता, तद्रूपेणैव च चेतसि दर्शनं स्वारस्यलब्धम्; देवदत्तामिति कृतोपकारतायाः स्मर्य्यमाणत्वेन तमनुसन्धायैव तदुक्तेः ॥ श्रीनारदः श्रीवेदव्यासम् ॥

६१ । अत एतदेवमेव-व्याख्येयम् (भा० १।५।२१)—

(६१) "त्वमात्मनात्मानमवेह्यमोघदृक्, परस्य पुंसः परमात्मनः कलाम् ।
अजं प्रजातं जगतः शिवाय त,-न्महानुभावाभ्युदयोऽधिगण्यताम् ॥"१०५॥

हे अमोघदृक् ! त्वमात्मना स्वयमात्मानं स्वं परस्य पुंसः कलामंशभूतमवेहि अनुसन्धेहि । पुनश्च जगतः शिवायाधुनैव श्रीकृष्णरूपेण यश्चाजोऽपि प्रजातस्तमवेहि । तदेतद्द्वयं ज्ञात्वा महानुभावस्य सर्वावतारावतारिवृन्देभ्योऽपि दर्शितप्रभावस्य तस्य श्रीकृष्णस्यैवाभ्युदयो लीला अधि अधिकं गण्यतां निरूप्यताम् । स्वयमीश्वरोऽपि भवान् निजाज्ञानरूपां मायां न प्रकटयत्विति भावः ॥ स तम् ॥

सर्वसम्वादिनी

समास-पदस्य स्वस्मादप्रधानत्वोक्तेरततः परत्वं श्रीकृष्णस्य व्यक्तमेव । (गी० ८।४) 'अधियज्ञोऽहमेवात्र'

ब्रह्माभिव्यञ्जक होने से ब्रह्म हैं । स्वरब्रह्मविभूषिता, स्वतःसिद्ध सप्त स्वर विभूषिता—देवदत्त वीणा के द्वारा मूर्च्छना पूर्वक श्रीहरि कथा गान करते करते सर्वत्र में भ्रमण करता रहता हूँ । जिनके चरण का आविर्भाव स्थान ही तीर्थ, एवं जो स्वीय यशः श्रवण प्रिय हैं, उन श्रीकृष्ण, उनका यशः कीर्त्तन के समय आहूत के समान मेरा हृदय में आविर्भूत होते हैं ।

देव शब्द का अर्थ श्रीकृष्ण ही हैं । लिङ्गपुराण के प्रथम भाग का वर्णन से ज्ञात होता है, श्रीकृष्ण ही श्रीनारद को वीणा ग्रहण कराये थे । उक्त नारद वाक्य से भी बोध होता है कि—जिस रूप में वीणा ग्रहण कराये थे, उस रूप में ही हृदय में आविर्भूत हुये थे । उसकी प्रतीति स्वाभाविकी है । विशेषतः, "देवदत्त वीणा" शब्द से प्रतीति होती है कि—श्रीकृष्ण वीणा प्रदान किये थे । उक्त उपकार का स्मरण करके ही उक्त विशेषण प्रदान किये हैं । श्रीनारद श्रीवेदव्यास को बोले थे ॥६०॥

श्रीव्यास के प्रति श्रीनारद की उक्ति भी इस प्रकार है—"हे अव्यर्थ दर्शन ! आप स्वयं को परम पुरुष परमात्मा का अंश रूप से जानो । जगत् के मङ्गल के निमित्त जन्मरहित होकर भी जो कृष्ण रूपसे जन्म ग्रहण किए हैं, उन महाभाव की लीला का निरूपण अधिक रूप से करो ।"

श्रीनारद का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, अतः उक्त श्लोक की व्याख्या करना आवश्यक है । "हे अमोघदृक् ! आप निज को परमपुरुष की कला—अंशभूत स्वरूप से जानो, पुनश्च जगत् के मङ्गलनिमित्त जन्मादिरहित होने पर भी सम्प्रति जो श्रीकृष्ण रूप में आविर्भूत हुये हैं, उसको भी यथार्थ रूप से जानो ।" उक्त विषयद्वय को सम्यक् रूप से अवगत होकर महानुभाव का—अर्थात् सर्वावतार अवतारीवृन्द से भी जिन्होंने प्रचुर प्रभाव को प्रकट किया है, उन श्रीकृष्ण का अभ्युदय लीला का, अधि—अधिक रूप से निरूपण करो । आप स्वयं भी ईश्वर हैं, अतः आप स्वीय अज्ञानरूपा माया का प्रकाश न करें ।

यहाँ महानुभाव शब्द का अर्थ—"श्रीकृष्ण" किया गया है । श्रीवेदव्यास ईश्वर का आवेशावतार हैं । तज्जन्य उनको भी ईश्वर कहा गया है ।

श्रीभगवान् निज बहिरङ्गा माया विमुग्ध जीव के अगोचर में अवस्थित हैं । आपकी कृपारूपी

६२। अतएव पुराणप्रादुर्भावाय श्रीव्यासं प्रति श्रीनारदेन चतुर्व्यूहात्मक-श्रीकृष्णमन्त्र एवोपदिष्टस्तदुपासकस्य सर्वोत्तमत्वञ्च; यथा, (भा० १।५।३७-३८)—

(६२) "नमो भगवते तुभ्यं वासुदेवाय धीमहि।
प्रद्युम्नायानिरुद्धाय नमः सङ्कर्षणाय च ॥१०६॥
इति मूर्त्त्यभिधानेन मन्त्रमूर्त्तिममूर्त्तिकम्।
यजते यज्ञपुरुषं स सम्यग्दर्शनः पुमान् ॥"१०७॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

इत्यादौ च तदेव व्यज्यते;—(भा० १।७।४५) "एष वै भगवान् द्रोणः प्रजारूपेण वर्त्तते" इतिवत्।

प्रेरणा को छोड़कर कोई भी उनको जानने में सक्षम नहीं हैं। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण, जब कृपापूर्वक जगत् में आविर्भूत होते हैं, तब उनको जीव जैसे जानना चाहे, इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिये। आप व्यास हैं, आप उनका अवतारविशेष हैं, शास्त्र प्रचार ही आपका कार्य्य है। शास्त्रानुशीलन से ही जीव, परतत्त्व वस्तु को जान सकता है। विद्या एवं अविद्या, एतदुभय ही ईश्वर की शक्ति है। एतदुभय ही आपके अधीन हैं। यदि आप शास्त्र प्रकाश के उपलक्ष्य में अविद्या शक्ति का प्रकाश करें, अर्थात् छलपूर्वक श्रीकृष्ण तत्त्व का गोपण, जीव के निकट करते हैं, तब तो कोई भी व्यक्ति उनको जान नहीं सकेंगे। स्वयं भगवान् ही जब सत्शिक्षा के द्वारा जीवमङ्गल के निमित्त आविर्भूत होते हैं, तब आप भी कृपापरवश होकर, जीव जिसके द्वारा सर्वावतारावतारी से, ऐश्वर्य्य-माधुर्य्य-लीला-गुणों से, समधिक रूपमें श्रीकृष्ण को अवगत होना चाहे, उस प्रकार ही वर्णन करें। महाभारत प्रभृति में वर्णाश्रमादि धर्मों का वर्णन विभिन्न प्रसङ्ग के द्वारा होने से जीव के पक्ष में एक भयावह भ्रमावर्त्त की सृष्टि हुई है। पुनर्बार आप उस प्रकार रीति से वर्णन न करें। केवल श्रीकृष्ण यशः का ही वर्णन करें, जिसका श्रवण-कीर्त्तन से अज्ञानान्धकार विदूरित होकर श्रीकृष्ण चन्द्रमा का सुप्रकाश हो। श्रीनारद श्रीव्यास को कहे थे ॥६१॥

जगत् में निजाभीष्ट श्रीकृष्ण चरित्र का विस्तार होना परमावश्यक है। इस अभिलाष से प्रेरित होकर श्रीमद्भागवत को आविर्भावित कराने के निमित्त श्रीव्यासदेव को श्रीनारद ने चतुर्व्यूहात्मक श्रीकृष्णमन्त्र का उपदेश प्रदान किया। एवं श्रीकृष्ण भक्त का कीर्त्तन सर्वोपासक से श्रेष्ठ रूप में किया।

"ॐ नमो भगवते तुभ्यं वासुदेवाय धीमहि। प्रद्युम्नायानिरुद्धाय नमः सङ्कर्षणाय च॥
इति मूर्त्त्यभिधानेन मन्त्रमूर्त्तिममूर्त्तिकम्। यजते यज्ञपुरुषं स सम्यग्दर्शनः पुमान्॥"
"एवं नृणां क्रियायोगाः सर्वे संसृति हेतवः। त एवात्मविनाशाय कल्पन्ते कल्पिता परे॥"
(भा० १।५।३४।३७-३८)

टीका—"तथा आत्मविनाशाय कर्मनिवृत्तये कल्पन्ते समर्था भवन्ति। परे ईश्वरे कल्पिता अर्पिताः सन्तः। अत्र च प्रथमं—महत्सेवा, ततस्तत् कृपातस्तद्धर्मश्रद्धा, ततो भगवत्कथाश्रवणं, ततो भगवति रतिः, तया च देहद्वयविवेकात्मज्ञानं, ततो दृढ़ा भक्तिः, ततो भगवत्तत्त्वज्ञानं, ततस्तत्कृपया सर्वज्ञत्वादिभगवद्गुणाविर्भावः, इतिक्रमो दर्शितः। कीर्त्तनस्मरणरूपभक्तिहेतुत्वमुक्तं, ज्ञानहेतुत्वमाह—द्वाभ्याम्। नमो धीमहि, मनसा नमनं कुर्वीमहि।३७।

अमूर्त्तिकं—मन्त्रोक्तव्यतिरिक्तमूर्त्तिशून्यं, यजते पूजयति—स पुमान् सम्यग्दर्शनो भवति।३८।"

वासुदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, सङ्कर्षण—चतुर्व्यूहात्मक भगवान् को नमस्कार करता हूँ। (नमो धीमहि—नमस्कारं ध्यायेमः) इस प्रकार स्मरण कर, प्राकृत मूर्त्तिरहित मन्त्रोक्त चतुर्मूर्त्ति की पूजा वासुदेवादि नाम से जो करता है, वह यथार्थ ज्ञानवान् है।

स्पष्टम् ॥ स तम् ॥

६३। अथ श्रीब्रह्मणः (भा० २।७।२६)—

(६३) "भूमेः सुरेतरवरूथविमर्द्दितायाः,
क्लेशव्ययाय कलया सितकृष्णकेशः।
जातः करिष्यति जनानुपलक्ष्यमार्गः,
कर्माणि चात्ममहिमोपनिबन्धनानि ॥"१०८॥ इति।

असुरसेनानिपीड़िताया भुवः क्लेशमपहर्त्तुं परमात्मनोऽपि परत्वात् जनैरस्माभिरनुपलक्ष्य-मार्गोऽपि प्रादुर्भूतः सन् कर्माणि च करिष्यति। कोऽसौ ? कलया अंशेन सितकृष्णकेशो यः।

सर्वसम्वादिनी

तस्माद्भजनीय-तारतम्य-विवक्षयैवोपदेश-तारतम्यं सिद्धम्। (छा० ७।१६।१) 'एष तु वा अतिवदति यः

चतुर्व्यूह का वर्णन—वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध—इस रीति से स्पष्ट होता है। उपरोक्त श्लोक में उक्त क्रम का व्यतिक्रम होने का हेतु यह है—प्रस्तुत वर्णन, द्वारकास्थ चतुर्व्यूह का है। श्रीप्रद्युम्न पुत्र, एवं अनिरुद्ध पौत्र होने के कारण श्रीवासुदेव कृष्ण के दक्षिण एवं वामभाग में अनिरुद्ध-प्रद्युम्न है। अनिरुद्ध के दक्षिण भाग में श्रीसङ्कर्षण की स्थिति है। श्रीनारद श्रीव्यासदेव को सुस्पष्ट रूप से कहे थे ॥६२॥

श्रीब्रह्मा का भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है। उसका वर्णन भा० २।७।२६ में है—

"भूमेः सुरेतरवरूथविमर्दितायाः, क्लेशव्ययाय कलया सितकृष्णकेशः।
जातः करिष्यति जनानुपलक्ष्यमार्गः, कर्माणि चात्ममहिमोपनिबन्धनानि ॥"

टीका—"श्रीकृष्णावतारमाह— भूमेरिति दशभिः, सुरेतरा—असुरांशभूता, राजानस्तेषां वरूथैः सैन्यैर्विमर्दितायाः भारेण पीड़ितायाः। कलया रामेण सह जातः सन्। कोऽसौ जातः। सितकृष्णौ केशौ यस्य भगवतः, स एव साक्षात्। सितकृष्णकेशत्वं शोभैव, नतु वयः परिणामकृतम्—अविकारित्वात्। यदुक्तं विष्णुपुराणे—"उज्जहारात्मनः केशौ हरिरुच्चकर्त्त, एकं शुक्लमपरञ्चापि कृष्णम्।

तौ चापि केशावविशतां यदूनां कुले स्त्रियौ। रोहिणीं देवकीञ्च। तयोरेको बलभद्रो बभूव, योऽसौ श्वेतस्तस्य देवस्य केशः, कृष्णो द्वितीयः केशवः सम्बभूव केशो योऽसौ वर्णतः कृष्ण उक्त" इति। तच्च न केशमात्रावताराभिप्रायं, किन्तु भारावतरणरूपं कार्य्यं कियदेतत् मत्केशावेव तत् कर्त्तुं शक्ताविति द्योतनार्थं रामकृष्णयोर्वर्णसूचनार्थञ्च केशोद्धरणमिति गम्यते, अन्यथा तत्रैव पूर्वापरविरोधापत्तेः। "कृष्णस्तु भगवान् स्वयमिति विरोधाच्च। कथम्भूतः ? परमेश्वरतया जनैरनुपलक्ष्यो मार्गो यस्य तर्हीश्वरत्वे किं प्रमाणम् ? अतिमानुषकर्माण्यन्यथानुपपत्तिरेवेत्याह। आत्मनो महिमा उपनिबध्यते अभिव्यज्यते येषु तानि ॥"

श्रीब्रह्मा श्रीनारद को कहे थे—"असुर सेना द्वारा निपीड़िता पृथिवी का भारापनोदन के निमित्त अंश से जो सितकृष्ण केश हैं, जनगण जिनकी पदवी को किञ्चिन्मात्र भी जान नहीं सकते हैं, प्रादुर्भूत होकर जिस कर्मसमूह के द्वारा स्वीय महिमा प्रकटित होती है, वैसा कर्म ही आप करेंगे।

असुर सेना के द्वारा प्रपीड़िता पृथिवी का क्लेश विदूरित करने के निमित्त जो अवतीर्ण होते हैं, परमात्मा से भी परतत्त्व होने से जिनका वर्त्म ज्ञान हम सबका नहीं है, अर्थात् जिनके विषय को हम सब नहीं जानते हैं, आप ही अवतीर्ण होकर समस्त कर्माचरण करेंगे। आप कौन हैं ? कला—अंश के

यत्र सितकृष्णकेशौ देवैर्दृष्टाविति शास्त्रान्तरप्रसिद्धिः, सोऽपि यस्यांशेन, स एव भगवान् स्वयमित्यर्थः। तदविनाभावात् श्रीबलदेवस्यापि ग्रहणं द्योतितम्। ननु पुरुषादपि परोऽसौ भगवान् कथं भूभारावतारणमात्रार्थं स्वयमवतरिष्यतीत्याशङ्क्याह—आत्मनो महिमानः परममाधुरीसम्पद उपनिबध्यन्ते निजभक्तैरधिकं वर्ण्यन्ते येषु तानि कर्माणि च करिष्यति। यद्यपि निजांशेनैव वा निजेच्छाभासेनैव वा भूभारहरणमीषत्करम्, तथापि निज-चरणारविन्दजीवातुवृन्दमानन्दयन्नेव लीलाकादम्बिनीर्निजमाधुरीवर्षणाय वितरिष्य-माणोऽवतरिष्यतीत्यर्थः। एतदेव व्यक्तीकृतम्, (भा० २।७।२७) "तोकेन जीवहरणम्" इत्यादौ। इतरथा स्वयं स्वमाधुरीसम्पत्-प्रकाशनेच्छामन्तरेण मधुरतरं तोकादिभावं दधता तेन पूतनादीनां जीवहरणादिकं कर्म न साध्यं, न सम्भावनीयम्। तदंशतदिच्छाभासादि-

सर्वसम्वादिनी

सत्येनातिवदति' इतिवत् 'यः सत्येन' ब्रह्मणैव प्रतिपाद्यभूतेन सर्वं वादिनमतिक्रम्य वदति, एष एव

द्वारा जो सितकृष्ण केशरूप हैं, देवगण, क्षीरोदशायी विष्णु में जिनको सितकृष्ण केश रूप में देखे थे, विष्णुपुराण एवं महाभारत में उक्त विषय का विस्तृत वर्णन है। वह भी जिनका अंश है, वह ही स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण हैं।

श्रीकृष्ण व्यतीत श्रीबलदेव कभी भी नहीं रहते हैं। तज्जन्य श्रीकृष्णाविर्भाव की उक्ति में श्रीबलदेव का संवाद प्रकाशित हुआ है।

यहाँ पर जिज्ञास्य यह है कि—पुरुष से परावस्थ भगवान् हैं, आप क्यों केवल भूभार हरण के निमित्त स्वयं अवतीर्ण होंगे ?

उत्तर—अप्रकट प्रकट प्रकाश में श्रीकृष्ण निरन्तर लीला एवं माधुर्यामृत का वितरण करते रहते हैं। यद्यपि निजांश के द्वारा अथवा निजेच्छाभास रूप सङ्कल्प के द्वारा भूभार हरणरूप कार्य्य अनायास सम्पन्न होता है। तथापि,—श्रीकृष्ण, श्रीकृष्णचरणयुगल ही जिनका एकमात्र जीवन सम्बल है, उन सब भक्तवृन्द को आनन्दित करने के निमित्त लीलाकादम्बिनी के द्वारा निज माधुरी वर्षणार्थ ही अवतीर्ण होंगे। लीला एवं माधुर्य्य वर्णन के निमित्त ही आप अवतीर्ण हैं, उसका वर्णन भा० २।७।२७ उद्धव वाक्य में सुव्यक्त है।

"तोकेन जीवहरणं यदुलूकिकाया, स्त्रैमासिकस्य च पदा शकटोपवृत्तः।
यद्रिङ्गतान्तरगतेन दिविस्पृशोर्वा, उन्मूलनन्त्वितरथार्जुनयो र्न भाव्यम् ॥"

टीका—"एतदेव प्रपञ्चयति। तोकेनेत्यादिना। बालेन पूतनाया जीवहरणम्। यद्रिङ्गता जानुभ्यां गच्छता अन्तरगतेन—मध्यप्राप्तेन, दिविस्पृशोः, अत्युच्चयोः। इतरथा अनीश्वरत्वे तन्न भवितव्यम् ॥"

निज भक्तवृन्द, माधुर्य्य सम्पद् का वर्णन प्रचुर रूप से करेंगे, तज्जन्य—भूभार हरण के तुल्य उक्त कर्मसमूह भी करेंगे।

श्रीकृष्ण की स्वमाधुरी सम्पद् प्रकाशनेच्छा व्यतीत बाल्यादि भावप्रकाशक श्रीकृष्ण कर्त्तृक पूतना प्रभृति के जीवन नाशादि कार्य्यानुष्ठान नहीं हो सकता है। होने की सम्भावना भी नहीं की जा सकती है। कारण—श्रीकृष्ण के अंश द्वारा ही अथवा इच्छाभास मात्र से ही भूभार हरण हो सकता है, स्वयं

मात्रेणैव तत्सिद्धेरिति वाक्यार्थः। तथा च (भा० १।७।२५) "तथायञ्चावतारस्ते" इत्यादौ तैरेव व्याख्यातम्,—"किं भूभारहरणं मदिच्छामात्रेण न भवति? तत्राह—स्वानामिति" इति; (भा० १०।९०।४८) "जयति जननिवासः" इत्यत्र चेच्छामात्रेण निरसनसमर्थोऽपि क्रीड़ार्थं दोर्भिरधर्ममस्यन्निति तदेवमादिभिः श्रीकृष्णस्यैव सर्वाद्भुततावर्णनाभिनिवेशप्रपञ्चो ब्रह्मणि स्पष्ट एव। अस्तु तावत् (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्याम्"

सर्वसम्वादिनी

सर्वमतिक्रम्य वदतीत्यर्थः। तदेवमर्थे सति यथा तत्र वादस्यातिशायिता-लिङ्गेन नामादि-प्राणपर्यन्तानि

को सिद्ध करने की आवश्यकता भी नहीं है। यह ही श्रीब्रह्मवाक्य का अर्थ है। "केवल लीलामाधुरी वर्णनार्थ ही श्रीकृष्ण का अवतार है।" इस प्रकार कथन—ग्रन्थकार का मनः कल्पित नहीं है। श्रीधर स्वामिपाद की व्याख्या भी उक्तानुरूप ही है।

"तथायञ्चावतारस्ते भुवो भारजिहीर्षया।
स्वानाञ्चानन्यभावानामनुध्यानाय चासकृत्॥" (भा० १।७।२५)

अर्जुन ने कहा—हे कृष्ण! भूभार हरणेच्छा से आविर्भूत तुम्हारा यह अवतार भवदीय ज्ञाति एवं एकान्त भक्तवृन्द का निरन्तर ध्यान के निमित्त ही प्रकटित है।

टीका—तथा चानेनावतारेण तव साधुपक्षपातो लक्ष्यते इत्याह—तथेति। किं भूभारहरणं, मदिच्छामात्रेण न भवति। तत्राह—स्वानां ज्ञातीनां अनुध्यानाय च, तथा अनन्यभावानां—एकान्त-भक्तानाञ्च।

श्रीकृष्ण, कह सकते हैं कि—भूभार हरणरूप कार्य्य का सम्पादन क्या मेरी इच्छामात्र से नहीं हो सकता है? इस आशङ्का के उत्तर में कहते हैं—"स्वानाम्" अर्थात् ज्ञाति एवं एकान्तभक्तवृन्द का निरन्तर ध्यान सम्पादनार्थ प्रकटित हुये हैं भा० १०।९०।४८ श्लोक में—

"जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो यदुवरपरिषत् स्वैर्दोर्भिरस्यन्न धर्मम्।
स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मित श्रीमुखेन व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम्॥"

टीका—"यत एवम्भूतः श्रीकृष्णस्ततः स एव सर्वोत्तमः" इत्याह—जयतीति। जनानां जीवानां यो निवास आश्रयः। तेषु वा निवसत्यन्तर्य्यामितया तथा स श्रीकृष्णो जयति। देवक्यां जन्मेति वादमात्रं यस्य सः। वस्तुतोऽजन्मा यदुवराः परिषत् सभा सेवकरूपा यस्य सः। इच्छामात्रेण निरसन समर्थोऽपि क्रीड़ार्थंदोर्भिरधर्ममस्यन् क्षिपन् स्थिरचरवृजिनघ्नोऽधिकारिविशेषानपेक्षमेव वृन्दावनतरुलतादीनां संसारदुःखहन्ता। तथा विलासवैदग्ध्यानपेक्षं व्रजवनितानां पुरवनितानाञ्च सुस्मितेन श्रीमता शोभन हास्ययुतेन मुखेन कामदेवं वर्द्धयन्। कामश्चासौ दीव्यति विजिगीषते संसारमिति देवश्च तम्। भोगद्वारा मोक्षप्रदमित्यर्थः॥"

कथित है—इच्छामात्र से ही अधर्म निरसन समर्थ होने पर भी क्रीड़ा हेतु बाहुसमूह के द्वारा असुर संहार करके अधर्म निरसन करते हैं। यह सब श्लोकों के द्वारा सुस्पष्ट रूप से दृष्ट होता है कि—श्रीकृष्ण का सर्वाश्चर्य्य चरित्र वर्णना में ही श्रीब्रह्मा का अभिनिवेश है। इस सम्बन्ध में अधिक कहना निष्प्रयोजन है। कारण, भा० १०।१४।३४ में श्रीब्रह्मा प्रार्थना करते हैं—

"तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद्गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोभिषेकम्।
यज्जीवितन्तु निखिलं भगवान् मुकुन्दस्त्वद्यापि यत् पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥"

इस गोकुलस्थ किसी गभीर अरण्य में तृणादि किसी भी जघन्य जन्म लाभ यदि हो तो मैं महाभाग्य

इत्यादि ॥ श्रीब्रह्मा श्रीनारदम् ॥

६४। एवञ्चतुःश्लोकीवक्तुः श्रीभगवतोऽपि श्रीकृष्णत्वमेव; तथाहि तद्दृष्टं तद्दर्शनम् (भा० २।९।१४)—

"ददर्श तत्राखिलसात्वतां पतिं, श्रियः पतिं यज्ञपतिं जगत्पतिम्।

सुनन्दनन्दप्रबलार्हणादिभिः, स्वपार्षदाग्र्यैः परिषेवितं विभुम्॥"१०६॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

तत्प्रकरण उत्तरोत्तर-भूमतयोपदिष्टान्यपि सर्वाणि वस्तून्यतिक्रम्य ब्रह्मण एव भूमत्वं साध्यते,

ही मानूँगा। कारण, उसमें जिस किसी गोकुलवासी की पदधूलि के द्वारा अभिषिक्त होने की सम्भावना है, उन सबकी पदधूलि प्राप्त होकर धन्य तथा होंगे; उसका निवेदन भी करते हैं। जिनकी चरणरेणु का अन्वेषण श्रुतिगण अद्यापि करती रहती हैं, उन भगवान् मुकुन्द आप हैं, एवं निखिल गोकुल वासियों का जीवातु हैं। श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में श्रीब्रह्मा की कितनी व्याकुलता है, उसकी सुस्पष्ट अभिव्यक्ति उक्त श्लोक में ही है। श्रीनारद के प्रति श्रीब्रह्मा कहे थे ॥६३॥

श्रीब्रह्मा-नारद-व्यास-शुक-सूत प्रभृति महावक्ता एवं श्रोताओं का एकमात्र तात्पर्य जिन श्रीकृष्ण में है, उन श्रीकृष्ण ही चतुःश्लोकीरूप श्रीमद्भागवत का वक्ता हैं, उनका समन्वय द्वितीय सन्दर्भ में हुआ है। चतुःश्लोकी भागवत यह है—

श्रीभगवानुवाच—

ज्ञानं परमगुह्यं मे यद्विज्ञान समन्वितम्। सरहस्यं तदङ्गञ्च गृहाण गदितं मया॥

यावानहं यथा भावो यद्रूपगुणकर्मकः। तथैव तत्त्वविज्ञानमस्तु ते मदनुग्रहात्॥

अहमेवासमेवाग्रे नान्यद् यत् सदसत्परम्। पश्चादहं यदेतच्च योऽवशिष्येत सोऽस्म्यहम्॥

ऋतेऽर्थं यत् प्रतीयेत न प्रतीयेत चात्मनि। तद्विद्यादात्मनो मायां यथाभासो यथातमः॥

यथा महान्ति भूतानि भूतेषूच्चावचेष्वनु। प्रविष्टान्यप्रविष्टानि तथा तेषु न तेष्वहम्॥

एतावदेव जिज्ञास्यं तत्त्व जिज्ञासुनात्मनः। अन्वयव्यतिरेकाभ्यां यत् स्यात् सर्वत्रसर्वदा॥

एतन्मतं समातिष्ठ परमेण समाधिना। भवान् कल्पविकल्पेषु न विमुह्यति कर्हिचित्॥

चतुःश्लोकी भगवान् श्रीकृष्ण श्रीब्रह्मा को कहे थे—सृष्टि के पहले मैं ही था, अपर कुछ भी नहीं था, स्थूल, सूक्ष्म, जगत् कारणरूपा प्रकृति भी नहीं रही, उस समय प्रकृति पृथक् नहीं थी—अन्तर्मुखी वृत्ति के द्वारा मुझ में प्रकृति लीन थी। सृष्टि के पश्चात् मैं ही अवशिष्ट रहूँगा। तृतीय श्लोक का तात्पर्य भी श्रीकृष्ण में ही है, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। अर्थात् सृष्टि के आदि, मध्य, अवसान में एवं सृष्ट वस्तु का कारण रूप में श्रीकृष्ण ही विराजित हैं। चतुःश्लोकी के वाक्य भा० २।९।१४ उस तात्पर्य का परिपोषक है।—"ददर्श तत्राखिलसात्वतां पतिं, श्रियः पतिं यज्ञपतिं जगत्पतिम्।

सुनन्दनन्दप्रबलार्हणादिभिः, स्वपार्षदाग्र्यैः परिषेवितं विभुम्॥"

श्रीचैतन्यमतमञ्जुषा—"ददर्शेत्यादि—सात्वतां पतिं—श्रीकृष्णं, पञ्चविंशतिभिस्तत्त्वैः मूर्त्तिमद्भिः सेव्यमानैश्चतुर्भिः प्रकृतिपुरुषमहदहङ्कारैः षोडशभिरेकादशेन्द्रियपञ्चमहाभूतैः पञ्चभिः पञ्चतन्मात्राभिः परितो वृतमुपास्यमानम्। एतेनासौ श्रीकृष्णविग्रह एतेभ्यः पृथगिति सच्चिदानन्दमयत्वं षड्विंशत्वं स्पष्टमेव, स्वभगैरैश्वर्यादिभिः षड्भिर्युक्तं, य इतरेषु योगीषु अधुना अनित्याः, अतस्तत्र तु नित्या एव। उक्तञ्च पृथिव्या (भा० १।१६।२९) 'नित्या यत्र महागुणाः' इति। स्व एव धामनि श्रीविग्रहरूपे रममाणं, ब्रह्माख्ये धामनि स्थाने वा।"

व्याख्या च—अखिलसात्वतां सर्वेषां सात्वतानां यादववीराणां पतिम्; (भा० २।४।२०)—

"श्रियः पतिर्यज्ञपतिः प्रजापति,-र्धियां पतिर्लोकपतिर्धरापतिः।
पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां, प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः॥"११०॥

इत्येतद्वाक्यसम्वादितत्वात्; (भा० ३।४।१३)—

"पुरा मया प्रोक्तमजाय नाभ्ये, पद्मे निषण्णाय ममादिसर्गे।
ज्ञानं परं मन्महिमावभासं, यत् सूरयो भागवतं वदन्ति॥"१११॥

इति तृतीये उद्धवं प्रति श्रीकृष्णवाक्यानुसारेण च; (गो० ता० पू० २६)—

"यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो विद्यास्तस्मै गापयति स्म कृष्णः।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं, मुमुक्षुर्वै शरणममुं व्रजेत्॥"११२॥

सर्वसम्वादिनी

तद्वदत्राप्युपदेशाधिनर्येन प्रतिपाद्याधिषयमिति। अतः श्रीकृष्णस्यैवाधिषयमित्यन्तेऽप्युक्तमिति दिक्।

'अखिलसात्वतां पतिं' का अर्थ—निखिल सात्वतरूप यादववीरों का परमाश्रय श्रीकृष्ण को देखे थे। भा० २।४।२० में भी वर्णित है—

"श्रियः पतिर्यज्ञपतिः प्रजापतिर्धियां पतिर्लोकपतिर्धरापतिः।
पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः॥

टीका—"सर्वपालकत्वमनुस्मरन्नाह—श्रिय इति। गतिश्च—सर्वापत्सु रक्षकः।"

क्रमसन्दर्भः। तदेवं निजोपास्यविशेषं रहस्यत्वेनाभिव्यज्य परमप्रेमावेशेनैव व्यञ्जयन्नाह—श्रियः सर्वसम्पदधिष्ठात्र्याः पतिः स्वामी, अतो यज्ञानां सर्वश्रेयः साधनानां च पतिः—फलदाता, अतः प्रजानां सर्वेषामेव पतिरीश्वरः, यतो धियां पतिस्तासामन्तर्यामी च, ततस्ततश्च तासां ये लोका भोग्यभुवनानि, तेषामपि पतिर्भोक्ता, स एव च धरापतिः, कृपया अवतीर्य धरापतिरच—लीलाश्च व्यञ्जितवानित्यर्थः। कोऽसावित्यपेक्षायामाह—पतिरिति, पतिः, पालको गतिनित्याश्रयश्च। का प्रमाणमाह—सतां, तदनुभविनां पतिराश्रय इति।

इस वाक्य से ही श्रीकृष्ण विषयक तात्पर्य का संवाद उपलब्ध होता है। भा० ३।४।१३ में उक्त श्रीउद्धव के प्रति श्रीकृष्ण वाक्य के अनुसार ऊपरोक्त प्रसङ्ग पुष्ट होता है।

"पुरा मया प्रोक्तमजाय नाभ्ये, पद्मे निषण्णाय ममादिसर्गे।
ज्ञानं परं मन्महिमावभासं, यत् सूरयो भागवतं वदन्ति॥"

क्रमसन्दर्भः। पुरा मयेति। पुरा ब्राह्मकल्पे, द्वितीयस्कन्धे ब्रह्मकल्पवर्णनात्। ज्ञानं परं चतुःश्लोकीरूपम्। मन्महिमावभासमिति तस्य निर्विशेषप्रतिपादकत्वं नाङ्गीकृतम्॥

द्वितीय स्कन्ध में ब्राह्मकल्प का वर्णन हुआ है। अतः 'पुरा' शब्द से पूर्वकाल रूप ब्राह्म कल्प का ग्रहण समीचीन है। 'परं ज्ञानं' शब्द से चतुःश्लोकीरूप ज्ञान ही अभीप्सित है। 'महिमावभासमिति' शब्द से प्रतीत होता है कि—चतुःश्लोकी वक्ता एवं परमतत्त्व निर्विशेष नहीं है। चतुःश्लोकी प्रकरण का निर्विशेष पर व्याख्यान, चतुःश्लोकी वक्ता का एवं ग्रन्थकार का अनुमत नहीं है।

स्वामिटीका। "ददामीति यदुक्तं तदेव-निदिशति, पुरा—पूर्वस्मिन् पाद्मे कल्पे। आदिसर्ग—सर्गोपक्रमे। मम-महिमा-लीला अवभास्यते येन तत्॥"

गोपाल पूर्व तापनी में वर्णित है—जिन्होंने सृष्टि के सर्वप्रथम ब्रह्मा को प्रकट किया, एवं उन

इति श्रीगोपालतापन्यनुसारेण च तस्यैवोपदेष्टृत्वश्रुतेः; (गो० ता० पू० २१) "तद्ु होवाच ब्राह्मणोऽसावनवरतं मे ध्यातः, स्तुतः परार्द्धान्ते सोऽबुध्यत गोपवेषो मे पुरस्तादाविर्बभूव" इति श्रीगोपालतापन्यनुसारेणैव क्वचित् कल्पे श्रीगोपालरूपेण सृष्ट्यादावित्थमेव ब्रह्मणे दर्शितनिजरूपत्वात्तद्धाम्नो महावैकुण्ठत्वेन साधयिष्यमाणत्वाच्च। तथा च ब्रह्मसंहितायाम् (५।२२-२५)—

"तत्र ब्रह्माभवद्भूयश्चतुर्वेदी चतुर्मुखः ॥११३॥
सञ्जातो भगवच्छक्त्या तत्कालं किल चोदितः। सिसृक्षायां मतिं चक्रे पूर्वसंस्कार-संस्कृताम्।
ददर्श केवलं ध्वान्तं नान्यत् किमपि सर्वतः ॥११४॥
उवाच पुरतस्तस्मै तस्य दिव्या सरस्वती। कामकृष्णाय गोविन्द ङे गोपीजन इत्यपि।
वल्लभाय प्रिया वह्ने र्मन्त्रं ते दास्यति प्रियम् ॥११५॥
तपस्त्वं तप एतेन तव सिद्धिर्भविष्यति ॥११६॥
अथ तेपे स सुचिरं प्रीणन् गोविन्दमव्ययम्"

सर्वसम्वादिनी

अथ [मूल० ८२तम-वाक्य-मध्ये उद्धृत-] 'शृणु नारद वक्ष्यामि' इत्यादि-चरणचिह्न-प्रतिपादक-पाद्मवचनान्ते 'आदि'-शब्दादेतान्यपि पद्यानि ज्ञेयानि;—

श्रीकृष्ण ने ही ब्रह्मा को विद्या दान किया, लीलामयविग्रह-आत्मबुद्धिप्रकाशक उन श्रीकृष्ण की मुमुक्षुगण शरण ग्रहण करें। श्रीगोपालतापनी के इस वर्णन के अनुसार ज्ञात होता है कि—श्रीकृष्ण ही श्रीब्रह्मा का उपदेष्टा हैं। पूर्व गोपाल तापनी में ब्रह्मा ने स्वयं ही कहा है,—मैंने अनवरत ध्यान एवं स्तव के द्वारा परार्द्धकाल को अतिक्रम किया, तदनन्तर मैंने उनको जाना, आप गोपवेशी कृष्ण हैं, उस रूप में आविर्भूत भी हुये थे। श्रीगोपाल तापनी के उक्त प्रसङ्ग के अनुसार प्रतीत होता है—कल्पविशेष में श्रीगोपालरूप में ही श्रीकृष्ण ब्रह्मा को दर्शन दिये थे। जब आपने स्वीय गोपालरूप को ही दर्शाया है, तब उनका धाम भी महावैकुण्ठ संज्ञक ही है, उसका प्रतिपादन आगे होगा।

ब्रह्मसंहिता के ५।२२-२५ में उक्त प्रसङ्ग का सुस्पष्ट वर्णन है—

"तत्र ब्रह्माभवद् भूयश्चतुर्वेदी चतुर्मुखः।
सञ्जातो भगवच्छक्त्या तत्कालं किल चोदितः। सिसृक्षायां मतिं चक्रे पूर्वसंस्कार-संस्कृताम्।
ददर्श केवलं ध्वान्तं नान्यत् किमपि सर्वतः।
उवाच पुरतस्तस्मै तस्य दिव्या सरस्वती। कामकृष्णाय गोविन्द ङे गोपीजन इत्यपि।
वल्लभाय प्रिया वह्ने र्मन्त्रं दास्यति ते प्रियम्।
तपस्त्वं तप एतेन तव सिद्धिर्भविष्यति।
अथ तेपे स सुचिरं प्रीणन् गोविन्दमव्ययम् ॥"

अनन्तर गुहा प्रविष्ट पुरुष से समष्टि जीवाधिष्ठान उद्भूत हुआ, अनन्तर देहाभिमानी हिरण्यगर्भ ब्रह्मा का भोग विग्रह की उत्पत्ति हुई। इस प्रकार श्रीहरि के नाभिदेश में समस्त आत्मा के साथ सम्बन्धविशिष्ट पद्म आविर्भूत हुआ, उस कमल में पुनर्वार हिरण्यगर्भ ब्रह्मा का भोग विग्रहस्वरूप चतुर्वेद कर्त्ता चतुर्मुख ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई। अनन्तर उन चतुर्मुख ब्रह्मा की चेष्टा को कहते हैं, सार्द्ध श्लोक के द्वारा। ब्रह्मा, जन्मग्रहण करने के बाद भगवद् शक्ति से प्रयत्न करने लगे। किन्तु उस समय आपने सर्वत्र अन्धकार को ही देखा। अपर कुछ भी दिखाई नहीं दिया।

इत्यादि। (भा० २।९।१४) "सुनन्दप्रबलार्हणादिभिः" इत्यत्र तु द्वारकायां प्राकट्यावसरे श्रुतसुनन्दनन्दादिसाहचर्य्येण प्रबलादयोऽपि ज्ञेयाः; यथोक्तं प्रथमे (भा० १।१४।३२)— "सुनन्द-नन्दशीर्षण्या ये चान्ये सात्वतर्षभाः" इति। किं बहुना, नानावतारावतारिष्वपि सत्सु महापुराणप्रारम्भ एव श्रीशौनकादीनां तदेकतात्पर्य्यमिदम्। अत्र पूर्वं सामान्यतोऽस्माभिरेकान्तश्रेयस्त्वेन सर्वशास्त्रसारत्वेनात्मसुप्रसादहेतुत्वेन च यत् पृष्टं तदेतदेवास्माकं भाति। यत् श्रीकृष्णस्य लीलावर्णनमित्यभिप्रेत्याहुः (भा० १।१।१२)—

(६४) "सूत जानासि भद्रं ते भगवान् सात्वतां पतिः।
देवक्यां वसुदेवस्य जातो यस्य चिकीर्षया॥"११७॥

सर्वसम्वादिनी

'मध्ये ध्वजा तु विज्ञेया पद्मं त्र्यङ्गुलमानतः। वज्रं वै दक्षिणे पार्श्वे अङ्कुशो वै तदग्रतः॥२२॥

अनन्तर पूर्व उपासना भाग्यलब्ध ब्रह्मा के प्रति भगवत्कृपा हुई, सार्द्ध श्लोक के द्वारा उसका वर्णन करते हैं। उस समय ब्रह्मा के सामने देववाणी हुई, उससे यह सूचित हुआ कि—प्रथम कामबीज पश्चात् कृष्णाय पद, उसके बाद चतुर्थ्यन्त गोविन्द शब्द, तत् पश्चात् गोपीजनवल्लभाय, तदन्त में वह्नि प्रिया अर्थात् स्वाहा समन्वित अष्टादशाक्षर मन्त्र तुम्हारा प्रिय विधान करेगा।

इस मन्त्र के द्वारा तपस्या करो, इससे सिद्धि होगी। उसका स्पष्टीकरण करते हैं—तुम तपस्या करो। द्वितीय स्कन्ध के नवमाध्याय के षष्ठ श्लोक के द्वारा उसकी योजना कर रहे हैं।

"स चिन्तयन् द्व्यक्षरमेकदाम्भस्युपाशृणोद्द्विर्गदितं वचो विभुः।
स्पर्शेषु यत् षोडशमेकविंशं निष्किञ्चनानां नृपयद्धनं विदुः॥"

सृष्टिं चिन्तयन् कदाचिद् द्व्यक्षरं वचः अम्भसि उपाशृणोत् उपसमीपे श्रुतवान्। ते अक्षरे दर्शयति। कादयो मावसानाः स्पर्शाः, तेषु यत् षोडशं तकारः, यच्चैकविंशं पकारः, वचसो निर्देशःयं तदर्थमाह। हे नृप! निष्किञ्चनानां त्यक्तधनानां धनं यद्विदुः, येन तपोधनाः प्रसिद्धाः, तच्च द्विर्गदितं तपतपेति लोटो मध्यमपुरुषैकवचनं, तस्य वीप्सा सादरविधिरूपा अशृणोदित्यर्थः।

भा० २।९।१४ में वर्णित है—"ददर्श तत्राखिलसात्वतां पतिं श्रियः पतिं यज्ञपतिं जगत्पतिम्।
सुनन्दनन्दप्रबलार्हणादिभिः स्वपार्षदाग्रैः परिसेवितं विभुम्॥"

उक्त श्लोक का वर्णन समन्वय द्वारका में प्राकट्य के समय सुनन्दनन्दादि के नाम से होता है। सुनन्दनन्दादि के साहचर्य्य से पठित होने से प्रबल प्रभृति को जानना होगा। भा० १।१४।३२

"सर्वेवानुचराः शौरेः श्रुतदेवोद्धवादयः। सुनन्दनन्दशीर्षण्या ये चान्ये सात्वतर्षभाः॥"

टीका—सुनन्दनन्दौ शीर्षण्यौ मुख्यौ येषां ते॥

अधिक क्या कहना है—नानावतारावतारी विद्यमान होने पर भी श्रीमद्भागवत के प्रारम्भ में ही श्रीशौनकादि ऋषियों का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही दृष्ट होता है। श्रीमद्भागवत श्रवण प्रसङ्ग उपस्थित होने पर सर्वप्रथम हम सब ने साधारण रूप से एकान्त श्रेयः, सर्वशास्त्र का सार एवं आत्मप्रसाद हेतुस्वरूप जो कुछ जानना चाहा, प्रतीत होता है कि—वे सब विषय ही परिपूर्णरूप से श्रीकृष्ण लीला वर्णन में समुपलब्ध हैं। तज्जन्य ही श्रीशौनक कहे थे—"सूत जानासि भद्रं ते भगवान् सात्वतां पतिः।
देवक्यां वसुदेवस्य जातो यस्य चिकीर्षया॥"

टीका—"अङ्ग! हे सूत! भद्रं ते, इत्यौत्सुक्येनाशीर्वादः, भगवान् निरतिशयैश्वर्य्यादिगुणसम्पन्नः।

'भद्रं ते' इति श्रीकृष्णलीलाप्रश्नसहोदरौत्सुक्येनाशीर्वादः। भगवान् स्वयमेवावतारी सम्पूर्णैश्वर्य्यादियुक्तः; सात्वतां—सात्वतानां पतिः, नुड़भाव आर्षः, यादवानामित्यर्थः। जातो जगद्दृश्यो बभूव ॥

६५। (भा० १।१।१३)—

(६५) "तन्नः शुश्रूषमाणानामर्हस्यङ्गानुवर्णितुम्।
यस्यावतारो भूतानां क्षेमाय च भवाय च ॥"११८॥

टीका च—"अङ्ग हे सूत ! तन्नोऽनुवर्णयितुमर्हसि। सामान्यतस्तावद्यस्यावतारमात्रं क्षेमाय पालनाय, भवाय समृद्धये च" इति ॥

६६। तत्प्रभावमनुवर्णयन्तस्तद्यशःश्रवणौत्सुक्यमाविष्कुर्वन्ति, (भा० १।१।१४)—

(६६) "आपन्नः संसृतिं घोरां यन्नाम विवशो गृणन्।
ततः सद्यो विमुच्येत यद्बिभेति स्वयं भयम् ॥"११९॥

सर्वसम्वादिनी

यवोऽप्यङ्गुष्ठमूले स्यात् स्वस्तिकं यत्र कुत्रचित्। आदि चरणमारभ्य यावद्वै मध्यमा स्थिता ॥२३॥

सात्वतां—सच्छब्देन सत्त्वमूर्त्ति र्भगवान्, स उपास्यतया विद्यते एषामिति सत्वन्तो भक्ताः, स्वार्थेऽण् राक्षस वायसादिवत्। तस्य चाश्रवणमार्षं, तदेवं सात्वदिति भवति। तेषां पतिः—पालकः, यस्यार्थविशेषस्य चिकीर्षया वसुदेवस्य भार्य्यायां देवक्यां जातः ॥"

हे सूत ! तुम्हारा मङ्गल हो, सात्वतगण के प्रतिपालक भगवान् श्रीवसुदेव पत्नी देवकीदेवी से किस निमित्त आविर्भूत हुए थे, उसको तुम जानते हो। श्रीकृष्ण लीला प्रश्न के सहित जो उत्सुकता थी, उस औत्सुक्य निबन्धन ही आशीर्वाद हुआ—"हे सूत तुम्हारा मङ्गल हो"। भगवान् स्वयं ही अवतारी सम्पूर्ण ऐश्वर्य्यादि युक्त हैं। सात्वतां—सात्वतानां पतिः—आश्रय-पालक, नुट् का अभाव—आर्ष प्रयोग के कारण है। सात्वत शब्द से—यादवगण का बोध होता है। जात अर्थात् जगज्जनों के नयनगोचरीभूत हुये थे ॥६४॥

भा० १।१।१३ में वर्णित है—"तन्नः शुश्रूषमाणानामर्हस्यङ्गानुवर्णितुम्।
यस्यावतारो भूतानां क्षेमाय च भवाय च ॥

हे प्रिय सूत ! सामान्यतः भूतगणों की रक्षा एवं समृद्धिसाधन के निमित्त ही जिनका अवतार है, अतः हम सब श्रवणाभिलाषी हैं। हमारे निकट विशेष विस्तारपूर्वक श्रीकृष्ण की कथा का वर्णन करो।

टीका—"अङ्ग हे सूत ! तन्नोऽनुवर्णयितुमर्हसि। सामान्यतो यस्यावतारो भूतानां क्षेमाय—पालनाय, भवाय—समृद्धये।"

श्रीकृष्ण के अंशादि स्वरूप जिन अवतारों का प्राकट्य होता है। साधारणतः उन सबके कार्य्य हो हैं—प्राणीमात्र की रक्षा, एवं समृद्धि साधन। श्रीकृष्णावतार में उक्त कार्य्यसमूह समधिक साधित हुये हैं, इसमें कोई सन्देहावकाश नहीं है ॥६५॥

अनन्तर श्रीकृष्ण का प्रभाव वर्णन के पश्चात् उनका यशः श्रवण के निमित्त औत्सुक्य का प्रकाश कर रहे हैं। (भा० १।१।१४)

"आपन्नः संसृतिं घोरां यन्नाम विवशो गृणन्। ततः सद्यो विमुच्येत यद्बिभेति स्वयं भयम् ॥"

विवशोऽपि विशेषेण पराधीनः सन्नपि यस्य श्रीकृष्णस्य नाम, तस्य सर्वावतारित्वादवतारनाम्नामपि तत्रैव पर्य्यवसानात् । अतएव साक्षात् श्रीकृष्णादपि तत्तन्नामप्रवृत्तिः प्रकारान्तरेण श्रूयते श्रीविष्णुपुराणे । तत्र त्वखिलानामेव भगवन्नाम्नां कारणान्यभवन्निति हि तदीयं गद्यम् । तदिदञ्च वासुदेव-दामोदर-गोविन्द-केशवादिनामवज्ज्ञेयम् । ततः संसृतेः । तत्र हेतुः—यद्यतो नाम्नः, भयमपि स्वयं बिभेति ॥

६७ । किञ्च, (भा० १।१।१५)—

(६७) "यत्पादसंश्रयाः सूत मुनयः प्रशमायनाः ।
सद्यः पुनन्त्युपस्पृष्टाः स्वर्धुन्यापोऽनुसेवया ॥"१२०॥

यस्य श्रीकृष्णस्य पादौ संश्रयौ येषाम्, अतएव प्रशमायनाः, शमो भगवन्निष्ठबुद्धिता, (भा० ११।१९।३६) "शमो मन्निष्ठता बुद्धेः" इति स्वयं श्रीभगवद्वाक्यात्, स एव प्रकृष्टः शमः

सर्वसम्वादिनी

तावद्वै चोर्द्ध्वरेखा कथिता पापसंज्ञके । अष्टकोणं तु भो वत्स मानं चाष्टाङ्गुलैश्च तत् ॥२४॥

टीका—"तत् प्रभावमनुवर्णयन्तस्तद्यशः श्रवणोत्सुक्यमाविष्कुर्वन्ति—आपन्न इति त्रिभिः । संसृतिं घोरां आपन्नः प्राप्तः, विवशोऽपि गृणन् ततः संसृतेः । अत्र हेतुः यद् यतो नाम्नः, भयमपि—स्वयं बिभेति ॥

विवश होकर—अर्थात् विशेष रूप से पराधीन होकर अजामिलादि के समान "श्रीभगवन्नाम कीर्त्तन कर रहा हूँ" इस प्रकार अनुसन्धान रहित होकर अन्य तात्पर्य्य से श्रीहरि नाम कीर्त्तन से भी संसार क्षय होता है ।

श्रीकृष्ण नाम कहने पर बोध होता है—श्रीकृष्ण, निखिल अवतारी होने के कारण अवतारवृन्द के नामसमूह भी उक्त श्रीकृष्ण नाम में ही अन्तर्भुक्त हैं । तज्जन्य साक्षात् श्रीकृष्ण से ही अवतारसमूह के नाम आविर्भूत हुये हैं । उसका वर्णन श्रीविष्णुपुराण में है । "श्रीकृष्ण में ही अखिल भगवन्नामों के कारणसमूह विद्यमान हैं ।" यह श्रीविष्णुपुराण का गद्योक्त विवरण है । इसको वासुदेव-दामोदर-गोविन्द-केशवादि नामों के समान ही जानना होगा । "ततः" का अर्थ संसृति रूप पुनः पुनः जन्ममरण प्रवाह से मानव मुक्त होता है । यदि वह भगवन्नाम ग्रहण करता है, उसके प्रति हेतु निर्देश करते हैं । कारण—भगवन्नाम से भय नामक स्वयं मृत्यु भी भीत होती है । अर्थात् श्रीकृष्ण से स्वयं भय भी भीत होता है । अतएव विवशता के सहित भी श्रीकृष्णनाम ग्रहण करने से मानव संसार से मुक्त होता है ॥६६॥

और भी भा० १।१।१५ में उक्त है—श्रीकृष्ण के पदाश्रित प्रशमायन—परमशान्त मुनिगण दर्शन प्रदान कर सद्यः पवित्र करते हैं; उनके श्रीचरण से निःसृता गङ्गा सलिल पुनः पुनः सेवन करने के बाद पवित्र करता है । उन श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन करो ।

टीका—"किञ्च यस्य पादौ संश्रयौ येषाम्, अतएव प्रशमोऽयनं वर्त्म आश्रयो वा येषां, ते मुनयः, उपस्पृष्टाः सन्निधिमात्रेण सेविताः सद्यः पुनन्ति । स्वर्धुनी गङ्गा, तस्या आपस्तु तत् पादान्निःसृता, नतु तथैव तिष्ठन्ति, अतस्तत्सम्बन्धेन पुनन्त्योऽपि अनुसेवया पुनन्ति, तत्रापि नतु सद्य इति मुनिनामुत्कर्षोक्तिः ।

जिन श्रीकृष्ण के पदद्वय को सम्यक् रूप से जिन्होंने आश्रयग्रहण किया है, उक्त आश्रयग्रहण हेतु प्रशमायन हुये हैं । 'प्र'—प्रकृष्ट रूप से 'शम' अयन—आश्रय है जिनका । 'शम'-शब्द का अर्थ—भगवन्निष्ठा प्राप्त बुद्धि । भा० ११।१९।३६ में उद्धव के प्रति श्रीकृष्ण ने ही कहा है,—भगवत् स्वरूपमात्र में निष्ठा प्राप्त बुद्धि का नाम 'शम' है । उक्त शम, साक्षात् भगवान् श्रीकृष्ण के प्रति प्रयुक्त हेतु प्रकृष्ट-शम

प्रशमः साक्षात्पूर्णभगवत्श्रीकृष्णसम्बन्धित्वात्, प्रशम एवायनं वर्त्म आश्रयो वा येषां ते श्रीकृष्णलीलारसाकृष्टचित्ता मुनयः श्रीशुकदेवादयः, उपस्पृष्टाः सन्निधिमात्रेण सेविताः, सद्यः पुनन्ति सवासनपापेभ्यः शोधयन्ति । स्वर्धुनी गङ्गा तस्या आपस्तु ;—

"योऽसौ निरञ्जनो देवश्चित्स्वरूपी जनार्दनः । स एव द्रवरूपेण गङ्गाम्भो नात्र संशयः ॥"१२१॥

इति स्वयं तथाविधरूपा अपि, साक्षाच्छ्रीवामनदेवचरणान्निःसृता अपि, अनुसेवया साक्षात् सेवाभ्यासेनैव तथा शोधयन्ति, न सन्निधिमात्रेण सेवया । साक्षात् सेवया अपि न सद्य इति तस्या अपि श्रीकृष्णाश्रितानामुत्कर्षात्तस्योत्कर्षः एवमेव ततस्तद्यशसोऽप्याधिक्यं वर्ण्यते ; (भा० १०।९०।४७) "तीर्थं चक्रे नृपोनं यदजनि यदुषु स्वःसरित्पादशौचम्" इति ।

टीका च—"इतः पूर्वं स्वःसरिदेव सर्वतोऽधिकं तीर्थमित्यासीत्, इदानीन्तु यदुषु यदजनि जातं तीर्थं श्रीकृष्णकीर्त्तिरूपमेतत् स्वःसरिद्रूपं पादशौचं तीर्थम्, ऊनमल्पञ्चक्रे" इत्येषा ॥

सर्वसम्वादिनी

निर्द्दिष्टं दक्षिणे पादे इत्याहुर्मुनयः किल । एवं पादस्य चिह्नानि तान्येव वैष्णवोत्तम ॥२५॥

—प्रशम, अयन, अर्थात् वर्त्म—आश्रय है जिनका, वे सब प्रशमायन होते हैं । प्रशमायन मुनि, श्रीकृष्ण लीलारसाकृष्टचित्त श्रीशुकदेव प्रभृति सन्निधिमात्र से सेवित होकर अर्थात् दृष्टिगोचर होकर, तत्क्षणात् वासनाविशिष्ट पाप से शुद्ध करते हैं । उक्त निरञ्जन चित्स्वरूप देव जनार्दन हैं । आप स्वयं द्रव-वारि रूप में गङ्गा हैं, इसमें सन्देह नहीं है । बलि महाराज से दान ग्रहण के समय में वामन देव के ऊर्द्ध्व प्रसारित चरण द्वारा ब्रह्माण्ड कटाह भिन्न होने से कारणार्णव से निःसृत होकर गङ्गा का आगमन पृथिवी में हुआ है । उक्त गङ्गा—अनुसेवा अर्थात् साक्षात् रूप से स्नान, पान, पूजनादि द्वारा बारम्बार सम्मानित होकर सद्यः शोधन नहीं करती है । अतएव श्रीगङ्गा से भी श्रीकृष्णाश्रित जनगण का उत्कर्ष को देखकर श्रीकृष्ण का परमोत्कर्ष का अनुभव होता है । इस प्रकार उत्कर्ष वर्णनाभिप्राय से ही भा० १०।९०।४७ में श्रीशुकदेव कहे हैं—

"तीर्थं चक्रे नृपोनं यदजनि यदुषु स्वःसरित् पादशौचं,
विद्विट्स्निग्धाः स्वरूपं ययुरजितपरा श्रीर्यदर्थेऽन्ययत्नः ।
यन्नामामङ्गलघ्नं श्रुतमथगदितं यत् कृतो गोत्रधर्मः,
कृष्णस्यैतन्न चित्रं क्षितिभरहरणं कालचक्रायुधस्य ॥"

टीका—"तस्मात् श्रीकृष्णकीर्त्तेः सर्वतीर्थोत्तमत्वं, श्रीकृष्णस्य च सर्वदेवोत्तमत्वं न चित्रमित्याह—तीर्थं चक्र इति । इतः पूर्वं स्वः सरिदेव सर्वतोऽधिकं तीर्थमित्यासीत् । इदानीन्तु यदुषु यत् अजनि, जातं तीर्थं श्रीकृष्णकीर्त्तिरूपमेतत् स्वः सरिद्रूपं पादशौचं तीर्थं ऊनमल्पं चक्रे, स्वयमेव सर्वतीर्थोपरि विराजत इत्यर्थः । श्रीकृष्णस्य विद्विषः स्निग्धाश्च, तत् सारूप्यं ययुरित्यपि नातिचित्रम् । तस्य परमकारुणिकत्वात् । तथा इदञ्च न चित्रम् । किं तत् । अजितपरा—अजिता कैश्चिदप्यप्राप्ता, परा—सर्वतः परिपूर्णा श्रीः, श्रीकृष्णस्यैव नान्यस्येति । तदेवाह—यदर्थेऽन्येषां ब्रह्मादीनां यत्न इति । ननु निरपेक्षं तमेव, लक्ष्मीः श्रयत इति चित्रमेवेति चेत्, नहि परममङ्गलनामधेयत्वात् तस्येत्याह—यन्नामेति । तदपि नार्थस्मरणापेक्षमित्याह—श्रुतमथगदितमिति । सर्वधर्माश्रयत्वादपीत्याह—यत् कृतो गोत्रधर्म इति । गोत्रेषु—तत्तदृषिवंशेषु, धर्मो यत्कृतो येन प्रवर्त्तितः, तस्य क्षितिभरहरणं नैव चित्रमित्याह—कृष्णस्यैतदिति ।

६८। एतस्य दशमस्कन्धपद्यस्यैवसम्वादितां व्यनक्ति, (भा० १।१।१६)—

(६८) "को वा भगवतस्तस्य पुण्यश्लोकेड्यकर्मणः।
शुद्धिकामो न शृणुयाद्यशः कलिमलापहम् ॥"१२२॥

शुद्धिकामोऽपि; यतः कलियुगस्यापि मलापहम्। यस्मादेवं तस्मात् ॥

६९। (भा० १।१।१७)—

(६९) "तस्य कर्माण्युदाराणि परिगीतानि सूरिभिः।
ब्रूहि नः श्रद्दधानानां लीलया दधतः कलाः ॥"१२३॥

उदराणि परमानन्ददातृ णिजन्मादीनि। स्वयं परिपूर्णस्य लीलया अन्याः अपि कलाः पुरुषादिलक्षणा दधतः; तत्तदंशानप्यादाय तस्यावतीर्णस्य सत इत्यर्थः ॥

सर्वसम्वादिनी

दक्षिणेतरस्थानानि संवदामीह साम्प्रतम्। चतुरङ्गुलमानेन स्वङ्गुलीनां समीपतः ॥२६॥

कालचक्रायुधस्येति। सर्वसंहारककालमूर्त्तेः, विशेषतो दुरन्तप्रभावचक्रायुधस्य कियदेतदित्यर्थः।"

हे राजन्! श्रीकृष्ण के कीर्त्तिकलापरूप जो तीर्थ, यदुवंश में उत्पन्न हुआ है। उससे श्रीवामनदेव के पादशौच रूप गङ्गा तीर्थ स्वल्प हो गया है।

स्वामिपाद का कथन है कि—इसके पहले सुरधुनी ही सर्वश्रेष्ठ तीर्थ रही, अधुना, यदुवंश में श्रीकृष्ण कीर्त्ति रूप जिस तीर्थ का उदय हुआ है। वह गङ्गारूप श्रीवामनदेव के पादशौच तीर्थ को अल्प किया है। अर्थात् गङ्गा की महिमा से भी श्रीकृष्ण यशः की महिमा अत्यधिक है ॥६७॥

श्रीशौनकादि की उक्ति से दशमस्कन्धीय उक्त पद्य का संवाद परिव्यक्त हुआ है। (भा० १।१।१६)
"को वा भगवतस्तस्य पुण्यश्लोकेड्य कर्मणः। शुद्धिकामो न शृणुयाद् यशः कलिमलापहम् ॥

उन भगवान् श्रीकृष्ण के कार्य्यसमूह का स्तव पुण्यश्लोक व्यक्तिगण करते रहते हैं। निज शुद्धि अभिलाषी कौन व्यक्ति, कलिकलुषनाशक उनका यशः श्रवण नहीं करेगा?

टीका—"पुण्यश्लोकैरीड्यानि स्तव्यानि कर्माणि यस्य, तस्य यशः—कलिमहापहम्, संसार-दुःखोपशमनम् ॥"६८॥

श्रीकृष्ण का यशः ही कलिकलुषनाशक है। अतएव भा० १।१।१७ में वर्णित है—
"तस्य कर्माण्युदाराणि परिगीतानि सूरिभिः। ब्रूहि नः श्रद्दधानानां लीलया दधतः कलाः ॥"

टीका—"प्रश्नान्तरं तस्येति। उदाराणि महान्ति विश्वसृष्ट्यादीनि, सूरिभिर्नारदादिभिः। कलाः, ब्रह्मरुद्रादिमूर्त्तीः ॥"

जो लीलावशतः कला—अंशावतारसमूह को प्रकट करते हैं, उनके परमोदार कर्मसमूह का कीर्त्तन, श्रीनारदादि भक्तगण करते रहते हैं, उनकी लीलाकथा श्रवण में हमारी महती श्रद्धा हुई है। अतः आप वर्णन करें।

श्रीकृष्ण की जन्म प्रभृति लीला, भक्तवृन्द को परमानन्दित करती हैं। तज्जन्य ही उक्त लीलासमूह उदार कर्म से अभिहित हैं। श्रीकृष्ण स्वयं परिपूर्ण होकर भी लीलार्थ अन्य कला अर्थात् पुरुषादि लक्षण, अंशसमूह को लेकर अवतीर्ण हुये हैं। अतएव उनकी लीला अतीव विचित्र है, एवं श्रोतव्य है ॥६९॥

७० । (भा० १।१।१८)—

(७०) "अथाख्याहि हरेर्धीमन्नवतारकथाः शुभाः ।
लीला विदधतः स्वैरमीश्वरस्यात्ममायया ॥"१२४॥

श्रीकृष्णस्य तावत् मुख्यत्वेन कथय । अथ तदनन्तरमानुषङ्गिकतयं वेत्यर्थः । हरेः श्रीकृष्णस्य ; प्रकरणबलात् अवताराः—पुरुषावतारागुणावतारा लीलावताराश्च, तेषां कथाः; लीलाः सृष्ट्यादिकर्मरूपा भूभारहरणादिरूपाश्च । औत्सुक्येन पुनरपि तच्चरितान्येव श्रोतुमिच्छन्तस्तत्रात्मनस्तृप्त्यभावमावेदयन्ति ॥

७१ । (भा० १।१।१९)—

(७१) "वयन्तु न वितृप्याम उत्तमश्लोकविक्रमे ।
यच्छृण्वतां रसज्ञानां स्वादु स्वादु पदे पदे ॥"१२५॥

सर्वसम्वादिनी

इन्द्रचापं ततो विद्यादन्यत्र न भवेत् क्वचित् । त्रिकोणं मध्यनिर्दिष्टं कलसो यत्र कुत्रचित् ॥२७॥

भा० १।१।१८ में उक्त है—"अथाख्याहि हरेर्धीमन्नवतारकथाः शुभाः ।
लीला विदधतः स्वैरमीश्वरस्यात्ममायया ॥"

टीका—प्रश्नान्तरमाह—अथेति । अवतार कथा इत्यस्यर्थमेव तत्तदवसरे ये मत्स्याद्यवताराः तदीयाः कथाः । स्वैरः—लीलाः कुर्वतः ॥

हे धीमन् ! श्रीहरि के अवतारों की शुभ कथा का वर्णन आप करें। ईश्वर स्वेच्छापूर्वक आत्ममाया के द्वारा विविध रूप में अवतीर्ण होकर लीला करते हैं ।७०।

श्रीकृष्ण कथा का ही कीर्त्तन मुख्य रूप से करें । अनन्तर आनुषङ्गिक रूप से अन्यान्य अवतारों का कीर्त्तन भी करें । मूल श्लोक में 'हरे' शब्द का प्रयोग है । अर्थात् श्रीहरि कथा का कीर्त्तन करें । यहाँ हरि शब्द का अर्थ, श्रीकृष्ण हैं । कारण—प्रकरण से उक्तार्थ का ही बोध होता है । श्रीशौनकादि ऋषिओं ने इतः प्राक् श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण करने का अभिप्राय को व्यक्त किया था । सुतरां उन्होंने यहाँ पर हरि शब्द से श्रीकृष्ण का ही उल्लेख किया है । यह स्वाभाविक अनुभूत है ।

अवतारसमूह, पुरुष के गुणावतार—ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर हैं, एवं लीलावतार—मत्स्यादि हैं, उनकी कथा ही लीला है । वह लीला द्विविधा है,—सृष्टि-स्थिति-संहार कर्मरूपा, एवं भूभार हरणादिरूपा ॥७०॥

औत्सुक्य वशतः पुनर्बार श्रीकृष्ण चरित्र श्रवणाभिलाष को प्रकट कर स्वीय अतृप्ति को व्यक्त कर रहे हैं । (भा० १।१।१९)—"वयन्तु न वितृप्याम उत्तमश्लोकविक्रमे ।
यच्छृण्वतां रसज्ञानां स्वादु स्वादु पदे पदे ॥"

टीका—"यद्यपि श्रीकृष्णावतारप्रयोजनप्रश्नेनैव तच्चरितप्रश्नोऽपि जात एव, तथाप्यौत्सुक्येन पुनरपि तच्चरितान्येव श्रोतुमिच्छन्तस्तत्रात्मनस्तृप्त्यभावमावेदयन्ति, वयन्त्विति । यागयोगादिषु तृप्ताः स्मः । उद्गच्छति तमो यस्मात् स उत्तमस्तथाभूतः श्लोको यशो यस्य, तस्य विक्रमे तु विशेषेण न तृप्यामः, अलमिति न मन्यामहे । तत्र हेतुः, यद्विक्रमं शृण्वताम् । यद्वा, अन्ये तु तृप्यन्तु नाम, वयन्तु नेति तु शब्दस्यान्वयः । अयमर्थः—त्रिधाह्यलंबुद्धिर्भवति, उदराविभरणेन वा, रसाज्ञानेन वा, स्वादु विशेषाभावाद्वा,

योगयागादिषु तृप्ताः स्म ; भगवद्विक्रममात्रे तु न तृप्याम एव । तथापि (भा० १०।९०।४७) —"तीर्थं चक्रे नृपोनम्" इत्याद्युक्त-लक्षणस्य सर्वतोऽप्युत्तमश्लोकस्य श्रीकृष्णस्य विक्रमे विशेषेण न तृप्यामः, अलमिति न मन्यामहे । तत्र हेतुः—यद्विक्रमणं शृण्वताम् ; यद्वा, अन्ये तु तृप्यन्तु नाम, वयन्तु नेति 'तु'-शब्दस्यान्वयः ॥

७२ । (भा० १।१।२०)—

(७२) "कृतवान् किल कर्माणि सह रामेण केशवः ।
अतिमर्त्यानि भगवान् गूढः कपटमानुषः ॥"१२६॥

टीका च—"अतः श्रीकृष्णचरितानि कथयेत्याशयेनाहुः—कृतवानिति । अतिमर्त्यानि मर्त्यानतिक्रान्तानि गोवर्द्धनोद्धरणादीनि, मनुष्येष्वसम्भावितानीत्यर्थः" इत्येषा । ननु कथं मानुषः सन्नतिमर्त्यानि कृतवान् ? तत्राहुः—कपटमानुषः पार्थिवदेहविशेष एव

सर्वसम्वादिनी

अष्टाङ्गुलप्रमाणेन तद्धवेदर्द्धचन्द्रकम् । अर्द्धचन्द्र-समाकारं निर्द्दिष्टं तस्य सुव्रत ॥२८॥

तत्र शृण्वतामित्यनेन चाज्ञानतः पशुवत् तृप्तिनिराकृता, इक्षुभक्षणवद्रसान्तराभावेन तृप्तिं निराकरोति—पदे पदे प्रतिक्षणं स्वादुतोऽपि स्वादु ॥"

उत्तम श्लोक श्रीकृष्ण के विक्रम अर्थात् लीला श्रवण कर हम वितृप्त नहीं हैं । कारण, तदीय चरित्र श्रवण के समय में रसज्ञ श्रोतृवर्ग का पद पद में उत्तरोत्तर अधिक आनन्दास्वादन होता है ।

महावक्ता एवं श्रोता का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है । श्रीशौनकादि ऋषियों ने कहा,—हम सब यागयोगादि में तृप्त हैं । किन्तु श्रीभगवद् विक्रम श्रवण से तृप्त नहीं हैं । उसमें भी जिनका यशः, गङ्गा की महिमा की न्यूनता सम्पादन किया है, उन सर्वश्रेष्ठ यशस्वी, श्रीकृष्ण के यशः से विशेष रूप से अतृप्त हैं । अर्थात् अनेक सुन चुके हैं, और कितने सुनेंगे ? इस प्रकार अलं बुद्धि हम सबको नहीं होगी । कारण यह है—रसज्ञ श्रोतृगण, श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण के समय, पद पद में उत्तरोत्तर अधिक से अधिकतर आस्वादन अनुभव करते हैं । अर्थान्तर में—श्रीकृष्णचरित्र श्रवण से अन्य व्यक्ति तृप्त हो सकते हैं, किन्तु हम सब तृप्त नहीं होंगे । अलं बुद्धि नहीं होगी । प्रथम अर्थ में 'उत्तमःश्लोकविक्रमे' पद के सहित, 'तु' 'वयन्तु—वयम् तु' शब्द अन्वित है, एवं द्वितीय अर्थ में 'तु' शब्द 'वयम्' पद के सहित अन्वित है ॥७१॥

उसके बाद श्रीशौनक ने कहा—निश्चय ही गूढ़ एवं कपट मनुष्य भगवान् केशव, राम के सहित अलौकिक कर्मसमूह किये हैं । (भा० १।१।२०)—"कृतवान् किल कर्माणि सह रामेण केशवः ।
अतिमर्त्यानि भगवान् गूढः कपटमानुषः ॥"

स्वामिटीका—अतएव श्रीकृष्णचरित्र, रसज्ञ श्रोतृवर्ग के निकट पदे पदे—उत्तरोत्तर स्वादाधिक्य को प्रकट करता है, एवं हम सब भी श्रीकृष्ण यशः श्रवण से विशेष रूप से अतृप्त हैं । तज्जन्य श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन करो । इस अभिप्राय से ही श्रीशौनक ने 'कृतवान्' प्रभृति शब्द कहा है । श्लोकस्थ, अतिमर्त्यानि शब्द का अभिप्राय यह है—अलौकिक कर्मसमूह के द्वारा मनुष्य सामर्थ्य को अतिक्रम किये हैं । अर्थात् गोवर्द्धन धारण प्रभृति कर्म जो मनुष्यसमूह के द्वारा सम्पन्न होना सर्वथा असम्भव है, उक्त कर्मसमूह का सम्पादन आपने अनायास किया है ।

यहाँ जिज्ञास्य यह है कि—श्रीकृष्ण मानुष होकर कैसे अमानुषिक कर्मसमूह किये हैं ? उत्तर में

मानुषशब्दः प्रतीतः, तस्मात् कपटेनैवासौ तथा भातीत्यर्थः; वस्तुतस्तु नराकृतेरेव परब्रह्मत्वेनासत्यपि प्रसिद्धमानुषत्वे नराकृति-नरलीलत्वेन लब्धमप्रसिद्धमानुषत्वमस्त्येव। तत् पुनरैश्वर्य्याव्याघातकत्वान्न प्रत्याख्यायत इति भावः। अतएव स्यमन्तकाहरणे (भा० १०।५६।२२)—"पुरुषं प्राकृतं मत्वा" इत्यनेन जाम्ववतोऽन्यथाज्ञानव्यञ्जकेन वाक्येन तस्य

सर्वसम्वादिनी

त्रिन्दुर्वै मत्स्यचिह्नञ्च ह्याचन्ते वै निरूपितम्। गोष्पदं तेषु विज्ञेयमाद्यङ्गुलप्रमाणतः॥'२६॥ इत्यादि; [मूले] तदग्रं [अव्यवहितान्तरं] च [मूल० ८२तम अनु०]—

कहते हैं—'श्रीकृष्ण कपट मानुष हैं' पार्थिव 'पाञ्चभौतिक' देहविशेष में ही मानुष शब्द का प्रयोग होता है। श्रीकृष्ण, सच्चिदानन्द विग्रह हैं। सुतरां उक्त लक्षणविशिष्ट मानुष आप नहीं हैं। निज स्वरूप को गोपन कर नरलीला का अनुकरण द्वारा मनुष्य के समान प्रतीत होते हैं। एतज्जन्य ही श्रीकृष्ण को कपट मानुष कहा गया है।

वस्तुतस्तु,—श्रीकृष्ण, नराकृति ही परब्रह्म हैं, उनमें प्रसिद्ध मनुष्यत्व 'पार्थिव देहविशिष्टत्व' नहीं है। आप नराकृति हीं है, नरलीला का भी अनुष्ठान करते हैं। तज्जन्य अवश्य प्राप्त अप्रसिद्ध-मनुष्यत्व श्रीकृष्ण में अवश्य ही है। अप्रसिद्ध-मनुष्यत्व को मान लेने पर उनका ऐश्वर्य्य का व्याघात नहीं होता है। अर्थात् स्वयं भगवत्ता की हानि नहीं होती है। अतएव अप्रसिद्ध-मनुष्यत्व का प्रत्याख्यान न करें। यह ही श्रीशौनक वाक्य का तात्पर्य्य है। अतएव श्रीकृष्ण का अप्रसिद्ध मनुष्यत्व ही है, सहेतुक उसका वर्णन श्रीशुकदेव ने स्यमन्तकाहरण प्रसङ्ग भा० १०।५६।२२ में कहा है—

"स वै भगवता तेन युयुधे स्वामिनात्मनः। पुरुषं प्राकृतं मत्वा कुपितो नानुभाववित्॥"

श्रीकृष्ण का प्रभाव को न जानकर कुपित जाम्ववान् प्राकृत पुरुष मानकर निज प्रभु भगवान् श्रीकृष्ण के सहित युद्ध किये थे।

स्यमन्तक प्रकरण इस प्रकार है—सूर्य्यदेव निज प्रिय भक्त सत्राजित् को स्यमन्तक मणि प्रदान किए थे। मणि अति तेजस्वी थी, एवं प्रतिदिन आठ भार (प्रति भार का परिमाण साढ़े आठ मण) सुवर्ण प्रसव करती थी। अर्चित होकर मणि, जहाँ पर रहती थी, वहाँ दुर्भिक्ष, महामारी प्रभृति अमङ्गल नहीं होता। यदुराज उग्रसेन के निमित्त उक्त मणि की प्रार्थना श्रीकृष्ण ने की। किन्तु सत्राजित् ने उनको मणि प्रदान नहीं किया। सत्राजित् का भ्राता, प्रसेन स्यमन्तक मणि धारण कर मृगया के निमित्त जाने पर सिंह ने उनको मारकर मणि को ले लिया। जाम्ववान् ने उस सिंह को मारकर मणि प्राप्त किया एवं निज बालक को खेलने के निमित्त दे दिया।

सत्राजित्, भ्राता को अप्रत्यागत देखकर, मणि के लोभ से श्रीकृष्ण ने ही उसको मार डाला है, यह अपवाद घोषित कर दिया। अपवाद से मुक्त होने के निमित्त श्रीकृष्ण, प्रसेन का अनुसन्धान करते हुये जाम्ववान् की गुहा में उपस्थित होकर मणि ग्रहण हेतु कृतनिश्चय होने पर जाम्ववान् ने श्रीकृष्ण के सहित युद्ध प्रारम्भ कर दिया। युद्ध में पराजित होकर जाम्ववान् श्रीकृष्ण को निज प्रभु रूपसे जान गये, एवं स्यमन्तक मणि के सहित कन्या जाम्ववती को सम्प्रदान किये थे। श्रीकृष्ण, प्रकाश्य राजसभा में जाम्ववान् के निकट से मणि प्राप्ति का विवरण कहकर सत्राजित् को मणि दे दिये। सत्राजित् भी निज अपराध शान्ति के निमित्त कन्या सत्यभामा एवं स्यमन्तक मणि, श्रीकृष्ण को प्रदान किये थे। जाम्ववान् का प्राकृत ज्ञान व्यतीत अन्यविध ज्ञान व्यञ्जक श्लोक के द्वारा श्रीकृष्ण का प्राकृत पुरुषत्व का निषेध कर पुरुषत्व स्थापित हुआ है। अर्थात् उक्त श्लोकस्थ 'मत्वा' पद से प्रतीत होता है कि—जो प्राकृत पुरुष

प्राकृतत्वं निषिध्य पुरुषत्वं स्थाप्यते । एवं (भा० १०।१।७) "मायामनुष्यस्य वदस्व विद्वन्" इत्यादिष्वपि ज्ञेयम् । यस्मात् कपटमानुषस्तस्मादेव गूढ़ः, स्वतस्तु तद्रूपतयैव भगवानिति ॥ श्रीशौनकः ॥

सर्वसम्वादिनी

'षोड़शं तु तथा चिह्नं शृणु देवर्षिसत्तम । जम्बूफल-समाकारं दृश्यते यत्र कुत्रचित् ।

नहीं है, उनको भी प्राकृत पुरुष माने थे । यदि श्रीकृष्ण यथार्थतः प्राकृत पुरुष होते, तब 'मत्वा' मानकर पद प्रयोग की कोई सार्थकता नहीं होती । श्रीकृष्ण, पुरुषाकार होने पर भी प्रकृत्यतीत अप्राकृत नरविग्रह हैं । इस सिद्धान्त को प्रकट करने के निमित्त उक्त 'मत्वा' पद का प्रयोग हुआ है ।

श्रीकृष्ण, कपट मानुष, अर्थात् अप्राकृत नरविग्रह हैं । उसका अपर प्रमाण भा० १०।१।७ में है—

"वीर्य्याणि तस्याखिलदेहभाजा, मन्तर्बहिः पुरुषकालरूपैः ।
प्रयच्छतो मृत्युमुतामृतञ्च, माया मनुष्यस्य वदस्व विद्वन् ॥

क्रमसन्दर्भः । पूर्वपूर्वोक्त वहिर्मुखानपि प्रवर्त्तयन् सकौतुकमाह—वीर्य्याणीति, अखिलदेहभाजाम-नियतानां जीवानां नियमं विनैव तेषां केषाञ्चिदंघ्रिच्छिकादिमृत्युरत्वेन दुर्घटदेहत्यागानां भीष्मादीनां मृत्युं देहत्यागं कारयतः, केषाञ्चिद्विरोधित्वेन दुर्घटमोक्षाणां कंसादीनाममृतं मोक्षमपि, चकारात् पूतनादीनां भक्तिमपि कारयतो तस्य यानि, तादृशानि वीर्य्याणि स्वच्छन्दाचरितानि वदेत्यर्थः । तत्र हेतुः (सात्वत तन्त्रे) 'विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्यानि' इत्युक्तदिशा पुरुषरूपैः परमाण्वादिभेदेन कालरूपैश्चान्तर्बहिश्च स्थितस्येति ; तत एतेषामन्तर्बहिश्च स्वेच्छानुरूपमेव सम्पादितमित्यर्थः । तदेवं तस्य नराकृतिपरब्रह्मणः प्राकृतमनुष्यतया प्रतीतिस्तु माययैवेत्याह—मायामनुष्यस्येति, तत एवम्भूतैश्वर्य्यादिरहस्यापि निजाहृतैर्दिभि स्तदेकशरणापत्ति-सम्पादकानि तद् वीर्य्याणि श्रोतव्यान्येवेति ॥

श्रीपरीक्षित् श्रीशुकदेव को कहे थे—"हे विद्वन् ! जो अखिल देहधारी के अन्तर एवं बाहर पुरुष एवं कालरूप में अवस्थित होकर संसार एवं मोक्ष प्रदान करते हैं, उन मायामनुष्य के वीर्य्यसमूह का वर्णन कृपापूर्वक करें ।

श्रीकृष्ण चरित्र का श्रवण करना ही एकमात्र कर्त्तव्य है । इस अभिप्राय से ही राजा परीक्षित् ने वहिर्मुख जनगण को भी श्रीकृष्णकथा श्रवण हेतु प्रवर्त्तित करने के निमित्त 'वीर्य्याणि' श्लोक में तदीय ऐश्वर्य्य माधुर्य्यपूर्ण तत्त्वोल्लेखपूर्वक प्रार्थना की, हे मदेकबन्धो ! मदीय हितार्थ कृपया श्रीकृष्ण वीर्य्य का कीर्त्तन करें । श्रीकृष्ण, जीवगण को अमृत—मरणाद्यशेष दुःखरहित वैकुण्ठलोक, अथवा परममधुर श्रीकृष्ण प्रेम, एवं मृत्यु प्रदान करते हैं । जो लोक तदीय कथा श्रवणादि द्वारा अन्तर्दृष्टि सम्पन्न होते हैं, उन सज्जनवृन्द को अन्तर्य्यामिरूप में अमृत प्रदान, और जो लोक, श्रीकृष्ण कथा श्रवणाभाव से वहिर्मुख हैं, उन सबको कालरूप से मृत्युदान करते हैं । अर्थात् अन्तरङ्ग भक्तवृन्द को श्रीविग्रहादिरूप से परमानन्द एवं भक्तद्वेषिगण को यमादि रूप से विभिन्न दुःख प्रदान करते हैं । किम्वा, श्रीकृष्ण, भक्त के अन्तर एवं बाहर में अमृत, और भक्तद्रोही के बाहर भीतर मृत्यु प्रदान करते हैं । उन श्रीकृष्ण, मायामनुष्य हैं । माया के द्वारा श्रीकृष्ण, प्राकृत मनुष्यवत् प्रतीत होने पर भी स्वतः—स्वेच्छा क्रम से मनुष्याचार लीला करते हैं । अन्य जीव के समान कर्मपरतन्त्र होकर मनुष्योचित आचरण नहीं करते हैं । श्रीकृष्ण, माया के द्वारा मनुष्यरूप प्रकाश करने पर भी मनुष्य लोकातीत हैं । कारण, नररूप में ही श्रीगरुड़ारोहण, रुद्र जय, ब्रह्ममोहनादि लीला में ऐश्वर्य्य को प्रकट कर स्वयं का लोकातीतत्व दर्शाये थे । किम्वा, माया शब्द का अर्थ है—दया, भक्तगण के प्रति श्रीकृष्ण की जो नित्यसिद्ध करुणा है, उस करुणा

७३। अथ श्रीसूतस्यापि (भा० १।२।१)—"इति संप्रश्न-संहृष्टः" इत्याद्यनन्तरम् (भा० १।२।४)—"नारायणं नमस्कृत्य" इत्याद्यन्ते पुराणमुपक्रम्यैवाह, (भा० १।२।५)—

(७३) "मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम् ।
यत् कृतः कृष्णसम्प्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति ॥"१२७॥

टीका च—(भा० १।२।१) "तेषां वचः प्रतिपूज्य" इति यदुक्तं तत् प्रतिपूजनं करोति—हे मुनयः! साधु यथा भवति तथाहं पृष्टः, यतो लोकानां मङ्गलमेतत, यद्यतः श्रीकृष्ण-विषयः संप्रश्नः कृतः। सर्वशास्त्रार्थसारोद्धारप्रश्नस्यापि कृष्णे पर्य्यवसानादेवमुक्तम्" इत्येषा।

सर्वसम्वादिनी
तच्चिह्नं षोड़शं प्रोक्तमित्याहुर्मुनयोऽनघाः ॥'३०॥ इति;

हेतु, सच्चिदानन्द नरविग्रह में आप नित्य विराजमान हैं। अथवा, माया ज्ञानवाची है, ज्ञानावस्था में अर्थात् स्वरूपानुभूति होने से ज्ञानी के समीप में ब्रह्म स्वरूप में, योगी के निकट परमात्म स्वरूप में एवं भक्तगण के समक्ष में नराकृति परब्रह्म रूप में स्फूर्ति प्राप्त होते हैं। कारण, नराकृति में ही श्रीकृष्ण परब्रह्म हैं। यह वैष्णवतोषणी की व्याख्या है। उक्त श्लोकोक्त 'माया मनुष्य' पद, श्रीकृष्ण नररूप में प्रकट होने पर भी प्रसिद्ध मानव नहीं हैं, इस अर्थ का प्रकाशक है।

श्रीकृष्ण, कपट मानुष होने से ही गूढ़ हैं, उनका स्वरूप को जानना दुरूह व्यापार है। तदीय कृपा व्यतीत कोई भी व्यक्ति उनको अवगत नहीं हो सकते हैं। किन्तु स्वेच्छा क्रम से कपट मनुष्य रूप से क्रीड़ा करने पर भी उक्त नरविग्रह में ही श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं। प्रकरण प्रवक्ता श्रीशौनक हैं ॥७२॥

अनन्तर श्रीसूत का भी तात्पर्य्य श्रीशौनकवत् श्रीकृष्ण में ही है, उसका प्रदर्शन करते हैं। श्रीशौनकादि के उत्तम प्रश्न से निरतिशय आनन्दित चित्त—'इति संप्रश्न संहृष्टो विप्राणां रोमहर्षणिः, प्रतिपूज्यवचस्तेषां प्रवक्तुमुपचक्रमे' (१।२।१) "शौनकादि विप्रवृन्द के उत्तम प्रश्न से परमानन्दित रोमहर्षण नन्दन श्रीसूत, उनके वाक्य को अभिनन्दित करके कथन प्रारम्भ किये थे।"

"नारायणं नमस्कृत्य नरञ्चैव नरोत्तमम्। देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत् ॥" (१।२।४)

'नारायण, नरोत्तम नर, देवी सरस्वती, एवं व्यास को नमस्कार करके तदनन्तर जय का उच्चारण करें।' इत्यादि श्लोक के बाद श्रीमद्भागवत का उपक्रम करके कहते हैं—

"मुनयः साधुपृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम्। यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति ॥"

हे मुनिगण! आप सब ने उत्तम प्रश्न किया है। यह प्रश्न ही जगत् का मङ्गलकर है। कारण, श्रीकृष्ण विषयक प्रश्न ही आपने किया है, उससे ही आत्मप्रसन्नता होती है।"

स्वामिकृत टीका। (१।२।१) श्रीशौनकादि के वाक्य को अभिनन्दित करके' इत्यादि वाक्य में प्रतिपूजन की कथा कही गई है, श्रीसूत, उसकी प्रतिपूजा कर रहे हैं, हे मुनिगण! जिससे उत्तम मङ्गल अर्थात् साधु होता है, उस प्रकार से ही मैं जिज्ञासित हूँ। अर्थात् आपका प्रश्न, सर्वथा प्रशंसार्ह है। कारण, आपका श्रीकृष्णविषयक प्रश्न ही जगत्कल्याणकर है। वह प्रश्न क्यों लोकहितकर है? उसको प्रकाश कर कहते हैं। आपने श्रीकृष्ण विषयक प्रश्न ही किया है। सर्वशास्त्र का सार क्या है? मुनियों ने पहले यह प्रश्न किया था, उसका उत्तर भी श्रीकृष्ण में ही पर्य्यवसित है। अर्थात् निखिल शास्त्र का सार वाच्य श्रीकृष्ण ही हैं। तज्जन्य ही उक्त अभिनन्दन वाक्य में मुनियों के प्रश्न को श्रीसूत ने 'कृष्णसंप्रश्न' नाम से प्रशंसा के सहित अभिहित किया। यह विवरण टीका का है।

सर्वशास्त्र का सार श्रीकृष्ण हैं, एवं अपना भी तात्पर्य श्रीकृष्ण में ही है, उसको सूचित करने के

अतएवोत्तरेष्वपि पद्येषु अधोक्षज-वासुदेव-सात्वतांपति-कृष्णशब्दास्तत्प्राधान्यविवक्षयैव पठिताः। अत्र श्रेयःप्रश्नस्याप्युत्तरं लोकमङ्गलमित्यनेनैव तावद्दत्तं भवति, तथात्मसुप्रसाद-हेतोश्च 'येनात्मा सुप्रसीदति' इत्यनेन ॥ श्रीसूतः ॥

७४। तदेवं महाश्रोतृवक्तॄणामैकमत्येन च तात्पर्य्यं सिद्धम्। अथ श्रुति-लिङ्गादिभिः षड्भिरपि प्रमाणैः स एव प्रमीयते। तत्र निरपेक्षरवा श्रुतिर्दर्शितैव, (भा० १।३।२८)

सर्वसम्वादिनी

अत्र 'वैष्णवोत्तम' इत्यादिकं श्रीनारद-सम्बोधनम्। 'यदा कदा' इति यदा कदाचिदेवेत्यर्थः। 'मध्यमा'-

निमित्त परवर्त्ती श्लोकसमूह में आपने अधोक्षज, वासुदेव, सात्वतां पति, एवं कृष्ण शब्द का प्रयोग, श्रीकृष्ण को प्रधान रूप से प्रकाश करने के उद्देश्य से ही किया है।

"स वै पुंसां परो धर्मो यतो भक्तिरधोक्षजे। अहैतुक्यप्रतिहता ययात्मा संप्रसीदति।
वासुदेवे भगवति भक्तियोगः प्रयोजितः। जनयत्याशु वैराग्यं ज्ञानञ्च यदहैतुकम्॥
तस्मादेकेन मनसा भगवान् सात्वतां पतिः। श्रोतव्यः कीर्त्तितव्यश्च ध्येयः पूज्यश्च नित्यशः॥
शृण्वतां स्वकथाः कृष्णः पुण्यश्रवणकीर्त्तनः। हृद्यन्तःस्थो ह्यभद्राणि विधुनोति सुहृत्सताम्॥"

श्रीशौनक का प्रश्न था—"श्रेयः क्या है?" इस प्रश्न का उत्तर "लोकमङ्गल" पद से, "आत्म सुप्रसाद का कारण क्या है?" इसका उत्तर "जिसके द्वारा आत्मा की सुप्रसन्नता है" वाक्यांश से आपने दिया है। अतएव सुप्रतीत होता है कि—'लोक मङ्गल क्या है?' 'सर्वशास्त्र का सार क्या है? 'आत्म सुप्रसाद प्राप्ति का उपाय क्या है?' ये तीन प्रश्नों का उत्तर—

"मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम्। यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति॥"

उक्त श्लोकस्थ 'कृष्णसंप्रश्न' वाक्य से ही दिया गया है। अर्थात् मुख्य वाक्य कृष्णसंप्रश्न, निखिल जगत् का हेतु—श्रीकृष्ण संप्रश्न, एवं आत्मप्रसन्नता प्राप्त करने का भी उपाय श्रीकृष्ण संप्रश्न ही है।

प्रवक्ता श्रीसूत हैं॥७३॥

महाश्रोता एवं महावक्ता का प्रकरण पर्य्यालोचन से निर्णीत हुआ कि—उन सबका ऐकमत्य श्रीकृष्ण तात्पर्य में ही है।

अनन्तर—"श्रुति-लिङ्ग-वाक्य-प्रकरण-स्थान-समाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यमर्थविप्रकर्षात्। मीमांसादर्शनम्" (३।३।१४) वचनगत विरोध समाधान हेतु मीमांसा सूत्रकार का मत है—श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान, समाख्या के समवाय स्थल में क्रमशः पर पर प्रमाण की दुर्बलता है। श्रुति लिङ्ग के मध्य में लिङ्ग दुर्बल, लिङ्ग वाक्य के मध्य में वाक्य दुर्बल है, इत्यादि। उक्त नियमानुसार श्रुति का सर्वाधिक प्रामाण्य है। श्रुत्यादि का निरुक्ति इस प्रकार है—

"श्रुतिश्च शब्द, क्षमता च लिङ्गम्। वाक्यं पदान्येव तु संहतानि॥
सा प्रक्रिया यत् करणं साकाङ्क्षम्। स्थानं क्रमो योगबलं समाख्या॥

श्रुति—शब्द, लिङ्ग—क्षमता, वाक्य—पदसंहति, प्रकरण—साकाङ्क्षकरण, स्थान—क्रम, समाख्या—योगबल। निरपेक्षोरवः—श्रुतिः। शब्दसामर्थ्यं—लिङ्गम्। समभिव्याहारो—वाक्यम्। उभयाकाङ्क्षा—प्रकरणम्। देश—सामान्य-स्थानम्। समाख्या—यौगिकशब्दः। निजार्थप्रतिपादन में पदान्तरापेक्षा रहित शब्द ही श्रुति है। शब्दार्थ प्रकाशन को लिङ्ग कहते हैं। साध्यत्वादि द्वितीयादि का अभाव होने से तात्पर्य्य लब्ध शेष-शेषि भाव बोधक पदद्वय का सहोच्चारण का नाम वाक्य है।

"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्यत्र । अथ श्रुतिसामर्थ्यरूपं लिङ्गञ्च (भा० १०।१३।४६)—

"तावत् सर्वे वत्सपालाः पश्यतोऽजस्य तत्क्षणात् ।
व्यदृश्यन्त घनश्यामाः पीतकौशेयवाससः ॥"१२८॥

इत्यादौ ज्ञेयम् । किन्त्वन्यत्र—"बर्हिर्देवसदनं दामि" इत्यस्य मन्त्ररूपस्य लिङ्गस्य बलात् श्रुतिः कल्प्यते । अत्र तु "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति साक्षादेव तद्रूपोऽस्तीति विशेषोऽप्यस्ति । अथाकाङ्क्षायोग्यतासत्तिमदनेकपदविशिष्टैकार्थ्यप्रतिपादकशब्दरूपं वाक्यञ्च

सर्वसम्वादिनी

पार्ष्णि-पर्यन्तयोः समदेशो 'मध्य'स्तत्र 'ध्वजा' ध्वजः । 'त्र्यङ्गुलमानतः' पादाग्रे त्र्यङ्गुल-प्रमाणदेशं

अङ्गाङ्गित्व में अभिमत परस्पराकाङ्क्षा का नाम प्रकरण है । देश का समानत्व को स्थान, एवं यौगिक शब्द को समाख्या कहते हैं ।

उक्त षड् विध श्रुत्यादि प्रमाण के द्वारा उक्त तात्पर्य्यार्थ का प्रतिपादन करते हैं । श्रुति निरपेक्षरवा भा० १।३।२८ में वर्णित है—"श्रीकृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" स्वयं भगवत्ता शब्दोपात्त ही है । श्रुति सामर्थ्य रूप लिङ्ग का उदाहरण भा० १०।१३।४६ में है—"तावत् सर्वे वत्सपालाः पश्यतोऽजस्य तत्क्षणात् ।
व्यदृश्यन्त घनश्यामाः पीतकौशेयवाससः ॥

टीका—अन्यदप्याश्चर्य्यमाह—तावदिति । वत्सपालाः, वत्साः पालाश्च सर्वे यष्टिविषाणादयः ।

ब्रह्मा के देखते देखते ही वत्सपाल एवं वत्सगण प्रभृति पीतवसन एवं मेघश्यामल कान्ति से सुशोभित हो गये ।" इसमें जानना आवश्यक है कि—उक्त श्लोक में श्रुति सामर्थ्यरूप लिङ्ग का उदाहरण सुस्पष्ट है, एवं श्रुति का ही प्राबल्य है । किन्तु अन्यत्र अर्थात् "बर्हिर्देवसदनं दामि" मन्त्र प्रयोग के बल से मूल प्रेरणात्मक श्रुति वाक्य का अनुसन्धान आवश्यक है । कारण उक्त मन्त्र वाक्य का स्वतन्त्र रूप से विनियोग नहीं है, श्रुति का ही साक्षात् विनियोग होता है । अर्थात् श्रुति का मुख्यत्व है, एवं मन्त्र का गौणत्व । सुतरां गौण प्रयोग के स्थल में मुख्य का अनुसन्धान अन्वय के निमित्त आवश्यक है । मुख्य के विना, गौण का अवस्थान असम्भव है । विचार्य्य स्थल में "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" साक्षात् श्रुति ही बलवती है । कारण, श्रुति साक्षात् विनियोग विधान करती है, अतः वह शीघ्र प्रवृत्त है । लिङ्ग—श्रुति कल्पना के द्वारा विनियोग विधान करता है, अतः वह विलम्बित प्रवृत्त है । कारण, जिस शब्द श्रवण मात्र से ही (विभक्ति प्रभृति का श्रवण मात्र से ही) सम्बन्ध की प्रतीति होती है, उसको श्रुति कहते हैं । लिङ्ग शब्द से सामर्थ्य का बोध होता है । सुतरां मन्त्रगत पदसमूह, प्रथमतः निज निज अर्थ प्रतिपादन करते हैं । अनन्तर उससे (अर्थबोध से) सामर्थ्य का अनुमान होता है । अनन्तर अनुमित सामर्थ्य की विद्यमानता से तद्द्वारा आकाङ्क्षाधीन श्रुति की कल्पना होती है, यथा 'मन्त्रेण इन्द्रमुपतिष्ठेत्' लिङ्ग के द्वारा विहित होने के पहले ही प्रत्यक्ष श्रुति के द्वारा विनियोग साधित होता है । अतः निर्विषय लिङ्ग, श्रुति के द्वारा बाधित होता है । "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" साक्षात् श्रुति ही अर्थ प्रतिपादन में स्वतन्त्र है ।

श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान अर्थात् क्रम एवं समाख्या इन सबके समवाय से अर्थात् एक ही विषय में एकाधिक का समावेश होने से 'पारदौर्बल्यम्' परवर्त्ती की दुर्बलता होती है । अर्थात् परवर्त्ती विषय पूर्वापेक्षा दुर्बल होने से पूर्व के द्वारा बाधित होता है । 'अर्थविप्रकर्षात्' कारण अर्थ का अर्थात् अङ्गाङ्गित्व निर्णयरूप विनियोग का विप्रकर्ष होता है, अर्थात् विलम्बित भाव से बोधकता होती है । यह सिद्धान्त है ।

(भा० १।७।७) "यस्यां वै श्रूयमाणायाम्" इत्यादिरूपमेव। यथा खलु "इमामगृभ्णन्-रशनामृतस्य" इति मन्त्रस्य रशनामात्रादाने विनियोगप्राप्तौ "इमामगृभ्णन् रशनामृतस्य" इति, "अश्वाभिधानीमादत्ते" इति ब्राह्मणवाक्यादश्वरशनादाने विनियोगः प्रतीयते, तथात्रापि (भा० १।७।४) "भक्तियोगेन मनसि सम्यक् प्रणिहितेऽमले। अपश्यत् पुरुषं पूर्णम्" इत्यत्र पूर्णपुरुषत्वेनोक्तस्य कृष्णत्वं (भा० १।७।७) "यस्यां वै श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे" इति वाक्यादुच्यत इति, तथारम्याधीतरूपं प्रकरणञ्चात्र (भा० १।१।१२) "सूत जानासि भद्रं ते" इत्यादिरूपम्। यथा "दर्शपौर्णमासाभ्यां यजेत" इत्यत्र तृतीयया श्रुत्या दर्शपौर्णमासयोः प्रकरणत्वेन प्राप्ते करणस्य चेति-कर्त्तव्यताकाङ्क्षायां "समिधो यजति" इत्यादिना योजना, तथा "दर्शपौर्णमासाभ्याम्" इत्यादेर्वाक्यस्य फलविधुरस्य फलाकाङ्क्षायां "अग्निष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत" इति तदारभ्य प्रकरणार्थारब्धेन स्वर्गकाम इत्यनेन योजना। तथा,—"सूत जानासि भद्रं ते" इत्यत्र श्रवणारम्भ एव श्रीकृष्णस्यावतारे हेतुं विज्ञातुमिच्छद्भिः शौनकादिभिस्तत्र परमाद्भुततां व्यज्य श्रीकृष्णस्यैव सर्वत्र ज्ञेयत्वेन योजना गम्येति तस्यैव

सर्वसम्वादिनी

परित्यज्येत्यर्थः ;—पद्मस्याधो ध्वजं धत्ते सर्वानर्थ-जयध्वजम्' इति स्कान्द-संवादात्। 'यत्र कुत्रचित्' परित

श्रुति लिङ्ग में श्रुति का प्राबल्य उक्त हेतु से जिस प्रकार होता है, उस प्रकार लिङ्ग वाक्य के मध्य में लिङ्ग का प्राधान्य है। कारण, आकाङ्क्षा योग्यता आसत्तियुक्त अनेक पदविशिष्ट एकार्थ प्रतिपादक शब्द को वाक्य कहते हैं। भा० १।७।७ में उक्त है—"यस्यां वै श्रूयमाणायां" इत्यादि वाक्य लक्षणाक्रान्त है।

उक्त रीति से "इमामगृभ्णन्रशनामृतस्य" इस विधि से रशना ग्रहण मात्र का बोध होता है। वह रशना द्विविध है, अर्थात् अश्वरशना गर्दभरशना। किन्तु अदृष्ट के निमित्त गर्दभरशना उपयोगी नहीं है। अश्वरशना का ही विनियोग प्रस्तुत कर्म में विधेय है। "इमामगृभ्णन्रशनामृतस्य" वाक्य से "अश्वाभिधानीमादत्ते" इस प्रकार ब्राह्मण वाक्य से अश्वरशना ग्रहण में ही विनियोग दृष्ट होता है। उस रीति से ही भा० १।७।४-स्थ 'भक्तियोगेन मनसि सम्यक् प्रणिहितेऽमले, अपश्यत् पुरुषं पूर्णम्" वाक्य से पूर्णपुरुष शब्द से भा० १।७।७ के वर्णन से "यस्यां वै श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे" इस वाक्य से कृष्ण का ही पूर्णपुरुषत्व स्थापित है। उभयाकाङ्क्षा प्रकरण भी आरम्भ वाक्य से सुप्रसिद्ध है। भा० १।१।१२ में उक्त है—'सूत जानासि भद्रं ते"। उदाहरण स्थल में "दर्शपौर्णमासाभ्यां यजेत" यहाँ दर्शपौर्णमासाभ्यां तृतीया श्रुति के द्वारा दर्शपौर्णमास याग ही प्रकरण प्राप्त है। करण की इति कर्त्तव्यता की आकाङ्क्षा है। "समिधो यजति" इसके सहित वाक्य योजना करना आवश्यक है। उस प्रकार ही 'दर्शपौर्णमासाभ्याम्' वाक्य में फल वर्णन नहीं है। फल श्रवण के बिना पुरुष प्रवृत्ति नहीं होती है। उक्त वाक्य में फलाकाङ्क्षा विद्यमान है, उसकी पूर्ति हेतु "अग्निष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत" श्रुति का अनुसन्धान होता है। इस प्रकार प्रकरणप्राप्त वाक्यसमूह के सहित "स्वर्गकाम" पद का अन्वय करना आवश्यक होगा। दार्ष्टान्तिक प्रकरण में भी "सूत जानासि भद्रं ते" प्रश्न वचन से आरम्भ कर श्रीकृष्णावतार के प्रति हेतु की जिज्ञासा श्रीशौनकादि की हुई। समस्त भगवदवतारों में श्रीकृष्णावतार का परमाद्भुतत्व होने के कारण समस्त

स्वयंभगवत्त्वं व्यक्तम्। तच्च दर्शितं सर्वश्रोतृवक्तॄणां तदेकमत्यप्रकरणेनेति। अथ क्रमवर्त्तिनां पदार्थानां क्रमवर्त्तिभिः पदार्थैर्यथाक्रमसम्बन्धरूपं स्थानञ्चात्र "सूत जानासि भद्रं ते" इत्यादावेव ज्ञेयम्। यथा दर्शपौर्णमासप्रकरणे कानिचित् कर्माणि उपांशुयागप्रभृतीनि "दविरसि" इत्यादयः केचन मन्त्राश्च समाम्नायन्ते। तत्र यस्य क्रमेण यो मन्त्रः समाम्नातस्तेनैव तस्य च सम्बन्धस्तथा (भा० १।२।५)—"मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम्। यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नः" इत्यत्र 'कृष्ण'-शब्दस्य प्रथमप्रश्नोत्तरगतत्वेन पठितस्य देवकीजातवाचकत्वमेव लभ्यते। अथ नामादिना तुल्यताख्यानरूपा समाख्या च (भा० १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्" इत्यस्य (भा० १।३।२८) "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्यत्र पर्य्यवसानमित्येवं ज्ञेयम्। यथाध्वरसंज्ञानां मन्त्राणाम् "अग्निर्यज्ञं नयतु प्रजानन्" इत्यादीनाम् 'आध्वर्य्यसंज्ञके कर्मणि विनियोगः' इति। किञ्च, एतस्यामष्टादशसाहस्र्यां

सर्वसम्वादिनी

इत्यर्थः। 'आदि'मङ्गुष्ठ-तर्जनीसन्धिमारभ्य मध्यमा-मध्यं याव'त्तावदूर्द्ध्वरेखा' व्यवस्थिता 'पाद्म-संज्ञके

ज्ञेय पदार्थ के सहित श्रीकृष्ण शब्द ही अन्वित है। अतएव स्वयं भगवत्ता एकमात्र श्रीकृष्ण की है। इसका प्रकाश उक्त प्रकरणों से हुआ है।

श्रीमद्भागवत के समस्त श्रोतृवक्तृगण के प्रकरण में श्रीकृष्ण कथा ही है। यथा—श्रीविदुर-मैत्रेय, श्रीपरीक्षित्-श्रीशुक, श्रीव्यास-श्रीनारद, श्रीब्रह्मा-श्रीकृष्ण, एवं श्रीशौनकादि-श्रीसूत, इन समस्त प्रकरणों में श्रीमद्भागवत-श्रोता वक्ता का अभिप्राय एक प्रकार होने से ही एकमात्र श्रीकृष्ण में ही उन सबों का तात्पर्य्य सिद्ध होता है।

अनन्तर क्रमवर्त्ति पदार्थों का क्रमवर्त्ति पदार्थों के सहित सम्बन्ध होना ही मीमांसोक्त स्थान है। "स्थानं—क्रमः" उसका समन्वय—"सूत जानासि भद्रं ते" इत्यादि प्रकरण में सुस्पष्ट है। जिस प्रकार दर्शपौर्णमास याग प्रकरण में कतिपय उपांशु याग प्रभृति का वर्णन है। "दविरसि" प्रभृति मन्त्र का वर्णन उन उन पृथक् पृथक् याग के निमित्त है। उसमें जिस क्रम में जिस मन्त्र का कथन हुआ है, उस क्रम के सहित ही, उक्त मन्त्रसमूह का विनियोग होगा, अन्यत्र नहीं। इस प्रकार प्रस्तुत स्थल में क्रमप्राप्त मूलतः श्रीकृष्ण का सम्बन्ध हुआ है, अतएव उक्त क्रम से श्रीकृष्ण का सम्बन्ध श्रीमद्भागवतस्थ प्रकरण समूह में है। भा० १।२।५ में वर्णित—"मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम्।
यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति॥" यहाँ सर्वादि प्रश्नोत्तर क्रम से श्रीकृष्ण शब्द का ही उल्लेख हुआ है। वह 'कृष्ण' रूढ़ि रूप से देवकी जात बोधकत्व ही है, अपर नहीं। अनन्तर योगबलरूप समाख्या का समन्वय भी उन श्रीकृष्ण शब्द में ही है। नामादि के द्वारा तुल्यताख्यान रूपा समाख्या का पर्य्यवसान भा० १।३।१ में वर्णित "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्" वाक्य का पर्य्यवसान, भा० १।३।२८ में उक्त "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" "पुंसः" शब्द में होता है। जिस प्रकार अध्वर संज्ञ मन्त्रसमूह का विनियोग—('अग्निर्यज्ञ नयतु प्रजानन्' इत्यादि का) आध्वर्य्य संज्ञक कर्म में ही होता है। इस प्रकार ही 'जगृहे' वाक्यस्थ 'पुरुष' शब्द का विनियोग 'एते चांशकलाः पुंसः' वाक्यस्थ पुरुष शब्द का सहोदर 'पुंसः' शब्द के सहित ही है।

संहितायां श्रीकृष्णस्यैवाभ्यासबाहुल्यं दृश्यते। तत्र प्रथमदशमैकादशेष्वतिविस्तरेणैव। द्वितीये श्रीब्रह्मनारदसंवादे; तृतीये श्रीविदुरोद्धव-संवादे; चतुर्थे (भा० ४।१।५७) "ताविमौ वै भगवतो हरेरंशाविहागतौ" इत्यत्र, (भा० ४।१७।६) "यच्चान्यदपि कृष्णस्य" इत्यादौ च; पञ्चमे (भा० ५।६।१८) "राजन् पतिर्गुरुरलम्" इत्यादौ; षष्ठे (भा० ६।८।२०) "मां केशवो गदया प्रातरव्याद्,-गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" इत्यत्र; सप्तमे श्रीनारदयुधिष्ठिर-संवादे; अष्टमे तन्महिमविशेषबीजारोपकरूपे कालनेमिवधे तादृशश्रीमदजितद्वारापि तस्य मुक्तिर्नाभवत्, किन्तु पुनः कंसत्वे तद्द्वारैवेति तन्महिमविशेषकथनप्रथमाङ्गत्वात्; नवमे सर्वान्ते श्रीद्वादशे च (भा० १२।११।२५) "श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्,-राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य"

सर्वसम्वादिनी

पुराणे 'कथिते'त्यर्थः। 'अष्टाङ्गुलैर्मानं तदि'ति मध्यमाङ्गुलमाणं परित्यज्येत्यर्थः। तावद्विस्तारत्वेन

और भी दृष्ट होता है—अष्टादशसहस्र श्लोक समन्वित पारमहंस्य-संहितात्मक श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण का ही अभ्यास बाहुल्य है। पुनः पुनः कथनं अभ्यासः। तन्मध्यमें श्रीमद्भागवत के प्रथम, दशम, एकादश में अति विस्तृत रूप से श्रीकृष्ण का वर्णन है। द्वितीय स्कन्धस्थ श्रीब्रह्म-नारद संवाद में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग है।

तृतीय स्कन्धस्थ विदुर-उद्धव संवाद में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग ही है। चतुर्थ स्कन्धस्थ ४।१।५७ में "ताविमौ वै भगवतो हरेरंशाविहागतौ" (भा० ४।१७।६) "यच्चान्यदपि कृष्णस्य" इत्यादि में श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन है। पञ्चम स्कन्ध के भा० ५।६।१८ में—

"राजन्! पतिर्गुरुरलं भवतां यदूनां दैवं प्रियः कुलपतिः क्व च किङ्करो वः।
अस्त्वेवमङ्ग! भगवान् भजतां मुकुन्दो मुक्तिं ददाति कर्हिचित् स्म न भक्तियोगम्॥"

हे राजन्! भगवान् मुकुन्द, आपसबका एवं यादवों का पालक, उपदेष्टा, उपास्य, सुहृद्, नियन्ता, एवं दौत्यादि का कार्य्य सम्पादनकारी हैं। इस प्रकार सौभाग्य लाभ किसी का नहीं हुआ है। मुकुन्द, भजनपरायण व्यक्तिगण को मुक्ति प्रदान करते हैं, किन्तु कदापि प्रेमभक्ति प्रदान नहीं करते हैं। कृष्ण प्रसङ्ग का वर्णन ही हुआ है।

षष्ठस्कन्धस्थ ६।८।२० में—"मां केशवो गदया प्रातरव्याद् गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" प्रातःकाल में गदा के द्वारा केशव, प्रत्युषकाल में वंशीधारी गोविन्द, मेरी रक्षा करें। दिवस का प्रथम पञ्चांश पाँचदण्ड प्रातःकाल, द्वितीय पञ्चांश छःदण्ड से दशदण्ड पर्य्यन्त समय को आसङ्गव कहते हैं। सुस्पष्ट कृष्णचरित्र है।

सप्तम स्कन्धस्थ श्रीनारद-युधिष्ठिर संवाद में श्रीकृष्ण चरित्र वर्णित है। अष्टम स्कन्ध में श्रीकृष्ण की महिमा का विशेष बीजारोपण अवसर में अर्थात् हतारिगतिदायक गुण प्रदर्शन के निमित्त (अन्य भगवत् स्वरूप कर्त्तृक निहत असुर की स्वर्गादि योगरूप ऊर्द्ध्व गति होती है, मुक्ति नहीं होती है। श्रीकृष्ण के द्वारा निहत होने से असुर मुक्त होता है। श्रीअजित के द्वारा निहत कालनेमि का मोक्ष नहीं हुआ, किन्तु पुनर्बार कंस रूप में उत्पन्न होकर श्रीकृष्ण हस्त से निहत होकर उसकी मुक्ति हुई। निजारि मोक्ष दान रूप महिमा विशेष सूचनरूप श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन हुआ है। नवम स्कन्ध के सर्वान्त में श्रीकृष्ण चरित्र वर्णन है। एवं द्वादश स्कन्धस्थ १२।११।२६ में श्रीकृष्ण चरित्र वर्णित है—

"श्रीकृष्णकृष्णसख-वृष्ण्यृषभावनीध्रुग् राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य्य।
गोविन्दगोपवनिताव्रजभृत्यगीततीर्थश्रव श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान्॥

इत्यादौ । श्रीभागवतानुक्रमणिकायाञ्चोत्तरोत्तरत्र सर्वतोऽपि भूयस्त्वेन गीयते । तथा च यस्यैवाभ्यासस्तदेव शास्त्रे प्रधानमिति (ब्र० सू० १।१।१२) "आनन्दमयोऽभ्यासात्" इत्यत्र परैरपि समर्थितत्वादिहापि श्रीकृष्ण एव प्रधानं भवेदिति तस्यैव मूलभगवत्त्वं सिध्यति ।

सर्वसम्वादिनी

व्याख्यायां स्थानासमावेशः । अतएव पूर्वमपि तथा व्याख्यातम् । एवमुत्तरत्रापि ज्ञेयम् । 'इन्द्रचापत्रिकोणार्द्ध-

हे श्रीकृष्ण ! हे अर्जुनसख ! हे वृष्णिप्रभु ! आपने पृथिवी के अमङ्गलस्वरूप राजन्यवृन्द को विनष्ट किया है । हे अक्षीण वीर्य्य ! हे गोविन्द ! गोप, गोपी एवं अन्य व्रजजनगण तथा नारदादि भक्तगण, आपका यशोगान करते हैं । आपके नाम-गुण श्रवण से ही मङ्गल होता है । निज भृत्यवर्ग हम सबकी रक्षा आप करें ।

द्वादश स्कन्ध के द्वादश अध्याय में श्रीमद्भागवत की अनुक्रमणिका वर्णित है । वहाँ संक्षेप से श्रीकृष्ण चरित्र ही वर्णित है ।

"यत्रावतीर्णो भगवान् कृष्णाख्यो जगदीश्वरः । वसुदेवगृहे जन्म तस्य वृद्धिश्च गोकुले ॥
तस्य कर्माण्युदाराणि कीर्त्तितान्यसुरद्विषः । पूतनासु पयः पानं शकटोच्चाटनं शिशोः ॥
तृणावर्त्तस्य निष्पेष स्तथैव बकवत्सयोः । अघासुरवधो धात्रा वत्सपालावगूहनम् ।
धेनुकस्य सहभ्रातुः प्रलम्बस्य संक्षयः ॥
गोपानाञ्च परित्राणं दावाग्नेः परिसर्पतः । दमनं कालियस्याहेर्महाहेर्नन्दमोक्षणम् ॥
व्रतचर्य्या तु कन्यानां यत्र तुष्टोऽच्युतो व्रतैः । प्रसादो यज्ञपत्नीभ्यो विप्राणाञ्चानुतापनम् ॥
गोवर्द्धनोद्धारणञ्च शक्रस्य सुरभेरथ । यज्ञाभिषेकं कृष्णस्य स्त्रीभिः क्रीड़ा च रात्रिषु ॥
शङ्खचूड़स्य दुर्बुद्धेर्वधोऽरिष्टस्य केशिनः । अक्रूरागमनं पश्चात् प्रस्थानं रामकृष्णयोः ॥
व्रजस्त्रीणां विलापश्च मथुरावलोकनं ततः । गजमुष्टिकचाणूरकंसादीनां तथा वधः ॥
मृतस्यानयनं सूनोः पुनः सान्दीपनेर्गुरोः । मथुरायां निवसतो यदुचक्रस्य यत् प्रियम् ॥
कृतमुद्धवरामाभ्यां युतेन हरिणा द्विजाः । जरासन्धसमानीत सैन्यस्य बहुशो वधः ॥
घातनं यवनेन्द्रस्य कुशस्थल्या निवेशनम् । आदानं पारिजातस्य सुधर्म्मायाः सुरालयात् ॥
रुक्मिण्या हरणं युद्धे प्रमथ्य द्विषतो हरेः । हरस्य जृम्भणं युद्धे बाणस्य भुजकृन्तनम् ।
प्राग्ज्योतिषपतिं हत्वा कन्यानां हरणञ्च यत् । चैद्यपौण्ड्रकशाल्वानां दन्तवक्रस्य दुर्म्मतेः ॥
शम्बरो द्विविदः पीठो मुरः पञ्चजनादयः । माहात्म्यञ्च वधस्तेषां वाराणस्याश्च दाहनम् ॥
भारावतरणं भूमेर्निमित्तीकृत्य पाण्डवान् । विप्रशापापदेशेन संहारः स्वकुलस्य च ॥
उद्धवस्य च संवादो वसुदेवस्य चाद्भुतः । यत्रात्मविद्या ह्यखिला प्रोक्ता कर्मविनिर्णयः ।
ततो मर्त्त्यपरित्यागः आत्मयोगानुभावतः ॥" (भा० १२।१२।२६-४३)

प्रश्न हो सकता है कि—अभ्यास बाहुल्य से क्या होता है ? उत्तर में कहते हैं—शास्त्र में जिस विषय का अभ्यास होता है । अर्थात् बारम्बार कथन होता है, उसको ही उस शास्त्र का मुख्य प्रतिपाद्य विषय जानना होगा । केवल श्रीमद्भागवतीय सिद्धान्त निर्णय में उक्त रीति का अवलम्बन हुआ है, यह नहीं । अपितु वेदान्त दर्शन का "आनन्दमयोऽभ्यासात्" (१।१।१२) सूत्र की व्याख्या में श्रीशङ्कराचार्य्य प्रभृतियों ने भी उक्त रीति का अवलम्बन कर कहा है—"शास्त्र में जिसका अभ्यास, पुनः पुनः कथन दृष्ट होता है, वह ही शास्त्र का मुख्य वाच्य है ।"

अतएव श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण सम्बन्धीय प्रसङ्ग का बाहुल्यवशतः श्रीकृष्ण ही श्रीमद्भागवत

यत्प्रतिपादकत्वेनास्य शास्त्रस्य भागवतमित्याख्या। अपि च न केवलं बहुत्र सूचनमात्रमत्राभ्यासनम्, अपि त्वर्द्धादप्यधिको ग्रन्थस्तत्प्रस्तावको दृश्यते, तत्रापि सर्वाश्चर्य्यतया। तस्मात् साधूक्तम् (भा० १।३।२८)—"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति। तदेवमस्य वचनराजस्य सेनासंग्रहो निरूपितः। तस्य प्रतिनिधिरूपाणि वाक्यान्तराण्यपि दृश्यन्ते; यथा (भा० ६।२४।५५)—

(७४) "अष्टमस्तु तयोरासीत् स्वयमेव हरिः किल" इति।

सर्वसम्वादिनी

चन्द्रकाणि' क्रमादधोऽधोभागस्थानि। अन्यत्रेति श्रीकृष्णादन्यत्रेत्यर्थः। 'बिन्दु'रम्बरम्; 'आदौ' चरणस्यादि-

शास्त्र का मुख्य वाक्य हैं, एवं उससे श्रीकृष्ण की ही स्वयं भगवत्ता सिद्ध होती है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का ही प्रतिपादन होने के कारण ही इस ग्रन्थ का नामकरण भी श्रीमद्भागवत हुआ है।

"आनन्दमयः" सूत्र का सारार्थ इस प्रकार है—श्रुति में जिस प्रकार आनन्दमय पुरुष की वार्त्ता है, वह जीव है, अथवा ब्रह्म है? उत्तर—आनन्दमय पदवाच्य ब्रह्म हैं, जीव नहीं। कारण, आनन्दमय पद के द्वारा ब्रह्म को ही बारम्बार कहा गया है। श्रीशङ्कराचार्य्य कृत भाष्य भी निम्नोक्त रूप है—

"परमानन्दमयो भवितुमर्हति, कुतोऽभ्यासात्। परस्मिन्नेव ह्यात्मन्यानन्दशब्दो बहुकृत्वोऽभ्यस्यते। आनन्दमयं प्रस्तुत्य "रसो वै सः" इति तस्यैव रसत्वमुच्यते। "रसो ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवतीति", "को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद्यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्" एष ह्येवानन्दयाति, "सैषानन्दस्य मीमांसा भवति" 'एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति" "आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन" इति 'आनन्दं ब्रह्मेति व्यजानात्" इति च। श्रुत्यन्तरे च "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" इति ब्रह्मण्येव आनन्द शब्दो दृष्टः। एवमानन्दशब्दस्य बहुकृत्वो ब्रह्मण्यभ्यासात् आनन्दमय आत्मा ब्रह्मेति गम्यते।"

उक्त नियमावलम्बन से ही श्रीमद्भागवत शास्त्र विचार के द्वारा श्रीकृष्ण में ही सर्वमूल भगवत्ता सिद्ध होती है, एवं शास्त्र की भागवत आख्या भी सार्थक होती है।

विशेषतः श्रीमद्भागवत के अनेक स्थलों में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग की अवतारणा निबन्धन केवल अभ्यास का ही प्रदर्शन हुआ है, यह नहीं। किन्तु, अर्द्ध से भी अधिक संख्यक श्लोकात्मक ग्रन्थ में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग ही दृष्ट होता है। उसमें भी श्रीकृष्ण प्रसङ्ग, सर्वापेक्षा अतिशय विस्मयकर रूप से वर्णित है। अतएव उत्तम रूप से वर्णित है। उत्तम रूप से यथार्थ ही कहा गया है। "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्"। एतत् पर्य्यन्त उक्त वचन से राजा का सैन्यसंग्रह निरूपित हुआ। अधुना तदीय प्रतिनिधि रूप वाक्यसमूह का प्रदर्शन होगा। 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयं' वाक्य का प्रतिनिधि वाक्य, भा० ६।२४।५५ में "अष्टमस्तु तयोरासीत् स्वयमेव हरिः किल।" श्रीदेवकी वसुदेव के अष्टम पुत्र स्वयं श्रीहरि ही हैं। प्रसिद्ध भी है।

क्रमसन्दर्भः। अष्टमस्त्विति। हरति—आकर्षति, वशीकरोति सर्वमिति हरिः। पूर्णो भगवान्। स एव स्वयमासीत्, नत्वाविर्भावान्तरेण। किलेति—(भा० १।३।२८) "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति प्रसिद्धं निश्चिनोति॥

जो सबको वशीभूत करते हैं, वह ही स्वयं श्रीहरि हैं, वह ही स्वयं भगवान् हैं। आप स्वयं ही अवतीर्ण हैं। आविर्भावान्तर के द्वारा नहीं। किल शब्द—"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" श्रीसूतोक्ति से जिस प्रकार श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता निश्चित है, उस प्रकार ही प्रस्तुत श्लोक से भी देवकी पुत्र की स्वयं भगवत्ता प्रतिपादित है।

'किल'-शब्देन कृष्णस्त्विति प्रसिद्धिः सूच्यते। ततो हरिरत्र भगवानेव; तथोक्तञ्च (भा० १०।१।२३—)"वसुदेवगृहे साक्षाद्भगवान् पुरुषः परः" इति च ॥ श्रीशुकः ॥

७५। यथा वा (भा० १०।१४।३२)—

(७५) "अहो भाग्यमहो भाग्यम्" इत्यादि।

ब्रह्मत्वेनैव बृहत्तमत्वे लब्धेऽपि पूर्णमित्यधिकं विशेषणमत्रोपजीव्यते ॥ ब्रह्मा श्रीभगवन्तम् ॥

सर्वसम्वादिनी

देशे तदङ्गुलिसमीपे 'बिन्दुः'; 'अन्ते' पार्ष्णिदेशे 'मत्स्यचिह्नम्'। 'षोड़शं चिह्न'मुभयोरपि ज्ञेयम्;—

उक्त श्लोकस्थ किल शब्द के द्वारा स्वयं श्रीकृष्ण का आविर्भाव ही सूचित हुआ है, अन्य नहीं है। "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य का स्मारक भी किल शब्द है। सुतरां प्रस्तुत स्थलस्थ स्वयं हरि शब्द का अर्थ स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण ही है। उक्त श्लोक में जिस प्रकार श्रीवसुदेवनन्दन को स्वयं हरि शब्द से उल्लेख किया गया है, उस प्रकार भा० १०।१।२३ श्लोक में उक्त है.—"वसुदेव के गृह में परमपुरुष साक्षात् भगवान् आविर्भूत होंगे" "वसुदेव गृहे साक्षाद् भगवान् पुरुषः परः"। उक्त पदद्वय के द्वारा एक ही श्रीवसुदेवनन्दन ही सूचित हुये हैं। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥७४॥

श्रीकृष्ण की भगवत्ता सूचक अपर वाचक का उल्लेख, भा० १०।१४।३२ में है—

"अहो भाग्यमहो भाग्यम् नन्दगोपव्रजौकसाम्। यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्मसनातनम् ॥"

क्रमसन्दर्भः। भगवन्माहात्म्यमपि न तादृशता-योग्यमित्यस्त्यतिशयान्तरमपीति स्मरन्निव पुनरतीव सचमत्कारमाह—अहो, इति। अहो—आश्चर्यं, भाग्यमनीर्वचनीयस्तत्प्रसादः वीप्सा—तदतिशयिता प्रागल्भ्येन पुनः पुनश्चमत्कारावेशात्। केषाम्? तत्राह—नन्दगोपव्रजौकोमात्राणां, पशुपक्षीपर्य्यन्तानाम्। किं तत्? येषां परमानन्दं मित्रं स्वाभाविकबन्धुजनोचितप्रेमदत्तं, छीयत्वं छान्दसम्। तेन च (वृ० ३।९।२८) 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' इति श्रुतिवाक्यम्, तत् सूचयति, यत्र यद्यप्यानन्द एव खलु सर्वे तादृशप्रेमकर्त्तारो दृश्यन्ते, नत्वानन्दः। कुत्रचिदेषु स्यानन्द एव तत् कर्त्ता, तत्र च श्रुतिमात्रवेद्यत्वेन परमः-अखण्डामृततारतम्यवत् स्वरूपत एवालौकिकमाधुर्य्यः। न चैतावदेव। किं तर्हि? पूर्णमप्यमृतम्, सौरभ्यादिभिरेव स्वरूपगुणलीलैश्वर्य्यमाधुरीभिः सर्व्वाभिरेवामर्य्यादमेव तत्। एतदपि कुत्रापि न दृष्टं श्रुतञ्च, न च तादृशं मित्रमित्यर्थः। पुनः कथम्भूतम्? अपि ब्रह्म-आनन्दानन्त्येन सर्वतो बृहदपि, आनन्दस्य तादृश बृहत्त्वं तादृश-बृहतोऽप्यन्त्येन मित्रत्वं क्व दृष्टमिति भावः। अन्यदप्याश्चर्य-मित्याह—सनातनम्; तत्रादृशमपि नित्यम्, कस्यचित् क्षुद्रानन्दोऽपि न नित्यो दृश्यते। एषां तु तादृशोऽपीति ॥"

परमानन्द पूर्णब्रह्म जिनके सनातन मित्र हैं, उन नन्दगोपस्थ व्रजवासियों का अनिर्वचनीय सौभाग्य है। ब्रह्म शब्द के द्वारा बृहत्तमत्व, अर्थात् श्रीकृष्ण की विभुता प्राप्ति होने से भी 'पूर्ण' विशेषण प्रयोग के द्वारा श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता सूचित हुई है।

क्रमसन्दर्भः। आपका माहात्म्य भी सर्वातिशय है, इसका स्मरण करते हुये आश्चर्यचकित होकर कहा,—अहो, अत्यधिक आश्चर्य में अहो का प्रयोग होता है। भाग्य—अर्थात् आपका प्रसाद, अनिर्वचनीय है। वीप्सा—पुनः पुनः कथन, प्रसाद की अतिशयता को सूचित करने के निमित्त है। प्रगल्भता के द्वारा पुनः पुनः चमत्कारास्वादन के आवेश से ही उस प्रकार प्रयोग हुआ है।

उस प्रकार अनिर्वचनीय भाग्य किस का है? कहते हैं—नन्द व्रज के निवासीमात्रों का, अर्थात् पशुपक्षी पर्य्यन्त निखिल प्राणियों का। वह भाग्य क्या है? उत्तर—जिनके परमानन्द मित्र श्रीकृष्ण हैं।

७६ । अतएव (भा० ३।२।२१)—

(७६) "स्वयन्त्वसाम्यातिशयस्त्र्यधीशः, स्वाराज्य-लक्ष्म्याप्तसमस्तकामः ।
बलिं हरद्भिश्चिरलोकपालैः, किरीटकोटीड़ितपादपीठः ॥"१२९॥

न साम्यातिशयौ यस्य ; यमपेक्ष्यान्यस्य साम्यमतिशयश्च नास्तीत्यर्थः । तत्र हेतवः—त्र्यधीशस्त्रिषु सङ्कर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्धेष्वप्यधीशः, सर्वांशित्वात् । अतएव स्वाराज्यलक्ष्म्या सर्वाधिक-परमानन्दरूपसम्पत्त्यैव प्राप्तसमस्तभोगः, बलिं तदिच्छानुसरणरूपमर्हणं हरद्भिः समर्पयद्भिः, चिरलोकपालैर्भगवद्दृष्ट्यपेक्षया ब्रह्मादयस्तावदचिरलोकपालाः, अनित्यत्वात्, सर्वसम्वादिनो दक्षिणाद्यनियमेनोक्तत्वात् । अत्र 'दक्षिणाङ्गुष्ठाधश्चक्रं', 'वामानुष्ठाधस्तन्मुखं', 'दरञ्च' स्कान्दोक्तानुसारेण ।

स्वाभाविक बन्धुजनोचित प्रीति कर्त्ता हैं । छान्दस के कारण ब्रह्मलिङ्ग का प्रयोग हुआ है । उससे बृहदारण्यक की श्रुति—"विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" का स्मरण होता है । आश्चर्य्य की कथा तो यह है—आनन्द के प्रति समस्त जन प्रीति करते हैं । किन्तु स्वयं आनन्द, प्रेम नहीं करता है । यहाँ तो स्वयं पूर्णानन्द ही स्वयं प्रीतिकर्त्ता है । ब्रह्म तो श्रुतिमात्र वेद्य ही हैं, कदापि अनुभूत नहीं हैं । किन्तु व्रज में परम अखण्डामृत तारतम्य की भाँति स्वरूपत ही स्वानुभूत अलौकिक माधुर्य्यपूर्ण है । एतावता ही पूर्णता नहीं है । किन्तु पूर्ण होकर भी अमृत है । अर्थात् सौरभादि के समान स्वरूप-गुण-लीला-ऐश्वर्य्य-माधुरी प्रभृति के द्वारा निःसीम मधुर है । इस प्रकार न-तो कहीं दृष्ट ही है, न-तो श्रुत ही है । न-तो उस प्रकार कहीं पर मित्र भी है ?

यह मित्र किस प्रकार है ? आनन्दघ वस्तुतः जिनको ब्रह्म कहते हैं । वह भी आनन्दाधिक्य से, सब प्रकार से बृहत् होने पर भी मित्र हैं । आनन्द का उस प्रकार सर्वबृहत् होना अदृष्टचर अश्रुतचर है । उस प्रकार बृहत् होकर भी अपर के सहित मित्रभावापन्न हैं । कहाँ दृष्ट होता है ? यह ही कहने का तात्पर्य्य है । अपर आश्चर्य्य यह भी है—सनातन ही मित्र हैं, ऐसा होने पर भी सामयिक नहीं, निमित्त से नहीं, अपितु नित्य है । किसी का क्षुद्रानन्द भी नित्य नहीं होता है । व्रजवासियों का तो सनातन व्यापक परमानन्द भी नित्य ही है । श्रीब्रह्मा श्रीभगवान् को कहे थे ॥७५॥

अतएव श्रीकृष्ण का ही पूर्ण ब्रह्मत्व के कारण, श्रीउद्धव भी कहे थे,—श्रीकृष्ण स्वयं, साम्य एवं अतिशय रहित हैं । आप स्वयं ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वररूप ईश्वर का अधीश हैं, एवं स्वरूपस्थित भगवत्ता के द्वारा समस्त परिपूर्ण भोग प्राप्त हैं । असंख्य चिर लोकपालगण उनके निमित्त पूजोपहार लेकर निज निज किरीट कोटि के द्वारा पादपीठ को स्पर्श कर स्तव करते रहते हैं ।

जिनका सम एवं अतिशय नहीं है, अर्थात् कोई उनके समान नहीं है, एवं कोई भी वस्तु जिनसे अधिक नहीं है, यह ही असाम्यातिशय हैं । उनका—असाम्यातिशय का कारण, आप त्र्यधीश हैं, अर्थात् सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध—तीनों का अधीश्वर हैं । कारण, आप सबके अंशी हैं । एतज्जन्य ही स्वाराज्य लक्ष्मी, अर्थात् सर्वाधिक परमानन्द सम्पत्ति के द्वारा समस्त भोग प्राप्त किए हैं । मुख्य भोग आनन्द है । स्वरूपतः ही आप परमानन्द हैं । 'बलि' शब्द का अर्थ—उपहार है । सम्मान के निमित्त उपायन प्रस्तुत करना है । यहाँ पर प्रकृष्ट बलि प्रदान करना—श्रीकृष्ण की इच्छा का अनुसरणरूप अर्चना है । इस प्रकार बलि आहरणकारी चिरलोकपालगण, ब्रह्मादि नहीं हैं । लोक दृष्टि से वे सब चिर लोकपाल होने पर भी श्रीभगवद्दृष्टि से ये सब ही अचिर लोकपाल हैं । अर्थात् आधिकारिक हैं ।

ततश्च चिरकालीनैर्लोकपालैरनन्तब्रह्माण्डान्तर्यामिपुरुषैः किरीटकोटीद्वारा ईड़ितं स्तुतं पादपीठं यस्य सः ; अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वनिना परमश्रेष्ठ इत्यर्थः । समस्तपाठेऽपि स

सर्वसम्वादिनी

ते हि श्रीकृष्णेऽप्यन्यत्र श्रूयेते ; यथादिवाराहे मथुरा-मण्डल-माहात्म्ये—

'यत्र कृष्णेन सञ्चीर्णं क्रीड़ितञ्च यथासुखम् । चक्राङ्कितपदा तेन स्थाने ब्रह्ममये शुभे ॥'३१॥ इति ;

अनित्य हैं। महाप्रलय में ये सब विनष्ट होते हैं। श्रीभगवान् निमेषाख्य काल ही उन सबकी परमायु है। सुतरां चिर लोकपाल शब्द से अनन्त ब्रह्माण्डान्तर्यामी पुरुषावतार को जानना होगा। अर्थात् कारणार्णवशायी, गर्भोदकशायी, क्षीराब्धिशायी पुरुषावतार हैं। कारणार्णवशायी के प्रतिलोमकूप में ब्रह्माण्ड विराजित है। तज्जन्य आप अनन्त ब्रह्माण्ड का आश्रय हैं। गर्भोदकशायी एवं क्षीरोदकशायी भी प्रति ब्रह्माण्ड में पृथक् पृथक् रूप में अवस्थित हैं। वे सब निज निज किरीटों के अग्रभाग के द्वारा जिनके पादपीठ को स्पर्श कर स्तव करते हैं। उस प्रकार प्रभावशाली ही श्रीकृष्ण हैं। कारणार्णवशायी एवं गर्भोदकशायी को सहस्रशीर्षा पुरुष से कहते हैं। अतएव असंख्य मस्तकस्थित असंख्य किरीटों के द्वारा पादपीठ का स्पर्श कर स्तव करते रहते हैं।

वे सब पुरुष, जब स्वीय असंख्य मस्तकों के द्वारा श्रीकृष्ण को प्रणाम करते हैं, उस समय असंख्य मस्तकस्थित असंख्य किरीट एवं पादपीठ के सहित संघट्ट से जो ध्वनि उपस्थित होती है, उस उत्थित ध्वनि को पादपीठ का स्तव कहकर उत्प्रेक्षा की गई है।

पादपीठ का स्तव कथन से श्रीकृष्ण की महिमा के निकट, पुरुषावतारगणों की महिमा अति नगण्य है। अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि के द्वारा उत्कर्ष का प्रकाश कर श्रीकृष्ण की परमश्रेष्ठता का प्रतिपादन किया है। प्रथम चरण का समासबद्ध पाठ भी दृष्ट होता है, उससे भी उक्त परमश्रेष्ठत्व का ही प्रतिपादन होता है।

ध्वनि का एक प्रकार भेद को 'अत्यन्ततिरस्कृतवाच्य ध्वनि' कहते हैं। "व्यङ्ग्यं व्यञ्जनावृत्तिबोध्यं वस्तु ध्वनिः"। (विश्वनाथचक्रवर्त्तीकृत अलङ्कारकौस्तुभ की १।१० टीका) व्यञ्जना द्वारा बोध्य वस्तु को ध्वनि कहते हैं।

आलङ्कारिकों के मत में अभिधा, लक्षणा, व्यञ्जना त्रिविधा वृत्ति है। शब्दोच्चारणमात्र से स्वाभाविक रूप से तत्काल जिसकी प्रतीति होती है, उस वस्तु के सम्बन्ध में शब्द की जो वृत्ति है, उसको अभिधा कहते हैं। जिस प्रकार 'गो' शब्द श्रवणमात्र से ही गलकम्बलादिविशिष्ट प्राणिविशेष का बोध होता है। यह अभिधावृत्ति है।

मुख्यार्थ की बाधा होने से यद्द्वारा वाच्य सम्बन्धविशिष्ट अन्य पदार्थ विषयिणी प्रतीति होती है, उसको लक्षणा कहते हैं। जिस प्रकार—गङ्गा में घोष का निवास है। यहाँ लक्षणावृत्ति से गङ्गा के तीर में निवास का बोध उक्त वाक्य से होता है।

अभिधा, लक्षणा, आक्षेप एवं तात्पर्य्यजन्य बोध समाप्ति के पश्चात् व्यङ्ग्यार्थ बोध का कारणीभूत जो वृत्तिविशेष है, उसको व्यञ्जना कहते हैं। यथा—गङ्गा में घोष का निवास है। यहाँ व्यञ्जनावृत्ति के द्वारा गङ्गा का शैत्य-पावनत्व का बोध ही होता है। इतःप्राक् कथित हुआ है—व्यञ्जनावृत्ति के द्वारा जिस अर्थ का प्रकाश होता है, उसको ध्वनि कहते हैं। अभिधामूलक, लक्षणामूलक भेद से ध्वनि द्विविध हैं, तन्मध्य में, लक्षणामूलक ध्वनि, अविवक्षित वाच्य है।

काव्यध्वनिर्गुणीभूतव्यङ्ग्यञ्चेतिद्विधामतम् । वाच्यातिशायिनिव्यङ्ग्ये ध्वनिस्तत् काव्यमुत्तमम् ॥

एवार्थः । श्रीकृष्ण इति प्रकरणलब्धं विशेष्यपदम् । अत्र स्वयन्तु स्वयमेव तथा तथाविध इति, (भा० १।३।२८)—"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इतिवत् स्वयं भगवत्तामेव व्यनक्ति ॥ श्रीमदुद्धवो विदुरम् ॥

७७ । तदेतत् पूर्णत्वं दृष्टान्तद्वारापि दर्शितमस्ति ; यथा (भा० १०।३।८)—

(७७) "देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः ।
आविरासीद्यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः ॥"१३०॥

सर्वसम्वादिनी

श्रीगोपालतापन्याम् (उ० ६२)—'शङ्खध्वजातपत्रैस्तु चिह्नितं च पदद्वयम्' इति ; आतपत्रमिदध्वज्राधस्ताज्-

भेदो ध्वनेरपि द्वावुदीरितौ लक्षणाभिधामूलौ । अविवक्षितवाच्योऽन्यो विवक्षितान्यपर वाच्यश्च ॥
अर्थान्तरसंक्रमिते वाच्येऽत्यन्ततिरस्कृते । अविवक्षित-वाच्योऽपि ध्वनिर्द्वैविध्यमृच्छति ॥
(भक्तिरसामृतशेष)

अविवक्षित वाच्य ध्वनि में वाच्य दो प्रकार का है । अर्थान्तरोपसंक्रान्त वाच्य, एवं अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य । प्रथम—अजहत् स्वार्थलक्षणानिबन्धन अपरार्थ में उपक्रान्त है । द्वितीय—अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि जहत्स्वार्थलक्षणा हेतु स्व-विपरीतार्थ में संक्रान्त है । उदाहरण—

"सौभाग्यमेतदधिकं मम नाथ कृष्ण ! प्राणैर्ममातनि सुखं प्रणयेन कीर्त्तिः ।
दृष्टश्चिरादसि कृपापि तवेयमुच्चैर्न स्मर्य्यते न भवतात्मगृहस्य मार्गः ॥"

खण्डिता नायिका श्रीकृष्ण के प्रति सोल्लुण्ठ वचन का (स्तुति च्छल से निन्दा) प्रयोग कर रही है । हे नाथ ! श्रीकृष्ण ! तुम यहाँ आये हो, यह परमसौभाग्य है । विच्छेद के समय, मेरा प्राण कितना सुख प्रदान किया है ? एवं तुम्हारा प्रणय भी कितनी कीर्त्ति का विस्तार किया है ? कुछ भी हो, तुम जो मेरे दृष्टिपथ में आ गए हो, यह भी अत्यधिक कृपा की बात है । अतएव तुमको कहा नहीं जा सकता कि—तुम, अपना घर के पथ को भूल गए हो । यहाँ सौभाग्य-असौभाग्य, सुख-दुःख, कीर्त्ति-अकीर्त्ति, कृपा-अकृपा, निजगृह परगृह, इस रीति से यावतीय वाच्यार्थ—स्व विपरीतार्थ से आक्रान्त है ।

भागवतीय उक्त पद्य में, स्तव का विषय वर्णन होने से भी ध्वनि के द्वारा स्तव का विपरीत चिर लोक लोकपालगण की महिमा की तुच्छता को दिखा कर श्रीकृष्ण की परमश्रेष्ठता प्रतिपादित हुई है । यह ही अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि का तात्पर्य है ।

कहा जा सकता है कि—उक्त श्लोक में श्रीकृष्ण का नामोल्लेख नहीं है, अतः उक्त श्लोक के द्वारा श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का स्थापन कैसे हो सकता है ? उत्तर, यद्यपि श्लोक में उक्त असाम्यातिशय पुरुष को श्रीकृष्ण नाम से नहीं कहा है, तथा उद्धव ने श्रीकृष्ण कथा कीर्त्तन ही किया है । तज्जन्य प्रकरण से ही 'श्रीकृष्ण' पद ही विशेष्य रूप से उक्त श्लोक में गृहीत है । असाम्यातिशय प्रभृति पद—श्रीकृष्ण के महिमा सूचक हैं । श्लोक में 'स्वयन्तु' पद विन्यास से बोध होता है कि—श्रीकृष्ण के स्वरूप में ही उक्त महिमासमूह विराजित हैं । अन्य किसी स्वरूप से वे सब सञ्चारित नहीं हुए हैं ।

अतएव "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य के समान, प्रस्तुत श्लोक में भी श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता वर्णित है । श्रीमदुद्धव श्रीविदुर को कहे थे ॥७६॥

श्रीकृष्ण का पूर्णत्व का प्रदर्शन श्रीशुक ने दृष्टान्त के द्वारा भी किया है ।

"देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः । आविरासीद् यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिवपुष्कलः ॥"

पूर्वदिक् में उदित पूर्ण चन्द्र के समान सर्वान्तर्य्यामी विष्णु देवरूपिणी देवकी में आविर्भूत हुये थे ।

यथा यथावत् स्वरूपेणैवेत्यर्थः ॥ श्रीशुकः ॥

सर्वसम्वादिनी

ज्ञेयम्,—दक्षिणस्य प्राधान्यात्तत्रैव स्थान-समादेशाच्च । अङ्गुलि-परिमाणमात्र-दैर्घ्याद्दतुर्दशाङ्गेन तद्विस्तारात्

भा० १०।३।८ श्लोकोक्त यथा शब्द का अर्थ—यथावत्, अर्थात् श्रीकृष्ण, स्वरूप में जिस प्रकार पूर्ण हैं, ठीक उस प्रकार स्वरूप में ही आविर्भूत हुये थे। एकपाद विभूति में अवतरण निबन्धन, स्वरूप का व्यतिक्रम, उनका नहीं हुआ।

देवकी-देवरूपिणी। देव—भगवान्, उनका रूप के समान ही जिनका सच्चिदानन्दरूप विग्रह है, वह देवरूपिणी हैं। उस प्रकार देवकी में श्रीकृष्णाविर्भाव से कोई दोष नहीं हुआ है। मूल श्लोक में 'सर्वगुहाशय' कहा गया है, उसका अर्थ—दुर्गम, एवं दुर्वितर्क्य हेतु श्रीभगवत् स्थान गुहा के समान निगूढ़ है। तज्जन्य उनका स्थान को गुहा कहा गया है। सर्व शब्द का अर्थ—निखिल जीवों का अन्तर, एवं श्रीवैकुण्ठादि भगवद् धाम, उक्त उभयविध गुहा में (निगूढ़ स्थान में) भगवान् शयन कर रहते हैं। अक्षुब्ध भाव से विहार करते हैं। अतः आप, सर्वगुहाशय हैं।

"पूर्णचन्द्र के समान" कहने से दृष्टान्त-दार्ष्टान्तिक उभय का समकालीन आविर्भाव प्रतीत होता है। कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि में श्रीकृष्ण का आविर्भाव हुआ। प्रभु—जन्मग्रहण के द्वारा मदीय वंश को अलङ्कृत किये हैं। यह मानकर आनन्दित मन से चन्द्र अष्टमी की मध्यरात्रि में षोलह कला से पूर्ण होकर उदित हुये थे। यह आश्चर्य्य का विषय नहीं है। सार्वकालिक नैसर्गिक शोभा का प्रकाश उस रात्रि में ही हुआ था। भा० १०।३ अध्याय में उसका भी वर्णन है। पूर्णचन्द्र के समान श्रीकृष्णचन्द्र भी गुणावतार-लीलावतार-पुरुषावतारादि सर्वांश युक्त होकर ही आविर्भूत हुये।

टीका—तमसोद्भूते—घनतमसि, निशीथे। यथा-यथावत्-ऐश्वर्येणैव रूपेण ॥

वैष्णवतोषणी—नैदुर्दुन्दुभय इत्यादिकं कदा, इत्यपेक्षायामाह—निशीथे—अर्द्धरात्रे। कीदृशे? उत उद्भूते तमसा उच्चैर्व्याप्ते, "भू" प्राप्तौ; भाद्रकृष्णाष्टमीत्वात्, विशेषणञ्चेदं तत् कान्तिद्वारा तमोनाशेनापीन्दूपमा योजनाय तथाप्यद्भुतोपमेयम्। देवस्य भगवतो रूपमिव रूपं सच्चिदानन्दविग्रहः, तद्वत्यामिति, तदुदराविर्भावेऽपि न कश्चिद्दोषः, इति भावः। विष्णुरूपिण्यामिति पाठोऽपि क्वचित्। सर्वगुहाशयः—दुर्गमत्वात् दुर्वितर्क्यत्वाच्च गुहेव गुहा श्रीभगवत्स्थान, सर्वासु सर्वजीवान्तरलक्षणासु श्रीवैकुण्ठादिलक्षणासु गुहासु शेतेऽक्षुभिततया, विहरतीति। पुष्कलः,—सर्वांशपूर्णः, इत्यन्तर्यामित्वादिना हृदयादिषु वर्त्तमानैरंशैः सर्वैरेव सम्भूयावतीर्णः। अन्तर्यामिनामपि तदानीं श्रीदेवकीनन्दनत्वेनैव महत्सु स्फूर्त्तेः। तथा च श्रीभीष्मवाक्यम्—"तमिममहमजं शरीरभाजां, हृदि हृदिधिष्ठितमात्मकल्पितानाम्। प्रतिदृशमिव नैकधार्कमेकं, समधिगतोऽस्मि विधूतभेदमोहः ॥ (श्रीभागवतस्य १।९।४२) इति।

तथा च श्रीवैकुण्ठ-लोकाद्यधिष्ठातारोऽपि, ततस्ततः सम्भूयावतीर्णा इति; श्रीहरिवंशसूक्तेन मुकुटमाहृत्य गोमन्थे श्रीगरुड़ागमनादिना स्पष्टत्वादिति, एतच्च श्रीभागवतामृते विवृत्तमस्ति, न चात्र दोषः, स्वस्वरूपेणैव परमविभौ तत्रैव निजसर्ववृत्ति प्रकाश्य तत्तेजो निगूढ़तया तेषां स्थितत्वात्। तथा चात्र दोषः। स्वस्वरूपेणैव परमविभौ तत्रैव निजसर्ववृत्तिं प्रकाश्य तत्तेजो निगूढ़तया तेषां स्थितत्वात्। तथा च श्रीमध्वाचार्य्यधृत पाद्मवचनम्—"स देवो बहुधा भूत्वा निर्गुणः पुरुषोत्तमः। एकीभूयः पुनः शेते निर्दोषो हरिरादिकृत् ॥" इति। प्राच्यामिति दृष्टान्तेन सर्वत्र प्रकाशमानस्यापि श्रीदेवक्यामाविर्भावयोग्यतोक्ता। अतएव श्रीविष्णुपुराणेऽपि,—"ततोऽखिलजगत्पद्मबोधायाच्युत भानुना। देवकीपूर्वसन्ध्यायामाविर्भूतं महात्मना ॥" इति। आविर्भावश्च—कंसवञ्चनार्थमष्टमे मासीति श्रीहरिवंशे "गर्भकाले त्वसम्पूर्णे अष्टमे मासि ते स्त्रियौ। देवकी च यशोदा च सुषुवाते समं तदा ॥" इति। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥७॥

७८। यथा च (भा० १०।२०।४४)—

(७८) "अखण्डमण्डलव्योम्नि रराजोडुगणैः शशी।
यथा यदुपतिः कृष्णो वृष्णिचक्रावृतो भुवि॥"१३१॥

स्पष्टम्॥ श्रीशुकः॥

७९। तथा श्रीकृष्णप्रतिनिधिरूपत्वादस्य महापुराणस्य श्रीकृष्ण एव मुख्यं तात्पर्य्यमित्यप्याह, (भा० १।३।४३)—

(७९) "कृष्णे स्वधामोपगते धर्मज्ञानादिभिः सह।
कलौ नष्टदृषामेष पुराणार्कोऽधुनोदितः॥"

सर्वसम्वादिनी

पष्ठांशेन ज्ञेयम्। अन्यत्र दैर्घ्ये चतुर्दशाङ्गुलिपरिमाणत्वेन विस्तारे षड़ङ्गुलि-परिमाणत्वेन प्रसिद्धेरिति।

अन्य दृष्टान्त भी भा० १०।२०।४४ में है—"अखण्डमण्डलव्योम्निरराजोडुगणैः शशी।
यथा यदुपतिः कृष्णो वृष्णिचक्रावृतो भुवि॥"

वैष्णवतोषणी—अखण्डेति। चन्द्रस्य पूर्णिमापेक्षया श्रीकृष्णस्य च स्वयं भगवत्ताप्राकट्यापेक्षया, तत्र यद्यपि वर्षास्वपि शशिन स्तादृशस्य सोडुगणस्य स्वतो राजमानत्वमस्त्येव, किन्तु घनच्छायया न शरदि तु तदभावात् दृश्यते, तथा श्रीयदुपतेरप्यप्राकट्य-समयानुसारेण योज्यम्। यदुपतिरित्यनेन यदुभिः सह तस्य नित्यसम्बन्धो ज्ञाप्यते। वृष्णिशब्दनिर्देशोऽत्र यदुषु तेषां प्राधान्यापेक्षया॥

शरद्वर्णन में श्रीशुकदेव की उक्ति यह है—'यादवमण्डली द्वारा वेष्टित होकर, पृथिवी में श्रीकृष्णचन्द्र जिस प्रकार शोभित थे, श्रीवृन्दावन में शरत् ऋतु का प्रवेश से तारकागण वेष्टित पूर्ण शशधर भी आकाश में उस प्रकार शोभित हो रहे थे।" प्रकट समय को लक्ष्य कर ही वर्णन हुआ है। शरत्काल में स्वभावतः घनाच्छन्न आकाश न होने से नक्षत्रावली का सुस्पष्ट दर्शन चन्द्र के सहित होता है। यदुगण के मध्य में वृष्णिगणों का प्राधान्य होने के कारण ही 'वृष्णिचक्रावृत' कहा गया है। यदुपति प्रयोग के कारण यदुगणों के सहित श्रीकृष्ण का नित्य सम्बन्ध सूचित हुआ। शुकोक्ति है॥७८॥

श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रकरणस्थ वाक्यों के द्वारा ही केवल श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता स्थापित हुई है, यह नहीं अपितु श्रीमद्भागवत श्रीकृष्णप्रतिनिधि रूप ही है। तज्जन्य श्रीकृष्ण में ही श्रीमद्भागवत महापुराण का मुख्य तात्पर्य्य है। उसका प्रदर्शन भा० १।३।४३ के द्वारा करते हैं।

"कृष्णे स्वधामोपगते धर्मज्ञानादिभिः सह, कलौ नष्टदृषामेष पुराणार्कोऽधुनोदितः।"

धर्म ज्ञानादि के सहित श्रीकृष्ण का स्वधाम गमन के पश्चात् मानवगणों की तत्त्वदृष्टि नष्ट होने पर, अधुना यह पुराणरूप सूर्य्य उदित हुआ है।

क्रमसन्दर्भः। तदिदं पुराणं, तत्तु शास्त्रान्तरतुल्यम्, किन्तु श्रीकृष्ण-प्रतिनिधिरूपमेवेत्याह—कृष्ण इति। स्वस्य कृष्णरूपस्य धाम—नित्यलीलास्थानमुपगते सति श्रीकृष्णे। तत्र च (भा० १।१।२) "धर्मप्रोज्झित-कैतवोऽत्र" इति, (भा० १।५।१२) "नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितम्" इति चानुसृत्य परमप्रकृष्टतया अवगते, भगवद्धर्मभगवज्ज्ञानादिभिरपि सह स्वधामोपगते सति कलौ नष्टदृशां, तादृशधर्म-ज्ञानविवेकरहितानां कृते तदिदं पुराणमेवार्कः, नतु शास्त्रान्तरवद्दीपस्थानीयं यत्, तथाविधोऽयं पुराणार्क उदित स्तादृश-धर्म-ज्ञानप्रकाशनात् तत्प्रतिनिधिरूपेणाविर्बभूव। अर्कवत् तत् प्रेरिततयैवेति भावः।

श्रीमद्भागवत ही श्रीकृष्ण तुल्य हैं। शास्त्रान्तरतुल्य नहीं है। किन्तु श्रीकृष्ण प्रतिनिधिरूप ही

स्पष्टम् ॥ श्रीसूतः ॥

८० । तदेवं श्रीकृष्णस्य स्वयं भगवत्त्वं दर्शितम् । तत्तु गतिसामान्येनापि लभ्यते ; यथा महाभारते—

"सर्वे वेदाः सर्वविद्याः सशास्त्राः, सर्वे यज्ञाः सर्व ईड्यश्च कृष्णः ।
विदुः कृष्णं ब्राह्मणास्तत्त्वतो ये, तेषां राजन् सर्वयज्ञाः समाप्ताः ॥"१३३॥ इति ।

अत्र सर्वसमन्वयसिद्धे पूर्णत्वमेव लभ्यते । एवं श्रीभगवदुपनिषत्सु च (गी० १५।१५)—"वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यो, वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम्" इति, (गी० १४।२७)—"ब्रह्मणो हि

सर्वसम्वादिनी

अथ द्वि-नवतितमवाक्यानन्तरं [मूल० ९३तम अनु०] नित्यत्व-प्रकरणे 'शास्त्रानर्थक्यम्' इत्यस्यानन्तरमिदं

है। इस श्लोक में उक्त विवरण ही है। निज श्रीकृष्णरूपका नित्यलीलास्थान में गमन होने से, "धर्मप्रोज्झितकैतवोऽत्र, नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितम्" इसके द्वारा सुस्पष्ट रूपसे श्रीकृष्ण प्रतिनिधित्व का ज्ञान होता है। भगवद्धर्म भगवज्ज्ञानादि के सहित श्रीकृष्ण अप्रकट होने पर कलह दोष से दृष्टि नष्ट होने से धर्मज्ञान विवेकशून्य मानव हो गये थे। उन सबके निमित्त ही श्रीमद्भागवताख्य महापुराण सूर्य्यतुल्य दृष्टिप्रद हैं। शास्त्रान्तरवत् दीप स्थानीय नहीं है। अर्थात् धर्मज्ञान प्रकाशन निबन्धन श्रीकृष्ण प्रतिनिधि रूप में आविर्भूत हैं। प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥७९॥

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का प्रदर्शन अभी तक हुआ। वेदान्तसूत्र (१।१।१०) 'गतिसामान्यात्' के नियमानुसार भी स्वयं भगवत्ता स्थापित होती है। "गतिः अवगतिः, विज्ञानघनः, सर्वज्ञः, सर्वशक्तिः, पूर्णो विशुद्धः, परमात्मा, जगद्धेतुरुपासितः सन् विमुक्तिकृदिति धीरित्यर्थः। तस्याः सर्वेषु वेदेषु सामान्यादैकरूप्यात्। तथाभूतस्यैकस्य ब्रह्मणः सर्वेषु तत्तयाभिधानात्। सगुणं निर्गुणञ्चेति द्विरूपता नास्तीत्यर्थः। स्मृतिश्च। मत्तः परतरं नान्यत् किञ्चिदस्ति धनञ्जयेति ॥"

गति—अवगति, उसके साम्य समता, एक वस्तु में सबकी गति, आश्रयत्व ज्ञान है। महाभारत में कथित है—"सर्ववेद, सर्वविद्या, सर्वशास्त्र, सर्वयज्ञ, सर्व इड्य श्रीकृष्ण ही हैं। हे राजन्! जो सब ब्राह्मण, कृष्ण को यथार्थ रूप से जानते हैं, उन सबके समस्त यज्ञादि कर्म समाप्त हो गये हैं। यहाँ पर सर्वसमन्वय अर्थात् समस्त प्रमाणों का पर्य्यवसान, समस्त कर्मों का फल श्रीकृष्ण हैं, यह स्थिर होने के कारण श्रीकृष्ण का पूर्णत्व प्रतिपन्न हुआ।

"तत्तु समन्वयात्" वेदान्तसूत्र (१।१।४) में समन्वय का निर्णय उक्त है। "समन्वयस्त्वं—सुविचारितत्वं। सुविमृष्टैरुपक्रमोपसंहारादिभिः षड्भिर्लिङ्गैस्तत्रैव शास्त्रतात्पर्य्यात् स एव वेद्य इत्यर्थः।" सुविचारित उपक्रमादि तात्पर्य्य लिङ्ग के द्वारा समस्त वेदादि शास्त्र का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही पर्य्यवसित होता है। इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतोपनिषद् से भी सर्व समन्वय का प्रमाण प्राप्त होता है। श्रीभगवान् श्रीकृष्ण स्वयं ही कहे हैं—अखिल वेदों में मैं ही एकमात्र वेद्य हूँ, मैं ही वेदान्तकर्त्ता, एवं वेदवेत्ता हूँ।

गी० १५।१५ टीका—वेदैश्चेति—वेदैः, सर्वैर्निखिलैर्वेदैरहमेव सर्वेश्वरः सर्वशक्तिमान् कृष्णो वेद्यः, योऽसौ सर्वैर्वेदैर्गीयते" इति श्रुतेः, तत्र कर्मकाण्डेन परम्परया, ज्ञानकाण्डेन तु साक्षादिति बोध्यम्। ननु यथैतं प्रत्येतव्यमिति चेत्तत्राह—वेदान्तकृदहमेवेति। वेदानामन्तोऽर्थनिर्णयस्तत् कृदहमेव बादरायणात्मना। एवमाह—सूत्रकारः, "तत्तु समन्वयात्" इत्यादिभिः। नन्वन्ये वेदार्थमन्यथा व्याचक्षते? तत्राह—वेदविदेव चाहमित्यहमेव वेदविदिति, बादरायणः सन् यमर्थमहं निरणैषं, स एव वेदार्थस्ततोऽन्यथा तु

प्रतिष्ठाहम्" इत्यादि च । ब्रह्मसंहितायाम् (५।२९)—"चिन्तामणि-प्रकरसद्मसु कल्पवृक्षलक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम्" इत्यादिकमुपक्रम्य (ब्र० सं० ५।४८)—

सर्वसम्वादिनो

विवेचनीयम् ।—'ननु बालातुराद्युपच्छन्दन-वाक्यवत्तज्ज्ञानमात्रेणापि पुरुषार्थसिद्धिर्दृश्यते; ततो नार्थान्तर-भ्रान्तिविजृम्भित इति । तथा च मोक्षप्रदस्य सर्वेश्वरतत्त्वस्य वेदैरबोधनादहमेव मोक्षसाधनमिति ।"

गोपालतापनी श्रुति में भी उक्त है—"योऽसौ सर्वैर्वेदैर्गीयते, योऽसौ सर्वेषु भूतेष्वाविश्य भूतानि विदधाति, स वो हि स्वामी भवति ॥" (उत्तर विभाग)

ऋषि श्रीदुर्वासा ने कहा—"वेदसमूह जिनका गान करते हैं, जो समस्त भूतों के अन्तर में प्रविष्ट होकर भूतसमूह का परिचालन करते हैं, वन श्रीकृष्ण तुम्हारे स्वामी हैं ।"

वेद के कर्मकाण्ड में—परम्परा क्रम से, ज्ञानकाण्ड में साक्षात् रूपमें मैं वेद्य हूँ । विश्वस्त करने के निमित्त कहते हैं—मैं ही वेदान्त कर्त्ता हूँ । अर्थात् वेदव्यास रूप में मैं ही वेदार्थसमन्वय किया हूँ । सुतरां वेद का अभिप्राय मैं ही जानता हूँ । वेद की व्याख्या अनेक प्रकार हैं ? उत्तर में कहते हैं,—मैं ही वेदज्ञ हूँ । बादरायण रूप में मैंने जो अर्थ निर्णय किया है, वह ही वेद का यथार्थ मर्म है । वेदव्यास को अतिक्रम करके व्याख्या करने से उसमें भ्रमादि दोषपूर्ण, निःसन्देह ही होगा ।

गी० १४।२७ में उक्त—"ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहमिति" स्वामिटीका—"हि यस्माद्ब्रह्मणोऽहं प्रतिष्ठा, घनीभूतं ब्रह्मैवाहम् । यथा—घनीभूतप्रकाश एव सूर्यमण्डलं तद्वदित्यर्थः ।"

पूर्ववर्त्ती श्लोक—"माञ्च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।

स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥" एकान्त भक्तियोग के द्वारा सेवा करने से गुणत्रय से मुक्त होकर मोक्षलाभ होता है । परवर्त्ती श्लोक "ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च । शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च ॥" द्वारा हेतु निर्देश करते हैं । कारण, मैं ब्रह्म की प्रतिष्ठा हूँ, घनीभूत ब्रह्म ही मैं हूँ । विशेष्य के सहित अन्वित 'एव'-कार का अर्थ—अन्ययोगव्यवच्छेद है, सुतरां "घनीभूत ब्रह्मैवाहम्" अतएव 'एव'-कार का अर्थ—श्रीकृष्ण, जिस प्रकार घनीभूत ब्रह्म—ब्रह्म का प्रचुर प्रकाश, अपर कोई भी उस प्रकार नहीं है । अर्थात् श्रीकृष्ण ही परमब्रह्म हैं, सूर्य्यरश्मि का घनीभूत प्रकाश जिस प्रकार सूर्य्यमण्डल है, तद्रूप घनीभूत ब्रह्म शब्द से भी जानना होगा ।

विश्वनाथचक्रवर्त्ती—ब्रह्मणोहीति,—'यस्मात् परमप्रतिष्ठात्वेन प्रसिद्धं, यद्ब्रह्म, तस्याप्यहं प्रतिष्ठा—आश्रयः ।" कारण—"परमाश्रय नामक जो ब्रह्म हैं, उनका भी मैं ही आश्रय हूँ ।"

हि—निश्चये । ब्रह्मण स्तत्पूर्वकया तया सत्त्वाद्यावरणात्ययादाविर्भावित-स्वगुणाष्टकस्य, अहमेव—विज्ञानानन्दमूर्त्तिरनन्तगुणो, निरवद्यः सुहृत्तमः सर्वेश्वरः प्रतिष्ठा— प्रतिष्ठीयतेऽत्रेति निरुक्तेः, परमाश्रयोऽतिप्रियो भवामीति । (श्रीबलदेव)

"निश्चयमें हि अव्यय" ज्ञानपूर्विका भक्ति के द्वारा, सत्त्वादि गुण का आवरण अतिक्रम होने से "एष आत्मा अपहत पाप्मा विजरो, विमृत्युर्विशोको विजिघत्सो अपिपासः, सत्यकामः, सत्यसङ्कल्पः" यह आत्मा, पाप रहित, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, बुभुक्षारहित, पिपासारहित, सत्यकाम, सत्य सङ्कल्प, श्रुति में अष्टगुणविशिष्ट ब्रह्म का उल्लेख हुआ है । विज्ञानानन्द मूर्त्ति अनन्तगुण निरवद्य, अनिन्द्य-सुहृत्तम-सर्वेश्वर मैं ही हूँ । उक्त ब्रह्म की प्रतिष्ठा—परमाश्रय अतिप्रिय मैं ही हूँ ।

ब्रह्मसंहिता ५।२९ में उक्त है—"चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्षलक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम् ।

लक्ष्मीसहस्रशतसम्भ्रमसेव्यमानम्, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥"

"यस्यैकनिश्वसितकालमथावलम्ब्य, जीवन्ति लोमविलजा जगदण्डनाथाः ।
विष्णुर्महान् स इह यस्य कलाविशेषो, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥"१३४॥ इति ।

ननु पाद्मोत्तरखण्डादौ सर्वावतारी परमव्योमाधिपतिर्नारायण एवेति श्रूयते ; पञ्चरात्रादौ तु वासुदेवः, न च स स श्रीकृष्ण एवेति वक्तव्यम्, तत्तत्स्थान-परिकर-नाम-रूपाणां भेदात् ; तर्हि कथं श्रीकृष्णस्यैव सर्वावतारित्वं स्वयंभगवत्त्वं वा ? अत्रोच्यते—श्रीभागवतस्य सर्वशास्त्रचक्रवर्त्तित्वं प्रथमसन्दर्भे प्रघट्टकेनैव दर्शितम् । पूर्णज्ञानप्रादुर्भावानन्तरमेव श्रीवेदव्यासेन तत् प्रकाशितमिति च तत्रैव प्रसिद्धम् । स्फुटमेव दृश्यते चास्मिन्नपरशास्त्रोपमर्द्दकत्वम् (भा० १०।५७।३१)—

"इत्यङ्गोपविशन्त्येके विस्मृत्य प्रागुदाहृतम् ।
मुनिवासनिवासे किं घटेतारिष्टदर्शनम् ॥"१३५॥

सर्वसम्वादिनी

सद्भावे तत् स्मारकवाक्यं कारणम् ; किन्तु प्रथमतस्तदभिरचिते तदानीमसत्यपि वस्तुविशेषे तदीय-हित-

स्तुति करते हैं—"चिन्तामणिसमूह खचित गृहसमूह, एवं लक्ष लक्ष कल्पवृक्षावृत श्रीवृन्दावन में जो सुरभि पालन करते हैं, लक्ष्मी सहस्र-शत-सम्भ्रम के सहित जिनकी सेवामें रत हैं, मैं उन आदि पुरुष श्रीगोविन्द का भजन करता हूँ ।" इस प्रकार उपक्रम के अनन्तर (५।४८)—

"यस्यैकनिश्वसितकालमथावलम्ब्य, जीवन्ति लोमविलजा जगदण्डनाथाः ।
विष्णुर्महान् स इह यस्य कलाविशेषो, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥"

महाविष्णु के एक निश्वास-परिमित काल को अवलम्बन कर तदीय लोमविवरस्थित असंख्य ब्रह्माण्डपति जीवित रहते हैं, उन श्रीमहाविष्णु भी जिनके कलाविशेष हैं, मैं उन आदिपुरुष श्रीगोविन्ददेव का भजन करता हूँ ।"

महाभारत, श्रीगीता, एवं श्रीब्रह्मसंहिता के उक्त वचनसमूह से सुस्पष्ट प्रमाण उपलब्ध होता है कि —श्रीकृष्ण ही सर्वाश्रय, सर्व-स्वरूप, सबकी एकमात्र गति—पर्य्यवसान एवं फल हैं । अतएव 'गतिसामान्य' न्याय से भी श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता की सिद्धि हुई ।

यहाँ पर जिज्ञासा हो सकती है कि—समस्त शास्त्रों का एकमात्र फल यदि श्रीकृष्ण ही होते हैं, तब ब्रह्मसूत्रोक्त 'गतिसामान्य' न्याय से श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता को मान लेने में कोई आपत्ति नहीं होती । किन्तु पाद्मोत्तर खण्ड प्रभृति में परव्योमाधिपति श्रीनारायण, पञ्चरात्र प्रभृति में श्रीवासुदेव, सर्वावतारी स्वीकृत हैं । सुतरां श्रीकृष्ण ही श्रीनारायण, एवं वासुदेव हैं, इस प्रकार उक्ति नहीं हो सकती है । कारण, श्रीकृष्ण के सहित उन सबके स्थान, परिकर, नाम एवं रूप का पार्थक्य सुस्पष्ट विद्यमान है । सुतरां श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता अथवा सर्वावतारित्व की सिद्धि कैसे हो सकती है ?

उत्तर—श्रीमद्भागवत ही सर्वशास्त्रचक्रवर्त्ती हैं । इसका प्रदर्शन तत्त्वसन्दर्भरूप भागवतीय प्रथम सन्दर्भ में विशेष विस्तार के साथ हुआ है । पूर्ण ज्ञान प्रादुर्भाव के पश्चात् श्रीव्यासदेव ने श्रीमद्भागवत का प्रकाश किया है । यह विवरण श्रीमद्भागवत में ही सुप्रसिद्ध है । श्रीमद्भागवत ही अपर शास्त्र समूह का उपमर्दक है, उसका विवरण सुस्पष्ट रूप से दशम स्कन्धोक्त निम्नोद्धृत पद्य में दृष्ट होता है । (१०।५७।३१)—"इत्यङ्गोपविशन्त्येके विस्मृत्य प्रागुदाहृतम् ।
मुनिवासनिवासे किं घटेतारिष्टदर्शनम् ॥"

इत्यादौ, (भा० १०।७७।३०) "एवं वदन्ति राजर्षे" इत्यादौ च। अतएव नवमेऽप्युक्तम् (भा० ९।२२।२२-२३)—

"हित्वा स्वशिष्यान् पैलादीन् भगवान् बादरायणः।
मह्यं पुत्राय शान्ताय परं गुह्यमिदं जगौ।"१३६॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

यस्त्वन्तर-चित्तावताराय बालादीनिव मात्रादि-वाक्यं सगुण-विशेषे साधकान् प्रवर्त्तयति शास्त्रम्; पश्चाद्-

वैष्णवतोषणी। प्राक् स्वयमुक्तमपि विस्मृत्य पश्चादनुसन्धाय, मुनीति, मुनेः कस्यचिदेकस्यापि वासेन न घटेत, अत्रापि मुनीनां सर्वेषां वासस्याश्रयस्य भगवतो नितरां नित्यतया वास इत्यर्थः। अरिष्टस्यैकस्य दर्शनमपि, किं पुनर्बहूनां विविधानां प्राप्तिरित्यर्थः। अन्यतः। तत्र तदिच्छामित्यनेन, किन्त्वक्रूरानयनव्याजाय, स्वयमेवोत्थापितान्यरिष्टानीति ज्ञापितम्।

स्वामिटीका। दूषयति, इतीति। अङ्ग हे राजन्! श्रीकृष्णमाहात्म्यं विस्मृत्येति। तदेवाह—मुनिवासनिवासः श्रीकृष्णस्तस्य निवासे सति, अक्रूरापगममात्रेणारिष्टदर्शनं किं घटेतेति। तदिच्छां विना न घटेतेत्यर्थः।

अक्रूर द्वारका से मणि लेकर अन्यत्र चले जाने पर द्वारकावासियों के आधिदैविक, आधिभौतिक, शारीरिक, मानसिक तापरूप अरिष्टसमूह का प्रादुर्भाव पुनः पुनः होने लगा।

कतिपय ऋषियों के अभिमतानुसार यह बात कहकर श्रीशुकदेव ने श्रीपरीक्षित् को सम्बोधन करके कहा—हे राजन्! कतिपय व्यक्ति, पूर्वोदाहृत श्रीकृष्ण महिमा को भूलकर अक्रूर का स्थानान्तर गमन हेतु द्वारका में "अरिष्ट उपस्थित हुआ था" इस प्रकार कहे हैं। उस प्रकार कथन समीचीन नहीं है। कारण, निखिल मुनियों का आश्रय श्रीकृष्ण जहाँ पर विराजमान हैं। वहाँ अरिष्ट दर्शन की सम्भावना ही कहाँ है? भा० १०।७७।३० के पद्य में भी कथित है—"एवं वदन्ति राजर्षे ऋषयः केचनान्विताः।
यत् स्ववाचो विरुध्येत न्यूनं ते स्मरन्त्यमू॥"

श्रीशुकदेव बोले—"हे राजर्षे! शाल्व के द्वारा माया-रचित वसुदेव की हत्या होने से श्रीकृष्ण शोकार्त्त हो गये थे, यह उक्ति कतिपय ऋषियों की है। उससे प्रतीत होता है, वे सब पूर्वापर अनुसन्धान रहित वाक्य कहते हैं। एवं स्वीय वाक्य विरुद्धता का स्मरण भी नहीं करते हैं।

श्रीकृष्ण, शोक-मोहातीत हैं, इसका वर्णन करने के पश्चात् उनका वर्णन—शोकार्त्त-मोहग्रस्त रूपमें करना ही पूर्वापर विरोध है। जिन्होंने, आब्रह्मस्तम्ब पर्य्यन्त निखिल वस्तुओं को निज माया द्वारा मुग्ध कर रखा है, आप क्या सामान्य आसुरीकमाया से मुग्ध हो सकते हैं? जो अखण्ड ज्ञान-तत्त्ववस्तु हैं, आप क्या आसुरीमाया को जान नहीं सकते हैं? तब भक्तजनगण के सहित कदाचित् उनमें मोहादि की सम्भावना दृष्ट होती है। इसमें कारण ही है, तदीय प्रेमपारवश्यता। स्वरूपशक्ति सम्विदाह्लादिनी-परिपाकरूप प्रेम का पारतन्त्र्य को स्वीकार कर स्वरूपधर्म का व्यभिचार नहीं होता है। अतएव उक्त पारतन्त्र्य दोषावह नहीं है। किन्तु उक्त गुण के कारण ही भक्तगण उनका भजन करते हैं। आसुर प्रकृति के निकट उक्त गुण का प्रकाश श्रीकृष्ण कभी भी नहीं करते हैं।

श्रीमद्भागवत ही सर्वप्रमाणचक्रवर्त्ती है, इसका प्रसङ्ग भा० ९।२२।२२-२३ में सुस्पष्ट है।

"हित्वा स्वशिष्यान् पैलादीन् भगवान् बादरायणः।
मह्यं पुत्राय शान्ताय परं गुह्यमिदं जगौ॥"

इस वाक्य से ही श्रीमद्भागवत का सर्वोपरि विराजमानत्व सिद्ध होता है। श्रीमद्भागवत का

तदेवं सर्वशास्त्रोपरिचरत्वं सिद्धम्। तत्र श्रीकृष्णस्यैव स्वयं भगवत्त्वं निरूपितम्। दृश्यते च प्रशंसितुर्वैशिष्ट्येन प्रशंस्यस्यापि वैशिष्ट्यम्। यथा ग्रामाध्यक्षराजसभयोः सर्वोत्तमत्वेन प्रशंस्यमानौ वस्तुविशेषौ तारतम्यमापद्येते। तदेवं सत्स्वप्यन्येषु तेष्वन्यत्र प्रशस्तेषु श्रीभागवत-प्रशंस्यमानस्य श्रीकृष्णस्यैव परमाधिक्यं सिध्यति। अतएव (भा० १।३।२८)—"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति सावधारणा श्रुतिरन्यश्रुतिबाधिकेति युक्तमेव व्याख्यातं पूर्वमपि। ततश्च ते तु परमव्योमाधिप-नारायणवासुदेवादयः श्रीकृष्णस्यैव मूर्त्तिविशेषा भवेयुः, स्वयं श्रीकृष्णस्तु (भा० १०।१४।१४)—"नारायणस्त्वम्" इत्याद्युक्तौ महानारायणो द्वारकादिप्रसिद्धो महावासुदेवश्च भवेत्। अतएव नारायण-वासुदेवोपनिषदोः स एव व्यक्तः

सर्वसम्वादिनी

यथा स्व-हिते क्रमेण स्वयमेव प्रवर्त्तन्ते बलादयस्तथा बलवच्छास्त्रान्तरं दृष्ट्वा निर्गुणे वा नित्यप्राकट्य-

सिद्धान्त अति निगूढ़ है, एवं उक्त सिद्धान्त में श्रीवेदव्यास का मुख्य अभिप्राय प्रोथित है, नवमस्कन्धोक्त शुकोक्ति ही उसका प्रतीक है। श्रीशुक ने कहा,—"भगवान् व्यासदेव, पैल प्रभृति निज शिष्यवर्ग को परिहार कर शान्त पुत्र मुझको परमगुह्य श्रीमद्भागवत का कीर्त्तन किये थे॥

उक्त श्रीमद्भागवत में ही श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता निरूपित हुई है। सर्वत्र ही प्रशंसाकर्त्ता का वैशिष्ट्य से ही प्रशंसित वस्तु का वैशिष्ट्य होता है। जिस प्रकार ग्रामाध्यक्ष की सभा में प्रशंसित वस्तु की अपेक्षा राजसभा में प्रशंसित वस्तु का श्रेष्ठत्व सर्वाधिक है। उभय में तारतम्य जिस प्रकार सुप्रसिद्ध है, उस प्रकार ही पाद्मोत्तर खण्ड एवं श्रीनारदपाञ्चरात्रादि में श्रीनारायण एवं वासुदेव स्वयं भगवान् शब्द से प्रशंसित होने पर भी श्रीमद्भागवत में प्रशंसित श्रीकृष्ण का ही परमाधिक्य है। तज्जन्य ही (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" पद्य की व्याख्या कहा गया है कि—यह श्रुति सावधारणा है। यह श्रुति ही श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का विरोधी निखिल वाक्यों का बाधक है। यह वाक्य अतीव युक्ति सङ्गत है, इसमें कोई संशय नहीं है।

श्रीकृष्ण व्यतीत अपर किसी की भगवत्ता को न मानने पर पाद्मोत्तरखण्डादिविशेष वचन की सङ्गति क्या होगी? समाधान हेतु कहते हैं—श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता मानकर भी उक्त वाक्यसमूह की सङ्गति की जासकती है। कारण,—परव्योमाधिप नारायण एवं वासुदेवादि, श्रीकृष्ण के ही मूर्त्तिविशेष हैं। किन्तु श्रीकृष्ण—(भा० १०।१४।१४) "नारायणस्त्वं न हि सर्वदेहिनामात्मास्यधीशाखिललोकसाक्षी।
नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात् तच्चापि सत्यं न तवैव माया॥"

इत्यादि ब्रह्मस्तवोक्त महानारायण एवं द्वारकादि में सुप्रसिद्ध श्रीवसुदेवनन्दन ही श्रीवासुदेव होते हैं।

टीका—तर्हि नारायणस्य पुत्रः स्यास्त्वं मम किमायातं, तत्राह—नारायणस्त्वमिति, नहीति, काक्वा त्वमेव नारायण इत्यापादयति। कुतोऽहं नारायण इति चेदत आह—सर्वदेहिनामात्मासीति। एवमस्मि किं नारायणो न भवसि? नारं—जीवसमूहोऽयनमाश्रयो यस्य स तथेति। त्वमेव सर्वदेहिनामात्मात्वा-न्नारायण इति भावः। हे अधीश! त्वं नारायणो नहीति पुनः काकुः। अधीशः, प्रवर्त्तकः, ततश्च नारस्यायनं प्रवृत्तिर्यस्मात् स तथेति। पुनस्त्वमेवासाविति। किञ्च, त्वमखिललोकसाक्षी, अखिलं लोकं साक्षात् पश्यसि अतो नारमयसे जानासीति त्वमेव नारायण इत्यर्थः।

नन्वेवं नारायणपदव्युत्पत्तौ भवेदेवं तत्तु अन्यथा प्रसिद्धमित्याशङ्क्याह—नारायणोऽङ्गमिति। नराद्उद्भूता येऽर्थास्तथा नराज्जातंयज्जलं तदयनाद् यो नारायणः प्रसिद्धः सोऽपि तवैवाङ्गं मूर्त्तिः। तथा च

(गो० उ० ४)—"ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रः" इति, "देवकीनन्दनोऽखिलमानन्दयात्" इति च। तदित्थमेव तं वासुदेवमपि विभूतिनिर्विशेषतया स्पष्टमाह (भा० ११।१६।२९)—

(८०) "वासुदेवो भगवताम्" इति। स्पष्टम् ॥

८१। तथा, (भा० ११।१६।३२)—

(८१) "सात्वतां नवमूर्त्तीनामादिमूर्त्तिरहं परा" इति।

टीका च—"सात्वतां भागवतानाम्, नवव्यूहार्चने वासुदेव-सङ्कर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्ध-नारायण-हयग्रीव-वराह-नृसिंह-ब्रह्माण इति या नव मूर्त्तयः, तासां मध्ये वासुदेवाख्या" इत्येषा। अतएव दृश्यते चाद्वैतवादिनामपि सन्न्यासिनां व्यासपूजापद्धतौ श्रीकृष्णस्य मध्यसिंहासनस्थत्वं वासुदेवादीनां व्यासादीनाञ्चावरणदेवतात्वमिति। तथैव क्रमदीपिकाया-मष्टाक्षरपटले श्रीवासुदेवादयस्तदावरणत्वेन श्रूयन्ते। यत्तु (गी० १०।३७) "वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि" इति श्रीभगवदुपनिषदस्तत्र 'वासुदेव'-शब्देन वसुदेवापत्यार्थेन श्रीबलदेव एवोच्यते। वक्ता हि तत्र श्रीकृष्ण एव। ततश्च स्वविभूतिं कथयति तस्मिन्नपि

सर्वसम्वादिनी

वैकुण्ठनाथ-लक्षण-सगुणे वा प्रवर्त्स्यन्ते' इति? तत्र;—अनन्त-गुण-रूपादि-वैभव-नित्यास्पदत्वात्

स्मर्य्यते—नराज्जातानि तत्त्वानि नाराणीति विदुर्बुधाः। तस्य तान्ययनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृत इति। तथा। आपोनारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः। अयनं तस्य ताः पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः। इति च। ननु मन्मूर्त्तेरपरिच्छिन्नतायाः कथं अलाश्रयत्वमत आह—तच्चापि सत्यं नेति।"

अतएव नारायण एवं वासुदेवोपनिषत् में उन उन उपनिषत् का वाच्य, श्रीनारायण एवं वासुदेव रूप में श्रीदेवकीनन्दन ही सुव्यक्त हैं। यथा—"देवकी पुत्र, ब्राह्मणपरायण, परमोदार हैं, देवकीनन्दन सबको आनन्दित करें" उन वासुदेव की विभूतिविशेष रूप में भा० ११।१६।२९ में श्रीकृष्णने सुस्पष्ट रूपसे कहा है—"वासुदेवो भगवताम्" भगवान्‌वृन्द के मध्य में मैं वासुदेव हूँ ॥८०॥

उस प्रकार भा० ११।१६।३२ में वर्णित है—"सात्वतां नवमूर्त्तीनादिमूर्त्तिरहं परा" इति।

श्रीयुधिष्ठिर के प्रति श्रीनारदोक्ति यह है—"मनुष्य जगत् में आप सब अतिशय भाग्यवान् हैं। भुवनपवित्रकारी मुनिगण, आपके घरमें निरन्तर आते रहते हैं। कारण—आपके गृह में मनुष्यचिह्नधारी साक्षात् परमब्रह्म अवस्थान कर रहें हैं।

तृतीय के २।१२ में उक्त है—"यन्मर्त्यलीलौपयिकं स्वयोग, मायाबलं दर्शयता गृहीतम्।

विस्मापनं स्वस्य च सौभगर्द्धेः, परं पदं भूषणभूषणाङ्गम्॥"

टीका—तदेव बिम्बं वर्णयति, त्रिभिः। यन्मर्त्यलीलासु औपयिकं योग्यम्। स्वस्यापि विस्मयजनकम्। यतः सौभगर्द्धेः—सौभाग्यातिशयस्य परं पदं पराकाष्ठा। भूषणानां भूषणान्यङ्गानि यस्मिन्॥

च" इति; अत उपसंहारानुरोधेन स्ववाक्यतात्पर्य्येण चास्यापि प्रकरणस्य श्रीकृष्णपरमत्वमेव। तस्मात् श्रीकृष्णगीतासु च श्रीकृष्णस्यैव स्वयं भगवत्त्वं सिध्येत। अतएवोक्तम् (श्रीगीता-माहात्म्ये)—

"एकं शास्त्रं देवकीपुत्रगीत,-मेको देवो देवकीपुत्र एव।
कर्माप्येकं देवकीपुत्रसेवा, मन्त्रोऽप्येको देवकीपुत्र-नाम॥"१४९॥ इति।

तथा श्रीगोपालपूर्वतापनी-श्रुतावपि (पू० २)—"मुनयो ह वै ब्रह्माणमूचुः—कः परमो देवः" इत्याद्यनन्तरम्, (गो० ता० पू० ३) "तदु होवाच ब्राह्मणः कृष्णो वै परमं दैवतम्" इत्यादि। उपसंहारे च (गो० ता० पू० ५२)—"तस्मात् कृष्ण एव परो देवस्तं ध्यायेत्तं रसयेत्तं यजेदित्यों तत् सत्" इति। किं बहुना, सर्वावतारावतारिविलक्षणा महाभगवत्तामुद्राः साक्षादेव तत्र वर्त्तन्त इति श्रूयते पाद्माध्यायत्रयेन। यथा तदीयाः कियन्तः श्लोकाः;

सर्वसम्वादिनी

"एवां तु भाग्यमहिमाच्युत तावदास्ता,-मेकादशैव हि वयं वत भूरिभागाः।
एतद्धृषीकचषकैरसकृत् पिवामः, शर्वादयोऽङ्घ्र्युदजमध्वमृतासवं ते॥"३३॥ इति;

जिन्होंने मनुष्यलीला के उपयोगी अनुपम रूप को प्रकट किया है, निज स्वरूपशक्ति की सामर्थ्य को प्रकट करने के निमित्त ही उक्त स्वीय रूप को प्रकट किया है, जिसको देखकर स्वयं भी विस्मित हो जाते हैं, वह रूप सौभाग्य की पराकाष्ठा पर प्रतिष्ठित तो है ही, किन्तु वह भूषणों को भी भूषित कर देता है।

अतएव श्रीगीता के उपसंहार वाक्य—"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच॥" के अनुसार
एवं 'सुदुर्दर्श' इत्यादि निज वचन प्रमाण से विश्वरूप दर्शन प्रकरण भी श्रीकृष्ण पर ही है। अर्थात् उक्त प्रकरण में श्रीकृष्ण का ही सर्वपरमत्व सूचित हुआ है। सुतरां श्रीकृष्णगीता में श्रीकृष्ण का ही स्वयं भगवत्त्व सिद्ध है। तज्जन्य ही कथित है—

देवकीपुत्र गीत ही एकमात्र शास्त्र है, देवकीपुत्र ही एकमात्र देवता है, देवकीपुत्र-सेवा ही एकमात्र कर्म है, एवं देवकी पुत्र नाम ही एकमात्र मन्त्र है। यहाँ पर देवकी पुत्र शब्द—नराकृति श्रीकृष्ण के उद्देश्य में ही प्रयुक्त हुआ है।

श्रीमद्भगवद्गीता प्रभृति शास्त्र के समान श्रीगोपाल तापनी श्रुति भी श्रीकृष्ण का परमत्व की घोषणा करती है। पूर्वतापनी में उक्त है—श्रीसनकादि ऋषिगण, श्रीब्रह्मा को जिज्ञासा किये थे—परमदेव कौन है? उत्तर में श्रीब्रह्मा ने कहा—(गो० ता० ३) 'कृष्णो वै परमो दैवतम्।' श्रीकृष्ण ही परम देवता हैं। गोपालतापनी के उपसंहार (५२) में भी उक्त है। अतएव सर्वोत्कृष्टता हेतु, श्रीकृष्ण ही परम देवता हैं। "तं ध्यायेत्, तं रसयेत्, तं यजेत्, इत्योम् तत् सत्" उनका ध्यान, उनका रसन, उनका अर्चन, एवं प्रेमपूर्वक उनका भजन करे, आप ही 'ओं तत् सत्' शब्दत्रय के प्रतिपाद्य हैं।

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता के सम्बन्ध में अधिक विचार की आवश्यकता ही क्या है? निखिल अवतार एवं अवतारी से विलक्षण भगवत्तासूचक चिह्नसमूह एकमात्र श्रीकृष्ण में ही साक्षात् विद्यमान हैं। यह विवरण पद्मपुराण के अध्यायत्रय में सुविदित है। उसके कतिपय श्लोक इस प्रकार है—

"ब्रह्मोवाच—
शृणु नारद वक्ष्यामि पादयोश्चिह्नलक्षणम् । भगवत्कृष्णरूपस्य ह्यानन्दैकघनस्य च ।१५०॥
अवतारा ह्यसंख्यातास्ताः कथिता मे तवाग्रतः । परं सम्यक् प्रवक्ष्यामि कृष्णस्तु भगवान् स्वयम् ॥१५१॥
देवानां कार्य्यसिद्ध्यर्थमृषीणाञ्च तथैव च । आविर्भूतस्तु भगवान् स्वानां प्रियचिकीर्षया ॥१५२॥
यैरेव ज्ञायते देवो भगवान् भक्तवत्सलः । तान्यहं वेद नान्योऽस्ति सत्यमेतन्मयोदितम् ॥१५३॥
षोड़शैव तु चिह्नानि मया दृष्टानि तत्पदे । दक्षिणे चाष्टचिह्नानि इतरे सप्त एव च ॥१५४॥
ध्वजा पद्मं तथा वज्रमङ्कुशो यव एव च । स्वस्तिकञ्चोर्द्ध्वरेखा च अष्टकोणस्तथैव च ॥१५५॥
सप्तान्यानि प्रवक्ष्यामि साम्प्रतं वैष्णवोत्तम । इन्द्रचापं त्रिकोणञ्च कलसञ्चार्द्धचन्द्रकम् ॥१५६॥
अम्बरं मत्स्यचिह्नञ्च गोष्पदं सप्तमं स्मृतम् । अङ्कान्येतानि भो विद्वन् दृश्यन्ते तु यदा कदा ॥१५७॥
कृष्णाख्यन्तु परं ब्रह्म भुवि जातं न संशयः । द्वयं वाथ त्रयं वाथ चत्वारः पञ्च चैव च ।
दृश्यन्ते वैष्णवश्रेष्ठ अवतारे कथञ्चन ॥"१५८॥ इत्यादि ।

"षोड़शञ्च तथा चिह्नं शृणु देवर्षिसत्तम । जम्बूफलसमाकारं दृश्यते यत्र कुत्रचित् ॥"१५९॥

इत्यन्तम् । तस्मादस्त्येव स्वयं भगवत्त्वं श्रीकृष्णस्यैव । तथा च ब्रह्मवैवर्त्ते भगवदवतार-प्रसङ्गे सूतवाक्यम्—

"अवतारा ह्यसंख्येया आसन् सत्त्वस्वभाविनः । विंशतिस्तेषु मुख्यान् यान् श्रुत्वा मुच्येन्महांहसः ॥"१६०॥

इत्यादिना प्रायशः श्रीभागवतवत् श्रीकृष्णसंहितांस्तान् गणयित्वा पुनराह—

सर्वसम्वादिनी

"तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां, यद्गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोऽभिषेकम् ।
यज्जीवितं तु निखिलं भगवान्मुकुन्द,-स्त्वद्यापि यत्पदरजः श्रुतिमृग्यमेव ॥"३४॥

ब्रह्मोवाच,—ब्रह्मा कहे थे—केवल आनन्दघन भगवान् श्रीकृष्ण के श्रीचरणयुगल में विराजमान जो सब चिह्न हैं, उसका वर्णन करता हूँ, श्रवण करो। हे अनघ! निष्पाप! मैंने तुम्हारे निकट असंख्य अवतार का वृत्तान्त कहा हूँ। अतःपर सम्यक् रूप से कहता हूँ—श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं। 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्' देव एवं ऋषियों की कार्य्यसिद्धि के निमित्त एवं स्वीय लीलावैचित्री के द्वारा निज परिजन के प्रीति सम्पादन हेतु भगवान् आविर्भुत हुये हैं। जिन सब लक्षणों के द्वारा भक्तवत्सल भगवान् को जाना जाता है, उन सब लक्षणों को मैं ही जानता हूँ, अपर कोई भी नहीं जानते हैं। मेरा यह कथन सर्वथा सत्य है। श्रीकृष्ण के चरणयुगल में षोड़शसंख्यक चिह्न का दर्शन मैं किया हूँ। दक्षिण चरण में—अष्ट चिह्न, वाम चरण में—सप्त चिह्न विद्यमान हैं। अष्ट चिह्न यथा—ध्वज, पद्म, वज्र, अङ्कुश, यव, स्वस्तिक, ऊर्द्ध्वरेखा, एवं अष्टकोण। हे वैष्णवोत्तम! अधुना अपर सप्त का वर्णन करता हूँ,—इन्द्रचाप, त्रिकोण, कलस, अर्द्धचन्द्र, आकाश, मत्स्य एवं गोष्पद। हे विद्वन्! यह सब पञ्चदश चिह्न जब कभी दृष्ट होते हैं, कृष्णाख्य परमब्रह्म पृथिवी में आविर्भुत हुए हैं—इसमें कुछ भी संशय नहीं है। हे वैष्णवश्रेष्ठ! अवतारसमूह के मध्य में किसी में दो, किसी अवतार में तीन, किसी में चार, किसी अवतार में पाँच चिह्न दृष्ट होते हैं। हे देवर्षिसत्तम! अधुना षोड़श संख्यक चिह्न का वर्ण मैं कर रहा हूँ। श्रीकृष्ण के चरण में कभी जम्बूफल समाकार चिह्न दृष्ट होता है, यहाँ तक वर्णन है। अतएव स्वयं भगवत्ता श्रीकृष्ण की ही है। 'तस्मादस्त्येव स्वयं भगवत्त्वं श्रीकृष्णस्यैव।' ब्रह्मवैवर्त्तपुराण के भगवदवतार प्रसङ्ग में सूत का कथन भी इस प्रकार है,—सत्त्वस्वरूप श्रीभगवान् के असंख्येय अवतार हैं। उनमें से विंशति अवतार मुख्य हैं, जिनका श्रवण से मनुष्य, महापापों से मुक्त होता है। उक्त वचनों के द्वारा प्रायकर श्रीकृष्ण के सहित ही अवतार समूह का वर्णन हुआ है। अनन्तर आपने कहा है—

"नरसिंहाद्ययोऽन्येऽपि सर्वपापविनाशनाः। यद्विभूतिविशेषेणालङ्कृतं भुवि जायते।
तत् सर्वमवगन्तव्यं कृष्णांशांश-समुद्भवम् ॥"१६१॥ इति।

तदित्थं सर्वमभिप्रेत्य महोपक्रमश्लोकमेव श्रीविष्णुपुराणीय-भगवच्छब्दनिरुक्तिवत् साक्षात्

सर्वसम्वादिनी

इत्यत्र,—यत्रावतीर्णः श्रीभगवान् तत्रेह श्रीमथुरामण्डले, तत्राप्यटव्यां श्रीवृन्दावने, तत्रापि श्रीगोकुले।

श्रीनरसिंह प्रभृति अवतारसमूह का चरित्र पापविनाशक है। कारण, आप सब निज ऐश्वर्य्य प्रकट कर भूमण्डल को अलङ्कृत किए हैं, उन सबको श्रीकृष्ण के अंशांशसम्भूत ही जानना होगा।

उक्त प्रकार से श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता प्रदर्शन के निमित्त जो विचार उपस्थित किया गया है, महोपक्रम श्लोक में तत्समुदाय का ही निष्कर्ष विद्यमान है। विष्णुपुराणीय भगवच्छब्द की निरुक्ति—

"संभर्त्तेति तथा भर्त्ता भकारोऽर्थद्वयान्वितः। नेता गमयिता स्रष्टा गकारार्थस्तथा मुने!
ऐश्वर्य्यस्य समग्रस्य वीर्य्यस्य यशसः श्रियः। ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीङ्गना ॥
वसन्ति यत्र भूतानि भूतात्मन्यखिलात्मनि। स च भूतेष्वशेषेषु वकारार्थस्ततोऽव्ययः ॥
ज्ञानशक्तिबलैश्वर्य्यवीर्य्यतेजांस्यशेषतः। भगवच्छब्दवाच्यानि विनाहेयैर्गुणादिभिः ॥

भग शब्द के उत्तर मतुप् (वतुप्) प्रत्यय योग होने से 'भगवान्' शब्द निष्पन्न होता है। विष्णु पुराणीय निरुक्ति के अनुसार 'भगवान्' शब्द प्रयुक्त हुआ है। उसमें 'भगव' शब्द के उत्तर मतुप् प्रत्यय योग से उक्त भगववान् शब्द निष्पन्न हुआ है। छान्दस प्रयोगानुसार 'व' लुप्त होकर भगवान् शब्द निष्पन्न हुआ है। 'भगव' अथवा 'भग' जिनका है, इस अस्त्यर्थ में मतुप् प्रत्यय हुआ है। भ, ग, व, अक्षरत्रय के पृथक् पृथक् अर्थ करते हैं। भ-कार का अर्थ—भर्त्ता, संभर्त्ता। ग-कार का अर्थ—नेता, गमयिता, स्रष्टा। अन्यार्थ—समग्र ऐश्वर्य्य, समग्र वीर्य्य, समग्र यश, समग्र श्री, समग्र ज्ञान एवं समग्र वैराग्य को 'भग' कहते हैं। उक्त उभयविध अर्थविशिष्ट भ, ग, वर्णद्वय के सहित 'व'-कार का योग होने से 'भगव' शब्द होता है। 'व'-कार का अर्थ—सर्वान्तर्य्यामी निखिल आत्मा में निवास करते हैं। भूत समूह उन अन्तर्य्यामी में निवास करते हैं। सुतरां आप अव्यय हैं, यह ही 'व'-कार का अर्थ है।

संभर्त्ता—निज भक्तवृन्द का पोषक है। भर्त्ता—धारक, स्थापक, नेता, निज भक्तिफल जो प्रेम है, उसका प्रापक है। स्रष्टा—निज भक्तवृन्द में स्वीय रुचिकर गुणसमूह का विस्तारकारक, स्थापक, संरक्षक हैं। अर्थात् आस्वादनीय सद्गुणावली का उद्गमकर्त्ता एवं पालनकर्त्ता हैं।

भक्तपोषणादि कार्य्य—श्रीभगवान् स्वय ही साक्षात् भाव से करते हैं। जगत् पालनादि कार्य्य उक्त रूप से नहीं करते हैं। उसके निमित्त पुरुषावतार, गुणावतार, लीलावतार रूप धारण करते हैं। अतएव जगत् पालन कार्य्य परम्परा क्रम से होता है।

ऐश्वर्य्य—सर्ववशीकारिता, वीर्य्य—मणिमन्त्रादि का प्रभाव के समान अचिन्त्य प्रभाव, यश—वाक्य, मन, शरीर को साद्गुण्य ख्याति। श्री—सर्वप्रकार सम्पत्ति, ज्ञान—सर्वज्ञता, वैराग्य—प्रपञ्च वस्तु में अनासक्ति। श्लोकोक्त 'इङ्गना' शब्द का अर्थ— संज्ञा है। अर्थात् सर्वैश्वर्य्यादि समष्टि की भग संज्ञा है।

संभर्त्ता प्रभृति के द्वारा जो अर्थ हुआ है, वह भगवान् का स्वरूप नहीं है। भगवान् में संभर्त्त्रादि धर्म, स्वरूपसिद्ध रूपमें नित्य विराजित हैं। आप अव्यक्त-स्वप्रकाश, अजर—चिरकिशोर, अचिन्त्य—मन-वाणी का अगोचर, अज—प्राकृत जन्मरहित, किन्तु भक्तविनोदार्थ स्वरूपशक्ति के द्वारा जन्मादि लीला का प्रकट करते हैं। अक्षय—सर्वकारण, अनिर्देश्य—उनमें सब कुछ सम्भव हैं। तज्जन्य विशेष रूप से उनका निर्देश नहीं होता है। अरूप—प्राकृत रूपरहित, किन्तु सच्चिदानन्द विग्रह। करचरणादि

श्रीकृष्णाभिधेयत्वेनापि योजयति (भा० १।१।१)—"जन्माद्यस्य" इति; "नराकृति परं ब्रह्म"

सर्वसम्वादिनी

कथम्भूतं जन्म ? अत्र टीका च—(भा० टी०) "गोकुलवासिनां मध्येऽपि कतमस्य यस्य कस्याप्यङ्घ्रिरजसा-भिषेको यस्मिंस्तत्" इत्येषा।

अवयवसंयुक्त—यह सब स्वरूपभूत हैं, मनुष्यवत् भिन्न नहीं हैं। विभु—सर्वव्यापक, सर्वगत—सर्वानुप्रविष्ट, नित्य—ध्वंस प्रागभावरहित अविकारी हैं। भूतयोनि—वस्तुमात्र का प्रकाश कर्त्ता। स्वय अकारण हैं, उनका सृष्टिकर्त्ता कोई नहीं हैं। सर्वव्यापक परमधाम रूप ज्योतिः का दर्शन भक्तगण करते हैं, वह मोक्षाकाङ्क्षी का ध्येय ब्रह्म हैं। श्रुति वाक्य में उसका वर्णन विष्णु का परमपद शब्द से है। यह ही भगवत् शब्द वाच्य है। परमात्मा श्रीभगवान् का यह ही स्वरूप है।

श्रीविष्णुपुराण के 'यत्तद्' इत्यादि श्लोक में श्रीभगवान् का स्वरूप, संभर्त्ता इत्यादि श्लोक में उनका गुण एवं ज्ञानशक्ति श्लोक में गुणसमूह की स्वरूपाभिन्नता कथित है।

हेय-गुणवर्जित समग्र ज्ञानशक्ति, बल-ऐश्वर्य्य वीर्य्य तेजः, भगवच्छब्द वाच्य है। अर्थात् भगवत् शब्द उक्तार्थ में प्रकाशित है। ज्ञान—अन्तःकरण का गुण है, शक्ति—इन्द्रियसमूह का गुण है, बल—शरीर का गुण है, ऐश्वर्य्य—सर्वजनवशीकारित्व, वीर्य्य—प्रभाव है। कान्ति को तेजः कहते हैं।

श्रीभगवान् के स्वरूप एवं गुण अभिन्न होने से भी वह एक नहीं है। अर्थात् जो स्वरूप है, वह ही गुण नहीं है, जो गुण है—वह ही स्वरूप नहीं है। उभय के मध्य में विशेष है। यह विशेष, भेद का प्रतिनिधि है। भेद जहाँ पर परिलक्षित नहीं होता है, वहाँ भेद का कार्य्य धर्म एवं धर्मी का व्यवहार 'विशेष' पदार्थ के द्वारा निष्पन्न होता है। स्वरूप—धर्मी है, गुणसमूह—धर्म हैं।

उक्त भगवत् शब्द की निरुक्ति के द्वारा भगवान् का जिस स्वरूप एवं स्वरूपधर्म का बोध हुआ है, उसकी सम्यक् रूप से विद्यमानता—श्रीकृष्ण में ही है। अतः श्रीकृष्ण ही भगवत् शब्द का मुख्य वाच्य हैं। श्रीकृष्ण की भगवत्ता से ही अपर स्वरूपों की भगवत्ता सिद्ध है। तज्जन्य वे सब भी भगवत् शब्द से अभिहित होते हैं।

श्रीविष्णुपुराण के भगवत् शब्द का अर्थ जिस प्रकार श्रीकृष्ण में ही पर्य्यवसित हुआ है, उस प्रकार ही श्रीमद्भागवत के 'जन्माद्यस्य' इत्यादि श्लोक का अर्थ भी श्रीकृष्ण में ही पर्य्यवसित होगा। भा० १।१।१ में वर्णित है—

"जन्माद्यस्य यतोऽन्वयादितरतश्चार्थेष्वभिज्ञः स्वराट् तेने ब्रह्महृदा य आदिकवये मुह्यन्ति यत् सूरयः।
तेजो वारिमृदां यथा विनिमयो यत्र त्रिसर्गोऽमृषा धाम्ना स्वेन सदा निरस्तकुहकं सत्यं परं धीमहि॥"

यह श्लोक श्रीव्यासदेव के समाधिलब्ध वेदान्तभाष्यभूत निगम कल्पतरु का फलस्वरूप श्रीमद्भागवत का प्रारम्भ श्लोक है। इसमें ही समग्र ग्रन्थ का तात्पर्य्य निहित है। इसका अवलोकन से ही श्रीकृष्ण का सर्वपरमत्व दृष्टिगोचर होगा।

परं धीमहि,—पर—श्रीकृष्ण, उनका ध्यान हम करते हैं। पर शब्द से श्रीकृष्ण का बोध कैसे होगा ? उत्तर में कहते हैं—'नराकृति परं ब्रह्म' परमब्रह्म नराकृति का उल्लेख पुराणसमूह में सुस्पष्ट है। अतः नराकृति परम ब्रह्म श्रीकृष्ण को निर्देश करने के निमित्त ही 'परं' शब्द का प्रयोग उक्त श्लोक में वर्णित है—"वार्ष्णेयः सात्वतां श्रेष्ठः शौरिर्यदुकुलेश्वरः। नराकृति परं ब्रह्म सव्यसाचि वरप्रदः॥

(वृहद्विष्णुसहस्रनाम)

वृष्णि वंशोद्भूत, यादवश्रेष्ठ, शूरकुलतिलक, यदुकुलेश्वर, अर्जुन वरप्रदाता नराकृति परब्रह्म। इस श्लोक में स्पष्टतः ही श्रीकृष्ण को नराकृति परब्रह्म रूप में कहा गया है। कारण, आप वृष्णि वंश में

इति पुराणवर्गात्; (गो० ता० पू० ५२) "तस्मात् कृष्ण एव परो देवः" इति श्रीगोपालतापनी-श्रुतेश्च। परं श्रीकृष्णं धीमहि। अस्य स्वरूपलक्षणमाह—'सत्यम्' इति; (भा० १०।२।२६)—"सत्यव्रतं सत्यपरं त्रिसत्यम्" इत्यादौ (म० भा० उ० ७०।१२)—

"सत्ये प्रतिष्ठितः कृष्णः सत्यमत्र प्रतिष्ठितम्।
सत्यात् सत्यञ्च गोविन्दस्तस्मात् सत्यो हि नामतः॥"१६२॥

सर्वसम्वादिनी

"एषां घोषनिवासिनामुत भवान् किं देव रातेति न-
श्चेतो विश्वफलात् फलं त्वदपरं कुत्राप्ययन्मुह्यति।

उत्पन्न हुए हैं। गोपालतापनी श्रुति में भी कथित है—कारण, श्रीकृष्ण ही परम देव हैं।

स्वरूपलक्षण का वर्णन करते हैं—'सत्यम्' इससे नराकृति परम ब्रह्म का स्वरूपलक्षण निर्दिष्ट हुआ है। इस सत्य शब्द का वाच्य भी श्रीकृष्ण ही हैं। कारण भा० १०।२।२६ गर्भस्तुति में देवगण की उक्ति यह है—

"सत्यव्रतं सत्यपरं त्रिसत्यं सत्यस्य योनिं निहितञ्च सत्ये।
सत्यस्य सत्यमृतसत्यनेत्रं सत्यात्मकं त्वां शरणं प्रपन्नाः॥"

टीका—प्रतिश्रुतं सत्यं कृतमिति हृष्टाः सन्तः सत्यत्वेनैव प्रथमं स्तुवन्ति, सत्यव्रतमिति। सत्यं व्रतं सङ्कल्पो यस्य तम्। सत्यं परं श्रेष्ठं प्राप्तिसाधनं यस्मिंस्तम्। त्रिसत्यं त्रिष्वपि कालेषु सृष्टेः पूर्वं प्रलयानन्तरञ्च स्थितिसमये च सत्यमव्यभिचारेण वर्त्तमानम्। तदेवाहुः—सत्यस्य योनिमिति—सच्छब्देन पृथिव्यप्तेजांसि त्यच्छब्देन वाय्वाकाशौ एवं सच्च त्यच्च सत्यं भूतपञ्चकम्। तत् सत्यमित्याचक्षते' इति श्रुतेः। तस्य योनिं कारणम् अनेन पूर्वं वर्त्तमानतोक्ता। तथा सत्ये तथा तस्मिन्नेव निहितमन्तर्य्यामितया स्थितम्। अनेन स्थितिसमयेऽपि सत्यत्वमुक्तम्। तथा सत्यस्य सत्यं तत्रैव सत्यस्य सत्यं पारमार्थिकं तन्नाशेऽप्यवशिष्यमाणरूपम्। अनेन प्रलयेऽप्यवस्थित्वेन सत्यत्वं दर्शितम्। एवं त्रिसत्यत्वमुपपादितम्। तथा ऋतसत्यनेत्रम्, ऋतं—सुनृता वाणी। सत्यं—समदर्शनम्। तथा भगवता व्याख्यास्यमानत्वात् सत्यं च समदर्शनम्, ऋतञ्च—सुनृता वाणी, कविभिः परिकीर्त्तितेति। तयोर्नेत्रं—नयसाधनं नेतारं प्रवर्त्तकमिति यावत्। एवं सर्वप्रकारेण सत्यात्मकं त्वां भगवन् वयं शरणं प्रपन्नाः प्राप्ता इति।

"आप, सत्यव्रत, सत्यपर, त्रिसत्य, सत्ययोनि, सत्य में निहित, सत्य का सत्य, सत्यवाक्य एवं समदर्शन का प्रवर्त्तक हैं।"

श्रीकृष्ण को 'सत्य' पद के द्वारा अनेक प्रकार से निर्देश कर तदीय रूप का भी सत्यत्व स्थापन किये हैं। भूत, भविष्यत्, वर्त्तमान रूप कालत्रय में जिनका व्यभिचार नहीं होता है, उनको सत्य कहते हैं। तमालश्यामल कान्ति यशोदास्तनन्धय रूप श्रीकृष्ण स्वरूप का कभी भी रूपान्तर नहीं होता है। उक्त स्वरूप में आप नित्य विराजमान हैं।

उक्त कथन से सुस्पष्ट हुआ कि—सत्त्वगुणोपहित ब्रह्म श्रीकृष्ण नहीं हैं। श्रीकृष्ण रूप ही श्रीकृष्ण स्वरूप है। उक्त रूप में ही आप परम ब्रह्म हैं। आनन्दमात्र कर-पाद-मुखोदरादि एवं सर्वत्र स्वगत भेद विवर्जित स्वरूप हैं। उनके अवयव-अवयवी में एवं अवयव-अवयव में किञ्चिन्मात्र भेद नहीं है। उनकी प्रति इन्द्रिय ही यावतीय इन्द्रियवृत्तिविशिष्ट हैं।

महाभारत में उक्त है—"सत्ये प्रतिष्ठितः कृष्णः, सत्यमत्र प्रतिष्ठितम्।
सत्यात् सत्यञ्च गोविन्दस्तस्मात् सत्यो हि नामतः॥"

इत्युद्यमपर्वणि सञ्जयकृत-श्रीकृष्णनाम-निरुक्तौ च तथा श्रुतत्वात् । एतेन तदाकारस्याव्यभिचारित्वं दर्शितम् । तटस्थलक्षणमाह (भा० १।१।१)—"धाम्ना स्वेन" इत्यादि ; स्वेन स्व-स्वरूपेण धाम्ना श्रीमथुराख्येन सदा निरस्तं कुहकं मायाकार्य्यलक्षणं येन तम् ; (गो० ता० उ० ६६)—

"मथ्यते तु जगत् सर्वं ब्रह्मज्ञानेन येन वा ।
तत्सारभूतं यद्यस्यां मथुरा सा निगद्यते ॥"१६३॥

इति श्रीगोपालोत्तरतापनीप्रसिद्धेः । लीलामाह—आद्यस्य नित्यमेव श्रीमदानकदुन्दुभि-व्रजेश्वरनन्दनतया श्रीमथुरा-द्वारका-गोकुलेषु विराजमानस्यैव स्वस्य कस्मैचिदर्थाय लोके

सर्वसम्वादिनी

सद्वेषाविव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता
यद्धामार्थसुहृत्-प्रियात्मतनय-प्राणाशयास्त्वत्कृते ॥"३५॥

कृष्ण सत्य में प्रतिष्ठित हैं, कृष्ण में ही सत्य प्रतिष्ठित है । गोविन्द, सत्य से भी सत्य है, तज्जन्य उनका नाम सत्य ही है ।

महाभारतीय उद्यमपर्व में सञ्जयकृत श्रीकृष्णनाम निरुक्ति में उक्त निर्णय हुआ है । इससे प्रतिपन्न होता है कि—श्रीकृष्ण, सर्वदा उक्त आकार में ही विराजित हैं, कभी भी अन्यथा नहीं होता है । सत्य पद के द्वारा स्वरूपलक्षण कथन के अनन्तर 'धाम्ना स्वेन' इत्यादि वाक्य के द्वारा नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्ण का तटस्थ-लक्षण का वर्णन करते हैं । जिन्होंने निज स्वरूपाभिन्न श्रीमथुरा नामक धाम से (उपलक्षण के द्वारा वृन्दावन, द्वारका भी ग्रहण होता है, वहाँ पर श्रीकृष्ण सपरिकर निरन्तर विराजित हैं ।) कुहक—अर्थात् मायाकार्य्य लक्षण कापट्य को निरस्त किया है, उन श्रीकृष्ण का ध्यान करते हैं । कारण श्रीभगवत् स्वरूप से तदीय धाम अभिन्न है, अतः श्रीकृष्णस्वरूप से तदीय धाम श्रीमथुरा अभिन्न है । इस विषय का सप्रमाण प्रतिपादन भगवत्सन्दर्भ में है । श्रीधाम तदीय स्वरूपशक्ति से प्रकटित होने के कारण उसमें माया का सम्पर्क नहीं है । सुतरां तद्द्वारा सतत् माया-कुहक निरस्त हो रहा है । मथुरा शब्द की व्युत्पत्ति के द्वारा श्रीमथुरा में श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति प्रदर्शनपूर्वक माया कुहक निवारण सामर्थ्य को कहते हैं । 'दधि मन्थन के द्वारा जिस प्रकार नवनीत उत्पन्न होता है, तद्रूप ब्रह्मज्ञान अथवा भक्तियोग के द्वारा समग्र साधकजगत् मथित होते हैं—अर्थात् परम ब्रह्माख्य भगवत्तत्त्व व्यक्त होता है । उसका ज्ञान एवं भक्तियोग का सारस्वरूप—ज्ञान का सारस्वरूप—स्वरूपसाक्षात्कार एवं भक्ति का सारभूत प्रेम, एतदुभय की विद्यमानता जहाँ है, उसका नाम मथुरा है ।"

"मथ्यते तु जगत् सर्वं ब्रह्मज्ञानेन येन वा । तत् सारभूतं यद्यस्यां मथुरा सा निगद्यते ॥" यह विवरण श्रीगोपालतापनी श्रुति में प्रसिद्ध है ।

स्वरूप-साक्षात्कार एवं प्रेम,—भगवत् साक्षात्कार के हेतु हैं । एतदुभय ही मथुरा निवासीओं में स्वरूपसिद्ध रूप से विद्यमान है । तज्जन्य श्रीकृष्ण, उन सब के सान्निध्य में सतत विराजित हैं । सुतरां मथुरा धाम में मायिक सत्ता नहीं है । अतः मथुरा के द्वारा माया कुहक निरस्त है ।

अनन्तर 'जन्माद्यस्य' श्लोकोक्त परब्रह्म की लीला कहते हैं—'जन्माद्यस्य यतः' 'अन्वयादितरतश्च' । 'आद्यस्य'—श्रीवसुदेव एवं श्रीव्रजेश्वरनन्दन रूप में श्रीमथुरा-द्वारका-गोकुल में जो निरन्तर विराजित हैं । इस प्रकार नित्य स्थिति के कारण ही आप आद्य हैं । उनका 'जन्म' विशेष प्रयोजन से ही मनुष्यलोक में

प्रादुर्भावापेक्षया यतः श्रीमदानकदुन्दुभिगृहाज्जन्म तस्माद् यः इतरतश्च इतरत्र श्रीव्रजेश्वर-गृहेऽपि अन्वयात् पुत्रभावतस्तदनुगतत्वेनागच्छत् । उत्तरेणैव य इति पदेनान्वयः । यत इत्यनेन तस्मादिति स्वयमेव लभ्यते । कस्मादन्वयात् ? तत्राह— अर्थेषु कंसवञ्चनादिषु तादृशभाववद्भिः श्रीगोकुलवासिभिरेव सर्वानन्दकदम्बकादम्बिनीरूपा सा सा कापि लीला सिध्यतीति तल्लक्षणेषु वा अर्थेष्वभिज्ञः; ततश्च स्वराट् स्वैर्गोकुलवासिभिरेव राजत इति । तत्र तेषां प्रेमवशतामापन्नस्याप्यव्याहतैश्वर्यमाह—'तेने' इति । य आदिकवये ब्रह्मणे ब्रह्माणं विस्मापयितुं हृदा सङ्कल्पमात्रेणैव ब्रह्म सत्यज्ञानानन्तानन्दमात्रैकरसमूर्त्तिमयं वैभवं तेने विस्तारितवान् । यद् यतस्तथाविधलौकिकालौकिकतासमुचितलीलाहेतोः सूरयस्तत्सङ्गक्ता मुह्यन्ति प्रेमातिशयोदयेन वैवश्यमाप्नुवन्ति । यदित्युत्तरेणाप्यन्वयात् । यद्यत एव तादृशलीलातस्तेजोवारिमृदामपि यथा यथावत् विनिमयो भवति । तत्र तेजसश्चन्द्रादेर्विनिमयो

सर्वसम्वादिनी

इत्यत्र,—'राता' दाता; 'स्वत्' स्वतः; 'अयत्' इतरततो गच्छत् ।

प्रादुर्भाव की अपेक्षा से ही है । 'अन्वयादितरतश्च' श्रीभगवान् निज परिजनवृन्द को आनन्दित करने के निमित्त ही अन्यत्र श्रीव्रजेश्वर के गृह में पुत्रभाव अङ्गीकारपूर्वक श्रीव्रजराज का आनुगत्य स्वीकार कर जिनका आगमन हुआ है, उन परब्रह्म का ध्यान करते हैं । यहाँ 'यः' जो पद का अध्याहार, अन्वय सङ्गतिहेतु उत्तर चरण से हुआ है । 'यद्' 'तद्' शब्द का नित्य सम्बन्ध है । यद् शब्द प्रयोग के अनन्तर 'तद्' शब्द का अनुसन्धान स्वतः ही होता है । तज्जन्य 'यतः' जिस हेतु पद का प्रयोग होने से 'तस्मात्' पद का अध्याहार सुसिद्ध हुआ है ।

किस हेतु व्रजराज के गृह में तादृश रूप में आगमन हुआ है ? कहते हैं,—"अर्थेषु अभिज्ञः" अर्थेषु —कंस वञ्चनादि कार्य्यसमूह में, आप अभिज्ञ हैं । किंवा नन्दनन्दन रूप में प्रसिद्ध स्वरूप को—दास, सखा, मातापिता प्रेयसी भावविशिष्ट व्रजवासिजनगण के सहित सर्वजन आनन्दराशि वर्षणकारिणी 'दामबन्धन' प्रभृति अपूर्व लीला की सिद्धि जिस प्रकार हो तद्विषय में अभिज्ञ हैं । असमोर्द्ध्व लीला रस में अभिज्ञ हेतु ही आप 'स्वराट्' हैं । निजजन होने के कारण जिनके सम्बन्ध से आप अभिमानी हैं, उन गोकुल वासियों के सहित सतत विराजमान हैं ।

गोकुल में व्रजवासियों के प्रेमवश्य होकर जो श्रीकृष्ण विराजित हैं, उनका ही अव्याहत ऐश्वर्य का वर्णन करते हैं । निरतिशय प्रेमपारवश्य में भी अचिन्त्य शक्ति हेतु श्रीकृष्ण में ऐश्वर्य्य अक्षुण्ण है । "तेने ब्रह्महृदा य आदि कवये" जिन्होंने आदि कवि ब्रह्मा को विस्मापित करने के निमित्त हृदय में सङ्कल्पमात्र से ही ब्रह्म अर्थात् सत्यज्ञानानन्तानन्दमात्रैक-रसमूर्त्तिमय वैभव का विस्तार किया है । आप ही परमब्रह्म श्रीकृष्ण हैं । इसका विस्तृत विवरण श्रीभागवत के १०।१३ अध्याय में एवं श्रीकृष्णसन्दर्भ ४२ अनुच्छेद में है । 'मुह्यन्ति यत् सूरयः' एवं 'तेजोवारिमृदां यथा विनिमयो यत्र त्रिसर्गोऽमृषा' वाक्यद्वय के द्वारा श्रीकृष्ण लीला की चमत्कारिता वर्णित है ।

यत्-यतः—जिस हेतु तादृश लौकिकत्व-अलौकिकत्व समुचित लीलानुष्ठान के निमित्त, तदीय भक्तगण मुग्ध होते हैं । अर्थात् अतिशय प्रेमाविर्भाव निबन्धन विवशता को प्राप्त करते हैं । ब्रह्ममोहन लीला प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण, दध्योदन का ग्रास हस्त में लेकर वत्सबालकों का अनुसन्धान करते करते

निस्तेजोवस्तुभिः सह धर्मपरिवर्त्तः, तच्छ्रीमुखादिरुचा चन्द्रादेर्निस्तेजस्त्वाभिधानात् निकटस्थनिस्तेजोवस्तुनः स्वभासा तेजस्वितापादानाच्च, तथा वारि द्रवश्च कठिनं भवति, वेणुवाद्येन मृत्पाषाणादिश्च द्रवतीति। यत्र श्रीकृष्णे त्रिसर्गः श्रीगोकुल-मथुरा-द्वारकावैभव-प्रकाशोऽमृषा सत्य एवेति ॥ श्रीवेदव्यासः ॥

सर्वसम्वादिनी

"तावद्रागादयः स्तेनास्तावत् कारागृहं गृहम्।
तावन्मोहोऽङ्घ्रिनिगड़ो यावत् कृष्ण न ते जनाः ॥"२६॥ इति।

लौकिक लीला की मुग्धता को प्रकट किए थे, एवं आपने स्वयं ही निजांश से अवतीर्ण वयस्यगण की सत्य ज्ञानानन्तानन्दमात्रैक रसमूर्त्ति रूप में प्रकट कर अलौकिक लीला का प्रकाश किए थे।

'यत्' पद का अन्वय, पर वाक्य में भी होगा। जिससे स्वरूप चमत्कारकारिणी लीला हेतु,—तेज, वारि, मृत्तिका का यथावत् विनिमय होता है। अर्थात् परस्पर का धर्म परिवर्त्तन होता है। कारण, श्रीकृष्ण के श्रीमुखादि की कान्ति के द्वारा चन्द्रादि निस्तेजस्य मलिनत्व प्राप्त होता है, एवं निकटस्थ निस्तेज वस्तुनिचय को निज कान्ति द्वारा द्युतिमान् करते हैं। वेणुवाद्य के द्वारा द्रव पदार्थ भी कठिन होता है, एवं मृत्-पाषाणादि स्वाभाविक कठिन पदार्थ, द्रवीभूत होते हैं। जिन श्रीकृष्ण में त्रिवर्ग त्रिविध सृष्टि, अर्थात् श्रीगोकुल, मथुरा-द्वारका का वैभव प्रकाश अमृषा, सत्य है। उन नराकृति परम ब्रह्म श्रीकृष्ण का ध्यान करें।

यथावत् वस्तु की नित्य स्थिति का नाम ही सत्य है। विश्व सत्य होने पर भी यथावस्थ रूप में सत्य नहीं है। नित्य विद्यमानता का अभाव है। अतः सूक्ष्म कारण रूप में सत्य है। विश्व की सत्यता में प्रमेयरत्नावली की उक्ति यह है—

श्रीमन्मध्वमते हरिः परतमः सत्यं जगत् तत्त्वतो, भेदो जीवगणा हरेरनुचरा नीचोच्चभावं गताः।
मुक्तिर्नैजसुखानुभूतिरमलाभक्तिश्च तत् साधनमक्षादित्रितयं प्रमाणमखिलाम्नायैकवेद्यो हरिः॥

श्रीमध्वः प्राह विष्णुं परतममखिलाम्नाय वेद्यञ्च विश्वं
सत्यं भेदञ्च जीवान् हरिचरणजुषस्तारतम्यञ्च तेषाम्।
मोक्षं विष्ण्वङ्घ्रिलाभं तदमलभजनं तस्य हेतुं प्रमाणं,
प्रत्यक्षादित्रयञ्चेत्युपदिशति हरिः कृष्णचैतन्यचन्द्रः॥

(१) श्रीविष्णु परतम तत्त्व, (२) श्रीविष्णु वेद-प्रतिपाद्य, (३) विश्व, सत्य, (४) श्रीहरि से जीव भिन्न, (५) जीवगण, श्रीहरि के दास, (६) भजन हेतु जीवों में तारतम्य है। (७) श्रीहरिपद प्राप्ति ही मोक्ष, (८) निष्काम भक्ति ही तत् प्राप्ति का उपाय, (९) प्रत्यक्षानुमान शब्द-प्रमाणत्रय हैं। श्रीकृष्ण-चैतन्य हरि उक्त उपदेश प्रदाता हैं। सूक्ष्म रूपमें विश्वसत्यता का प्रतिपादन परमात्मसन्दर्भ में हुआ है। विश्व नित्यत्व स्थापक प्रमाणों में एक प्रमाण यह है—

"ब्रह्मसत्यं तपः सत्यं सत्यं चैव प्रजापतिः। सत्याद्भूतानि जातानि सत्यं भूतमयं जगत् ॥"

कालशक्ति के द्वारा अवस्थान्तर न होकर लीलाशक्ति रूप चिच्छक्ति के द्वारा कभी कभी रूपान्तरित होने से दोषावह नहीं होता है। श्रीगोकुल-मथुरा-द्वारका का दर्शन प्रेमवान् भक्तगण जिस प्रकार करते हैं, उस प्रकार स्थिति का वैपरीत्य कभी भी नहीं होता है। काल प्रभाव से अवस्थान्तर प्राप्त न होने से ही धामत्रय की वैभवावस्था अमृषा ही है। प्रकरण प्रवक्ता श्रीवेदव्यास हैं ॥८२॥

८३। एवं सर्वोपसंहारवाक्यमपि तत्रैव सङ्गच्छते (भा० १२।१३।१६)—

(८३) "कस्मै येन विभासितोऽयम्" इत्यादि।

(गो० ता० पू० २६)—

"यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो विद्यास्तस्मै गापयति स्म कृष्णः।

तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं, मुमुक्षुर्वै शरणममुं व्रजेत्॥"१६४॥

इति श्रीगोपालपूर्वतापनीश्रुतेः। व्याकृतञ्च (९७ अनु०) द्वितीय-सन्दर्भे तस्यैव चतुःश्लोकी-वक्तृत्वमपि॥ श्रीसूतः॥

८४। तदेवमभ्यासादीन्यपि तस्मिन् विस्पष्टान्येव पूर्वोदाहृतवाक्येषु। तदेतच्छ्रीमद्-

सर्वसम्वादिनी

(भा० १०।२६।६-११)

"अन्तर्गृहगताः काश्चिद्गोप्योऽलब्धविनिर्गमाः।

कृष्णं तद्भावना-युक्ता दध्युर्मीलित-लोचनाः॥३७॥

उक्त रीति से श्रीमद्भागवत का सर्वोपसंहार वाक्य का तात्पर्य्य भी श्रीकृष्ण में ही पर्य्यवसित है। "कस्मै येन विभासितोऽयमतुलज्ञानप्रदीपः पुरा, तद्रूपेण च नारदाय मुनये कृष्णाय तद्रूपिणा। योगीन्द्राय तदात्मना च भगवद्राताय कारुण्यत स्तच्छुद्धं विमलं विशोकममृतं सत्यं परं धीमहि॥

(भा० १२।१३।१४)

जिन्होंने कल्पारम्भ में अतुल्य ज्ञानप्रदीपस्वरूप श्रीमद्भागवत का प्रकाश ब्रह्मा के निकट करके पश्चात् क्रमशः नारद, कृष्णद्वैपायन, योगीन्द्र शुकदेव, एवं परीक्षित् के प्रति कृपाकर प्रकाश किया, उन शुद्ध, निर्मल, शोकरहित, अमृतस्वरूप परमसत्य का ध्यान हम सब करते हैं।

उपक्रम श्लोकस्थ 'सत्यं परं' शब्द की व्याख्या जिस प्रकार श्रीकृष्ण पर हुई है, उपसंहार श्लोकस्थ 'सत्यं परं' शब्दद्वय की व्याख्या भी श्रीकृष्ण पर ही होगी।

ब्रह्मा का उपदेष्टा श्रीकृष्ण कैसे होंगे? भा० २।९ अध्याय में उक्त है, श्रीनारायण ही श्रीब्रह्मा का उपदेष्टा हैं। श्रीकृष्ण श्रीब्रह्मा को उपदेश प्रदान किये हैं, उसका प्रमाण नहीं है। इस प्रकार संशय निरसन के निमित्त श्रुति प्रमाण प्रदर्शन करते हैं। गो० तापनी—"यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो विद्यास्तस्मै गापयति स्म कृष्णः। तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं, मुमुक्षुर्वै शरणममुं व्रजेत्॥"

जो परमेश्वर श्रीकृष्ण, सृष्टि के समय ब्रह्मा की रचना किए थे, जो श्रीकृष्ण, ब्रह्मा को गोपाल-विद्यात्मक वेदसमूह का उपदेश प्रदान किये हैं, उन आत्मबुद्धि प्रकाशक देव का आश्रय ग्रहण मोक्षाथिगण करें।

श्रीमद्भागवतीय द्वितीय स्कन्धोक्त नवमाध्यायस्थ चतुःश्लोकी का वक्ता श्रीकृष्ण ही हैं, सप्रमाण उसका प्रतिपादन भगवत् सन्दर्भ में हुआ है। सुतरां श्रीनारायण को ब्रह्मा का उपदेष्टा मानना समीचीन नहीं है। श्रीकृष्ण ही श्रीब्रह्मा का उपदेष्टा हैं। प्रवक्ता श्रीसूत हैं॥८३॥

उपक्रमोपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद, उपपत्तिरूप लक्षण विचार के द्वारा ही शास्त्रार्थ का निर्णय होता है। अतः श्रीमद्भागवत के उपक्रमोपसंहार वाक्य (उपक्रम—सत्यं परं धीमहि, उपसंहार—सत्यं परं धीमहि) के द्वारा श्रीमद्भागवत का एकमात्रतात्पर्य्य, श्रीकृष्ण में ही उसका प्रदर्शन हुआ। श्रीकृष्ण विषय में अभ्यास प्रभृति का समन्वय, पूर्वोदाहृत वाक्यसमूह में सुस्पष्ट रूप में है।

गीतागोपालतापन्यादिशास्त्रगणसहायस्य निखिलेतरशास्त्रशतप्रणतचरणस्य श्रीभागवतस्याभिप्रायेण श्रीकृष्णस्य स्वयंभगवत्त्वं करतल इव दर्शितम्। श्रीभागवतस्य स एव परम-प्रतिपाद्य इति पुराणान्तरेणैव स्वयं व्याख्यातम्। यथा ब्रह्माण्डपुराणे श्रीकृष्णाष्टोत्तरशत-नामामृतस्तोत्रे श्रीकृष्णस्य नामविशेष एव—"शुकवागमृताब्धीन्दुः" इति। अथ तस्य महावासुदेवत्वे सिद्धे श्रीबलदेवादीनामपि महासङ्कर्षणादित्वं स्वत एव सिद्धम्। यद्रूपः स्वयं भगवान् तद्रूपा एव ते भवितुमर्हन्तीति। अतः श्रीबलदेवस्य यत् कश्चिदावेशावतारत्वं मन्यते, तदसत्। दृश्यते च श्रीकृष्णरामयोर्युगलतया वर्णनेन समप्रकाशत्वम्, (भा० १०।८।२२) "तावङ्घ्रियुग्ममनुकृष्यसरीसृपन्तौ", (भा० १०।२३।२०) "यद्विश्वेश्वरयोर्याच्ञाम्",

सर्वसम्वादिनी

दुःसह-प्रेष्ठविरह-तीव्रताप-धूताशुभाः।
ध्यान-प्राप्ताच्युताश्लेष-निर्वृत्या क्षीण-मङ्गलाः॥३८॥

श्रीमद्भगवद्गीता, गोपालतापनी श्रुति प्रभृति शास्त्रसमूह जिनके सहाय हैं, एवं अन्य शास्त्रसमूह जिनके श्रीचरण में प्रणतजनों के समान अनुगत हैं, उन श्रीमद्भागवत के अभिप्राय के अनुसार ही श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता करतलगत मणि के समान सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई है।

श्रीकृष्ण ही श्रीमद्भागवत का एकमात्र परम प्रतिपाद्य तत्त्व हैं, उसका संस्थापन पुराणान्तर के द्वारा साक्षात् रूप से हुआ है। यथा,—ब्रह्माण्डपुराणस्थ श्रीकृष्णाष्टोत्तरशतनामामृतस्तोत्र में उल्लिखित "शुकवागमृताब्धीन्दु" के द्वारा श्रीकृष्णनाम विशेष का प्रतिपादन हुआ है। शुक वाक्यरूप अमृतसागर —श्रीमद्भागवत हैं। उक्त सागर का चन्द्र अर्थात् तदीय प्रतिपाद्य तत्त्व एकमात्र श्रीकृष्ण हैं।

अनन्तर, श्रीकृष्ण का ही महावासुदेवत्व सिद्ध होने के कारण, श्रीबलदेव प्रभृति का भी महासङ्कर्षणत्वादि स्वतःसिद्ध है। कारण श्रीमद्भागवतोक्त—

"ययोरेव समं वीर्यं जन्मैश्वर्याकृतिर्भवः। तयोर्विवाहु मैत्री च नोत्तमाधमयोः क्वचित्॥"

जहाँ उभय का समान प्रभाव, समान कुल में जन्म, समान वैभव, समान आकृति, समान अभ्युदय, उन दोनों में विवाह एवं मैत्री सुखकर होता है। उत्तम-अधम में विवाह-मैत्री दुःखकर होता है। नियमानुसार श्रीभगवान् के आंशिक स्वरूप के सहित आंशिक परिकरगण एवं अंशी के सहित अंशी परिकरगण विराजित होते हैं। अर्थात् स्वयं भगवान् यद्रूप होते हैं, तद्रूप उनके परिकरगण भी होते हैं।

कतिपय व्यक्ति का मत है कि—आवेशावतार वासुकि नाग ही श्रीबलराम रूप में आविर्भूत हैं। इस दृष्टि से ही श्रीबलदेव को आवेशावतार कहते हैं, इस प्रकार कथन असङ्गत है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का ही समप्रकाश श्रीबलराम हैं, उसका प्रमाण—युगल वर्णन से ही उपलब्ध है। श्रीरामकृष्ण की रिङ्गणलीला वर्णन प्रसङ्ग यह है—"तावङ्घ्रियुग्ममनुकृष्य सरीसृपन्तौ घोषप्रघोषरुचिरं व्रजकर्दमेषु।
तन्नादहृष्टमनसावनुसृत्य लोकं मुग्धप्रभीतवदुपेयतुरन्ति मात्रोः॥

(भा० १०।८।२२)

टीका—"अनुकृष्य—पुनः पुनराकृष्य सरीसृपन्तौ अतिशयेन चलन्तौ, कथम्? घोषः कटीपादभूषण-किङ्किण्यस्तेषां प्रघोषेण रुचिरं यथा, तथा। तेषां घोषाणां नादेन हृष्टं मनो ययो स्तौ, लोकमितस्ततो गच्छन्तं जनमनुसृत्य त्रिचतुराणि पदान्यनुगम्य मुग्धवत् प्रभीतवत् मात्रोरन्ति समीपे उपेयतुरुपजग्मतुः॥"

"रामकृष्ण भ्रातृद्वय, निज निज चरणयुगल को आकर्षण करते करते घुटुरुण चलकर कुटिल गति

(भा० १०।३८।२८) "ददर्श कृष्णं रामञ्च", (भा० १०।४३।१९) "तौ रेजतू रङ्गगतौ महाभुजौ" इत्यादौ। लोकेऽपि हि सूर्य्याचन्द्रमसावेव युगलतया वर्ण्येते, न तु सूर्य्य-शुक्रौ। अतएव

सर्वसम्वादिनी

तमेव परमात्मानं जार-बुद्धयापि सङ्गताः।
जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीण-बन्धनाः ॥३९॥

से कटि एवं चरणभूषण के किङ्किनी निनाद से रुचिरतररूप से बारम्बार गमन करते थे। उस किङ्किनी ध्वनि से उन दोनों के मन हृष्ट होते थे। कभी तो इतस्ततः गमनरत लोकों के पश्चात् पश्चात् तीन-चार पद जाकर मुग्ध एवं प्रभीत के समान जननी के निकट प्रत्यागमन करते थे।"

भा० १०।२३।३७ के यज्ञपत्नीगण के निकट से उपहार ग्रहण प्रसङ्ग में वर्णित है—

"अथानुस्मृत्य विप्रास्ते अन्वतप्यन् कृतागसः। यद्विश्वेश्वरयोर्याच्ञामहन्मनृविडम्बयोः॥"

टीका—"अनुस्मृति प्रकारमाह—नरानुकरणवतो विश्वेश्वरयो र्याच्ञां यदहन्म हतवन्त स्तत् कृतागसो वयमित्यनुस्मृत्येति।"

पत्नीगणों के सङ्ग प्रभाव से द्विजगणों में सद्बुद्धि का सञ्चार हुआ था। उससे राम-कृष्ण के प्रति उपेक्षा निबन्धन आप सब अपने को अपराधी मानकर अनुतप्त हुये थे। कारण आप सब समझ गये थे कि—श्रीकृष्ण-बलराम उभय ही विश्वपति हैं, एवं लौकिक लीला विस्तार करने के निमित्त अन्न भिक्षा किये थे।"

भा० १०।३८।२८ के अक्रूर का व्रजागमन प्रसङ्ग में वर्णित है—

"ददर्श कृष्णं रामञ्च व्रजे गोदोहनं गतौ। पीतनीलाम्बरधरौ शारदम्बुरुहेक्षणौ॥""

टीका—ततः कृष्णं रामञ्च ददर्श। गावो दुह्यन्तेऽस्मिन्निति गोदोहनं तत् स्थानं गतौ प्राप्तौ।

श्रीअक्रूर व्रजमें आकर देखे थे—श्रीराम-कृष्ण उभय ही व्रजस्थ गोदोहन स्थान के ओर जा रहे हैं। उन दोनों के परिधान में नील एवं पीत वसन थे। दोनों के नयनयुगल—शारदीय कमल तुल्य शोभाशाली थे।

भा० १०।४३।१९ में वर्णित है—"तौ रेजतुरङ्गगतौ महाभुजौ, विचित्रवेषाभरणस्रगम्बरौ।
यथा नटावुत्तमवेषधारिणौ मनःक्षिपन्तौ प्रभयानिरीक्षताम्॥"

टीका—यथा नटाविति—निर्भयत्वं दर्शितम्।

श्रीशुकदेव ने कहा—महाराज! विचित्र-वेशभूषण-माल्य-वसन द्वारा भूषित महाभुजद्वय श्रीराम-कृष्ण मनोहर वेशधारी नट के समान निर्भय होकर रङ्ग के मध्यस्थल में विराजित थे, उन दोनों की अङ्ग प्रभा से दर्शकवृन्द के चित्त विक्षिप्त हो गये थे।

उक्त श्लोकसमूह में श्रीरामकृष्ण का विहार का वर्णन एक साथ समभाव से हुआ है। तज्जन्य ही श्रीकृष्ण का महावासुदेवत्व के समान, श्रीबलदेव का भी महासङ्कर्षणत्व प्रमाणित हुआ। लौकिक वर्णना में भी सूर्य चन्द्र का ही युगल रूप में वर्णन प्रसिद्ध है। किन्तु शुक्र सूर्य्य का युगल वर्णन अप्रसिद्ध ही है।

वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध—भगवत्स्वरूप चतुष्टय के द्वारा चतुर्व्यूह गठित होता है। जगद्व्यापार युक्त, वैकुण्ठस्थ एवं द्वारकागत भेद से त्रिविध चतुर्व्यूह हैं। उसके मध्य में द्वारकागत चतुर्व्यूह—अन्यान्य स्थलीय चतुर्व्यूह के अंशी हैं। तज्जन्य महावासुदेवादि शब्द के द्वारा उनका परिचय प्रदत्त हुआ है। इस चतुर्व्यूह में श्रीकृष्ण, स्वयं वासुदेव, श्रीबलराम, सङ्कर्षण, श्रीरुक्मिणीनन्दन प्रद्युम्न एवं तदीय तनय अनिरुद्ध हैं। विशेष यह है कि—द्वारका चतुर्व्यूह में नरलीला है, एवं अन्यत्र

हरिवंशेऽपि वासुदेव-माहात्म्ये रामकृष्णयोर्दृष्टान्तः—"सूर्य्याचन्द्रमसाविव" इति; तथा (भा० १०।३८।३०) "ध्वजवज्राङ्कुशाम्भोजैश्चिह्नितैरङ्घ्रिभिर्व्रजम्। शोभयन्तौ महात्मानौ" इत्येवं भगवल्लक्षणान्यपि तत्र श्रूयन्ते; न त्वेवं पृथ्व्यादिषु। तस्मादेव तन्महिमापि वर्ण्यते (भा० १०।१५।३५)—

(८४) "नैतच्चित्रं भगवति ह्यनन्ते जगदीश्वरे।
ओतप्रोतमिदं यस्मिंस्तन्तुष्वङ्ग यथा पटः ॥"१६५॥

एतद्धेनुकवधात्मकं कर्म ॥ श्रीशुकः ॥

८५। किञ्च, (भा० १०।२।५)—

(८५) "सप्तमो वैष्णवं धाम यमनन्तं प्रचक्षते।
गर्भो बभूव देवक्या हर्षशोकविवर्द्धनः ॥"१६६॥

सर्वसम्वादिनी

श्रीपरीक्षिदुवाच,

कृष्णं विदुः परं कान्तं न तु ब्रह्मतया मुने।
गुणप्रवाहोपरमस्तासां गुणधियां कथम् ?४०॥

ईश्वर लीलाविशिष्ट हैं। अतएव श्रीरामकृष्ण का सर्वांशित्वनिबन्धन समता के कारण हरिवंश के वासुदेव माहात्म्य में रामकृष्ण का साम्य प्रदर्शन 'सूर्य्याचन्द्रामसाविव" 'सूर्य्यचन्द्रमा' दृष्टान्त द्वारा ही हुआ है। उस प्रकार ही भा० १०।३८।३० में वर्णित है—

"ध्वजवज्राङ्कुशाम्भोजैश्चिह्नितैरङ्घ्रिभिर्व्रजम्। शोभयन्तौ महात्मानौ सानुक्रोशस्मितेक्षणौ ॥

टीका—अनुक्रोशोऽनुकम्पा तद्विलसितस्मितयुक्तमीक्षणं ययो स्तौ।

ध्वज, वज्र, अङ्कुश, कमल चिह्नित चरण द्वारा महात्मायुगल, व्रजभूमि को शोभित किये थे। उभय के नयन अनुकम्पा विलसित एवं ईषद्हास्य शोभित थे।

उक्त श्लोक में, श्रीबलदेव में श्रीकृष्ण सदृश भगवल्लक्षणसमूह का वर्णन है। पृथु प्रभृति अवतार में उस प्रकार साम्य वर्णन नहीं हुआ है। तज्जन्य ही श्रीबलदेव की महिमा भा० १०।१५।३५ में वर्णित है—

"नैतच्चित्रं भगवति ह्यनन्ते जगदीश्वरे। ओतप्रोतमिदं यस्मिंस्तन्तुष्वङ्ग यथा पटः ॥

टीका—यस्मिन् इदं विश्वमोतम्—ऊर्द्ध्व तन्तुषु पट इव ग्रथितम्, प्रोतं—तिर्य्यक् तन्तुषु पटवदेव संग्रथितम्। सर्वतोऽनुस्यूतं ततंते—इत्यर्थः।

श्रीबलदेव कर्त्तृक धेनुकासुर निहत होने से शुकदेव ने कहा—"तन्तुसमूह में वस्त्र जिस प्रकार ओतप्रोत रूप में स्थित है, उस प्रकार ही यह जगत् जिन अनन्त जगदीश्वर में सर्वतोभावेन अनुस्यूत होकर है। उन भगवान् के पक्ष में यह कार्य्य होना कुछ भी विचित्र नहीं है। यह धेनु वधात्मक कर्म, इस श्लोक में श्रीबलदेव को विश्व का आदि कारण परमपुरुष रूप में निर्देश किया गया है।

प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं।।८४।।

भा० १०।२।५ में और भी वर्णित है—"सप्तमो वैष्णवं धाम यमनन्तं प्रचक्षते।
गर्भो बभूव देवक्या हर्षशोकविवर्द्धनः ॥"

टीका—धाम कला, तदेव सप्तमो गर्भो बभूव। किं तद्धामेत्यत आह—यमनन्तमिति। हर्षशोक-विवर्द्धनः। आनन्दरूपस्यावतीर्णत्वात् हर्षः, पूर्वगर्भसाधारण दृष्ट्या शोक इति।

गर्भो बभूव, न तु गर्भे बभूवेति सप्तम्यन्तानुक्त्या साक्षादेवावतारत्वं सूचितम् ॥ स एव ॥

८६। अथैवमप्येवमेव व्याख्येयम्, (भा० १०।१।२४)—

(८६) "वासुदेवकलानन्तः सहस्रवदनः स्वराट्।
अग्रतो भविता देवो हरेः प्रियचिकीर्षया ॥"१६७॥

श्रीवसुदेवनन्दनस्य वासुदेवस्य कला प्रथमोऽंशः श्रीसङ्कर्षणः, तस्य श्रीसङ्कर्षणत्वं स्वयमेव, न तु सङ्कर्षणावतारत्वेनेत्याह—स्वराट् स्वेनैव राजत इति। अतएवानन्तः

सर्वसम्वादिनी
श्रीशुक उवाच,
उक्तं पुरस्तादेतत्ते चैद्यः सिद्धिं यथा गतः।
द्विषन्नपि हृषीकेशं किमुताधोक्षज-प्रियाः ॥४१॥

जिनको वैष्णव धाम अनन्त कहा जाता है, आप ही देवकी के सप्तम गर्भ हर्ष-शोक-विवर्द्धन रूप में आविर्भूत हैं। श्रीबलदेव, देवकी के सप्तम गर्भ हुये थे, किन्तु गर्भ में नहीं हुए। यहाँ 'गर्भो बभूव' प्रयोग है, 'गर्भे बभूव' प्रयोग नहीं हुआ है। अर्थात् सप्तमी विभक्त्यन्त पद का प्रयोग न होने से उनका साक्षात् अवतारत्व ही सूचित हुआ है। यदि सप्तम्यन्त पद का प्रयोग होता, तब श्रीकृष्ण से श्रीबलदेव की स्वतन्त्रसत्ता की प्रतीति होती। अर्थात् जो श्रीबलदेव हैं, आप ही लीला के निमित्त देवकी के गर्भ में आविर्भूत हुए हैं, ऐसा अर्थ होता। किन्तु प्रथमा विभक्त्यन्त 'गर्भ' पद प्रयोग निबन्धन अर्थ हुआ है कि—जो देवकी के सप्तम गर्भ है, वह ही श्रीबलदेव हैं। अन्य कोई बलदेव नहीं हैं। अर्थात् तमाल श्यामल कान्ति यशोदास्तनन्धय में यद्रूप कृष्ण शब्द की मुख्यावृत्ति है, तद्रूप ही देवकी के सप्तमगर्भ में बलदेव की मुख्यावृत्ति है। योगमाया के द्वारा यह गर्भ रोहिणी में स्थापित होने से ही आप रोहिणीनन्दन रूप में विख्यात हैं। श्रीशुकदेव ही इस प्रकरण का प्रवक्ता हैं।

अतएव (भा० १०।१।२४)—"वासुदेवकलानन्तः सहस्रवदनः स्वराट्।
अग्रतो भविता देवो हरेः प्रियचिकीर्षया ॥"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। वासुदेवकलेत्यादि। अग्रजो भविता, अग्रजत्वेन भविष्यति, अग्रतो भवितेति पाठेऽपि स एवार्थः। कलापि भूत्वा कथमग्रजो भवितेत्याशङ्क्याह—हरेः प्रियचिकीर्षया। तथा सति तस्य प्रीतिर्भवतीत्यर्थः।

श्रीबलदेव का साक्षात् अवतारत्व हेतु, "वासुदेव की कला, अनन्त सहस्रवदन स्वराट्, श्रीहरि के प्रीति सम्पादन निमित्त प्रथम आविर्भूत होंगे।"

इस वाक्य की व्याख्या निम्नोक्त रीति से करना उचित है। कारण, इस श्लोक का यथाश्रुत अर्थ से प्रतीत होता है कि—श्रीबलदेव, आवेश अवतारविशेष शेषनाग का ही अवतार हैं। उक्त अर्थ असङ्गत होने के कारण समीचीन व्याख्या की जा रही है।

श्रीवसुदेवनन्दन वासुदेव की कला, प्रथम अंश—श्रीसङ्कर्षण हैं। मुख्य वासुदेव का अंश रूप में श्रीबलदेव को सूचित करने के निमित्त ही उक्त रूप व्याख्या हुई है। उससे वैकुण्ठस्थ चतुर्व्यूह एवं जगल्लीलारत चतुर्व्यूहस्थ वासुदेव की व्यावृत्ति हुई है। उनका सङ्कर्षणत्व स्वयं है, अर्थात् अन्यनिरपेक्ष है, सङ्कर्षण का अवतार हेतु आप सङ्कर्षण नहीं हैं। अर्थात् सङ्कर्षण अवतार कहने से परव्योम नाथ नारायण व्यूहस्थ सङ्कर्षण को मूल सङ्कर्षण मानना होगा। उससे श्रीबलदेव—अंशावतार होते हैं।

कालदेशपरिच्छेदरहितः। अतएव मायया तस्य गर्भसमय आकर्षणञ्च युक्तम्। पूर्णस्य वास्तवाकर्षणासम्भवादिति केचित्। एतद्विधकार्य्यं च तदकुण्ठेच्छात्मकचिच्छक्त्याविष्टैव सा माया प्रभवेत्। उक्तञ्च तदानीं तदाविष्टत्वं तस्याः; (भा० १०।१।२५) "आदिष्टा प्रभुणांशेन कार्य्यार्थे सम्भविष्यति" इति। अंशेन चिच्छक्त्या सम्भविष्यति मिलिष्यतीति तत्र ह्यर्थः।

सर्वसम्वादिनी

नृणां निःश्रेयसार्थाय व्यक्तिर्भगवतो नृप।
अव्ययस्याप्रमेयस्य निर्गुणस्य गुणात्मनः ॥४२॥

उक्त दोष परिहारार्थ कहा गया है—"तस्य श्रीसङ्कर्षणत्वं स्वयमेव, न तु सङ्कर्षणावतारत्वमित्याह," आप सङ्कर्षण का अवतार, सङ्कर्षण नहीं हैं। तज्जन्य उक्त है—स्वराट्, जो निज प्रभाव में विराजित हैं, वह ही स्वराट् हैं। अतएव स्वराट् होने के कारण, आप अनन्त हैं। काल-देश निमित्त परिच्छेद रहित हैं। अतएव पूर्ण स्वरूप का वास्तविक आकर्षण होना असम्भव हेतु माया के द्वारा गर्भ के समय में आकर्षण सम्भव होता है। अपरिच्छिन्न वस्तु का आकर्षण असम्भव है। स्वरूपतः अपरिच्छिन्न होने पर भी स्वीय अचिन्त्यशक्ति द्वारा परिच्छिन्न गर्भ में आविर्भूत होकर परिच्छिन्न के समान प्रतीत हुए थे। तज्जन्य गर्भ में अवस्थान के समय योगमाया नाम्नी चिच्छक्ति ने ही उनको आकर्षण कर श्रीरोहिणी के गर्भ में स्थापन किया। माया का स्वतः सामर्थ्य नहीं है। उक्त आकर्षण रूप कार्य्य सम्पादन हेतु श्रीकृष्ण की इच्छाशक्तिरूप चिच्छक्ति द्वारा आविष्ट होकर माया उक्त आकर्षण कार्य्य करने में सक्षम हुई। उक्त इच्छा के द्वारा माया आविष्टा हुई थी, उसका विवरण देवगण के प्रति श्रीब्रह्मा के आदेश से सुव्यक्त हुआ। (भा० १०।१।२५) "आविष्टा प्रभुणांशेन कार्य्यार्थे सम्भविष्यति"।

बृ० क्रमसन्दर्भः। "अथ अवतारे सति दुर्घटसंघटनार्थं भगवद् योगशक्तेरप्यवतारं सूचयति—विष्णोर्माया भगवतीत्यादि। माया—योगमाया। सा च द्वेधा—साकारा, निराकारा चेति। साकारा तु दुर्गा, निराकारा तु केवला शक्तिरूपा—दुर्घटनपटीयसी भगवती। यया उभयविधया जगत् संमोहितं भवतीत्यर्थः। अतो ज्ञानरूपैवेयं प्रकाशिका माया। माया शब्दोऽत्र शक्तिविशेषपरः। सा च द्विविधेत्यत्र ज्ञानरूपायाः प्रकाशिकाया एवावसरः, न तु आवरिकायाः। अतो अकार प्रश्लिष्टः। सैव प्रभुणा आदिष्टा सती साकारा नन्दगृहे भविष्यतीति, निराकारा तु कार्य्यार्थे। कार्य्यन्तु—अघटनसंघटनागर्भे सङ्कर्षणादि, वृन्दावने च गोपीनां भगवत्सङ्गे विहरिष्यन्तीनाम् (भा० १०।३३।७३)—"मन्यमानाः स्व पार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः" इत्यादिना छायारूपेण पतिसमीपे वर्त्तमानत्वादि, कृष्णलीलानुकरणे तासां प्रतिकूलतावात्स्यपूतनादित्वस्वीकारः, रासे च तत्तत्सामग्रीसमवधानञ्च। ननु कथं विरुद्धगोपीच्छायादि पूतनाद्यनुकरणं स्यादित्याह—अंशेनेति। विरुद्धकार्य्यं प्रत्यंशेन, भगवत्कार्य्यं प्रति तु पूर्ण भावेन।"

अनन्तर भगवत् अवतार होने पर दुर्घट कार्य्य सम्पादन हेतु भगवद् योगशक्ति का अवतरण होता है। कहते हैं—विष्णुर्माया भगवती। माया—योगमाया, वह द्विविधा हैं,—साकारा, निराकारा, साकारा—दुर्गा, निराकारा—केवल शक्तिरूपा दुर्घटघटनपटीयसी भगवती। उभयविध के द्वारा जगत् सम्मोहित होता है। अतएव ज्ञानरूपा ही यह माया है। माया शब्द का अर्थ यहाँ शक्तिविशेष है। यह द्विविध है। यहाँ ज्ञानरूपा का ही अवसर है, आवरिकारूपा का नहीं। अतएव अकार प्रश्लेष करना आवश्यक है। वह ही प्रभु का आदेश प्राप्त कर साकार रूप में नन्द गृह में आविर्भूत होगी। निराकारा किन्तु कार्य्य सम्पादन हेतु रहेगी। कार्य्य—अघटन संघटना गर्भ सङ्कर्षणादि। वृन्दावन में भगवान् के सहित विहरणशील गोपियों का व्यवहार निर्वाह उससे होता है। गोपगण निज निज समीप में

अतएव एकानंशेति तस्या नाम। एकोऽनंशो यत्रेति निरुक्तिरिति केचित्। य एव शेषाख्यः सहस्रवदनोऽपि भवति; यतो देवः, नानाकारतया दीव्यतीति। तदुक्तं श्रीयमुनादेव्या (भा० १०।६५।२८)—

"राम राम महाबाहो न जाने तव विक्रमम्।
यस्यैकांशेन विधृता जगती जगतः पतेः॥"१६८॥ इति।

"एकांशेन शेषाख्येन" इति टीका च। अन्यथा तदेकावयवैकदेशरूपार्थत्वेनैकांशेनेति यच्छब्दस्य

सर्वसम्वादिनी

कामं क्रोधं भयं स्नेहमैक्यं सौहृदमेव च।
नित्यं हरौ विदधतो यान्ति तन्मयतां हि ते॥४३॥

निज निज पत्नियों को प्राप्त किए थे। छाया रूप में पति के समीप में वर्त्तमानता प्रभृति की सम्पादिका है। कृष्णलीलानुकरण के समय प्रतिकूल पूतना प्रभृति के सहित तादात्म्य भावना की सम्पादिका योगमाया है। रात में भी उन उन सामग्री का सम्पादिका हैं। विरुद्ध गोपीच्छायादि पूतनादि अनुकरण कैसे सम्भव होगा? उत्तर—अंश से होता है। विरुद्ध कार्य्य के प्रति अंश से एवं भगवत् कार्य्य के प्रति पूर्ण भाव से सम्पादन करती है।

जिससे जगत् मोहित है, वह विष्णु माया भगवती है प्रभु श्रीकृष्ण के द्वारा आविष्टा होकर अंशसह देवकी का गर्भाकर्षण एवं यशोदा मोहन के निमित्त आविर्भूता होगी। यहाँ सम्भूत शब्द का अर्थ मिलन अर्थ है। 'सम्भूत षोड़शकला' यहाँ 'सम्भूत' शब्द से मिलनार्थ का बोध ही होता है। देवकी का गर्भाकर्षण एवं यशोदा मोहन कार्य्य माया का नहीं है, यह योगमाया का कार्य्य है। उक्त कार्य्य सम्पादनार्थ श्रीकृष्ण की इच्छा से चिच्छक्ति योगमाया का प्रवेश माया में हुआ था। भा० १०।२।३ श्लोक में स्पष्टतः उल्लेख है—"योगमायां समादिशत्" 'अंशेन' शब्द प्रयोग से प्रतीत होता है,—श्रीकृष्ण के इच्छा रूप अंश के सहित समन्वित होना। अथवा, निजांशभूता जो बहिरङ्गा माया, उसके सहित मिलित होकर आविर्भूत होगी। इस प्रकार अर्थ बोध उक्त वाक्य से होता है।

माया के सहित योगमाया मिलित हुई थी, अतः उसका (माया का) नाम एकानंशा। अखण्ड स्वरूपा। कतिपय व्यक्ति के मत में 'एकानंशा' शब्द का अर्थ—एक अनंश, अखण्डस्वरूप है—जिसमें, वह एकानंश, एतावता वासुदेव कलानन्त पद की व्याख्या हुई। अनन्तर "सहस्र वदनः स्वराट्" पद की व्याख्या हो रही है। शेष—आवेशावतार है, सहस्रफणाविशिष्ट नाग रूप में पाताल में अवस्थित हैं। इनकी फण में पृथिवी अवस्थित है।

जो श्रीकृष्ण गुण गान करने के निमित्त शेषनामक सहस्र वदन हुये हैं, वह ही सङ्कर्षण हैं। कारण—आप देव हैं, विभिन्न रूप में क्रीड़ा करते हैं। श्रीसङ्कर्षणदेव ही शेष रूप में अवतीर्ण हैं, उनका विवरण श्रीयमुनादेवी के वाक्य में है। (भा० १०।६५।२८)

"हे राम! हे राम! हे महाबाहो! हे जगत्पते! जिनके एकांश के द्वारा जगत् विधृत है, मैं तुम्हारा विक्रम नहीं जानती हूँ।"

स्वामिटीका—एकांशेन—शेषाख्येन। एकांश—शेष नामक अंश, यदि कहा जाय कि—श्रीबलदेव, अवयवविशेष के द्वारा जगत् धारण करते हैं? यह कथन समीचीन है। कारण उक्तार्थ प्रकाश हेतु 'यस्य' जिसका एकांश, इत्यादि स्थल में 'जो एकांश' इस प्रक.र प्रयोग होता। अर्थात् 'यत्' शब्द से

कर्त्तृत्वनिर्द्देश एव युक्तः स्यात्। तदंशावतारलक्षणार्थान्तरप्रतीतिनिरसनाय महाविद्वद्वाक्यत्वात्। सम्बन्धिनिर्द्देशेन तु टीकाव्याख्यैव स्फुटतरा। एकांशे मुख्यस्यैव कर्त्तृत्वस्य निर्व्याजप्रतीति र्न त्वौपचारिकस्येति। एवं श्रीलक्ष्मणस्यापि अन्तिमदशानुकरणलीलायां श्रूयते स्कान्दे अयोध्यामाहात्म्ये—

"ततः शेषात्मतां यातं लक्ष्मणं सत्यसङ्गरम्। उवाच मधुरं शक्रः सर्वस्य च स पश्यतः॥"१६९॥

इन्द्र उवाच—

"लक्ष्मणोत्तिष्ठ शीघ्रं त्वमारोहस्व पदं स्वकम्। देवकार्य्यं कृतं वीर त्वया रिपुनिसूदन॥१७०॥
वैष्णवं परमं स्थानं प्राप्नुहि स्वं सनातनम्।
भवन्मूर्त्तिः समायाता शेषोऽपि विलसत्फणः॥"१७१॥ इत्यादि।

ततश्च,—

"इत्युक्त्वा सुरराजेन्द्रो लक्ष्मणं सुरसङ्गतः। शेषं प्रस्थाप्य पाताले भूभारधरणक्षमम्।
लक्ष्मणं यानमारोप्य प्रतस्थे दिवमादरात्॥"१७२॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

न चैवं विस्मयः कार्य्यो भवता भगवत्यजे।
योगेश्वरेश्वरे कृष्णे यत एतद्विमुच्यते॥"४४॥

इति श्रीभागवतसन्दर्भे श्रीसर्वसम्वादिन्यां श्रीकृष्णसन्दर्भानुव्याख्या॥४॥

समाप्तेयं श्रीभागवतसन्दर्भे आद्यसन्दर्भचतुष्टयानुव्याख्या

श्रीश्रीसर्वसम्वादिनी॥

सम्बन्ध निर्देश न करके कर्त्तृत्व निर्देश ही होता। अंशावतार रूप में श्रीबलदेव की प्रतीति न-हो, तज्जन्य ही सम्बन्ध निर्देशपूर्वक स्वामी टीका की व्याख्या करने से अर्थ परिस्फुट होता है।

श्रेष्ठ विद्वान् श्रीधरस्वामिपाद में भ्रमप्रमादादि पुरुष दोषस्पृष्टता की आशङ्का नहीं है। आपने "यस्यैकांशेन धियृता जगती जगतः पते" वाक्य स्थित सम्बन्धबोधक यस्य पद की अर्थ सङ्गतिमूलक व्याख्या—'एकांशेन—शेषाख्येन' शब्द से की है। यस्य पद की अर्थ प्रतीति सहज रूप से हो तज्जन्य आपकी व्याख्या नहीं हुई है। एकांश में, शेष नामक अंश में, जगद्विधारण कर्त्तृत्व की मुख्य प्रतीति होती है। अतएव जगद्विधारण कर्त्ता 'बलराम' है। 'शेष' में उक्त कर्त्तृत्व का आरोप (अर्थात् एक का धर्म का अर्पण अन्यत्र होना) हुआ है, इस प्रकार अर्थ नहीं होगा।

उदाहरण के द्वारा उक्त विचार का स्पष्टीकरण करते हैं—अर्थात् श्रीबलराम अंशी है, शेष उनका अंश है।

स्कन्दपुराण के अयोध्या-माहात्म्य में वर्णित है—श्रीलक्ष्मण के अन्तिमदशानुकरण के समय श्रीबलदेव एवं शेष के समान लक्ष्मण के दो रूप सुस्पष्ट हैं। "अनन्तर 'शेष' के सहित एकात्मता प्राप्त सत्य सङ्कर लक्ष्मण को देवराज कहे थे—हे लक्ष्मण! उठो एवं निज पदारोहण करो। हे वीर! हे रिपुनिसूदन! तुमसे देवकार्य्य निष्पन्न हुआ है। विष्णु सम्बन्धीय सर्वोत्तम स्थान लाभ करो। तुम्हारे मूर्त्तिविशेष फणासमूह से सुशोभित—शेष, तुम्हारे में प्रविष्ट है।" इत्यादि। "देववृन्द के सहित इन्द्र उस प्रकार कहकर भूभार धारणक्षम शेष को पाताल में भेजकर आदरपूर्वक लक्ष्मण को यान में आरोहण

अतो नारायणवर्मण्यपि—"यज्ञश्च लोकादवतात् कृतान्ता,-द्वलो गणात् क्रोधवशादहीन्द्रः" इति श्रीबलदेवस्य शेषादन्यत्वं शक्त्यतिशयश्च दर्शितः। जनान्तादिति पाठे जनानां नाशादिति स एवार्थः। अतः (भा० १०।२।८)"शेषाख्यं धाम मामकम्" इत्यत्रापि (भा० १०।३।२५) "शिष्यते शेषसंज्ञः" इतिवदव्यभिचार्य्यंश एवोच्यते। शेषस्याख्या ख्यातिर्यस्मादिति वा।

करयाकर स्वर्ग को चले गये।"

भावार्थ यह है—श्रीकृष्णांश में श्रीरामचन्द्र, एवं श्रीबलदेव के अंश में श्रीलक्ष्मण आविर्भूत हुये थे। श्रीलक्ष्मण के प्रकट लीला में तदीय आवेशांश 'शेष' उनमें प्रविष्ट थे। लीला अप्रकट के समान उभय पृथक् होकर निज निज स्थान में चले गए। श्रीबलदेव एवं लक्ष्मण, द्वितीय व्यूहरूप एक तत्त्व हैं। उस तत्त्व का आवेशावतार हेतु शेष को श्रीलक्ष्मण का आवेश कहा गया है, अन्यत्र शेष को श्रीबलराम का आवेश अवतार कहते हैं।

ब्रह्मसंहिता ५।२९ में उक्त है—"रामादिमूर्त्तिषु कलानियमेन तिष्ठन्,
नानावतारमकरोद्भुवनेषु किन्तु।
कृष्णः स्वयं समभवत् परमपुमान् यो,
गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि॥" इससे प्रतीत होता है—
श्रीकृष्ण, श्रीराम का अंशी है, श्रीबलदेव श्रीकृष्ण का परिकर हैं, श्रीलक्ष्मण श्रीराम का परिकर हैं। श्रीभगवान् यद्रूप होते हैं, उनके परिकर भी तद्रूप होते हैं। उक्त नियम से श्रीबलराम, श्रीलक्ष्मण का अंशी हैं। अतएव भागवतस्थ श्रीनारायणवर्म में कथित है—"यज्ञश्च लोकादवतात् कृतान्ताद्बलोगणात् क्रोधवशादहीन्द्रः" "यज्ञमूर्त्ति भगवान्—लोक से, बलदेव—कृतान्त से, सर्पराज शेष, निजगण सर्प से रक्षा करें।" मृत्यु के अनेक कारण हैं, उसके मध्य में एक हेतु सर्प है। श्रीबलदेव,—यम, अर्थात् सर्वविध मृत्यु से रक्षा करने में समर्थ हैं, एवं शेष, केवल सर्प से रक्षा करने में सक्षम हैं। उक्त श्लोक का तात्पर्य्य से प्रतीत होता है—शेष से श्रीबलदेव में श्रेष्ठत्व है। श्लोकस्थ 'कृतान्तात्' के स्थान में 'जनान्तात्' पाठ दृष्ट होता है। उससे अर्थ होता है—जनगण की रक्षा, मृत्यु से करें। उभय पाठ में अर्थ एक रूप है। अतएव उभयविध मृत्यु से रक्षा सामर्थ्य हेतु श्रीबलदेव, शेष का अंशी हैं।

श्रीबलदेव, शेष का परमस्वरूप होने से ही भा० १०।२।८ में श्रीकृष्ण ने कहा—

"देवक्या जठरे गर्भं शेषाख्यं धाममामकम्। तत् सन्निकृष्य रोहिण्या उदरे सन्निवेशय॥"

"मदीय शेष नामक जो रूप देवकी के सप्तम गर्भ हैं, उसे आकर्षण कर रोहिणी के उदर में स्थापन करो।" श्लोकोक्त शेषाख्य पद की सङ्गति प्रदर्शित हो रही है। यहाँ श्रीबलदेव को शेष नाम से कहा गया है? उत्तर में कहते हैं—"भगवानेकः शिष्यते शेषसंज्ञः" श्रीदेवकी देवी बोली थी—ब्रह्माण्ड का प्रलय होने से "शेष संज्ञक आप अवशिष्ट रहते हैं," यहाँ नित्य सत्ताशील श्रीकृष्ण को शेष कहा गया है, तद्रूप अव्यभिचारी अंश, अर्थात् स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का प्रथम अंश होने के कारण—श्रीबलदेव की संज्ञा शेष है। किम्वा शेष की आख्या ख्याति जिनसे है, वह शेषाख्य हैं। द्वितीय अर्थ में जगद्धारणकर्त्ता शेष को श्रीबलदेव का अंश रूप में कहा गया है। श्रीबलदेव का अंश होने से ही उनका नाम शेष है।

उक्त श्लोक की स्वामिटीका—"किञ्च महाप्रलयेऽपि अवशिष्यमाणस्य कुतो भयमित्याह—नष्टे लोके इति। चराचरे लोके, महाभूतेषु लीने तेष्वप्यादिभूतं सूक्ष्मं प्रविष्टेषु तस्मिन्नपि व्यक्तेऽव्यक्तं प्रधानं प्राप्ते। अशेषात्मके प्रधाने संज्ञा प्रज्ञा यस्य एवं मयि लीनमिदमस्ति पश्चादेवमुद्बोधनीयमिति सोऽशेषसंज्ञः। शेषसंज्ञ इति वा। शिष्यते इति शेषोऽशः, स आख्या ख्यातिर्यस्य तत् शेषाख्यमिति

श्रीमदानकदुन्दुभिना च श्रीकृष्णसाम्येनैव निर्दिष्टम् (भा० १०।८५।१८) "युवां न नः सुतौ साक्षात् प्रधानपुरुषेश्वरौ" इत्यत्र साक्षादेवेति त्वधिकमुपजीव्यम्। अथ यदि (भा० १०।१३।३७) "प्रायो मायान्तु मे भर्त्तुर्नान्या मेऽपि विमोहिनी" इति तद्वाक्यानुसारेणावेशावतारत्वं मन्तव्यम्, तदा पूर्वग्रन्थबलात् श्रीबलदेवस्यांशत्वमेव। किन्तु शेषाख्यतदाविष्टपार्षदविशेषस्य तदन्तःपातात्तद्दर्शनैव तद्व्यवहार इति मन्तव्यम्। तदेवमेकरूपत्वेऽपि "प्रायो मायान्तु

वैष्णवतोषणी।

भा० १०।८५।१८ में श्रीमदानकदुन्दुभि ने भी श्रीबलदेव एवं श्रीकृष्ण को समान रूप से निर्देश किया है। "युवां न नः सुतौ साक्षात् प्रधानपुरुषेश्वरौ। भूभारक्षत्रक्षपणे अवतीर्णौ तथात्थ च॥" ऐश्वर्य्य ज्ञान प्रधान प्रेमवान् श्रीवसुदेव, श्रीकृष्णतत्त्व को जानते थे। पुत्र रूप में अवतीर्ण कृष्ण को भगवान् ही मानते थे। यदि श्रीबलदेव, मूल सङ्कर्षण नहीं होते तो श्रीकृष्ण की भगवत्ता में सुविज्ञ श्रीवसुदेव, श्रीबलराम को श्रीकृष्ण के समान रूप में वर्णन नहीं करते। उक्त वाक्य से ही सुस्पष्ट प्रतिपादन होता है। "तुम दोनों मेरा पुत्र नहीं हो, साक्षात् प्रधान पुरुषेश्वर हो, तुम दोनों पृथिवी के भारस्वरूप क्षत्रियवर्ग को विनष्ट करने के निमित्त आविर्भूत हुए हो," श्लोकोक्त 'साक्षात्' पद से प्रतीत होता है कि—श्रीकृष्ण के समान श्रीबलदेव भी अवतारी हैं।

अनन्तर श्रीबलदेव का मूल सङ्कर्षणत्व के विषय में संशय निरसन के निमित्त भा० १०।१३।३७ श्लोक का विचार प्रारम्भ करते हैं—"केयं वा कुत आयाता दैवी वा नार्य्युतासुरी,
प्रायो मायान्तु मे भर्त्तुर्नान्या मेऽपि विमोहिनी।"

ब्रह्ममोहन लीला में ब्रह्मा, श्रीकृष्ण के वत्स एवं वयस्यवृन्द को हरण करने से श्रीकृष्ण, निज स्वरूप से ही तदनुरूप वत्स एवं वयस्यवृन्द को प्रकाशित किये थे। तत् समुदय, श्रीकृष्ण से अभिन्न होने के कारण श्रीकृष्ण के प्रति जिस प्रकार प्रीति धेनुवृन्द एवं व्रजवासिवृन्द की थी, निज निज पुत्र के प्रति भी उस प्रकार प्रीति उन सब की हुई थी। जिस दिन ब्रह्माकर्त्तृक वत्सबालकों का अपहरण हुआ था, उस दिन श्रीबलराम वहाँ उपस्थित नहीं थे। सुतरां उक्त लीलारहस्य उनका अज्ञात था। अतएव निज निज बालकों के प्रति नित्य वर्द्धित प्रीति को देखकर उन्होंने उसको मायिक माना था। व्रजवासिगण की एकनिष्ठ कृष्णप्रीति का व्यभिचार नहीं होता है। श्रीकृष्ण भिन्न अन्यत्र नित्य वृद्धिशील होना तो दूसरी बात है, कृष्णसम्बन्ध भिन्न अन्यत्र प्रीति का सञ्चार आप सबका होना सम्भव नहीं है। कारण निज पुत्र में भी जो प्रीति है, वह भी 'मेरा पुत्र कृष्ण के सखा है' इस बुद्धि से ही है। श्रीबलदेव ने बारम्बार व्रजवासियों की इस प्रीतिरीति का अनुभव किया था। सम्प्रति उन सब व्रजवासियों में निज पुत्र भाव से अत्यधिक प्रीति का उद्रेक को देखकर मन-ही मन आपने सोचा,—"यह माया का कार्य्य है। कौन ऐसी माया है, जो मुझको इस प्रकार विपरीत रीति को दिखा रही है? यह माया—दैवी मानुषी, किंवा आसुरी है? कहाँ से यह माया आई है? उसकी स्थिति अन्यत्र होना असम्भव है। कारण इससे मेरा मोह हो रहा है। मैं समझता हूँ—यह माया मेरा प्रभु श्रीकृष्ण की ही है।"

श्रीबलदेव के वाक्यस्थित 'प्रभु' पद के द्वारा उनकी न्यूनता सूचित हो रही है। उसके अनुसार यदि उनको आवेशावतार कहा जाय तो, पूर्वोक्त 'वासुदेव कलानन्त' इत्यादि श्लोकानुसार श्रीबलदेव को अंशाविष्ट अंश मानना होगा। किन्तु वैसा मानना असमीचीन ही होगा। श्रीबलदेव आवेशावतार नहीं हैं, आप अवतारी हैं। 'शेष' नामक श्रीबलदेवाविष्ट पार्षदविशेष हैं। अंशी के आविर्भाव के समय में

मे भर्त्तुर्नान्या मेऽपि विमोहिनी" इत्यादौ यत्तस्मिंस्तस्य सक्तिः श्रूयते, तत्तु लक्ष्म्या इव द्रष्टव्यम् ॥ श्रीब्रह्मा देवान् ॥

८७। अथ श्रीप्रद्युम्नस्यापि शिवनेत्रदग्धः स्मरो जातोऽयमिति यच्छ्रूयते, तदप्येकदेश-प्रस्तावमात्रम्। तस्य गोपालतापनीश्रुत्यादौ (उ०४०)—

"यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः।
रामानिरुद्धप्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ॥"१७३॥

इत्यादिना नित्य-श्रीकृष्णचतुर्व्यूहान्तःपातितया प्रसिद्धेस्तथा सम्भवाभावात्। तस्य स्मरस्यापि साधारणदेवताविशेषमात्रत्वेन प्रसिद्धत्वे चतुर्व्यूहान्तःपातितायामयोग्यतमत्वात्। तस्माद्वक्ष्यमाणाभिप्रायेणैवैतदाह (भा० १०।५५।१)—

(८७) "कामस्तु वासुदेवांशो दग्धः प्रागुद्रमन्युना।
देहोपपत्तये भूयस्तमेव प्रत्यपद्यत ॥"१७४॥

अवेदज्ञस्यापि ब्राह्मण्ये सत्येव ब्राह्मणस्तु वेदज्ञ इतिवत्, 'तु'-शब्दोऽत्र मुख्यतां सूचयति।

उन श्रीबलदेव में अंश का प्रवेश हुआ था। उन अंश से ही 'मे भर्त्तुः' इत्यादि वाक्य का प्रयोग हुआ है। किन्तु श्रीबलदेव के आचरण में जो भक्ति का प्रसङ्ग आता है, वह भी लक्ष्मी का भजन प्रसङ्गवत् है। उक्त दृष्टि से ही भजन प्रसङ्ग का समाधान करना आवश्यक है।

देवगणों के प्रति श्रीब्रह्मा का कथन है ॥८६॥

अनन्तर तृतीय व्यूहरूप श्रीप्रद्युम्न तत्त्व का निरूपण करते हैं। शिवनेत्रदग्ध कामदेव श्रीप्रद्युम्न रूप में आविर्भूत हैं। इस प्रकार विवरण श्रुत है। वह भी श्रीप्रद्युम्न का एकदेश प्रस्ताव है। अर्थात् आंशिक वर्णन ही है। कारण, श्रीगोपालतापनी प्रभृति श्रुति में वर्णित है—' राम, अनिरुद्ध, प्रद्युम्नरूप के सहित एवं शक्तिरूपा रुक्मिणी के सहित सम्यक् लीलासौष्ठव समन्वित विभु श्रीकृष्ण, जहाँ पर अवस्थित हैं, भक्तगण उस स्थान को प्राप्त करते हैं।" (गोपालतापनी उत्तर विभाग ४०) सुतरां शिवनेत्रदग्ध कामदेव का प्रद्युम्न होना सम्भव नहीं है। कामदेव साधारण आधिकारिक देवता है। उनका सन्निवेश चतुर्व्यूह में होना सर्वथा असम्भव ही है।

अतएव भा० १०।५५।१ के वर्णनाभिप्राय से विदित है कि—मुख्य कामदेव श्रीवासुदेव का ही अंश है। पहले शिव कोपानल से दग्ध होकर काम पुनर्बार शरीर प्राप्ति के निमित्त उनमें प्रविष्ट हुआ। श्रीमद्भागवतीय 'कामस्तु' पद्य से उक्तार्थ का सुस्पष्ट बोध होता है,—"वासुदेवांश काम, रुद्र कोपानल से दग्ध होकर पुनर्बार देह प्राप्ति के निमित्त उनको प्राप्त किया।" यहाँ प्रष्टव्य यह है कि—श्रुत्यादि के वर्णनानुसार वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध—चतुर्व्यूह ईश्वराविर्भाव हैं, एवं नित्य हैं। प्राकृत काम, इन्द्रभृत्य देवताविशेष है, एवं इन्द्रभृत्य जीवविशेष है। सुतरां उसका श्रीकृष्ण पुत्र, प्रद्युम्न रूपमें आविर्भूत होना एवं ईश्वरतत्त्व में पर्य्यवसित होना कैसे सम्भव होगा? इस प्रश्न का समाधान के निमित्त पूर्वोक्त यथाश्रुतार्थ से सन्तुष्ट न होकर ग्रन्थकार स्वयं ही उक्त पद्य की व्याख्या कर रहे हैं।

"अवेदज्ञस्यापि ब्राह्मण्ये सत्येव ब्राह्मणस्तु वेदज्ञ इतिवत्" 'तु' शब्दोऽत्र मुख्यतां सूचयति। ब्राह्मण कुलोत्पन्न अवेदज्ञ का भी ब्राह्मणत्व है, किन्तु वेदज्ञ ही ब्राह्मण है। यहाँ जिस प्रकार किन्तु-रूप 'तु' शब्द

ततः 'कामस्तु वासुदेवांशः' इत्यस्य वासुदेवांशो यः कामः स एव मुख्य इत्यर्थः। 'तु'-शब्दोऽयं भिन्नोपक्रमे वा। ततो 'वासुदेवांशस्तु कामः' इत्यन्वयेऽपि पूर्ववदेवार्थः। तदेवं सति यः प्रागुद्रमन्युना दग्धो देवताविशेष इन्द्रभृत्य इत्येकादशप्रसिद्धः कामः, स देहोपपत्तये तत्कोपदग्धतया नित्यमेवानङ्गतां प्राप्तस्य तस्य स्वतो देहोपपत्त्यभावाद्देहप्राप्त्यर्थं तमेव वासुदेवांशं प्रद्युम्नाख्यं मुख्यं काममेव प्रत्यपद्यत प्रविष्टवान्। 'भूयः'-शब्देन प्रद्युम्नादेव पूर्वमप्युद्भुतोऽसाविति बोध्यते। यद्वा, यस्तु कामः प्रागुद्रमन्युनाऽदग्धो न दग्धः, स भूयः प्रकटलीलायां देहोपपत्तये स्वमूर्त्तिप्रकाशनार्थं तं श्रीवासुदेवमेव प्रविष्टवान्। अदग्धत्वे हेतुः —वासुदेवांश इति॥

८८। पूर्वोक्तमेव व्यनक्ति (भा० १०।५५।२)—

(८८) "स एव जातो वैदर्भ्यां कृष्णवीर्य्यसमुद्भवः।
प्रद्युम्न इति विख्यातः सर्वतोऽनवमः पितुः॥"१७५॥

यः कृष्णवीर्य्यसमुद्भवो यश्च प्रद्युम्न इति विख्यातः, स एव प्रकटलीलावसरेऽपि वैदर्भ्यां जात आविर्भूतः, न त्वन्यः प्राकृतकाम एव। तत्र हेतुः—सर्वतो गुणरूपादिष्वशेषेष्वेव धर्मेषु पितुः श्रीकृष्णादनवमस्तुल्य एवेति। अन्यथा तादृशानवमत्वं न कल्पत इति भावः।

के द्वारा 'मुख्य ब्राह्मणत्व वेदज्ञ का ही है' बोध होता है, तद्रूप "कामस्तु वासुदेवांशः" स्थल में भी वासुदेवांश जो काम है, वह मुख्य काम है, इस प्रकार अर्थ बोध होता है।

अथवा 'तु' शब्द का अर्थ भिन्नोपक्रम है। अर्थात् 'तु' शब्द प्राकृत काम से वासुदेवांश काम रूप प्रद्युम्न को पृथक् करता है। उससे वासुदेवांश काम ही—इस प्रकार अन्वय करने से पूर्व के समान उनका मुख्य कामत्व प्रतीत होगा। सारार्थ यह है कि—पहले रुद्र कोप से दग्ध देवताविशेष जो काम, वह अनङ्ग हो गया था, निज शक्ति से पुनर्वार देह धारण की क्षमता उसकी नहीं रही। देहत्व प्राप्ति के निमित्त वासुदेवांश प्रद्युम्नाख्य मुख्य कामदेव में प्रविष्ट हुए थे। श्लोकोक्त 'भूयः' शब्द के द्वारा प्रतीत होता है कि—पूर्व में भी उस कामदेव की उत्पत्ति श्रीप्रद्युम्न से ही हुई थी। अथवा, जो वासुदेवांश काम, रुद्र कोपानल से दग्ध नहीं हुआ, वह पुनर्वार प्रकटलीला में निज मूर्त्ति प्रकटन के निमित्त उन श्रीवासुदेव में प्रविष्ट हुआ था।

अदग्ध होने का कारण, वह श्रीवासुदेव का अंश है। अर्थात् ईश्वर तत्त्व को रुद्र कोपानल दग्ध करने में अक्षम है, प्राकृत काम को ही दग्ध किया था॥८७॥

अनन्तर पूर्वोक्त वासुदेवांश काम का विशेष वर्णन करते हैं। भा० १०।५५।२ में वर्णित है—"जो श्रीकृष्ण वीर्य्य से समुद्भूत होते हैं, जो प्रद्युम्न नाम से अभिहित हैं, आप ही विदर्भराजकन्या रुक्मिणी के गर्भ से समुत्पन्न हुए हैं। आप सर्वतोभावेन पिता श्रीकृष्ण के अनुरूप ही हैं।"

"यः कृष्णवीर्य्यसमुद्भवो यश्च प्रद्युम्न इति विख्यातः"—

जो कृष्णवीर्य्य समुद्भव—कृष्णांश में आविर्भूत, जो प्रद्युम्न नाम से विख्यात हैं। वह प्रकटलीला के समय भी वैदर्भी से 'जातः' आविर्भूत हुये हैं। वह प्राकृत काम नहीं है। उसके प्रति कारण— 'सर्वतः' गुण-रूपादि अशेष धर्म से ही पिता श्रीकृष्ण के 'अनवम' अनुरूप ही हैं। अन्यथा प्राकृत काम—

तस्माद्यथा महाभारते सर्वत्र श्रीमदर्जुनस्य नरत्वप्रसिद्धावपि पञ्चेन्द्रोपाख्याने इन्द्रत्व-प्रसिद्धिरिन्द्रस्यापि तत्र प्रवेशविवक्षया घटते, तद्वदत्रापि। अतः श्रीनारदेन रत्यै तथोपदेशस्तया तत्प्राप्तिश्च न दोषाय। पूर्वपद्यस्योत्तरस्मिन्नर्थेऽपि श्रीनारदोपदेशबलेनैव दग्धकामस्य प्रवेशस्तत्र गम्यः। ततः साक्षात् प्रद्युम्नसङ्गमयोग्यता चास्याः स्पर्शमणिवत्तत्-सामीप्यगुणादेव मन्तव्या। श्रीप्रद्युम्नस्य निजशक्तिस्तु श्रीमदनिरुद्धमातैवेति ज्ञेयम्। अतस्तापनीश्रुतिलब्धोऽर्थः समञ्जसः॥ श्रीशुकः॥

८९। एवमनिरुद्धस्यापि साक्षाच्चतुर्व्यूहत्वे लिङ्गमाह (भा० ३।१।३४)—

जीवतत्त्व देवताविशेष हैं, उनका श्रीभगवान् के सहित सर्वथा साम्य होना सर्वथा असम्भव है। श्रीकृष्ण का व्यूह विशेष ही श्रीकृष्ण के समान हो सकता है। श्लोक का यह ही भावार्थ है।

"प्रद्युम्न इति विख्यातः" इससे प्रद्युम्नरूप की नित्यता ध्वनित हुई। जीव का जन्मग्रहण के पश्चात् नामकरण होता है। किन्तु प्रद्युम्न—श्रीरुक्मिणीनन्दन रूप में जन्मग्रहण के पूर्व में भी प्रद्युम्न नाम से विख्यात थे। उनका उक्त रूप अवश्य ही था, रूप को आश्रय कर ही नाम का प्रकाश होता है। सुतरां जन्म हेतु प्रद्युम्न के नाम-रूप प्रकटित नहीं हुये। अप्रकट प्रकाश में द्वारका में श्रीरुक्मिणी नन्दन रूप में नित्य स्थिति उनकी है। इसका विवरण तापन्यादि श्रुति में है।

श्रीप्रद्युम्न रूप में प्राकृत काम का जन्म होना असम्भव है। अतः "कामस्तु वासुदेवांशः" इत्यादि श्लोक सङ्गति के निमित्त निम्नोक्त रीति से सिद्धान्त करना समीचीन होगा।

नररूप में सर्वत्र सुप्रसिद्ध श्रीअर्जुन का निर्देश—महाभारतीय पञ्चेन्द्रोपाख्यान में इन्द्र रूप में हुआ है। यहाँ अर्जुन में इन्द्र का प्रवेश कथनाभिप्राय से ही हुआ है, उस प्रकार रीति का अनुसरण प्रद्युम्न प्रसङ्ग में भी करना होगा। अर्थात् प्रद्युम्न में रुद्र कोपानल दग्ध काम का प्रवेश हेतु तदीय जन्मलीला का वर्णन श्रीमद्भागवत में उक्त रूप से हुआ है। अतएव श्रीनारद के द्वारा प्रद्युम्न को वरण करने के निमित्त 'रति' उपदिष्टा हुई थी। प्रद्युम्न में रतिपति का प्रवेश हेतु, रति प्रद्युम्न को वरण कर दोषभाक नहीं हुई। उससे रति ने निज पति काम को प्राप्त किया।

पूर्व पद्यस्थ 'कामस्तु वासुदेवांशः' का सार अर्थ—"जो पहले रुद्र कोपानल से दग्ध नहीं हुआ, वह देह प्राकट्य के निमित्त वासुदेव में प्रविष्ट हुआ"-स्वीकार करने पर भी रुद्र कोपानल दग्ध काम की प्रद्युम्न में प्रवेशवार्त्ता रति के प्रति श्रीनारदोपदेश से अनुमित होती है। सर्वज्ञ नारद—दग्ध काम का प्रद्युम्न में प्रवेश हुआ था, इसको जानते थे। तज्जन्य ही आपने पति रूप में वरण करने का उपदेश दिया था। अन्यथा परमभागवत देवर्षि नारद, पति वियोगिनी रतिदेवी को अपर पुरुष संसर्ग के निमित्त क्यों प्रवर्त्तित करते।

प्रश्न हो सकता है कि—प्राकृत नायिका रति किस प्रकार से ईश्वरतत्त्व श्रीप्रद्युम्न की अनुरूपा होगी? उत्तर में कहते हैं—स्पर्शमणि का स्पर्श से लोह जिस प्रकार स्वर्णत्व प्राप्त करता है, उस प्रकार प्रद्युम्न के सामीप्य प्रभाव से रति तदीय अनुरूपा हुई थी, इस प्रकार मानना होगा। श्रीप्रद्युम्न की निज शक्ति, रति नहीं है। किन्तु श्रीअनिरुद्ध की माता ही उनकी निज शक्ति है। अतएव गोपालतापनी श्रुत्युक्त 'रामानिरुद्ध प्रद्युम्न एवं रुक्मिणी के सहित श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं', इस वाक्य के सहित श्रीमद्भागवतीय वाक्य का सामञ्जस्य हुआ। प्रवक्ता श्रीशुक हैं॥८८॥

इस प्रकार ही श्रीअनिरुद्ध भी साक्षात् चतुर्व्यूहान्तर्गत हैं। सङ्कर्षण—प्रद्युम्न के समान अनिरुद्ध

(८६) "अपरिखिदास्ते भगवान् सुखं वो, यः सात्वतां कामदुघोऽनिरुद्धः ।
यमामनन्ति स्म हि शब्दयोनिं, मनोमयं सत्त्वतुरीयतत्त्वम् ॥"१७६॥

शब्दयोनिं निश्वासव्यञ्जितवेदवृन्दम् (वृ २।४।१०) "एवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतत् यदृग्वेदः" इत्यादि श्रुतेः । मनोमयं चित्ते वासुदेववत् मनस्युपास्यम्; सत्त्वं शुद्धसत्त्वात्मकः श्रीवासुदेवादिरूपो भगवान् यत्र तुरीयं रूपम् । अतो बाणयुद्धादौ बन्धनानुकरणादिकमात्मेच्छामयी लीलैव, श्रीरामचन्द्रादिवत् । अस्य पाद्मबृहत्सहस्रनाम्नि नामानि चैतानि—

"अनिरुद्धो बृहद्ब्रह्म प्राद्युम्निर्विश्वमोहनः । चतुरात्मा चतुर्वर्णश्चतुर्युगविधायकः ॥१७७॥
चतुर्भेदैकविश्वात्मा सर्वोत्कृष्टांशकोटिसूः । आश्रयात्मा" इति ।

अतः श्रीकृष्णव्यूहत्वेन महानिरुद्धत्वादस्यैवाविर्भावविशेषः प्रलयार्णवविधामा पुरुष इति ज्ञेयम् । अतएवाभेदेन (भा १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्" इत्याद्युक्तम् ।

का भी साक्षात् चतुर्व्यूहत्व का विषय भा० ३।१।३४ में है—

श्रीविदुर श्रीउद्धव को पूछे थे—"भगवान् अनिरुद्ध कुशलपूर्वक हैं ? आप उपासकों की अभीष्टपूर्त्ति करते हैं । वेदसमूह उनको शब्दयोनि, मनोमय, सत्त्व एवं तुरीय तत्त्व कहते हैं ।" अनिरुद्ध के निश्वास से ही वेदसमूह की अभिव्यक्ति होने से ही उनको शब्दयोनि कहते हैं । उसका प्रमाण बृहदा० २।४।१० श्रुति है । "अरे मैत्रेयि ! विभु पूर्वसिद्ध ईश्वर के निश्वास स्वरूप यजुर्वेद प्रभृति हैं ।"

'मनोमयं' मन, बुद्धि, अहङ्कार, चित्त, अन्तःकरण के भेद चतुर्विध हैं । चित्त का वासुदेव, अहङ्कार का सङ्कर्षण, बुद्धि का प्रद्युम्न, एवं मन का अधिष्ठाता अनिरुद्ध हैं । अतएव चित्त में जिस प्रकार वासुदेव उपास्य हैं, उस प्रकार मन में अनिरुद्ध उपास्य हैं । 'सत्त्वं' शुद्ध सत्त्वस्वरूप, मायिक सत्त्व अविशुद्ध है । सन्धिनी शक्ति ही शुद्धसत्त्व का मूलाधार है । श्रीवासुदेवादिरूप चतुर्व्यूह विशिष्ट जो भगवान् हैं, उनमें अनिरुद्ध ही तुरीय—चतुर्थ हैं । प्रथम व्यूह—वासुदेव, द्वितीय व्यूह—सङ्कर्षण, तृतीय व्यूह—प्रद्युम्न, चतुर्थ व्यूह श्रीअनिरुद्ध हैं ।

बाण युद्ध में श्रीअनिरुद्ध का बन्धन संवाद है । ईश्वरस्वरूप होने से बन्धन असम्भव है ? उत्तर, आपका बन्धन वास्तविक नहीं था । बन्धानुकरण लीलामात्र ही है, वह भी स्वेच्छाकृत है । श्रीरामचन्द्र भगवान् होकर भी महीरावण कर्त्तृक पाताल में नीत हुये थे, एवं बन्धन प्राप्त भी हुये थे । वह बन्धन जिस प्रकार वास्तविक नहीं है, तद्रूप नरलीलानुरूप अनुकरणमात्र ही है ।

पद्मपुराणस्थ बृहत् सहस्रनामस्तोत्र में श्रीअनिरुद्ध के महिमा प्रकाशक श्लोकसमूह हैं—"अनिरुद्ध, बृहद्ब्रह्म, प्राद्युम्नि, विश्वमोहन, चतुरात्मा, चतुर्वर्ण, चतुर्युग विधायक, शुक्ल, रक्त, शुकपक्ष, श्यामवर्ण युगावताररूप चतुरात्मा होकर सत्य-त्रेता-द्वापर-कलिरूप चतुर्युग का विधायक हैं । जरायुज, स्वेदज, अण्डज, उद्भिज्ज रूप में जीव चतुर्विध होने पर भी श्रीअनिरुद्ध—निखिल विश्व का एकमात्र आत्मा हैं । सर्वोत्कृष्टांश प्रसवकारी अर्थात् सृष्टिकारी आश्रयात्मा हैं ।

अतएव नरलीलानुरत प्रद्युम्न कुमार अनिरुद्ध, स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण व्यूह होने के कारण महा अनिरुद्ध हैं, प्रलयार्णव धामा वटपत्रशायी पुरुष महा अनिरुद्ध का ही अंशविशेष हैं । संशय यह है कि—नरलील श्रीकृष्ण चतुर्व्यूह का ही यदि सर्वश्रेष्ठत्व है, तब "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः सम्भूतं षोडशकलमादौ लोकसिसृक्षया" श्लोक के द्वारा जगदुन्मुख चतुर्व्यूह का वर्णन प्रधान रूप से करने का

मूलसङ्कर्षणाद्यंशैरेव हीतरसङ्कर्षणाद्यवस्थात्रयं पुरुषं प्रकाशयतीति। तथैवाभेदेन विष्णुधर्मोत्तरेऽपीवमुक्तम्। तत्र श्रीवज्रप्रश्नः—

"कस्त्वसौ बालरूपेण कल्पान्तेषु पुनः पुनः। दृष्टो यो न त्वया ज्ञातस्तत्र कौतूहलं मम ॥"१७८॥

श्रीमार्कण्डेयोत्तरञ्च—

"भूयोभूयस्त्वसौ दृष्टो मया देवो जगत्पतिः। कल्पक्षयेण विज्ञातः स मायामोहितेन वै ॥१७९॥
कल्पक्षये व्यतीते तु तं देवं प्रपितामहात्। अनिरुद्धं विजानामि पितरन्ते जगत्पतिम् ॥"१८०॥ इति।

भीष्मपर्वणि दुर्य्योधनं प्रति भीष्मशिक्षायां श्रीकृष्णस्यावतारारम्भे गन्धमादनमागतस्य ब्रह्मणस्तदाविर्भावं मनसि पश्यतस्तु बालस्य तदिदं वचनम्—

"सृष्ट्वा सङ्कर्षणं देवं स्वयमात्मनमात्मना ॥१८१॥
कृष्णत्वमात्मनास्राक्षीः प्रद्युम्नं ह्यात्मसम्भवम्। प्रद्युम्नाच्चानिरुद्धन्तु यं विदुर्विष्णुमव्ययम् ॥१८२॥
अनिरुद्धोऽसृजन्मां वै ब्रह्माणं लोकधारिणम्।
वासुदेवमयः सोऽहं त्वयैवास्मिन् विनिर्मितः ॥"१८३॥ इति।

कारण क्या है? समाधान हेतु कहते हैं—श्रीकृष्ण चतुर्व्यूह का ही सर्वश्रेष्ठत्व निर्विवादसिद्ध है। किन्तु नरलीला एवं जगदुन्मुख लीलाद्वयस्थ चतुर्व्यूह को अभेद मानकर ही 'जगृहे पौरुषं रूपं' श्लोक का वर्णन हुआ है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण, मूल सङ्कर्षणादि नरलील बलदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध रूप अंशसमूह के द्वारा अपर वैकुण्ठस्थ के सङ्कर्षण, प्रद्युम्न अनिरुद्ध, एवं जगदुन्मुख के कारणार्णवशायी, गर्भोदकशायी एवं क्षीरोदशायी रूप सङ्कर्षणादि अवस्था त्रयात्मक पुरुषों का प्रकाश करते हैं।

विष्णुधर्मोत्तर पुराण का वर्णन भी उक्तानुरूप है। अर्थात् "जगृहे पौरुषं रूपं" श्लोक में मूल सङ्कर्षण के सहित कारणार्णवशायी का अभेद वर्णन के समान, मूल अनिरुद्ध के सहित क्षीरोदकशायी का अभेद वर्णन विष्णुधर्मोत्तर में सुस्पष्ट है। वज्रनाभ ने पूछा,—कल्पक्षय होने से बालक रूप धारण कर कौन आपके दृष्टिगोचर होते हैं, जिनको आप नहीं जान सकते हैं? उस विषय में मेरा कौतूहल है। श्रीमार्कण्डेय ने कहा,—जगत्पति, बारम्बार मेरे द्वारा दृष्ट हुए थे। मायामोहित मैं कल्पक्षय में उनको जानगया। कल्प अतीत होने से वह देव कौन हैं, उनका परिचय तुम्हारे प्रपितामह श्रीकृष्ण के निकट से प्राप्त हुआ। वह पुरुष तुम्हारे पिता अनिरुद्ध हैं। आप जगत्स्वामी हैं। श्रीकृष्ण, सर्वांशी होने के कारण, मूल वासुदेव हैं। एतज्जन्य ही "जगृहे पौरुषं रूपं" श्लोक व्याख्या के समय श्रीकृष्ण को अनिरुद्ध का अवतार नहीं कहा गया है।

श्रीकृष्णपौत्र अनिरुद्ध का प्रकाशविशेष क्षीरोदकशायी से समस्त युगावतारगण आविर्भूत होते हैं। द्वापर का युगावतार शुकपक्ष वर्ण है। "सत्पुण्डरीकनयनं मेघाभं वैद्युताम्बरम्" तापनी के वचनानुसार तमालश्यामलद्युति श्रीकृष्ण प्रति कल्प में स्वयं अवतीर्ण होते हैं। जिस द्वापर युग में श्रीकृष्ण अवतीर्ण होते हैं, उस समय शुकपक्षाभ द्वापरयुगावतार श्रीकृष्ण में प्रविष्ट होते हैं।

महाभारतीय भीष्मपर्व में दुर्य्योधन के प्रति भीष्म शिक्षात्मक जो प्रकरण है, उसमें श्रीकृष्णावतार के प्रारम्भ में गन्धमादन पर्वत में समागत ब्रह्मा के मन में आविर्भूत रूप के विषय में बालक का कथन इस प्रकार है—

"स्वयं के द्वारा सङ्कर्षणदेव को सृजन करके स्वयं ही निजानुरूप प्रद्युम्न को आपने प्रकट किया। प्रद्युम्न से अनिरुद्ध आविर्भूत हुये, जिनको मुनिगण विष्णु अव्यय रूप में जानते हैं। लोकसृजनकारी मुझ ब्रह्मा को श्रीअनिरुद्ध ने सृजन किया। आप वासुदेवमय हैं, उनसे ही मैं सृष्ट हुआ।

अतएव च पूर्वमपि (भा० १।३।१) 'जगृहे' इत्यत्र श्रीकृष्णानिरुद्धावतारान्तःपातित्वं न व्याख्यातम् ॥ विदुरः श्रीमदुद्धवम् ॥

९० । तदेतत्तस्य चतुर्व्यूहात्मकस्यैव पूर्णत्वं व्याख्यातम् । श्रीगोपालोत्तरतापन्यामपि तथैवायं प्रणवार्थत्वेन दर्शितः (उ० ५५-५६)—

"रोहिणीतनयो रामोऽकाराक्षरसम्भवः ।
तैजसात्मकः प्रद्युम्न उकाराक्षरसम्भवः ॥१८४॥
प्राज्ञात्मकोऽनिरुद्धो वै मकाराक्षरसम्भवः ।
अर्द्धमात्रात्मकः कृष्णो यस्मिन् विश्वं प्रतिष्ठितम् ॥"१८५॥ इति ।

अथ श्रीकृष्णेऽवतरति तत्तदंशावताराणामपि प्रवेश इति यदुद्दिष्टं तद्यथा तत्र(भा० १।३।२८)

एतज्जन्य ही भा० १।३।१ "जगृहे" श्लोक की व्याख्या सन्तर्पण से हुई है, एवं श्रीकृष्ण को अनिरुद्ध में सन्निवेश नहीं किया गया है । श्रीविदुर श्रीमदुद्धव को कहे थे ।।८९।।

"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" श्रीमद्भागवतीय प्रतिज्ञा के अनुसार श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता अर्थात् निरपेक्ष सत्ता एवं परिपूर्णता प्रदर्शन के निमित्त जो विचार उत्थित हुआ था, उसका सुष्ठु समाधान हुआ । तथा श्रीकृष्ण के चतुर्व्यूहात्मक स्वरूप की ही पूर्णता है, इसका स्थापन भी हुआ । अर्थात् जिस प्रकार श्रीकृष्ण ही मूल वासुदेव हैं, उस प्रकार तदीय परिकर मूल सङ्कर्षण, मूल प्रद्युम्न एवं मूल अनिरुद्ध हैं । अतएव चतुर्व्यूहात्मक श्रीकृष्ण का ही पूर्णत्व प्रदर्शित हुआ । श्रीगोपालतापनीश्रुति में उक्त विषय का प्रतिपादन प्रणवार्थ प्रदर्शन के समय हुआ है । (गो० उ० ५५-५६)

"रोहिणीतनय—राम, प्रणवस्थ अ-काराक्षर सम्भव हैं । तैजसात्मक प्रद्युम्न, उ-काराक्षर सम्भव है । प्राज्ञात्मक अनिरुद्ध, म-काराक्षर सम्भव हैं । और जिनमें समस्त विश्व अधिष्ठित हैं, वह ही श्रीकृष्ण अर्द्धमात्रात्मक हैं ।"

एक अद्वय ज्ञानतत्त्व ही उपासकों के प्रति अनुकम्पा प्रदर्शनार्थ वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध रूप चतुर्धा आविर्भूत होते हैं । उक्त विभाग चतुष्टय, उन परब्रह्म का वाचक शब्द ॐ कार में सन्निविष्ट है । ॐ का विश्लेषित रूप अ+उ+म् है । प्रणवस्थित 'अ' रूप आद्यक्षर से रोहिणीनन्दन श्रीबलराम का बोध होता है । इससे अन्यत्र प्रसिद्ध चतुर्व्यूह की व्यावृत्ति हुई है, एवं नरलीलोचित चतुर्व्यूह गृहीत हुआ है । उनके साहचर्य्य से वर्णित होने से प्रद्युम्न-अनिरुद्ध का भी ग्रहण नरलीलात्मक चतुर्व्यूह से ही होता है । उक्त रीति से 'उ'-कार के द्वारा प्रद्युम्न, एवं 'म'-कार के द्वारा अनिरुद्ध का बोध होता है ।

जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यात्मक अवस्था भेद से जीव की विश्व तैजस-प्राज्ञ संज्ञा होती है । उससे निजैश्वर्य्यानुभूति की उत्तरोत्तर न्यूनता होती है, तज्जन्य ही प्रद्युम्न को तैजस, एवं अनिरुद्ध को प्राज्ञ कहा गया है । श्रीबलराम विश्वात्मक हैं । उत्तरोत्तर ऐश्वर्य्य की न्यूनता दर्शाने के निमित्त तैजस प्राज्ञ का उल्लेख हुआ है । शाङ्करीय मत के विश्व, तैजस, प्राज्ञ का ग्रहण यहाँ नहीं है । कारण उक्त मत में मायाशबलित ईश्वर की उक्त तीन अवस्था हैं ।

व्यञ्जनवर्ण अर्द्धमात्रा है । अर्थात् 'नाद' अर्द्धमात्रात्मक है । केवल नाद का उच्चारण सम्भव न होने से ही अर्द्धमात्रा शब्द से पूर्ण प्रणव को ही जानना होगा । पूर्ण प्रणव का वाच्य श्रीकृष्ण होने के कारण उनकी पूर्णता निर्विवाद सिद्ध है ।

"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्यादिकं सिद्धमेव, तथा तस्य तद्रूपेणैव श्रीवृन्दावनादौ सर्वदावस्थायित्वं प्रतिपादयिष्यामः। अथच श्रीहरिवंशमते उपेन्द्र एवावततारेति। जय-विजयशापप्रस्तावे च (भा० ११।६।३१) "यास्यामि भवनं ब्रह्मन् एतदन्ते तवानघ" इत्यत्र च (भा० ११।६।२७)"पाहि वैकुण्ठकिङ्करान्"इत्यत्र च स्वामि-व्याख्यानुसारेण विकुण्ठासुत एवेति, क्वचित् क्षीरोदशाय्येवेति, क्वचित् पुरुष एवेति, क्वचिन्नारायणर्षिरेवेति, बृहत्सहस्रनाम्नि लक्ष्मणस्यैव बलरामत्वकथनेन श्रीराघव एवेति, क्वचिन्नारायणकेश एवेत्यादिकं नानाविधत्वं श्रूयते। एवञ्चैकं सन्दिग्धस्ततोऽन्यत् प्रच्यवते, अत्र सत्यत्र सर्ववाक्यम्। यथा स्वमत्यनुभवानुरूपात्

श्रीकृष्ण अवतीर्ण होने से उनके समस्त अंशावतारगणों का प्रवेश उनमें होता है। इसका साङ्गोपाङ्ग वर्णन, भा० १।३।२८ "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" परिभाषा वाक्य व्याख्या में हुआ है। उक्त वाक्य के द्वारा जिस प्रकार श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता स्थापित हुई है। उस रीति से ही श्रीवृन्दावन प्रभृति में श्रीकृष्ण रूप में ही नित्य स्थिति है, उसका प्रतिपादन करेंगे। अप्रकट लीला में ही उक्त नित्य स्थिति को जानना होगा। लोकनयनगोचरीभूता लीला ही प्रकटलीला, एवं केवल परिकर दर्शन योग्या लीला ही अप्रकट लीला है। मर्त्यधाम में लीला प्राकट्य के समय अंशावतारसमूह श्रीकृष्ण में प्रविष्ट होते हैं। अप्रकट प्रकाश के समय श्रीकृष्ण उन सबको निज निज धाम में प्रेरण कर निज परिकरों के सहित विराजित होते हैं। उस समय ही श्रीकृष्ण केवल श्रीकृष्ण रूप में ही अवस्थित हैं। अनन्तर उस विषय का प्रतिपादन करेंगे।

श्रीहरिवंश पुराण के वर्णनानुसार उपेन्द्र ही श्रीकृष्ण रूप में धराधाम में अवतीर्ण हुए हैं। जय-विजय शाप प्रस्ताव में भा० ११।६।३१—"इदानीं नाश आरब्धः कुलस्य द्विजशापजः।

यास्यामि भवनं ब्रह्मन् एतदन्ते तवानघ॥" उक्त है—

श्रीकृष्ण ब्रह्मा को कहे थे—'हे अनघ! हे ब्रह्मन्! सम्प्रति विप्रशाप के द्वारा यदुकुल ध्वंसोन्मुख हुआ है। इसके पश्चात् मैं तुम्हारे भवन में होता हुआ वैकुण्ठ को जाऊँगा।" स्वामिपाद ने लिखा है—"वैकुण्ठं यास्यन् तव भवनं यास्यामि" 'वैकुण्ठ गमन के समय तुम्हारे भवन को जाऊँगा" इसके अनुसार एवं भा० ११।६।२७—"तत स्वधाम परमं विशस्व यदि मन्यसे।

स लोकान् लोकपालान्नः पाहिवैकुण्ठकिङ्करान्॥"

ब्रह्मा श्रीकृष्ण को कहे थे—"यदि आपकी इच्छा हो, तो आप अब निज परमधाम वैकुण्ठ को चले जाँय, एवं लोकों के सहित हम सब लोकपाल तथा, वैकुण्ठकिङ्करगण का प्रतिपालन करें।" इसके अनुसार प्रतीत होता है कि—विकुण्ठसुत श्रीकृष्णरूप में अवतीर्ण हुए हैं।

किसीके मत में क्षीरोदकशायी अनिरुद्ध ही श्रीकृष्ण हैं। अपर मत में पुरुष अर्थात् महाविष्णु ही श्रीकृष्ण हैं। किसीके मत में श्रीनारायण ऋषि ही श्रीकृष्ण हैं। बृहत्सहस्रनामस्तोत्रोक्त विवरण के अनुसार श्रीलक्ष्मण का ही बलरामत्व है। अतएव श्रीकृष्ण श्रीरामचन्द्र का ही अवतार है। कतिपय व्यक्ति के मत में तो श्रीकृष्ण नारायण के केश का अवतार हैं।

उक्त विरुद्ध वाक्यसमूह की पर्य्यालोचना करने से श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति की सम्भावना नहीं होती है। अर्थात् कृष्णस्वरूप नामक पृथक् कोई तत्त्व है ही नहीं, प्रकटलीला के अवसान में उपेन्द्रादि किसी रूप में श्रीकृष्ण की स्थिति की सम्भावना होती है। यह है पूर्वपक्ष। उसका निरसन है। कहते हैं—उक्त शास्त्रवाक्य के मध्य में एक वाक्य को प्रमाण रूप में मान लेने पर निश्चय ही अपर

नानावाक्यैकवाक्यता च । यथा क्रममुक्तिमार्गेऽर्च्चिरादिक्रम एवाङ्गी, नाड़ीरश्म्यादिमार्गास्तु तदङ्गत्वेनैव (ब्र० सू० ४।३।१) "अर्च्चिरादिना तत्प्रथितेः" इति सूत्रे स्वीक्रियन्ते, तद्वत् । यतः स्वयं भगवत्यवतरति सर्वेऽपि ते प्रविष्टा इति यदा यत्किञ्चिद्येनानुभूतम्, तदा तेन तदेव निर्दिष्टमिति । तस्माद्विद्वद्भिरेवं विचार्य्यताम्—स्वयं भगवति तस्मिन् प्रवेशं विना कथं

वाक्यसमूह स्खलित होंगे । जिस प्रकार श्रीहरिवंशपुराण को प्रमाण मानकर निर्णय करने पर श्रीकृष्ण, उपेन्द्र का अवतार हैं, मानना होगा । इससे अन्य वाक्यसमूह व्यर्थ होगा । ऐसा होना सम्भव नहीं है, कारण—श्रीकृष्णावतार सम्बन्धीय प्रागुक्त वाक्यसमूह यथार्थ ही है । निज निज अनुभूति के अनुसार ही उक्त विभिन्न प्रकार कथन है । तथापि बहुविध वाक्यों में एकवाक्यता सुस्पष्ट है । इस विषय में विद्वज्जनों की मीमांसा इस प्रकार है—स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण की प्रकट लीला के समय उपेन्द्रादि श्रीकृष्ण में प्रविष्ट हुये थे । उसको कहने के निमित्त श्रीकृष्ण को उपेन्द्रादि के अवतार कहा गया है । किन्तु श्रीकृष्ण—उपेन्द्रादि का अवतार नहीं है । श्रीकृष्ण स्वयं सर्वावतारी एवं स्वयं भगवान् हैं । तज्जन्य श्रीकृष्ण में समस्त अवतारावतारी का प्रवेश सम्भव है । इस प्रकार सिद्धान्त व्यतीत अपर किसी भी प्रकार से उक्त वाक्यसमूह की अर्थ सङ्गति नहीं होगी । एक शास्त्र का प्रामाण्य अङ्गीकार करने पर अपर शास्त्र का अप्रामाण्य अवश्य ही होगा ।

अतएव उपेन्द्रादि का प्राकट्य श्रीकृष्ण में प्रवेश के द्वारा ही सिद्ध होता है । दृष्टान्त प्रदर्शन पूर्वक बोध कराने के लिए वेदान्तदर्शन के चतुर्थ अध्याय के तृतीय पाद के क्रममुक्ति प्रसङ्ग को उठाते हैं । मुक्त होने की रीति का वर्णन छान्दोग्य में है । हृदय में एकशत एक नाड़ी संयुक्त हैं, तन्मध्य में एक नाड़ी मस्तक से अभिनिःसृता है, उसे सुषुम्णा कहते हैं । इस नाड़ी के द्वारा उत्क्रमण करने से मोक्ष होता है, अन्यान्य नाड़ीयों के द्वारा उत्क्रान्ति से संसार होता है । ब्रह्मविद् जन, नाड़ी के द्वारा उत्क्रान्त होकर रविरश्मि के अवलम्बन से ऊर्द्ध्व लोक गमन करते हैं । उक्त उपनिषद् में वर्णित है—ब्रह्मोपासकगण की मृत्यु होने से, पुत्र शिष्यादि शव संस्कार न करने पर भी ब्रह्मोपासक अर्चिरादि पथ से हरिलोक प्राप्त करते हैं । कौषीतकी ब्राह्मण में लिखित है,—मृत व्यक्ति प्रथम देवयान पथ से अग्निलोक गमन करता है । वायुलोक, वरुणलोक, इन्द्रलोक, प्रजापतिलोक के पश्चात् वह ब्रह्मलोक गमन करता है । बृहदारण्यक में उक्त है—हरि ध्यायी व्यक्ति का प्रस्थान जब इस लोक से होता है, तब प्रथम—वायुलोक, की प्राप्ति होती है, अनन्तर रथचक्र के छिद्र के समान अवकाश मार्ग से वह ऊर्द्ध्वलोक गमन करता है । स्थलविशेष में सूर्य्य द्वार से विरजा धाम प्राप्ति की वार्त्ता भी है । इस प्रकार सुषुम्ना, देवयान, वायु, सुर्य्यरश्मि प्रभृति पथ की कथा भी प्रसिद्ध है । यहाँ संशय यह है कि—उक्त पथ समूह विभिन्न हैं अथवा एक है । उत्तर में कहते हैं—"अर्चिरादिना तत्प्रथितेः ।" (वे० सू० ४।३।१) समस्त विद्वान् व्यक्ति ही अर्चिरादि मार्ग के द्वारा ब्रह्मलोक गमन करते हैं, उसका प्रमाण क्या है ? उत्तर—"तद् य इत्थं विदुर्य्ये चेमेऽरण्ये श्रद्धा तप इत्युपासते ते अर्चिषमिति" जो सब गृहस्थ, पञ्चाग्नि स्वरूप को जानते हैं, वे सब श्रद्धा के सहित तप का अनुष्ठान करते हैं । एवं मृत्यु के पश्चात् अर्चिरादि अभिमानी देवता को प्राप्त करते हैं । छान्दोग्य के ५।१०।१ वाक्य में अर्चिरादि मार्ग का वर्णन है । यहाँ जिस प्रकार क्रममुक्ति पक्ष में अर्चिरादि मार्ग अङ्गी है, ब्रह्मलोक गमन का मुख्य पथ, नाड़ी रश्मि प्रभृति अङ्ग हैं, अर्थात् इसकी सहायता से ही अर्चिरादि मार्ग में प्रवेश होता है । उस प्रकार श्रीकृष्णावतार प्रसङ्ग में श्रीकृष्णावतरण मुख्य हैं, और उनमें प्रविष्ट होकर उपेन्द्रादि का अवतरण गौण है । श्रीकृष्ण—प्रकटलीला आविष्कार के समय उन सब अवतारों को निज निज धाम में प्रेरण करते हैं, एवं स्वयं वृन्दावन, मथुरा, द्वारका में

तन् सम्भवेदिति। दृश्यते च तस्मात् केषाञ्चिदंशानां पुनराविर्भावः, यथा प्रद्युम्नादीनाम्। अतएव विकुण्ठासुतस्य प्रवेशाभिप्रायेणैव शिशुपाल-दन्तवक्रयोः श्रीकृष्ण-सायुज्यमेव तदानीं जातम्। पुनरवतारलीलासमाप्तौ श्रीविकुण्ठासुते स्वधामगते पार्षदत्वप्राप्तिः; यथोक्तं श्रीनारदेन (भा० ७।१।४६)—

"वैरानुबन्धतीव्रेण ध्यानेनाच्युतसात्मताम्।
नीतौ पुनर्हरेः पार्श्वं जग्मतुर्विष्णुपार्षदौ॥"१८६॥ इति।

तथा हरिवंशे च 'क्षीरोदशायिनो मुकुटे दैत्यापहृते दैत्यमारणाय गरुड़ो यावत् कृतविलम्बस्तावत् श्रीकृष्णोऽवततार। ततश्चासौ मुकुटमाहृत्य तत्र चोर्द्ध्वलोके च कुत्रापि भगवन्तमदृष्ट्वा गोमन्तशिरसि श्रीकृष्णायैव समर्पितवान्' इति प्रसिद्धिः। एवमेव बलिसद्मगतयोः

अप्रकट भाव में नित्य अवस्थान करते हैं।

अतएव विद्वान्गण स्वयं विचार करें कि—उक्त प्रकार प्रवेश के बिना उक्त वाक्यसमूहों का प्रामाण्य होगा? श्रीकृष्ण में जो अंशावतारों का प्रवेश हुआ था, उसका बोध प्रकट लीला की रीति से भी होता है। उनमें प्रविष्ट कोई कोई अंशावतार प्रकट लीला के समय ही उनसे आविर्भूत हुआ था। जैसे श्री प्रद्युम्न प्रभृति हैं।

श्रीकृष्ण में विकुण्ठा सुत प्रविष्ट हुये थे, उसको दर्शाने के निमित्त शिशुपाल दन्तवक्र की सायुज्य प्राप्ति श्रीकृष्ण में हुई। अवतार लीला समापनानन्तर श्रीविकुण्ठासुत का स्वधाम गमन होने पर जय-विजय का पुनर्वार पार्षदत्व लाभ हुआ। भा० ७।१।४६ में श्रीनारद ने कहा है—

"वैरानुबन्धतीव्रेण ध्यानेनाच्युतसात्मताम्। नीतौ पुनर्हरेः पार्श्वं जग्मतुर्विष्णुपार्षदौ॥"

"जय-विजय तीव्र वैरानुबन्ध के द्वारा तादात्म्य होकर अच्युत श्रीकृष्ण सायुज्य प्राप्त हुए थे। पुनर्वार सान्निध्य प्राप्त कर श्रीविष्णु पार्श्वदत्व प्राप्त किये थे।"

जय-विजय विकुण्ठासुत के पार्षद—द्वारपाल थे। वैकुण्ठ के अधिवासी थे। जय-विजय के द्वारा बाधाप्राप्त होकर सनकादि मुनि ने उन दोनों को शाप प्रदान किया था। उससे प्रथम आसुरिक जन्म—हिरण्याक्ष-हिरण्यकशिपु, द्वितीय जन्म—रावण-कुम्भकर्ण, तृतीय जन्म में ही श्रीकृष्ण द्वारा शापमुक्त हुए थे। ये विकुण्ठासुत के पार्षद होने से विकुण्ठासुत ही उन दोनों के प्राप्य हैं। एक स्वरूप में वैकुण्ठ में अवस्थित होकर भी अपर स्वरूप में विकुण्ठासुत श्रीकृष्ण में प्रविष्ट हुए थे। सुतरां श्रीकृष्ण में प्रविष्ट विकुण्ठासुत के सहित ही उन दोनों का सायुज्य हुआ था। कार्य्य के द्वारा ही कारण का अनुमान होता है।

श्रीकृष्ण में क्षीरोदकशायी का प्रवेश वर्णन—हरिवंश में ही है। "क्षीरोदकशायी का मुकुट दैत्य के द्वारा अपहृत होने से दैत्य संहारपूर्वक मुकुट आहरण के निमित्त गरुड़ प्रस्थान किये थे। कार्य्य सम्पादन में विलम्ब हुआ था। इत्यवसर में श्रीकृष्ण मर्त्यलोक में अवतीर्ण हुये थे। मुकुट आहरणपूर्वक प्रत्यागमन करके गरुड़ उर्द्धलोक में कहीं पर क्षीरोदशायी को न देखकर गोमन्त पर्वतस्थित श्रीकृष्ण को उक्त मुकुट प्रत्यर्पण किए थे। हरिवंशस्थ विष्णुपर्व ४१ अध्याय में इसका वर्णन है। जरासन्ध के भय से कृष्ण-बलराम परशुराम के परामर्शानुसार गोमन्त पर्वत में आरोहण किये थे। यह पर्वत दक्षिणापथ के सह्याद्रि के निकट अवस्थित है। इस प्रसङ्ग से प्रमाणित हुआ कि—क्षीरोदकशायी श्रीकृष्ण में प्रविष्ट हुए थे। उस समय भी क्षीरोदकशायी प्रकाश भेद से निजधाम में अवस्थित थे। निखिल भगवत् स्वरूप युगपद् बहुधा प्रकाशित हो सकते हैं। लीलाशक्ति क्षीरोदकशायी का प्रवेश श्रीकृष्ण में सूचित

श्रीकृष्णरामयोस्तद्द्वारस्थविष्ण्वदर्शनम्। किन्तु तत्तद्वाक्यपर्य्यालोचनया केषाञ्चिन्मूर्त्त्याकर्षणं हरिवंशगतगिरिगुहाशयनपर्य्यालोचनया तु तच्छक्त्याकर्षणमिति लभ्यते। तच्च तदानीमात्मनि सर्वेषामेव भक्तानामेकतानताकृतिलीलाकौतुकार्थमेवेति च गम्यते। तदेतदेवाह (भा० ११।११।२८)—

(९०) "त्वं ब्रह्म परमं व्योम पुरुषः प्रकृतेः परः।
अवतीर्णोऽसि भगवन् स्वेच्छोपात्तपृथग्वपुः॥"१८७॥

साक्षाद्भगवानेव त्वमवतीर्णोऽसि। भगवत एव वैभवमाह—ब्रह्म त्वं परमव्योमाख्यो वैकुण्ठस्त्वं प्रकृतेः परः पुरुषोऽपि त्वमिति। भगवानपि कथम्भूतः सन्नवतीर्णः? (भा० १०।१४।२) "स्वेच्छामयस्य" इत्यनुसारेण स्वेषां सर्वेषामेव भक्तानां या इच्छा तां पूरयितुमुपात्तानि ततस्ततः स्वत आकृष्टानि पृथग्वपूंषि निजतत्तदाविर्भावा येन तथाभूतः सन्निति। तं प्रति

करने के निमित्त गरुड़ के समीप में धामस्थ स्वरूप को आवृत किये थे। एवं श्रीकृष्ण में प्रविष्ट स्वरूप का प्रकाश किए थे। इस रीति से ही बलि के भवन में श्रीरामकृष्ण के द्वारा श्रीविष्णु अदृष्ट हुए थे। किन्तु उक्त प्रकरणस्थ वाक्य की पर्य्यालोचना से प्रतीत होता है कि—मूर्त्ति का आकर्षण अर्थात् शक्ति का आकर्षण ही होता है। हरिवंशपुराणगत गिरिगुहा शयन प्रकरण की पर्य्यालोचना से उस तत्त्व का स्पष्टीकरण होता है। उस प्रकार करने का उद्देश्य यह है कि—उससे समस्त भक्तों की एकतानता उनके प्रति होती है। इस प्रकार कौतुक निबन्धन ही अन्यान्य अवतारों का समाहरण करते हैं।

श्रीकृष्ण में अंशावतारों का प्रवेश विवरण श्रीमद्भागवत के ११।११।२८ में लिखित है। श्रीकृष्ण के प्रति श्रीउद्धव कहते हैं—"त्वं ब्रह्म परमं व्योम पुरुषः प्रकृतेः परः।
अवतीर्णोऽसि भगवान् स्वेच्छोपात्त पृथग्वपुः॥"

'तुम ब्रह्म, परमव्योम, प्रकृत्यतीत भगवान् हो, निजेच्छा के अनुसार पृथक् पृथक् वपुसमूह को आत्मसात् कर अवतीर्ण हुये हो।"

साक्षात् भगवान् ही तुम हो, एवं उस रूप में ही अवतीर्ण हुये हो। उन भगवान् के वैभव को कहते हैं—तुम ब्रह्म हो, परव्योम नामक वैकुण्ठ भी तुम हो, प्रकृति के परपुरुष तुम ही हो। साक्षात् भगवान् होते हुये भी किस प्रकार अवतीर्ण हो? भा० १०।१४।२—

"अस्यापि देववपुषो मदनुग्रहस्य स्वेच्छामयस्य नतु भूतमयस्य कोऽपि।
नेशे महित्ववसितुं मनसान्तरेण साक्षात् तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेः॥"

टीका—ननु नौमि इति प्रतिज्ञाय किं स्वरूपानुवादमात्रं क्रियते अत आह—अस्यापीति। भो देव! अस्यापि सुलभत्वेन प्रकाशितस्यापि तव वपुषोऽवतारस्य महि—महिमानम्, अवसितुं ज्ञातुं कोऽपि, को ब्रह्मा, अहमपि—नेशे, न शक्नोमि। यद्वा, नेशे, न समर्थं आसीत्, सुलभत्वाय विशेषणद्वयम्। मदनुग्रहस्य—मम अनुग्रहो यस्मात् तत् मदनुग्रहं, तस्य, किञ्च—स्वेच्छामयस्य स्वीयानां भक्तानां यथा इच्छा तथा तथा भवतः। तर्हि किमिति ज्ञातुं न शक्यते, अत आह—ननु भूतमयस्य—अचिन्त्यशुद्ध-सत्त्वात्मकस्य, यदा—अस्यैव, तदा कथं पुनः साक्षात्, तव केवलस्य आत्मसुखानुभूतेरेव-स्वसुखानुभूतेरेव, स्वसुखानुभवमात्रयावतारिणो गुणातीतस्य, महिमानं, आन्तरेण—निरुद्धेनापि मनसा को वा ज्ञातुं समर्थो भवेत्।

यथाह जाम्ववान् (भा० १०।५६।२८)—

"यस्येषदुत्कलितरोषकटाक्षमोक्षैर्वत्मादिशत् क्षुभितनक्रतिमिङ्गिलोऽब्धिः ।
सेतुः कृतः स्वयश उज्ज्वलिता च लङ्का रक्षःशिरांसि भुवि पेतुरिषुक्षतानि ॥"१८८॥ इति ;

यथा च देवाः (भा० ११।६।१३)—

"केतुस्त्रिविक्रमयुतस्त्रिपतत्पताको यस्ते भयाभयकरोऽसुरदेवचम्वोः ।
स्वर्गाय साधुषु खलेष्वितराय भूमन् पादः पुनातु भगवन् भजतामघान्नः ॥"१८९॥ इति ;

अथवा, भूतमयस्य, अपितु विराड़्रूपस्य तव, तन्निर्मयस्य वपुषो महिमानमेवावसितुं कोऽपि नैशे इति किमु वक्तव्यमित्यर्थः ॥ इसके अनुसार स्वेच्छाक्रम से निज निज धाम से पृथक् वपु अर्थात् निजाविर्भाव उपेन्द्र प्रभृति को आकर्षण करतः तुम अवतीर्ण हुये हो ।

श्रीकृष्ण के प्रति भा० १०।५६।२८ में जाम्बवान् ने भी कहा—

"यस्येषदुत्कलितरोषकटाक्षमोक्षैर्वर्त्मादिशत्क्षुभितनक्रतिमिङ्गिलोऽब्धिः ।
सेतुः कृतः स्वयश उज्ज्वलिता च लङ्का रक्षः शिरांसि भुवि पेतुरिषुक्षतानि ॥"

टीका—यत एवंभूतः, अतो ममेष्टदैवतं रघुनाथ एव त्वमित्याह—यस्येति, ईषदुत्कलित—उद्दीपितो यो रोषस्तेन ये कटाक्षमोक्षास्तैः क्षुभिता नक्रा ग्राहास्तिमिङ्गिला महामत्स्याश्च यस्मिन् सोऽब्धिर्वर्त्ममार्गम् आदिशत्—दत्तवान् । तथापि तस्मिन् येन त्वया स्वयशः एव सेतुः कृतः । उज्ज्वलिता दग्धा च लङ्का । यस्येषुभिः क्षतानि—छिन्नानि रक्षसो दशग्रीवस्य शिरांसि भुवि पेतुः, स एव त्वमिति जाने ।

आपको मैं जान गया । आप मेरा इष्टदेव रघुनाथ हैं । जिनके ईषत् रोषपूर्ण दृष्टि से अभिभूत होकर नक्रमकर सम्पद् युक्त दुर्द्धर्ष समुद्र ने भी मार्ग प्रदान किया था । उसमें भी आपने सेतुबन्ध किया, यह ही आपका यश रूप सेतु है । लङ्का को दग्ध किया, दशग्रीव के शिरसमूह से भूतल को सुशोभित किया वह आप ही हैं, मैं जान गया ।

भा० ११।६।१३ में देवगणों ने कहा—

"केतुस्त्रिविक्रमयुतस्त्रिपतत् पताको यस्ते भयाभयकरोऽसुरदेवचम्वोः ।
स्वर्गाय साधुषु खलेष्वितराय भूमन् पाद पुनातु भगवन् भजतामघान्नः ॥"

टीका—त्वच्चरणस्य भक्तपक्षपातः प्रसिद्ध एवेति स्तुवन्तः प्रार्थयन्ते केतुरिति । बलिबन्धने त्रिभिः विक्रमैर्युतः, तत्र द्वितीयविक्रमे सत्यलोकं गतस्तव पादः केतुरत्युच्छ्रितो विजयध्वज इव । तत् सम्पादयन्ति । त्रिपतत् पताका यस्य । तथा असुरदेवचम्वो स्तत् सेनयोरुभयोर्भयाभयकरः । साधुषु सुरेषु स्वर्गाय, खलेषु असुरेषु इतराय इतरस्मै अधो गमनाय । य एवं केतुरूपस्ते पादः भजतां नोऽघं पुनातु शोधयतु । अघादिति पाठे भजतां नः, इति कर्मणि षष्ठ्यौ । अघाद्भजतोऽस्मान् पुनात्विति । तथा च श्रुतिः—चरणं पवित्रं विततं पुराणं येन पूतस्तरति दुष्कृतानि । तेन पवित्रेण शुद्धेन पूता अतिपाप्मानमरातिं तरेम । लोकस्य द्वारमर्चिमत् पवित्रम् । ज्योतिष्मद् भ्राजमानं महस्वत् । अमृतस्य धारा बहुधा दोहमानम् । चरणं नो लोके सुधितां दधात्विति ।

आपके चरणयुगल सुप्रसिद्ध भक्त पक्षपाती हैं । अतः स्तवन कर प्रार्थना करते हैं । गर्वित बलि बन्धन के समय आप त्रिविक्रम हुये थे । उसमें जो द्वितीय विक्रम प्रकट हुआ—वह सत्यलोकगत उच्छ्रित चरण से ही हुआ, वह ही पताका है, विजयध्वज के समान रहा । उससे तीन धारा से गङ्गा निःसृता हुई । वह असुर एवं सुर सेनाओं के निमित्त भय एवं अभयप्रद है । साधु एवं देववर्ग के निमित्त

यथा च ब्रह्मा (भा० १०।१४।१४) नारायणस्त्वम्" इत्यादौ; (भा० १०।१४।१४) "नारायणोऽङ्गं"! नरभूजलायनात्" इति; यथा च त एव देवाः (भा० ११।६।१०)—

"स्यान्नस्तवाङ्घ्रिरशुभाशयधूमकेतुः, क्षेमाय नो मुनिभिरार्द्रहृदोह्यमानः।
यः सात्वतैः समविभूतय आत्मवद्भि,-र्व्यूहेऽर्च्चितः सवनशः स्वरतिक्रमाय॥"१६०॥इति;

स्वर्गद है, असुर के निमित्त वह ही अधोगतिद है। वह यजनरत हम सबको शोधन करें। अथवा पाठ से 'हमारे पापों को विनष्ट करें' अर्थ होता है। भजनकारियों की रक्षा पापों से करें, यह भावार्थ है। श्रुति कहती है—पवित्र श्रीभगवच्चरण अवलम्बन कर दुष्कृत से मुक्त होता है। उससे पवित्र होकर पापरूप अराति को पराजित करेंगे। परमधाम प्राप्ति का एकमात्र द्वार ही श्रीभगवत् चरण की सेवा है। जोतिष्मद् रूप में शोभित महद्धाम है। उससे अनेकविध अमृत धारा निःसृत होती रहती है। श्रीभगवच्चरण हम सबको उत्तमबुद्धि प्रदान करें।

ब्रह्मा ने भी कहा भा० १०।१४।१४ में—

"नारायणस्त्वं नहि सर्वदेहिनामात्मास्यधीशाखिललोकसाक्षी।
नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात् तच्चापि सत्यं न तवैव माया॥"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। ननु भो ब्रह्मन्! तथापि नारायणादेव जातोऽसि, कुतो मत्त इत्युच्यते? सत्यम्। त्वञ्च नारायणः, यस्मादहमसूवम्, स तवाद्यावतारश्च। नारायण इत्यभिन्नत्वात् तदुत्पन्न एवेति श्रीकृष्णस्यैव मूर्त्तिविशेषो नारायण एव, यतस्त्वं सर्वदेहिनामात्मासि, अखिललोकसाक्षी चासि।

ननु तर्हि यस्य नाभिनालात्त्वमुत्पन्नोऽसि, स तावत् कैत्याशङ्क्याह—नारायणोऽङ्गमित्यादि—स नारायणः खलु तवाङ्गं मूर्त्तिराद्यावतारत्वात्। ननूभयोरेव नारायणत्वे कथं तज्जनकस्य भवदङ्गत्वमित्याह—नरभूजलायनात्। नारायणशब्दस्य व्युत्पत्ति द्वयम्—नर-भूर्नरोत्पत्तिः, जलञ्च, तदयनात्—तदस्थानात्। एकस्त्वं नरोत्पत्त्ययनान्नारायणः, नरशब्दोऽत्र जीवपरः, अन्यस्तवाङ्गं जलायनात् 'आपो नारा इति प्रोक्ताः' तेन सर्वे जीवा नारं तदयनात्त्वं नारायणः, जलशायित्वात् तवाङ्गं नारायण इत्येषविशेषः। ननु जलशायित्वं तस्य मायिकं नेत्याह—तच्चापि सत्यम्, तज्जलशायित्वं च सत्यम्। सत्यलीलत्वात्तवैव, न तव माययैव, अतः पूर्वोक्तं त्वदुद्भूतत्वं मम सिद्धमेव।

ब्रह्मन्! तुम तो नारायण से उत्पन्न हो, कैसे कहते हो, मैं आपसे उत्पन्न हूँ? सत्य है, आप ही नारायण हो, जिनसे मैं उत्पन्न हूँ। वह आपका आद्य अवतार है। अभिन्न होने पर आप से ही मैं उत्पन्न हूँ। श्रीकृष्ण का ही मूर्त्तिविशेष ही नारायण है। कारण—आप निखिल देहियों का आत्मा हो, अखिललोकों का साक्षी भी हो, ठीक है। किन्तु जिनके नाभिनाल से उत्पन्न हो, वह कौन है? कहते हैं, —'नारायणोऽङ्गम्' वह नारायण तो आपका अङ्ग है, प्रथम अवतार होने से आपकी मूर्त्ति है। उभय ही जब नारायण है, तब तुम्हारा जनक कैसे मेरा अङ्ग होगा? उत्तर, नर भू जलायनात्। नारायण शब्द की व्युत्पत्ति दो हैं, नर भू—नरोत्पत्ति, एवं जल, उसका अयन—स्थान होने से आप ही नारायण हैं। एक तो आप नरोत्पत्ति का अयन होने से नारायण हैं। यहाँ नर शब्द जीववाची है। अन्य—आपका अङ्ग है, जलायन होने के कारण। 'आपो नारा इति प्रोक्ताः' समस्त जीव का आश्रय होने से आप नारायण हैं। जलशायी होने से आपका अङ्ग नारायण है, यह ही विशेष है। जलशायित्व तो मायिक है? नहीं, वह भी सत्य ही है। आप सत्य लीलाशील हैं, वह आपकी माया नहीं है, अतएव मैंने जो पहले कहा है, मैं आप से उत्पन्न हूँ, आप ही मेरा जनक हैं, यह स्थिर हुआ है।

भा० ११।६।१० में देवगणों ने भी कहा है—

अतएवाक्रूरः (भा० १०।४१।४)—

"अद्भुतानीह यावन्ति भूमौ वियति वा जले।
त्वयि विश्वात्मके तानि किं मेऽदृष्टं विपश्यतः॥"१९१॥ इत्यादि;

अतएव (भा० ११।२।१)—

"गोविन्दभुजगुप्तायां द्वारकायां कुरूद्वह।
अवात्सीन्नारदोऽभीक्ष्णं कृष्णोपासनलालसः॥"१९२॥ इति।

उद्धवः श्रीभगवन्तम्॥

९१। तदेवं प्रमाणतत्त्वे प्रयोजनतत्त्वे स्थिते तमेव प्रवेशमाह, (भा० ३।२।१५)—

"स्यान्नस्तवाङ्घ्रिरशुभाशयधूमकेतुः क्षेमाय नो मुनिभिरार्द्रहृदोह्यमानः।
यः सात्वतैः समविभूतय आत्मवद्भिर्व्यूहेऽर्चितः सवनशः स्वरतिक्रमाय॥"

टीका—तवेवं तद्यशः श्रद्धैव शुद्धिहेतुः, अस्माभिस्तु तवाङ्घ्रिर्दृष्टः, अतस्तवाङ्घ्रिर्नोऽस्माकम्, अशुभाशयानां विषयवासनानां धूमकेतुर्दाहकः स्यात्। कथम्भूतः? यः क्षेमाय मोक्षाय मुनिभिर्मुमुक्षुभिः प्रेमार्द्रहृदा उह्यमानश्चिन्त्यमानः। यश्च सात्वतैर्भक्तैः समविभूतये समानैश्वर्याय वासुदेवादिव्यूहे अर्चितः। तेषु च कैश्चिदात्मवद्भिर्धीरैः स्वरतिक्रमाय स्वर्गमतिक्रम्य वैकुण्ठप्राप्तये सवनश स्त्रिकालं अर्च्चितः।

परम पावन यश को विस्तृत करने के निमित्त आपका कर्माचरण है। आपके यश के प्रति श्रद्धा ही शुद्धि हेतु है। हम सबने तो आपका चरण दर्शन किया है, अतः आपके चरण ही हमारे विषयवासना का नाशक हैं। धूमकेतु अग्नि के समान होकर विषयवासना को दग्ध करें। वह श्रीचरण किस प्रकार हैं? मोक्ष प्राप्ति हेतु मुमुक्षु मुनिगण प्रेमार्द्र हृदय में निरन्तर चिन्ता करते रहते हैं, एवं भक्तगण वासुदेवादि रूप में अर्चन करते हैं। कतिपय धीर व्यक्तिगण स्वर्ग को अतिक्रम कर वैकुण्ठ प्राप्ति के निमित्त त्रिकाल अर्चना भी करते रहते हैं। अतएव भा० १०।४१।४ में श्रीअक्रूर ने कहा है,—

"अद्भुतानीह यावन्ति भूमौ वियति वा जले। त्वयि विश्वात्मा तानि किं मेऽदृष्टं विपश्यतः॥"

टीका—भूमौ वियति जले वा यावन्त्यद्भुतानि तानि त्वय्येव सन्ति तत्र त्वां पश्यतो मे किमद्भुतं न दृष्टम् अपितु सर्वं दृष्टमित्यर्थः।

भूमि आकाश एवं जल में जो कुछ मैंने अत्यद्भुत देखा, वे सब ही आप में ही है। आपको और उस सबको देखकर क्या अद्भुत मैंने नहीं देखा है? मैंने सब कुछ ही देखा है।

अतएव भा० ११।२।१ में उक्त है—

"गोविन्दभुजगुप्तायां द्वारकायां कुरूद्वह। अवात्सीन्नारदोऽभीक्ष्णं कृष्णोपासनलालसः॥"

टीका—अभीक्ष्णं प्रस्थापितोऽपि पुनः पुनरवात्सीदित्यर्थः। ननु नारदस्य दक्षादिशापात्कथं तत्र वासः सम्भवतीत्याशङ्क्याह—गोविन्दभुजगुप्तायामिति। न तस्यां शापादेः प्रभाव इत्यर्थः। कृष्णोपासने लालसा औत्कण्ठ्यं यस्य सः।"

पुनः पुनः भेजे जाने पर भी बारम्बार आकर नारद द्वारका में ही रह जाते थे। नारद के प्रति तो दक्षशाप रहा, कैसे नारद एकत्र रह सकते हैं? कहते हैं—गोविन्दभुज गुप्त द्वारका में रहते थे। वहाँ शाप का प्रभाव नहीं है। क्यों रहते थे? उत्तर—कृष्णोपासन में लालसा हेतु रहते थे। अर्थात् कृष्णोपासन में उनकी अत्युत्कट उत्कण्ठा थी। उद्धव श्रीभगवान् को कहे थे॥९०॥

उस प्रकार भा० ३।२।१५ में वर्णित है—

"स्वशान्तरूपेष्वितरैः स्वरूपै,-रभ्यर्द्यमानेष्वनुकम्पितात्मा ।
परावरेशो महदंशयुक्तो, ह्यजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः ॥"१६३॥

तच्च जन्म निजतत्त्वंशानादायैवेत्याह—महदंशयुक्तो महतः स्वरयैवांशैर्युक्तः, (कठ० १।२।२२) "महान्तं विभुमात्मानम्" इत्यादि श्रुतेः; (ब्र० सू० १।४।८) "महद्वच्च" इति न्यायप्रसिद्धेश्च । महान्तो ये पुरुषादयोऽशास्तैर्युक्त इति वा; श्रीविष्णुसहस्रनामस्तोत्रे "लोकनाथं महद्भुतम्" इतिवत्तात्मत्वव्यभिचारः; महद्भिरंशैभिरंशैश्च युक्त इति वा ॥ श्रीमदुद्धवः श्रीविदुरम् ॥

"स्वशान्तरूपेष्वितरैः स्वरूपैरभ्यर्द्यमानेष्वनुकम्पितात्मा ।
परावरेशो महदंशयुक्तो ह्यजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः ॥"

श्रीविदुर के प्रति श्रीउद्धव ने कहा—स्वीय शान्तरूप भक्तवृन्द, अशान्त मूढ़ व्यक्तिसमूह के द्वारा उपद्रुत होने से भक्तानुग्रहकातर परावरेश भगवान् अज महदंश युक्त होकर काष्ठ स्थित अनल के समान जन्म ग्रहण करते हैं ।

टीका—"एवम्भूत विम्ब प्रदर्शने कारणमाह,—स्वीयान्येव शान्तानि अशान्तानि च रूपाणि । तत्र शान्तरूपेषु इतरैः पीड्यमानेषु अनुकम्पितः कृतानुकम्प आत्मा यस्य अजोऽपि जातः आविर्भूतः । सहाभूतरूपेण नित्यसिद्ध एव अग्निर्यथा काष्ठेष्वाविर्भवति तद्वत् । अजस्य जन्मनि हेतुः । महान्—महत्तत्त्वम्, अंशः कार्य्यलेशो यस्याव्यक्तस्य तन्महदंशं तद्युक्त इति ।"

निज अंशसमूह को लेकर ही जन्मलीला प्रकट करते हैं । एतज्जन्य कहते हैं—महदंशयुक्त । महत्, आपके अंश, भगवत्स्वरूप समूह, उसके सहित युक्त । महद् शब्द का अर्थ भगवान् हैं । यह कहने से संशय हो सकता है—महत् शब्द से भगवान् का बोध सुप्रसिद्ध है—अथवा नहीं ? तज्जन्य कठोपनिषत् का प्रमाण दर्शाते हैं । कठ १।२।११ में उक्त है—'महान्त विभुमात्मानम्' महान् विभु आपको, यहाँ श्रीहरि को महान् शब्द से कहा गया है । वेदान्तसूत्र १।४।७ में 'महद्वच्च' उक्त है । महद्वच्चेति—बुद्धेरात्मेत्यत्र महच्छब्देन प्रथमविकारे वाच्ये महतो महान् पर इत्यनिष्टं स्यात् । तथा आत्मशब्देन महतो विशेषणं चानिष्टमतो न प्रथमविकारो गृह्यते । एवमात्मपरत्वोक्तं स्तत्राव्यक्तशब्देन प्रधानं न ग्राह्यम् । न ह्यात्मनः परतया प्रधानं सांख्यैर्मतं तस्मात् सूक्ष्मशरीरं तदिति सुष्ठूक्तम् । 'बुद्धि से महान् आत्मा श्रेष्ठ है ।' यहाँ बुद्धि से श्रेष्ठत्व कथन हेतु एवं आत्मशब्द के सहित एकार्थता निबन्धन जिस प्रकार महत् शब्द से स्मृत्युक्त महत्तत्त्व का ग्रहण नहीं होता है, तद्रूप आत्मा से श्रेष्ठत्व कथन हेतु अव्यक्त शब्द से प्रधान का ग्रहण नहीं होगा ।

अतएव महत् शब्द से परमात्मा ही गृहीत हैं । अथवा, महान्त जो पुरुषादि अंश, तत् समुदय युक्त होकर आविर्भूत हैं, तज्जन्य आप महदंश युक्त हैं ।

विष्णुसहस्रनामस्तोत्र में उक्त है—'लोकनाथं महद्भूतं' यहाँ जिस प्रकार महत् स्वरूप के सहित अव्यभिचार प्रदर्शित हुआ है । उस प्रकार महदंशयुक्त शब्द के द्वारा श्रीकृष्ण में निजांशसमूह सम्मिलित होने से भी निज स्वरूप की विकृति नहीं होती है । महद्भूत शब्द का अर्थ—परम कारण । श्रीहरि, अनन्त ब्रह्माण्ड एवं वैकुण्ठादि धाम का निमित्त उपादान कारण है । स्वयं ही ब्रह्माण्डसमूह के सृष्टि-स्थिति-विलय कार्य्य करते रहते हैं, एवं धामसमूह के आविर्भाव तिरोभाव सम्पन्न करते हैं । तथापि आपका स्वरूप ह्रास वृद्धि प्राप्त नहीं होता है ।

६२। तथैवम् (भा० १०।२।९) "अथाहमंशभागेन" इत्यादावप्येवं व्याख्येयम्। अंशानां भागो भजनं प्रवेशो यत्र तेन परिपूर्णरूपेण; अंशानां भजनेन लक्षितो वा। 'प्राप्स्यामि' इति प्रकटलीलाभिप्रायेण भविष्यन्निर्द्देशः। अतएव तदवतारसमये युगावतारश्च स एवेत्यभिप्रेत्याह, (भा० १०।८।१३)—

(६२) "आसन् वर्णास्त्रयो ह्यस्य गृह्णतोऽनुयुगं तनूः।
शुक्लो रक्तस्तथा पीत इदानीं कृष्णतां गतः॥"१९४॥

अस्य तव पुत्रस्य प्रतियुगं तनुर्युगावतारलीलावतारान् गृह्णतः प्रकटयतो यद्यपि तत्र तत्र शुक्लादयस्त्रयोऽप्यन्ये वर्णा आसन्, तथापि यो यः शुक्लस्तथा रक्तः पीतश्च, स स इदानीमेतदवतारसमये कृष्णतामेव गतः; एतस्मिन् कृष्णाकार एवान्तर्भूतः। किमुत यो यः कृष्णः, स स एवेत्यर्थः। तस्मात् कृष्णीकर्त्तृत्वात् स्वयं कृष्णत्वात् सर्वाकर्षकत्वाच्च कृष्ण इत्येकमस्य नामेति प्राकरणिकोऽप्यर्थः श्रेयान्। तदानीं श्रीकृष्णस्यैव द्वापरयुगावतारत्वं श्रीकरभाजनेन

अथवा—महत् अंशसमूह के सहित, एवं अंशसमूह के सहित मिलित को महदंशयुक्त कहा जाता है। श्रीमदुद्धव श्रीविदुर को कहे थे॥६१॥

उक्त श्लोकस्थ "महदंशयुक्त' पद की जिस प्रकार व्याख्या की गई है, उस प्रकार भा० १०।२।९ "अथाहमंशभागेन देवक्याः पुत्रतां शुभे। प्राप्स्यामि त्वं यशोदायां नन्दपत्न्यां भविष्यसि॥" 'अंशभागेन' शब्द के द्वारा भी श्रीकृष्ण में निखिल अंशांश प्रविष्ट हैं इस प्रकार अर्थ को जानना होगा। योगमाया के प्रति श्रीकृष्ण ने कहा—मैं अंश भाग से अर्थात् पूर्णरूप से देवकी का पुत्र बनूँगा। तुम भी नन्दपत्नी यशोदा से आविर्भूत हो जाओ।

अंशानां—भाग भजन है जहाँ। उस प्रकार परिपूर्ण स्वरूप से आविर्भूत होंगे। अथवा अंश समूह के भजन द्वारा जो परिलक्षित हैं, वह अंश भाग है, अर्थात् अंशसमूह के भजन से अंशी श्रीकृष्ण का परिचय प्राप्त होता है। जिस प्रकार श्रीनृसिंहदेव का भजन से श्रीकृष्ण तत्त्व में परिज्ञान स्वामिचरण का हुआ। उक्त श्लोक में 'प्राप्स्यामि' क्रियापद का प्रयोग है, वह भी प्रयुक्त प्रकटलीलाभिप्राय से ही हुआ है। आगन्तुक देवकी पुत्र होने के अभिप्राय से उक्त पद का प्रयोग नहीं हुआ है। कारण, आप नित्य ही देवकीपुत्र हैं। श्रुति में 'कृष्णाय देवकीपुत्राय' प्रयोग है।

सर्वावतारावतारी श्रीकृष्ण के आविर्भाव के समय में युगावतार भी श्रीकृष्ण ही हैं। कारण, श्रीकृष्ण में ही सर्वावतारों का प्रवेश सुसिद्ध है। तज्जन्य नामकरण प्रसङ्ग में भी श्रीव्रजाचार्य्य के प्रति श्रीगर्गाचार्य्य ने कहा—"आसन् वर्णास्त्रयो ह्यस्य गृह्णतोऽनुयुगं तनूः।
शुक्लो रक्तस्तथा पीत इदानीं कृष्णतां गतः॥"

'तुम्हारा यह पुत्र, प्रति युग में ही शरीर ग्रहण करता रहता है। इनके शुक्ल, रक्त, पीत तीन वर्ण हो गये हैं। सम्प्रति कृष्णता प्राप्त है, अतएव 'कृष्ण' इनका नाम है।

प्रति युग में तनु प्रकटनकारी इस बालक के अनेक तनु हैं, अर्थात् युगावतार, लीलावतार भेद से अनेक तनु प्रकट करते हैं। उसमें उस उस युग में शुक्ल, रक्त, पीत वर्णत्रय हो गये हैं। तथापि शुक्ल, रक्त, पीत वर्ण भी अधुना कृष्णावतार में अन्तर्भुक्त हो गये हैं। अतएव कृष्ण ही उन उन वर्णों में प्रकटित होते हैं, इसकी प्रतीति सुस्पष्ट रूप से होती है।

युगावतारोपासनायामुक्तम्, न तु द्वापरान्तरवच्छुकपक्षवर्णरयाच्यस्य ; (भा० ११।५।२७-२९)—

"द्वापरे भगवान् श्यामः पीतवासा निजायुधः ।
श्रीवत्सादिभिरङ्कैश्च लक्षणैरुपलक्षितः ॥१९५॥
तं तदा पुरुषं मर्त्या महाराजोपलक्षणम् ।
यजन्ति वेदतन्त्राभ्यां परं जिज्ञासवो नृप ॥१९६॥
नमस्ते वासुदेवाय नमः सङ्कर्षणाय च ।
प्रद्युम्नायानिरुद्धाय तुभ्यं भगवते नमः ॥"१९७॥ इति ।

अत्र श्रीकृष्णत्वे लिङ्गं महाराजोपलक्षणमिति वासुदेवायेत्यादि च श्रीहरिवंशोक्त-राजराजाभिषेकाद्द्वारकायां चतुर्व्यूहत्वप्रसिद्धेश्च ॥ गर्गः श्रीव्रजेश्वरम् ॥

अर्थात् सत्य में युगावतार—शुक्ल, त्रेतावतार—रक्त, कलि में अवतार पीतवर्ण उपलक्षण से द्वापर युगावतार शुकपक्षाभ अवतार भी कृष्ण में अन्तर्भुक्त हैं। अतएव जो जो कृष्णवर्ण के नहीं हैं, उनको कृष्णवर्णाक्रान्त किये हैं, एवं स्वयं कृष्ण हैं। तथा सर्वाकर्षक हेतु "कृष्ण" इनका एक नाम है, यह ही प्रकरणलब्ध सारार्थ है।

वृहत्क्रमसन्दर्भः। "अथ वसुदेवेन प्रहितो गर्गः श्रीरामकृष्णयोर्नामकरणं यदकरोत्तदाह—आसन् वर्णास्त्रय इत्यादि सार्द्धेन। अस्य श्रीकृष्णस्यावतारिणस्तनूरवतार रूपाणि अनुयुगं युगे युगे गृह्णतस्त्रयो वर्णा आसन्। 'के ते' इत्याह—शुक्ल इत्यादि। सत्ये यमवतारमकरोत्, तस्य शुक्लो वर्ण आसीत्, त्रेतायां रक्तवर्ण आसीत्, द्वापरे तथा अपीतः, यथा शुक्लो रक्तस्तथा श्यामोऽपि। अपीत शब्देन श्याम उच्यते—शुक्लरक्तकृष्णानां पारिशेष्यात्। वक्ष्यति च (भा० ११।५।७) 'द्वापरे भगवान् श्यामः' इत्येकादशे। इदानीं कलौ कृष्णतां गतः। कृष्णतेति भाव—निर्देशेन भावस्य च सत्तारूपतया स्वाभाविक-नित्यसिद्ध एवायं चिद्वर्णः, नतु पूर्वपूर्वावतारवदौपाधिकः। यद्वा इदानीमिति कलिकालपरत्वम्। तथैकादशे वक्ष्यति (भा० ११।५।३१-३२) 'कलावपि तथा शृणु' कृष्णवर्णं तथा कृष्णम्' इत्यादि।"

श्रीगर्गाचार्य्य के समान श्रीकरभाजन योगीन्द्र ने भी श्रीकृष्ण को द्वापर युगावतार रूप में निर्देश किया है। किन्तु द्वापरान्त में प्रकटित शुकपक्ष वर्ण का निर्देश नहीं किया है। आपने कहा है—(भा० ११।५।२७-२९) द्वापर युग में भगवान् अतसी कुसुमवत् श्यामवर्ण, पीतवसनधारी, चक्रादि आयुध समन्वित, श्रीवत्स एवं करचरणादिगत पद्मादि चिह्नाङ्कित एवं कौस्तुभ प्रभृति से विभूषित होकर अवतीर्ण होते हैं।

'हे नृप! उस समय ईश्वरतत्त्व जिज्ञासु व्यक्तिगण, वेद एवं तन्त्रोक्त पद्धति के अनुसार छत्र चामरादि द्वारा महाराजोपलक्षणयुक्त पुरुष की पूजा करते हैं।'

'वासुदेव को नमस्कार, सङ्कर्षण को नमस्कार, भगवान् प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध को नमस्कार, इस प्रकार कहकर द्वापरयुगाधिवासिगण जगदीश्वर का स्तव करते हैं।'

श्रीकरभाजनोक्त (भा० ११।५।२७-२९) श्लोकसमूह में श्रीकृष्ण ही द्वापर युग के उपास्य रूप में प्रविष्ट हुये हैं। कारण, उक्त कथन में 'महाराजोपलक्षण' एवं वासुदेवादि पद ही उनका प्रतिपादक है। श्रीकृष्ण की महाराजोचित अभिषेक की कथा का वर्णन हरिवंशस्थ विष्णुपर्व के ५० अध्याय में है। श्रीरुक्मिणी स्वयम्बरोपलक्ष्य में श्रीकृष्ण का आगमन समय में विदर्भ नगर में नराधिपति क्रथ कौशिक

९३। तदेवं श्रीकृष्णस्य स्वयं भगवत्त्वे सुष्ठु निर्धारिते नित्यमेतद्रूपत्वेनावस्थितिरपि स्वयमेव सिद्धा। तथापि मन्दधियां भ्रान्तिहानार्थमिदं विव्रियते। तत्र तावदाराधनावाक्येनैव सा सिध्यति। आराध्यस्याभावेऽप्याराधनानोदनाया विप्रलिप्साजन्यत्वापत्तेः। तच्च परमाप्ते शास्त्रे न सम्भवति, सम्भवे च पुरुषार्थाभावात् शास्त्रानर्थक्यम्। आरोपश्च परिच्छिन्नगुणरूप एव वस्तुनि कल्पते, नानन्तगुणरूपे। स्वामिचरणैरपीदमेव पुष्टमेकादशान्ते

नामक भ्रातृयुगल ने, देवराज प्रेरित विश्वकर्मा निर्मित सिंहासन में श्रीकृष्ण को उपवेशन कराकर महाराजोचित अभिषेक किया था। एवं भा० ११।५।२७ श्लोकोक्त वासुदेवादि, द्वारका चतुर्व्यूह हैं, उस प्रकार ही सर्वत्र प्रसिद्धि है।

उक्त श्लोकत्रय की क्रमसन्दर्भ टीका। द्वापर युगावतार कथयन् श्रीकृष्णाविर्भावमय-तद्युग-विशेषस्य च वैशिष्ट्यातिशयमभिप्रेत्य तमेव तत्तत्सर्वमयमाह—द्वापर इति सामान्यतस्तु द्वापरे शुकपत्रवर्णत्वम्, कलौ श्यामत्वं विष्णुधर्मोत्तरे दर्शितम्। "द्वापरे शुकपत्राभः, कलौ श्यामः प्रकीर्त्तितः" इत्युद्देशेन।२७।

महाराजोपलक्षणमिति श्रीहरिवंशवर्णितराजेन्द्राभिषेकात्। तादृशं परं पुरुषं यजन्तीत्यन्वयः। यजने हेतुः—'जिज्ञासवस्तमेवानुभवितुमिच्छवः' इति।२८।

चतुर्व्यूहतालिङ्गेन श्रीकृष्णत्वमेव विशेषतः स्पष्टयन्नाह—'नमस्ते' इति।२९।

सत्य, त्रेता, द्वापर एवं कलि चतुर्युग में एक दिव्ययुग होता है। ७१ दिव्ययुग में एक मन्वन्तर है, १४ मन्वन्तर में ब्रह्मा का एक दिन है, उस परिमाण से ही रात्रि होती है। सप्तम मन्वन्तरीय अष्टाविंश चतुर्युग के द्वापर के शेषभाग में श्रीकृष्ण अवतीर्ण होते हैं। ब्रह्मा के अहोरात्र में श्रीकृष्ण एकवार अवतीर्ण होते हैं। जिस द्वापर में श्रीकृष्ण अवतीर्ण नहीं होते हैं, उस द्वापर में शुकपक्ष वर्ण का युगावतार होता है। श्रीगर्ग श्रीव्रजेश्वर को कहे थे।९२॥

यद्यपि उक्त प्रमाणसमूह के द्वारा श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता सुष्ठुरूपेण निर्द्धारित होने पर सतत श्रीकृष्ण रूप में ही उनका अवस्थान स्वयं ही निष्पन्न होता है। तथापि मन्दबुद्धिसम्पन्न व्यक्तिसमूह की भ्रान्ति को विदूरित करने के निमित्त सप्रमाण विचार उपस्थित करते हैं।

प्रथमतः आराधना वाक्यसमूह के द्वारा ही श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का प्रतिपादन सुचारु रूप से होता है। श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का सन्देह रहने पर शास्त्र कदापि तदीय आराधना के निमित्त उपदेश प्रदान नहीं करते। आराध्य का अभाव होने पर यदि आराधना के निमित्त विधान प्रदत्त होता है तो, विप्रलिप्सा दोष उपस्थित होता है। 'भ्रम, प्रमाद, विप्रलिप्सा, करणापाटव दोष चतुष्टय पुरुषगत हैं। तदीय वाक्य में उसका सञ्चार होता है। अवस्तु में वस्तु बुद्धि भ्रम, यथा—शुक्ति में रजत बुद्धि। अनवधानता—प्रमाद, जिससे निकटस्थित वस्तु का बोधन नहीं होता है। वञ्चनेच्छा ही विप्रलिप्सा है, यथा शास्त्रार्थ का प्रकाश शिष्य के समीप में न करना। इन्द्रिय मान्द्य को करणापाटव कहते हैं। जिससे मनोभिनिवेश के द्वारा भी वस्तुज्ञान नहीं होता है।

शास्त्रपरमाप्त अर्थात् परम विश्वस्त है, उनमें विप्रलिप्सा दोष की सम्भावना नहीं है। शास्त्र में विप्रलिप्सा दोष को मान लेने पर पुरुषार्थ वस्तु का अभाव से शास्त्र में आनर्थक्य उपस्थित होगा। अज्ञात यथार्थ पुरुषार्थ वस्तु का निर्देश, एवं उसका प्राप्त्युपाय कीर्त्तन में शास्त्र की सार्थकता है। जो है ही नहीं, उसका प्राप्त्युपाय कीर्त्तन व्यर्थ ही है। मायावादियों का मत खण्डनपूर्वक श्रीकृष्ण रूप का

(भा० ११।३१।६) "धारणाध्यानमङ्गलम्" इत्यत्र धारणाया ध्यानस्य च मङ्गलं शोभनं

नित्यत्व प्रतिपादन करते हैं। उक्त मत में 'श्रीकृष्ण नामक परमार्थभूत कोई भी वस्तु नहीं है। सगुण उपासक के निमित्त ब्रह्म में उक्त रूप का आरोप हुआ है, यह सम्पूर्ण भ्रम है। कारण, आरोप, परिच्छिन्न गुणरूपविशिष्ट वस्तु में कल्पित होता है, किन्तु अनन्त गुणरूपविशिष्ट वस्तु में आरोप कल्पित होने की सम्भावना ही नहीं है। 'सिंहो मानवकः' स्थल में परिच्छिन्न आकृतिविशिष्ट मानवक में सिंहत्व का आरोप परिच्छिन्न दृष्टि सम्पन्न जन करते हैं। आकारहीन असीम मानवक होने से उसमें सिंहत्व का आरोप करना असम्भव होगा। उभय वस्तु का बोध जहाँ पर है, वहाँ सादृश्य की सम्भावना होती है। गुण कर्मादि की प्रतीति होने से उसके सादृश्य से एक का धर्म अन्यत्र आरोपित हो सकता है। जैसे 'सिंहो मानवकः' स्थल में सिंहवत् पराक्रमविशिष्ट बालक है, कहा जाता है। किन्तु वाणी एवं मन का अगोचर अद्वय निरवयव पदार्थ में अपर वस्तु का धर्म कैसे आरोप होगा? सादृश्य हेतु उभय पदार्थ की स्थिति आवश्यक है। सिंह एवं बालक की स्थिति होने से ही सिंहगत शौर्य्यवीर्य्य का आरोप मानवक में हुआ। प्रस्तुत स्थल में आरोप असम्भव है। कारण, ब्रह्म असीम एवं अवयव विहीन, सजातीय द्वितीय रहित हैं। किसका धर्म कहाँ आरोपित होगा, एवं आरोप कौन करेगा?

कल्पना को पुष्ट करने के निमित्त शास्त्र वचनों को एकत्र कर परतत्त्व निर्वचन करने पर वह सर्वजन समादृत नहीं होता, कारण मुग्धगण ही उस सिद्धान्त को मानते हैं। विवेचकवृन्द का मन उसमें प्रविष्ट नहीं होता है। अतएव उक्त सिद्धान्त में मतभेद होना अनिवार्य्य है। किन्तु वह यदि महदनुभव के द्वारा प्रमाणित होता है, तब वह सिद्धान्त सर्वथा आदरणीय होता है। तज्जन्य विद्वद् गोष्ठीवरिष्ठ श्रीधरस्वामिचरण प्रभृति महानुभाववृन्द के अनुभव प्रमाण के द्वारा प्रतिपादित श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का प्रदर्शन करते हैं। भा० ११।३१।६ में वर्णित है—

"लोकाभिरामां स्वतनुं धारणाध्यानमङ्गलम्। योगधारणयाग्नेय्या दग्ध्वा धामाविशत् स्वकम्॥"

टीका—योगिनामिव स्वच्छन्दमृत्युभ्रमं वारयति—लोकाभिरामामिति। अयमर्थः—योगिनो हि स्वच्छन्दमृत्यवः स्वां तनुमाग्नेय्या योगधारणया दग्ध्वा लोकान्तरं प्रविशन्ति, भगवान्तु न तथा किन्तु अदग्ध्वैव स्वतनुसहित एव स्वकं धाम वैकुण्ठाख्यमाविशत्। तत्र हेतुः—लोकाभिरामाम्, लोकानामभिरामोऽभितो रमणं स्थितिर्यस्यां ताम्। जगदाश्रयत्वेन जगतोऽपि दाहप्रसङ्गादित्यर्थः। किञ्च धारणाया ध्यानस्य च मङ्गलं शोभनं विषयम्, अन्यथा तयोर्निर्विषयत्वं स्यात्। दृश्यते चाद्यापि तदुपासकानां तथैव तद्रूपसाक्षात्कारः फलप्राप्तिश्चेति भावः। इच्छाशरीराभिप्रायेण वा यथा श्रुतमेवास्तु तत्रापि तु लोकाभिरामामित्यादीनां विशेषणानामानर्थक्य प्रसङ्गात् तदप्यदग्ध्वा तिरोधाय निर्गतः, इत्येव साम्प्रतम्।

श्रीशुक ने कहा—'आग्नेयी योगधारणा के द्वारा योगिगण निज देह को दग्ध करते हैं। किन्तु श्रीकृष्ण, लोकाभिराम धारणा—ध्यान का मङ्गलस्वरूप निज तनु को दग्ध न करके ही निज धाममें प्रविष्ट हुये थे।

उक्त श्लोकस्थ श्रीस्वामिपादकृत व्याख्या का तात्पर्य्य यह है—योगियों के समान श्रीकृष्ण की स्वच्छन्द मृत्यु का निवारण करते हैं। इसका अर्थ यह है कि—योगियों की मृत्यु स्वेच्छाधीन है। वे सब आग्नेयी योगधारणा द्वारा स्वीय तनु को दग्ध करके लोकान्तर गमन करते हैं। किन्तु श्रीभगवान् वैसा नहीं करते हैं। निज तनु को दग्ध न करके ही निज धाम में प्रविष्ट होते हैं। कारण यह है कि—लोकसमूह का अभिराम यह तनु है। अर्थात् सर्वतो भावेन उस तनु में सबकी स्थिति है। अतः वह तनु जगदाश्रय है। वह दग्ध होने से जगत् दग्ध होगा।

विषयम्, इतरथा तयोर्निर्विषयत्वम् । दृश्यते चाद्याप्युपासकानां साक्षात्कारस्तत्फलप्राप्तिश्चेति भावः । श्रूयते चैवं पञ्चमे नवसु वर्षेषु तत्तदवतारोपासनादि ; यथोक्तम् (भा० ५।१७।१४)— "नवस्वपि वर्षेषु भगवान्नारायणो महापुरुषः पुरुषाणां तदनुग्रहायात्मतत्त्वव्यूहेनात्मनाद्यापि सन्निधीयते" इति । सन्निधानञ्चेदं साक्षाद्रूपेणैव श्रीप्रद्युम्नादौ गतिविलासादेर्वर्णितत्वात् ।

श्रीकृष्ण रूप का अभाव होने से ध्यान धारणा का विषय कौन होगा ? श्रीकृष्ण रूप ही धारणा ध्यान मङ्गल है, अर्थात् परम सुन्दर है । यह रूप नित्य न होने से धारणा एवं ध्यान उभय ही निर्विशेष होगा । आज भी दृष्ट होता है—उपासकगण श्रीकृष्ण दर्शन करते हैं, एवं श्रीकृष्ण दर्शन का फल प्राप्त भी करते हैं । भगवत् साक्षात्कार का फल यह है—

"भिद्यते हृदयग्रन्थि छिद्यन्ते सर्वसंशयाः । क्षीयन्ते चास्य कर्माणि दृष्ट एवात्मनीश्वरे ।।"

(भा० १।२।२१)

हृदय में ईश्वर साक्षात्कार होने से हृदय ग्रन्थि का भेदन, सर्वसंशय ग्रन्थि का छेदन, एवं निखिल कर्म का क्षय होता है । धारणा एवं ध्यान का एकमात्र अवलम्बनस्वरूप श्रीकृष्ण रूप है । उक्त रूप ही उपासक का प्रत्यक्षगोचर होता है, अतः धारणा एवं ध्यान का वह अतीव मनोरम विषय है, उक्त कथन का यह ही भावार्थ है ।

अर्थात् मानव मन स्वभावतः ही मनोहर रूपगुणविशिष्ट वस्तु में आकृष्ट होता है । उक्त मनोहर रूपगुणों की परमावधि श्रीकृष्ण में ही है । श्रीकृष्ण में, असाधारण धर्मरूप सर्वाकर्षण सामर्थ्य, सर्वाधिक विद्यमान है । उसकी प्रतीति, श्रीकृष्ण नाम की व्युत्पत्ति से ही होती है ।

"कृषिर्भूवाचकः शब्दो णश्च निर्वृ तिवाचकः । तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ।।"

श्रीकृष्ण सर्वाकर्षक आनन्दसत्ता है, रूप एवं गुण के द्वारा श्रीकृष्ण अतुलनीय हैं, एवं स्वभाव भी सर्वाकर्षक है । वह आकर्षण भी आनन्द के द्वारा ही है । सुतरां श्रीकृष्ण में मानव चित्त सकृत् निबद्ध होने से वह चित्त कभी भी वियुक्त नहीं होता है । उससे तैलधारावत् अविच्छिन्न चित्त संयोग स्वतः ही निष्पन्न होता है । अन्तर्बहिः साक्षात्कार रूप फल ही श्रीकृष्ण ध्यान का है । उससे अन्तर बाहर परमानन्द से आप्लुत होता है । अपर भगवत् स्वरूप में इस प्रकार सर्वाचित्ताकर्षक सामर्थ्य नहीं है । ब्रह्म परमात्म स्वरूप तो श्रीकृष्ण स्वरूप के निकट उल्लेखयोग्य ही नहीं है । वेण की मुक्ति न होने का कारण ही है, उक्त श्रीभगवत् स्वरूप में आवेशाभाव, तज्जन्य ही श्रीकृष्ण रूप को धारणा ध्यान का परम शोभन विषय कहा गया है ।

केवल श्रीकृष्ण स्वरूप में स्वयं भगवान् की नित्य स्थिति नहीं, अपितु निखिल श्रीभगवत्स्वरूप समूह की उन उन रूपों में नित्य स्थिति है । उपासकगण भी उन उन स्वरूप की उपासना करते हैं, एवं साक्षात्कार भी करते हैं । भा ५।१७।१४ में उसका वर्णन है—

"नवस्वपि वर्षेषु भगवान् नारायणो महापुरुषः पुरुषाणां
तदनुग्रहायात्मतत्त्वव्यूहेनात्मनाद्यापि सन्निधीयते ।"

टीका—"नवस्वपि वर्षेषु ये पुरुषास्तेषां तदनुग्रहाय स चासौ वक्ष्यमाणोऽनुग्रहश्च तदर्थम् आत्मतत्त्व व्यूहेन स्वमूर्त्तिसमूहेन सन्निधीयते सन्निहितो भवति ।"

नाभिकिंपुरुष, हरिवर्ष, इलावृत, रम्यक्, हिरण्मय, कुरु, भद्राश्व, केतुमाल नामानुसार जम्बुद्वीप को नवधा विभक्त अग्निध्र पुत्र नाभि ने किया था । यह नववर्ष में ही महापुरुष भगवान् नारायण उपासकों के प्रति अनुकम्पा करने के निमित्त आत्मतत्त्व व्यूह में साक्षात् निज मूर्त्ति के द्वारा उन सबके

अत्र चात्मना स्वयमेवेत्युक्तम्। तथा नित्यत्व एव शालग्रामशिलादिषु नरसिंहत्वादिभेदश्च सङ्गच्छते। तत्तदवतारसान्निध्यादेव हि तत्तद्भेदः। तथा श्रीकृष्णमधिकृत्यापि गीतं श्रीविष्णुधर्मोत्तरस्थ-श्रीकृष्णसहस्रनाम-प्रारम्भे—

"तस्य हृष्टाशयः स्तुत्या विष्णुर्गोपीगणावृतः। तापिञ्छश्यामलं रूपं पिञ्छोत्तंसमदर्शयत्॥"१९८॥ इति;

अग्रे च तद्वाक्यम्—

"मामवेहि महाभाग कृष्णं कृत्यविदाम्वर।
पुरस्कृतोऽस्मि त्वद्भक्त्या पूर्णाः स्युस्ते मनोरथाः॥"१९९॥ इति;

तथा पाद्मे निर्माणखण्डे—"पश्य त्वं दर्शयिष्यामि स्वरूपं वेदगोपितम्" इति श्रीभगवद्वाक्यान्तरं ब्रह्मवाक्यम्—

"ततोऽपश्यमहं भूप बालं कालाम्बुदप्रभम्। गोपकन्यावृतं गोपं हसन्तं गोपबालकैः॥२००॥
कदम्वमूल आसीनं पीतवाससमद्भुतम्। वनं वृन्दावनं नाम नवपल्लवमण्डितम्॥"२०१॥ इत्यादि;

त्रैलोक्यसम्मोहनतन्त्रे श्रीमदष्टादशाक्षरजप-प्रसङ्गे—

"अहर्निशं जपेद्यस्तु मन्त्री नियतमानसः। स पश्यति न सन्देहो गोपरूपधरं हरिम्॥"२०२॥ इति;

सन्निकटवर्त्ती होते हैं।

यह सन्निधान—साक्षात् रूप से होता है, प्रतिमादि रूप से नहीं। कारण, उक्त वर्षसमूह में विराजमान श्रीप्रद्युम्न प्रभृति के जो गति विलासादि वर्णित हैं, उसका वर्णन साक्षात् रूप से ही सम्भव है, प्रतिमा रूप से नहीं। उक्त वर्णन में 'आत्मना' पद का प्रयोग है। उससे बोध होता है, आप स्वयं हि सन्निहित होते हैं।

श्रीभगवदाविर्भावसमूह का नित्यत्व मान लेने पर ही शालग्राम शिला में श्रीनरसिंहत्व प्रभृति भेद की सङ्गति सम्भव है। श्रीनरसिंह प्रभृति विभिन्न अवतारों का साम्निध्य निवन्धन शालग्राम शिला का नारसिंहादि भेद होता है। अर्थात् जिसमें श्रीनरसिंह देव का सन्निधान है, उनका नाम नरसिंह चक्र है। जहाँ श्रीमधुसूदन का सन्निधान है, उन्हें मधुसूदन कहते हैं। उस प्रकार भगवदाविर्भावसमूह का नित्यत्व प्रतिपादन मूलक वर्णन श्रीविष्णुधर्मोत्तरस्थ श्रीकृष्णसहस्रनाम वर्णनारम्भ में है—"उनकी स्तुति से आनन्दित होकर गोपाङ्गनावृत विष्णु, शिखिपिच्छ चूड़ालङ्कृत तमालश्यामल रूप का सम्यक् दर्शन कराये थे।"

इस श्लोक के अग्रभाग में श्रीकृष्ण की उक्ति इस प्रकार है—हे महाभाग! हे श्रेष्ठ कर्त्तव्यवित्! मैं ही कृष्ण हूँ, मुझको उत्तम रूप से जानो, मैं तुम्हारी भक्ति से सन्तुष्ट होकर उपस्थित हुआ हूँ। तुम्हारे मनोरथ समूह पूर्ण होवें।"

उस प्रकार वर्णना ही पद्मपुराण के निर्माणखण्ड में है—"देखो, मैं तुम्हें वेदगोप्य स्वरूप को दर्शाता हूँ।"

इस प्रकार भगवद्वाक्य के अनन्तर ब्रह्मवाक्य यह है—"हे भूप! तत्पश्चात् मैंने कालाम्बुदप्रभ बालक को देखा, आप पीताम्बर शोभित, गोपवेश, कदम्ब मूल में उपविष्ट, गोपकन्यावृत एवं गोप बालकवृन्द के सहित विनोदहास्य परायण थे। और नवपल्लवमण्डित वृन्दावन नामक वन को भी देखा।" इत्यादि।

त्रैलोक्यसम्मोहन तन्त्रस्थ श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र प्रसङ्ग में उक्त है—"जो व्यक्ति संयत चित्त से

गौतमीये च सदाचारप्रसङ्गे—

"अहर्निशं जपेन्मन्त्रं मन्त्री नियतमानसः। स पश्यति न सन्देहो गोपवेशधरं हरिम् ॥"२०३॥ इति ;

श्रीगोपालतापनीश्रुतिश्चैवम् (पू० २६)—"तदु होवाच ब्राह्मणोऽसावनवरतं मे ध्यातः स्तुतः परार्द्धान्ते सोऽबुध्यत गोपवेशो मे पुरस्तादाविर्बभूव" इति सिद्धनिर्देशोऽपि श्रूयते, यथा—"वन्दे वृन्दावनासीनमिन्दिरानन्दमन्दिरम्" इति बृहन्नारदीयारम्भे मङ्गलाचरणम्।

"गृहे संतिष्ठते यस्य माहात्म्यं दैत्यनायक। द्वारकायाः समुद्भूतं सान्निध्यं केशवस्य च।
रुक्मिणीसहितः कृष्णो नित्यं निवसते गृहे ॥"२०४॥

इति स्कान्दद्वारकामाहात्म्ये बलिं प्रति श्रीप्रह्लाद-वाक्यम्।

"व्रतिनः कार्त्तिके मासि स्नातस्य विधिवन्मम। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं राधया सहितो हरे ॥२०५॥

इति पाद्मकार्त्तिक-माहात्म्ये तत्प्रातःस्नानार्घ्यमन्त्रः। एवञ्च श्रीमदष्टादशाक्षरादयो मन्त्रास्तत्तत्परिकरादिविशिष्टतयैवाराध्यत्वेन सिद्धनिर्देशमेव कुर्वन्ति। तदावरणादिपूजा-

अहर्निश मन्त्र जप करता है, वह गोपवेशधर हरि का दर्शन करता है। इसमें कोई सन्देह नहीं है।"

गौतमीयतन्त्र के सदाचार प्रसङ्ग में उक्त है—"इस मन्त्र में दीक्षित व्यक्ति संयत चित्त से मन्त्र का जप अहर्निश करे। इस रीति से जप करने पर वह गोपवेशधारी हरि का दर्शन लाभ करेगा, इसमें संशय नहीं है।"

श्रीगोपालतापनी श्रुति में लिखित है—सनकादि मुनिगण, पञ्च पदात्मक पद्पदी श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र के स्वरूप सम्बन्ध में जिज्ञासा करने पर, उत्तर में श्रीब्रह्मा कहे थे—पुत्रगण! मैं पुराकाल में परार्द्धकाल पर्य्यन्त ध्यान एवं स्तवपरायण होने से श्रीगोपाल मेरे प्रति मनोनिवेश किए थे। अनन्तर परार्द्धान्त में गोपवेशधर पुरुष मेरे सम्मुख में आविर्भूत हुए थे।

उक्त वचनसमूह के द्वारा प्रतिपादित हुआ कि—साधन का फलस्वरूप श्रीकृष्ण का आविर्भाव होता है। अनन्तर सिद्ध निर्देश द्वारा श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति का प्रतिपादन शास्त्रीय वचनों से करता हूँ। बृहन्नारदीयपुराण के मङ्गलाचरण में वर्णित है—"वन्दे वृन्दावनासीनमिन्दिरानन्दमन्दिरम्" वृन्दावनस्थित इन्दिरा का आनन्दमन्दिर श्रीकृष्ण की वन्दना मैं करता हूँ।

साधन के द्वारा आविर्भूत स्वरूप का प्रतिपादन के अनन्तर सिद्ध निर्देश करने का प्रयोजन यह है कि—सिद्ध निर्देश न करने से मायावादिगण, श्रीकृष्णस्वरूप का अनित्यत्व प्रतिपादन करने का सुयोग प्राप्त करेंगे। उनके मत में एक निर्विशेष तुरीय ब्रह्म ही सगुण उपासक के निमित्त सत्त्वगुणोपहित होकर रामकृष्णादि रूप में आविर्भूत होते हैं। उस प्रकार आविर्भाव सर्वत्र सर्वदा सम्भव है। किन्तु श्रीकृष्ण रूप की नित्यसिद्ध स्थिति प्रमाणित होने से श्रीकृष्ण को निर्गुण ब्रह्म का गुणोपहित स्वरूप कहना असम्भव होगा। अतः सिद्ध निर्देश को दर्शाना परम आवश्यक है।

स्कन्दपुराणस्थ द्वारका माहात्म्य में बलि के प्रति श्रीप्रह्लाद का वाक्य यह है—"हे दैत्य नायक! द्वारका में श्रीकेशव का नित्य सान्निध्य रहता है। श्रीरुक्मिणी के सहित श्रीकृष्ण द्वारका भवन में नित्य विराजित हैं।"

पद्मपुराणीय कार्त्तिक माहात्म्य में उक्त है—"हे हरे! मैं नियमपूर्वक यथाविधि स्नानाचरण कर रहा हूँ। राधा के सहित हे हरे! आप मेरे द्वारा प्रदत्त अर्घ्य ग्रहण करें।" यह प्रातःकालीन स्नानार्घ्य मन्त्र है।

मन्त्रश्च । किं बहुना, कर्मविपाकप्रायश्चित्तशास्त्रेऽपि तथा श्रूयते । यदाह बौधायनः—
"होमस्तु पूर्ववत् कार्य्यो गोविन्दप्रीतये ततः" इत्याद्यनन्तरम्—

"गोविन्द गोपीजनवल्लभेश, कंसासुरघ्न त्रिदशेन्द्रवन्द्य ।
गोदानतृप्तः कुरु मे दयालो, अर्शोविनाशं क्षपितारिवर्ग ॥"२०६॥ इति ;

अन्यत्र च यथा—

"गोविन्द गोपीजनवल्लभेश, विध्वस्तकंस त्रिदशेन्द्रवन्द्य ।
गोवर्द्धनाद्रिप्रवरैकहस्त,-संरक्षिताशेषगवप्रवीण ।
गोनेत्र-वेणुक्षपण प्रभूत,-मान्ध्यं तथोग्रं तिमिरं क्षिपाशु ॥"२०७॥ इति ;

स्पष्टञ्च तथात्वं श्रीगोपालतापन्याम् (पू० ३७)—"गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं वृन्दावन-सुरभूरुहतलासीनं सततं समरुद्गणोऽहं तोषयामि" इति । अतएव "पुरस्कृतोऽस्मि त्वद्भक्त्या" इत्येवोक्तमिति । अलञ्चैवंविधप्रमाणसंग्रहप्रपञ्चेन । यतश्चिच्छक्त्येक-व्यञ्जितानां तत्परिच्छदादीनामपि तथा नित्यावस्थितित्वेनाविर्भाव-तिरोभावादेव द्वितीयसन्दर्भे साधितौ स्तः । सर्वथोत्पत्तिनाशौ तु निषिद्धौ । ततस्तदवताराणाम्, किमुत स्वयंभगवतो वा तस्य

इस प्रकार श्रीमद् अष्टादशाक्षरादि मन्त्रसमूह, उन उन मन्त्र का ध्यान निर्दिष्ट परिकरगण के सहित आराध्य रूप में श्रीकृष्ण का सिद्ध निर्देश करते हैं, एवं तदीय आवरण देवगण के पूजनमन्त्र का भी निर्देश करते हैं। श्रीकृष्णोपासना शास्त्र में इस प्रकार बहुल प्रयोग हैं। विशेषतः कर्मविपाक प्रायश्चित्त शास्त्र में भी श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का विवरण है,—कारण बौधायन की उक्ति से स्पष्टीकरण हुआ है। "अनन्तर श्रीगोविन्द के प्रीतिनिमित्त पूर्ववत् होमानुष्ठान करना कर्त्तव्य है। इसके बाद—हे गोविन्द ! हे गोपीजन वल्लभ ! हे ईश ! कंसासुरघ्न ! हे त्रिदशेन्द्रवन्द्य ! हे दयालो ! आप गोदानरूप कर्म के द्वारा सुतृप्त हो जाओ, आप अरिवर्ग विनाशकारी हो, अतः आप मेरा अर्शरोग को विनष्ट करें।

उक्त स्मृति के अन्य प्रकरण में भी लिखित है—"हे गोविन्द ! हे गोपीजनवल्लभ ! हे ईश ! हे विध्वस्तकंस ! त्रिदशेन्द्रवन्द्य ! हे गोवर्द्धनाद्रिप्रवरैकहस्त ! हे संरक्षिताशेषगव प्रवीण ! हे गोनेत्र वेणुक्षपण ! प्रभूत अन्धता एवं उग्र तिमिर रोग को सत्वर विनष्ट करो।"

गोपालतापनी में उक्त विवरण का सुस्पष्ट उल्लेख है, ब्रह्मा कहते हैं—"सच्चिदानन्द विग्रह श्रीगोविन्द, श्रीवृन्दावनस्थ कल्पतरु के मूलदेश में सतत विराजित हैं। श्रीगोविन्द, पञ्चपदात्मक श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्रमय हैं। मैं मरुद्गणों के सहित उत्कृष्ट स्तुति के द्वारा उनको सन्तुष्ट करता हूँ।
(पूर्व ता० ३७)

उक्त रूप उपासना निबन्धन श्रीविष्णुधर्मोत्तर में ब्रह्मा के प्रति श्रीकृष्ण के वाक्य इस प्रकार है—मैं तुम्हारी भक्ति से सन्तुष्ट होकर सम्मुख में अवस्थित हूँ।" इस प्रकार प्रमाणसमूह का संग्रह करना निष्प्रयोजन है। कारण—केवल चिच्छक्ति के द्वारा उनके परिच्छद प्रभृतिओं की भी श्रीभगवत् विग्रह के समान नित्य स्थिति है। तज्जन्य परिच्छद प्रभृतिओं के आविर्भाव-तिरोभाव होते रहते हैं। वे सब भी सर्वथा उत्पत्ति-विनाशरहित हैं। इसका प्रदर्शन भगवत् सन्दर्भ नामक द्वितीय सन्दर्भ में हुआ है। सुतरां श्रीभगवदवतार समूह की नित्य स्थिति प्रसिद्ध ही है। अतः स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति के सम्बन्ध में किसी प्रकार संशय नहीं हो सकता है।

किमुततरामिति। तथा च व्याख्यातम् (भा० १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपम्" इत्यत्र तत्त्ववादिगुरुभिः—"व्यक्त्यपेक्षया" जगृहे। तथाहि तन्त्रभागवते—

"अहेयमनुपादेयं यद्रूपं नित्यमव्ययम्। स एवापेक्ष्यरूपाणां व्यक्तिमेव जनार्दनः।
अगृह्णाद्व्यसृजच्चेति कृष्ण-रामादिकां तनुम् ॥२०८॥
पठ्यते भगवानीशो मूढबुद्धि-व्यपेक्षया। तमसा ह्युपगूढस्य यत्तमःपानमीशितुः ॥२०९॥
एतत् पुरुषरूपस्य ग्रहणं समुदीर्य्यते। कृष्णरामादिरूपाणां लोके व्यक्तिव्यपेक्षया॥"२१०॥ इति।

एवमेव प्रथमस्य द्वादशाध्याये (भा० १।१२।११) "विधूय" इत्यादि-पद्ये स्वामिभिरपि व्याख्यातम्—"यत्र दृष्टस्तत्रैवान्तर्हितः, न त्वन्यत्र गतः; यतो विभुः सर्वगतः" इति। तथा

प्रश्न हो सकता है कि—यदि श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति सुनिश्चित है, तब जन्मलीलादि का विस्तार करने का प्रयोजन ही क्या है? तत्त्ववाद गुरु श्रीमन्मध्वाचार्य्य चरण उक्त प्रश्न का उत्तर स्वयं दिये हैं। भा० १।३।१ "जगृहे पौरुषं रूपं" इसकी व्याख्या में आपने कहा है—'व्यक्त्यपेक्षया जगृह इति' लोक में अभिव्यक्ति की अपेक्षा से ही रूप ग्रहण की कथा कही गई है। उक्त कथन के पश्चात् श्रीआचार्य्य मध्वमुनि ने तन्त्र भागवत का उद्धरण प्रस्तुत भी किया है। तथाहि तन्त्रभागवते—"अहेयमनुपादेयं यद् रूपं नित्यमव्ययम्। तदेवाक्षयरूपाणां व्यक्तिमेव जनार्दनः। अगृह्णाद् व्यसृजच्चेति कृष्णरामादिकां तनुम्। पठ्यते भगवानीशो मूढबुद्धि-व्यपेक्षया। तमसा ह्युपगूढस्य यत्तमःपानमीशितुः। एतत् पुरुष-रूपस्य ग्रहणं समुदीर्य्यते। कृष्णरामादिरूपाणां लोकव्यक्तिव्यपेक्षया" इति।

जो रूप अहेय है, अनुपादेय है, जो नित्य एवं अव्यय है, वह ही समस्त रूप का अपेक्ष्य अर्थात् आश्रय है। अपेक्ष्य रूप समूह की अभिव्यक्ति ही वह जनार्दन हैं। भगवान् ईश्वर, रामकृष्ण प्रभृति तनुग्रहण एवं विसर्जन करते हैं। शास्त्र में वर्णित है—वह वर्णन केवल मूढ़ व्यक्तियों के सम्बन्ध में हुआ है। तमो द्वारा गुप्त अर्थात् स्वीय चिच्छक्तिरूपा योगमाया का आवरण प्रभाव से गुप्त रूप में स्थित भगवान् की जब जिस आवरणोन्मोचन करने की इच्छा होती है, तब उनके श्रीरामकृष्णादि रूप लोकों के समक्ष में प्रकटित होते हैं। रूप का इस प्राकट्य को 'ग्रहण' शब्द से कहते हैं। यह ग्रहण, लोक लोचन के अन्तराल में स्थित रूप का भुवन में प्रकाश मात्र ही है, किन्तु सृष्टि नहीं है।

अथ श्रीजीवगोस्वामीचरण—"जगृहे—प्राकृतलये स्वस्मिन् लीनं सत् प्रकटतया स्वीकृतवान्" इति। श्रीविश्वनाथचक्रवर्त्ती—"महदादिभिर्लोक सिसृक्षया सम्भूतं रूपं जगृहे इत्यन्वयः" अर्थात् सम्यग्भूतं परमसत्यं पूर्वमपि सदैव स्वरूपेण स्थितमेव रूपं जगृहे,—लोकसृष्ट्यर्थमुपादत्त। ग्रहणस्य विद्यमानवस्तु-विषयत्वात्। घटस्यविद्यमानत्वे घटं जग्राहेति प्रयोगादर्शनाच्च। राजा सेनान्यं विग्विजिगीषया स्वसङ्गे जग्राहेतिवत्" इत्यादि। यत्र हातुमुपादातुं च शक्यं तदेवहि शरीरं नित्यमित्युच्यते। नित्यरूपश्च भगवान्। तस्माद् रूपाणां व्यक्तिमेवापेक्ष्य तथा पठ्यते भगवान्।

सर्वव्यापक वस्तु की उत्पत्ति एवं विनाश असम्भव है, अतः श्रीकृष्ण रूप की विभुता हेतु श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति सुस्पष्ट है। भा० १।१२।११ में उक्त है—

"विधूय तदमेयात्मा भगवान् धर्मगुब्विभुः। मिषतो दशमासस्य तत्रैवान्तर्दधे हरिः॥"

उत्तरा के गर्भ में ब्रह्मास्त्र तेजः से परीक्षित् की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण आविर्भूत होकर भक्तवात्सल्यरूप धर्म का रक्षक एवं सर्वगत भगवान् हरि द्रष्टा परीक्षित् के समक्ष में ही अन्तर्हित हो गये। टीका में स्वामिपाद ने लिखा है—'यत्र दृष्टस्तत्रैवान्तर्हितः, नत्वन्यत्र गतः, यतो विभुः सर्वगतः' इति। परीक्षित् के द्वारा जहाँ पर दृष्ट हुये थे, वहाँ पर ही अन्तर्हित हो गये। अन्यत्र जाकर अन्तर्हित हुये, ऐसा नहीं।

माध्वभाष्यप्रमाणिता श्रुतिश्च—"वासुदेवः सङ्कर्षणः प्रद्युम्नोऽनिरुद्धोऽहं मत्स्यः कूर्मो वराहो नरसिंहो वामनो रामो रामो रामः कृष्णो बुद्धः कल्किरहं शतधाहं सहस्रधाहममितोऽहमनन्तोऽहम्, नैवंते जायन्ते, नैते म्रियन्ते नैषामज्ञानबन्धो न मुक्तिः, सर्व एव ह्येते पूर्णा अजरा अमृताः परमाः परमानन्दाः" इति चतुर्वेदशिखायाम्। तथा च नृसिंहपुराणे—"युगे युगे विष्णुरनादिमूर्त्ति,-मास्थाय विश्वं परिपाति दुष्टहा" इति। तथा च नृसिंहतापन्यां तद्भाष्यकृद्भिर्व्याख्यातम्—"एतदेव नृसिंहविग्रहं नित्यम्" इति। श्रुतिश्च सेयम्—"ऋतं सत्यं परं ब्रह्म पुरुषं नृकेशरिविग्रहम्" इति। एवञ्च ब्राह्मपाद्मोत्तरखण्डादावपि श्रीमत्स्यदेवादीनां पृथक् पृथक् वैकुण्ठलोकाः श्रूयन्ते। "एवमेव जलेषु मां रक्षतु मत्स्यमूर्त्तिः" इति नारायणवर्माद्युक्तमपि सङ्गच्छते। तस्मात् स्वयं भगवति श्रीकृष्णेऽप्यन्यथा-सम्भावनमनादिपापविक्षेप एव हेतुः। तदेवमभिप्रेत्य तान् दुर्बुद्धीनपि बोधयितुं तस्य स्वोपास्यत्वं प्रतिपादयन्नाह (भा० २।४।२०)—

(८३) "पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां, प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः" इति।

कारण, आप विभु हैं, अर्थात् सर्वगत हैं। विभु वस्तु का अन्यत्र गमनागमन असम्भव है। सुतरां आविर्भाव हेतु स्थानान्तर से उनको आना नहीं पड़ता है, एवं तिरोधान के निमित्त भी उनको अन्यत्र जाना नहीं पड़ता है।

निखिल भगवत् स्वरूपों का नित्यत्व के सम्बन्ध में माध्वभाष्य प्रमाणित श्रुति इस प्रकार है—मैं वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध हूँ। मत्स्य, कूर्म, वराह, वामन, नरसिंह, परशुराम, राम, बलराम, कृष्ण, बुद्ध, कल्कि, प्रभृति शतसहस्र रूप में मैं आविर्भूत होता हूँ। उक्त रूपसमूह की वृद्धि, उत्पत्ति, मृत्यु नहीं है। अज्ञानबन्ध नहीं है, मुक्ति भी नहीं है। समस्त रूप-पूर्ण-अजर, अमृत, परमानन्दस्वरूप हैं। यह श्रुति—चतुर्वेद शिखा की है।

उस प्रकार श्रीनृसिंह तापनी में उक्त है—'दुष्टहा विष्णु, युग युग में अनादि मूर्त्ति प्रकट कर विश्व पालन करते हैं।' नृसिंहतापनी में भाष्यकार की व्याख्या भी उक्तानुरूप ही है—"एतदेव नृसिंहविग्रहं नित्यम्" नृसिंह विग्रह, ऋत, सत्य है, सत्य—समदर्शी, पर—सर्वोत्तम, ब्रह्म—विभु, पुरुष—पुरुषरत्न हैं।

ब्रह्मपुराण एवं पाद्मोत्तर खण्ड प्रभृति में श्रीमत्स्यदेव प्रभृति के पृथक् पृथक् धामों का वर्णन है। उक्त वर्णन की रीति से ही श्रीभागवतस्थ नारायण कवच की उक्ति सार्थक होती है। 'जलेषु मां रक्षतु मत्स्यमूर्त्तिः' मत्स्यादि मूर्त्ति की नित्यता स्वीकृत होने से ही 'जल के मध्य में मत्स्यमूर्त्ति भगवान् मेरी रक्षा करें' उक्ति की सङ्गति होती है। यदि मत्स्यदेव नित्य रूप में अवस्थित नहीं होते हैं, तब आप कैसे रक्षा करेंगे?

जब निखिल भगवत् स्वरूप का ही नित्यत्व है, तब स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का नित्यत्व के सम्बन्ध में कोई सन्देह नहीं हो सकता है। श्रीकृष्ण ही सर्वमूल हैं, उनकी सत्ता में ही सबकी सत्ता है। उक्त श्रीकृष्ण रूप के सम्बन्ध में अनित्यत्व बुद्धि किसी को हो-तो उसे अनादि पाप हेतुक ही जाननी होगी। दुर्बुद्धि परायण जनगणों की पापीयसी बुद्धि को जानकर ही श्रीकृष्ण को निजोपास्य रूप में स्थापन करने के निमित्त श्रीशुकदेव ने कहा है, भा० २।४।२०—

स्पष्टम् ॥ श्रीशुकः ॥

६४। तथा (भा० १०।२६।२५) "देवे वर्षति यज्ञविप्लवरुषा" इत्यादौ "प्रीयान्न इन्द्रो गवाम्" इति। स्पष्टम् ॥ सः ॥

६५। तथा (भा० १२।११।२५)—

"श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्,-राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य्य।
गोविन्द गोपवनिताव्रजभृत्यगीत,-तीर्थश्रवः श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान् ॥"२११॥

"श्रियः पतिर्यज्ञपतिः प्रजापतिर्धियां पतिर्लोकपतिर्धरापतिः।
पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां प्रसीदतां मे भगवान् सतांपतिः ॥"

टीका—सर्वपालकत्वमनुस्मरन्नाह—श्रिय इति। गतिश्च सर्वापत्सु रक्षकः।
"अन्धक-वृष्णि-सात्वतगणों का पति, सद्गणों का पति श्रीभगवान् मेरे प्रति प्रसन्न होवे।"
प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥६३॥

उक्त सिद्धान्त के अनुरूप भा० १०।२६।२५ श्लोक है—

"देवे वर्षति यज्ञ विप्लवरुषा वज्राश्मपर्षानिलैः
सीदत्पालपशुस्त्रि आत्मशरणं दृष्ट्वानुकम्प्युत्स्मयन्।
उत्पाट्यैककरेण शैलमबलोलीलोच्छिलीन्ध्रं यथा
बिभ्रद्गोष्ठमपान्महेन्द्रमदभित् प्रीयान्न इन्द्रो गवाम् ॥"

टीका—"गोवर्द्धनोद्धरणं सपरिकरमनुस्मरन् प्रकटितैश्वर्य्यस्य श्रीकृष्णस्य प्रीतिं प्रार्थयन्ते देव इति। यज्ञविप्लवेन या रुट् तया देवे इन्द्रे वर्षति सति वज्राश्मपर्षानिलै रशनिजलशर्करातीव्रवायुभिः सीदत्पाल-पशुस्त्रि आत्मशरणं—सीदन्तः पालाः पशवः स्त्रियश्च यस्मिंस्तत् तथा। आत्मा स्वयमेव शरणं यस्य तद्गोष्ठं दृष्ट्वा अनुकम्पी उत्स्मयन् हसन् प्रौढिमाविष्कुर्वन् शैलमुत्पाट्य अबलो बालो लीलार्थमुच्छिलीन्ध्रं यथा तथैकेन करेण बिभ्रत् दधत् गोष्ठमपात् पालितवान् एवं महेन्द्रमदभित्। गवामिन्द्र इत्युत्तराध्यायार्थं स्मरति। स एवम्भूतः श्रीकृष्णो नः प्रीयात् प्रीयतामिति।"

"इन्द्रयागानुष्ठान से व्रजवासिगण निवृत्त होने पर इन्द्र कुपित होकर प्रचण्ड वारिवर्षण प्रभृति के द्वारा व्रज में विप्लव उपस्थित कर व्रजवासिजनगण को उत्पीड़ित करने से श्रीकृष्ण, व्रजवासिजनगण की रक्षा के निमित्त हँस हँस कर अनायास गोवर्द्धन गिरि को उठाकर हाथ में धारण किये थे।" उस लीला की वर्णना कर श्रीशुकदेव प्रार्थना कर रहे हैं—गोगण के इन्द्र—"गोविन्द, हम सबके प्रति प्रसन्न होवें।" इसमें सुस्पष्ट रूप से श्रीकृष्ण रूप में सपरिकर स्थिति की वर्णना है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥६४॥

उस प्रकार ही वर्णन भा० १२।११।२५ में है—

"श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्, राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य्य।
गोविन्द गोपवनिताव्रजभृत्यगीत,-तीर्थश्रवः श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान् ॥"

टीका—"यस्यैवमुपासनमुक्तं तं श्रीकृष्णं प्रार्थयते—कृष्णसख—अर्जुनस्य सख। वृष्णिश्रेष्ठ। अवनिध्रुहो ये राजन्यास्तेषां वंशस्य दहन! अनपवर्गमीक्षणं वीर्य्यं यस्य। गोपवनितानां व्रजाः समूहाः भृत्या नारदादय स्तैर्गीतं तीर्थभूतं श्रवः कीर्त्तिर्यस्य। श्रवणमेव मङ्गलं यस्य।"

हे कृष्ण! हे अर्जुनसख! हे वृष्णि श्रेष्ठ! हे पृथिवी के विघ्नकारि राजन्य वंश विनाशक! हे अक्षीणवीर्य्य! हे गोविन्द! गोपवनितासमूह, एवं नारदादि ऋषिगण आपका पवित्र यशोगान करते हैं।

स्पष्टम् । श्रीसूतः ॥

९६ । अपि च स्वयमेव स्वविग्रहमेव लक्ष्यीकृत्याह (भा० १०।३।३७-३८)—

"तदा वां परितुष्टोऽहममुना वपुषानघे ।
तपसा श्रद्धया नित्यं भक्त्या च हृदि भावितः ॥२१२॥
प्रादुरासं वरदराड्‌युवयोः कामदित्सया ।
व्रियतां वर इत्युक्ते माद‍ृशो वां वृतः सुतः ॥"२१३॥

इत्युपक्रम्य (भा० १०।३।४१-४३)—

(९६) "अदृष्ट्वान्यतमं लोके शीलौदार्य्यगुणैः समम् ।
अहं सुतो वामभवं पृश्निगर्भ इति श्रुतः ॥२१४॥
तयोर्वां पुनरेवाहमदित्यामास कश्यपात् ।
उपेन्द्र इति विख्यातो वामनत्वाच्च वामनः ॥२१५॥
तृतीयेऽस्मिन् भवेऽहं वै तेनैव वपुषाथ वाम् ।
जातो भूयस्तयोरेव सत्यं मे व्याहृतं सति ॥"२१६॥ इति ।

अमुना श्रीकृष्णस्य मम प्रादुर्भावसमयेऽत्र प्रकाशमानेनैतेन श्रीकृष्णाख्येनैव । तृतीय इति तेनैव पूर्वं वरार्थं प्रादुर्भावितेनैव । अतएव पृश्निगर्भादित्वेनैव वपुषेत्यनुक्तत्वात्, न तु

आपका नाम श्रवण से भी मङ्गल होता है । निज भृत्यवर्ग की रक्षा आप करें ।"

श्रीशुकदेव की इस प्रकार प्रार्थना के समय, श्रीकृष्णलीला अप्रकट थी, उस समय भी अन्धकादि के पति रूपमें श्रीकृष्ण विद्यमान न होने से श्रीशुकदेव उन शब्दों से प्रार्थना नहीं करते । ऋषि त्रिकालदर्शी हैं । उनमें भ्रमादि दोष की आशङ्का नहीं है । श्रीकृष्ण लीला वर्णन में रत होकर प्रेमनेत्र से श्रीकृष्ण के लीलामय स्वरूप का निरीक्षण करके ही उन्होंने उस प्रकार प्रार्थना की है । प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥९५॥

अधिकन्तु श्रीकृष्ण, स्वयं ही निज विग्रह को लक्ष्य करके (भा० १०।३।३७-३८) में श्रीवसुदेव देवकी के प्रति कहे थे,—उस समय मैं तुम दोनों की तपस्या से सन्तुष्ट हो गया था । हे अनघे ! तपस्या, श्रद्धा एवं भक्ति के सहित नित्य तुम्हारे हृदय भावित होकर अभीष्ट वरदानार्थ वरदाताओं के मध्य में श्रेष्ठ मैं उस समय में ही प्रादुर्भूत होकर 'वर मांगो !' कहने पर तुम दोनों ने मेरे सदृश पुत्र वर मांगा । मैं एकवार जिसको वर प्रदान करता हूँ, उसको प्रति युग में ही उस प्रकार वर देता रहता हूँ । इस नियम से "शील औदार्य्य एवं गुणों से जगत् में अपर किसी को मेरे सदृश न देखकर मैं स्वयं ही तुम्हारा पुत्र बन गया । उस जन्म में मेरा नाम पृश्नि गर्भ हुआ । पुनर्बार मैं तुम्हारा पुत्र बना । उस समय अदिति कश्यप से मेरा जन्म होने से उपेन्द्र रूप में मेरी ख्याति हुई । खर्वाकृति को देखकर लोक मुझको वामन कहने लगे । यह तृतीय जन्म है, उस रूप में ही पुनर्बार तुम दोनों का पुत्र बना । हे सति ! मेरा वाक्य सर्वथा सत्य है ।

'अमुना वपुषा' इस देह से—इस प्रकार कहने का तात्पर्य्य यह है—मैं श्रीकृष्ण हूँ, प्रकाशमान देह ही मेरा है । उस प्रकार श्रीकृष्णाख्य देह से ही सुतपा—पृश्नि के प्रति प्रसन्न होकर उनके निकट मैं आविर्भूत हुआ था । वर प्रदान के निमित्त जिस देह से आविर्भूत मैं हुआ था, उस देह से मैं तुम दोनों

तदानीमधुनैव स्वयमेव बभूव, किन्त्वंशेनैवेति गम्यते । (भा० १०।६।२५) "पृश्निगर्भस्तु ते बुद्धिमात्मानं भगवान् परः" इत्यत्राप्येतदेव गोदेव्या सूचितमस्ति । अतएव तृतीय एव भवे तत्सदृशसूतप्राप्तिलक्षणवरस्य परमपूर्णत्वापेक्षया तत्रैव 'सत्यं मे व्याहृतम्' इत्युक्तं चतुर्भुजत्वञ्चेदं रूपं श्रीकृष्ण एव ; (भा० १०।३।११) "कृष्णावतारोत्सव-" इत्यादिभिस्तस्यात्यन्तप्रसिद्धेः ॥ श्रीभगवान् श्रीदेवकीदेवीम् ॥

९७ । एवञ्च (भा० १०।३।८) "देववयां देवरूपिण्याम्" इत्यादि ॥ स्पष्टम् ॥ श्रीशुकः ॥

का पुत्र बना । अतएव पृश्नि गर्भ एवं उपेन्द्रावतार के प्रसङ्ग में 'तेनैव वपुषा' इस प्रकार उक्ति न होने से तृतीयबार अर्थात् वर्त्तमान अवतार के समय ही स्वयं आविर्भूत हुये हैं । अपर जन्मद्वय में अंश से अवतीर्ण हुये थे ।

कारण, भा० १०।६।२५ में उक्त है—"पृश्निगर्भस्तु ते बुद्धिमात्मानं भगवान् परः" पूतना के वक्षःस्थल से गोपिका कर्त्तृक समानीत श्रीकृष्णाङ्ग रक्षार्थ गोपिकाओं ने जो मन्त्र पाठ किया था, उसमें उपरोक्त मन्त्र है । "पृश्निगर्भ—तुम्हारी बुद्धि एवं पर भगवान् आत्मा की रक्षा करें ।"

यहाँ पर भी गोदेवी पृश्निगर्भ का अंशत्व एवं श्रीकृष्ण का स्वयं भगवत्त्व का प्रकाश करती है । उक्त मन्त्र में अंशरूप पृश्निगर्भ द्वारा अंश बुद्धि का, एवं पूर्ण भगवान् शब्द के द्वारा पूर्ण सत्ता का बोध होता है । अतएव तृतीय जन्म में ही वर दानार्थ आविर्भूत श्रीभगवान् के सदृश पुत्रप्राप्ति लक्षण वर की परम पूर्णता हेतु, उक्त प्रसङ्ग में श्रीभगवान् ने कहा—"मेरा वाक्य सत्य है" । यहाँ प्रष्टव्य है कि—श्रीदेवकी-वसुदेव के सहित जिन्होंने वार्त्तालाप किया, वह तो चतुर्भुज भगवान् हैं । श्रीकृष्णरूप का निरवद्य प्रतिपादन प्रस्ताव में उक्त रूप का प्रसङ्गोत्थापन क्यों हुआ ? उत्तर—चतुर्भुजधारी श्रीकृष्ण ही हैं, अपर कोई नहीं है । कारण, भा० १०।३।११ में श्रीशुकदेव ने उस रूप को 'कृष्णावतार' कहा है ।

"सविस्मयोत्फुल्लविलोचनो हरिं सुतं विलोक्यानकदुन्दुभिस्तदा ।
कृष्णावतारोत्सवसंभ्रमोऽस्पृशन्मुदा द्विजेभ्योऽयुताप्लुतो गवाम् ॥"

भगवान् श्रीहरि को पुत्ररूप में आविर्भूत होते देखकर वसुदेव के नयनद्वय विस्मय से उत्फुल्ल हो रहे थे । कृष्णावतार उत्सव निबन्धन सम्भ्रम से आनन्दाप्लुत होकर उन्होंने ब्राह्मण को अयुत संख्यक धेनु दान किया । स्नान के बिना, दान सङ्कल्प समीचीन नहीं होता है । कैसे आपने दान दिया ? उत्तर—'मुदा', आनन्द समुद्र में निमज्जित होकर आपने दान किया था । वह दान सङ्कल्पात्मक था, पश्चात् कंस वधान्त में यथारीति दानकार्य्य सम्पन्न हुआ था ।

'कृष्णावतार' शब्द से जिनका उल्लेख है, वह शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुज हैं । उक्त रूप से ही आविर्भूत हुये थे ।

श्लोक में 'सः' शब्द से श्रीकृष्ण रूप पुत्रप्राप्ति रूप सौभाग्य सूचित हुआ है । स—आनकदुन्दुभिः परम भाग्यवान् श्रीवसुदेव । हरि—श्रीकृष्ण, कंसादि असुरों का ज्ञान हरणकर्त्ता हैं ।

श्रीभगवान् श्रीदेवकी के प्रति कहे थे ॥९६॥

भा० १०।३।८ में भी उक्तानुरूप कथन स्पष्ट होता है,—
"देववयां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः । आविरासीद् यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः ॥"

बृहत्क्रमसन्दर्भः । अथ (भा० १०।२।१८) "काष्ठा यथानन्दकरं मनस्तः" इति पूर्वोक्ते नं देवकी चिरं मनस्येव दधार, अवतारसमयमासाद्य भगवान् तन्मनसो बहिर्बभूपुरतिशयं भवितुमिच्छुः प्राकट्य

मासेदिवानित्याह—देवक्यामित्यादि देवरूपिण्यामिति—देवी-भक्तिर्भगवती, तद्रूपिणीति पुंवद्भावः। भक्तावेव भगवत्प्रकाशनियमात्। विष्णुः व्यापकोऽपि सर्वेषु गुहाशयत्वेन वर्त्तमानोऽपि तस्यां यथा यथावत् याथार्थ्येन—श्रीकृष्णाख्य-स्वरूपेणाविरासीत्। क इव कस्याम्? इन्दुः प्राच्यां दिशीव, पूर्णत्वेनान्यत्र स्थितोऽपि चन्द्रः प्राच्यां दिश्येवोदयति, नान्यस्यामित्येव याथार्थ्यम्।

भा० १०।३।१८ में वर्णित श्लोक के अनुसार देवकी ने चिरकाल तक मन में धारण नहीं किया, किन्तु अवतार समय को प्राप्त कर भगवान् देवकी के मन में प्रकट हुए थे। उसको ही देवक्यां देवरूपिण्यां शब्द से कहा गया है। देवरूपिणी शब्द से देवी भक्ति—भगवती हैं, तद्रूपिणी इस प्रकार पुंवद्भाव हुआ है। भक्ति में ही भगवान् का नियत प्रकाश होता है। विष्णु व्यापक होकर भी समस्त गुहाशय होकर वर्त्तमान होकर भी देवकी में यथार्थ रूप में अर्थात् श्रीकृष्णाख्य रूप में आविर्भूत हुये। कहाँ, किसके समान? इन्दु जिस प्रकार पूर्वदिक् में आविर्भूत होता है। पूर्णरूप में अन्यत्र विद्यमान होने पर भी चन्द्र, पूर्वदिक् में ही उत्पन्न होता है, अन्य दिक् में नहीं, उस प्रकार जानना होगा।

कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि में श्रीकृष्णाविर्भाव समय निर्दिष्ट है। उस समय भी षोड़श कलापूर्ण पूर्णचन्द्र उदित हुआ था, उसको व्यक्त कर कहने के निमित्त चन्द्र में 'पुष्कल' पूर्ण विशेषण युक्त हुआ है। उपमान उपमेय में सर्वत्र ही सादृश्य विद्यमान है। यहाँ सादृश्य हेतु चन्द्र के समान श्रीविष्णु में भी 'पुष्कल' विशेषण युक्त करना होगा। उससे दृष्टान्त स्थानीय चन्द्र जिस प्रकार षोड़श कला से पूर्ण प्रतीत होता है, उस प्रकार दार्ष्टान्तिक श्रीकृष्ण भी सर्वांशसमन्वित परिपूर्ण स्वरूप प्रतीत होते हैं।

वैष्णवतोषणी। ननुर्वन्दुमय इत्यादिकं कदा इत्यपेक्षायामाह—निशीथे अर्द्धरात्रे, कीदृशं? तम उद्भूते—तमसा उच्चैर्व्याप्ते, भू प्राप्तौ। भाद्रकृष्णाष्टमीत्वात् विशेषणञ्चेदं तत् कान्तिद्वारा तमोनाशेनापीन्दूपमा योजनाय तथाप्यद्भुतोपमेयम्। निशीथे पूर्णचन्द्रोदयादर्शनात्, तेनोपमा चेयं यथा कथञ्चिदेव, न त्वतियोग्येति ज्ञाप्यते। दुन्दुभिनादादौ हेतुः—जायेति। श्रीब्रह्मादिभक्तजन प्रार्थ्यमान प्राकट्ये तस्मिन् प्रकटी भवति, तत्प्राकट्यक्षण इत्यर्थः। कंसादीनां तत्तदज्ञानं गोकुले जायमानमाया-प्रभावेनैवेति ज्ञेयम्। अथवा अथेऽस्ति, यर्हि यदा—अजनस्य कदाप्यन्यथा जातत्वेनाश्रुतस्य श्रीकृष्णस्य जन्मर्क्षं निजजन्मना स्वीक्रियमाणं तद्द्वापरान्तसमयविशेषगतरोहिण्याख्यमभूत्, तह्य व तदारम्भ एव। सर्वस्य ग्रहस्थादेः कालस्य स्वस्य च ये गुणाः सुखदा धर्मास्तैरुपेतः सर्वशुभसमेतश्च कालोऽभूत्। तदिच्छायां जातायां दुर्घटघटनीभिः तच्छक्तिभिरेव वा, स्व-स्वभावेनैव वा तथा सम्पन्न इत्यर्थः। अजन—जन्मर्क्षमिति शब्दश्लेषमयसङ्केतनिर्देशो रहस्यत्वं सूचयति। तच्च तद्व्रतोत्सवमहिमार्थमिति ज्ञेयम्। सर्वगुणोपेतत्वं दर्शयति, शान्तर्क्षेत्यादिना। महीत्यर्द्धपर्यन्तेन मनांसि इत्यर्द्धान्तेन। तत्र सर्वगुणोपेतत्वं शान्तेति परमशोभनस्य जायमान इत्यादिना च मुमुचुरित्यर्द्धान्तेन महीत्यर्द्धेन महीत्यर्द्धेन च। अत्र दिक्प्रसादि-वायुपर्यन्तवर्णनम्। शरद्वसन्तादि-सम्बन्धिनां गुणानां दर्शकम्। जलरुहश्रिय इति रात्रौ च दिवस-सम्बन्धिना अन्वय इत्यादिनापरम्। तेषां सत्यादिसम्बन्धिनाम् उपलक्षणम्, 'वसवन्दथीयानां मन्दं मन्दं' इत्यर्द्धं विगन्ते वर्षागुणानां दर्शकं, दिवा इत्याद्युक्तत्वान्मध्ये हि ते न सम्भवन्ति, अतो 'मन्दं जगर्ज्जुर्जलदाः पुष्पवृष्टिमुचो द्विजाः' इति वैष्णवदावयं जन्मर्क्षारम्भसम्बन्ध्येव ज्ञेयमिति। अन्यत् समानम्। देवस्य भगवतोरूपमिव रूपं सच्चिदानन्दविग्रहः, तद्दृत्यामिति तदुदराविर्भावेऽपि न कश्चिद् दोषः इति भावः।

विष्णुरूपिण्यामिति पाठोऽपि क्वचित्। सर्वगुह शयः—दुर्गमत्वात् दुर्वितर्क्यत्वाच्च गुहेव गुहा, श्रीभगवत्स्थानं सर्वासु सर्वजीवान्तरलक्षणासु श्रीवैकुण्ठादिलक्षणासु गुहासु शेतेऽक्षुभिततया विहरतीति। पुष्कलः सर्वांशपूर्ण इत्यन्तर्य्यामित्वादिना हृदयादिषु वर्त्तमानैरंशैः सर्वैरेव सम्भूयावतीर्णः। अन्तर्य्यामिनामपि तदानीं श्रीदेवकीनन्दनत्वेनैव महत्सु स्फूर्त्तेः तथा च श्रीभीष्मवाक्यम्—'तमिममहमजं

९८। ननु सत्यं तस्य चतुर्भुजाकाररूपस्य तादृशत्वम्, किन्तु (भा० १०।३।२८) "रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं, मा प्रत्यक्षं मांसदृशां कृषीष्ठाः" इति मातृविज्ञापनानुसारेण (भा० १०।३।४४)

"एतद्वां दर्शितं रूपं प्राग्जन्मस्मरणाय मे।
नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते॥"२१७॥

इति प्रत्युत्तरस्य (भा० १०।३।४६)—

"इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया।
पित्रोः सम्पश्यतोः सद्यो बभूव प्राकृतः शिशुः॥"२१८॥

इत्युक्तदिशा, यन्मानुषाकाररूपं स्वीकृतवान्, तत्र सन्दिग्धमिवाभाति। अत्र च भवतु वा

शरीरभाजां हृदि हृद्विधिष्ठितमात्मकल्पितानाम् प्रतिदृशमिव नैकधार्कमेकं समधिगतोऽस्मि विधूतभेद मोहः। (भा० १।९।४२) तथा च श्रीवैकुण्ठलोकाद्यधिष्ठातारोऽपि, ततस्ततः सम्भूयावतीर्णा इति श्रीहरिवंशाद्युक्तेन मुकुटमाहृत्य गोमन्थे श्रीगरुडगमनादिना स्पष्टत्वादिति, एतच्च श्रीभागवतामृते विवृतमस्ति, न चात्र दोषः। स्व-स्वरूपेणैव परमविभौ तत्रैव निजसर्ववृत्तिं प्रकाश्य तत्तेजो निगूढतया तेषां स्थितस्यात्। तथा च श्रीमध्वाचार्य्यधृतं पाद्मवचनम् "सदैवो बहुधा भूत्वा निर्गुणः पुरुषोत्तमः। एकीभूय पुनः शेते निर्दोषो हरिरादिकृत्॥" इति। प्राचामिति दृष्टान्तेन सर्वत्र प्रकाशमानस्यापि श्रीदेवक्यामाविर्भावयोग्यतोक्ता। अतएव श्रीविष्णुपुराणेऽपि—"ततोऽखिलजगत् पद्मबोधायाच्युतभानुना देवकी पूर्वसन्ध्यायामाविर्भूतं महात्मना।" इति। आविर्भावश्च कंसवञ्चनार्थमष्टमे मासीति श्रीहरिवंशे—'गर्भकालेत्वसम्पूर्णे अष्टमे मासिते स्त्रियौ। देवकी च यशोदा च सुषुवाते समं तदा॥" इति।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं॥९७॥

संशय यह है कि—श्रीकृष्ण का चतुर्भुजरूप नित्य एवं सत्य है। किन्तु (भा० १०।३।२८) देवकीदेवी के वाक्यानुसार—"स त्वं घोरादुग्रसेनात्मजान्नस्त्राहि त्रस्तान् भृत्य वित्रासहासि।
रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं मा प्रत्यक्षं मांसदृशां कृषीष्ठाः॥" यह चतुर्भुज रूप ऐश्वरिक एवं ध्येय है, इसे लोकनयनगोचरीभूत न करो।

टीका—प्रस्तुतं विज्ञापयति 'स त्वमिति' भृत्यानां वित्रासं हन्तीति भृत्य वित्रासहा। भृत्यवदिति वाच्येवः। पौरुषमैश्वरम्—ध्यानधिष्ण्यं ध्यानास्पदम्, मांसदृशां मांसचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृथाः।

इस प्रकार जननी के कथनानुसार प्रत्युत्तर में श्रीकृष्ण ने कहा, (भा० १०।३।४४)—मैंने पूर्वजन्म की कथा स्मरण करवाने के निमित्त उस प्रकार रूप को दर्शाया है। अन्यथा नर बालक रूप में आविर्भूत मेरे प्रति ईश्वर ज्ञान नहीं होता।

टीका—"प्राक् प्रथमं तावदेतद्रूपं मे जन्मेति स्मरणाय ज्ञानाय दर्शितम्। मद्भवं—मद्विषयम्। अनन्तरं तदिच्छया बालोऽपि भविष्यामीति भावः।"

इस प्रकार कहकर श्रीहरि मौन धारण करके दर्शनरत पितामाता के सम्मुख में कृपापूर्वक प्राकृत शिशु हो गये। भा० १०।३।४६ में—

"इत्युक्त्वा सीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया। पित्रोः सम्पश्यतोः सद्यो बभूव प्राकृतः शिशुः॥"

श्लोक में प्राकृत शिशु अर्थात् मनुष्य शिशु बनने की कथा है। उसमें सन्देह होता है—एक तो नराकृति रूप, अपर उस रूप को प्राकृत शिशु शब्द से कहा गया है। प्राकृत वस्तु नश्वर है, अतः श्रीकृष्ण का नराकृति रूप अनित्य क्यों नहीं होगा? केवल यह ही नहीं अपितु भा० ३।४।२८ में उक्त है—

(भा० ३।४।२८) "हरिरपि तत्यज आकृतिं त्र्यधीशः" इति, (भा० ३।४।२९) "त्यक्ष्यन् देहम्" इति च तन्त्रभागवतानुसारेणान्तर्द्धापनार्थत्वादसहायम्; (भा० ११।१५।३४-३५)—

"ययाहरद्भुवो भारं तां तनुं विजहावजः।
कण्टकं कण्टकेनेव द्वयञ्चापीशितुः समम् ॥२१९॥
यथा मत्स्यादिरूपाणि धत्ते जह्याद्‌यथा नटः।
भूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम् ॥"२२०॥

इति तु परिपोषकम्। एतदेव श्रीवसुदेववचनेऽपि लभ्यते (भा० १०।८५।२०)—

"निधनमुपगतेषु वृष्णिभोजेष्वधिरथ यूथप यूथपेषु मुख्यः।
सतु कथमवशिष्ट उद्धवो यद्धरिरपि तत्यज आकृतिं त्र्यधीशः ॥"

अधीरथ यूथप के यूथपति वृष्णि एवं भोजवंशीयगण ब्रह्मशाप द्वारा निधन प्राप्त होने से त्र्यधीश—ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर अथवा महत् स्रष्टा त्रय के अधीश्वर भगवान् श्रीकृष्ण भी देहत्याग करने पर उद्धव कैसे जीवित रहा? परीक्षित् के प्रश्न में सुस्पष्ट उल्लेख है कि—"श्रीकृष्ण ने देह त्याग किया।

एवं भा० ३।४।२९ में—"ब्रह्मशापापदेशेन कालेनामोघवाञ्छितः
संहृत्य स्वकुलं स्फीतं त्यक्ष्यन् देहमचिन्तयत्।"

टीका—"ब्रह्मशापः अपदेशो मिषं यस्य तेन कालेन शक्तिरूपेण। अमोघं वाञ्छितं यस्य। नह्यत्र शापः प्रभुः, किन्तु भगवदिच्छैवेत्यर्थः।"

"ब्रह्मशापरूप छल को उद्भावन कर अव्यर्थ इच्छाशील श्रीप्रभु भगवान्, कालरूपिणी निज शक्ति के द्वारा अतिसमृद्ध निज कुल को विध्वंस कर आत्म-देह को परित्याग करने का उपाय अन्वेषण किये थे।" श्रीशुकदेव की इस उक्ति के सहित "आत्मदेह परित्याग हेतु उपाय अन्वेषण किये थे।" एवं 'तत्यज आकृतिं त्र्यधीशः" श्रीकृष्ण ने देहत्याग किया? श्रीपरीक्षित् प्रश्न के सहित 'अहेयमनुपादेयं यद्रूपं नित्यमव्ययम्। स एवापेक्षरूपाणां व्यक्तमेव जनार्दनः। अनुह्लादूव्यसृजच्चेति कृष्णरामादिकं तनुम्। पठ्यते भगवानोशो मूढबुद्धिव्यपेक्षया। तमसा ह्यपगूढस्य यत्तमः पानमीशितुः। एतत् पुरुषरूपस्य ग्रहणं समुदीर्य्यते। कृष्णरामादिरूपाणां लोके व्यक्तिव्यपेक्षया।' इत्यादि तन्त्रभागवतोक्त कथन असंलग्न होता है। तन्त्रभागवत का कथन है—श्रीभगवान् देहत्याग नहीं करते हैं, उनका रूप ही स्वरूप है। सूर्य्योदय-अस्त में जिस प्रकार एकरूप स्वरूप ही दृष्ट होता है, एकसूर्य्य ही प्रकाश्य अप्रकाश्य रूप में अवस्थित हैं। उस प्रकार श्रीभगवान् अविकृत निज स्वरूप में अवस्थित होकर कभी लोकनयनगोचरीभूत होते हैं, कभी अगोचर में अवस्थित होते हैं। लोकनयनगोचरीभूत होने के समय जिस प्रकार स्वरूप उनका दृष्ट होता है, उस स्वरूप में ही आप अन्तर्द्धान करते हैं। मनुष्यवत् देह को छोड़कर नहीं। सुतरां उक्त भा० ३।४।२९, ३।४।२८ का देहत्याग विवरण—अन्तर्द्धान अर्थ प्रकाशक है। कारण अन्तर्द्धान अर्थ करने से ही श्रीकृष्ण रूप का अनित्यत्व प्रतिपादित नहीं होता है। श्रीमद्भागवत के ११।१५।३४-३५ में वर्णित है,—"जन्मादि रहित श्रीकृष्ण, जिस तनु के द्वारा पृथिवी का भारापनोदन किये हैं। विद्ध कण्ठक को जिस प्रकार अपर कण्ठक से ही निकालते हैं, बाद में उसको भी छोड़ते हैं। उस प्रकार उन्होंने उस तनु का भी त्याग किया। कारण—भूभार एवं तनु उभय ही सर्वसंहारी ईश्वर के पक्ष में समान है, ईश्वर नट के समान मत्स्यादि रूप धारण एवं त्याग करते हैं।

श्रीसूत की यह उक्ति, श्रीकृष्ण के द्विभुजत्व रूप की परिपन्थी है। अर्थात् द्विभुज रूप अनित्य है।

"सूतीगृहे ननु जगाद भवानजो नौ, संजज्ञ इत्यनुयुगं निजधर्मगुप्त्यै ।
नानातनूर्गगनवद्विदधज्जहासि, को वेद भूम्न उरुगाय विभूतिमायाम् ॥"२२१॥

इत्यत्र । अत्रोच्यते—तत्तद्वचनमन्यार्थत्वेन दृश्यमिति । एकस्मिन्नेव तस्मिन् श्रीविग्रहे कदाचिच्चतुर्भुजत्वस्य कदाचिद्द्विभुजत्वस्य च प्रकाशश्रवणेनाविशेषापाताद्भूभारक्षपणे द्वयोरपि सामान्यात् । 'सूतीगृहे' इत्यादिवाक्यस्य चतुर्भुजविषयत्वाच्च । किञ्च, यैर्विद्वदनुभव-सेवितशब्दसिद्धैर्नित्यत्वादिभिर्धर्मैः श्रीविग्रहस्य परमतत्त्वाकारत्वं साधितम्, ते प्रायशो नराकारमधिकृत्यैव ह्युदाहियन्ते स्म द्वितीयसन्दर्भे । तथात्रैव चोपासकेषु साक्षात्कारादि-

भा० १०।५८।२० के श्रीवसुदेव की उक्ति से भी उक्त कथन पुष्ट होता है। उन्होंने कहा—"सूतिका गृह में तुमने कहा है कि—तुम जन्मरहित भगवान् हो, अजो हो, प्रति युग में धर्मरक्षार्थ अवतीर्ण होते हो, हे उरुगाय ! महाकीर्त्तिसम्पन्न ! तुम गगन के समान असङ्ग होकर भी विविध तनु ग्रहण एवं त्याग करते रहते हो। परमेश्वर ! तुम्हारी विभूतिरूपा माया को कौन जान सकते हैं ?"

उक्त श्लोकत्रय में श्रीकृष्ण का देहत्याग का विवरण सुस्पष्ट दृष्टान्त रूप से वर्णित है। अतः द्विभुज रूप का नित्यत्व प्रतिपादन करना कैसे सम्भव होगा ? उत्तर में कहते हैं—'अत्रोच्यते तत्तद्वचनमन्यार्थत्वेन दृश्यमिति ।

आपात दृष्टि से जिन वचनों के द्वारा श्रीकृष्ण का द्विभुज रूप की अनित्यत्व प्रतीति होती है, उन वाक्यसमूह का अन्यार्थ अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है। कारण, एकमात्र श्रीकृष्ण रूप ही कभी द्विभुज, कभी चतुर्भुज वर्णित है। उभय रूप में वैशिष्ट्य कुछ भी नहीं है। भूभार हरण में उभय की सामर्थ्य भी समभाव में ही है। सूतिका गृह की उक्ति चतुर्भुज विषयक है। उक्त वाक्य के अनुसार द्विभुज रूप को अनित्य मान लेने पर चतुर्भुज रूप को भी अनित्य मानना पड़ेगा। किन्तु चतुर्भुज रूप के नित्यत्व विषय में किसी को भी आपत्ति नहीं है। विशेषतः प्रत्यक्षानुमानोपमान शब्दोपमानार्थापत्ति अनुपलब्धि सम्भव एवं ऐतिह्य नाम से प्रमाण अष्टविध स्वीकृत हैं। श्रीमध्वाचार्य्य प्रभृति प्राचीन वैष्णवाचार्य्यगण प्रत्यक्ष अनुमान एवं शब्द को प्रमाण मानते हैं, तद्भिन्न प्रमाणसमूह को उक्त प्रमाणत्रय में अन्तर्भुक्त करते हैं। श्रीचैतन्य मतानुयायि वैष्णववृन्द, आप्तवाक्य रूप शब्दप्रमाण को निर्दोष प्रमाण मानते हैं। कारण, स्थल विशेष में प्रत्यक्षानुमान व्यभिचार दोषग्रस्त होते हैं।

आर्ष एवं श्रौत भेद से उक्त शब्द द्विविध हैं, तन्मध्य में श्रौत शब्दात्मक वेद प्रमाण ही एकमात्र तत्त्व निर्णायक है। परतत्त्व उपनिषद् वेद्य है। ऋषिगण के मध्य में पारस्परिक मतानैक्य के कारण, आर्ष—ऋषिवाक्य के द्वारा परतत्त्व निरूपण करना असम्भव है। वेदव्यास पुराणादि प्रणयन के द्वारा वेदार्थ का विस्तार किये हैं। अतः पुराण प्रभृति आदरणीय हैं। श्रुत्यात्मक शब्द नित्य है। प्रलय में भी ध्वंस वर्जित है, सृष्टि समय में भी उत्पन्न नहीं होता है, आविर्भूत होता है। भ्रमादि दोषविशिष्ट जीव का कर्त्तृत्व श्रुत्यात्मक शब्द में नहीं है। अतः श्रुत्यात्मक शब्द अभ्रान्त प्रमाण है।

जिन्होंने श्रुति प्रतिपाद्य वस्तु का अनुभव किया है, उनको विद्वान् तत्त्वदर्शी नाम से कहते हैं, उनके अनुभूत शब्दावलि ही निर्दुष्ट प्रमाण हैं।

अतः उक्त विद्वदनुभवसेवित शब्द प्रमाण के द्वारा प्रतिपादित श्रीकृष्ण विग्रह ही परमतत्त्व स्वरूप एवं अन्यनिरपेक्ष सत्ताक सर्वमूल है। इसका विशेष विवेचन द्वितीय सन्दर्भात्मक भगवत्सन्दर्भ में हुआ है।

लिङ्गेन सिद्धनिर्द्देशेन च तदाकारस्यापि नित्यसिद्धत्वं दृढ़ीकृतम्। उदाहरिष्यते च सिद्धनिर्द्देशः (भा० ६।८।२०) "मां केशवो गदया प्रातरव्याद्,-गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" इति। सम्प्रत्यन्यदपि तत्रोदाह्रियते। तत्र नित्यत्वं यथा (भा० १०।३८।७-८)—

(९८) "कंसोबताद्याकृत मेऽत्यनुग्रहं, द्रक्ष्येऽङ्घ्रिपद्मं प्रहितोऽमुना हरेः।
कृतावतारस्य दुरत्ययं तमः, पूर्वेऽतरन् यन्नखमण्डलत्विषा॥२२२॥
यदर्च्चितं ब्रह्मभवादिभिः सुरैः, श्रिया च देव्या मुनिभिः ससात्वतैः।
गोचारणायानुचरैश्चरद्वने, यद्गोपिकानां कुचकुङ्कुमाङ्कितम्॥"२२३॥

श्रीकृष्णविग्रह स्वरूपसिद्ध नित्यत्वादि धर्मसमलङ्कृत हैं। द्वितीय सन्दर्भ के यावतीय प्रमाण श्रीकृष्ण के नराकार विग्रह को लक्ष्य करके ही उत्थापित हुआ है।

श्रीभगवद्रूप का नित्यत्व स्थापन हेतु द्विविध विचार शैली अवलम्बनीय हैं। प्रथमतः, उपासकवृन्द की उपासना के द्वारा उक्त रूप प्रत्यक्ष हुआ है, अथवा नहीं? द्वितीयतः सिद्ध स्वीय रूप में उक्त स्वरूप किसी धाम में विराजित है, अथवा नहीं?

प्रथमोक्त रीति से विचार करने पर मायावादिगण कहेंगे—निर्गुण ब्रह्म, सत्त्वगुणोपहित होकर साधकवृन्द के समीप में उपास्य रूप में आविर्भूत होते हैं। वस्तुतः वह रूप नित्य नहीं है। साधक के निकट आविर्भूत होने के निमित्त तत्काल रूप ग्रहण करते हैं। तद्व्यतीत समय में तुरीय निर्विशेष ब्रह्म स्वरूप में अवस्थित होते हैं। किन्तु सिद्धनिर्देश के द्वारा उक्त रूप की नित्य स्थिति सप्रमाणित होने पर, मायावादी स्वतः ही निरस्त होगा, एवं श्रीविग्रह का नित्यत्व प्रतिपादन अभ्रान्त रूप से होगा। यहाँ पर उभय विचार पद्धति के द्वारा ही श्रीकृष्ण रूप का नित्यत्व प्रतिपादन हुआ।

सिद्ध स्वरूप का उदाहरण भा० ६।८।२० में सुस्पष्ट है। "मां केशवो गदया प्रातरव्याद्, गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" श्रीकेशव, मेरी रक्षा स्वीय गदा द्वारा प्रातःकाल में करें। वंशी वादनपरायण गोविन्द, आसङ्गव के समय में अर्थात् प्रत्युष के पश्चात् छं दण्ड काल में मेरी रक्षा करें।

सम्प्रति अपर उदाहरण का उट्टङ्कन करते हैं। नित्यत्व का उदाहरण भा० १०।३८।१-८ में है। श्रीकृष्ण को मथुरा में आनयन करने के निमित्त कंस कर्त्तृक प्रेरित होकर अक्रूर चिन्ता कर रहे थे। कितना आश्चर्य है? कंस, स्वभावतः अत्यन्त खल होकर भी मेरे प्रति अतिशय अनुग्रह किया है। कारण, उसके द्वारा प्रेरित होकर ही मैं भूतल में अवतीर्ण श्रीहरि का श्रीचरण दर्शन करूँगा। पूर्वकाल में श्रीअम्बरीष श्रीप्रह्लाद प्रभृति जिनके नखमण्डल की कान्ति के द्वारा संसार से उत्तीर्ण हुये हैं। भा० ९।४।१८ में "स वै मनः कृष्णपदारविन्दयोः"। भा० ९।४।२६ में "आरिराधयिषुः कृष्णं महिष्या तुल्यशीलया" श्रीअम्बरीष की श्रीकृष्णोपासना की वार्त्ता है। श्रीप्रह्लाद का विवरण भा० ७।४।३७—

"कृष्णग्रहगृहीतात्मा नवेद जगदीदृशम्"

"नानुसन्धत्त एतानि गोविन्दपरिरम्भितः" ७।४।३८

"मतिर्न कृष्णे परतः स्वतो वा" ७।५।३० में है।

ब्रह्मादि देवगण जिनके चरणकमल की अर्चना करते हैं, स्वयं लक्ष्मीदेवी श्रीचरण सेवा करती हैं, भक्तवृन्द के सहित मुनिगण जिनके चरणारविन्द का ध्यान करते हैं, अनुचरवृन्द के निमित्त जो चरण वन में विचरण करता है, जो गोपियों के कुचकुङ्कुम रञ्जित है, मैं उन चरणकमलों का सन्दर्शन करूँगा।

अत्र 'पूर्वें' इत्यादिद्योतितं 'गोचारणाय' इत्यादिलब्धस्य स्फुटं श्रीनराकारस्यैव नित्यावस्थायित्वं लभ्यते ॥ श्रीमदक्रूरः ॥

९९। तथा (भा० १०।४७।६२)—

(९९) "या वै श्रियार्च्चितमजादिभिराप्तकामै-
योगेश्वरैरपि सदात्मनि रासगोष्ठ्याम्।
कृष्णस्य तद्भगवतः प्रपदारविन्दं
न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम् ॥"२२४॥

उक्त श्लोक में "कृतावतारस्य दुरत्ययं तमः, पूर्वेस्तरन् यत्पन्नमण्डल स्त्रिया" का उल्लेख है। उससे प्रतीत होता है, द्वापर युग के पहले भी श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति रही, 'गोचारणाय' पदोल्लेख से विदित होता है कि—श्रीकृष्ण नराकार विग्रह में नित्य स्थित हैं।

कारण, द्विभुज श्रीकृष्ण ही श्रीवृन्दावन में गोचारण किये थे। चतुर्भुज श्रीकृष्ण कभी भी गोचारण नहीं किये हैं। उक्त श्लोक में प्रपञ्चाधिकारी ब्रह्मा का उल्लेख उपासक रूप में होने से प्रतीत होता है—श्रीकृष्ण की उपासना श्रीब्रह्मा के ऊर्द्ध्वतन एवं अधस्तन समस्त व्यक्ति करते हैं।

लक्ष्मीदेवी का उपासक रूप में नामोल्लेख के कारण—वैकुण्ठ निवासी परिकरगण का उपास्य भी श्रीकृष्ण हैं। कारण—वैकुण्ठेश्वर की वक्षोविलासिनी लक्ष्मी का उपास्य श्रीकृष्ण होने पर अन्यान्य परिकरगणों का उपास्य भी श्रीकृष्ण ही हैं।

मुनिगणों का उल्लेख उपासक रूप में होने से प्रपञ्चस्थ निखिल भक्तवृन्दों का उपास्य श्रीकृष्ण ही हैं। कारण मुनिवर्य्यों का अनुसरण भक्तगण करते हैं। आगमोक्त विधि के द्वारा ब्रह्मादि देवगण, श्रुति-स्मृति-पञ्चरात्र के अनुसार प्रपञ्चान्तर्वर्त्ती मुनि एवं भक्तगण, एवं वैकुण्ठस्थ श्रीलक्ष्म्यादि परिकरगण प्रीति भक्ति के द्वारा श्रीकृष्ण की उपासना करते हैं।

अनन्तर श्रीगोकुल का सौभाग्यातिशय का वर्णन नियन्धन कहते हैं—गोचारण के निमित्त जो चरण वन वन में विचरण रत है। अर्थात् आगमादि शास्त्रावलम्बन से ब्रह्मादि देव, मुनि प्रभृति भक्तवृन्द हृदय में जिन चरणों का ध्यान करते हैं, अर्थात् ध्येय एवं अर्चनीय जो चरण है, वह चरण श्रीगोकुल के वन में विचरणरत है। केवल यह ही नहीं अपितु जिन श्रीचरणों के निर्माल्य भक्तवृन्द मुनिगण, लक्ष्म्यादि परिकरगण, ब्रह्मादि देवगण आदरपूर्वक मस्तक में धारण करते हैं, वह चरण 'गोपिकानां कुचकुङ्कुमाङ्कितम्' है। गोपिगणों के कुचस्थ कुङ्कुमरूप निर्माल्य कुसुमों के द्वारा अर्चित नहीं है, किन्तु अङ्कित है, सुशोभित है। अर्थात् जो चरण अर्चनकारियों का सौभाग्य वर्द्धक है, उन चरणों का समृद्धि वर्द्धक गोपियों का कुचकुङ्कुम है।

श्रीकृष्ण का पितृव्य वरिष्ठ श्रीअक्रूर थे। आपने रहो लीलाव्यञ्जक कुचकुङ्कुम का प्रसङ्ग उत्थापन क्यों किया? उत्तर—देवर्षि श्रीनारद के मुख से प्रेमपराकाष्ठामयी रासलीला का श्रवण श्रीअक्रूर ने किया था। अतः प्रेममाधुर्य्यव्यञ्जक रूप में ही उस लीला का स्मरण आपने किया था। किन्तु शृङ्गारोद्दीपक रूप से नहीं। अन्यथा उक्ति दोषदुष्टा होगी। अथवा, वात्सल्यरसानुभावक रूप में उक्त कथन हुआ है। अति बालक श्रीकृष्ण को अङ्क में स्थापन करते समय वर्षीयसी गोपिका के वक्षस्थ कुङ्कुम के द्वारा श्रीकृष्णचरण अनुरञ्जित होता था। उक्ति श्रीमदक्रूर की है ॥९८॥

उस प्रकार ही उद्धव महाशय की अपर उक्ति भा० १०।४७।६२ में है—

'सदा' भूत वर्त्तमान-भविष्यत्कालेषु श्यादीनां सर्वदावस्थायित्वेन प्रसिद्धेः, सदेत्यस्य तथैव ह्यर्थप्रतीतिः, सङ्कोचवृत्तौ कष्टतापत्तेः, श्रीभगवति तादृशत्वासम्भवाच्च। तथा च श्रीगोपालतापनीश्रुतौ (पू० ३७)—"गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं वृन्दावनसुरभूरुह-तलासीनं सततं समरुद्गणोऽहं तोषयामि" इति ब्रह्मवाक्यम्। तदुत्तरतापनीश्रुतौ श्रीगोपीः प्रति दुर्वाससो वाक्यम् (उ० २३)—"जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयमच्छेद्योऽयं योऽसौ सौर्य्ये तिष्ठति, योऽसौ गोषु तिष्ठति, योऽसौ गाः पालयति, योऽसौ गोपेषु तिष्ठति, स वो हि स्वामी भवति" इति ॥ श्रीमदुद्धवः ॥

१०० । एवञ्च, (भा० १०।१२।१२)—

(१००) "यत्पादपांशुर्बहुजन्मकृच्छ्रतो, धृतात्मभिर्योगिभिरप्यलभ्यः।
स एव यद्दृग्विषयः स्वयं स्थितः, किं वर्ण्यते दिष्टमहो व्रजौकसाम् ॥"२२५॥

"या वै श्रियार्चितमजादिभिराप्तकामैर्योगेश्वरैरपि सदात्मनि रासगोष्ठ्याम्।
कृष्णस्य तद्भगवतः प्रपदारविन्दं न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम् ॥"

क्रमसन्दर्भः। "तत्र या वै श्रियार्चितमित्यत्र, तथापि श्रियायत्तदप्राप्तिस्तत् खल्वेतासामिव तस्या अनन्यत्वाभावादिति भावः।"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। औत्कण्ठ्यात् पुनरेव तासां महिमानं प्रकटयन्नाह—या वै इत्यादि। श्रियार्चितम्, तथा अजादिभिस्तथाप्तकामैर्योगेश्वरैरपि, तत्रापि सदा, तत्राप्यात्मनि मनसि, न तु साक्षात्तत् कृष्णस्य प्रपदारविन्दं रासगोष्ठ्यां स्तनेषु न्यस्तं कृत्वा परिरभ्य यास्तापं जहुः, तासां चरणरेणुरुषामिति पूर्वेणैवान्वयः। तस्मात् (६१तम श्लोके) "वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्" इति साधूक्तम्।

श्रीउद्धवोक्ति यह है—'लक्ष्मीदेवी, ब्रह्मादि देवगण, आत्माराम भक्तवृन्द, एवं शुद्धभक्तसमूह, योगिगण जिनकी मानसिक अर्चना सर्वदा करते हैं, गोपिगण—रासगोष्ठी में स्वीय स्तनोदर उन श्रीचरण कमल को आलिङ्गन कर ताप शान्त किये थे।'

श्लोकोक्त 'सदात्मनि' स्थित 'सदा' शब्द का अर्थ—भूत, भविष्यत्, वर्त्तमान काल है। लक्ष्मी प्रभृति की सर्वदा अवस्थिति की वार्त्ता सुप्रसिद्ध है। अतएव उन सबके उपास्य की नित्य स्थिति भी स्वतःसिद्ध है। 'सदा' पद से नित्य स्थिति रूपार्थ ही प्रतीत होता है। सङ्कुचित वृत्ति के द्वारा उक्त सदा पद का अन्यार्थ करना असम्भव है। अर्थात् प्रकट समय में श्रीकृष्ण द्विभुज रूपमें उपास्य हैं, अपर समय में नहीं, इस प्रकार अर्थ सदा पद से नहीं हो सकता है। कारण उस प्रकार अर्थ सदा पद से करने में कष्ट कल्पना करनी पड़ेगी, एवं श्रीभगवान् में त्रिकाल विद्यमानता का अभाव कभी भी नहीं हो सकता है। श्रीगोपालतापनी श्रुति में भी श्रीब्रह्मा का वाक्य श्रीमद्भागवतीय वाक्यानुरूप है। "वृन्दावनस्थ कल्पतरु के तलदेश में अवस्थित सच्चिदानन्दविग्रह श्रीगोविन्द को मरुद्गण के सहित मैं निरन्तर सन्तुष्ट करता रहता हूँ। उत्तर तापनी में गोपी के प्रति दुर्वासा का वाक्य भी इस प्रकार है—"जन्म-जरारहित अच्छेद्य एवं स्थिर यह है। जो यमुनातीरस्थ श्रीवृन्दावन में अधिष्ठित हैं, धेनुवृन्द के मध्य में जो विराजित हैं, गोपालन ही जिनका व्रत है, गोपगणों के मध्य में जो विराजित हैं, वह ही तुम सबके अध्यक्ष हैं। यह कथन श्रीमदुद्धव का है ॥९९॥

नराकार विग्रह ही श्रीकृष्ण का स्वरूप है, उसका वर्णन भा० १०।१२।१२-स्थ श्रीशुक वाक्य में है।

अत्र 'स्वयम्' इत्यनेन तु बाढ़मेवान्यथाप्रतीतिर्दुर्धियां निरस्ता। 'स्थित' इति वर्त्तमाने क्तः, (महा० ना० ६।५) "यच्च किञ्चिज्जगत् सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः" इतिवत्॥ श्रीशुकः॥

"यत्पादपांशुर्बहुजन्मकृच्छ्रतो, धृतात्मभिर्योगिभिरप्यलभ्यः।
स एव यद्दृग्विषयः स्वयं स्थितः, किं वर्ण्यते दिष्टमहो व्रजौकसाम्॥"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। "इदानीं वयस्यबालकानां सौभाग्यं तावदतिदुर्लभमेव, तदास्तां दूरे, व्रजवासिमात्रस्यैव सौभाग्यं वर्णनीयं न भवतीत्याह—यत्पादपांशुरित्यादि। बहुजन्मकृच्छ्रतो—बहुजन्मकृततपस्यातो हेतोर्बहुजन्मकृच्छ्रेण वा, धृतो निगृहीत आत्मा मनो यैस्तथाभूतैरपि योगिभिर्यत्पादपांशुरप्यलभ्यः, स एव येषां दृग्विषयः, सन् स्थितः, वर्त्तमाने क्तः, स वर्त्तमानो नित्यप्रवृत्तः। एतेन व्रजस्थत्वस्य नित्यत्वम्, अन्यथा दृग्विषय इत्यनेनैव सिद्धेः, स्थित इत्यधिकपदं स्यात्। तत्र कारणान्तरं नानुसन्धेयमित्याह—स्वयं स्वेच्छयैव, अथवा, स्वयं स्वरूपेणैव। अहो विस्मये, व्रजौकसां दिष्टं भागधेयं किं वर्ण्यते? वर्णनीयं न भवतीति शेषः।"

अनेक जन्म यावत् यमनियमादि अनुष्ठान के द्वारा संयतचित्त योगिगण जिनकी चरणरेणु प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन श्रीभगवान् स्वयं ही व्रजवासियों के नयन सन्निधान में निरन्तर अवस्थित हैं। उन सब व्रजवासियों की अनिर्वचनीय सौभाग्य कथा का वर्णन कैसे हो सकता है?

उक्त श्लोक में व्रजवासिगणों के सहित श्रीकृष्ण का नित्य विचित्र विहार सौभाग्य वर्णित है। व्रजवासिगण सतत जिनके सहित विहार करते हैं, एतद्व्यतीत अपर महद्व्यक्तिगण उन श्रीकृष्ण का दर्शन सौभाग्य प्राप्त करने में अक्षम हैं, उसको कहते हैं—'यत्पादपांशुर्बहुजन्मकृच्छ्रतः' जिनके चरणसम्बन्धी चरणरेणु, अथवा वात्सल्यभक्ति का यत्किञ्चित् सम्बन्ध, किम्वा पादप, श्रीवृन्दावनस्थित कदम्बादि वृक्ष प्रभृति की अंशु किरणच्छटा, अथवा पदयुगल पान, अर्थात् सप्रेमनिरीक्षणशील भक्तवृन्द की अंशु—किरणच्छटा, बहुजन्म पर्य्यन्त यमनियमादि द्वारा संयतचित्त समाधियुक्त योगियों के अलभ्य हैं। उन भगवान् स्वयं ही, स्वरूपान्तर से नहीं, किम्वा स्व-स्वरूप में—श्रीनन्दनन्दन रूप में, व्रजवासि जनगण के निकट निज निज स्वरूप में परिचित होकर नित्य विराजमान हैं। अहो! उन सब व्रजवासियों का कैसा विचित्र उत्सव है!

वैष्णवतोषणी—"अहो दूरे तावदास्तामेषां तेन सह निरन्तरविचित्रविहारसौभाग्यमहिमा, व्रजवासिमात्राणामपि तद्दर्शनमात्रसौभाग्यमपि, परममहद्भिरप्यन्यैरलभ्यमित्याह—यदिति, यस्य पादसम्बन्धी कुत्रापि पतितः पांशुरेकोऽपि साक्षात् स एव, किम्वा, यस्य पादपः श्रीवृन्दावनकदम्बादिवृक्षः। यद्वा, यस्य पादौ पिबन्ति, स निरीक्षणा इति भक्तविशेष स्तेषामंशुर्दूरतः किरणच्छटादिक् लेशैः धृतः स्थिरीकृत आत्मा मनो यैः, अतो योगिभिः समाधियुक्तैरपि अलभ्यः, लब्धुमशक्यः स एव स्वयं स्वभावतः स्वरूपतो वा स्थितः, स्थिरतया निवसन्नस्ति, 'यच्च किञ्चिज्जगत् सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः' इतिवत्। अहो आश्चर्य्ये, तेषां दिष्टं भाग्यम्, यद्वा, दिष्टस्य महोविचित्रोत्सवः किं वर्ण्यते—वर्णयिष्यते? अपितु वर्णयितुं न शक्यते' इत्यर्थः।"

यहाँ पर द्विभुज श्रीकृष्ण का ही वर्णन हुआ है। कारण, व्रज में द्विभुज रूप में लीला करते हैं। श्लोक में 'स्वयं स्थितः' पद का प्रयोग हुआ है। उससे दुष्टबुद्धिसम्पन्न व्यक्तिगण की—'द्विभुज रूप की अनित्यत्व प्रतीति' का निरास हुआ है।

महानारायणोपनिषद् में उक्त है—जागतिक जो भी वस्तु हैं, सब में श्रीनारायण नित्य रूप में स्थित हैं। उस प्रकार ही व्रज में श्रीकृष्ण अवस्थित हैं।

'स एव यद्दृग्विषयः स्वयं स्थितः' स एव येषां दृग्विषयः सन् स्थितः वर्त्तमानेक्तः, स वर्त्तमानो

१०१। अतएव स्वभावसिद्धत्वं पूर्णैश्वर्य्याद्याश्रयत्वञ्च, (भा० १०।४४।१४)—

(१०१) "गोप्यस्तपः किमचरन् यदमुष्य रूपं, लावण्यसारमसमोर्द्ध्वमनन्यसिद्धम्।
दृग्भिः पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुराप,-मेकान्तधाम यशसः श्रिय ऐश्वरस्य॥"२२६॥

'अनन्यसिद्धम्' अन्येन तत् सिद्धमिति न, किन्तु स्वाभाविकमेवेत्यर्थः। अन्यत्रासिद्धमिति तु व्याख्यानं पिष्टपेषणम्। 'असमोर्द्ध्वम्' इति युक्तमेव, तदिदञ्च तासां वाक्यं श्रीशुकदेवादिभिः स्वयमनुमोदितमिति नान्यथा मन्तव्यम्॥ मथुरापुरस्त्रियः परस्परम्॥

१०२। अथ विभुत्वम् (भा० १०।९।१३) "न चान्तर्न बहिर्यस्य" इत्यादौ। प्राकृत-

नित्य प्रवृत्तः। एतेन व्रजस्थत्वस्य नित्यत्वम्, अन्यथा दृग्विषय इत्यनेनैव सिद्धेः, स्थित इत्यधिकपदं स्यात्।" (वृ० क्र० स०)

'स्थितः' पद प्रयोग से श्रीकृष्ण रूपमें व्रज में नित्य स्थिति सूचित हुई है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं॥१००॥

अतएव श्रीकृष्ण की नराकृति ही स्वभावसिद्ध एवं पूर्णैश्वर्य्यादि का आश्रय है। उसका वर्णन भा० १०।१४।१४ में है,—मथुरा नागरीगण परस्पर को कहती हैं, गोपीगण की कैसी अनिर्वचनीया तपस्या रही, जिससे वे सब श्रीकृष्ण के नित्य नवीन मनोहर स्वरूप का दर्शन अतृप्त नयनों से करते रहते हैं। वह रूप लावण्य का सार तो है ही, उसके समान अथवा अधिक लावण्यशाली अपर कोई नहीं है। वह रूप अनन्यसिद्ध है, यशः ऐश्वर्य्य एवं लक्ष्मी का एकान्त आश्रय है, वह अतिशय दुर्लभ भी है। अनन्यसिद्ध अर्थात् अपर के द्वारा निर्मित नहीं है, किन्तु स्वाभाविक है। अन्यत्र असिद्ध है, उस प्रकार व्याख्या पिष्टपेषण मात्र ही है। कारण उसका प्रकाश असमोर्द्ध्व पद से ही हुआ है।

उन सबके वाक्य का अनुमोदन श्रीशुकदेव प्रभृतियों ने किया है। उस विषय में सन्दिहान होना समीचीन नहीं है।

निरन्तर रूप पान करने की जो वार्त्ता है, उससे रूप का अक्षयत्व एवं उक्त रूप सुधापान से व्रजसुन्दरीगणों की अतृप्ति सूचित हुई है। अनन्त भगवदवतार सुप्रसिद्ध होने पर भी श्रीकृष्ण के ही रूपलावण्य अत्यधिक रूप से वर्णित क्यों हुये हैं? कहते हैं—असमोर्द्ध्व है, अर्थात् अनन्त भगवत्स्वरूप के कोई भी स्वरूप श्रीकृष्ण के समकक्ष होने में सक्षम नहीं हैं। यदि अन्यत्र उस प्रकार रूप की सम्भावना ही नहीं है तो उस रूप की प्राप्ति श्रीकृष्ण में कैसे हो सकती है? उत्तर,—यह उनका स्वाभाविक है, सुतरां यह रूप नित्य है। सुतरां जिस रूप की उत्पत्ति नहीं है, उसका विनाश भी नहीं है।

मथुरापुरस्त्रियों की पारस्परिक उक्ति है॥ ०१॥

श्रीकृष्ण का नराकृतित्व स्थापन के अनन्तर विभुत्व का प्रतिपादन करते हैं। भा० १०।९।१३ में वर्णित है—"न चान्तर्न बहिर्यस्य न पूर्वं नापि चापरम्। पूर्वापरं बहिश्चान्तर्जगतो यो जगच्च यः॥"

जिनका भीतर नहीं है, बाहर नहीं है, पूर्व नहीं है, पर नहीं हैं। जो जगत् के पूर्वपर, अन्तर-बाहर, तथा स्वयं ही जगत्स्वरूप हैं। कौतूहल की वशवर्त्ती होकर दधिभाण्ड भेदन एवं नवनीतापहरण रूप चपलता को देखकर 'पुनर्बार चापल्य न करे' इस प्रकार विचार कर निज तनय को यशोदा ने बंधी थी। उस लीला को देखकर विस्मित चित्त से श्रीशुकदेव ने कहा—'अहो! यशोदा का ममत्व का कैसा अनिर्वचनीय प्रभाव है। जो सर्वव्यापक, सर्वकारण, सर्वस्वरूप वस्तु को बन्धन करने में प्रवृत्त है! सर्वव्यापकता हेतु उनका बाहर नहीं है। रज्जु, उनकी जगच्छक्ति की अंशांशभूत है, उससे उनका बन्धन असम्भव है।

वस्त्वतितिरस्कृतत्वम् (भा० १०।६०।४५) "त्वक्श्मश्रुकेशनखरोमपिनद्धम्" इत्यादौ स्पष्टम् ।
स्वप्रकाशलक्षणत्वम् (भा० १०।१४।२)—

(१०२) "अस्यापि देववपुषो मदनुग्रहस्य, स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि ।
नेशे महि त्ववसितुं मनसान्तरेण, साक्षात्तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेः ॥"२२७॥

बृहद्‌क्रमसन्दर्भः । "अथ कौतुकेन दधिभाण्डभेद-नवनीतापहारचापलजातकोपा व्रजेश्वरी पुनरेवं चापल्यं मा करोस्विति स्वतनयं विनिनीषुर्दाम्ना बबन्धेति तस्य लीलान्तरं दर्शयति—न चान्त नं बहिरित्यादि । यस्य न चान्तः प्राकृतवद् धातुसम्बन्धः, न बहिरित्यन्तर्बहिरेकस्वरूपत्वम् । अथवा, अन्तरङ्गावहिरङ्गा न यस्य सर्वसमम्, न पूर्वं, न प्राक्, न चापरं न पश्चात्, (भा० २।९।३२, ६।४।४७) 'अहमेवासमेवाग्रे' इति स्वोक्तेः । अपच यो जगतः पूर्वापरश्च बहिश्च । अनादित्वात् पूर्वः, अनन्तत्वादपरः, पर इत्यर्थः । अपावृतत्वाद् बहिर्जगतो यो जगच्च, जगदाधारत्वात् । एवम्भूतं तं श्रीकृष्णं विग्रहं कथं बध्नात्विति पूर्वोक्तमतद् वीर्य्यकोविदत्वं व्रजेश्वर्य्या वात्सल्येनैव कृतम्, नत्वज्ञानेन ।"

पृथिवी-जल-अग्नि-वायु-आकाश पञ्चभूत हैं, उससे उत्पन्न शरीर एवं शरीरस्थ त्वक्, श्मश्रु प्रभृति मन, बुद्धि एवं अहङ्कार है । श्रीकृष्ण विग्रह प्राकृत वस्तु से अतिरिक्त है । श्रीकृष्ण विग्रह में प्राकृत वस्तु का समावेश नहीं है, उसका कथन श्रीरुक्मिणीदेवी के वाक्य से हुआ है ।

"त्वक्श्मश्रुरोमनखकेशपिनद्धमन्तर्मांसास्थिरक्तकृमिविट्कफपित्तवातम् ।
जीवच्छवं भजति कान्तमतिर्विमूढ़ा या ते पदाब्जमकरन्दमजिघ्रती स्त्री ॥" (भा० १०।६०।४५)

बृहत्क्रमसन्दर्भः । व्यतिरेकमाह—त्वक्श्मश्रुरोमेत्यादि । त्वद्‌विग्रहस्य सान्द्रानन्दमयत्वात् अतस्त्वत्पदाब्जमजिघ्रती जीवच्छवं जीवन्मृतं भजति । या तु जिघ्रति, सा तु जीवच्छवान् त्वदितरान् पतीन् न कामयते ।

जो स्त्री आपके पादपद्म का आघ्राण ग्रहण करने असमर्थ है, उस मूढ़मति स्त्री, त्वक्, श्मश्रु, रोम, नख एवं केश द्वारा आच्छादित एवं भीतर में मांस, अस्ति, रक्त, कृमि, विष्ठा, वात, पित्त, कफ पूरित जीवितशव देह का भजन कान्त बोध से करती है ।" इस वाक्य में प्राकृत पुरुष देह एवं श्रीकृष्ण विग्रह में मूलतः जो पार्थक्य है, उसका वर्णन है । श्रीकृष्ण विग्रह में त्वक्, श्मश्रु, प्रभृति प्राकृत वस्तु का समावेश नहीं है । उनके निखिल अवयव स्वरूपभूत ज्ञानानन्दघन है ।

श्रीकृष्ण के नराकृति वपु ही स्वप्रकाश स्वरूप है, उसका वर्णन भा० १०।१४।२ में है,—

"अस्यापि देववपुषो मदनुग्रहस्य स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि ।
नेशेमहित्ववसितुं मनसान्तरेण, साक्षात्तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेः ॥"

टीका—ननु नौमि प्रतिज्ञाय किं स्वरूपानुवादमात्रं क्रियते अत आह—अस्यापीति । भो देव ! अस्यापि सुलभत्वेन प्रकाशितस्यापि तव वपुषोऽवतारस्य महि—महिमानम्, अवसितुं—ज्ञातुं, कोऽपि—को—ब्रह्मा, अहमपि नेशे—न शक्नोमि । यद्वा, कश्चिदपि नेशे—न समर्थ आसीत्, सुलभत्वाय विशेषणद्वयम् । मदनुग्रहस्य मम अनुग्रहो यस्मात्—तत् मदनुग्रहं, तस्य, किञ्च, स्वेच्छामयस्य, स्वीयानां—भक्तानां यथा यथा इच्छा तथा तथा भवतः । तर्हि किमिति ज्ञातुं न शक्यते, अत आह—नतु भूतमयस्य, अपितु शुद्धसत्त्वात्मकस्य यदा अस्यैव, तदा कथं पुनः साक्षात् तव, केवलस्य आत्मसुखानुभूतेरेव—स्वसुखानुभवमात्रस्यावतारिणो गुणातीतस्य महिमानम्, आन्तरेण—निरुद्धेनापि मनसा को ज्ञातुं समर्थो भवेत् । अथवा भूतमयस्य—अपितु विराड्‌रूपस्य तव, तन्नियम्यस्य वपुषो महिमानमेवावसितुं कोऽपि नेशे, तदा साक्षात् तवैवासाधारणस्य नियम्यनियन्तृभेदरहितस्योक्तलक्षणस्य अस्य महिमानमवसितुं

अस्य (भा० १०।१४।१) "नौमीड्य ते" इत्यादिना वर्णितलक्षणस्य श्रीमन्नराकारस्य तव

कोऽपि नेश इति किमु वक्तव्यमित्यर्थः।

"नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे तड़िदम्बराय गुञ्जावतंसपरिपिच्छलसन्मुखाय।
वन्यस्रजेकवलवेत्रविषाणवेणु लक्ष्मश्रिये मृदुपदे पशुपाङ्गजाय॥" भा० १०।१४।१ में

भीत होकर स्तव आरम्भ कर क्या स्वरूप का अनुवाद ही कर रहे हो? उत्तर में ब्रह्मा ने कहा—हे ईड्य! स्तवनीय आपको प्रसन्न करने के निमित्त आपका स्तव कर रहा हूँ। आप नवनीरद के सदृश हैं, वसन भी आपका विद्युत् सदृश पीतिम्नारञ्जित है। कर्ण में गुञ्जा का कर्णभूषण है। मयूरपिच्छ की चूड़ा के द्वारा मुखमण्डल अतिशय सुशोभित है। वनमाला, कवल 'वध्योदन ग्रास' वेत्र, शृङ्ग, वेणु इत्यादि चिह्न द्वारा आपकी अतीव शोभा वर्द्धित हो रही है। आपके चरणयुगल अतिशय मृदुल हैं, आप गोपराज श्रीनन्द के आत्मज—पुत्र हैं।

वैष्णवतोषणी। अस्यापीति—तैर्व्याख्यातम्, तत्र नन्विस्याद्यन्ते उत्कर्षवर्द्धनमेव हि स्तुतिर्नामेति हेतुरध्याहार्य्यः। तव वपुष इति चतुर्थचरणादत्रापि स्येति योजनया साधितम्, तवयद्वपुषः कश्चिदप्य-वतारस्तस्येत्यर्थः। कीदृशस्यापि तस्य? तत्राह—अस्यापीति। जगति सुलभत्वेन प्रकाशितत्वात् तत्रैवन्तानिर्देशं प्राप्तस्येत्यर्थः। मदनुग्रहस्येति—ममैव सृष्टिपालकत्वादिति भावः। तदेतन्मते तु ननु भूतमयस्येति तवर्गपञ्चमद्वयाविभागमय एव पाठः। न तु पञ्चमप्रथमाविभागमयः।

न तु वा तत् प्रथमपञ्चमाविभागमयः। उत्तरव्याख्यायां तयोर्नतु तन्वोरस्पर्शात्, तस्मात् प्रथम-व्याख्यायां 'ननु' इति व्याख्यातं, तत् खलु नुकारस्यैव तुकारार्थतया स्वीकाराज्ज्ञेयम्। "नेशे महित्वमवसितुम्" इत्यस्माकमा योजनया वा, अत्र नुस्तु वितर्कार्थो ज्ञेयः। द्वितीयार्थे ननु निश्चयार्थो ज्ञेयः, नन्विति तवर्गपञ्चमान्तपाठस्तु टीकायां मूले च प्रायः सर्वत्र दृश्यते। तस्मादथवेत्यस्य पाठान्तर इत्येवार्थो ज्ञेयः। साक्षात्तवेति—स्वयं भगवतस्तवेत्यर्थः। केवलस्येत्येवकारव्याख्या तत्तदवतारानतीत्यविराजमानस्येत्यर्थः। गुणातीतस्येति—तत्र च पुरुषत्रिदेवीवत्, न तु त्रैगुण्य-तत्तद्गुणपरिच्छिन्नाधिकारस्येत्यर्थः। स्वसुखानुभूतिमात्रस्यापि तत्तदवतारित्वं महिमवत्त्वञ्च, 'एतस्यैवानन्दस्य अन्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति' (श्रीवृ० आ० ४।३।३२) इति, 'को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' (तै० ७।१) इति। 'परास्यशक्तिर्विविधैव श्रूयते, स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च' (श्वे० ६।८) इति श्रुतिप्रामाण्येन अवगम्यते, न च निर्विशेषतया तदाविर्भावविशेषस्य ब्रह्मण एव दुर्ज्ञेयताधिषयम्, अत्र प्रतिपाद्यते। 'तथापि भूमन् महिमागुणस्य ते' (भा० १०।१४।६) इत्याद्युत्तरवाक्यद्वये सविशेषस्यैव तदाधिक्य व्याख्यास्यते।

अथवेति—अथ विराड्रूपस्यापि दुर्ज्ञेयत्वोल्लेखः, स्वयं तु भगवति तस्मिन् परमकैमुत्यं प्रतिपादयति स्म। अस्मिन्नेव पक्षे तनु भूतमयस्येति चित्सुखपाठः सङ्गच्छते। तनुभिः सूक्ष्मैः आब्रह्मस्तम्बपर्य्यन्तैः-र्व्याप्तत्वादिति हि तद्व्याख्या। पूर्वस्मिन् पक्षे तु तनु सूक्ष्ममचिन्त्यं यद्भूतं शुद्धसत्त्वात्मकं भगवत्तत्त्वं, तत् स्वरूपस्येत्यर्थः। 'अस्य महतो भूतस्य' (वृ० आ० ४।५।११) इति श्रुतेः, 'लोकनाथो महद्भूतम्' इति सहस्रनामस्तोत्राच्च। नियन्तृनियम्यभेदरहितस्येति—विराड्रूपस्य स्वचिदंशस्येत्युक्तत्वात्र तस्य कश्चिन्नियन्ता, न च स कञ्चिन्नियम्य इति विवक्षया।

उक्तलक्षणस्येति, अभ्रवपुरित्यादिविशेषणैर्दर्शितस्येत्यर्थः। अथ स्वव्याख्या—ननु ममैतादृशं स्वरूपमनूद्य किं स्तौषीत्याशङ्कया ससम्भ्रमं तत्र निजासामर्थ्यमाह—अस्यापीति, अस्य जगतो यद्वपु-राधिदैविकरूपं नारायणाख्यं तव वपुरधुना दर्शितेषु चतुर्भुजरूपेष्वेकमपि वपुस्तस्यापीति योज्यम्। 'नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात्' (भा० १०।१४।१४) इति हि वक्ष्यते वपुषो विशेषणानि

सम्प्रति बालकवत्साद्यंशैर्दर्शितेषु तेष्वेकमपि देवरूपं चतुर्भुजाकारं यद्वपुस्तस्यापि; अस्तु तावत् समस्तानामित्यर्थः। एवञ्च सति साक्षादेतद्रूपस्यांशिनस्तव, किमुत देवपुषो विशेषणं मदनुग्रहस्येत्यादि। ममानुग्रहो यस्मात्तस्य बालवत्स-यष्टिवेण्वाद्यंशतस्तादृशरूपप्रकटनदर्शनेनैव भवन्महिमज्ञानात्। कथम्भूतस्य तव ? आत्मसुखानुभूतेः; आत्मना स्वेनैव, न त्वन्येन सुखस्यानुभूतिरनुभवो यस्य तस्यानन्यवेद्यानन्दस्येत्यर्थः॥ ब्रह्मा श्रीभगवन्तम्॥

१०३। कैमुत्येन स्वयंरूपत्वनिर्देशश्च (भा० १०।१२।३९)—

"सकृद्यदङ्गप्रतिमान्तराहिता, मनोमयीं भागवतीं ददौ गतिम्।
स एव नित्यात्मसुखानुभूत्यभि,-व्युदस्तमायः परमोऽङ्ग किं पुनः॥"२२८॥

मदनुग्रहस्येत्यादीनि। साक्षात्तवैवेति पूर्ववत्। आत्मना स्वयमेव कर्त्ता सुखानुभूतिर्यस्य, अनन्यावेद्यानन्दस्येत्यर्थः। यद्वा, अस्य तव यद्देववपुरधुना दर्शितेषु चतुर्भुजरूपेषु एकमपि वपुस्तस्यापीति योज्यम्। अत्र मदनुग्रहस्येति—तद्दर्शनादेव हि तन्महिमा ज्ञात इति भावः।

सन्दर्भ। मेरे प्रति अनुग्रह प्रकटन हेतु जिस देववपु का प्रकाश आपने किया है, वह पाञ्चभौतिक नहीं है। किन्तु विशुद्ध सत्त्वात्मक है। वह रूप स्वेच्छामय है, अर्थात् स्व-स्वीय भक्तवृन्द की इच्छा के अनुसार प्रकट होते हैं। मैं ब्रह्मा होकर भी जब आपके अंश रूप में प्रकटित नारायण रूप को नहीं जान सकता हूँ, तब केवल आत्मसुखानुभूति स्वरूप सर्वमूलावतारी व्रजेन्द्रनन्दन रूप की महिमा को संयत मन के द्वारा भी कोई कदापि जानने में सक्षम होंगे ? उसकी सम्भावना नहीं की जा सकती है।

अस्यापि—भा० १०।१४।१ में नौमिड्यते श्लोक के द्वारा जिनकी वर्णना हुई है। उन श्रीमत् नराकार स्वरूप के द्वारा प्रकटित, वत्स बालक प्रभृति अंशवृन्द के द्वारा जिन नारायण रूप का प्रदर्शन हुआ है, उन सबके मध्य में एक चतुर्भुजाकार मूर्त्ति की महिमा को जानने में कोई समर्थ नहीं हैं। तब उन सबके अंशी आप हैं, आपकी महिमा कौन जान सकते हैं ? कैमुत्यन्याय की सङ्गति प्रदर्शन के निमित्त व्याख्या कर रहे हैं—'मदनुग्रहश्च' मेरा अनुग्राहक, यह पद 'वपुषः' पद का विशेषण है। अर्थात् जिस रूप से मेरे प्रति अनुग्रह प्रकटित हुआ है। अर्थात् पशुपाङ्गज रूप, जिस रूप का दर्शन कर आपकी महिमा को मैं जान गया हूँ, उस वपु का अर्थात् बालक, वत्स, यष्टि, वेणु प्रभृति का प्रकटन आपने निजांश से ही किया है। उसको देखकर ही आपकी महिमा का अनुभव हुआ है। आप किस प्रकार हैं ? आत्मसुखानुभूति स्वरूप हैं। अर्थात् आप से ही जिसकी सुखानुभूति होती है। एवं जिसका आनन्दानुभव आपको छोड़कर अपर कोई कर नहीं सकते हैं। इस प्रकार परमानन्दमय आप हैं। स्वप्रकाश स्वयं ही जानते हैं, अपर कोई नहीं जानते हैं। निज सामर्थ्य से ही स्वप्रकाश प्रकाशित होता है। आप अनन्य वेद्य परमानन्दस्वरूप हैं। ब्रह्मा श्रीभगवान् को कहे थे॥१०२॥

कैमुत्य न्याय के द्वारा श्रीकृष्ण का स्वयंरूपत्व का प्रतिपादन करते हैं। युक्तिमूलक दृष्टान्त को न्याय कहते हैं। कैमुत्यन्यायः—'यद्भारवहनं दुर्बलस्यापि साध्यं तद्भारवहनं सुतरां सबलस्य साध्यम्' जिसको वहन करने में दुर्बल व्यक्ति समर्थ है, उसको वहन करने में सबल व्यक्ति समर्थ होगा, इसमें अधिक कहना क्या है ?

भा० १०।१२।३९ में उक्त है—"सकृद्यदङ्गप्रतिमान्तराहितामनोमयीं भागवतीं ददौ गतिम्।
स एव नित्यात्मसुखानुभूत्यभिव्युदस्तमायः परमोऽङ्ग किं पुनः॥"

टीका—यस्याङ्गं मूर्तिस्तस्य प्रतिमा, प्रतिकृतिः, तत्रापि केवलं मनोमयी, सापि बलादन्तराहिता

स्पष्टम् ॥ श्रीशुकः ॥

१०४। अतएव साक्षात् परब्रह्मत्वमेव दर्शितम्; (भा० १०।१४।१८) "अद्यैव त्वदृतेऽस्य"

सती भागवतीं गतिं ददौ प्रह्लादादिभ्यः। स एव साक्षात् स्वयमन्तर्गतः किं पुनः? नित्या चासौ आत्मसुखानुभूतिश्च तया अभितो व्युदस्ता माया येन सः।

वैष्णवतोषणी। मनोमयीति—मनसा सहजास्थैर्य्येण सदा सर्वसौन्दर्य्यादि अस्फूर्त्या शैलादि-प्रतिमाभ्यो न्यूनताभिप्रेता। अन्यत्तैः। अत्र प्रह्लादादिभ्य इवेति बोद्धव्यम्। तेषु स्वत एव स्फूर्त्तिः। नतु बलादिति नित्यात्मेति संव्याख्यातम्। यद्वा, नित्यमात्मनां सर्वजीवानां सुखानुभूतिर्यस्मात्, यतोऽभितो विशेषेणोदस्तमायः, तथा च वक्ष्यति श्रीब्रह्मा—'अद्यैव मायाधमनावतारे' (भा० १०।१४।१६) इति स चासौ स च, यतः परमः सर्वतः श्रेष्ठः, निजाशेष भगवत्ता प्रकटनात्, यद्वयस्याङ्गेति सन्याय हर्षं सम्बोधने।"

हे परमप्रिय परीक्षित्! जिनकी केवल मनोमयी मूर्त्ति (प्रतिकृति) बलपूर्वक एकबार मात्र अन्तर में आहित होने से प्रह्लादादि भक्तवृन्द को भागवती गति प्रदान करती है, उन परमेश्वर श्रीकृष्ण, स्वयं अघासुर के अभ्यन्तर में प्रविष्ट होकर उसको भागवती गति प्रदान करेंगे, उनमें आश्चर्य क्या है? श्रीकृष्ण, नित्य आत्मसुखानुभूति के द्वारा समस्त माया को विदूरित किये हैं।

श्रीकृष्ण प्रभृति भगवत् स्वरूप में जीवदेहवत् देहदेही भेद नहीं है। सुतरां श्रीकृष्ण रूप, सर्व प्रकार से मायातीत है। उक्त रूप के प्रभाव से अपर का भी संसारबन्धन विनष्ट होता है। सुतरां उक्त नराकृति श्रीकृष्णरूप स्वयं सिद्ध है, यह सृष्ट नहीं है। एवं किसी का रूपान्तरित भी नहीं है।

कंसपक्षीय अघासुर बृहत् अजगर रूप धारण कर गोष्ठ में अवस्थित था। श्रीकृष्ण के सखावृन्द कौतूहलाक्रान्त होकर तदीय मुखविवर में प्रविष्ट हो गये थे। तत्पश्चात् श्रीकृष्ण, उक्त मुखविवर में प्रविष्ट होने से श्वास रुद्ध होकर अघासुर पञ्चत्व प्राप्त हुआ था। अघासुर की आत्मज्योति श्रीकृष्ण चरण में लीन हुई थी। इस प्रकार सद्‌गति के प्रति हेतु—मनोमध्य में प्रतिकृति निविष्ट होने से भागवती गति मिलती है। यहाँ साक्षात् श्रीकृष्ण अघासुर के देहाभ्यन्तर में प्रविष्ट हुये थे, इससे भागवती गति लाभ होना, आश्चर्य नहीं है। श्रीकृष्ण रूप की उस सामर्थ्य कैसे है? उत्तर—आप स्वरूपसुखानुभूति के द्वारा माया को विदूरित किये हैं। सुतरां श्रीकृष्णाविर्भाव स्थल में माया का स्पर्श नहीं रहता है। उनका विग्रह—मायिक प्रकटित नहीं है, वह साक्षात् स्वरूप है। इसमें सन्देह नहीं है। कैमुत्यन्याय का यह ही तात्पर्य्य है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥१०३॥

अतएव स्वप्रकाशता लक्षण सम्पन्न हेतु साक्षात् परब्रह्मत्व नराकृति सच्चिदानन्दविग्रह श्रीकृष्ण का ही है। भा० १०।१४।१८ में वर्णित है—

"अद्यैव त्वदृतेऽस्य किं मम न ते मायात्वमादर्शितमेकोऽसि प्रथमं ततो व्रजसुहृद्वत्साः समस्ता अपि।
तावन्तोऽपि चतुर्भुजास्तदखिलैः साकं मयोपासिता स्तावन्त्येव जगन्त्यभूस्तदमितं ब्रह्माद्वयं शिष्यते ॥"

श्रीकृष्ण को ब्रह्मा ने कहा—आपने स्वयं को छोड़कर समस्त विश्व को मायामयत्व क्या नहीं दर्शाते हैं? यहाँ 'त्वदृते' आप भिन्न, शब्द से स्वयं श्रीकृष्ण, एवं उनके वयस्य, वत्स एवं चतुर्भुजादि रूप समूह को जानना होगा। यह सब छोड़कर चतुर्विंशति तत्त्वसमूह एवं जगत् समूह मायिक हैं। जहाँ पर ब्रह्मा ने श्रीकृष्णलीला देखा था, वह श्रीवृन्दावन भी मायातीत है।

वस्तुत उसका दर्शन ही करवाया है। प्रथम—एकमात्र आप थे, अनन्तर समस्त व्रज सुहृद् 'वयस्य' एवं वत्ससमूह रूप में प्रकटित हो गये। पश्चात् सब ही चतुर्भुज होकर अखिल तत्त्वों के सहित

इत्यादौ, (भा० १०।१४।३२) "अहो भाग्यमहो भाग्यम्" इत्यादौ च। अतएवोक्तम् (भा० ७।१५।७५)—"गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" इति ; वैष्णवे च (वि० पु० ४।११।२)—

हम सबके द्वारा उपासित हो गये, एवं प्रत्येक का पृथक् पृथक् ब्रह्माण्ड दृष्ट हुआ। सम्प्रति आप अपरिमित अद्वय ब्रह्म ही अवशिष्ट हैं।

यहाँ उन नराकृति पद्मपाङ्गज श्रीकृष्ण को अद्वय ब्रह्म कहा गया है। अद्वय ब्रह्म स्वप्रकाश हैं, कारण उनका प्रकाशक द्वितीय वस्तु नहीं है, अथच आप प्रकाशशील हैं। सुतरां आप स्वयं ही प्रकाशित हैं। ब्रह्माने तो नराकृति श्रीनन्दात्मज को ही अद्वय ब्रह्म कहा है। निर्विशेष ब्रह्म को नहीं कहा है।

टीका—अपि च न केवलं जनन्या ममापि तथैव दर्शितमित्याह—अद्यैवेति। त्वद्दृते त्वां विना अस्य विश्वस्य मायात्वं त्वया ममैव च तदप्यद्यैव किं न दर्शितं किन्तु दर्शितमेव। तथाहि—एकोऽसीत्यादि। ततो मया सह अखिलैस्तत्त्वादिभिरुपासितास्तावन्तश्चतुर्भुजा असि। जगन्ति ब्रह्माण्डानीति प्रागनुक्तमपि दृष्टमिति ज्ञातव्यम्।

वृ० वैष्णवतोषणी। ननु सर्वं तत्तन्मायिकं चेदत्र च वर्त्तमानस्य ममापि मायिकत्वं प्रसज्येत, न प्रपञ्चान्तर्गतत्वेऽपि तव तादृक्त्वान्न सत्यता त्वधुना साक्षान्मयैवानुभूतेति पुनर्मायिकपक्षमेवानुसृत्य साहङ्कारमाह—अद्यैवेति। यदस्य प्रपञ्चस्य मायात्वम्, तच्च त्वत्तः स्वप्नमनोरथादौ मायामये प्रपञ्चे वर्त्तमानादपि तथा विचित्रबहुरूपतया दृश्यमानादपि विनैवेत्यद्यैव किं ते त्वया मम नादर्शितम्, न सम्यग् दर्शितम्? अपितु दर्शितमेवेत्यर्थः। कथम्? तत्राह—एकोऽसीत्यादिना। सुहृदः सखायो बालाः। न च तत्तन्मायिकमित्याह—तत्तद्‌रूपवपुस्त्वं तत् सर्वमनितं बालकवत्सादिभेदेन परिच्छिन्नत्वेऽप्यपरिच्छिन्नमेव। अद्वयं, तत्तन्नानाविधत्वेऽप्येकमेवातो ब्रह्मैव शिष्यते। स्वयं पर्य्यवस्यति (भा० १०।१३।५४)—

"सत्यज्ञानानन्तानन्दमात्रैकरसमूर्त्तयः। अस्पृष्टभूरिमाहात्म्या अपि ह्युपनिषद्‌दृशाम् ॥" इत्यादि स्वरूपतया दर्शनात्।

उक्त स्तव में ही ब्रह्मा ने नराकृति श्रीकृष्ण को ही पूर्ण ब्रह्म कहा है। भा० १०।१४।३२—

"अहो भाग्यमहोभाग्यं नन्दगोपव्रजौकसां यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्मसनातनम्।"

"अहो! नन्दगोप के जनवृन्द का कैसा अनिर्वचनीय सौभाग्य है! परमानन्द पूर्णब्रह्म ही जिनका सनातन मित्र हैं।"

वृ० वैष्णवतोषणी—न केवलं स्तन्यदायिन्यस्ता एव धन्याः, किन्तु श्रीनन्दादयः सर्वेऽपि व्रजवासिनोऽतिधन्या इत्याह—अहो इति वीप्सा परमहर्षेण, भाग्यातिशयाभिप्रायेण वा। नन्दगोपस्य व्रज ओको निवासो येषाम्, यद्वा, नन्दश्च गोपाश्चान्ये च व्रजौकसः पशुपक्ष्यादयः सर्वे तेषाम्, किं वक्तव्यं नन्दस्य भाग्यम्, अहो गोपानामपि सर्वेषां परमभाग्यमित्येवमत्र कैमुत्यिकन्यायोऽप्यतार्थो, येषां मित्रं बन्धुस्त्वम्। तत्र च परम आनन्दो यस्मादिति कदाचित् शोकदुःखादिकं सुखाल्पत्वञ्च निरस्तम्, पूर्णमिति प्रत्युपकारापेक्षकत्वादिकम्, सनातनं नित्यमिति कदाचिदप्यप्राप्यत्वम्। यद्वा, पूर्णं ब्रह्मत्वं येषां मित्रं सनातनं, नित्यमित्रत्वेव नित्यं वर्त्तमानमित्यर्थः। न केवलमापत्त्राणादिकरम्, किन्तु परमानन्दप्रदं चेत्याह—परमानन्दं—परमानन्दस्वरूपम्। यद्वा, आनन्दयतीत्यानन्दं परं केवलम्, मित्रम्, न त्वीश्वरादिरूपम्, प्रेमविशेषव्याप्तेः, यद्वा, पूर्णं ब्रह्मापि त्वम्, ये नन्दगोपव्रजौकस एव मित्राणि यस्य, तथाभूतमसि, नपुंसकत्वं ब्रह्मविशेषणत्वात्, श्रीभगवत्प्रियतमानामपि श्रीराधादीनां माहात्म्यम्, तदानीं बाल्ये तत्प्रसङ्गाप्रवृत्तेः, किंवा पुत्रत्वादिना लज्जातः परमगोप्यत्वाद्वा व्यक्तं न वर्णितम्।

तज्जन्य ही देवर्षि श्रीनारदने श्रीयुधिष्ठिर को कहा था—

"यदोर्वंशं नरः श्रुत्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते। यत्रावतीर्णं कृष्णाख्यं परं ब्रह्म नराकृति ॥"२२९॥ इति; "नराकृति परं ब्रह्म" इति वृहत्सहस्रनामस्तोत्रे च। एतेन श्रीकृष्णस्य नराकृतित्वमेवेति। द्विभुजत्व एव श्रीकृष्णत्वं नराकृतिकैवल्यात् मुख्यम्। चतुर्भुजत्वे तु श्रीकृष्णत्वं नराकृति-भूयिष्ठत्वात्तदनन्तरमेव। अतएव चतुर्भुजत्वेऽपि मनुष्यरूपत्वं वर्णितं श्रीमदर्जुनेन (गी० ११।४६) "तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन, सहस्रबाहो भव विश्वमूर्त्ते" इत्युक्त्वा (गी० ११।५१) "दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन" इत्युक्तत्वात्। एवंजातीयकानि बहूनि वाक्यानि सन्ति, तानि च द्रष्टव्यानि। अतएव सा नराकारमूर्त्तिरेव परमकारणं वस्तुतत्त्वमित्याह (भा० १०।४६।३३)—

(१०४) "नारायणे कारणमर्त्यमूर्त्तौ" इति।

"यूयं नृलोके बत भूरिभागा लोकं पुनाना मुनयोऽभियन्ति।
येषां गृहानावसतीति साक्षाद् गूढं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम् ॥"

मनुष्य लोक में आप सब ही अत्यन्त भाग्यवान् हैं। कारण—भुवनपावनकारि मुनिवृन्द आपके घर में आगमन करते रहते हैं, एवं मनुष्यरूपी साक्षात् परम ब्रह्म गूढ़ रूप में आपके गृह में अवस्थित हैं। इसमें श्रीकृष्ण को साक्षात् परमब्रह्म कहा गया है। (भा० ७।१५।७५)

टीका—त्वन्तु कृतार्थं एव इति हर्षेण पुनः पूर्वश्लोकानेव पठति। यूयमिति। अहो प्रह्लादस्य भाग्यं येन देवो दृष्टः, वयन्तु मन्दभाग्या इति विषीदन्तं तं प्रत्याह—यूयमिति त्रिभिः। येषां युष्माकं गृहान् मुनयोऽभियन्ति सर्वतः समायान्ति। तत् कस्य हेतोः, येषु गृहेषु नराकारं गूढं सत् श्रीकृष्णाख्यं परं ब्रह्म साक्षात् वसतीति।

क्रमसन्दर्भः—मनुष्यलिङ्गमिति, तदाकारे तदाविर्भावस्यापि न तादृशत्वमिति व्यञ्जितम्।

विष्णुपुराण में वर्णित है—श्रीकृष्णाख्य नराकृति परम ब्रह्म जहाँ अवतीर्ण हुये हैं, मनुष्य उन यदुवंश की वार्त्ता श्रवण कर पापों से मुक्त होता है।

वृहत् सहस्रनामस्तोत्र में "नराकृति परं ब्रह्म" उक्त है। इन सब प्रमाणों से निर्णीत हुआ कि—श्रीकृष्ण ही नराकृति परम ब्रह्म हैं। श्रीकृष्ण का वर्णन चतुर्भुज एवं द्विभुज रूप में होने पर भी नराकृति का समावेश द्विभुज में ही है। अतएव द्विभुज रूप का ही मुख्यत्व है, एवं उक्त द्विभुज श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् सर्वावतारी हैं। कारण केवल नराकृति का समावेश उनमें ही दृष्ट होता है। चतुर्भुज रूप में अधिक केवल भुजद्वय ही है, अपर समस्त ही मनुष्याकृति हैं। चतुर्भुज अवस्था में भी कृष्णत्व है, किन्तु गौण है, मुख्य नहीं है। चतुर्भुज रूप का प्रकाश अधिकतर रूप में होने के कारण श्रीअर्जुन ने कहा भी था—"हे सहस्रबाहो, हे विश्वमूर्त्ते! चतुर्भुज रूप का प्रकाश पुनर्वार करो। इस प्रकार कहकर गी० ११।५१ में कहा, हे जनार्दन! मनुष्यरूप जो शान्त रूप है, उसे देखकर मैं प्रकृतिस्थ हुआ। अर्जुन की उक्ति से प्रमाणित होता है कि—चतुर्भुज रूप को भी मनुष्य रूप कहा जाता है। इस प्रकार अनेक वाक्य है, प्रयोजन होने से अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है।

अतएव नराकृति ही परम कारण वस्तु है। (भा० १०।४६।३३)—

"तस्मिन् भवन्तावखिलात्महेतौ नारायणे कारणमर्त्यमूर्त्तौ।
भावं विधत्तो नितरां महात्मन्! किम्वावशिष्टं युवयो सुकृताम् ॥"

टीका—अखिलस्यात्मा च हेतुश्च तस्मिन् कारणेन मनुष्याकृतौ महात्मन्—महात्मनि परिपूर्णे भवन्तौ भक्तिं कुरुतः, अतः कृतकृत्यावित्यर्थः।

सर्वकारणं यत्तत्त्वं तदेव मर्त्याकारा मूर्त्तिर्यस्य; तदुक्तम्, (भा० १०।४३।१७)—"तत्त्वं परं योगिनाम्" इति; तथा च पाद्मनिर्माणखण्डे श्रीवेदव्यास-वाक्यम्—

वैष्णवतोषणी—तत्र हेतुर्न रायणे। ननु स चतुर्भुजः तत्राह—सर्वकारणं यत्तत्त्वं, तदेव मर्त्याकारा मूर्त्तिर्यस्य तस्मिन्नराकृतिपरब्रह्मणीत्यर्थः। भावमीदृशानुरागं नितरामित्यनेन श्रीवसुदेवदेवकीभ्यामपि तदुत्कर्षं बोधयति—हे महात्मन्! तादृशानुरागशीलत्वात् परमोत्कृष्टस्वभाव श्रीव्रजेश्वर। वा शब्दो भ्रूक्षेपे। तयोर्युवयोः किं कतरत् अवशिष्टं, किन्तु सर्वं परिपूर्णमेव। केवलं युष्मत् सन्तोषकं तस्यैव कृत्यमवशिष्यते इति स्व-शब्दार्थः। युवयोरित्यपि पाठ स एवार्थः।

क्रमसन्दर्भः। ननु नारायणश्चतुर्भुजः? तत्राह—सर्वकारणं यत्तत्त्वम्, तदेव मर्त्याकारामूर्त्तिर्यस्य स नराकृतिपरं ब्रह्मेत्यर्थः। भावमीदृशानुरागम्।

सर्वकारण, सर्वात्मा, कारणमर्त्यमूर्त्ति नारायण में आपकी परमा भक्ति है। अतएव आपका निज कर्त्तव्य कुछ भी अवशिष्ट नहीं है। सर्व कारण जो तत्त्व है, वह हो जिनकी मर्त्याकार (नराकार) मूर्त्ति है, वह कारण मर्त्यमूर्त्ति हैं। नराकृति श्रीकृष्ण मूर्त्ति ही परम तत्त्ववस्तु है, उसका वर्णन भा० १०।४३।१७ में है—

"मल्लानामशनिर्नृणां नरवरः स्त्रीणां स्मरो मूर्त्तिमान्
गोपानां स्वजनोऽसतां क्षितिभुजां शास्ता स्वपित्रोः शिशुः।
मृत्युर्भोजपतेर्विराडविदुषां तत्त्वं परं योगिनां
वृष्णीनां परदेवतेति विदितोरङ्गं गतः साग्रजः॥"

श्रीशुकदेव ने परीक्षित् महाराज को कहा—भगवान् श्रीकृष्ण, अग्रज के सहित रङ्गस्थल में प्रविष्ट होने पर—मल्लवर्ग की दृष्टि में अति कठिन वज्र, नरवर्ग के समीप में नरवर, स्त्रीवर्ग के निमित्त मूर्त्तिमान् कन्दर्प, गोपगण के समक्ष में स्वजन, असत् नरपतिगण के पक्ष में शासनकर्त्ता, मातापिता के निकट शिशु, भोजपति कंस के पक्ष में साक्षात् मृत्यु, अविद्वज्जन के निकट विराट्स्वरूप, योगियों के निकट परमतत्त्व, एवं वृष्णिगण के निकट परम देवतारूप में प्रकाशित हुये थे।

श्रीकृष्ण के अखिलरसामृत स्वरूप का वर्णन उक्त श्लोक में है। शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य, मधुर, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, अद्भुत एवं बीभत्स—द्वादश रस हैं। उक्त श्लोक में श्रीकृष्ण—योगिगण के निकट शान्त, वृष्णिगण के दास्य, गोपगण (सखावर्ग के निकट) सख्य, जनक-जननी के निकट वात्सल्य, पूजनीय महिला व्यतीत अन्यत्र मधुर, कुवलयापीड़वध जनित रक्त मुक्ता मेद वस्त्रादि द्वारा शोभित होने से सखावर्ग के निकट हास्य, मल्लगण के वीरत्व भय से मातापिता के निकट करुण, मल्लगण के निकट रौद्र, असत् नृपतिवृन्द के पक्ष में शास्ता होने से वीर, लोकोत्तर विलास दर्शन हेतु नरगण के समक्ष में अद्भुत एवं अविद्वज्जन के निकट विराट् प्राकृत देहविशिष्ट प्रतीत होने से बीभत्स रस का विषय हुए थे।

टीका—तत्र शृङ्गारादिसर्वरसकदम्बमूर्त्तिर्भगवान् तत्तदभिप्रायानुसारेण बभौ न साकल्येन सर्वेषामित्याह—मल्लानामिति। मल्लादीनामज्ञानां द्रष्टृणाम्, अशन्यादिरूपेण दशधा विदितः सन् साग्रजो रङ्गं गतः, इत्यन्वयः। मल्लादिषु अभिव्यक्तरसाः क्रमेण श्लोकेन निबध्यन्ते रौद्रोऽद्भुतश्च शृङ्गारो हास्यं वीरो दया तथा, भयानकश्च बीभत्सः, शान्तः सप्रेमभक्तिकः॥ अविदुषां विराट्—विकलः अपर्य्याप्तो राजत इति तथा। अनेन बीभत्सरस उक्तः, विकलत्वञ्च वध वज्रसारसर्वाङ्गाविरयादिना वक्ष्यते।

"दृष्ट्वातिहृष्टो ह्यभवं सर्वभूषणभूषणम्। गोपालमबलासङ्गे मुदितं वेणुवादिनम् ॥२३०॥
ततो मामाह भगवान् वृन्दावनचरः स्मयन्। यदिदं मे त्वया दृष्टं रूपं दिव्यं सनातनम् ॥२३१॥
निष्कलं निष्क्रियं शान्तं सच्चिदानन्दविग्रहम्। पूर्णं पद्मपलाशाक्षं नातः परतरं मम।
इदमेव वदन्त्येते वेदाः कारणकारणम् ॥"२३२॥ इत्यादि ॥

उद्धवः श्रीव्रजेश्वरम् ॥

१०५। अतएव बहूंश्चतुर्भुजान् दृष्टवानपि नराकारस्यैव विशेषतः स्तुत्यर्थं प्रतिजानीते (भा० १०।१४।१)—

(१०५) "नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे" इत्यादि।

इदमेव तव परमं तत्त्वमित्यज्ञात्वा पूर्वमहं भ्रान्तवान्, अधुना तु (भा० १०।१४।१८) "अद्यैव त्वदृतेऽस्य" इत्यादि-दर्शितया भवतः कृपया ज्ञातवानित्यत एव तदाकारमेव त्वां

पद्मपुराण के निर्माणखण्ड में उक्त है, श्रीव्यासदेव कहते हैं—वेणुवादन परायण, अबलावृन्द के सहित आनन्दित, भूषणों का भूषणस्वरूप गोपाल को देखकर मैं अतीव आनन्दित हुआ। उसके बाद—वृन्दावनविहारी भगवान् स्मितहास्ययुक्त वदन से मुझको कहे थे—"तुमने जिस रूप को देखा, यह रूप ही मेरा दिव्य सनातन रूप है। उक्त रूप—निष्कल, निष्क्रिय, शान्त, सच्चिदानन्द विग्रह, पद्मपलाश लोचन हैं। इसको छोड़कर अपर श्रेष्ठतर मेरा रूप नहीं है, यह ही कारणों का कारण है, वेदसमूह उस प्रकार ही कहते हैं। उद्धव श्रीव्रजेश्वर को कहे थे ॥१०४॥

अतएव श्रीब्रह्मा ने बहुधा चतुर्भुज रूप देखकर भी द्विभुज नराकार को ही परमश्रेष्ठ मानकर स्तव भी किया। (भा० १०।१४।१)

"नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे तडिदम्बराय गुञ्जावतंसपरिपिच्छलसन्मुखाय।
वन्यस्रजे कवलवेत्रविषाणवेणु लक्ष्मश्रिये मृदुपदे पशुपाङ्गजाय ॥"

वत्स बालक अपहरण अपराध से भीत होकर ब्रह्मा, भगवन्महिमा को न जानकर यथादृष्ट रूप का स्तव करते हैं। प्रारम्भ में कहते हैं—हे ईड्य! स्तवनीय! आपको सन्तुष्ट करने के निमित्त आपका स्तव मैं कर रहा हूँ। आपका श्रीअङ्ग, नवीन नीरद के समान श्याम वर्ण, वसन—विद्युत् के समान पीत, गुञ्जानिर्मित कर्णभूषण, मयूरपिच्छ रचित चूड़ा के द्वारा आपका वदन मण्डल सुशोभित है। वनमाला, दध्योदन ग्रास, वेणु, शृङ्ग, इत्यादि चिह्न द्वारा आप अतिशय शोभित हैं। आपके चरणयुगल अतीव सुकोमल हैं, आप नन्दगोपात्मज हैं, आपको प्रणाम करता हूँ।

द्विभुज नराकृति ही आप हैं, इसको मैं पहले नहीं जानता था, तज्जन्य मैं भ्रान्त रहा; अधुना—

"अद्यैव त्वदृतेऽस्य किं मम न ते मायात्वमादर्शितमेकोऽसि प्रथमं ततो व्रजसुहृद्वत्साः समस्ता अपि।
तावन्तोऽपि चतुर्भुजास्तदखिलैः साकं मयोपासिता स्तावन्त्येव जगन्त्यभूस्तदमितं ब्रह्माद्वयं शिष्यते ॥"

श्रीकृष्ण को ब्रह्मा ने कहा—आप, अर्थात् आप एवं आपके वयस्य, वत्स एवं चतुर्भुजादि रूपसमूह भिन्न समस्त विश्व को आपने मायामयत्व क्या नहीं दर्शाये हैं? वास्तविक रूप से उसका ही प्रदर्शन किये हैं। प्रथम, आप एक थे, उसके बाद—समस्त व्रजसुहृद्, वत्ससमूह रूप में आप प्रकट हो गये। अनन्तर सब ही चतुर्भुज हो गये एवं अखिल तत्त्वों के सहित ब्रह्मा कर्त्तृक सेवित भी हुये। प्रत्येक के पृथक् पृथक् ब्रह्माण्ड का प्रदर्शन भी आपने किया। अब तो आप अपरिमित अद्वय ब्रह्म रूप में ही विराजित हो गये। पहले मैं यह नहीं जानता था कि—आपका स्वरूप एकमात्र द्विभुज नन्दनन्दन ही है।

लब्धुं स्तौमीति तात्पर्य्यम् ॥ ब्रह्मा श्रीभगवन्तम् ॥

१०६ । तदेवं साधूक्तं तत्तद्वचनमन्यार्थत्वेन दृश्यमिति । तथा हि पूर्वरीत्या चतुर्भुजत्व-द्विभुजत्वयोर्द्वयोरपि ध्यानधिष्ण्यत्वे सति यत् पूर्वस्य जनन्या निगूहनप्रार्थनं तत्तु तस्य प्रसिद्धतया सर्व एव ज्ञास्यतीति (भा० १०।३।२९) "जन्म ते मय्यसौ पापो मा विद्यान्मधुसूदन" इत्याद्युक्त-लक्षणया कंसभिया, (भा० १०।३।३१) "विश्वं यदेतत् स्वतनौ निशान्ते" इत्याद्युक्त-

आज मैं जान गया कि—आपका वास्तविक रूप ही नन्दात्मज है। मैं भ्रान्त था, 'अद्यैव त्वदृतेऽस्य किं' इत्यादि श्लोक में आपकी कृपा का कीर्त्तन जो मैंने किया है, उससे मैं आपका कृपापात्र बन गया हूँ। आपकी कृपा से ही मेरा बोध हुआ है। अतः श्रीवृन्दावन में सुप्रकाशशील श्रीमन्नराकार रूप में आपको प्राप्त करने के निमित्त ही आपका स्तव कर रहा हूँ। यह ही भावार्थ है।

ब्रह्मा श्रीभगवान् को कहे थे ॥१०५॥

"नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे" प्रभृति कथनों के द्वारा द्विभुज नराकृति परमब्रह्म ही श्रीकृष्ण का वास्तविक नित्य स्वरूप का प्रतिपादन उत्तम रूप से हुआ है, किन्तु उक्त नराकार द्विभुज रूप के सम्बन्ध में उपस्थित होता है कि—पूर्व प्रकरण में चतुर्भुज एवं द्विभुज रूप को नित्य माना गया है, किन्तु "रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं मा प्रत्यक्षं मांसदृशां मे कृषीष्ठा इति मातृविज्ञापनानुसारेण, एतद्वां दर्शितं रूपं प्राग्जन्म-स्मरणाय मे। नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते' इति प्रत्युत्तरस्य इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया। पित्रोः सम्पश्यतोः सद्यो बभूव प्राकृतः शिशुरित्युक्तदिशा यन्मानुषाकाररूपं स्वीकृतवान् तत्र सन्दिग्धमिव भाति।" यहाँ प्राकृतशिशु होने की कथा है। यहाँ सन्देह है—नराकृति रूप, उसमें भी प्राकृत है। प्राकृत वस्तु नश्वर है। अतएव श्रीकृष्ण की नराकृति अनित्य होना स्वाभाविक है ?

श्रीकृष्ण का 'द्विभुज चतुर्भुज' उभय रूप ही नित्य है, अनित्य नहीं है। उभय रूप में ही श्रीकृष्ण, नराकृति परब्रह्म हैं। उभय रूप ही ध्यान का विषय है। किन्तु जननी देवकीदेवी की प्रार्थना चतुर्भुज रूप को गोपन करने की थी। उसका कारण है—चतुर्भुज मूर्त्ति रूप में श्रीहरि की प्रसिद्धि है। उस रूप में स्थित होने से अनायास ही सब व्यक्ति उनको जान जायेंगे। कंस का शत्रु श्रीहरि हैं, चतुर्भुज रूप को देखकर निज शत्रु को कंस जान लेंगे एवं अनिष्ट साधन के निमित्त तत्पर होंगे। नर शिशु रूप में अवस्थित होने से अनिष्टाशङ्का नहीं है, यह ही प्रार्थना का उद्देश्य है। तज्जन्य आपने कहा—"हे मधुसूदन ! यहाँ आपका जन्म हुआ है, उसको कंस न जान सके।" (भा० १०।३।२९)—

"जन्म ते मय्यसौ पापो मा विद्यान्मधुसूदन ! समुद्विजे भवद्धेतोः कंसादहमधीरधीः।
उपसंहर विश्वात्मन्नदो रूपमलौकिकम्, शङ्खचक्रगदापद्मश्रिया जुष्टं चतुर्भुजम् ॥"

टीका—पौरुषमैश्वरम्, ध्यानधिष्ण्यं ध्यानास्पदम् मांसदृशां मांसचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृथाः। भवत एव हेतोर्निमित्तात् कंसात् समुद्विजे—बिभेमि यतोऽधीरचित्ता।

उक्त वाक्य से कंस भय की आशङ्का व्यक्त हुई है। उक्त आशङ्का ही चतुर्भुज रूप गोपन करने की प्रार्थना का हेतु है। अपर हेतु भी भा० ३।३१।३१ में है—

'विश्वं यदेतत् स्वतनौ निशान्ते यथावकाशं पुरुषः परो भवान्।
बिभर्त्ति सोऽयं मम गर्भगोऽभूदहो नृलोकस्य विडम्बनं हि तत् ॥"

टीका—किमित्युपसंहर्त्तव्यमेवम्भूतेन मया पुत्रेण तव महती श्लाघास्यात् इति तत्राह—विश्वमिति। निशान्ते प्रलयावसाने यथाऽवकाशम् असङ्कोचतः। असम्भावितत्वादुपहास्यतैव स्यादित्यर्थः।

लक्षणया मांसदृक्‌शब्दोक्त-भगवत्स्वरूपशक्तिविलासतत्तज्जन्मादिलीलातत्त्वानभिज्ञप्राकृत-

बृहद्वैष्णवतोषणी—विश्वास्मिन्नैश्वरे रूपे दृष्टे सति मनुष्याणां मादृशां त्वयि स्नेहोऽपि न सम्भवतीत्याह—विश्वमिति। तत् मद्‌गर्भंअस्थमनुकारणमात्रम्, नतु तात्त्विकमिति ज्ञानाविरयर्थः।

आप परमपुरुष हैं। प्रलयान्त में निज शरीर में चराचर विश्व को असङ्कोच से धारण करते हैं, वह आप गर्भ से उत्पन्न हुये हैं, यह नरलोक की विडम्बना ही है। अर्थात् आपके सदृश पुत्र के द्वारा मेरी श्लाघा क्या होगी, लोक समाज में उपहास ही होगा। लोक कहेंगे—देवकी साहसी है, भगवान् को पुत्र कहती है, जिनके शरीर में अनन्त ब्रह्माण्ड विराजित हैं। उनको उदर में धारण करना बातुलता मात्र है।

श्रीभगवान् की जन्मादि लीला स्वरूपशक्ति का विलास है। श्रीभगवान् की अनन्त शक्ति हैं, तन्मध्य में 'चिच्छक्ति, मायाशक्ति, जीवशक्ति,' तीन शक्ति प्रधान हैं। अन्तरङ्गा—चिच्छक्ति, बहिरङ्गा—माया शक्ति, तटस्था—जीवशक्ति है। भगवत् स्वरूप के समान नाम, धाम, रूप, गुण, परिकर, लीला प्रभृति चिच्छक्ति से सम्पादित होते हैं। चिच्छक्ति केवल स्वरूप को अवलम्बन कर रहती है। अतः उसे स्वरूपशक्ति कहते हैं। तटस्थाशक्ति रूप जीव बहिर्मुखता दोषग्रस्त होकर स्व-कर्मफल भोग के निमित्त शरीर ग्रहण करता है। श्रीभगवान् की जन्मादि लीला कर्मफल भोग के निमित्त नहीं है, लोकशिक्षार्थ है। निजेच्छा से जगत् में प्रकट होते हैं। उनके परिकरसमूह उनकी स्वरूपशक्ति की अभिव्यक्ति रूप हैं। ये सब उनकी लीला के सहायक होते हैं। मनुष्य को सत्‌शिक्षा प्रदान करने के निमित्त आविर्भूत होते हैं। आविर्भाव के प्रारम्भ से ही यदि स्वीय ईश शक्ति की अभिव्यक्ति करें तो लोक शासक मानकर भयभीत होगा, एवं उनको नहीं अपनायेगा। शासक के प्रति अपनापन किसीका नहीं रहता है। शासक से हृदय में भय रहता है। अतः ईश्वर मान कर लोक हृदय से उनको वर्जन करेगा। अतः लौकिक लीला के मध्य में अलौकिकता का समावेश करके लीला का निरतिशय चमत्कारित्व स्थापन करते हैं। जिससे लोक उनके प्रति आकृष्ट होकर उनके व्यक्तित्व को हृदय में स्थापन करते हैं।

भक्त भिन्न अपर व्यक्ति उस लीला को जान नहीं सकते हैं। उस प्रकार लीला तत्त्वानभिज्ञ व्यक्तिगण को मांसदृष्टि सम्पन्न कहा गया है। (भा० १०।३।२८)—

"स त्वं घोरादुग्रसेनात्मजान्नस्त्राहि त्रस्तान् भृत्यवित्रासहासि।
रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं मा प्रत्यक्षं मांसदृशां कृषीष्ठाः॥"

टीका—"प्रस्तुतं विज्ञापयति—स त्वमिति। भृत्यानां वित्रासं हन्तीति भृत्यवित्रासहा। भृत्यविविति वाच्छेदः। पौरुषमैश्वरं ध्यानधिष्ण्यं—ध्यानास्पदम्। मांसदृशां मांस चक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृथाः।"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। अथ स्त्रीत्व स्वभावात् कंसतो भीता स्वल्पतरमपि वरं प्रार्थयमानाह—स त्वं घोरादित्यादि, भिया—नामापि न गृहीतम्, उग्रसेनात्मजादित्येवोक्तम्। य त त्वं भृत्यवित्रासहासि, भृत्यवित्रासहा असि, अन्यच्च, इदं पौरुषं नारायणीयं रूपं चतुर्भुजाकारं मांसदृशां—चर्मचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृषीष्ठाः। अथवा इदं पौरुषम्, इदमुक्तप्रकारं ब्रह्मज्योतिर्मयस्येत्यादिनिरूपमं पौरुषं पुरुषाकारो यस्य, तथाविधं, पौरुषमित्येकमेव पदम्। ध्यानधिष्ण्यं—परप्रेमानन्दसमाधिध्यानं द्विभुजं श्रीकृष्णरूपं मांसदृशां बहिर्मुखानां मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः। अतो मातृवचनप्रतिपालनात् अन्तरङ्गेभ्य एव द्विभुजं रूप प्रकाशयति। बहिरङ्गेभ्यस्तु चतुर्भुजरूपमिति पौष्ट्रादय एवं ददृशुः। अथवा, सदृशां सचक्षुषां मध्ये मां प्रति इदं पौरुषं चतुर्भुजरूपं मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः, मां प्रति द्विभुजमेव स्वरूपं दर्शनीयमित्यर्थः। यत्र पुत्रबुद्धया वात्सल्यं जनिष्यते।

दृग्भ्यो लज्जया च, न पुनरवरस्य (भा० ७।१५।७५) 'गूढं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" इत्यादौ गूढत्वेन कथितस्य ध्यानधिष्ण्यत्वाभावविवक्षया। श्रीगोपालतापनीश्रुतावप्युभयोरपि ध्यानधिष्ण्यत्वं श्रूयते (उ० ६१, ६२)—

"मथुरायां विशेषेण मां ध्यायन् मोक्षमश्नुते ॥
अष्टपत्रं विकसितं हृत्पद्मं तत्र संस्थितम्।"२३३॥

इत्यादिषु मध्ये (गो० ता० उ० ६३) "चतुर्भुजं शङ्ख-चक्र-" इत्यादिकमुक्त्वा सर्वान्ते (गो० ता० उ० ६५) "शृङ्गवेणु-धरं तु वा" इत्यप्युक्तम्। एवमागमेऽपि द्विभुजध्यानं श्रूयते।

तत्त्वानभिज्ञ व्यक्तिगण प्राकृत नेत्र से प्राकृत वस्तु निरीक्षण करते हैं, जड़ तत्त्व को जानते हैं। सच्चिदानन्द विग्रह श्रीभगवत् आविर्भाव को विश्वास नहीं करते हैं। अतः भगवत् आविर्भाव देवकी से हुआ है, यह विषय प्राकृत जनों के निकट उपहास का विषय होगा। उक्त आशङ्का से ही प्रार्थना की —उस रूप को गोपन करो, एवं निज नराकृति को प्रकट करो, जिससे वात्सल्य प्रीति हो, चतुर्भुज रूप तो आध्यात्मिक साधक का ध्येय है।

श्रीनारद महाशय ने भी श्रीयुधिष्ठिर के समीप में कहा है, (भा० ७।१५।७५)—"गूढं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" "द्विभुज मनुष्य रूप में परं ब्रह्म गुप्त रूप में अवस्थित हैं।" इस वाक्य में मनुष्याकृति को 'गूढ़' कहा गया है, किन्तु ध्येय नहीं है, ऐसा निषेध नहीं हुआ है। ध्येय रूप में यदि केवल चतुर्भुज रूप का ही उल्लेख शास्त्र में होता, तो वैसा निषेध द्विभुज रूप के निमित्त होना सम्भव होता, किन्तु शास्त्र में उभय रूप ही समान रूप से ध्येय है, ऐसा उल्लेख है।

श्रीगोपालतापनी श्रुति में 'द्विभुज चतुर्भुज' उभय रूप का ही समान रूप से ध्यानास्पदत्व का उल्लेख है। द्विभुज का ध्यान—

"सत् पुण्डरीकनयनं मेघाभं वैद्युताम्बरम्। द्विभुजमौनमुद्राढ्यं वनमालिनमीश्वरम् ॥
गोपगोपीगवावीतं सुरद्रुमतलाश्रितम्। दिव्यालङ्करणोपेतं रत्नपङ्कजमध्यगम् ॥
कालिन्दीजलकल्लोलसङ्गिमारुतसेवितम्। चिन्तयंश्चेतसा कृष्णं मुक्तो भवति संसृतेरिति ॥"

जिनके नयनयुगल, प्रशस्त पङ्कज सदृश हैं, मेघ सदृश अङ्गकान्ति, विद्युत् तुल्य वसन, एवं जो द्विभुज मौनमुद्रायुक्त (ओष्ठद्वय की सङ्कोचावस्था को मौनमुद्रा कहते हैं) वनमाली एवं ईश्वर हैं। जो गोप-गोपी-गो प्रभृति के द्वारा परिवृत हैं, कल्पतरु जिनका आश्रय है, जो उत्तमाभरण से भूषित हैं, एवं रक्तपङ्कज के मध्य में अवस्थित हैं। यमुना सलिल तरङ्ग सम्पृक्त समीरण जिनकी निरन्तर सेवा करते रहते हैं, उन श्रीकृष्ण को चिन्ता जो व्यक्ति निज चित्त में करते हैं, उनकी संसृति से मुक्ति होती है।

चतुर्भुज का ध्यान—

"मथुरायां विशेषेण मां ध्यायन् मोक्षमश्नुते ॥
अष्टपत्रं विकसितं हृत्पद्मं तत्र संस्थितं। दिव्यध्वजातपत्रैस्तु चिह्नितं चरणद्वयम् ॥
श्रीवत्सलाञ्छनं हृत्स्थं कौस्तुभं प्रभयायुतम्। चतुर्भुजं शङ्खचक्रशार्ङ्गपद्मगदान्वितम् ॥
सुकेयूरान्वितं बाहुं कण्ठं माला सुशोभितम्। द्युमत् किरीट-वलयं स्फुरन्मकरकुण्डलम् ॥
हिरण्मयं सौम्यतनुं स्वभक्तायाभयप्रदम्। ध्यायेन्मनसि मां नित्यं वेणुशृङ्गधरं तु वा ॥"

(गो० ता० उत्तर विभाग)

तस्मान्निगूढत्वविवक्षैव समीचीना। तथैव तद्विवक्षया (भा० १०।३।४४) "नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते" इति श्रीभगवतोक्तम्। तथा च पाद्मनिर्माणखण्डे श्रीभगवद्वाक्यं व्यासवाक्ये—

"पश्य त्वं दर्शयिष्यामि स्वरूपं वेदगोपितम्। ततोऽपश्यमहं भूप बालं कालाम्बुदप्रभम्।
गोपकन्यावृतं गोपं हसन्तं गोपबालकैः ॥२३४॥ इति।

मथुरा में चतुर्भुज रूपी श्रीकृष्ण का ध्यान करने से सत्वर मुक्ति होती है। अतः चतुर्भुज रूप का ध्यान कहते हैं।

"विकसित अष्टदलस्वरूप हृदयपद्म में मैं अवस्थित हूँ। मेरे चरणयुगल उत्कृष्ट ध्वज छत्र प्रभृति चिह्न से चिह्नित हैं। हृदय में श्रीवत्स चिह्न एवं प्रभायुक्त कौस्तुभमणि विराजित हैं। चतुर्बाहु—शङ्ख-चक्र-शार्ङ्ग-पद्मयुक्त हैं, एवं अङ्गद के द्वारा परिशोभित हैं। कण्ठदेश में उत्तम माला शोभित है। मस्तक में दीप्तिशील मुकुट, कर्ण में मकराकृति कुण्डल विराजित है, मेरा तनु—प्रकाशबहुल सौम्य स्वभावाक्रान्त है। एवं निज भक्त के प्रति अभयप्रद है।"

इस प्रकार से अथवा शृङ्ग वेणुधर द्विभुजरूप में मनोमध्य में मेरा ध्यान करे।

उस प्रकार आगम में भी द्विभुज रूप का ध्यान वर्णित है। अतएव चतुर्भुज रूप का निगूढ़त्व कथनाभिप्राय से ही श्रीदेवकीदेवी की उक्त रूप गोपन करने की प्रार्थना हुई थी। इस प्रकार व्याख्या करना समीचीन है।

उक्ताभिप्राय से ही श्रीभगवान् ने श्रीदेवकीदेवी को कहा—

"एतद्वां दर्शितं रूपं प्राग्जन्मस्मरणाय मे।
नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते ॥" (भा० १०।३।४४)

मेरा पूर्वतन जन्म का स्मरण कराने के निमित्त मैंने चतुर्भुज रूप का प्रदर्शन किया, अन्यथा मनुष्य रूप में आविर्भूत होने से मेरा ज्ञान नहीं होता।

बृहत्क्रमसन्दर्भः। अथ स्त्रीत्व स्वभावात् कंसतो भीता स्वल्पतरमपि वरं प्रार्थयमानाह—स त्वं घोरादित्यादि, भिया—नामापि न गृहीतम्, उग्रसेनात्मजादित्येवोक्तम्। य त त्वं भृत्यवित्रासहासि, भृत्यवित्रासहा असि, अन्यच्च, इदं पौरुषं नारायणीयं रूपं चतुर्भुजाकारं मांसदृशां—चर्मचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृषीष्ठाः। अथवा इदं पौरुषम्, इदमुक्तप्रकारं ब्रह्मज्योतिर्यस्येत्यादिनिरूपमं पौरषं पुरुषाकारो यस्य, तथाविधं, पौरुषमित्येकमेव पदम्। ध्यानधिष्ण्यं—परप्रेमानन्दसमाधिस्थानं द्विभुजं श्रीकृष्णरूपं मांसदृशां बहिर्मुखानां मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः। अतो मातृवचनप्रतिपालनात् अन्तरङ्गेभ्य एव द्विभुजं रूपं प्रकाशयति। बहिरङ्गेभ्यस्तु चतुर्भुजरूपमिति पौण्ड्रादय स्तं ददृशुः। अथवा, मदृशां सचक्षुषां मध्ये मां प्रति इदं पौरुषं चतुर्भुजरूपं मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः, मां प्रति द्विभुजमेव स्वरूपं दर्शनीयमित्यर्थः। यत्र पुत्रबुद्ध्या वात्सल्यं जनिष्यते।

उक्त श्लोक में चतुर्भुज रूप प्रकटन का यथार्थ कारण का सुस्पष्ट उल्लेख है। द्विभुज रूप ही श्रीकृष्ण का है। प्राक्तन जन्म स्मरण करवाने के निमित्त चतुर्भुज रूप में प्रकट हुये थे। इस प्रकार प्रयोजनविशेष में चतुर्भुज रूप प्रकटन का अपर दृष्टान्त श्रीरुक्मिणी परिहास लीला में है, देवी को सान्त्वना प्रदान करने के समय आप चतुर्भुज प्रकट किये थे।

पद्मपुराणस्थ निर्माणखण्ड में भी श्रीभगवद्वाक्य एवं श्रीव्यासवाक्य में द्विभुज का वर्णन है। "देखो! वेदगोपित रूप का प्रदर्शन कर रहा हूँ। हे भूप! अनन्तर मैंने कालाम्बुद के समान कान्ति

एवम् (भा० १०।३।४६) "इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीम्" इत्यादौ च व्याख्येयम्। आत्ममायया स्वेच्छया "आत्ममाया तदिच्छा स्यात्" इति महासंहितोक्तेः। प्रकृत्या स्वरूपेणैव व्यक्तः प्राकृतः, न त्वौपाधिकतया, शैषिकोऽण्। तत्र हि भगवद्विग्रहे शिशुत्वादयो विचित्रा एव धर्माः स्वाभाविकाः सन्तीति (भा० १०।१४।२१) "को वेत्ति भूमन्" इत्यस्य व्याख्याने (३८ अनु०) द्वितीयसन्दर्भे दर्शितमेव। अत्र श्रीरामानुजाचार्य्यसम्मतिरपि। श्रीगीतासु (४।६)—

विशिष्ट गोपबालक को देखा, आप गोपकन्यागणों के द्वारा वेष्टित थे, एवं गोपबालकगण के सहित हास्य परिहास कर रहे थे।

अतएव वक्ष्यमाण भा० १०।३।४६—"इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया,
पित्रोः सम्पश्यतः सद्यो बभूव प्राकृतशिशुः।" श्लोक की व्याख्या इस प्रकार करना उचित है। भगवान् हरि, उस प्रकार कहकर मौरव हो गये। दर्शनकारी जनक-जननी के समक्ष में आत्ममाया के द्वारा प्राकृत शिशु हो गये।"

श्लोकस्थ 'आत्ममाया' एवं 'प्राकृतशिशुः' पदद्वय सन्दिग्ध हैं। उससे श्रीकृष्ण रूप द्विभुज सत्य है, अथवा नहीं सन्देह होता है। किन्तु उक्त पदद्वय का अर्थ निम्नोक्त रीति से करने पर उक्त सन्देह नहीं होगा। 'आत्ममाया' शब्द का अर्थ है—निजेच्छा। कारण—महासंहिता में उक्त है, आत्ममाया—तदिच्छा स्यात्। आत्ममाया शब्द का अर्थ—उनकी इच्छा है। प्राकृत शब्द का अर्थ—प्रकृति के द्वारा व्यक्त, प्रकृति का अर्थ—स्वरूप है। अर्थात् स्वरूप में व्यक्त हुए हैं, अतः आप प्राकृत हैं। अर्थात् श्रीमन्नराकार विग्रह ही श्रीकृष्ण का स्वरूप है, उस स्वरूप में ही आविर्भूत हुये हैं, अतः उनको प्राकृत कहा गया है। प्राकृतिक उपाधि परिच्छिन्न श्रीकृष्ण नहीं हैं। अतएव प्रसिद्ध प्राकृत श्रीकृष्ण नहीं हैं। प्राकृतिक उपाधि—प्रकृति का धर्म है, माया का गुण है। जीव जिस प्रकार मायागुण सम्वलित होकर जन्मग्रहण करता है। उस प्रकार श्रीकृष्ण मायागुणसम्वलित होकर शिशु नहीं हुए हैं। कारण उनकी जन्मादि लीलास्वरूप शक्ति का विलास है, जीववत् कर्मफल भोगार्थ नहीं है। प्राकृत शिशु शब्द से शिशुत्व धर्माधिकार निबन्धन उक्त रूप को परिणामशील नहीं कहा जा सकता है। अर्थात् शैशव, पौगण्ड, कैशोर, वार्द्धक्य क्रम से उक्त रूप विकृत होगा, इस प्रकार सन्देह नहीं होगा। कारण श्रीभगवद् विग्रह में शिशुत्व प्रभृति विचित्र धर्मसमूह स्वभावसिद्ध रूपमें विद्यमान है। उसका प्रदर्शन भा० १०।१४।२१ श्लोक में हुआ।

"को वेत्ति भूमन्! भगवन्! परात्मन्! योगेश्वरोतीर्भवतस्त्रिलोक्याम्।
क्वाहो कथं वा कति वा कदेति विस्तारयन् क्रीड़सि योगमायाम्॥"

हे भूमन्! हे भगवन्! हे परात्मन्! हे योगेश्वर! त्रिलोक के मध्य में कौन व्यक्ति, कहाँ, कैसे, कब आपकी लीला होती है। कैसे जान सकते हैं। कारण आपका माया वैभव अचिन्त्य है। आप स्वीय चिच्छक्ति रूप योगमाया का विस्तार कर क्रीड़ा करते रहते हैं। इसकी विशद् व्याख्या भगवत् सन्दर्भ के ३८ अनुच्छेद में है। व्याख्या का सारार्थ यह है—

एक मुख्य भगवद्रूप श्रीकृष्ण हैं। उनमें ही भगवान् शब्दार्थ की परिपूर्णता है। आप युगपत् स्वीय अचिन्त्य शक्ति से अनन्तरूपात्मक होते हैं। उपासकगणों की उपासना के अनुसार रूप का प्रकटन करते हैं। वैदूर्य्य मणि के समान ही श्रीभगवान् श्रीकृष्ण, एक वपु में अनेक प्रकार रूप होते हैं।

बृहत्क्रमसन्दर्भः। ननु त्वमेवेदं वेत्सि, किमुतान्येऽपि इत्याशङ्क्य न कोऽपि तव लीलां वेत्तीत्याह —को वेत्तीत्यादि। हे भूमन्! देशतो अपरिच्छिन्न! विश्वव्यापक हे भगवन्! अचिन्त्यसर्वैश्वर्य्यसम्पन्न!

"प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य सम्भवाम्यात्ममायया" इत्यत्र स्वमेव स्वभावमास्थाय आत्ममायया स्वसङ्कल्परूपेण ज्ञानेनेत्यर्थः; "माया वयूनं ज्ञानम्" इति नैघण्टुकाः। महाभारते चावतार-रूपस्याप्यप्राकृतत्वमुच्यते—"न भूतसङ्घसंस्थानो देहोऽस्य परमात्मनः" इति। अतो बृहद्वैष्णवेऽपि—

"यो वेत्ति भौतिकं देहं कृष्णस्य परमात्मनः। स सर्वस्माद्वहिष्कार्य्यः श्रौतस्मार्त्तविधानतः ॥२३५॥
मुखं तस्यावलोक्यापि सचेलं स्नानमाचरेत्।
पश्येत् सूर्य्यं स्पृशेद्गाञ्च घृतं प्राश्य विशुध्यति ॥"२३६॥ इति।

हे परात्मन्! अनन्तगुणकर्मन्! हे योगेश्वर! कालतोऽपरिच्छिन्न! तव ऊतीर्लीलाः, अहो आश्चर्य्यम्, क्व वा को वेत्ति, देशतो अपरिच्छिन्नत्वात्, क्वेत्य सिद्धम्, अथवा, को वेत्ति, अचिन्त्यपरमैश्वर्य्यत्वात्, कति वा को वेत्ति, अनन्तगुणकर्मत्वात्। कदा वा को वेत्ति, कालतो अपरिच्छिन्नत्वादिति। देश-प्रकार-संख्या-काल-वचनैः क्वेत्यादिभिश्चतुर्भिर्भूमन्नित्यादिसम्बोधन-चतुष्टयमसम्भावना यां हेतुमद्भावेन समन्वेतव्यम्। एतेन सर्वथैव ते महिमा ज्ञातुमशक्य इति वाक्यार्थः।

तुम तो मुझको सब प्रकार से जानते हो, अपर भी जानते होंगे। इस प्रकार कथन के उत्तर में कहते हैं—कोई भी आपकी लीला को नहीं जानते हैं। उसका वर्णन करते हैं,—हे भूमन्! आप देश से अपरिच्छिन्न हैं, परिच्छिन्न वस्तु को लोक जानते हैं। आप विश्वव्यापक हैं, व्याप्य पदार्थ व्यापक को कैसे जानेगा? हे भगवन्! अचिन्त्य सर्वैश्वर्य्यसम्पन्न! हे परात्मन्! अनन्तगुणकर्मसम्पन्न! हे योगेश्वर! कालतोऽपरिच्छिन्न! आपकी ऊति, लीला को कौन जान सकते हैं, आश्चर्य्य है, क्व वा को वेत्ति—देशतो अपरिच्छिन्न होने के कारण, कौन जान सकते हैं। अथवा अचिन्त्य परमैश्वर्य्यसम्पन्न आप हैं। अतएव अर्वाचीन क्षुद्र शक्तियुक्त व्यक्ति कैसे आपको जानेगा? कितने कार्य्य आपके हैं? कौन जान सकते हैं। आप अनन्त गुणकर्मा हैं, किस समय क्या करते हैं, कौन जान सकते हैं। काल से भी आप अपरिच्छिन्न हैं। देश, प्रकार, संख्या, काल, वचन के द्वारा भूमन्! भगवन्! परात्मन्! योगेश्वर! सम्बोधन चतुष्टय के द्वारा जानना असम्भव ही है, इसका प्रकाश हेतु हेतुमद्भाव से कहा गया है, उससे फलितार्थ यह है कि—आपकी महिमा सर्वथा सबके द्वारा अज्ञेय ही है।

उक्त भगवत्तत्त्व विषय में उक्तानुरूप सम्मति श्रीरामानुजाचार्य की भी है। आपने गीता (४।६) —"अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्। प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य सम्भवाम्यात्ममायया॥"

श्रीभगवदुक्ति की व्याख्या में लिखा है—"मैं अज, अव्ययस्वरूप एवं भूतसमूह का ईश्वर होने पर भी निज प्रकृति को अधिष्ठान करके आत्मम या के द्वारा ग्रहण करता हूँ।" निज स्वभाव में ही अवस्थित होकर, आत्ममाया—निज सङ्कल्प रूप ज्ञान द्वारा, जन्मग्रहण करता हूँ। माया शब्द का तात्पर्य स्वकल्पित नहीं है। नैघण्टुकार के मत में माया शब्द का अर्थ—माया वयुन ज्ञान है। महाभारत में भी भगवदवतार रूप का अप्राकृतत्व वर्णित है। "परमात्मा का देह—भूतसमष्टि जनित अर्थात् पाञ्चभौतिक नहीं है।"

अतएव बृहद्विष्णुपुराण में उक्त है—जो व्यक्ति परमात्मा श्रीकृष्ण के देह को पाञ्चभौतिक मानता है, वह व्यक्ति श्रुति-स्मृति विधान के अनुसार समस्त सत्कर्म से बहिर्भूत है, अर्थात् महापातित है। दैवात् उसका मुखदर्शन होने से वस्त्र के सहित स्नान करे, एवं शुद्धि के निमित्त सूर्य्यदर्शन, गो स्पर्श एवं घृतपान करे।

अथ (भा० १।१५।३४) "ययाहरद्भुवो भारम्" इत्यादौ चैवं मन्तव्यम्,—तनुरूपकलेवर-शब्दैरत्र श्रीभगवतो भूभारजिहीर्षालक्षणो देवादिपिपालयिषालक्षणश्च भाव एवोच्यते, यथा तृतीये विंशतितमे तत्तच्छब्दैर्ब्रह्मणो भाव एवोक्तः। यदि तत्रैव तथा व्याख्येयम्, तदा सुतरामेव श्रीभगवतीति। ततश्च तस्य भावस्य भगवति तदाभासरूपत्वात् कण्टकदृष्टान्तः सुसङ्गत एव। तथा द्वयमेवेशितुः साम्यमपि। तत्तु तृतीयसन्दर्भ एव विवृतम्। (भा०

भा० १।१५।३४ में वर्णित—"ययाहरद्भुवो भारं तां तनुं विजहावजः।
कण्टकं कण्टकेनेव द्वयञ्चापीशितुः समम्॥
यथा मत्स्यादिरूपाणि धत्ते जह्याद् यथा नटः।
भूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम्॥"

भगवान् ने जिस तनु के द्वारा पृथिवी का भारापनोदन किया, उसको काँटा निकालने की रीति से अर्थात् काँटा से काँटा को निकाल कर काँटा को छोड़ दिया जाता है, उस प्रकार ही श्रीकृष्ण ने तनु त्याग किया। इसमें सुस्पष्ट से कथित शरीर त्याग किया है, उससे श्रीकृष्ण तनु का पाञ्चभौतिकत्व सिद्ध होता है? स्वरूपभूत तनु का परित्याग नहीं होता है। उत्तर—उक्त श्लोक में तनु, रूप, एवं कलेवर शब्द का प्रयोग है, उससे श्रीभगवान् का देह निर्दिष्ट नहीं हुआ है। किन्तु तदीय भाव उक्त है, वह श्रीभगवान् की भूभारहरण रूपेच्छा, एवं देवादि पालन रूपेच्छा रूप भाव ही है। भाव अर्थ में तनु शब्द का प्रयोग श्रीमद्भागवत में है—भा० ३।२०।२८ 'विमुमुञ्च तनुं घोरां'।

टीका—ब्रह्मा तां तनुं विमुमोच। सर्वत्र तनुत्यागोनाम तत्तन्मनोभावत्यागो विवक्षितः, ग्रहणञ्च तत्तद्भावापत्तिरिति द्रष्टव्यम्।

गर्भोदकशायी के नाभिकमल से उत्पन्न होकर ब्रह्मा ने सर्वप्रथम पञ्च प्रकार अविद्या की सृष्टि की, उस तमोमयी सृष्टि से ब्रह्मा का मन सन्तुष्ट नहीं हुआ। आपने 'विससर्जात्मनः कायं' निज शरीर का त्याग किया। अनन्तर असुर सृजन होने से असुरोंने उनको आक्रमण किया। श्रीहरि से उपदेश प्राप्तकर उन्होंने 'विमुमुञ्च तनुं घोरां' निज कामक्षुधित तनु को परित्याग किया, अनन्तर ब्रह्मा ने निज कान्ति के द्वारा गन्धर्व अप्सरागण को सृजन कर 'विससर्ज तनुं तां' तनु त्याग किया। अनन्तर करचरण प्रसारित कर शयित ब्रह्मा ने देखा सृष्टि वर्द्धित नहीं हुई, तब क्रुद्ध होकर 'क्रोधादुत्ससर्ज ह तद्वपुः' वपुः त्याग किया।

स्वामिपाद के मत में 'तनु' त्याग शब्द का अर्थ—मनोभाव त्याग है। सुतरां तनु, वपुः, काय शब्द से ब्रह्मा का मनोभाव त्याग की प्रतीति होती है। ब्रह्मा का तनुत्याग असम्भव है। अतएव श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में प्रयुक्त तनु-कलेवर-देह प्रभृति का भी अर्थ भाव पर ही होगा। भार हरणादि कर्म श्रीविष्णु रूप का है, स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण नहीं। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण जब अवतीर्ण होते हैं, उस समय उनसे ही समस्त कार्य्य सम्पन्न होते हैं। अतएव अधिकारी व्यक्ति का श्रीकृष्ण में रहना सम्भव होता है। तज्जन्य ही कण्टक दृष्टान्त सुसङ्गत हुआ है। कण्टक विद्धाङ्ग व्यक्ति के पक्ष में विद्धकण्टक एवं मोचक कण्टक उभय ही समान है, तद्रूप श्रीभगवान् के पक्ष में भी भूभार एवं भूभार हरणेच्छा उभय ही समान है। अर्थात् उभय ही उनका एकान्त कर्तव्य विषय न होने से उभय के प्रति उनका आवेश अनुसन्धेय नहीं है। वह आवेश आभास रूप है। इसका सुविशद विवेचन परमात्म सन्दर्भ में है।

१।१५।३५) "मत्स्यादिरूपाणि" मत्स्याद्यवतारेषु तत्तद्भावान्। अथ नटदृष्टान्तेऽपि नटः श्रव्यकाव्यरूपकाभिनेता नटः। व्याख्यातश्च टीकाकृद्भिः प्रथमस्यैकादशे (भा० टी० १।११।२१) —"नटा नवरसाभिनयचतुराः" इति। ततो यथा श्रव्यरूपकाभिनेता नटः स्वरूपेण स्ववेषेण च स्थित एव पूर्ववृत्तमभिनयेन गायन् नायक-नायिकादिभावं धत्ते जहाति च तथेति।

भा० १।१५।३५ में उक्त है—"यथा मत्स्यादिरूपाणि धत्ते जह्याद् यथा नटः।
सूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम्॥"

टीका—श्रीकृष्णस्य मूर्त्तिविशेषमाह—यथेति। तान्यपि यथा धत्ते जहाति च। तत्र—यथा नटो निजरूपेण स्थित एव रूपान्तराणि धत्ते अन्तर्धत्ते च तथापि कलेवरं जहौ—अन्तरधादित्यर्थः। अन्तर्धान किये थे।

परमात्मसन्दर्भ में विवेचित विषय का सारार्थ यह है—सच्चिदानन्द भगवान् स्वरूपशक्ति के द्वारा नित्य अनन्तवैकुण्ठ विगत ऐश्वर्य्यादि युक्त हैं, एवं प्राकृत गुण वर्जित अतएव अविकारी हैं। स्वरूपशक्ति का अनन्त सक्रिय विलास उनमें सतत विद्यमान है। तज्जन्य श्रीभगवान् निरन्तर अनन्त स्वरूप में अनन्त लीला में निरत रहते हैं। अतः अवस्थान्तर प्राप्ति उनको नहीं होती है। प्राकृत कर्त्ता के समान विकारी भी नहीं होते हैं। निर्विकार अवस्था में गुण एवं स्थित्यादि क्रिया का अवस्थान होना कैसे सम्भव होगा? उत्तर—आप चिन्मात्र हैं, चिद्वस्तु विरोधी गुण-क्रियासमूह की स्थिति आपमें सम्भव नहीं है। स्वरूपैश्वर्य्य में परिपूर्ण होने से ही आप भगवान् हैं। प्राकृत गुणावली ग्रहण करने की आवश्यकता उनको कदापि नहीं होती है। केवल लीला जन्य ही गुणक्रियादि का प्रकाश करते रहते हैं। आप स्वयं ही प्रवृत्त होकर निज स्वरूपभूतोपकरणों के सहित क्रीड़ारत होते हैं, एवं स्वरूपगत वैभव में ही परितृप्त रहते हैं। तदीय आश्रिता बहिरङ्गा मायाशक्ति विश्वस्थ विचित्र रचना करती है। उनके सङ्कल्प से ही उक्त शक्ति समस्त अघटनघटन कार्य्य करती रहती है, उक्त कार्य्य भी उनकी लीलारूप में विख्यात है।

श्रीभगवत् चिच्छक्ति के द्वारा श्रीवैकुण्ठादि लीला एवं मायाशक्ति के द्वारा सृष्ट्यादि कार्य्य निष्पन्न होता है। भगवान् स्वरूपशक्ति में विराजित होने के कारण मायाशक्ति का आश्रय से उनका अवस्थान नहीं होता है। तज्जन्य ही कथित हुआ है—भूभार हरणादि कार्य्य में उनका आवेश नहीं होता है।

स्वरूपशक्ति का विलास के कारण मत्स्यादि रूप भी उनका नित्य है। उक्त रूप समूह का त्याग एवं धारण सम्बन्ध में जो कुछ कथन है, उससे जानना होगा कि—मत्स्यादि अवतार के द्वारा पृथिवी का भारस्वरूप दैत्यवधादि विषयक भार ग्रहण एवं त्याग ही है। कहा गया है—'धत्ते जह्याद् यथा नटः' यहाँ दृष्टान्त नट का है। दृश्य-श्रव्य काव्य का अभिनेता को नट कहते हैं। 'श्रव्यकाव्यरूपकाभिनेता', नट—कथक शब्द से अभिहित होता है। भा० १।११।२१ में उक्त है—

"नटनर्त्तकगन्धर्वाः सूतमागधवन्दिनः। गायन्ति चोत्तमःश्लोकचरितान्यद्भुतानि च॥"

स्वामिटीका—"नटा नवरसाभिनयचतुराः। तालाद्यनुसारेण नृत्यन्तो नर्त्तकाः। गान्धर्वाः गायकाः, सूताः पौराणिकाः प्रोक्ता मागधा वंशशंसकाः। वन्दिनस्त्वमलप्रज्ञाः प्रस्तावसदृशोक्तयः। अद्भुतानि चेति चकारस्य वन्दिनश्चेत्यन्वयः। ते सर्वे गायन्ति चेति उत्तमःश्लोकस्य अद्भुतानि चरितानि—भक्तवात्सल्यादीनि।"

"उत्तमश्लोक श्रीकृष्ण के चरित्रसमूह गान—नट, नर्त्तक, गन्धर्व, सूत, मागध, वन्दीगण करने लगे थे।" टीकाकार ने 'नट' शब्द का अर्थ—'नट—नवरसचतुर' कहा है। श्रव्यकाव्यरूपकाभिनेता को नट कहते हैं। वह जिस प्रकार निज स्वरूप में यथावत् स्थित होकर ही पूर्ववृत्तान्त को अभिनय के

अतएव तृतीये (भा० ३।२।११)—

"प्रदर्श्यातप्ततपसामवितृप्तदृशां नृणाम् ।
आदायान्तरधाद्यस्तु स्वबिम्बं लोकलोचनम् ॥"२३७॥

इत्यत्रापि लोकलोचनरूपं स्वबिम्बं निजमूर्त्तिं प्रदर्श्य पुनरादायैव च अन्तरधात्, न तु त्यक्त्वेत्युक्तं श्रीसूतेन (भा० १।१५।३५)—"यथा मत्स्यादिरूपाणि" इत्यनन्तरमपि तथोक्तम् (भा० १।१५।३६)—"यदा मुकुन्दो भगवानिमां महीं जहौ स्वतन्वा" इति । त्यागोऽत्र स्वतनुकरणक इति न तु स्वतन्वा सहेति व्याख्येयम्, सहेत्यध्याहार्य्यापेक्षा-गौरवात्; उपपदविभक्तेः कारक-

द्वारा प्रकट करने के निमित्त नायक-नायिकादि भाव धारण एवं त्याग करता है। तद्रूप दार्ष्टान्तिक श्रीभगवान् को भी जानना होगा, अर्थात् श्रीभगवान् स्वरूप में अविकृत रूप में स्थित होकर ही विविध रूप का प्रकटन करते रहते हैं। अतएव तृतीयस्कन्ध भा० ३।२।११ में वर्णित है—

"प्रदर्श्यातप्ततपसामवितृप्तदृशां नृणाम् । आदायान्तरधाद्यस्तु स्वबिम्बं लोकलोचनम् ॥"

टीका—कोऽसौ हरिरित्यपेक्षायामाह—प्रदर्श्येति । न तप्तं तपो यैः, अतोऽवितृप्ता दृशो येषां तेषाम् । स्वबिम्बं श्रीमूर्त्तिम् । एतावन्तं कालं प्रकर्षेण दर्शयित्वा योऽन्तर्हितवान् । लोकस्य लोचनमादाय —आच्छिद्य । तादृशस्यान्यस्य विलोकनीयस्याभावात् ।

श्रीविदुर को श्रीउद्धव कहे थे—भगवान् श्रीकृष्ण, एतावत् काल पर्य्यन्त स्वीय मूर्त्ति प्रदर्शन कर, सम्प्रति लोकलोचनस्वरूप मूर्त्ति को उन सबके समीप से बलपूर्वक ग्रहण कर अन्तर्हित हो गये हैं। जनसमूह दीर्घकाल पर्य्यन्त उक्त मूर्त्ति का दर्शन किये थे, किन्तु वे सब उससे परितृप्त नहीं हुये थे।

यहाँ पर सुस्पष्ट ही कहा गया है कि—श्रीकृष्ण, लोकलोचनरूप स्वीय मूर्त्ति का प्रदर्शन कर, उसको लेकर ही अन्तर्हित हो गये हैं। यह अन्तर्द्धान है, त्याग नहीं है। शरीर के सहित अन्तर्द्धान की वार्त्ता "यथा मत्स्यादिरूपाणि" श्लोक के बाद उक्त है, भा० १।१५।३६—

"यदा मुकुन्दो भगवानिमां महीं जहौ स्वतन्वा श्रवणीय सत्कथः ।
तदाहरेवाप्रतिबुद्धचेतसामभद्रहेतुः कलिरन्ववर्त्तत ॥"

टीका—युधिष्ठिरस्य स्वर्गारोहणप्रसङ्गाय कलिप्रवेशमाह—यदेति । स्वतन्वा जहौ स्वतनोरेव वैकुण्ठ रोहात् । श्रवणीया सती कथा यस्य सः । यदहरित्यस्मिन्नेव । अह इति लुप्तसप्तम्यन्त पदम् । अप्रतिबुद्धचेतसां - अविवेकिनमिति, विवेकिनान्तु न प्रभुरित्युक्तम् । अन्ववर्त्ततेति पूर्वमेवांशेन प्रविष्टस्य स्वेन रूपेणानुवृत्तिरुक्ता ।

जिनकी सत्कथा का श्रवण सुकृतिशील जनगण करते रहते हैं, उन श्रीभगवान् मुकुन्द, जिस दिन शरीर के द्वारा इस पृथिवी को परित्याग किये थे। उस दिन ही अविवेकिगण के अमङ्गल हेतु कलि का अनुवर्त्तन हुआ। अर्थात् कलि का प्रवेश हुआ।

उक्त श्लोक में 'स्वतन्वा' पद का प्रयोग है। उस पद की तृतीया विभक्ति 'करणे तृतीया' सूत्र से करणकारक में तृतीया विभक्ति हुई है। 'सहार्थे तृतीया' नहीं हुई है। 'सहार्थे तृतीया' स्वीकार करने पर तनु के सहित पृथिवी त्यागरूप अर्थ का बोध होगा। अर्थात् जिस प्रकार पृथिवी का त्याग किया, उस प्रकार ही निज तनु का त्याग भी किया, इस प्रकार अर्थ होगा। मूल श्लोक में सह शब्द का प्रयोग नहीं है। अन्यथा हेतु 'सह' शब्द का अध्याहार करना पड़ेगा। अध्याहार न करके अर्थ सङ्गति की अपेक्षा अध्याहार के द्वारा अर्थ सङ्गति गौरवावह है। द्वितीयतः—उपपद-विभक्ति से कारक-विभक्ति

विभक्तिर्गरीयसी" इति न्यायाञ्च । अथवा (गी० ७।२५) "नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमाया-समावृतः" इति श्रीगीतावचनेन ;

"योगिभिर्दृश्यते भक्त्या नाभक्त्या दृश्यते क्वचित् ।
द्रष्टुं न शक्यो रोषाच्च मत्सराच्च जनार्द्दनः ।।"

इति पाद्मोत्तरखण्डनिर्णयेन ; (भा० १०।४३।१७) "मल्लानामशनिः" इति श्रीभागवतदर्शनेन ; (वि० पु० ४।१५।६) "आत्म-विनाशाय भगवदस्तचक्रांशुमालोज्ज्वलमक्षयतेजःस्वरूपं परमब्रह्म-

बलीयसी है, यह नियम भी है । अतएव यहाँ पर 'करणे तृतीया' मानना ही समीचीन है । उससे तनु के द्वारा पृथिवी का त्याग किया है, किन्तु तनु त्याग नहीं किया, इस प्रकार सुस्थिर अर्थ होगा ।

अथवा गी० ७।२५—"नाहं प्रकाश सर्वस्य योगमाया समावृतः ।
मूढ़ोऽयं नाभिजानाति लोकोमामजमव्ययम् ।।"

मैं अव्यक्त था, अधुना सच्चिदानन्दस्वरूप श्यामसुन्दर रूप में अभिव्यक्त हूँ । इस प्रकार न मानना, कारण, मेरा श्यामसुन्दर स्वरूप नित्य है । यह रूप, चिज्जगत् का सूर्य्यस्वरूप है । स्वयं उद्भासित होने पर भी योगमायारूप आवरण के द्वारा साधारण के चक्षु आवृत होते हैं, तज्जन्य मूढ़ लोक अव्ययस्वरूप मुझ को जान नहीं सकते ।

टीका—"ननु भक्ता इव अभक्ताश्च त्वां प्रत्यक्षीकुर्वन्ति प्रसादादेव भजत्स्वभिव्यक्तिरिति कथम् ? तत्राह—नाहमिति । भक्तानामेवाहं नित्यदिज्ञानसुखघनोऽनन्तकल्याणगुणकर्मा प्रकाशोऽभिव्यक्तो, नतु सर्वेषामभक्तानामपि । यदहं योगमायया समावृतो मद्विमोहकव्यामोहकरय योगयुक्तया मायया समाच्छन्न परिसर इत्यर्थः । यदुक्तं "मायाजवनिकाच्छन्नमहिम्ने ब्रह्मणे नमः" इति । मायामूढ़ोऽयं लोकोऽति-मानुषदवतप्रभावं विधिरुद्रादिवन्दितमपि मां नाभिजानाति । कीदृशम् ? अजं जन्मशून्यं, यतोऽव्ययम-प्रच्युतस्वरूपसामर्थ्यसार्वज्ञ्यादिकमित्यर्थः ।" इस प्रकार गीतोक्त नियम के द्वारा श्रीकृष्ण का वास्तविक रूप भक्त व्यतीत अपर कर्त्तृक दृष्ट नहीं होता है ।

पाद्मोत्तर खण्ड के निर्णय भी इस प्रकार है—श्रीजनार्दन, योगिगणों की भक्ति दृष्टि से दृष्ट होते हैं, अभक्त दृष्टि से श्रीजनार्दन कभी भी दृष्ट नहीं होते हैं । भा० १०।३३।१७ में उक्त—

"मल्लानामशनिर्नृणां नरवरः स्त्रीणां स्मरो मूर्त्तिमान्
गोपानां स्वजनोऽसतां क्षितिभुजां शास्ता स्वपित्रोः शिशुः ।
मृत्युर्भोजपतेर्विराड़विदुषां तत्त्वं परं योगिनां
वृष्णीनां परदेवतेति विदितोरङ्गं गतः साग्रजः ।।"

रङ्गभूमिस्थ श्रीकृष्ण—मल्लगण के निकट अशनि (वज्र), मनुष्यवृन्द के समीप में नटवर, युवती की दृष्टि में मूर्त्तिमान् कन्दर्प, गोपगण के स्वजन, असत् राजन्य के समीप में शासनकर्त्ता, मातापिता का शिशु, कंस की साक्षात् मृत्यु, अविद्वान् के समक्ष में विराट्, योगियों के निकट परमतत्त्व, एवं वृष्णिगण के निकट परम देवता रूप में अनुभूत हुये थे । श्रीभागवत के प्रमाणानुसार एक श्रीकृष्ण ही विभिन्न भावाक्रान्त हृदय में विभिन्न भावानुरूप अनुभूत होते हैं । भक्त के निकट यथार्थ एक रूप में अवस्थित अनुभूत सर्वदा होते हैं ।

विष्णुपुराण का गद्य भी इस प्रकार है—"मुक्तिलाभ के समय शिशुपाल ने भगवत्तन्मयता से विद्वेष विदूरित होने पर अक्षय तेजःस्वरूप भगवान् को देखा था ।" इस विष्णुपुराण के गद्य से प्रतीत

भूतमपगतद्वेषादिदोषो भगवन्तमद्राक्षीत्" इति शिशुपालमुद्दिश्य विष्णुपुराणगद्येन चासुरेषु यद्रूपं स्फुरति, तत्तस्य स्वरूपं न भवति, किन्तु मायाकल्पितमेव। स्वरूपे दृष्टे द्वेषश्चापयातीति ततश्चासुरेषु स्फुरत्या यया तन्वा भुवो भाररूपमसुरवृन्दमहरत्तां तनुं विजहौ, पुनस्तत्प्रत्यायन न चकारेत्यर्थः। भक्तिदृश्या तनुस्तु तस्य नित्यसिद्धैवेत्याह—'अजः' इति; (भा० १०।३।८) "देवक्यां देवरूपिण्याम्" इत्यादेः, (भा० १०।२८।१८) "कृष्णञ्च तत्र च्छन्दोभिः स्तूयमानम्" इत्यत्र गोलोकाधिष्ठातृत्वनिर्द्देशाच्च। ततश्च "यथा

होता है कि असुर के समक्ष में भगवान् का जो रूप दृष्ट होता है, वह उनका रूप नहीं है, किन्तु मायाकल्पित ही है। भगवत् स्वरूप दर्शन से दोष विनष्ट होता है, किन्तु आसुरिक दृष्टि से भगवत् स्वरूप दर्शन नहीं होता है। अतएव आसुरिक मायाक्रान्त हृदय के समीप जिस स्वरूप को प्रकट कर स्वेच्छाचारी व्यक्तियों को विनष्ट कर पृथिवी का भारापनोदन भगवान् ने किया, उस तनु का उस भाव का परित्याग किया। आसुरिक व्यक्तियों के सान्निध्य में अवस्थान की आवश्यकता न रहने से पुनर्बार असुर संहार कालीन प्रकटित रूप का प्रकाश नहीं किया। यह ही 'तनु' त्याग शब्द का यथार्थ अर्थ है। भक्तिनयनों से दृश्य तनु श्रीकृष्ण का नित्यसिद्ध ही है।

गीता ४।६ में उक्त है—"अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥"

मैं जन्मादि रहित एवं अव्यय स्वरूप हूँ, स्वीय चिच्छक्ति को अवलम्बन कर जीवों के प्रति अनुग्रह करने के निमित्त निज स्वरूप में ही आविर्भूत होता हूँ।

भा० १०।३।८ में वर्णित है—"देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः।
आविरासीद्यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः॥" विशुद्धभक्तिस्वरूपिणी देवकी में सर्वगुहाशय विष्णु पूर्वदिक में पुष्कल चन्द्रोदय के समान आविर्भूत हुये थे।

टीका—यथा—यथावत् ऐश्वर्येणैवरूपेण॥

स्वरूपभूतशक्तिविलासालङ्कृत होकर ही आविर्भूत हुये, अर्थात् स्वाभाविक निज स्वरूपशक्ति में जिस रूप में नित्य अवस्थित हैं। ठीक उस रूप में ही आविर्भूत हुये थे, मायिक अथवा कृत्रिम रूप में नहीं। भा० १०।२८।१७ में उक्त है—

"नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा परमानन्दनिर्वृताः कृष्णञ्च तत्र छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिताः।"

श्रीनन्दादि गोपवृन्द कौतुकवशतः स्वीय पारलौकिक स्थिति का जिज्ञासु होने पर श्रीकृष्ण ने उस ब्रह्महृद में उन सबको ले गया था एवं निमज्जित होने के लिए कहा, पश्चात् वे सब निमज्जित होकर अत्यद्भुत दृश्य देखे थे। श्रीकृष्ण को भी वहाँ पर आप सबने देखा, जो वेदों के द्वारा स्तुत हो रहे थे।

क्रमसन्दर्भः—(१८) छन्दोभिः—गोपालतापन्यादिभिः।

बृहत्क्रमसन्दर्भः—(१८) तत् पुनर्विशिष्यदर्शति—नन्दादय इत्यादि। तं नारायणलोकम्, तत्रैव छन्दोभिः स्तूयमानं नारायणरूपं ग्रहीतारं श्रीकृष्णं दृष्ट्वा सुविस्मिता बभूवुः।

बृहद्वैष्णवतोषणी—एवं गोपानामिष्टसिद्धया परमानन्दो जात इत्याह—नन्दादय इति। तं वैकुण्ठलोकं गोलोकं वा, परमानन्देन निर्वृता निःशेषेण व्याप्ता बभूवुः। स्व विलक्षित तदीय स्थानविशेषदर्शनात्, तत्रापि स्वलोकत्वेन स्वाधीनताज्ञानोत्पत्तेः। अप्यर्थे चकारः। तत्र ब्रह्मलोकेऽपि कृष्णं दृष्ट्वा सुविस्मिता बभूवुः। यद्वा, तत्र छन्दोभिः स्तूयमानं कृष्णं निजपार्श्वेऽपि स्तूयमानं पूर्ववत् दृष्ट्वा

मत्स्यादिरूपाणि" इत्यस्याप्ययमेवार्थः,—यथा नट ऐन्द्रजालिकः कश्चित् स्वमक्षकाणां चकादीनां निग्रहाय मत्स्याद्याकारान् धत्ते, स्वस्मिन् प्रत्याययति, तन्निग्रहे सति यथा च तानि जहाति, तथा सोऽयमजोऽपि येन मायित्वेन लक्ष्यतां प्रापितेन रूपेण भूभाररूपासुरवर्गः

परमविस्मयं प्राप्ता इति तथ्यं स्यादेव।

यद्वा, तुशब्दो भिन्नोपक्रमे, सर्वे गोपा औत्सुक्यातिरेकेन वैकुण्ठलोकं दृष्ट्वा सुखं प्रापुरेव, श्रीनन्दादय प्रियतमजनास्तु तत्र ब्रह्मलोकं छन्दोभिः स्तूयमानं कृष्णं दृष्ट्वा सुविस्मिता अपि तं निजपार्श्वे पूर्ववद्वर्त्तमानं परमबन्धुं जीवनप्रभुं द दृष्ट्वैव परमानन्दनिर्वृ ताः, नतु ब्रह्मलोकमित्यर्थः। आदिशब्देन श्रीयशोदाश्रीदामादि-सहचराः श्रीराधादिगोप्यश्च। यद्वा, तत्र तैः स्तूयमानमपि कृष्णं तं पूर्ववन्निजपार्श्वे वर्त्तमानं दृष्ट्वैव परमानन्दनिर्वृ ताः सन्तः, अतएव सुशोभनां विशेषतः स्मितं येषां तथाभूता बभूवुः। यद्वा, तं निजप्रियतमं कृष्णं तत्र छन्दोभिरपि स्तूयमानं दृष्ट्वा परमानन्दनिर्वृ ताः, यद्वा, तं गोलोकं भूर्लोकस्थगोकुलसदृशमेव दृष्ट्वा परमानन्दनिर्वृ ता बभूवुः।

अभीष्ट सिद्धि होने से गोपगण परम आनन्दित हुये थे। उसको कहते हैं—वैकुण्ठलोक अथवा कृष्णवैकुण्ठ गोलोक को देखा था। सर्वंतोभावे। परमानन्दित दर्शनकारिगण हुये थे। निजेप्सित स्थान को देखा, वह कृष्ण का ही स्थान था। उसमें भी अतीव आनन्द का विषय था, निज लोक था। उससे ही स्वाधीनता का आनन्द हो सकता है। च-कार का प्रयोग, अपि अर्थ में हुआ है, उस ब्रह्मलोक में भी उन्होंने कृष्ण को देखा, इससे विस्मय हुआ। अथवा उस लोक में वेदों के द्वारा संस्तुत श्रीकृष्ण को निज पार्श्व में पूर्ववत् देखा, इससे ही परमविस्मय हुआ। इस प्रकार व्याख्या श्रीस्वामिपाद ने की है।

अथवा तु शब्द भिन्नोपक्रम में प्रयुक्त है। गोपवृन्द औत्सुक्य अतिरेक से वैकुण्ठलोक को देखकर आनन्दित हुये थे। श्रीनन्द प्रभृति प्रियतम जनगण किन्तु ब्रह्मलोक में वेदसंस्तुत कृष्ण को देखकर सुविस्मित हुए थे, तथापि निज पार्श्व में पूर्ववत् वर्त्तमान परमबन्धु जीवनप्रभु को देखकर ही परमानन्दित हुये थे। किन्तु ब्रह्मलोक को देखकर नहीं। आदि शब्द से यशोदा, श्रीदामादि सहचरवृन्द एवं श्रीराधादि गोपीगण को जानना होगा। अथवा वेदों के द्वारा स्तूयमान श्रीकृष्ण को पूर्ववत् निजपार्श्व में देखकर ही परमानन्दित हुये थे। अतएव सुशोभन स्मित हास्य से सबके मुखकमल उद्भासित हुये थे। अथवा उन प्रियतम कृष्ण को वहाँ स्तुति प्राप्त करते हुये देखकर परम आनन्दित हुये थे। अथवा उस गोलोक को भूलोकस्थ गोकुल के सदृश ही देखकर परमानन्दित हुये थे।

स्वामिपाद—एवं ब्रह्महृदं—ब्रह्मैव हृदवत् हृदः, तत्र निमग्नस्य विशेषविज्ञानाभावात् तं ब्रह्महृदं ते तु नीताः प्रापिता स्तस्मिन् मग्नाश्च। तुशब्दोक्तं विशेषमाह। पुनः कृष्णेनोद्धृताः, समाधेरिवोत्थापिताः सन्तो ब्रह्मणस्तस्यैव लोकं वैकुण्ठाख्यं ददृशुरिति।

ननु ब्रह्मनिमग्नानां पुनर्लोकदर्शनमघटितमेव इत्याह—यत्रेति। यत्र यस्मिन् कृष्णे निमित्ते सति पूर्वमक्रूरोऽध्यगात्-दृष्टवान्। शुकपरीक्षित्संवादात् प्राक्तनत्वाद् भूतनिर्देशः। तदुक्तमैश्वर्यं भगवति किञ्चिदप्यसम्भावितमिति भावः। अथवा अक्रूरो यत्र दृष्टवांस्तस्य यमुनाह्रदस्य ब्रह्मह्रद इति नाम। तं ह्रदं नीताः सन्तो ब्रह्मणो लोकं ददृशुः, पुनश्च कृष्णेनोद्धृताः, पूर्ववत् स दृष्ट्वा विस्मिता बभूवुरिति व्यवहितान्वयः। अप्रसिद्धकल्पना च सोढ्येति।

इस श्लोक में श्रीकृष्ण को गोलोकाधिष्ठाता रूप में कहा गया है। अतएव यथा—

"मत्स्यादिरूपाणि धत्ते जह्याद् यथा नटः। भूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम्॥"

इस श्लोक का अर्थ इस प्रकार ही है—जिस प्रकार नट-ऐन्द्रजालिक-रूपक चकादि को निगृहीत करने के

क्षपितः तद्वर्गं क्षपितवानित्यर्थः। तच्च कलेवरमजो जहौ, अन्तर्धापितवानित्यर्थः। किन्तु श्रीगीतापद्ये (७।२५) "योगमाया-समावृतः" सर्पकञ्चुकवन्मायारचितवपुराभाससमावृत इत्यर्थः। विष्णुपुराणगद्ये "आत्मविनाशाय" इति आत्मनः स्वस्य शिशुपालस्येत्यर्थः। भगवता अस्तं क्षिप्तं यच्चक्रं तस्यांशुमालया उज्ज्वलं यथा स्यात्तथाऽद्राक्षीत्। यतः

निमित्त मत्स्यादि आकार धारण करता है, अपने को उस प्रकार ही विश्वस्त करता, वकादि निगृहीत होने के बाद उस रूप को वह छोड़ देता है। उस प्रकार ही अज नित्य पुराणपुरुष होकर भी मायावी रूप में दृष्ट होकर भूभार रूप उच्छृङ्खल आसुरिक स्वभावाक्रान्त मानववृन्द को विनष्ट किया। अर्थात् असुरवर्ग को विनष्ट किया, आसुरिक भाव को अपसारित किया, यह अर्थ है। जिस देह से आसुरिक भाव को अपसारित करने का कार्य्य किया, उस कलेवर को परित्याग किया, अज होकर भी परित्याग किया, अर्थात् अन्तर्द्धान किया। एक अद्वय तत्त्व श्रीकृष्ण में समस्त आश्रित हैं। सत्‌शिक्षा प्रदान रूप कार्य्य सम्पादन हेतु विरुद्ध असत् शिक्षा को उपस्थित करते हैं। उसका अपसारण उसके समान आवेश से करने के पश्चात् सत्‌शिक्षा स्थापन के अनन्तर प्रयोजन न रहने से उस भाव को अन्तर्हित करते हैं। गीता (७।२५) में वर्णित है—"नाहं प्रकाशसर्वस्य योगमायासमावृतः।

मूढ़ोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम्॥" सर्पकञ्चुकवत् मायारचित वपु के आभास के द्वारा सम्यक् आवृत रहता हूँ।

श्रीमन्मध्वाचार्य्य—"अज्ञानं च मदिच्छयेत्याह—नाहमिति। योगेन—सामर्थ्योपायेन, मायया च, मयैव मूढो नाभिजानाति, तथाहि पाद्मे—आत्मनः प्रकृतिञ्चैव लोकचित्तस्य बन्धनम्, स्वसामर्थ्येन देव्या च कुरुते स महेश्वरः।"

मेरी इच्छा से लोकों में अज्ञानता होती है, और वह लोक मुझको जान नहीं सकता है। मूढ़गण नहीं जानते हैं। पद्मपुराण में उक्त है—निज, प्रकृति एवं लोकचित्त का बन्धन कार्य्य महेश्वर, निज सामर्थ्य रूप शक्ति से, एवं देवी से करते हैं। स्वयं का बन्धन निज अन्तरङ्गशक्ति के द्वारा करते हैं। लोकचित्त एवं प्रकृति का बन्धन देवी बहिरङ्गा माया के द्वारा सम्पादन करते हैं।

विश्वनाथ चक्रवर्त्ती। ननु भक्ता इव अभक्तास्त्वां प्रत्यक्षी कुर्वन्ति, प्रसाद एव भजत्स्वभिव्यक्तिरिति कथम्? तत्राह—नाहमिति, भक्तानामेवाहं नित्यविज्ञानसुखघनाऽनन्तकल्याणगुणकर्मा प्रकाशोऽभिव्यक्तो न तु सर्वेषामभक्तानामपि। यदहं योगमायया समावृतो मद्विमुखव्यामोहकस्य योगयुक्तया मायया समाच्छन्नपरिसर इत्यर्थः। यदुक्तं (भा० १०।८४।२३) 'मायाजवनिकाच्छन्नमज्ञाधोक्षजमव्ययम्' अज्ञाने सन्नः"।

क्रमसन्दर्भः। अहो! दूरस्थाः के वयं यं कृष्णाख्यं भगवन्तममोनिकटस्था भूपा अपि तथा एकाराम वृष्णयोऽपि न विदन्ति? तत्र मायामहिमा तमवस्थेनानुभवितुं न शक्नुवन्ति? ननु सततं सर्वमहिमाश्रयस्य प्रकटस्याननुभवे किं कारणम्? तत्राहुः—मायेति। तर्हि तादृश महिमाश्रयत्वे किं प्रमाणम्? तत्राहुः—जवनिकेति। तद्वदत्यावृत्याऽन्तरङ्गीकृतानामनुभवोऽपि भवत्येवेति भावः। महिमानमेवाहुः—आत्मानं ब्रह्मस्वरूपम्। कलयतीति। कालमन्तर्यामिरूपमीश्वरं स्वयं भगवत् स्वरूपमिति।

मेरा श्यामसुन्दर रूप ही नित्य है, यह चिज्जगत् का सूर्य्यस्वरूप है। स्वयं उद्भासित होने पर भी निज चिच्छक्तिरूप योगमायारूप छाया के द्वारा मूढ़ व्यक्ति के चक्षु को आवृत कर देता हूँ। इससे मूढ़ जनगण मेरा अव्यय स्वरूप को जान नहीं पाते हैं।

विष्णुपुराण के गद्य में उक्त है—'आत्मविनाशाय' अर्थात् शिशुपाल का विनाश के निमित्त, भगवान्

'अपगतद्वेषादिदोषः' इति। तथा तस्य दृष्ट्यावुज्ज्वलायां सत्यामपगतद्वेषादिदोषः सन् दूरीकृत-मायिकनिजावरणं भगवन्तमद्राक्षीदित्यर्थः। किञ्च, तन्मते कल्पान्तरगततत्कथायां शिशुपालादिद्वयमुक्तिविषयक-मैत्रेय-पराशरप्रश्नोत्तररीत्या जय-विजययोः शापसङ्गतिर्नारतीत्यन्यावेव तावसुरौ ज्ञेयौ। युक्तञ्च तत्, प्रतिकल्पं तयोः शापकदर्थनाया अयुक्तत्वात्। अथ (भा० १०।८५।२०) "सूतीगृहे" इत्यस्यार्थः—एतत्प्राक्तनवाक्येषु श्रीभगवन्महिमज्ञानभक्ति-प्रधानोऽसौ विशुद्धसत्त्वप्रादुर्भावस्यात्मनो मनुष्यलीलामेव दैन्यातिशयतः प्राकृतमानुषत्वेन स्थापयित्वा श्रीभगवत्यपत्यबुद्धिमाक्षिप्तवान्। ततश्च ननु तर्हि कथमपत्यबुद्धिं कुरुष इति

के द्वारा निक्षिप्त चक्रज्योतिमाला के द्वारा उज्ज्वल वपु को देखा था। कारण—द्वेषादि दोष का अपसारण उससे हुआ था। चक्रांशु माला के द्वारा शिशुपाल के नेत्र उज्ज्वल होने से वैरभाव विनष्ट हुआ। तदनन्तर मायिक आवरण विदूरित स्वरूप भगवान् को शिशुपाल ने देखा था।

अनुसन्धेय यह है कि—विष्णुपुराण के अनुसार शिशुपाल-दन्तवक्र का जो प्रसङ्ग वर्णन, मैत्रेय-पराशर के प्रश्नोत्तर क्रम से हुआ है, वह कल्पान्तरगत का है। जिससे जय-विजय की शापसङ्गति नहीं होती है, वे दोनों अन्य असुर थे। उचित भी यह है, कारण, प्रति कल्प में जय-विजय का शापग्रस्त होना एक कदर्थना ही है। विष्णुपुराणीय कथा अपर कल्पगत है, एवं श्रीमद्भागवतीय कथा उससे भिन्न कल्प की है।

अनन्तर भा० १०।८५।२० में वर्णित श्रीवसुदेव वचन की सङ्गति प्रदर्शित हो रही है।

"सूतीगृहे ननु जगाद भवानजो नौ संजज्ञ इत्यनुयुगं निजधर्मगुप्त्यै।
नाना तनू गगनवद्विदधज्जहासि को वेद भूम्न उरुगाय विभूतिमायाम्॥"

टीका—ननु कुत एतदहं परमेश्वर इति तत्राह—सूतीगृहे इति। नौ आवयोः। अनुयुगं—प्रतियुगम्। यथा सुतपाः पृश्निरिति युग्मम्। यदा कश्यपोऽदितिश्चेति युग्मम्। अधुना च वसुदेवो देवकीति युग्मम्। एवं हि प्रतियुग्ममज एवाहं संजज्ञे—अवतीर्ण इति भवान् नूनं जगाद। ननु अन्योऽसौ चतुर्भुजो देव इति तत्राह—नानातनूरिति। गगनवदसङ्ग एव त्वम्। भूम्नः सर्वगतस्य ते विभूतिरूपां मायां को वेदेति।

मैं परमेश्वर हूँ, कैसे कहते हैं? उत्तर—तुमने ही प्रसूति गृह में कहा था। प्रति युग में आविर्भूत होता हूँ। सुतपा, पृश्नि, कश्यप, अदिति अधुना वसुदेव-देवकी में मैं आविर्भूत हूँ। अज होने से भी प्रति युग में मैं अवतीर्ण होता हूँ। यह तो तुमने निश्चित रूप से ही कहा। यदि कहो कि—वह तो चतुर्भुज है, मुझ से वह भिन्न है, मैं द्विभुज हूँ। अनेक तनु धारण तुम करते रहते हो। गगनवत् तुम असङ्ग हो, सर्वव्यापक हो, तुम्हारी विभूतिरूपा माया को कौन जान सकते हैं।

श्रीवसुदेव की भक्ति—भगवन्महिम ज्ञानप्रधान है, उस प्रकार भक्ति के कारण ही प्रचुर दैन्य होना सम्भव है, श्रीवसुदेव विशुद्धसत्त्वस्वरूप हैं, विशुद्ध सत्त्व में श्रीभगवान् अवतीर्ण होते हैं। किन्तु वसुदेव तो अपने को साधारण मनुष्य मान रहे थे, उससे ही उनमें प्रचुर दैन्य हुआ, एवं श्रीभगवान् में पुत्र बुद्धि करना असमीचीन है, इसका उद्‌गार पूर्ववर्त्ती श्लोकसमूह में आपने किया है। उक्त प्रसङ्ग में मन ही मन श्रीभगवदुक्ति का स्मरण कर स्वीय जल्पना को प्रकट किया है। "यदि मैं पुत्र नहीं हूँ, तब क्यों मुझे पुत्र कहते हो?" श्रीभगवान् के प्रश्न की आशङ्का कर श्रीवसुदेव कहते हैं—'उक्त विषय में तुम्हारा वाक्य गौरव ही मेरा प्रमाण है, अपर कोई प्रमाण नहीं है।' इसको सुव्यक्त करने के निमित्त

भगवत्प्रश्नमाशङ्क्य तत्र तद्वाक्यगौरवमेव मम प्रमाणम्, न तूपपत्तिरित्याह—'सूतीगृहे' इति; नौ आवयोरनुयुगम्। अतएव भवानजोऽपि संजज्ञे, अवतीर्णवानिति सूतीगृहे भवाननुजगाद। ननु मया तदपि भवदादितनुप्रवेशनिर्गमापेक्षयैव संयज्ञ इत्युक्तम्, न तु मम प्रवेशनिर्गमलिङ्गेनैव जन्म वाच्यम्। जीवसखेन व्यष्टेः समष्टेवान्तर्यामिरूपेण (कठ० १।२।१२) "तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं, गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्" इत्यादौ (तै० २।६।२) "तत् सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्" इत्यादौ च तत्तदनुप्रवेशादिदर्शनसामान्यात्। ततस्तद्वदिदमुपचरितमेवेति मन्यताम्, तत्राह—नानेति, (भा० १० ८७।१९) "स्वकृतविचित्रयोनिषु विशन्निव हेतुतया"

आपने कहा, आपने ही तो सूतिकागृह में कहा—"मैं जन्मरहित होकर भी तुम्हारे पुत्र रूप में जन्मग्रहण करता रहता हूँ।" प्रति युग में ही तो आप हमारे पुत्र होते हैं। अतएव आप जन्मरहित होकर भी अधुना जन्मग्रहण किये हैं—अर्थात् अवतीर्ण हुये हैं। 'सूतीगृहे भवाननुजगाद' कथन का अर्थ इस प्रकार ही है।

श्रीभगवदुक्ति यह है—"मैं आप दोनों के तनु-प्रवेश-निर्गम की अपेक्षा से ही 'जन्मग्रहण करता हूँ' कहा हूँ। मेरा प्रवेश-निर्गम चिह्न के द्वारा जन्म कहना समीचीन नहीं है। कारण, मैं जीव का सखा हूँ।" परमात्म रूप में व्यष्टि (मनुष्यादि स्वतन्त्र जीवत्व को व्यष्टि कहते हैं, एवं ब्रह्माण्ड ही समष्टि जीव है) समष्टि जीव में प्रवेश—निर्गम करता हूँ। इसमें प्रमाण (कठ० १।२।१२) है—

"तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्।
अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वाधीरो हर्षशोकौ जहाति॥"

धीर पुरुष उन दुर्दर्श (जिनका दर्शन अति दुर्लभ है), गूढ़ (अतिशय प्रयत्न से ज्ञेय है), अनुप्रविष्ट (सर्वान्तर्यामी), गुहाहित (सर्व प्राणियों के हृदय गुहा में अवस्थित), गह्वरेष्ठ (मुक्त जीव में अवस्थित), पुराण (सर्वपूर्ववर्त्ती), देव (स्वप्रकाश अथवा क्रीड़ादि गुणविशिष्ट), को ध्यानयोग से अवगत होकर हर्ष-शोक को परित्याग करते हैं।

तै० २।६।२ में उक्त है—"उसका सृजन कर उसमें प्रविष्ट हुये" अतएव समस्त वस्तु का सृजन करके जिस प्रकार उसमें प्रविष्ट होता हूँ, उस प्रकार ही तुम दोनों में प्रविष्ट हूँ, वह ही मेरा आरोपित जन्म है। इस प्रकार मानना उचित है।" उत्तर में श्रीवसुदेव ने कहा—"तुम तो गगन के समान असङ्ग होकर विविध तनु ग्रहण एवं त्याग करते हो।"

भा० १०।८७।१९ श्रुतिस्तुति में वर्णित है—

"स्वकृतविचित्रयोनिषु विशन्निव हेतुतया तरतमतश्चकास्स्यनलवत् स्वकृतानुकृतिः।
अथ वितथास्वमूष्ववितथं तव धामसमं विरजधियोऽनुयन्त्यभिविपण्यव एकरसम्॥"

टीका—ननु ईश्वरस्यापि तर्हि जीववदुदरादिसम्बन्धे तदनुप्रविष्टस्य च तारतम्ये सति केन विशेषेणोपास्यत्वमितीमामाशङ्कां परिहरन्त्य एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा। कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेताः केवलो निर्गुणश्चेत्यादयः, श्रुतयः स्तुवन्तीत्याह—स्वकृतविचित्र-योनिष्विति। स्वयं कृतासु उच्चनीचमध्यमासु योनिषु अभिव्यक्ति स्थानेषु देहादिषु हेतुतया उपादानतया प्रागेवविद्यमानत्वेन मुख्यप्रवेशासम्भवात् विशन्निव वर्त्तमानस्तरतमतो न्यूनाधिकभावेन चकास्सि अवभाससे स्वकृता योनीरनुकरोतीति—स्वकृतानुकृतिः, अनलवत्—अग्निर्यथा स्वतस्तारतम्यहीनोऽपि काष्ठानुसारेण तथा तथा प्रकाशते तद्वत्।

इत्यादि-श्रवणात् गगनवदसङ्ग एव त्वं यज्जीवानां नानातनूर्विदधत् प्रविशन् जहासि, मुहुः प्रविशसि त्यजसि चेत्यर्थः। तद्भूम्नस्तव विभूतिविशेषरूपां मायां को वेद बहुमन्यते, न कोऽपीत्यर्थः। इदन्त्वावाभ्यां जन्म सर्वैरेव स्तूयत इति भावः। ततो विद्वदादरोऽप्यत्रास्तु प्रमाणम्, मम तु तत् सर्वथा न बुद्धिगोचर इति व्यञ्जितम्। अत्र विदधातेः प्रवेशार्थो नानुपपन्नः; यथोक्तं सहस्रनामभाष्ये—"शिष्टान् करोति पालयति" इति। सामान्यवचनो

अथ अतो वितथासु मिथ्याभूतासु अमूषु योनिषु अवितथं सत्यं यतः सममविशेषम्, अतः सत्यं तव धाम स्वरूपं विरजधियो निर्मलमतयोऽनुयन्ति जानन्ति। 'नु' इति पृथक् पदं वा।

अत्र हेतुः अभिविपण्यव इति। अभितो विगतव्यवहाराः। पण व्यवहार इत्यस्य रूपं पण्युरिति। ऐहिकामुष्मिककर्मफलरहिता इत्यर्थः। अविशेषत्वादेवैकरसं सन्मात्रम्, अतस्तथोपाधिकृततारतम्याभावात् अप्रच्युतैश्वर्य्यस्य उपास्यत्वमिति भावः॥ स्वनिर्मितेषु कार्य्येषु तारतम्यविवर्जितम्।

सर्वानुस्यूत सन्मात्रं भगवन्तं भजामहे॥"

जीव के समान मातृ उदर में प्रविष्ट होने से अनुप्रवेश का तारतम्य होने पर किस विशेषण से ईश्वर जीव का उपास्य होगा ? इस प्रकार आशङ्का विदूरित करने के निमित्त श्रुतिस्तुति कहती है,—एक ही देव, समस्त भूतों में गूढ़ रूप में हैं। वह सर्वव्यापी, सर्वभूतान्तरात्मा, कर्माध्यक्ष, सर्वभूताधिवास, साक्षी, चेता, केवल एवं निर्गुण अर्थात् प्राकृत सत्त्व-रज-तमः गुणरहित हैं। स्वकृत-विचित्रयोनिषु—स्वयं उच्चनीचमध्यम योनि में अर्थात् अभिव्यक्त स्थान में, कार्य्यरूप देहादि में, उपादान रूप में पूर्व से ही विद्यमान है। अतएव मुख्य प्रवेश होने की सम्भावना उनमें नहीं है। अतएव 'विशसि व', जिस प्रकार प्रवेश होता है, उस प्रकार ही प्रतीत होते हैं। एवं न्यूनाधिक भाव से प्रतीत होते हैं। निजकृत अभिव्यक्त स्थान का अनुकरण करते हैं। अनलवत्, अग्नि जिस प्रकार स्वत तारतम्य हीन होने से भी काष्ठ के अनुसार प्रकाशित होता है, उस प्रकार ही आप प्रकाशित होते हैं। अत—मिथ्याभूत अभिव्यक्त स्थान में आप सत्य रूप में प्रतीत होते हैं। अतः आपका धाम सत्य है। निर्मल मतिमान् व्यक्तिगण उस सत्य को जानते हैं। 'नु' यह पृथक् पद है, इसमें हेतु है—अभितो विगत व्यवहारसमूह हैं। पण—व्यवहारार्थक धातु है। ऐहिक आमुष्मिक कर्मफल रहित हैं। अविशेष होने से एकरस हैं, सन्मात्र हैं। अतएव उनमें उपाधिकृत तारतम्य का अभाव होने से अप्रच्युत ऐश्वर्य्य हैं, अतएव आप उपास्य हैं, जीव उपास्य नहीं है।

स्व-निर्मित कार्य्यसमूह में तारतम्य विवर्जित सर्वानुस्यूत सन्मात्र भगवान् का भजन हम करते हैं।

"आप निजकृत ब्रह्मादि स्थावर पर्य्यन्त विचित्र अभिव्यक्त स्थान में कारण रूप में अनुप्रविष्ट के समान विराजित हैं।" श्रुति के कथनानुसार वास्तविक ही तुम गगन के समान असङ्ग हो, अन्तर्य्यामी रूप में जीवों के विभिन्न देह में बारम्बार प्रवेश एवं त्याग रूप आचरण करते हो, तुम सर्वग—विभु हो, तुम्हारी विभूतिरूपा माया को कौन बहुमान प्रदान करता है ? अर्थात् कोई भी उसका स्तव नहीं करता है, किन्तु हम दोनों से तुम्हारा जो जन्म हुआ है, उसका स्तव सब व्यक्ति करते रहते हैं। सुतरां तुम हम दोनों का पुत्र हो, इसमें विद्वद्गण का आदर ही एकमात्र प्रमाण है। किन्तु यह भी सर्वथा मेरी बुद्धि का अगोचर है।

"सूतिगृहे ननु जगाद भवानजो नौ संजज्ञ इत्यनुयुगं निजधर्मगुप्त्यै।

नानातनूर्गगनवद्विदधज्जहासि को वेद भूम्न उरुगाय विभूतिमायाम्॥" श्रीवसुदेव के इस वाक्य से उक्त अभिप्राय ही व्यञ्जित हुआ है। उक्त श्लोक में 'विदधत्' पद का प्रवेश अर्थ—अनुपपन्न नहीं

धातुर्विशेषवचने दृष्टः। कुरु काष्ठानीत्याहरणे तथा तद्वदिति। तदेवं श्रीकृष्णस्य स्वयंभगवत्त्वम्। तस्यैव नराकृति-परब्रह्मणो नित्यमेव तद्रूपेणावस्थायित्वञ्च दर्शितम्। तथा प्रथमे पृथिव्यापि (भा० १।१६।२७) "सत्यं शौचं दया क्षान्तिः" इत्यादिना तदीयानां

होता है। अर्थात् उस प्रकार अर्थ करना अलौकिक रीति है, इस प्रकार कहा नहीं जा सकता है। कारण, वाक्यार्थ सङ्गति निबन्धन धातु का प्रसिद्ध अर्थ का त्यागकर अन्यार्थ कल्पना भी होती है। सहस्रनाम भाष्य में 'शिष्टान् करोति—पालयति' अर्थ किया गया है। धातु का सामान्य वचन का प्रयोग विशेष वचन में भी होता है। जिस प्रकार 'काष्ठानि कुरु' प्रयोग में काष्ठ आहरण अर्थ ही होता है। अर्थात् 'कुरु' करो, पद के द्वारा 'आहरण' अर्थ बोध जिस प्रकार होता है, उस प्रकार शिष्टगण को कहते हैं, 'शिष्टान् करोति' इस वाक्य का अर्थ भी 'शिष्टगण को पालन करते हैं' होगा। सुतरां 'विबधत्' पद का प्रवेश अर्थ करना असमीचीन नहीं है।

अतएव जिस प्रकार प्रस्तुत सन्दर्भ में श्रीकृष्ण का ही स्वयं भगवत्ता स्थापित हुई है, एवं उनका ही नराकृति परब्रह्मत्व, नित्य नराकृति श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थितित्व का प्रतिपादन यथावत् हुआ है। उस प्रकार ही श्रीकृष्ण के कान्ति सह ओज बल प्रभृति का स्वाभाविकत्व एवं अव्यभिचारित्व का प्रतिपादन भी हुआ है। श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति प्रमाणित होने पर भी सामयिक रूप में मनोमोहन रूप-लावण्य एवं अतुलनीय बल प्रभृति का अपनोदन होता है अथवा नहीं? संशय निरास हेतु प्रथम स्कन्धोक्त पृथिवी की उक्ति के द्वारा प्रतिपादित किया गया है कि—श्रीकृष्ण का सौन्दर्य्य स्वाभाविक है। देश काल भोगादि द्वारा सम्पादित एवं रूपान्तरित नहीं है। उक्त समुदय ही अव्यभिचारी हैं। उनमें सामर्थ्य सौन्दर्य्य प्रभृति की अवस्थिति—सर्वदेश एवं सर्वकाल, सर्वावस्था में एकरूप ही होती है। भा० १।१६।२६-३२ में पृथिवी की उक्ति निम्नोक्त प्रकार है—

"सत्यं शौचं दया क्षान्तिस्त्यागः सन्तोष आर्जवम्। शमोदमस्तपः साम्यं तितिक्षोपरतिः श्रुतम्॥
ज्ञानं विरक्तिरैश्वर्य्यं शौर्य्यं तेजोबलं स्मृतिः। स्वातन्त्र्यं कौशलं कान्ति धैर्यं मार्दवमेव च॥
प्रागल्भ्यं प्रश्रयः शीलं सह ओजबलं भगः। गाम्भीर्य्यं स्थैर्य्यमास्तिक्यं कीर्त्तिर्मानोऽनहङ्कृतिः॥
एते चान्ये च भगवन्नित्या यत्र महागुणाः। प्रार्थ्या महत्त्वमिच्छद्भिर्न वियन्ति स्म कर्हिचित्॥
तेनाहं गुण-पात्रेण श्रीनिवासेन साम्प्रतम्। शोचामि रहितं लोकं पाप्मना कलिनेक्षितम्॥
आत्मानञ्चानुशोचामि भवन्तञ्चामरोत्तमम्। देवान् पितृन् ऋषीन् साधून् सर्वान् वर्णांस्तथाश्रमान्॥

टीका—यत्र च सत्यादयो महद्गुणा न वियन्ति न क्षीयन्ते स्म, तेन श्रीनिवासेन रहितं लोकं शोचामीति परेणान्वयः। सत्यं—यथार्थभाषणम्, शौचं—शुद्धत्वम्, दया—परदुःखासहनम्, क्षान्तिः—क्रोधप्राप्तौचित्तसंयमनम्, त्यागोऽर्थिषु मुक्तहस्तता, सन्तोषः—अलंबुद्धिः, आर्जवम्—अवक्रता, शमो—मनोनैश्चल्यम्, दमो—बाह्येन्द्रियनैश्चल्यम्, तपः—स्वधर्मः, साम्यम्—अरिमित्राद्यभावः, तितिक्षा—परापराधसहनम्, उपरतिः—लाभप्राप्तावौदासीन्यम्, श्रुतं—शास्त्रविचारः, ज्ञानं—आत्मविषयम्, विरक्तिः—वैतृष्ण्यम्, ऐश्वर्य्यं—नियन्तृत्वम्, शौर्य्यं—संग्रामोत्साहः, तेजः—प्रभावः, बलं—दाक्षत्वम्, स्मृतिः—कर्त्तव्याकर्त्तव्यार्थानुसन्धानम्, स्वातन्त्र्यम्—अपराधीनता, कौशलं—क्रियानिपुणता, कान्तिः—सौन्दर्य्यम्, धैर्य्यं—अव्याकुलता, मार्दवं—चित्तकाठिन्यम्, प्रागल्भ्यं—प्रतिभातिशयः, प्रश्रयः—विनयः, शीलं—सुस्वभावः, सह ओजोबलानि—मनसो ज्ञानेन्द्रियाणां कर्मेन्द्रियाणाञ्च पाटवानि, भगः—भोगास्पदत्वम्, गाम्भीर्य्यं—अक्षोभ्यत्वम्, स्थैर्य्यं—अचञ्चलता, आस्तिक्यं—श्रद्धा, कीर्त्तिः—यशः, मानः—पूज्यत्वम्, अनहङ्कृतिः—गर्वाभावः। एते—एकोनचत्वारिंशत्। अन्ये च ब्रह्मण्यत्व शरण्यत्वादयो महान्तो गुणा

कान्तिसहओजोबलानां स्वाभाविकत्वमव्यभिचारित्वञ्च दर्शितम् । अतएव ब्रह्माण्डे चाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रे नराकृतित्वं प्रकृत्यैवोक्तम्—

"नन्दव्रजजनानन्दी सच्चिदानन्दविग्रहः । नवनीतविलिप्ताङ्गो नवनीतनटोऽनघ ।।"२३९।। इति ;

श्रीगोपालपूर्वतापन्यामपि तथैव (२४)—

"नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनाना,-मेको बहूनां यो विदधाति कामान् ।

स पीठगं ये तु यजन्ति धीरा,-स्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम् ।।"२४०।। इति ।

(गो० ता० पू० ३७) "तमेकं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहम्" इत्यादि च । तस्माच्चतुर्भुजत्वे च द्विभुजत्वे च श्रीकृष्णत्वस्याव्यभिचारित्वमेवेति सिद्धम् । अथ कतमत्तत् पदं यत्रासौ विहरति ? तत्रोच्यते—

यस्मिन् । नित्याः सहजाः न वियन्ति—न क्षीयन्ते स्म । तेन गुणपात्रेण, गुणालयेन, पाप्मना—पापहेतुना ।।

सत्य, शौच, दया, क्षमा, दान, सन्तोष, सारल्य, शम, दम, तपस्या, साम्य, तितिक्षा, उपरति, शास्त्रविचार, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य्य, शौर्य्य, तेजः, बल, सुस्वभाव, सह, ओजः बल, भोगास्पदत्व, गाम्भीर्य्य, अचञ्चलता, श्रद्धा, कीर्त्ति, मान एवं गर्वाभाव, महत्त्वाभिलाषीओं के प्रार्थनीय एकोनचत्वारिंशत् गुण एवं अन्यान्य महागुणसमूह जिनमें नित्यरूप में विराजित हैं, कदापि क्षीण नहीं हैं । सम्प्रति उन गुणनिधि श्रीनिवास कर्त्तृक परित्यक्त जगत् पापात्मक कलि की दृष्टि में निपतित है । तज्जन्य मैं शोकाक्रान्त हूँ ।

अतएव ब्रह्माण्डपुराण के अष्टोत्तरशतनामस्तोत्र में श्रीकृष्ण की नराकृति को अवलम्बन करके ही कहा गया है—"नन्दव्रजजनानन्दी सच्चिदानन्दविग्रह—नवनीत द्वारा लिप्ताङ्ग नवनीत हेतु नृत्यकारी एवं अनघ (विशुद्ध) हैं ।"

श्रीगोपालतापनी श्रुति में उस प्रकार नराकृति को लक्ष्य करके वर्णित है—"जो नित्य समूह के मध्य में नित्य हैं, चेतन वस्तुसमूह के मध्य में चेतन हैं, जो एकाकी अनेकविध जनगण की कामना पूर्त्ति करते हैं, पीठस्थित उन श्रीकृष्ण का पूजन जो धीरव्यक्ति करते हैं, उन सबको अनन्त सुखलाभ होता है । किन्तु तद्भजन विमुख व्यक्तियों को उस प्रकार अक्षय सुख नहीं मिलता है ।"

गोपालतापनी पूर्व ३७ में उक्त है—

"तमेकं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहम् । पञ्चपदं वृन्दावनसुरभूरुहतलासीनम् ।

समरुद्गणोऽहं परमया स्तुत्या तोषयामि ।

'स्वजातीय विजातीय स्वगत भेदरहित सच्चिदानन्द पञ्चपदात्मक मन्त्रविग्रह वृन्दावनस्थ कल्पतरुमूलासीन गोविन्द को मरुद्गण के सहित मैं उत्तमस्तव के द्वारा सन्तुष्ट करता हूँ ।"

विचार्य्य प्रकरण का सारार्थ यह है कि—"श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् नराकृति परब्रह्म हैं । आप चतुर्भुज रूप में अथवा द्विभुज रूप में लीलाविलास प्रकट करें, इससे श्रीकृष्णत्व का अर्थात् श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का किसी प्रकार अन्यथा नहीं होता है ।" यह निष्पन्न हुआ ।

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का निरूपण नराकृति परब्रह्म रूप में होने पर उनका नित्य धाम का निरूपण करना अत्यावश्यक है । अतः "कतमत् तत्पदं यत्रासौ विहरति ?" उक्त स्वयं भगवान्

"या यथा भुवि वर्त्तन्ते पुर्य्यो भगवतः प्रियाः। तास्तथा सन्ति वैकुण्ठे तत्तल्लीलार्थमादृताः ॥"२४१॥
इति स्कान्दवचनानुसारेण वैकुण्ठे यद् यत् स्थानं वर्त्तते, तत्तदेवेति मन्तव्यम्; तच्चाखिल-वैकुण्ठोपरिभाग एव। यतः पाद्मोत्तरखण्डे दशावतारगणने श्रीकृष्णमेव नवमत्वेन वर्णयित्वा क्रमेण पूर्व्वादिषु तद्दशावतारस्थानानां परमव्योमाभिध-महावैकुण्ठस्यावरणत्वेन गणनया श्रीकृष्णलोकस्य यद्यूर्द्ध्वदिशि प्राप्ते सर्व्वोपरिस्थायित्वमेव पर्य्यवसायितम्। आगमादौ हि दिक्क्रमस्तथैव दृश्यते, अत्रास्माभिस्तु तत्तच्छ्रवणात्। श्रीकृष्णलोकस्य स्वतन्त्रैवावस्थितिः;

श्रीकृष्ण जहाँ पर विहार करते हैं, वह स्थान किस प्रकार है? तत्रोच्यते, उसका उत्तर यह है—स्कन्दपुराण में वर्णित है—"पृथिवी में भगवत् प्रिया जो सब पुरी विद्यमान हैं, उन उन लीला के निमित्त समादृत होकर वैकुण्ठ में भी उक्त पुरीसमूह ठीक उस रूप में ही उपस्थित हैं।" इसके अनुसार वैकुण्ठ में जो जो स्थान विद्यमान हैं, वे सब स्थान ही उनकी विहारभूमि हैं। निखिल भगवत्स्वरूपों का विहार स्थान वैकुण्ठ है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का विहार स्थान निखिल वैकुण्ठ के उपरिभाग में है।

ब्रह्माण्डमध्य में सप्त स्वर्ग सप्त पातालात्मक चतुर्दश भुवन विराजित हैं। उसके बहिर्देश में आठ आवरण हैं, उसके बाद कारणसमुद्र का अपर नाम विरजा नदी है। उसके उपरिभाग में सिद्ध लोक है, वह सायुज्य मुक्ति का स्थान है। वह ही निर्विशेष ज्योतिर्मय ब्रह्म है। सिद्ध लोक के उपरिभाग में परव्योम है। वहाँ पर श्रीकृष्ण की विलासमूर्त्ति परव्योमाधिपति श्रीनारायण अवस्थित हैं। उक्त परव्योम में ही मत्स्यकूर्मादि अनन्त भगवत्स्वरूप स्व स्व परिकरगणों के सहित विराजित हैं। उन सब भगवत्स्वरूप के पृथक् पृथक् वैकुण्ठ विद्यमान हैं। अतएव उक्त परव्योम नामक स्थान में अनन्त वैकुण्ठ की स्थिति हैं। जिस समय भगवत्स्वरूपों का अवतरण ब्रह्माण्ड में होता है। उस समय धाम परिकरों के सहित ही उन उन भगवत्स्वरूपों का आविर्भाव होता है। तज्जन्य ही स्कन्दपुराण में वर्णित है—प्रत्येक भगवत् पुरी वैकुण्ठ एवं पृथिवी में अवस्थित हैं।

जिस प्रकार श्रीकृष्ण एक होकर भी अनेक रूपों में प्रकाशित होते हैं, उस प्रकार भगवद्धाम भी बहुधा प्रकटित होते हैं। तज्जन्य ऊर्द्ध्व एवं अधोलोक में युगपत् भगवद्धाम की स्थिति का सामञ्जस्य नहीं होता है। किन्तु भगवद्धाम—भगवत्स्वरूप के समान ही विभु है, सर्वव्यापक है। आविर्भूत होने के निमित्त भगवत्स्वरूप के समान ही उक्त धाम का भी स्थानान्तर से आना नहीं पड़ता है।

श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् एवं परमस्वरूप हैं, उनका धाम भी सर्वोपरि विराजमान है। सर्वोपरि विराजित वह धाम अचिन्त्य शक्ति से एकपाद विभूति रूप पृथिवी में भी विराजित है। पृथिवीस्थित वृन्दावन एवं परमव्योम के ऊर्द्ध्व भाग में विद्यमान श्रीवृन्दावन, पृथक् नहीं है। एक वृन्दावन की ही उभयत्र स्थिति है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण—वृन्दावन में विराजित हैं, उनका ही प्रकाश विग्रह श्रीकृष्ण मथुरा एवं द्वारका में विराजित हैं।

पद्मपुराण के उत्तर खण्ड में दशावतार गणन में श्रीकृष्ण नवम रूप में वर्णित हैं। उक्त स्थल में पूर्वादि क्रम में दशावतार का स्थान निर्देश के अनन्तर परमव्योम नामक महावैकुण्ठ का आवरण वर्णित होने से श्रीकृष्णलोक की स्थिति ऊर्द्ध्वदिक् में हुई है। अर्थात् श्रीकृष्णलोक की स्थिति का निर्णय ऊर्द्ध्व दिक् में ही हुआ है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, अग्नि, नैर्ऋत, वायु, ऊर्द्ध्व, अधः क्रम से दिक् गणना में ऊर्द्ध्व दिक् नवम संख्यक है। सुतरां श्रीकृष्णलोक का सर्वोपरि स्थायित्व पर्य्यवसित हुआ।

किन्तु परमव्योमपक्षपातित्वेनैव पाद्मोत्तरखण्डेन तदावरणेषु प्रवेशितोऽसाविति मन्तव्यम्। पाद्मोत्तरखण्डप्रतिपाद्यस्य गौणत्वन्तु श्रीभागवत-प्रतिपाद्यापेक्षया वर्णितमेव। स्वायम्भुवागमे स्वतन्त्रतयैव सर्वोपरि तत् स्थानमुक्तम्। यथा ईश्वर-देवीसंवादे चतुर्द्दशाक्षरध्यानप्रसङ्गे पञ्चाशीतितमे पटले—

"ध्यायेत्तत्र विशुद्धात्मा इदं सर्वं क्रमेण तु। नानाकल्पलताकीर्णं वैकुण्ठं व्यापकं स्मरेत् ॥२४२॥
अधः साम्यं गुणानाञ्च प्रकृतिं सर्वकारणम्। प्रकृतेः कारणान्येव गुणांश्च क्रमशः पृथक् ॥२४३॥
ततस्तु ब्रह्मणो लोकं ब्रह्मचिह्नं स्मरेत् सुधीः। ऊर्द्ध्वे तु सीम्नि विरजां निःसीमां वरवर्णिनि ॥२४४॥
वेदाङ्गस्वेदजनित-तोयैः प्रस्राविता शुभाम्। इमाश्च देवता ध्येया विरजायां यथाक्रमम् ॥२४५॥

इत्याद्यनन्तरम्—

"ततो निर्वाणपदवीं मुनीनामूर्द्ध्वरेतसाम्। स्मरेत्तु परमव्योम यत्र देवाः सनातनाः ॥२४६॥
ततोऽनिरुद्धलोकञ्च प्रद्युम्नस्य यथाक्रमम्। सङ्कर्षणस्य च तथा वासुदेवस्य च स्मरेत् ॥"२४७॥

"लोकाधिपान् स्मरेत्" इत्याद्यनन्तरञ्च,—

आगमादि में भी उस प्रकार ही दिक्क्रम का वर्णन है।

किन्तु पाद्मोत्तर खण्ड में श्रीकृष्णलोक का वर्णन—परव्योम का आवरण रूप में हुआ है। उसका समाधान यह है—हम सब श्रीमद्भागवत के अनुयायी हैं, अमलप्रमाण श्रीमद्भागवत के प्रतिपाद्य तत्त्व की अपेक्षा पद्मपुराण के प्रतिपाद्य तत्त्व वस्तु गौण है। सर्व पुराणशिरोमणि श्रीमद्भागवत हैं। उसका सप्रमाण प्रतिपादन तत्त्वसन्दर्भ ८० अनुच्छेद में हुआ है। श्रीमद्भागवत मत में श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं, श्रीकृष्ण रूप में उनकी नित्य स्थिति है। एवं स्वतन्त्र रूप में वैकुण्ठ के आवरण रूप में नहीं। वैकुण्ठ के ऊर्द्ध्व भाग में श्रीकृष्ण लोक की स्थिति हम सब मानते हैं।

पाद्मोत्तर खण्ड परव्योम का पक्षपाती है, अतएव उसका वैकुण्ठ के आवरण रूप में श्रीकृष्णलीला का वर्णन शोभनीय है, इस प्रकार जानना होगा।

वैकुण्ठ के सर्वोपरि स्थान में श्रीकृष्ण लोक की स्थिति के सम्बन्ध में हम सब का आग्रहविशेष अथवा अनुमान ही उपजीव्य नहीं है। इस विषय में सुस्पष्ट शास्त्रीय वर्णन भी उपलब्ध है। स्वायम्भुवागम में स्वतन्त्र रूप में ही सर्वोपरि श्रीकृष्ण लोक की स्थिति वर्णित है। उसका विवरण—ईश्वर-देवी संवाद के चतुर्दशाक्षर ध्यान प्रसङ्ग में जो पञ्चाशीतितम पटल है, उसमें समुपलब्ध है।

उसमें विशुद्धात्मा मानव क्रमशः इस प्रकार ध्यान करे—"विविध कल्पलताकीर्ण सर्वव्यापी वैकुण्ठ का स्मरण करे। उसके अधोभाग में सत्त्व-रजः-तमोगुण की साम्यावस्था रूपा सर्वकारण प्रकृति का एवं प्रकृति के कारण एवं गुणसमूह का पृथक् रूप से स्मरण करे। हे वरवर्णिनि! प्रकृति के ऊर्द्ध्व भाग में सीमारहित विरजा नदी है, उसमें वेदाङ्ग स्वेद सलिल प्रवाहित है। वह नदी सर्व शुभस्वरूपा है। विरजा में इन देवताओं का ध्यान यथाक्रम से करे।"२४२-२४५।

इत्यादि वर्णन के पश्चात् वर्णित है—विरजा के उपरिभाग में ऊर्द्ध्वरेता मुनिवृन्द का निवास स्थान है। वह मुनिस्थान से प्रसिद्ध है। उसके उपरितन देश में देवगण का विहार स्थान है। वह परमव्योम है, उसका स्मरण करे।२४६।

उसके उपरिभाग में क्रमशः अनिरुद्ध, प्रद्युम्न, सङ्कर्षण, वासुदेव का स्मरण करे। एवं लोकपालसमूह का स्मरण करना विधेय है।२४७।

"पीयूषलतिकाकीर्णां नानासत्त्वनिषेविताम् । सर्वर्त्तुसुखदां स्वच्छां सर्वजन्तुसुखावहाम् ॥२४८॥
नीलोत्पलदलश्यामां वायुना चालितां मृदु । वृन्दावनपरागैस्तु वासितां कृष्णवल्लभाम् ॥२४९॥
सीम्नि कुञ्जतटां पंक्तिक्रीड़ामण्डपमध्यगाम् । कालिन्दीं संस्मरेद्धीमान् सुवर्णतटपङ्कजाम् ॥२५०॥
नित्यनूतनपुष्पादिरञ्जितं सुखसंकुलम् । स्वात्मानन्दसुखोत्कर्षशब्दादि-विषयात्मकम् ॥२५१॥
नानाविचित्रविहङ्गादिध्वनिभिः परिरम्भितम् । नानारत्नलताशोभिमत्तालिध्वनिरुन्द्रितम् ॥२५२॥
चिन्तामणिपरिच्छन्नं ज्योत्स्नाजालसमाकुलम् । सर्वर्त्तु फलपुष्पाढ्यं प्रवालैः शोभितं परि ॥२५३॥
कालिन्दीजलसंसर्गिवायुना कम्पितं मुहुः । वृन्दावनं कुसुमितं नानावृक्षविहङ्गमैः ॥२५४॥

इस प्रकार स्मरण के पश्चात्—सुधी व्यक्ति श्रीकृष्णवल्लभा श्रीयमुना का स्मरण करे। यमुना पीयूषलताकीर्णा, विविध प्राणिवृन्दनिषेविता, सर्वर्त्तुसुखदायिनी, स्वच्छसलिला, सर्वप्राणीसुखावहा, नीलोत्पलदल के समान श्यामवर्णा, समीरण के द्वारा ईषदान्दोलिता अर्थात् मृदुतर तरङ्गयुक्ता, श्रीवृन्दावन पराग द्वारा सुवासिता, श्रीकृष्ण की अति प्रिया है। उसके तटदेश में कुञ्ज, मध्यभाग मे व्रज ललनावृन्द के क्रीड़ा मण्डप है। तीर में सुवर्ण भूमि है, एवं नीर में सुवर्णपङ्कज सुशोभित है।२४८-२५०।

श्रीवृन्दावन—अनन्तर सुधी व्यक्ति, साधकोल्लास निकेतन कुसुमित श्रीवृन्दावन का सम्यक् स्मरण करे। वृन्दावन, नित्य नवीन पुष्पादि से रञ्जित है, सुख समाकुलित है। स्वरूपानुभवजनित आनन्द तिरस्कारकारी समधिक सुखाभिव्यक्तिस्वरूप शब्दस्पर्शरूपरसगन्ध रूप विषय पञ्चक से परिपूर्ण है। विविध विहङ्ग की ध्वनि से परिपूरित है, बहुविध रत्नलता शोभित है। मत्त भ्रमर गुञ्जित, चिन्तामणि परिशोभित, ज्योत्स्नाराशि से परिव्याप्त, समस्त जगत् के ऋतुजात फलपुष्प समन्वित, एवं प्रवाल परिव्याप्त है, उसमें कालिन्दी जलस्पर्शि पवन, मृदुल तरङ्गायित होकर प्रवाहित है, एवं विविध वृक्ष एवं पक्षी शोभित है।

यहाँ स्वरूपानन्द का विवेचन इस प्रकार है—स्वरूप परमस्वरूप परमात्मा, अभेदवादी ज्ञानीवर्ग ब्रह्मसायुज्य प्राप्त करते हैं। उसमें आनन्दलाभ की वार्ता कल्पित है, ब्रह्मसायुज्य में अनुभव कर्त्ता नहीं है। पृथक् अस्तित्व अनुभवकर्त्ता का नहीं है, न-तो साधन ही है। योगिगण, परमात्मा का अनुभव समाधिस्थ होकर करते हैं, स्वरूपावबोध से वह प्रचुरतम है।

अणु चैतन्य जीव—'भूमिरापोऽनलो वायुः' रूप अष्टावरण के मध्य में रहकर सुख की द्युतिच्छटा के द्वारा परस्पर को उन्मादित करते रहते हैं। यदि आवरणमुक्त जीवस्वरूप का अनुभव होता अथवा दृष्टि गोचर होता, तब प्रतीत होता कि—वह कीदृश सुखपूर्ण है।

परमात्मा—अनन्त जीवों का आश्रय है। उनके सम्बन्ध से ही अनन्त जीवस्वरूप आनन्दरूप में प्रतिभात हैं. स्वतन्त्र रूप से जीव आनन्दात्मक नहीं है। सुतरां परमात्मानुभव से कीदृश आनन्द होता है। उसका वर्णना करना तो दूर है, धारणा करना भी असम्भव ही है।

उक्त प्राकृत शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध व्यतीत साक्षात् मन्मथमन्मथ श्रीकृष्ण के रूप-रस-गन्ध-स्पर्श-शब्द हैं, सच्चिदानन्दमय है, अप्राकृत है, स्वरूपशक्ति के विलासरूप है। श्रीवृन्दावन एवं श्रीवृन्दावनवासी परिजनवर्ग उक्त अप्राकृत शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध-माधुरी परिपूरित हैं। कारण उक्त श्रीवृन्दावन एवं श्रीवृन्दावनवासियों की शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध-माधुरी श्रीकृष्ण को सुखी करती हैं। योगिगण—परमात्म समाधिस्थ होकर जो आनन्दानुभव करते हैं, श्रीवृन्दावन निवासि परिजनगण परस्परालाप प्रभृति के द्वारा उससे भी प्रचुर आनन्दानुभव करते हैं। कारण—श्रीवृन्दावनस्थ वस्तुसमूह एवं प्राणीवृन्द प्रेममय विग्रह हैं। स्वरूपसुख से प्रेमसुख की प्राचुर्य्य का विवरण, श्रीवैकुण्ठदेव की 'नाहमात्मानमाशासे' "मैं निज आत्मा को भी भक्त-साधुजन को छोड़कर अधिक महत्त्व नहीं देता हूँ।" उक्ति से सुस्पष्ट

हुआ है ।

जागतिक विषयसुख से आत्मानन्द सुख अति प्रचुर है । कारण, आत्मा अकृत्रिम सुखरूप तो है ही, उपरन्तु उसके सम्पर्क से ही आरोपित विषय सुख का अनुभव मुग्धता से होता है । विवेकि व्यक्तिगण, आत्मानन्दरूप सुखानुभव के निमित्त विषयसुख का त्याग वितृष्णा के सहित करते हैं । प्रश्न हो सकता है कि—श्रीवृन्दावन निवासिओं का क्या तज्जातीय विषयसुख नहीं है ? है, परिपूर्ण रूप से है, उन सबके आत्मा, अन्तर्य्यामी परमप्रिय, श्रीकृष्ण ही हैं । श्रीवृन्दावन निवासि जनगण उक्त श्रीकृष्णानुभव सुख का अभिलाषी हैं । जगत् में प्रायश विषयसुखान्वेषण में जनगण निरत हैं । क्वचित् कोई विरल विवेकीजन आत्मानन्द का अभिलाषी होता है । श्रीवृन्दावनस्थ पशुपक्षी पर्य्यन्त समस्त वस्तु विवेक-विज्ञान समन्वित हैं, एवं निर्मल प्रेमभास्कर ज्योति से श्रीवृन्दावन सतत उद्भासित है ।

जागतिक विषयसुख के प्रति अज्ञानकृत मोह से जीवगण धावित होते हैं, श्रीवृन्दावनवासिओं का तादृश मोह की सम्भावना है ही नहीं । तज्जन्य श्रीवृन्दावन निवासिओं का कभी भी विषयसुख अर्थात् पारस्परिक शब्दस्पर्शादिरूप सुखोपभोग की लालसा नहीं होती है । वे सब निरन्तर श्रीकृष्णानुभवसुख में निमग्न हैं । श्रीकृष्णानुभव सुख वार्त्ता को व्यक्त करने की शक्ति एवं भाषा जीव की नहीं है ।

श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती पाद की भाषा यह है—"नेत्रार्बुदस्यैव भवन्तु कर्णनासारसज्ञा हृदयार्बुदम्वा सौन्दर्य्यसौस्वर्य्यसुगन्धपूरमाधुर्य्यसंश्लेषरसानुभूत्यं ।" श्रीकृष्ण सौन्दर्य्य सौस्वर्य्य सुगन्धराशि माधुर्य्य रसानुभव के निमित्त अर्बुद नयन, अर्बुद कर्ण, अर्बुद नासा, अर्बुद रसना एवं अर्बुद हृदय हो । (प्रेमसम्पुट)

श्रीमन्महाप्रभु की उक्ति भी यह है, (चै० च० अ०)—

कृष्णरूपामृतसिन्धु ताहार तरङ्गबिन्दु
सेइ बिन्दु जगत् डुबाय ।
त्रिजगते यत नारी तार चित्त उच्च गिरि
ताहे डुबाय आगे उठि धाय ।।
कृष्ण वचनमाधुरी नाना रस नर्मधारी
तार अन्याय कथन ना याय ।
जगते नारीर काने माधुरीगुणे बान्धे टाने,
टानाटानि कानेर प्राण याय ।।
कृष्ण अङ्ग सुशीतल, कि कहिबे तार बल,
छटाय जिने कोटीन्दु चन्दन ।
सशैल नारीर वक्ष, ताहा आकर्षिते दक्ष,
आकर्षये नारीगण मन ।।
कृष्णाङ्ग सौरभ्यभर, मृगमद मदहर,
नीलोत्पलेर हरे गर्व धन ।
जगत् नारीर नासा, तारभितर करे बासा,
नारीगणे करे आकर्षण ।।
कृष्णेर अधरामृत ताहे कर्पूर मन्दस्मित,
स्व-माधुर्य्ये हरे नारी मन ।
अन्यत्र छाड़ाय लोभ, ना पाइले मनः क्षोभ,
व्रजनारीगणेर मूलधन ।।

संस्मरेत् साधको धीमान् विलासैकनिकेतनम् । एकीभावो द्वयोर्यत्र वृक्षयोर्मध्यदेशतः ॥२५५॥
तदधश्चिन्तयेद्देवि मणिमण्डपमुत्तमम् । त्रिलोकीसुखसर्वस्वं सुयन्त्रं केलिवल्लभम् ॥२५६॥
तत्र सिंहासने रम्ये नानारत्नमये सुखे । सुमनोऽधिकमाधुर्यकोमले सुखसंस्तरे ॥२५७॥
धर्मार्थकाममोक्षाख्यचतुष्पादविराजिते । ब्रह्मविष्णुमहेशानां शिरोभूषणभूषिते ॥२५८॥
तत्र प्रेमभराक्रान्तं किशोरं पीतवाससम् । कलायकुसुमश्यामं लावण्यैकनिकेतनम् ॥२५९॥
लीलारससुखाम्भोधि-संमग्नं सुखसागरम् । नवीननीरदाभासं चन्द्रकाञ्चितकुन्तलम् ॥"२६०॥
इत्यादि ।

मृत्युञ्जयतन्त्रे च—

"ब्रह्माण्डस्योर्द्ध्वतो देवि ब्रह्मणः सदनं महत् । तदूर्द्ध्वं देवि विष्णूनां तदूर्द्ध्वं रुद्ररूपिणाम् ॥२६१॥
तदूर्द्ध्वञ्च महाविष्णोर्महादेव्यास्तदूर्द्ध्वगम् । कालातिकालयोश्चाथ परमानन्दयोस्ततः ॥२६२॥
पारे पुरी महादेव्याः कालः सर्वभयावहः । ततः श्रीरत्नपीयूषवारिधिर्नित्यनूतनः ॥२६३॥
तस्य तीरे महाकालः सर्वग्राहकरूपधृक् । तस्योत्तरे समुद्भासी रत्नद्वीपः शिवाह्वयः ॥२६४॥
उद्यच्चन्द्रोदयः क्षुब्धरत्नपीयूषवारिधेः । मध्ये हेममयीं भूमिं स्मरेन्माणिक्यमण्डिताम् ॥२६५॥
षोड़शद्वीपसंयुक्तां कलाकौशलमण्डिताम् । वृन्दावनसमूहैश्च मण्डितां परितः शुभैः ॥२६६॥
तन्मध्ये नन्दनोद्यानं मदनोन्मादनं महत् । अनल्पकोटिकल्पद्रुवाटीभिः परिवेष्टितम् ॥"२६७॥
इत्यादि ;

"तन्मध्ये विपुलां ध्यायेद्वेदिकां शतयोजनाम् । सहस्रादित्यसङ्काशां………"२६८॥ इत्यादि ;

योगपीठ—हे देवि ! श्रीवृन्दावन के जिस स्थान में कल्पवृक्षद्वय के मध्यदेश एकीभावापन्न हुये हैं, उसके तलदेश में उत्तम मणिमण्डप की चिन्ता करे। तन्मध्य में त्रिलोकी का सुख सम्पत् सर्वस्व केलिवल्लभ उत्तम यन्त्र नाना रत्नखचित मनोहर सिंहासन है। उसमें कुसुम से भी अतीव सुकोमल माधुर्यपूर्ण सुखमय आस्तरण है।

उक्त सिंहासन धर्मार्थकाममोक्ष नामक स्तम्भ चतुष्टय के द्वारा अवष्टम्भित है, एवं ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर के शिरोभूषण के द्वारा विभूषित है। ईदृश मनोरम सिंहासन में प्रेमभराक्रान्त किशोर-पीतवसन, कलायकुसुम सदृश श्यामवर्ण, लावण्यराशि का एकमात्र आश्रय, लीलारससुखसागर में निमग्न, सुखसागर, नवीननीरदाभास, मयूरपुच्छचूड़ा शोभित कुन्तल श्रीकृष्ण का ध्यान करे। इत्यादि ।२४८-२६०।

मृत्युञ्जयतन्त्र में भी लिखित है—हे देवि ! ब्रह्माण्ड के उपरिभाग में ब्रह्मा का महत् सदन है। हे देवि ! उसके ऊर्द्ध्व में विष्णुओं का, उसके ऊपर रुद्रस्वरूपों का सदन है। उसके उपरिभाग में महाविष्णु का स्थान है, उसके ऊपर महादेवी का स्थान है। उसके बाद कालातिकाल परमानन्द का स्थान है। महादेवीपुरी के परपार में सर्वभयावह काल विद्यमान है। उसके पश्चात् नित्यनूतन श्रीरत्न पीयूषवारिधि हैं। उसके तीरदेश में सर्वग्राहक रूपी महाकाल भवन है। उसके उत्तरभाग में उद्भासित रत्नद्वीप शिवलोक है। क्षुब्धरत्नपीयूषवारिधि से उदित चन्द्र के समान माणिक्यमण्डित हेममय भूमि का स्मरण करे। वह षोड़श द्वीप संयुक्त, कलाकौशल मण्डित एवं सब ओर मङ्गलमय वृन्दावनसमूह के द्वारा मण्डित है। तन्मध्य में नन्दनोद्यान सुवृहत् मदनोन्मादन स्थान है। वह अनल्पकोटि कल्पवृक्ष वाटिका के द्वारा वेष्टित है। उसके मध्य में सहस्रादित्य शङ्काश शतयोजन विस्तृत विपुल वेदिका का ध्यान करे। इत्यादि ।२६१-२६८।

"तस्यान्तरे महापीठं महाचक्रसमन्वितम्। तन्मध्ये मण्डपं ध्यायेद्व्याप्तब्रह्माण्डमण्डलम्॥"२६९॥ इत्यादि;

"ध्यायेत्तत्र महादेवीं स्वयमेव तथाविधः। रक्तपद्मनिभां देवीं बालार्ककिरणोपमाम्॥"२७०॥ इत्यादि;

"पीतवस्त्रपरीधानां वंशयुक्तकराम्बुजाम्। कौस्तुभोद्दीप्तहृदयां वनमालाविभूषिताम्।
श्रीमत्कृष्णाङ्कपर्य्यङ्कनिलयां परमेश्वरीम्॥"२७१॥ इत्यादि;

"इति ध्यात्वा तथा भूत्वा तस्या एव प्रसादतः। तदाज्ञया परानन्दमेत्यानन्दकलावृतम्॥२७२॥
तदाकर्णय देवेशि कथयामि तवानघे। एतदन्तर्महेशानि श्वेतद्वीपमनुत्तमम्॥२७३॥
क्षीराम्भोनिधिमध्यस्थं निरन्तरसुरद्रुमम्। उद्यदर्द्धेन्दुकिरणदूरीकृततमोभरम्॥२७४॥
कालमेघसमालोक-नृत्यद्बर्हिकदम्बकम्। कूजत्कोकिलसङ्घेन वाचालितजगत्त्रयम्॥२७५॥
नानाकुसुमसौगन्ध्यवाहिगन्धवहान्वितम्। कल्पवल्लीनिकुञ्जेषु गुञ्जद्भृङ्गगणान्वितम्॥२७६॥
रम्यावाससहस्रेण विराजितनभस्तलम्। रम्यनारीसहस्रौघैर्गायद्भिः समलङ्कृतम्॥२७७॥
गोवर्द्धनेन महता रम्यावासविनोदिना। शोभितं शुभचिह्नेन मानदण्डेन चापरम्॥२७८॥
अवाचीप्राच्युदीच्याशाः क्रमायतविवृद्धया। व्याप्ता यमुनया देव्या नीलमेघाम्बुशोभया।
तन्मध्ये स्फटिकमयं भवनं महदद्भुतम्॥"२७९॥ इत्यादि;

"तत्तदन्तर्महाकल्पमन्दारविटपैर्वृतम्। तत्तन्मध्ये समुद्भासि-वृन्दावनकुलाकुलम्॥"२८०॥ इत्यादि;

"कुत्रचिद्रत्नभवनं कुत्रचित् स्फटिकालयम्॥"२८ ॥ इत्यादि;

उसके अभ्यन्तर में महाचक्रसमन्वित महापीठ विराजित है। उसके मध्य में व्याप्त ब्रह्माण्ड मण्डल मण्डप का ध्यान करे।२६९।

रक्तपद्मनिभ बालार्क किरण सदृश महादेवी का ध्यान करे। जिनके परिधान में पीत वसन है, वंशी से कराम्बुजशोभित है, कौस्तुभ से हृदय उद्दीप्त है, एवं वनमाला से विभूषित है। परमेश्वरी श्रीकृष्ण के अङ्क पर्य्यङ्क में अवस्थित हैं।२७०-२७१।

इस प्रकार ध्यान करके उनकी प्रसन्नता रूपी आज्ञा से आनन्द कलावृत परानन्द की प्राप्ति होती है।२७२।

हे अनघे! हे देवेशि! मैं कहता हूँ, श्रवण करो, इसके मध्य में अनुत्तम श्वेतद्वीप है।२७३।

वह क्षीराब्धि के मध्य में है, सुरद्रुमों के द्वारा निविड़ रूप से शोभित है, उदीयमान अर्द्धेन्दु किरण के द्वारा तमः समूह को विदूरित करके स्थित है।२७४।

कालमेघ के समान कान्ति को देखकर मयूरसमूह नृत्य करते रहते हैं, कदम्ब पादपसमूह शोभित है। कूजत् कोकिल सङ्घ के द्वारा वह मुखरित है।२७५।

विविध कुसुमगन्धवहनकारी गन्धवह समन्वित है, कल्पवल्लीनिकुञ्ज में भृङ्गवृन्द गुञ्जनरत हैं।२७६।

रम्य आवास सहस्र के द्वारा नभःस्थल व्याप्त है, रम्य नारीसमूह के सङ्गीत के द्वारा वह समलङ्कृत है।२७७।

रम्य आवासविनोदी महान् गोवर्द्धन पर्वत के द्वारा शोभित है। मानों वह शुभ मानदण्ड चिह्न को विस्तार कर रहा है।२७८।

अपरन्तु अवाची, प्राची, उदीची दिक् में क्रमशः विस्तृत नीलाम्बुद कान्तियुक्त जल के द्वारा परिपूर्ण श्रीयमुना देवी परिव्याप्त हैं। उसके मध्य में महदद्भुत स्फटिकमय भवन है।२७९।

उसके मध्य स्थल में स्थान स्थान पर महाकल्पवृक्ष मन्दार प्रभृति का निविड़ वन है, उसके मध्य में समुज्ज्वल वृन्दावन विराजित है। उसमें कहीं पर रत्न भवन है, कहीं पर स्फटिकालय है।२८०-२८१।

"गोपगोपैरसंख्यातैः सर्वतः समलङ्कृतम् । विपापं विलयं रम्यं सदा षड़ूर्मिवर्जितम् ॥"२८२॥ इत्यादि;
"तस्य मध्ये मणिमयं मण्डपं तोरणान्वितम् । तन्मध्ये गरुडोद्वाहि-महामणिमयासनम् ॥"२८३॥ इत्यादि;
"कल्पवृक्षसमुद्भासिरत्नभूधरमस्तके । ध्यायेत्तत्र परमानन्दं रमोपास्यं परं महः ॥२८४॥
स्मरेद्वृन्दावने रम्ये मोहयन्तमनारतम् । वल्लवीवल्लभं कृष्णं गोपकन्याः सहस्रशः ॥"२८५॥ इत्यादि;
(श्रीपद्यावली ४६) "फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनम्" इत्यादि च ।

एतदनन्तरं नित्यानित्यलोकविवेके देव्या पृष्टे श्रीशिव आह—

"शृणु देवि महामाये यन्नित्यं यदनित्यकम् । ब्रह्मादीनाञ्च सर्वेषां भवनानाञ्च पार्वति ।
विनाशोऽस्तीह सर्वेषां विना तद्भवनं तयोः ॥"२८६॥ इति ।

पूर्वोक्तयोः श्रीभगवन्महादेव्यो रित्यर्थः । तस्मात् "या यथा भुवि वर्त्तन्ते"इति न्यायाच्च स्वतन्त्र एव द्वारका-मथुरा-गोकुलात्मकः श्रीकृष्णलोकः स्वयं-भगवतो विहारास्पदत्वेन भवति

असंख्य गोपगोपीके द्वारा सर्वतः समलङ्कृत है । वह पापरहित है, प्रलयवर्जित है, मनोहर है, एवं षड़् ऊर्म्मिवर्जित है ।२८२।

उसके मध्य में तोरणान्वित मणिमय मण्डप है, तन्मध्य में गरुड़ोद्वाहि महामणिमय सिंहासन है ।२८३।

कल्प वृक्ष के द्वारा समुद्भासित रत्न भूधर के मस्तक में रमोपास्य परमानन्द परं महः का ध्यान करे ।२८४।

रम्य वृन्दावन में सतत मोहन परायण गोपकन्या सहस्रावृत वल्लवीवल्लभ श्रीकृष्ण का स्मरण करे ।२८५।

पद्यावली में वर्णित है । ४६)

"फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनं बर्हावतंसप्रियं श्रीवत्साङ्कमुदारकौस्तुभधरं पीताम्बरं सुन्दरं ।
गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसङ्घावृतं गोविन्दं कलवेणुवादनपरं दिव्याङ्गभूषं भजे ॥

प्रफुल्ल इन्दीवर के समान कान्ति, बर्हावतंस प्रिय, श्रीवत्साङ्क कौस्तुभयुक्त, पीताम्बर के द्वारा सुन्दर, गोपिओं के नयनोत्पल के द्वारा अर्च्चित तनु, गो गोप सङ्घावृत कलवेणुवादनरत दिव्याङ्ग भूषण समलङ्कृत श्री गोविन्द का भजन करें ।

इस के अनन्तर नित्यानित्य लोक विषयक परिज्ञान हेतु देवी के प्रश्नोत्तर में श्रीशिव कहे थे—

हे देवि ! हे महामाये ! नित्य एवं अनित्य लोक का विवरण श्रवण करें, हे पार्वति ! ब्रह्मादि प्रभृति के समस्त भवनों का विनाश है, किन्तु श्रीराधा कृष्ण समस्त भवनों का विनाश नहीं है ।२८६।

"तयोः" शब्द का अर्थ है,—पूर्वोक्त मृत्युञ्जय तन्त्र में वर्णित श्रीभगवान् श्रीकृष्ण एवं महादेवी स्वरूप–श्रीराधा, उन दोनों के भवनसमूह अविनाशी हैं ।२८६।

अतएव पूर्वोक्त स्कन्द पुराण के वचन में वर्णित है,—पृथिवी में जो सब भगवत् पुरी विराजित हैं, श्रीवैकुण्ठ में भी उक्त पुरीसमूह अविकल रूपमें अवस्थित हैं । उसके बाद उक्त आगमवचन के द्वारा प्रतीत हुआ कि—श्रीकृष्ण लोक, निखिल भगवल्लोक के उपरि भाग में विराजित है । सुतरां द्वारका, मथुरा गोकुलात्मक श्रीकृष्ण लोक, स्वयं भगवान् के विहारास्पद रूपमें सर्वोपरि विराजित हैं, यह शास्त्र वचनों से प्रमाणित हुआ ।

अतएव श्रीवृन्दावन—जिसका अपर नाम-श्रीगोकुल है, वह सर्वोपरि विराजित होकर श्रीगोलोक नाम से प्रसिद्ध है, अर्थात् पृथिवी में विराजमान श्रीवृन्दावन का जो प्रकाश निखिल वैकुण्ठ के उपरि भाग

सर्वोपरीति सिद्धम् । अतएव वृन्दावन-गोकुलमेव सर्वोपरि विराजमानं गोलोकत्वेन प्रसिद्धम् । ब्रह्मसंहितायाम् (५।१) "ईश्वरः परमः कृष्णः" इत्युपक्रम्य (ब्र० सं० ५।१-९)—

"सहस्रपत्रं कमलं गोकुलाख्यं महत्पदम् । तत् कर्णिकारं तद्धाम तदनन्तांश-सम्भवम् ॥२८७॥
कर्णिकारं महद्यन्त्रं षट्कोणं वज्रकीलकम् । षडङ्ग-षट् पदीस्थानं प्रकृत्या पुरुषेण च ॥२८८॥
प्रेमानन्द-महानन्दरसेनावस्थितं हि यत् । ज्योतीरूपेण मनुना कामबीजेन सङ्गतम् ॥२८९॥
तत्किञ्जल्कं तदंशानां तत्पत्राणि श्रियामपि ॥२९०॥
चतुरस्रं तत्परितः श्वेतद्वीपाख्यमद्भुतम् । चतुरस्रं चतुर्मूर्त्तेश्चतुर्धाम चतुष्कृतम् ॥२९१॥
चतुर्भिः पुरुषार्थैश्च चतुर्भिर्हेतुभिर्वृतम् । शूलैर्दशभिरानद्धमूर्द्ध्वाधो दिग्विदिक्षु च ॥२९२॥
अष्टभिर्निधिभिर्जुष्टमष्टभिः सिद्धिभिस्तथा । मनुरूपैश्च दशभिर्दिक्पालैः परितो वृतम् ॥२९३॥
श्यामैर्गौरैश्च रक्तैश्च शुक्लैश्च पार्षदर्षभैः । शोभितं शक्तिभिस्ताभिरद्भुताभिः समन्ततः ॥'२९४॥ इति ।

तत्राग्रे ब्रह्मस्तवे (ब्र० सं० ५।२९)—"चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्ष-लक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम्" इत्युपक्रम्य (ब्र० सं० ५।४३)—

में अवस्थित है, वह ही श्रीगोलोक है ।

ब्रह्म संहिता के ५।१ श्लोक में वर्णित है—

"ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्द विग्रहः ।
अनादिरादि र्गोविन्दः सर्व कारण कारणम् ॥"

श्रीकृष्ण, परम ईश्वर हैं, सच्चिदानन्द विग्रह हैं, अर्थात् उनकी श्रीमूर्ति, नित्य ज्ञानानन्दस्वरूप है, आप स्वयं अनादि हैं, अतः समग्र तत्त्वों में अनादि हैं, आप सब के मूल हैं, आपके पहले अपर कोई तत्त्व नहीं हैं, आपका अपर नाम श्रीगोविन्द हैं, आप अनन्त जगत् कारणों के समस्त कारणों के मूल कारण स्वरूप हैं । इस कथन के द्वारा प्रारम्भ कर २-५ श्लोक के द्वारा उनके धाम का विस्तृत वर्णन किये हैं ।

महा भगवान् श्रीकृष्णका गोकुल नामक धाम का प्रतिपादन करते हैं,—उक्त स्थान-सहस्रदल कमल सदृश है, उक्त कमल की कर्णिका ही उनका धाम है । अनन्त का अंश से ही उक्त गोकुल नामक धाम सतत आविर्भूत है ।

उक्त कर्णिका हीरक—कीलक शोभित षट् कोण महद् यन्त्र स्वरूप है । उक्त षट् कोण में षट् पदी श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र विन्यस्त है । उक्त कर्णिका,-प्रेमानन्द जनित जो महानन्द रस है, तदात्मक प्रकृति पुरुष कर्त्तृक अधिष्ठित है, एवं ज्योति रूप काम बीज का स्थान है ।

उक्त सहस्रदल कमल का किञ्जल्क,-श्रीकृष्ण के अंश स्वरूप स्वजाति गोप वृन्द का निवास स्थान है, कमल पत्र, श्रीगोपीवृन्द का निवास स्थान है ।

श्रीगोकुल के चतुर्दिक में श्वेत द्वीप नामक एक अत्यद्भुत धाम है, उक्त श्वेत द्वीप चतुर्भाग में विभक्त है । एवं चतुर्दिक में वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध के चतुर्धाम है, वह चतुर्विध पुरुषार्थ एवं चतुर्विध पुरुषार्थ साधन के द्वारा पूजित हैं, ऊर्द्ध्व अधः प्रभृति दिक् विदिक् अर्थात् दशदिक् दशशूल के द्वारा आनद्ध हैं, पद्म, महापद्म, मकर, कच्छप मुकुन्द, नील, नन्द एवं शङ्ख रूप अष्टनिधि एवं अणिमा-महिमा लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशिता, वशित्व एवं कामावशायिता रूप अष्ट सिद्धि से सेवित है, मन्त्र स्वरूप इन्द्रादि इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋत, वरुण, मरुत, कुबेर, ईश, ब्रह्म अनन्त, रूप दशदिक् पाल कर्त्तृक परि रक्षित है एवं श्याम गौर, रक्त, शुक्ल वर्ण पार्षद वृन्द के द्वारा परिवृत तथा सर्वदिक् अत्याश्चर्य शक्ति समूह से सुशोभित हैं ।२८७।२९४।

"गोलोकनाम्नि निजधाम्नि तले च तस्य, देवी-महेश-हरि-धामसु तेषु तेषु ।
ते ते प्रभावनिचया विहिताश्च येन, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥" २९५॥ इति ।

में है । यथा—श्रीगोविन्द वृन्दावन नामक बृहद् गौतमीय तन्त्र में श्रीनारद के प्रश्नोत्तर में श्रीकृष्ण ने कहा है—प्रश्न—'हे गोपपते ! द्वादशवनात्मक-वृन्दावन का तत्त्व क्या है ? मैं सुनना चाहता हूँ । भगवन् श्रवण योग्य यदि मैं हूँ, तब कृपा पूर्वक आप वर्णन करें ।' उत्तर में श्रीकृष्ण बोले थे—'यह रमणीय श्रीवृन्दावन-केवल मेरा ही धाम है, पशु, पक्षी, वृक्ष, कीट, नर, अमर प्रभृति जो भी व्यक्ति मेराधाम में निवास करते हैं, वे सब ही मृत्यु के पश्चात् मेरा नित्यधाम में प्रविष्ट होते हैं ।" मेरी निवास भूमि, वृन्दावन में जो सब गोप कन्या निवास करती हैं, वे सब योगिनी हैं, मेरे सहित संयोग प्राप्ता एवं नित्य सेवापरायणा हैं, पञ्च-योजन परिमित वृन्दावन, मेरादेह स्वरूप है । परमामृत कालिन्दी सुषुम्ना नामसे अभिहिता है, यहाँपर देव गण एवं भूतगण सूक्ष्म रूप में अवस्थित हैं, सर्व देव मय मैं कदापि वृन्दावन को परित्याग नहीं करता हूँ । इस वृन्दावन में युग युग में मेरा आविर्भाव तिरोभाव होता रहता है, यह तेजोमय वृन्दावन, रमणीय है एवं चर्म चक्षु द्वारा अदृश्य है ॥३२५—३३०॥

विशेषतः पूर्वोक्त अलौकिक रूपत्व भगवन्नित्य धामत्व का प्रमाण—विद्वदनुभव है, आज भी महा-भागवत गण-उक्त वृन्दावन में दिव्य अशोक एवं कदम्बवृक्षादि का दर्शन करते हैं, धेनु वृन्द का हुम्बारव वेणुध्वनि का श्रवण भी महाभागवत गण आज भी करते हैं । यह विवरण प्रसिद्ध है । वराह पुराण में कालियह्रद का माहात्म्य वर्णित है—श्रीवराह देव का वाक्य यह है-हे विशालाक्षि । पण्डित व्यक्ति गण श्रीवृन्दावनस्थ कालीय ह्रद के पूर्वभाग में सर्वजन पूजित पवित्र, सुरभिगन्धयुक्त, शतशाख कदम्ब वृक्षका दर्शन करते हैं, हे विशालाक्षि ! उक्त कदम्बवृक्ष द्वादश मास शुभ शीतल पुष्पित है, एवं उसकी कान्ति से दशदिक् उद् भासित होते हैं । उक्त वृक्ष में शत शाखा है, तज्जन्य उसको शतशाख कहते हैं ।

उक्त वराह पुराण में ब्रह्मकुण्डका माहात्म्य भी वर्णित है,—"हे वसुन्धरे ! ब्रह्मकुण्ड के सम्बन्ध में

"तत्राश्चर्यं प्रवक्ष्यामि तच्छृणु त्वं वसुन्धरे । लभन्ते मनुजाः सिद्धिं मम कर्म्मपरायणाः ॥३३३॥
तस्य तत्रोत्तरे पार्श्वेऽशोकवृक्षः सितप्रभः । वैशाखस्य तु मासस्य शुक्लपक्षस्य द्वादशी ॥३३४॥
स पुष्पति च मध्याह्ने मम भक्तसुखावहः ।
न कश्चिदपि जानाति विना भागवतं शुचिम् ॥"३३५॥ इत्यादि ।

द्वादशीति द्वादश्यामित्यर्थः । 'सुपां सुलुक्' इत्यादिनैव पूर्व्वसवर्णः । शुचित्वमत्र तदनन्य-वृत्तित्वम् । अनेन पृथिव्यापि तस्य तादृशरूपं न ज्ञायत इत्यायातम् । अतएव तदीयतीर्थान्तर-मुद्दिश्य यथा चादिवाराहे—

"कृष्णक्रीड़ासेतुबन्धं महापातकनाशनम् । वलभीं तत्र क्रीड़ार्थं कृत्वा देवो गदाधरः ॥३३६॥
गोपकैः सहितस्तत्र क्षणमेकं दिने दिने । तत्रैव रमणार्थं हि नित्यकालं स गच्छति ॥"३३७॥ इति ।

पुनस्तदुद्दिश्य स्कान्दे—

"ततो वृन्दावनं पुण्यं वृन्दादेवीसमाश्रितम् । हरिणाधिष्ठितं तच्च ब्रह्मरुद्रादिसेवितम् ॥३३८॥

श्रुतिश्च दर्शिता (गो० ता० पू० ३७)—"गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं वृन्दावनसुर-भूरुहतलासीनं सततं समरुद्गणोऽहं तोषयामि ।" इति । एवं पातालखण्डे—"यमुनाजल-कल्लोले सदा क्रीड़ति माधवः" इति यमुनाया जलकल्लोला यत्र एवम्भूते श्रीवृन्दावन इति

आश्चर्य कर वार्त्ता कहता हूँ, श्रवण करो, यहाँपर जो व्यक्ति निवस कर सत् कर्म परायण होता है, अर्थात् मद् भक्ति का अनुष्ठान करता है, वह स्थान माहात्म्य से सत्वर सिद्धिलाभ करता है । उस ब्रह्मकुण्ड के उत्तर पार्श्व में एक श्वेत वर्ण का अशोक वृक्ष है, वैशाख मास के शुक्लपक्ष की द्वादशी तिथिके मध्याह्न काल में भक्त जन सुखावह वृक्ष पुष्पित होता है, शुचि भागवत व्यतीत अपर कोई इस तत्त्व को नहीं जानता है ।"३३३—३३५॥ द्वादशी—शब्द का अर्थ—द्वादशी तिथि में है । 'सुपां सुलुक' सूत्रानुसार सप्तमी विभक्ति का लोप हुआ है । यहाँ शुचि शब्द का अर्थ—भगवान् में अनन्य वृत्तिता, अर्थात् श्रीभगवद् भिन्न अपर वस्तु में महत्त्व राहित्य है । इस प्रकार अनन्यता जिस व्यक्ति में है, वह उत्तम भागवत है' एवं शुचि है । वह उक्त अशोक वृक्ष दर्शनक्षम है ।

इससे व्यक्त हुआ है कि—पृथिवी भी उक्त कदम्ब एवं अशोक वृक्षका तत्त्व नहीं जानती है । कारण ज्ञात होने पर श्रीवराह देव ज्ञातार्थ वर्णन नहीं करते, ज्ञात विषय का उपदेश निष्फल है ।

अतएव श्रीवृन्दावनीय तीर्थान्तर को उद्देश्यकर आदि वाराह में वर्णित है;—श्रीकृष्ण क्रीड़ा सेतुबन्ध-महापाप नाशक है, वहाँ वलभी अर्थात् तृण कुटीर निर्म्माण कर निवास हेतु गोपगण के सहित क्षण काल के निमित्त श्रीकृष्ण गमन करते हैं । उक्त श्लोक में 'नित्य कालं स गच्छति" पद का प्रयोग है । 'गच्छति' वर्त्तमान कालीय क्रियासे श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति सूचित हुई है ।

स्कन्द पुराण में भी वर्णित है—"अतएव पुण्य वृन्दावन, श्रीहरि कर्त्तृक अधिष्ठित है, ब्रह्मरुद्रादि कर्त्तृक निषेवित है, एवं श्रीवृन्दा कर्त्तृक सम्यक् सेवित है ।'

श्रीगोपाल तापनी श्रुति में वर्णित है—'वृन्दावनस्थ कल्पतरु के तल देश में अवस्थित सच्चिदानन्द घन विग्रह श्रीगोविन्द देवको मरुद् गण के सहित मैं (ब्रह्मा) सतत परिचर्य्या के द्वारा सन्तुष्ट करता हूँ ।'

पाताल खण्ड में वर्णित है—'यमुना जल कल्लोल में माधव सर्वदा क्रीड़ा करते हैं ।'

जहाँपर यमुना का जल कल्लोल है, इस प्रकार श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण सतत क्रीड़ा करते हैं, यह

प्रकरणलब्धम् । तत्राजहल्लक्षणया तीरह्लदावेव गृह्येते । तीरञ्च वृन्दावनलक्षणं तत्र प्रस्तुतम् । अतएवास्य वृन्दावनस्यावान्तरं गोकुलाख्यं वैकुण्ठमिति श्रीकृष्णोपनिषदि— "गोकुलं वनवैकुण्ठम्" इति । तस्मान्नित्यधामत्वश्रवणाच्च श्रीमथुरादीनां तत्स्वरूप-विभूतित्वमेव, "स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नि" इति श्रुतेः । अतएव तापन्याम् (गो० ता० उ० २६)—"साक्षाद्ब्रह्मगोपालपुरी हि" इति, बृहद्गौतमीयतन्त्रे—"तेजोमयमिदं रम्यमदृश्यं चर्म्मचक्षुषा" इति । तदीदृशरूपता काशीमुद्दिश्य ब्रह्मवैवर्त्ते त्वित्थं समाधीयते । यथा तत्र श्रीविष्णुं प्रति मुनीनां प्रश्नः—

अथ श्रीविष्णूत्तरम्—

"छत्राकारन्तु किं ज्योतिर्ज्जलादूर्द्ध्वं प्रकाशते । निमग्नायां धरायाञ्च न वै मज्जति तत् कथम् ॥३३९॥
किमेतच्छाश्वतं ब्रह्म वेदान्तशतरूपितम् । तापत्रयार्त्तिवद्धानां जीवनं छत्रतां गतम् ॥३४०॥
दर्शनादेव चास्याथ कृतार्थाः स्मो जगद्गुरो । वारं वारं तवाप्यत्र दृष्टिर्लग्ना जनार्द्दन ।
परमाश्चर्य्यरूपोऽपि साश्चर्य्य इव पश्यसि ॥" ३४१॥

अर्थ प्रकरण से प्राप्त है। तद् गुण संविज्ञान बहुव्रीहि समास के द्वारा अर्थात् अजहल्लक्षणा के द्वारा तीर एवं नीर उभय ही तदीय क्रीड़ास्थान हैं, प्रतीत होता है। यमुना तीर श्रीवृन्दावन है-यह प्रसिद्ध है, उक्त प्रमाण समूह के द्वारा भौम श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति प्रदर्शित हुई है। अतएव श्रीवृन्दावन का अवान्तर स्थान गोकुल नामक वैकुण्ठ है— इसका वर्णन श्रीकृष्णोपनिषद् में है।

"वंशस्तु भगवान् रुद्रः श्रृङ्गमिन्द्रः सखासुरः ।
गोकुलं वन वैकुण्ठं तापसास्तत्र ते द्रुमाः ।' श्रुति ।

गोकुल को वन वैकुण्ठ कहा गया है। अतएव नित्यधामत्व वर्णित होने से श्रीमथुरा द्वारका प्रभृति श्रीकृष्ण के स्वरूप विभूति स्वरूप ही हैं। श्रुति यह है—'स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठितः इति—स्वे महिम्नि" आचार्य्य श्रीशङ्कर कृत भाष्य—

'तद्योयं लक्षणो भूमा हे भगवः—भगवन् ! कस्मिन् प्रतिष्ठितः' इत्युक्तवन्तं नारदं प्रत्याह सनत् कुमारः। स्वे महिम्नीति, स्वे-आत्मीये महिम्नि—माहात्म्ये—विभूतौ प्रतिष्ठितोभूमा। नारद, सनत् कुमार को कहे थे,—हे भगवन् ! वह भूमा कहाँ रहते हैं, ? उत्तर में सनत् कुमार बोले थे,—स्वमहिमा में, अर्थात् स्वरूप विभूति में। श्रीभगवान् का स्वरूप सच्चिदानन्दमय, सुतरां तदीय धाम भी सच्चिदानन्दमय ऐश्वर्य्य स्वरूप है। (छान्दोग्य १।२४।१)

उस प्रकार श्रीगोपाल तापनी श्रुति में उक्त है—

(साक्षाद् ब्रह्म गोपाल पुरीहि" गोपाल पुरी साक्षाद् ब्रह्म है। बृहद् गौतमीय तन्त्र में वर्णित है— "श्रीकृष्ण धाम, तेजोमय एवं रमणीय है, यह चर्मचक्षु से अदृश्य है," श्रीभगवान् की नित्य विहार भूमि हेतु, उक्त धाम समूह की चिन्मयता है, काशी को उद्देश्य करके ब्रह्म वैवर्त्त पुराण में इस प्रकार समाधान उक्त है। श्रीविष्णु के प्रति मुनिवृन्द का प्रश्न—"जल के उपरि भाग में छत्राकार ज्योति स्वरूप यह क्या है ? समस्त पृथिवी जल निमग्नाहोने से भी यह निमज्जित क्यों नहीं हुआ है ? यह क्या वेदान्त निरूपित शाश्वत ब्रह्म है ? अथवा तापत्रय बद्धजीव गण को परित्राण करने के निमित्त यह क्या जीवन छत्र स्वरूप हुआ है ? ३३९—३४०। हे जगद् गुरो ! आपकी दृष्टि बारम्बार उस ज्योति में निबद्धा क्यों हो रही है ?

अथ विष्णूत्तरम्—

"छत्राकारं परं ज्योतिर्दृश्यते गगनेचरम् ।
तत्परं परमं ज्योतिः काशीति प्रथितं क्षितौ ॥३४२॥
रत्नं सुवर्णे खचितं यथा भवे,-त्तथा पृथिव्यां खचिता हि काशिका ।
न काशिका भूमिमयी कदाचि,-त्ततो न मज्जेन्मम सद्गतिर्यतः ।
जडेषु सर्व्वेष्वपि मज्जमाने,-ष्वियं चिदानन्दमयी न मज्जेत् ॥"३४३॥ इत्यादि,

तथाग्रे च—

"चेतनाजडयोरैक्यं यद्वन्नैकस्यथोपरि । तथा काशी ब्रह्मरूपा जड़ा पृथ्वी च सङ्गता ॥३४४॥
निर्म्माणन्तु जड़स्यात्र क्रियते न परात्मनः । उद्धरिष्यामि च महीं यदाहं रूपमास्थितः ।
तदा पुनः पृथिव्यां हो काशी स्थास्यति मत्प्रिया ॥"३४५॥ इति ।

'चेतना'-शब्देनात्रान्तर्याम्युपलक्ष्यते; 'जड़'-शब्देन तु देहः परमात्मन इत्युक्तत्वात् । ततश्च (भा० २।२।८) "केचित् स्वदेहान्तर्हृदयावकाशे, प्रादेशमात्रं पुरुषं वसन्तम्" इत्यादिना चतुर्भुजत्वेन वर्णितोऽन्तर्य्यामी देहस्थितोऽपि यथा देहक्लेदादिना न स्पृश्यते तद्वदिति ज्ञेयम् ।

आप परमाश्चर्य स्वरूप होकर भी विस्मित होकर उसका वर्णन क्यों कर रहा हूँ ! (३४१)

उत्तर में श्रीविष्णु ने कहा—"छत्राकार गगन विहारी ज्योतिः को देख रहे हैं, वह पृथिवी में काशी पुरी है । जिस प्रकार सुवर्ण मध्य में रत्न खचित होता है, उस प्रकार ही पृथिवी में काशी पुरी खचित है । काशी, कभी भी भूमिमयी नहीं है । अर्थात् कभी भी जड़धर्मान्विता नहीं होती है, तज्जन्य वह जल मग्ना नहीं होती है । कारण-उसमें मैं नित्य विराजित हूँ । निखिल जड़ वस्तु निमज्जित होने से भी चिदानन्दमयी काशी निमज्जिता नहीं होती है ।' ३४२-३४३॥

ब्रह्म वैवर्त्त पुराण के अग्रिम भाग में वर्णित है कि—"एक देह के मध्य में जड़ एवं चेतन की स्थिति होने पर भी जिस प्रकार चेतन जड़ धर्म से लिप्त नहीं होता है, उस प्रकार ब्रह्म रूपा काशी एवं जड़ रूपा पृथिवी एकत्र अवस्थिता होने से भी पार्थिव जड़ धर्म से काशी लिप्त नहीं है । जिस प्रकार जड़ की उत्पत्ति है, परमात्मा की उत्पत्ति नहीं है । इस प्रकार पृथिवी की उत्पत्ति है, काशी की उत्पत्ति नहीं है । मैं वराह रूप धारण कर जब पृथिवी का उद्धार करूँगा, तब पुनर्वार मेरी प्रिया काशी-पृथिवी में विराजिता होगी ।"॥३४४—३४५॥

श्लोकस्थ 'चेतना' शब्द से यहाँ परमात्मा को जानना होगा; जड़ शब्द से देह को जानना होगा । परमात्मनः परवर्त्ती श्लोक में 'परमात्मा की उत्पत्ति नहीं है, जड़ की उत्पत्ति है, इस प्रकार कहा गया है । अतएव चेतन शब्द से परमात्मा का ही ग्रहण होता है, 'निर्म्माणन्तु जड़स्यात्र क्रियते न परमात्मनः" इस प्रकार ३४५ श्लोक में कहा गया है । कारण—परमात्मा ही एकमात्र कारण वस्तु हैं ।

इस प्रकार व्याख्या करने का हेतु यह है—काशी प्रभृति धाम समूह अणु चैतन्य जीव स्वरूप नहीं है, विभु चैतन्य—परमात्मा स्वरूप हैं, जीव स्वरूप के सदृश चिद्वस्तु होने से माया द्वारा अभिभूत होना धाम समूह का सम्भव होता, तज्जन्य परमात्मा स्वरूप निश्चित हुआ है ।

परमात्मा को दृष्टान्त रूप में उपस्थित करने का तात्पर्य यह है कि-योगिगण निजदेह के मध्यमें अवस्थित प्रादेशमात्र आकृति विशिष्ट पुरुष का ध्यान करते हैं । श्रीमद् भागवत २।२।८ में वर्णित है—चतुर्भुज रूप में वर्णित अन्तर्य्यामी परमात्मा शरीर के मध्य में अवस्थित होने पर भी देह पीड़ादि के द्वारा व्यथित

तदेवं तद्धाम्नामुपर्य्यधः प्रकाशमानत्वे नोभयविधत्वं प्रसक्तम्। वस्तुतस्तु श्रीभगवन्नित्याधिष्ठानत्वेन तत्र श्रीविग्रहवदुभयत्र प्रकाशाविरोधात् समान-गुण-नाम-रूपत्वेनाम्नातत्वाल्लाघवाच्चैकविधत्वमेव मन्तव्यम्। एकस्यैव श्रीविग्रहस्य बहुत्वप्रकाशश्च (४१ अनु०) द्वितीयसन्दर्भे दर्शितः, (भा० १०।६९।२)—

"चित्रं बतैतदेकेन वपुषा युगपत् पृथक्
गृहेषु द्व्यष्टसाहस्रं स्त्रिय एक उदावहत् ॥"३४६॥

इत्यादिना। एवम्विधत्वञ्च तस्याचिन्त्यशक्तिस्वीकारेण सम्भावितमेव। स्वीकृतश्चाचिन्त्यशक्तित्वम् (ब्र० सू० २।१।२७) "श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्" इत्यादौ। तदेवमुभयाभेदाभिप्रायेणैव श्रीहरिवंशेऽपि गोलोकमुद्दिश्य—"स हि सर्वगतो महान्" इत्युक्तम्। भेदे तु ब्रह्मसंहितायामपि (५।४८)—"गोलोक एव निवसत्यखिलात्मभूतः" इत्येवकारोऽत्र स्वकीयनित्यविहारप्रतिपादक-वाराहादिवचनैर्विरुध्येत। अविरोधस्तूभयेषामैक्येनैव भवतीति तं न्याय

नहीं होते हैं। तद्रूप काशी प्रभृति भगवद्धाम समूह पृथिवी में अवस्थित होने से भी प्रकृति धर्म से अलिप्त हैं।

श्रीभगवान् के धाम समूह तदीय स्वरूप विभूति स्वरूप हैं। तज्जन्य उक्त धाम समूह उपरितन देश में अथवा अधस्तन देश में प्रकाशित हैं, अतएव उक्त धाम समूह की उभयविधरूप में प्रसिद्धि है, एक पाद विभूति एवं त्रिपाद विभूति रूप में विभूति क्रोडीकृत होती है। वस्तुतः श्रीभगवान् नित्य अधिष्ठित होने के कारण—उपर्य्यधः प्रकाशमान धाम समूह में एकत्व ही विद्यमान है, उभय विधत्व नहीं है। अर्थात् एकही धाम ऊर्द्ध्वदेशरूप परव्योम में एवं अधस्तल रूप पृथिवी में विद्यमान है। एक ही धाम कैसे विरुद्ध उभय स्थान में युगपत् विराजित हो सकता है? उत्तर,—श्रीभगवद्विग्रह—जिस प्रकार एक समय में अनेक स्थान में युगपत् प्रकाशित हो सकते हैं, तदीय धाम सम्बन्ध में भी उस प्रकार ही जानना होगा। उभय धाम एक है—इसका बोध कैसे होगा? कहते हैं—उभयत्र प्रकाशमान धाम के समान गुण नाम रूप का वर्णन सुप्रसिद्ध है। उभयस्थलस्थ धाम समूह में ऐक्य स्वीकृत होने से कल्पना लाघव होता है, अन्यथा-परव्योम एवं अनन्त ब्रह्माण्ड में प्रकाशित अनन्त धामों का पृथक् पृथक् अस्तित्व स्वीकार करना होगा। उस प्रकार कल्पना असमीचीन है, धाम समूह भगवान् की सन्धिनी शक्ति से प्रकटित हैं।

श्रीभगवद्विग्रह एक ही समय में बहुत्र युगपत् प्रकाशित होने में सक्षम हैं, इसका प्रतिपादन द्वितीय सन्दर्भ रूप भागवत सन्दर्भ के ४१ अनुच्छेद में हुआ है। भा० १०।६९।२ में उक्त है—

"चित्रं बतैतदेकेन वपुषा युगपत् पृथक्।
गृहेषु द्व्यष्ट साहस्रं स्त्रियएक उदावहत् ॥"

आश्चर्य्य है—कि एक शरीर के द्वारा ही एक समय में षोड़श सहस्र संख्यक स्त्री के सहित परिणय कार्य्य सम्पन्न श्रीकृष्ण किये थे।

बृहद् वैष्णव तोषणी—विवक्षा हेतुमेव विस्तारयन् उक्त षोडशन्यायेनाह—चित्रमिति सार्द्धेन-आश्चर्य्यम् बत हर्षे, ननु किं नामात्र चित्रम्, सौभरि प्रभृतयो मुनयोऽपि बहु रूपधारणेनैवं किल कुर्वन्ति, तत्राह—एकेनैव वपुषा, न तु बहु रूप धारणेनेत्यर्थः। एतच्चाग्रे व्यक्तं भावि, पृथगित्यत्र वीप्सा द्रष्टव्या, प्रत्येकं

सिद्धमेवार्थं ब्रह्मसंहितानुगृह्णाति । अतएव श्रीहरिवंशेऽपि शक्रेण (विष्णु-प० १९।३५)—

"स तु लोकस्त्वया कृष्ण सीदमानः कृतात्मना । धृतो धृतिमता वीर निघ्नतोपद्रवान् गवाम् ॥'३४७॥

इति गोलोक-गोकुलयोरभेदेनैवोक्तम् । तस्मादभेदेन भेदेन चोपक्रान्तत्वादेकविधान्येव श्रीमथुरादीनि प्रकाशभेदेनैव तूभयविधत्वेनाम्नातानीति स्थितम् । दर्शयिष्यते चाग्रे—क्षौणि-प्रकाशमान एव श्रीवृन्दावने श्रीगोलोकदर्शनम् । ततोऽस्यैवापरिच्छिन्नस्य गोलोकाख्य—

सर्व्वेष्वेवैकवोद्वाहात् । यद्वा, पृथग् गृहेषु—नानागारेषु तावत्स्वेव, अर्थः स एवा आ सम्यक्, पितृ मातृ पुरोहितादिभिः सह तत्तत् कृत्य विधिना उदवहत् । आकारस्यान्तः प्रयोगः 'छान्दसं व्यवहितेनाश्च' इति छान्दसत्वाददोषः ।

नरकासुर वध के अनन्तर तदस्य कन्या समूह का परिणय के अनन्तर श्रीनारद योगमाया वैभव दर्शनेच्छु होकर द्वारका आये थे, श्रीकृष्ण, अष्टादश सहस्र कन्याका पाणि ग्रहण एक ही समय में पृथक् पृथक् गृह में किये थे । उस में पृथक् पृथक् पुरोहित—पिता माता प्रभृति बन्धु वर्ग का यथारीति समावेश हुआ था । देवर्षि आश्चर्यान्वित हुए थे । आश्चर्यान्वित होने का कारण यह है, यह सौभरि प्रभृति योगिगण स्वयं अभ्यस्त एवं परिचित थे । किन्तु आश्चर्य का विषय यह है—स्वीय प्रकाश मूर्ति का आविष्कार किये थे । काय व्यूह में एक देहका अनेक विस्तार होता है, एकको क्रिया से अपर में क्रिया होती है, प्रकाश में एक होकर भी पृथक् पृथक् आविर्भाव के द्वारा पृथक् पृथक् क्रियाओं का पृथक् पृथक् आस्वादन होता है, यह ही विस्मय का विषय था ।

एक विग्रह का युगपत् बहुत्र प्रकाश-श्रीभगवान् की अचिन्त्य शक्तिके द्वारा ही होता है । श्रीभगवान् की अचिन्त्यशक्तिका प्रतिपादन ब्र० सू० २।१।२७—'श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्' में हुआ है । गोविन्द भाष्य—'ब्रह्म कर्त्तृत्व पक्षे लोक दृष्टा दोषा न स्युः । कुतः श्रुतेः । अलौकिकमचिन्त्यं ज्ञानात्मकमपि मूर्त्तं ज्ञान-वच्चैकमपि बहुधावभातं च, निरंशमपि सांशं च, मितमप्यमितं च सर्वकर्त्तृ निर्विकारं च ब्रह्म इति श्रवणादेवेत्यर्थः । मुण्डके अलौकिकतयापि श्रुतम् । अविचिन्त्यार्थस्य शब्दैक प्रमाणत्वादित्यर्थः । ब्रह्म बोधकस्तु श्रुति शब्द एव । "नावेदविन्मनुते तं बृहन्तमित्यादि श्रवणात् । स्वतः सिद्धत्वेन निर्दोषत्वाच्चेति ।

ब्रह्म का निरूपण श्रुति से ही होता है, ब्रह्म—अलौकिक अचिन्त्य, ज्ञानात्मक होने पर भी मूर्त्ति विशिष्ट एवं ज्ञान सम्पन्न हैं, एक होकर भी बहुरूप से विराजित हैं, निरंश होकर अंश युक्त हैं, परिमित होकर अपरिमित हैं, सर्व कर्त्ता होने परभी विकार रहितहैं । शब्द प्रमाणके द्वारा वह प्रतिपादित हैं । श्रुति एवं तदनुगत शास्त्र से श्रीभगवान् में अलौकिक शक्ति श्रुत है, मनुष्य जगत् में यह असम्भव होने पर भी श्रीभगवान् में अचिन्त्य शक्ति होने से यह सम्भव है ।

अचिन्त्य शक्ति प्रभाव से श्रीभगवदभिन्न भगवद्धाम की स्थिति उभयत्र होती है, उसका वर्णन श्रीहरिवंश में है,—"स हि सर्वगतोमहान्" वह गोलोक सर्वगत महान् है" इत्यादि । अर्थात् उपरि भाग में एवं अधोभाग में युगपत् विद्यमान है, कारण वह महान् हैं ।

उभयस्थानगत धाम में भेद स्वीकार करने पर ब्रह्मसंहितोक्त (५।४८) "गोलोक एव निवसत्य-खिलात्मभूतः श्रीगोविन्द गोलोक में ही निवास करते हैं, इस वाक्यस्थ 'एव' 'ही' शब्द के द्वारा भौम वृन्दावन में श्रीकृष्णका नित्य विहार प्रति पादक वराह पुराणोक्त वचनोंके सहित विरोध उपस्थित होता है ।

गोलोक एवं गोकुल में अभेद स्वीकार करने पर ब्रह्मसंहिता एवं वराह पुराण में विरोध नहीं होगा। उक्त युक्ति युक्त अभिप्राय का अङ्गीकार ब्रह्मसंहिता में हुआ है ।

वृन्दावनीयप्रकाशविशेषस्य वैकुण्ठोपर्य्यपि स्थितिर्माहात्म्यादलखनेन भजतां स्फुरतीति ज्ञेयम् । अयमेव मथुरा-द्वारका-गोकुल-प्रकाशविशेषात्मकः श्रीकृष्णलोकस्तद्विरहिणा श्रीमदुद्धवेनापि समाधावनुभूत इत्याह (भा० ३।२।६)—

(१०६) "शनकैर्भगवल्लोकान्नृलोकं पुनरागतः ।
विमृज्य नेत्रे विदुरं प्रत्याहोद्धव उत्स्मयन् ॥"३४८॥

स्पष्टम् ॥ श्रीशुकः ॥

१०७ । इममेव लोकं द्यु-शब्देनाप्याह (भा० १२।२।२६।३०)

अतएव श्रीहरिवंश में भी देवराज इन्द्रने कहा है- हे कृष्ण! हे वीर ! मेरे द्वारा अनुष्ठित गो गोकुल का उपद्रव विनाशकारी धृतिमान् आप हैं, आपने ही पीड़ित गोकुल की रक्षा की है।" देवराज ने तो गोलोक एवं गोकुल में अभेद मानकर ही कहा है। सुतरां कहीं अभेद रूप से कहीं भिन्न रूप से वर्णित होने से भी श्रीमथुरा प्रभृति धाम उभय लोक गत एकविध ही है, किन्तु प्रकाश भेद से उभयविध वर्णित होता है। यह सिद्धान्त स्थिर हुआ है। इस ग्रन्थ के अग्रिम भाग में प्रदर्शित होगा कि पृथिवी में प्रकाशित श्रीवृन्दावन में ही व्रजवासिगण गोलोक दर्शन किये थे।

अतएव जो लोक माहात्म्य ज्ञानावलम्बन से श्रीकृष्ण का भजन करते हैं, अर्थात् श्रीकृष्ण लोक निखिल वैकुण्ठ के उपरि भाग में अवस्थित है, इस प्रकार धारणा के द्वारा भजन करते हैं, उनके समीप में अपरिच्छिन्न यह गोलोक नामक श्रीवृन्दावनीय प्रकाश विशेष की स्फूर्त्ति वैकुण्ठ के उपरिभाग में होती है।

मथुरा द्वारका गोकुल का प्रकाश विशेष रूप यह श्रीकृष्ण लोक ही श्रीकृष्ण विरही श्रीमदुद्धव कर्त्तृक समाधि में अनुभूत हुआ था।

भा० ३।२।६ में वर्णित है "शनकै भंगवल्लोकान्नृलोकं पुनर गतः ।
विमृज्य नेत्रे विदुरं प्रत्य होद्धव उत्स्मयन् ।"३४८।।

श्रीविदुर महोदय के द्वारा श्रीकृष्ण चरित जिज्ञासित होकर विरह व्याकुल उद्धव कुछक्षणकाल तूष्णीम्भाव से स्थित थे। अनन्तर परमानन्द से पूर्ण हृदय होकर विदुरादिमय दृश्यमान जगत् में धीरे-धीरे पुनरागमन किए थे। टीका,—"भगवानेव लोक स्तस्मात् नृ लोकं-देहानुसन्धानम् उत्स्मयन्—यदुकुल संहारादि भगवच्चातुर्य्यस्मरणेन विस्मयं प्राप्नुवन् ।"

क्रमसन्दर्भ—"भगवल्लोक नित्य लीलामय द्वारकादयान्नृलोकं बहिर्दृश्यमानं विदुरादि मनुष्यलोक मागतः, अनुसन्धानः। उत्स्मयन्—तदनुभवेनोत्कर्षरानन्दित इत्यर्थः॥'

"नेत्रद्वय से विगलित प्रेमाश्रु को मार्जन करके उत्फुल्ल अन्तः करण से प्रीति पूर्वक कहे थे।"

इस प्रमाण से प्रतिपन्न हुआ है कि—मौनावलम्बन के समय श्रीउद्धव, उक्त श्रीकृष्ण लोक में तदीय लीला दर्शन किये थे। कारण, श्रीकृष्ण विच्छेद से व्याकुल श्रीमान् उद्धव, तद्दर्शन व्यतीत अपर वस्तु से प्रफुल्ल नहीं हो सकते हैं। उस समय भौम मथुरादि में श्रीकृष्ण की अप्रकट लीला चल रही थी, सुतरां श्रीउद्धव, उक्त धाम समूह में श्रीकृष्ण लीला का दर्शन किये थे।

सुस्पष्ट प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं (१०६)

भा० १२।२।२९-३० में इस श्रीकृष्ण लीला को ही 'दिव्' शब्द से कहा गया है, श्रीशुकने कहा है—

(१०७) "विष्णोर्भगवतो भानुः कृष्णाख्योऽसौ दिवं गतः ।
तदाविशत् कलिर्लोकं पापे यद्रमते जनः ॥३४९॥
यावत् स पादपद्माभ्यां स्पृशन्नास्ते रमापतिः ।
तावत् कलिर्वै पृथिवीं पराक्रन्तुं न चाशकत् ॥"३५०॥

यदा गुणावतारस्य भगवतो विष्णोस्तदंशत्वाद्रश्मिस्थानीयस्य कृष्णाख्यो भानुः सूर्य्यमण्डलस्थानीयो दिवं प्रापञ्चिकलोकागोचरं मथुरादीनामेव प्रकाशविशेषरूपं वैकुण्ठं गतः, तदा कलिर्लोकमविशत् । एषां स च प्रकाशः पृथिवीस्थोऽप्यन्तर्द्धानशक्त्या तामस्पृशन्नेव विराजते । अतस्तया न स्पृश्यते पृथिव्यादिभूतमयैरस्माभिर्वाराहोक्त-महाकदम्बादिरिव । यस्तु प्रापञ्चिकलोकगोचरो मथुरादिप्रकाशः, सोऽयं कृपया पृथिवीं स्पृशन्नेवावतीर्णः । अतस्तया च स्पृश्यते तादृशैरस्माभिर्दृश्यमानकदम्बादिरिव । अस्मिंश्च प्रकाशे यदावतीर्णो भगवांस्तदा तत्स्पर्शेनापि तत्स्पर्शात्तां स्पृशन्नेवास्ते स्म । सम्प्रति तदस्पृष्टप्रकाशे विहरमाणः

जब भगवान् श्रीविष्णु का श्रीकृष्णाख्य भानु द्युलोक 'दिवं' गमन किये थे, उस समय उस जगत में कलि का प्रवेश हुआ । कलि के कारण लोक समूह पाप में लिप्त हैं । यावत् पर्य्यन्त रमापति श्रीकृष्ण श्रीचरण युगल के द्वारा पृथिवी को स्पर्शकर विराजित थे, तावत् काल पर्य्यन्त पृथिवीस्थ जनगण के प्रति प्रभाव विस्तार कलि करने में असमर्थ थे । अन्तर्मुखीन जनगण के प्रति कलि किसी भी काल में प्रभाव विस्तार करने में सक्षम नहीं है ।

क्रमसन्दर्भ श्रीकृष्ण लोकमेव 'द्यु' शब्देनाप्याह—विष्णोरिति । यदा गुणावतारस्य भगवतो विष्णोस्तदंशत्वाद्रश्मि स्थानीयस्य कृष्णाख्यो भानुः सूर्य्य मण्डलस्थानीयः, दिवं—प्रापञ्चिक लोकागोचरं मथुरादीनामेव प्रकाशविशेषरूपं वैकुण्ठलोकं गतस्तदा कलिर्लोकमविशत् । एषां च प्रकाशविशेषरूपं वैकुण्ठलोकं गत स्तदा कलिर्लोकमविशत् एषां च प्रकाश. पृथिवीस्थोऽप्यन्तर्द्धानशक्त्या तामस्पृशन्नेव विराजते, अतस्तया न स्पृश्यते, पृथिव्यादिभूतमयैरस्माभि र्वाराहोक्तमहाकदम्बादिरिव, यस्तु प्रापञ्चिक लोक गोचरो मथुरादि प्रकाशः, सोऽयं कृपया पृथिवीं स्पृशन्नेवावतीर्णः । अतस्तया स्पृश्यते तादृशैरस्माभि र्दृश्यमानकदम्बादिरिव । अस्मिंश्च प्रकाश यदावतीर्णो भगवान्,तदा तत् स्पर्शेनापि तत् स्पर्शात्तां स्पृशन्नेवास्ते स्म । सम्प्रति तदस्पृष्ट प्रकाशे विरहमाणः पुनरस्पृशन्नेव भवति । यद्यप्येवम्, तथापि क्वचिद् द्वयोर्भेदेन क्वचिदभेदेन च विवक्षा तत्र तत्रावगन्तव्या ।

उक्त श्लोकद्वयका अर्थ इस प्रकार है—श्रीकृष्ण स्वयं भगवान्—सर्वावतारी होने के कारण सूर्य्यस्थानीय हैं । गुणावतार विष्णु—उनका अंश, हैं, रश्मिस्थानीय हैं । तदङ्गस्थ श्लोक में कथित है—'भगवान्' विष्णु का कृष्णाख्य भानु' अर्थात् भगवान् विष्णु का अवतारी श्रीकृष्ण हैं । उन श्रीकृष्ण जब द्यु लोक अर्थात् प्रापञ्चिक लोक के अगोचर में स्थित मथुरादि का प्रकाश विशेष रूप वैकुण्ठ लोक में गमन करते हैं, तब इस पृथिवी में कलि का प्रवेश हुआ । यहाँपर मथुरा, द्वारका, वृन्दावन धामके त्रिविध प्रकाश का वर्णन है ।—अप्रकट प्रकाश, अस्मद् दृश्यमान वर्तमान प्रकाश, एवं प्रकट प्रकाश यह है ।

अप्रकट प्रकाश—श्रीकृष्ण जिस प्रकाश में गमन कर सम्प्रति विहार करते हैं । उक्त प्रकाश, पृथिवीस्थ होने पर भी अन्तर्द्धान—शक्ति के द्वारा पृथिवी को स्पर्श न करके विराजित है । अतएव पाञ्च

पुनरस्पृशन्नेव भवति। यद्यप्येवं तथापि क्वचिद्द्वयोर्भेदेन क्वचिदभेदेन च विवक्षा तत्र तत्रावगन्तव्या। तदेतदभिप्रेत्याह—यावदिति। पराक्रन्तुमित्यनेन तत्पूर्वमपि कञ्चित् कालं व्याप्य प्रविष्टोऽसाविति ज्ञापितम् ॥शुकः॥

१०८। (बृ० ४।४।८) "तेन धीरा अपि यन्ति ब्रह्मविद उत्क्रम्य स्वर्गं लोकमितो विमुक्ताः"

भौतिक देहधारी व्यक्तिगण जिस प्रकार वराह पुराणोक्त वृन्दावनस्थित महाकदम्बादि का दर्शन नहीं कर पाते हैं, उक्त प्रकाश भी उस प्रकार पृथिवी को स्पर्श न ही करता है।

अस्मद् दृश्यमान प्रकाश—प्रापञ्चिक लोक समूह जिस मथुरादि का दर्शन स्वीय नेत्रसे करते रहते हैं, वह कृपापूर्वक-पृथिवी को स्पर्श न करके ही अवतीर्ण है। पाञ्चभौतिकदेहधारी व्यक्ति गण जिस प्रकार कदम्बादि वृक्ष को देखते रहते हैं, उस प्रकार पृथिवी भी इस प्रकाश को स्पर्श करने में सक्षम है।

प्रकट प्रकाश—दृश्यमान प्रकाश में जब श्रीकृष्ण अवतीर्ण होते हैं, तब आप इस प्रकाश में परिकर वर्ग के सहित विविध लीला विस्तार करते हैं। यह ही प्रकट प्रकाश है, जब श्रीकृष्ण प्रकट विहार करते हैं, तब आप इस वर्त्तमान प्रकाश को स्पर्श करते हैं। इस धाम का स्पर्श से ही पृथिवी का स्पर्श होता है, अतएव आपने पृथिवी को स्पर्श किया है, ऐसा कहा गया है। अर्थात् दृश्यमान पृथिवी को स्पर्श कर अवस्थित हैं। यदि श्रीकृष्ण उक्त प्रकाश को स्पर्श करते हैं, तब पृथिवी का भी स्पर्श होता है।

सम्प्रति श्रीकृष्ण पृथिवी का अस्पृष्ट प्रथमोक्त प्रकाश में अवस्थित हैं अतएव कहा गया है कि—पृथिवी को स्पर्श न करके ही श्रीकृष्ण विद्यमान हैं। इस अभिप्राय से ही कहा गया है कि—"यावत् पाद-पद्माभ्यां 'स्पृशन्नास्ते रमापतिः" यावत् काल पर्यन्त रमापति श्रीकृष्ण चरण कमल युगल के द्वारा पृथिवी को स्पर्श कर अवस्थित थे।" अर्थात् श्रीकृष्ण, कुछ समय चरण कमल युगलके द्वारा पृथिवी को स्पर्श करते थे, सम्प्रति आप पृथिवी को स्वीय चरण युगल के द्वारा स्पर्श कर नहीं हैं।

जब तक आप पृथिवी को स्वीयचरण द्वारा स्पर्श कर थे, तब तक कलि प्रभाव विस्तार करने में अक्षम थे। इस से बोध होता है कि—कुछ ही समय पूर्व में कलि का प्रवेश हुआ था।

सारार्थ यह है कि—श्रीकृष्ण सतत निजधाम में अवस्थित हैं, निज धाम त्याग कर पृथिवी में विहार नहीं करते हैं, तब श्रीकृष्ण का पृथिवी स्पर्श वर्णन कैसे सार्थक होगा? उत्तर,—जब भगवान् प्रकट हुते हैं, उस समय अस्मद् दृश्यमान मथुरा द्वारका श्रीवृन्दावन में सपरि कर अवस्थित होते हैं। दृश्यमान धाम समूह पृथिवी को स्पर्शकरते हैं, अतएव पृथिवी का स्पर्श उपपन्न होताहै, जिस समय अप्रकट लीला होती है, उस समय धाम समूह का अप्रकट प्रकाश पृथिवी में रह कर भी पृथिवी को स्पर्श नहीं करता है, अतएव श्रीकृष्ण का पृथिवी स्पर्श नहीं होता है।

मनुष्य का विश्वास है कि—जिस मथुरादि धाम को हम देखते हैं, वे सब वास्तविक धाम नहीं हैं, पृथिवी का प्रदेशविशेष है। किसी समय यहाँ श्रीकृष्ण आविर्भूत हुये थे। इस प्रकार कथन असमीचीन है, कारण—श्रीकृष्ण मायातीत सच्चिदानन्द विग्रह हैं, आप जिस समय प्रकट विहार करते हैं, उस समय नरलीलाहेतु अनेकविध मानव धर्म अङ्गीकार करते हैं, ईदृश लीलाविष्कार के प्रति हेतु उनकी करुणा है।

श्रीकृष्ण वपु के समान मथुरादि धाम भी मायातीतचिन्मय हैं। कृपा वशतः इस पृथिवी में प्रकाशित होते हैं, श्रीकृष्ण की नरलीला अङ्गीकार के समान श्रीधाम समूह भी लीलावशतः ही किसी किसी पार्थिव धर्म को अङ्गीकार करते हैं।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१०७)

इति श्रुत्यनुसारेण 'स्वर्ग'-शब्देनाप्याह, (भा० १०।६।३८) —

(१०८) "यातुधान्यपि सा स्वर्गमवाप जननीगतिम्" इति ।

अत्र 'जननीगतिम्' इति विशेषणेन लोकान्तरं निरस्तम् । तत्प्रकरण एव तदादीनां बहुशो गत्यन्तरनिषेधात् (भा० १०।१४।३५) "सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता" इत्यत्र साक्षात्तत्प्राप्तिनिर्द्धारणाच्च । तथा च केनोपनिषदि (१।१-२) दृश्यते—"केनेषितं मनः पतति, प्राणस्य प्राणश्चक्षुषश्चक्षुरतिमुच्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति" इत्युपक्रम्य (केन० १।४) "तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि" इति मध्ये प्रोच्य (केन० २।४) "अमृतत्वं हि विन्दते", (केन० ४।८) "सत्यमायतनम्", (केन० ४।९) "यो वा एतामुपनिषदं वेदापहत्य पाप्मानमनन्ते स्वर्गे

बृहदारण्यक श्रुति में वर्णित है—"ब्रह्मविद् धीर व्यक्तिगण—भक्तियोग प्रभाव से उत्क्रान्त होकर विमुक्त होते हैं, एवं स्वर्ग लोक गमन करते हैं," उक्त श्रुति में मुक्त प्राप्य स्थान श्रीभगवद्धाम को स्वर्ग शब्द से अभिहित किया गया है । उसके अनुसार श्रीमद् भागवत भी १०।६।३८ में भगवद्धाम को स्वर्ग शब्द से कहते हैं । "यातु धान्यपि सा स्वर्गमवाप जननी गतिम् ।" पूतना राक्षसी ने भी जननी गणों का प्राप्य स्थान स्वर्ग को प्राप्त किया ।

यहाँ—स्वर्ग को जननी गति शब्द के द्वारा प्रकाशित करने से उक्त स्वर्ग शब्द से प्रसिद्ध देवनिवास स्थल रूप स्वर्ग का निरास हुआ । कारण पूतनामोक्ष प्रसङ्ग में जननीगणकी गति—श्रीकृष्णलोक व्यतीत अन्यत्र नहीं है, बहुधा निषिद्ध भी हुआ है, ब्रह्मस्तव में उक्त है, पूतनाने कृष्ण को प्राप्त किया है ।

ब्रह्मा श्रीकृष्ण को कहे थे भा० १०।१४।३५

'सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता" इस वाक्य में साक्षात् रूप से ही स्पष्टतः ही श्रीकृष्ण प्राप्ति की वार्ता घोषित है । भक्तवेशानुकरण कारिणी पापिष्ठा पूतना भी कुलस्थ परिजन वर्ग के सहित आप को प्राप्त किया है । सुतरां स्वर्ग शब्द से श्रीकृष्ण लोक को ही जानना होगा । देव पुरी रूप स्वर्ग लोक नहीं । भगवद्धाम को स्वर्ग शब्द से कहा जाता है, उसका प्रसङ्ग केनोपनिषद् में है । "किसकी प्रेरणा से मनः निज विषय में गमन करता है ?" इत्यादि प्रश्न के बाद कहा गया है "जो प्राणों का प्राण है, चक्षुका चक्षु है, अर्थात् धीर व्यक्तिगण, सकलेन्द्रिय का प्रवर्त्तक परमात्मा हैं, इस प्रकार जानकर इस लोक से विमुक्त होकर अमरत्वलाभ करते हैं ।" प्रथम प्रश्न के उत्तर में कहा गया है, "तुम उनको ही ब्रह्म जानना ।' इस प्रकार कह कर 'ब्रह्म विदित होने से अमृतत्व का लाभ होता है, [द्वितीय उत्तर में कहा गया है– तपः दम, कर्म, वेद, वेदाङ्ग प्रभृति समुदय विद्या प्राप्ति का एकमात्र उपाय एवं सत्य का आश्रय एकमात्र ब्रह्म है । जो जन उक्त ब्रह्म को जानते हैं, वे सब पापों से मुक्त होकर सर्व महत्तर अनन्त स्वर्ग लोक में प्रतिष्ठित होते हैं । इस प्रकार उपसंहार किया गया है ।

"क्षीयन्ते चास्य कर्माणि" ब्रह्मविद् गण का कर्म क्षीण होता है, ज्ञात्वादेवं सर्वपाशापहानिः, परमेश्वर को जानने से बन्धन छिन्न होता है । यह श्रुति है । सुतरां देवगण कर्मतन्त्राधीन हैं, ब्रह्मविद् गण, कर्म बन्धन मुक्त हैं; अतः देवलोक से ब्रह्मविदों का गन्तव्य स्थान भिन्न है, देवलोक विनाशी है, किन्तु यहाँ स्वर्ग का विशेषण—अनन्त है, विनाशी का विशेषण अनन्त नहीं होता है । इस से स्वर्ग शब्द वाच्य देवलोक निरस्त हुआ है । स्वर्ग शब्दका अर्थ भगवद्धाम है, उसकी प्रतीति निबन्धन'सर्वमहत्तर' विशेषण योजित है । अतएव केनोपनिषद् प्रमाणानुसार बोध हुआ कि स्थल विशेष में भगवद्धाम भी स्वर्ग शब्द से अभिहित

लोके प्रतितिष्ठति" इत्युपसंहृतम् । 'ततः को वासुदेवः, किं तद्वनं को वा स्वर्गः किं तद्ब्रह्म ?'— इत्यपेक्षायां नारायणोपनिषदाह—"पुरुषो ह वै नारायणः" इत्युपक्रम्य पुनश्चाभ्यासेन "नित्यो देव एको नारायणः" इत्युक्त्वा नारायणोपासकस्य च स्तुतिं कृत्वा "तद्ब्रह्म नारायण एव" इति व्यज्य स्वर्गं प्रतिपादयिष्यन् "वैकुण्ठलोकं गमिष्यति, तदिदं पुरमिदं पुण्डरीकं विज्ञानघनं तस्मात्तडिदाभमात्रम्" इति वनलोकाकारस्य वैकुण्ठस्यानन्दात्मकत्वं प्रतिपाद्य स च तदधिष्ठाता नारायणः कृष्ण एवेत्युपसंहरति—"ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रः" इति ॥ श्रीशुकः ॥

१०९। 'काष्ठा'-शब्देनापि तमेवोद्दिशति, (भा० १।१।२३)—

(१०९)"ब्रूहि योगेश्वरे कृष्णे ब्रह्मण्ये धर्म्मवर्म्मणि ।
स्वां काष्ठामधुनोपेते धर्म्मः कं शरणं गतः ॥" ३५१॥

स्वां काष्ठां दिशम् । यत्र स्वयं नित्यं तिष्ठति, तत्रैव प्रापञ्चिकलोकसम्बन्धं त्यक्त्वा गते सतीत्यर्थः ॥ श्रीशौनकः ॥

होता है । अन्यत्र उपनिषद् में वर्णित हैं—

'स्वर्ग क्या है ? ब्रह्म क्या है ? वासुदेव कौन है ? उनका वन क्या है ? प्रश्नोत्तर में कहा गया है- 'पुरुष ही नारायण हैं, इस प्रकार कथनोपक्रम के पश्चात् अभ्यास के द्वारा पुनर्वार कथित हुआ है, 'नित्य देव एक नारायण हैं" इस प्रकार नारायणोपासक की स्तुति करने के पश्चात् कहा गया है—"वह ब्रह्म नारायण ही हैं" इस प्रकार व्यक्त करके स्वर्ग प्रतिपादन हेतु कहते हैं, "वैकुण्ठ लोक प्राप्त होगा ।" यह पुर कमलाकार विज्ञान घन स्वरूप है, अतएव तड़ित् के समान उद्भासित है । यहाँपर श्रीनारायण विराजित हैं ।" वनलोकाकार वैकुण्ठ की आनन्द स्वरूपता का प्रतिपादन के पश्चात् उक्त वैकुण्ठ का अधिष्ठाता श्रीकृष्ण ही हैं वह ही नारायण हैं, इस प्रकार उपसंहार किया है, ब्रह्मण्य उदार महत् दाता देवकी पुत्र ही हैं । यहाँ पर श्रुतिने श्रीकृष्ण लोक को स्वर्ग शब्द से कहा है ।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१०८)

भा० १।१।२३ में वर्णित है—

ब्रूहि योगेश्वरे कृष्णे ब्रह्मण्ये धर्म वर्मणि ।
स्वां काष्ठामधुनोपेते धर्मः कं शरणं गतः "

टीका—"पुनः प्रश्नान्तरं ब्रूहीति,-धर्मस्य वर्मणि कवचवद्रक्षके स्वां काष्ठां—मर्य्यादां स्वरूपमित्यर्थः । अस्य चोत्तरं—"कृष्णे स्वधामोपगते धर्म ज्ञानादिभिः सह इत्यादि श्लोकः ।" काष्ठा शब्द के द्वारा भी निज लोक सूचित हुआ है, श्री शौनक बोले थे—"हे सूत ! कवच के समान धर्म रक्षक ब्रह्मण्य योगेश्वर श्रीकृष्ण स्वीय काष्ठा को प्राप्त होने पर धर्म किस को अवलम्बन कर रहा ?

काष्ठा—शब्द का अर्थ दिक् है, स्वीय काष्ठा शब्द का अर्थ है जहाँ श्रीकृष्ण सतत विराजित हैं, उस का बोध होता है । अर्थात् प्रापञ्चिक लोक सम्बन्ध त्याग कर वहाँपर चले जाने पर—इस प्रकार कथन का अभिप्राय है ।

इस के पूर्व अनुच्छेद में श्रीधाम वृन्दावन के द्विविध प्रकाश कहा गया है, तन्मध्य में अप्रकट प्रकाश में श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं । समयपर लोक नयन गोचरीभूत होकर प्रकट विहार करते हैं । उस

११० । तदेवमभिप्रेत्य द्वारकायास्तावन्नित्य-श्रीकृष्णधामत्वमाह, (भा० १०।६०।३५)—
(११०) "सत्यं भयादिव गुणेभ्य उरुक्रमान्तः शेते समुद्र उपलम्भनमात्र आत्मा ।
नित्यं कदिन्द्रियगणैः कृतविग्रहस्त्वं त्वत्सेवकैर्नृपपदं विधुतं तमोऽन्धम् ॥"३५२।
अयमर्थः,—पूर्वं श्रीकृष्णदेवेन श्रीरुक्मिणीदेव्यै (भा० १०।६०।१२) —
"राजभ्यो बिभ्यतः सुभ्रु समुद्रं शरणं गतान् ।
बलवद्भिः कृतद्वेषान् प्रायस्त्यक्तनृपासनान् ।;"३५३॥
(भा० १०।६०।११) —"कस्मान्नो ववृषे" इति परिहसितम् । तत्रोत्तरमाह—सत्यमिति ।
अत्र आत्मा त्वमित्येतयोः पदयोर्युगपच्छेते इति क्रियान्वयायोगात् विशेषणविशेष्यभावः प्रतिहन्यते । वाक्यच्छेदभेदे तु कष्टतापतेत् । ततश्चोपमानोपमेयभावेनैव ते उपतिष्ठतः । इयञ्च

समय दुष्ट दमन प्रभृति प्रापञ्चिक कार्य्य अनुष्ठित होता है । कियत् कालानन्तर प्रकट विहार के पश्चात् इस श्रीवृन्दावन का ही अप्रकट प्रकाश में गमन करते हैं, उस समय प्रापञ्चिक सम्बन्ध नहीं रहता है । इस अप्रकट प्रकाश ही "स्वां काष्ठां स्वीय दिक् शब्द से अभिहित है । उक्त प्रमाण समूह के द्वारा श्रीवृन्दावन का प्रपञ्चातीतत्व प्रदर्शित हुआ ।

श्रीशौनक कहे थे ।१०९।

श्रीभगवद्धाम समूह का प्रपञ्चातीतत्वस्थापित होने पर द्वारका का नित्य श्रीकृष्ण धामत्व को कहते हैं, भा० १०।६०।३५ में उक्त है—"हे उरुक्रम ! चैतन्यघन आत्म स्वरूप आप हैं, मायिक गुणों से भीत होकर मानों आप अन्तर्हृदय में अवस्थित हैं । दुष्ट इन्द्रियपरायण राजन्यवृन्द सतत आपके प्रति विरुद्धाचरण करते रहते हैं, आप भी तद्रूप उसके भय से समुद्र मध्यस्थित द्वारका में लुक्कायित होकर अवस्थित हैं, आपने नृपासन त्याग किया है, यह भी सत्य है, आपके सेवक गण भी गाढ़ तमः स्वरूप नृपासन त्याग करते हैं । सुतरां आपका नृपासन त्याग, आश्चर्य्य का विषय क्या है ?

श्लोक का अर्थ इस प्रकार है—इसके पहले श्रीकृष्णदेव श्रीरुक्मिणी देवी को परिहास पूर्वक कहे थे-, हे सुभ्रु ! मैं राजन्यवृन्द से भीत होकर समुद्र में शरणागत हूँ । बलवान् राजन्यवृन्द के विद्वेष के कारण-राज्यासन से वञ्चित हूँ । तुमने असदृश मुझ को वरण क्यों किया ? श्रीरुक्मिणी देवीने उत्तर में कहा—

"सत्यं भयादिव गुणेभ्यउरुक्रमान्तः शेते समुद्र उपलम्भनमात्र आत्मा ।
नित्यं कदिन्द्रियगणैः कृत विग्रहस्त्वं त्वत् सेवकं नृपपदं विधुतं तमोऽन्धम् ॥

इस श्लोकस्थ 'आत्मा' एवं 'त्वं' कर्त्तृपद द्वय के सहित 'शेते' क्रिया का युगपत् अन्वय होना असम्भव है । अतः पदद्वय का विशेषण विशेष्य भाव व्याहत हुआ है ।

अर्थात् 'आत्मा' पद 'त्वं' पद का विशेषण नहीं हो सकता है, उक्त पदद्वय का कर्त्तृत्व को सफल करने के निमित्त उक्त श्लोक को द्विधा विभक्त करना भी कष्ट साध्य होगा, सुतरां 'आत्मापद—उपमान है, और "त्वं" पद उपमेय है । इस प्रकार से अर्थ सङ्गति होती है, यहाँ 'लुप्तोपमा' अलङ्कार है, उसका लक्षण यह है—कथञ्चित् साधर्म्यमुपमा । उपमान उपमेय में किसी प्रकार समानधर्म द्वारा जो सम्बन्ध, उसको उपमा कहते हैं । पूर्णा एवं लुप्ता भेद से उपमा दो प्रकार हैं, 'लुप्ता तु लोपतः' । धर्म इवादि उपमा वाचक शब्द एवं उपमान प्रभृति के लोप से लुप्ता उपमा होती है ।

अतः, आत्मा,—साक्षी, अर्थात् परमात्मा जिस प्रकार, गुण समूह—अर्थात्—सत्त्वादि मायिक गुण

लुप्तोपमा। तथा च आत्मा साक्षी यथा गुणेभ्यः सत्त्वादिविकारेभ्यस्तत्स्पर्शलिङ्गाद्भयादिव समुद्रे तद्वदगाधे विषयाकारैरपरिच्छिन्ने उपलम्भनमात्रे ज्ञानमात्रस्वशक्त्याकारे अन्तर्हृदये नित्यं शेते, अक्षुभिततया नित्यं प्रकाशते। हे उरुक्रम तथा त्वमपि तेभ्यः सम्प्रति तद्विकारमयेभ्यो राजभ्यो भयादिव उपलम्भनमात्रे वैकुण्ठान्तरवत् चिदेकविलासे अन्तः समुद्रे द्वारकाख्ये धाम्नि नित्यमेव शेषे, स्वरूपानन्दविलासैर्गूढं विहरसि। अर्थवशाद्विभक्ति-विपरिणामः प्रसिद्ध एव। उदाहरिष्यते च तत्र नित्यस्थायित्वम् (भा० ११।३१।२३) "द्वारकां हरिणा त्यक्ताम्" इत्यादौ (भा० ११।३१।२४) "नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः" इति।

विकार से,—स्पर्श न हो, इस प्रकार भयसे ही, मानों जिस प्रकार समुद्र में—अर्थात् समुद्र के समान अगाध विषयाकार के द्वारा अपरिच्छिन्न है, उपलम्भन मात्र है,—ज्ञान मात्र स्वशक्त्याकार—अन्तर्हृदय में नित्य शयन करते हैं। अर्थात् अक्षुब्ध भावसे प्रकाशित होते हैं, हे उरुक्रम ! तद्रूप तुम भी सम्प्रति गुण विकारमय राजन्य वर्ग से भीत होकर ही मानों उपलम्भन मात्र,—अर्थात् वैकुण्ठान्तरवत् विशुद्ध चिच्छक्ति की विभूति रूप समुद्र के अभ्यन्तर में अवस्थित श्रीद्वारका नामक निजधाम में नित्य शयित हैं, अर्थात् स्वरूपानन्द का विचित्र विलास में सत्य ही निगूढ़ भाव से विहरण शील हो। 'आत्मा' कर्त्तृ पद के सहित श्लोकोक्त प्रथम पुरुषीय क्रिया 'शेते' का अन्वय है। 'त्वं' कर्त्तृ पद के सहित 'शेषे' क्रिया पद का व्यवहार हुआ है, अर्थानुरोध से विभक्ति को रूपान्तरित करने की रीति चिरन्तनी है।

भा० ११।३१।२३ में श्री शुकदेव कर्त्तृक उदाहरण प्रस्तुत हुआ है।

"द्वारकां हरिणा त्यक्तां समुद्रोऽप्लावयत् क्षणात् वर्जयित्वा महाराज श्रीमद् भगवदालयम्।
नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः। स्मृत्याऽशेषाशुभहरं सर्वमङ्गलमङ्गलम्॥

"महाराज ! श्रीकृष्ण परित्यक्त द्वारका धाम को समुद्र ने जलप्लावित किया था, किन्तु श्रीभगवदालय यथावत् था। वह प्लावित नहीं हुआ। कारण, उक्त आलय में भगवान् मधुसूदन नित्य सन्निहित हैं, उक्त भगवदालय का स्मरण करने से समुदय अशुभ विनष्ट होते हैं, वह सर्व मङ्गलों का मङ्गल स्वरूप है।"

क्रमसन्दर्भ—द्वारका लीलाया अनित्यत्वमाशङ्क्य दुःखितं राजानं तन्नित्यत्वेन तं बन्धुभिः सार्कं भगवतो द्वारकायामेव नित्यां स्थितिमाह, द्वारकामिति—युग्मकेन। लोक दृष्ट्यैव हरिणा त्यक्ताम्, अत्यक्तामिति वा, "नित्यं सन्निहितः" इति वक्ष्यमाणात्। ततश्चोभयथाप्याप्लावनम्—परितो जलेन परिखावदावरणम्। तज्जल मज्जनञ्च समुद्रेणैव श्रीभगवदाज्ञयात्यक्तभूमिलक्षणस्य हस्तिनापुर प्रस्थापित बहिर्जन गृहाद्यधिष्ठान—बहिरावरणस्यैव, तथा रचनं—विश्वकर्मणा अस्यैव प्रकट लीलायाः प्रापञ्चिक मिश्रत्वादतः सुधर्मादीनां स्वर्गादागमनञ्च युज्यते। अप्रकट लीलायां ततोऽपि विस्तरं सभान्तरादिकमपि स्यात्। श्रीमान् यादवादि गृहवृन्द लक्षण शोभोपशोभावान् यो भगवदालयस्तं वर्जयित्वा। तदेवमद्यापि समुद्रमध्ये कदाचिदसौ दूरतः किञ्चिद् दृश्यत इति तत्रत्यानां महती प्रसिद्धिः। तत्र महाराजेति सम्बोधनम्-दृष्टान्त गर्भम्, यद्वा, महान्तो राजानो यादवलक्षणा—यत्र, तथाभूतं, तदालयं श्रीकृष्णनित्य धाम रूपं द्वारकापुरम्, न केवलं पुर मात्रास्तित्वम्। तत्र श्रीमति भगवदालये मधुसूदनः श्रीकृष्णोनित्यमेव सन्निहितः अर्थात् तत्रत्यानाम्, किं वान्—तत्र सन्निहितः ? भगवान् यादवादि—लक्षणाखिलनिजैश्वर्य्यवानेव। तद स्वयमेव विशिनष्टि—स्मृत्येति, साक्षादधुना व्यक्त—तद् दर्शनाभावात् स्मृत्येत्युक्तम्। यः स्वयमेवम्भूत-स्तस्य त्वन्यथा सम्भावितत्वमपि नास्तीतिभावः एवमेव विष्णुपुराणे—'प्लावयामास तां शून्यां द्वारकाञ्च महोदधिः। यदुदेव गृहन्त्वेकं नाप्लावयत सागरः। नात्यक्रामत्ततो—ब्रह्मन् स्तदद्यापि महोदधिः, नित्यं

अतो वस्तुतस्तस्य तदाश्रयकस्य जीवचैतन्यस्य यदि तेभ्यो भयं नास्ति, तदा सुतरामेव तव नास्ति, किन्तूभयत्रापि स्वधामैकविलासित्वात्तत्रौदासीन्यमेव भयत्वेनोत्प्रेक्षत इति भावः। एवं तस्य तव च समञ्जसता। तेषान्तु दौरात्म्यमेवेत्याह—तथाप्यात्मा कुत्सितानामिन्द्रियाणां गणैस्तदीयनानावृत्तिरूपैः कृतो विग्रहो यत्र तथाविधः, त्वमपि कुत्सितेन्द्रियगणो येषां तथाभूतै राजभिः कृतविग्रहः। उभयत्राप्यावरणधाष्ट्र्यम्।

सन्निहित स्तत्र भगवान् केशवो यतः। तदतीव महापुण्यं सर्वपाप—प्रणाशनम्। विष्णु क्रीड़ान्वितं स्थानं दृष्ट्वा पापात् प्रमुच्यते।' इति। तथैव श्रीहरिवंशे यादवान् प्रति इन्द्रप्रेषितस्य श्रीनारद वाक्यम्—। विष्णु पुराणे, कृष्णो भोगवतीरम्यामृषिकान्तो महायशाः। द्वारकामात्मसात् कृत्वा समुद्रं गमयिष्यति। इत्यत्रात्मसात् कृत्वेति, नतु त्यक्त्वेति।"

श्लोकस्थ 'हरिणात्यक्ता' पद के अर्थ दो प्रकार हैं, लोक दृष्टि से श्रीहरि के द्वारा परित्याग, अथवा श्रीहरि के द्वारा अत्यक्ता, 'हरिणा+अत्यक्ता' कारण द्वितीय श्लोक में उक्त है, 'नित्य सन्निहितः' वह परमधुसूदन नित्य अधिष्ठित हैं, उभय अर्थ में ही प्लावन, श्रीभगवदालय के चतुर्दिक में परिखा के समान आवरण जलके द्वारा है, जलमग्नस्थान, श्रीभगवदालयके बहिर्देश है, जहाँ श्रीभगवत् पार्षदभिन्न अपर जनों का आवासस्थान था। श्रीभगवदिच्छा क्रमसे तत्रस्थ लोक समूह का अप सारण कर हस्तिनापुर में प्रस्थापित हुआ था उसके बाद उक्तस्थान में जलप्लावन श्रीभगवदाज्ञा से हुआ था, सुधर्मा से भी दिव्यतरसभा एवं यादवों के भवन समन्वित श्रीभगवदालय प्लावित नहीं हुआ। अधुनातन काल में भी कभी कभी समुद्र के मध्य में दूर से भगवत पुरी का किञ्चिदंश दृष्ट होता है। इस प्रकार प्रसिद्धि उक्त देशवासिओं के मध्य में है।

परिहास प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण ने श्रीरुक्मिणी देवी को कहा था—राजन्यवृन्द के भय से भीत होकर समुद्र के मध्य में अवस्थान करता हूँ। उत्तरमें देवीने कहा—द्वारका में जिन सबकी नित्यस्थिति है, उनसब के आश्रय तुम हो, उस प्रकार जीव चैतन्य का ही जब मायिक गुण विकार से भय नहीं है, तब जो विभु चैतन्य—निखिल जीवों का आश्रय है, इस प्रकार आप का भय त्रिगुणात्मिका माया से नहीं है।

किन्तु अणु चैतन्य जीव है, एवं विभु चैतन्य श्रीकृष्ण हैं, आप ही निज स्वरूप में अवस्थित होने के कारण मायिक गुण विकारों से भय, उभय का नहीं है, गुण विकार से उदासीन है। उक्त औदासीन्य को ही भय रूप में उत्प्रेक्षा की गई है। यह ही मर्म्मार्थ है।

श्रीरुक्मिणी देवी का अभिप्राय यह है कि—मुक्त जीवात्मा एवं तुम्हारे में सामञ्जस्य है। तेषान्तु दौरात्म्यमाह—उस सब का दौरात्म्य को कहती है, गुण विकार एवं जरासन्ध प्रभृति राजन्य वर्ग का दौरात्म्य को कहती है। 'तथापि आत्मा' आत्मा एवं श्रीकृष्ण,-उभय ही निज स्वरूप में विलसित होने पर भी, आत्माके कुत्सित् इन्द्रिय वर्ग के—अर्थात् इन्द्रिय वर्ग की विविध वृत्ति के सहित विरुद्ध धर्म विद्यमान हेतु सतत विवाद है। उस प्रकार तुम्हारे सहित कुत्सित् इन्द्रिय राजन्य वर्ग का विरुद्ध धर्म विद्यमान हेतु विरोध है।

यहाँ 'विग्रह' शब्द से उभयत्र आत्मा एवं श्रीकृष्ण में। स्वरूप धर्म आवरण की चेष्टारूप धृष्टता को जानना होगा। अर्थात् इन्द्रिय वृत्ति समूह जड़ विषय संसर्ग से मलिन होकर ज्ञानाश्रय, ज्ञान गुण, चेतन, प्रकृत्यतीत आत्माका स्वरूप को आवृत करती है, अर्थात् उक्त स्वरूप धर्म विस्तार में विघ्न अवस्थित करती है। कर्म बद्ध को जीवरूप में प्रतीति कराती है, कुत्सितेन्द्रिय राजन्यवर्ग भी स्वरूपानन्द से परिपूर्ण

यद्येवम्भूतस्त्वम्, तर्हि का तव नृपासनपरित्यागे हानिः ? तत्तु त्वत्सेवकैः प्राथमिक-त्वद्भजनोन्मुखैरेव विधृतं त्यक्तम् । तच्चोक्तं तयैव (भा० १०।६०।४१) —',यद्वाञ्छया नृपशिखामणय:" इत्यादिना । यतोऽन्धं तम एव तत्, प्राकृतसुखमयत्वात्, अतः श्रीद्वारकाया नित्यत्वमपि ध्वनितम् ॥ श्रीरुक्मिणीदेवी श्रीभगवन्तम् ॥

१११। अथ श्रीमथुरायाः (भा० १०।१।२८) —

(१११) "मथुरा भगवान् यत्र नित्यं सन्निहितो हरिः" इति ।

अर्थात् तत्रत्यानाम् ॥ श्रीशुकः ॥

११२। (भा० ४।८।४२) —

(११२) "तत् तात गच्छ भद्रं ते यमुनायास्तटं शुचि :
पुण्यं मधुवनं यत्र सान्निध्यं नित्यदा हरेः ॥"३५४॥

स्पष्टम् ॥ श्रीनारदो ध्रुवम् ॥

हैं। स्वरूप शक्ति विलासी, सर्व शक्ति वर्ग निषेवित चरण तुम को साधारण जनके समान प्रतिपन्न करने के निमित्त चेष्टाशील हैं। किन्तु उस सब की चेष्टा सुदूर पराहत है। तुम स्वरूपानन्द से परिपूर्ण होने के कारण जब निश्चिन्त हो गये, तब राजसिंहासन परित्याग से हानि क्या हुई है ? उसका परित्याग तो तुम्हारे प्रथम भजनोन्मुख व्यक्ति ही करता है।

उक्त अध्याय के अन्तिम में श्रीरुक्मिणी बोलीं ।

"यद्वाञ्छया नृपशिखामणयोऽङ्ग वैण्य जायन्त नाहुषगयादय ऐकपत्यम् ।
राज्यं विसृज्य विविशु वन मम्बुजाक्ष सीदन्ति तेनु पदवीं त इहस्थिताः किम् ॥

"हे अरविन्दलोचन ! नृपशिखामणि स्वरूप अङ्ग, पृथु, भरत, ययाति एवं गय प्रभृति राजन्य वर्ग आप को प्राप्त करने के निमित्त राज्य त्यागकर वन में प्रविष्ट हुये थे, एवं आप के चरणार विन्द के सामीप्य प्राप्त किये थे। वे सब कभी भी अवसन्न नहीं हुये थे।"

इस श्लोक में भी द्वारका का नित्य धामत्व ध्वनित हुआ है। अङ्ग पृथु प्रभृति राजन्य वृन्द श्रीकृष्णाविर्भाव के अनेक पूर्व में आविर्भूत हुये थे। श्रीद्वारका में श्रीकृष्ण लीला विद्यमान होने से ही उक्त नृपति वृन्द श्रीकृष्णसान्निध्य लाभ हेतु राज्यादि परित्याग पूर्वक वन गमन किये थे।

अन्य स्वरूप में अन्यधाम में निवास करने पर श्रीरुक्मिणी देवी की उक्त उक्ति सार्थक नहीं होती।

श्रीरुक्मिणी देवी श्रीभगवान् को कही थीं ॥११०॥

अनन्तर श्रीमथुरा का नित्य धामत्व का प्रति पादन करते हैं। भा० १०।१।२८ में वर्णित है—

"राजधानी ततः साभूत् सर्वयादव भू भुजाम् ।
मथुरा भगवान् यत्र नित्यं सन्निहितोहरिः ॥'

जहाँ श्रीहरि नित्यसन्निहित हैं, उस मथुरा में समस्त यादव भू पति की राजधानी हुई थी" यह सन्निधि—मथुरा निवासिगणों के सम्बन्ध में ही जानना होगा। जहाँपर श्रीहरि नित्य सन्निहित हैं, उस स्थान का नित्यत्व की प्रतीति अनायास होती है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१११)

श्रीमथुरा में कृष्ण की नित्यस्थिति की वार्त्ता अन्यत्र भी प्रसिद्ध है, भा० ४।८।४२ में श्रीनारद ने

११३। तस्य हरेः श्रीकृष्णत्वमेव व्यनक्ति, (भा० ४।८।६२)—

(११३) "इत्युक्तस्तं परिक्रम्य प्रणम्य च नृपार्भकः।
ययौ मधुवनं पुण्यं हरेश्चरणचर्च्चितम् ॥"३५५॥

पाद्मकल्पारम्भकथने प्रथमस्वायम्भुवमन्वन्तरे तस्मिन् हरेश्चरणचर्चितत्वं श्रीमथुरायास्त-न्नित्यतया। श्रीकृष्णावतारस्य। तथा हरि-शब्देनाप्यत्र श्रीकृष्ण एव विवक्षितः, श्रुत्यादौ तदर्थस्थिति-प्रसिद्धेः। प्रतिकल्पमाविर्भावात् तस्यैव चरणाभ्यां चर्च्चितमिति श्रीकृष्णस्यैव नित्यसान्निध्यं गम्यते। अतएव द्वादशाक्षरविद्यादैवतस्य श्रीध्रुवाराध्यस्य स्वयमत एव तत्रा-गमनमभिहितम् (भा० ४।९।१) "मधोर्वनं भृत्यदिदृक्षया गतः" इत्यनेनेति॥ श्रीमैत्रेयः॥

११४। अथ श्रीवृन्दावनस्य (भा० १०।११।३)—

(११४) "स च वृन्दावनगुणैर्वसन्त इव लक्षितः।
यत्रास्ते भगवान् साक्षात् रामेण सह केशवः॥" ३५६॥

ध्रुव को कहा—

"तत् तातगच्छ भद्रं ते यमुनायास्तटं शुचि।
पुण्यं मधुवनं यत्र सान्निध्यं नित्यदा हरेः॥"

हे तात! यमुना के तट देश में परम पवित्र मधुवन है, यहाँ श्रीहरि नित्य अवस्थित हैं, तुम उस मथुरा को जाओ।" सुस्पष्ट रूप से श्रीनारद ध्रुव को कहे थे॥११२॥

उक्त श्लोक में जिस श्रीहरि का उल्लेख है, वह हरि श्रीकृष्ण ही हैं, उसका विवरण भा० ४।८।६२ में ही है—

"इत्युक्तस्तं परिक्रम्य प्रणम्य च नृपार्भकः।
ययौ मधुवनं पुण्यं हरेश्चरण चर्चितम्॥"

देवर्षि नारद के द्वारा उपदिष्ट होकर नृपनन्दनध्रुव उनको प्रणाम एवं प्रदक्षिणा करके श्रीहरि चरणाङ्कित मथुरा गमन किये थे। प्रथम स्वायम्भुव मन्वन्तरस्थ प्रथम पाद्मकल्पारम्भ में उक्त वृत्तान्त हुआ था। उस समय ही मथुरा को श्रीहरि चरण चर्चित रूप से कहा गया है, अतएव मथुरा का नित्यत्व प्रति पादन उक्त वर्णन से ही होता है। कारण मथुरा में ही श्रीकृष्णावतार है। उस प्रकार श्लोकस्थ 'हरि' शब्द से श्रीकृष्ण को ही कहा गया है। श्रुत्यादि में मथुरा में श्रीकृष्णावस्थिति का प्रसिद्ध वर्णन है। प्रति कल्प में आविर्भूत होने के कारण श्रीकृष्ण का नित्यसान्निध्य है, अर्थात् प्रति कल्प में श्रीकृष्ण मथुरा में आविर्भूत हैं। अतएव श्रीकृष्ण मथुरा में नित्य सन्निहित हैं।

उनके चरण चिह्नों के द्वारा मथुरा चर्च्चित है। अतएव द्वादशाक्षर मन्त्रके देवता ध्रुवप्रिय श्रीहरि का आगमन अ यत्र से हुआ था, भा० ४।९।१ में वर्णित है—

"मधोर्वनं भृत्य दिदृक्षया गतः" "भृत्य को देखने के निमित्त मधुवन आप गये थे।" श्रीमैत्रेय कहे थे॥११३॥

अनन्तर श्रीवृन्दावन का नित्यत्व प्रतिपादन करते हैं। भा० १०।११।३ में वर्णित है—

"स च वृन्दावन गुणैर्वसन्त इव लक्षितः
यत्रास्ते भगवान् साक्षात् रामेण सह केशवः॥"

अत्र यत्रासीदित्यप्रोच्य यत्रास्त इत्युक्त्या नित्यस्थितित्वमेव व्यक्तीकृतम् ॥ श्रीशुकः ॥

११५। अथवा त्रिष्वप्येतदेवोदाहरणीयम् (भा० १०।९०।४८)—

(११५)"जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो, यदुवरपरिषत् स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्म्मम् ।
स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मितश्रीमुखेन, व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम् ॥"३५७॥

यदुवराः परिषत् सभ्यरूपा यस्य सः; देवकीजन्मवादस्तज्जन्मत्वेन लब्धख्यातिः। देवक्यां जन्मेति वादस्तत्स्वबुभुत्सुकथा यस्य स इति वा श्रीकृष्णो जयति परमोत्कर्षेण सर्वत्र विराजते। लोहितोष्णीषाः प्रचरन्तीतिवत् यदुवरसभ्यविशिष्टतयैव जयाभिधानम् । अत्र

सम्प्रति ग्रीष्म ऋतु होने से भी श्रीवृन्दावन के गुणों से ही वृन्दावन वसन्त काल परिमण्डित दृष्ट होता है, कारण यहाँपर साक्षात् भगवान् केशव, बलराम के सहित विराजित हैं।

उक्त श्लोक में 'यत्रासीद्" जहाँ थे, इस प्रकार न कह कर 'यत्रास्ते' जहाँ हैं। इस प्रकार कहने से श्रीकृष्ण के सहित श्रीवृन्दावन की नित्यस्थिति सूचित हुई है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥११४॥

भा० १०।४४।१३ में भी उक्त है—

पुण्यावत व्रजभुवो यदयं नृलिङ्ग गूढः पुराण पुरुषो वनचित्रमाल्यः ।
गाः पालयन् सह बलः क्वणयंश्च वेणु विक्रीड़याञ्चतिगिरित्ररमार्च्चिताङ्घ्रिः ॥

टीका—अन्या ऊचुः । पुण्या बतेति । नृलिङ्गेन मनुष्य देहेन गूढः । वनजानि चित्राणि माल्यानि यस्य सः। 'गिरित्रः शिवः रमा च' ताभ्यामर्च्चितावङ्घ्री यस्य सः । अयं भावः । धिगिमां सभां यस्यामयं पराभूयते । तास्तु व्रजभुवो धन्याः, यस्याः यद् यासु अयं कृष्णो विविध क्रीड़या अञ्चति गच्छन्तीति ॥

रङ्गस्थल गत श्रीकृष्ण को देखकर माथुर रमणी गण बोली थीं, "अहो ! व्रज भूमि परम पुण्यवती है, कारण, मनुष्य चिह्न से गूढ़ परम पुरुष श्रीकृष्ण, विचित्र वनमालासे विभूषित होकर बलराम के सहित गो पालन कर विहार करते रहते हैं। गिरिश, रमा, इनका चरणार्चन करते हैं।'

सन्दर्भ—अत्र पूर्वोदाहृत श्रुत्याद्यवष्टम्भेन तिष्ठन्ति पर्वता इति वदञ्चति, सदैव विहरतीति मथुरा-स्त्रीणां श्रीभगवत् प्रसादजा यथावद् भारती निःसृतिरियमिति व्याख्येयम् ॥ श्रुतिबलीयसी है, 'साक्षात् उपदेश श्रुतिः।' यहाँ अञ्चति क्रिया के द्वारा साक्षात् रूप से ही श्रीकृष्ण का नित्य व्रजविहार उक्त है, पर्वत समूह विद्यमान हैं, ऐसा कहने से पर्वत समूह की नित्यस्थिति का बोध होता है। उस प्रकार ही अञ्चति क्रिया के द्वारा गोकुल में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति का बोध होता है।

श्रीभगवत कृपा से ही मथुराङ्गना वृन्द की वाणी निःसृता हुई है। अन्यथा पुरस्त्री गणों की वर्णना के समय श्रीकृष्ण मथुरा में अवस्थित थे, उसमें व्रजविहार करते रहते हैं, इस प्रकार वर्त्तमान क्रिया का प्रयोग नहीं होता। कारण,प्रकट लीला में श्रीकृष्ण उस समय व्रजमें नहीं थे। अप्रकट लीलामें श्रीकृष्ण सतत श्रीवृन्दावन में अवस्थित हैं, इस को व्यक्त करने के निमित्त श्रीभगवत कृपाशक्ति की उस प्रकार वर्णन करने की प्रेरणा हुई थी। पुरस्त्रियों का परस्पर कथन है (११४)

अथवा द्वारका, मथुरा गोकुल—नामक धामत्रय में ही श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं, इसका उदाहरण श्रीमद्भागवत के १०।९०।४८ में है—

"जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो, यदुवरपरिषत् स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्म्मम् ।
स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मितश्रीमुखेन, व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम् ॥"

'यदुवर'-शब्देन श्रीव्रजेश्वर-तद्भ्रातरोऽपि गृह्यन्ते, तेषामपि यदुवंशोत्पन्नत्वेन प्रसिद्धत्वात्। तथा च भारततात्पर्य्ये श्रीमध्वाचार्य्यैरेवं ब्रह्मवाक्यत्वेन लिखितम्—

"तस्मै वरः स मया संनिसृष्टः, स चास नन्दाख्य उतास्य भार्य्या।
नाम्ना यशोदा स च शूरतात,—सुतस्य वैश्याप्रभवस्य गोपः॥" ३५८॥ इति।

शूरतातसुतस्य शूरसपत्नीमातृजस्य वैश्यायां तृतीयवर्णायां जातस्य सकाशादास बभूवेत्यर्थः।

जो निखिल जीवों का एकमात्र आश्रय स्वरूप हैं, वह ही देवकी से जन्म ग्रहण किये हैं, जिन की ख्याति भी वैसी है। यादव श्रेष्ठ वृन्द जिनके परिषद् हैं, निज बाहुद्वय के द्वारा जो निरन्तर अधर्म का निरसन करते रहते हैं, उससे स्थावर जङ्गमों का क्लेश विदूरित होता है, जो सुस्मित श्रीमुख कमलके द्वारा व्रजपुर वनिता का काम वर्द्धन करते रहते हैं। वह श्रीकृष्ण जययुक्त होकर विराजित हों।"

श्लोकार्थ इस प्रकार है—

यदुवरगण परिषत्—सभ्य हैं जिनके, आप यदुवर परिषत् हैं। देवकी जन्मवाद—देवकी से जन्म ग्रहण निबन्धन जिनकी ख्याति विस्तृत हुई है, अथवा देवकी में जन्मवाद—तत्त्व जिज्ञासु गण-जिनके सम्बन्ध में कहते रहते हैं, उन श्रीकृष्ण सर्वोत्कर्ष से सदैव विराजित हैं।

यहाँ यदुवर परिषत् विशेषण के द्वारा इस प्रकार बोध होता है,—'लोहितउष्णीषधारि ऋत्विक विचरण कर रहे हैं,' "इस प्रकार कहने से जिस प्रकार लोहित उष्णीष विशिष्ट रूप में विचरण का बोध होता है, उस प्रकार यदुवर परिषत् विशिष्ट रूप में श्रीकृष्ण की जय कीर्त्तित है।

यहाँ यदुवर शब्द से श्रीवसुदेव प्रभृति के समान श्रीव्रजराज एवं तदीय भ्रातृवर्ग का ग्रहण भी होगा। कारण—वे सब भी यदु वंशोत्पन्न हैं। श्रीमन्मध्वाचार्य चरण ने भी भारत तात्पर्य्य में ब्रह्मा का कथन कहकर लिखा है,

"तस्मै वरः स मया संनिसृष्टः, स चास नन्दाख्य उतास्य भार्य्या।
नाम्ना यशोदा स च शूरतात्, सुतस्य वैश्या प्रभवस्य गोपः॥"

"द्रोण एवं धरा को मैंने वर प्रदान किया था। वह द्रोण—नन्द नामसे, तदीय पत्नी—यशोदानाम से ख्यात हैं। नन्द, वैश्या सम्भूत—शूरतात पुत्र का पुत्र गोप हैं।' इसका अभिप्राय यह—यदु वंशीय देवमीढ़ की दो पत्नी थीं, एक क्षत्रिया, अपर वैश्या, शूर—क्षत्रिया से उत्पन्न हुआ था, एवं पर्ज्जन्य—वैश्य गर्भ सम्भूत है, 'मातृवत् वर्ण सङ्कर' न्याय से पर्ज्जन्य का वैश्यत्व हुआ, और आप गोप जाति के हुये। श्रीनन्द, उक्त पर्ज्जन्य के पुत्र हैं, श्रीवसुदेव,—शूर के पुत्र हैं, एतज्जन्य श्रीवसुदेव श्रीव्रजराज को 'भ्रातः' शब्द से बारम्बार सम्बोधन करते हैं। उक्तरूप से उनके वंश पर्य्याय को अङ्गीकार करने पर सम्बोधन का अर्थ स्वाभाविक प्रतीत होता है।

श्रीशुकदेव भी श्रीनन्द को श्रीवसुदेव के भ्राता कहे हैं। "वसुदेव उपश्रुत्य भ्रातरं नन्दमागतम्॥ श्रीवसुदेव ने सुना कि—'भ्राता नन्द का आगमन हुआ है," भा० १०।५।२० के श्रीमन्मुनीन्द्र वचनके अनुसार निर्णीत हुआ कि श्रीनन्द—यदु वंशसम्भूत हैं। यह उपलक्षण है, श्रीव्रजराज के भ्रातृ वर्ग भी यदुवंशस्थ हैं। श्रीबलदेव व्रजराज प्रभृति को यदुवंशान्तर्भुक्त रूप में कहे हैं। स्कन्द पुराण के मथुराखण्ड में वर्णित है— "इन्द्र वृष्टि निवारण के द्वारा यादवों की रक्षा की गई।" "जहाँपर यदुवंशिइन्द्र के द्वारा भगवान् कृष्ण अभिषिक्त हुये थे" यादवों के हित के निमित्त मैंने गिरिवर का धारण किया।" इस प्रकार अन्यत्र भी वर्णित है।

अतएव श्रीमदानकदुन्दुभिना तस्मिन् भ्रातरिति मुहुः सम्बोधनमविलष्टार्थं भवति, (भा० १०।५।२०) "भ्रातरं नन्दमागतम्"इति श्रीमन्मुनीन्द्रवचनञ्च। तदेतदप्युपलक्षणं तद्भ्रातॄणाम्। यथा स्कान्दे मथुराखण्डे—"रक्षिता यादवाः सर्वे इन्द्रवृष्टिनिवारणात् ।" इति, यत्राभिषिक्तो भगवान्मघोना यदुवैरिणा" इति च, "यादवानां हितार्थाय धृतो गिरिवरो मया"इति चान्यत्र। यथा च यादवमध्यपातित्वेनैव तेषु निर्द्धारणमयं श्रीरामवचनं श्रीहरिवंशे "यादवेष्वपि सर्व्वेषु भवन्तो मम बान्धवाः" इति। सप्तम्या ह्यस्य जातावेव निर्द्धारणमुच्यते, पुरुषेषु क्षत्रियः शूरतम इतिवत्। विजातीयत्वे तु श्रौघ्नेभ्यो माथुरा आढ्यतमा इतिवत् यादवेभ्योऽपि सर्व्वेभ्य इत्येवोच्येतेति ज्ञेयम्। अत्र जयतीत्यत्र लोडर्थत्वं न सङ्गच्छते, सदैवोत्कर्षानन्त्यमिते तस्मिन्नाशीर्व्वादानवकाशात्। तदवकाशे वा आशीर्व्वादविषयस्य तदानीमाशीर्व्वादक-कृतानुवादविशेषविशिष्टतयैव स्थितेरवगमात् प्रतिपिपादयिषितं तादृशत्वेनैव तात्कालिकत्वमागच्छत्येव। यथा धार्म्मिकसभ्योऽयं राजा वर्द्धतामिति। तदेवं (भा० २।४।२०)"पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वताम्" इत्यत्राप्यनुसन्धेयम्। अनेन यदुवराणामपि

श्रीहरिवंश में श्रीबलराम का कथन इस प्रकार है—"समस्त यादवों के मध्य में आप सब मेरा बान्धव हैं।" मूल श्लोक में "यादवेष्वपिसर्वेषु" जाति निर्द्धारणार्थ में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है। जिस प्रकार प्रयोग होता है—'पुरुषेषु क्षत्रियः शूर इतिवत्" पुरुषगण के मध्य में क्षत्रिय शूर है। यह निर्द्धारण यदि विजातीयस्थल में होता तब सप्तमी विभक्ति न होकर पञ्चमी विभक्ति होती—यथा—"श्रौघ्नेभ्यो माथुरा ह्याढ्यतमा इतिवत् यादवेभ्योऽपि सर्वेभ्यो' इत्येवोच्येतेति ज्ञेयम्" श्रौघ्नदेश निवासी से मथुरावासिगण प्रचुरधनशाली हैं, यहाँ भी समस्त यादवों से आपसब मेरा बान्धव हैं। इस प्रकार कथन होता।

'जयति जन निवासः" श्लोक में 'जयति' क्रिया का प्रयोग हुआ है, कतिपय व्यक्ति, लोड़ अर्थ में लिट्' वर्त्तमान में अच्युत का प्रयोग मानते हैं, यह समीचीन नहीं हैं, यहाँ आशीर्वाद अर्थ में लोट् का प्रयोग हो सकता है, किन्तु जो सर्वदा अनन्तोत्कर्ष में विराजित हैं, उन में आशीर्वाद का अवसर है ही नहीं। अतएव लोट्का प्रयोग नहीं हो सकता है. जिसका अभाव है,आशीर्वाद के द्वारा उस का अभाव की पूर्त्ति की जाती है। सुतः अनन्त उत्कर्ष प्राप्त व्यक्ति को आशीर्वाद के द्वारा पूर्ण करने की प्रचेष्टा असार्थक है, किन्तु आशीर्वाद का विषय जो श्रीकृष्ण हैं, उनकी, आशीर्वाद कृतानुवाद रूप में अर्थात् देवकी नन्दन—यदुवर परिषत्, सुस्मित श्रीमुख दि स्वरूप में आशीर्वाद करते समय अवस्थिति सुस्पष्ट है, एतज्जन्य प्रतिपाद्य विषय श्रीकृष्ण-श्रीकृष्ण परिकर, एवं तदीय धाम की अवस्थिति तात् कालिक,—अर्थात् श्रीशुकोक्ति के समय है।

जिस प्रकार 'धार्मिक सभ्यो ऽयं राजा वर्द्धताम्' 'धार्मिक सभ्यसह राजा अभ्युदय मण्डित हो' कहने से आशीर्वाद के समय, धार्मिक मण्डली के सहित राजा की स्थिति वाञ्छनीय है, यहाँ पर 'जयति' क्रिया आशीर्वाद अर्थ में प्रयुक्त होने पर उस से देवकी नन्दनादि रूप में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति सिद्ध होती है। यादव वर्ग के सहित श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति को सूचित करना ही श्रीशुक देवका अभिमत है। उस का प्रसङ्ग— भा० २।४।२० "पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वताम्" पद्य में हुआ है। 'यादव गण के पति, गति श्रीकृष्ण मेरे प्रति प्रसन्न हों।' यह शुकोक्ति है।

'यदुवर परिषत् श्रीकृष्ण की जय घोषणा होने से, श्रीकृष्ण के सहित यादववर्ग का जय कीर्त्तन

जयो विवक्षितः। नन्वेवं तथा विहरणशीलश्चेत् पुनः कथमिव देवकीजन्मवादोऽभूत् ? तत्राह—स्वैर्दोर्भिर्दोर्भ्यां चतुर्भिश्चतुर्भुजैरधर्म्मं तद्बहुलमसुरराजवृन्दमस्यन् निहन्तुम्। लक्षणहेत्वोः क्रियायाः शतृप्रत्ययविधानात्। तदर्थमेव लोकेऽपि तथा प्रकटीभूत इत्यर्थः। किंवा किं कुर्व्वन् जयति ? स्वैः कालत्रयगतैरपि भक्तैरेव दोर्भिरिव दोर्भिस्तद्द्वारा अधर्म्मं जगद्गतं पाप्मानम्, अस्यन् नाशयन्नेव, तदुक्तम् (भा० ११।१४।२४) "मद्भक्तियुक्तो भुवनं पुनाति" इति। पुनः किमर्थं देवकीजन्मवादः ? तत्राह—स्थिरचरवृजिनघ्नो निजाभिव्यक्त्या निखिलजीवानां दुःखहन्ता तदर्थमेवेत्यर्थः। तदुक्तम् (भा० १०।२९।१६) "यत एतद्विमुच्यते" इति। किंवा

करना ही श्रीशुक का अभिप्राय है, यह प्रतीत होता है। यहाँ जिज्ञासा हो सकती है कि—श्रीकृष्ण, यदि उक्तरूप में नित्य विहरण शील हैं, तब, देवकी नन्दन रूप में कथन-'देवकी से जन्म' यह प्रसिद्ध वचनोल्लेख कैसे सम्भव होगा ?

उत्तर में कहते हैं, "स्वैर्दोर्भि र्दोर्भ्यां" भुजयुगल के द्वारा, एवं भुज चतुष्टय के द्वारा अधर्म, अर्थात् बहुल असुर स्वभावाक्रान्त राजन्यवृन्द की हत्या करने के निमित्त मनुष्य लोक में भी देवकी नन्दन रूपमें प्रकट होते हैं। भुजद्वय का व्रजमें प्रकट करतेहैं, एवं मथुरा द्वारकामें भुज चतुष्टय का प्रदर्शन करतेहैं, असुर संहार उक्त रूप से होता है। द्वारका मथुरा में चतुर्व्यूह वासुदेव रूप में प्रकट हैं, अतएव उनका चतुर्भुज रूप में वर्णन हुआ है।

पक्षान्तर में अर्थ करते हैं— अथवा—किस कार्य्य करके श्रीकृष्ण उत्कर्ष मण्डित हैं ? उत्तर में कहते हैं, स्वैर्दोर्भिः' कालत्रय गत भक्तवृन्द उनके बाहु स्वरूप हैं। उन सब के द्वारा जगत गत पापराशि को विनष्ट करके जय युक्त हो रहे हैं। भक्त वृन्दकी पापराशि कोविनष्ट करतेहैं,-उसका वर्णन भा० ११।१४।२० "मद् भक्ति युक्तो भुवनं पुनाति" में है, श्रीकृष्णोक्ति यह है—हे उद्धव ! मुझ में प्रेम भक्ति सम्पन्न भक्तगण-भुवन को पवित्र करते हैं।

पुनः किस निमित्त देवकी से जन्म ग्रहण ख्याति हुई ? उत्तर—"स्थिरचर वृजिनघ्नः" निज अभिव्यक्ति के द्वारा स्थावर जङ्गम प्रभृति सांसारिक जीव समूह का दुःखापनोदनकरते हैं। तज्जन्य आप देवकी देवी से आविर्भूत हुये थे। श्रीकृष्ण स्थावर जङ्गमादि का दुःख नाश करते हैं—उसका वर्णन भा० १०।२९।१६ श्रीशुकोक्ति में है—

"न चैवं विस्मयः कार्य्यो भवता भगवत्यजे।
योगेश्वरेश्वरे कृष्णे यत एतद्विमुच्यते॥

हे राजन् ! व्रजदेवी गण, श्रीकृष्ण में तन्मय होकर सद्य गुणमय देह त्याग किये थे, योगेश्वरगण के ईश्वर भगवान् अज श्रीकृष्ण के इस कार्य्य में विस्मय का अवकाश नहीं है। श्रीकृष्ण से स्थावरादि की भी मुक्ति होती है।

बृहत् क्रमसन्दर्भ—"एवं क्रोधावेशं विहाय शिष्य वात्सल्याद् उपदिशति—न चैवमित्य दि। पुनरेवं विस्मयो न च कार्य्यः। नैवं कार्य्य इत्यर्थः। भवता श्रीकृष्ण प्रभावज्ञानां पौत्रेण, कुत्र ? कृष्णे, अन्यत्र वरं सन्देहः क्रियताम्। कीदृशे ? अजे स्वप्रकाशे, भगवत्यचिन्त्य परमैश्वर्य्ये, योगेश्वराणां अधीश्वरे,—कर्त्तुमकर्त्तुमन्यथा कर्त्तुं समर्थे। एतेन तस्मिन् ब्रह्म ज्ञानेनापि न किञ्चिद् भवति, कान्त ज्ञानेनापि तदङ्ग सङ्ग मङ्गलार्थं भवतीत्यन्यथा—कर्त्तुं त्वे योगेश्वरेश्वरता, यत एतत्तरु गुल्मादिकमपि विमुच्यत, इति, मुक्तिदत्तुं त्वे

कथम्भूतो जयति ? व्रज पुरवासिनां स्थावरजङ्गमानां निजचरणवियोगदुःखहन्ता सन् । नित्यविहारे प्रमाणमाह—जननिवासः, 'जन' शब्दोऽत्र स्वजनवाचकः, (भा० ३।२९।१३) 'सालोक्य'—इत्यादि-पद्ये जना इतिवत् । स्वजनहृदये तत्तद्विहारित्वेन सर्व्वदैवावभासमान इत्यर्थः । सर्व्वप्रमाणचयचूड़ामणिभूतो विद्वदनुभवएवात्र प्रमाणमिति भावः । स्वयन्तु किं कुर्व्वन् जयति ? व्रजवनितानां मथुरा-द्वारकापुरवनितानाञ्च कामलक्षणो यो देवः स्वयमेव तद्रूपस्तं वर्द्धयन् सदैवोद्दीपयन् । अत्र तदीय-हृदयस्थ-काम-तदधिदेवयोरभेदविवक्षा, तादृश-तद्भावस्य तद्वदेव परमार्थताबोधनाय श्रीकृष्णस्फूर्त्तिमयस्य तादृशभावस्याप्राकृतत्वात् परमानन्दपरमकाष्ठारूपत्वाच्च । श्रीकृष्णस्य कामरूपोपासना चागमे व्यक्तास्ति, "वनिता

योगेश्वरेश्वरता, अभक्तानां कृतार्थता करणे-अकर्त्तृत्वे, योगेश्वरेश्वरता"। अप्रकट लीला आविष्कार करने पर श्रीकृष्ण की कारुण्यादि शक्ति समूह सुप्त प्राय रहती हैं । प्रकट लीला में उक्त शक्ति समूह का परिपूर्ण विकास होता है, उस समय सिद्ध असिद्ध एवं सिद्ध भक्त वृन्द को स्वीय कारुण्य शक्ति के द्वारा निज चरण सन्निधान में आकर्षण करते हैं । कारुण्य की सुप्रचुर अभिव्यक्ति के कारण प्रकट लीला के समय श्रीकृष्ण से स्थावर प्रभृति की भी मुक्ति होती है,

उक्त श्लोक में साधन सिद्धा गोपीगण के मध्य में कतिपय गुणमय देह त्याग हुआ था, नित्यसिद्ध गोपिओं का गुणमय देह सम्पर्क नहीं है, प्रकट लीलामें प्रापञ्चिक एवं अप्रापञ्चिक का मिश्रण हेतु साधन सिद्धागोपिओं का गुणमय देह सम्पर्क होना सम्भव है । अथवा पत्यादि की वञ्चना हेतु योगमाया प्रभाव के द्वारा तत् कालीन आगन्तुक जो गुणमय देह, उसका त्याग गोपियों ने किया था । अथवा किस प्रकार से जय युक्त होते हैं ? कहते हैं,—यदुपुर एवं व्रजव सी स्थावरजङ्गम समूह का निज चरण दुःख ह्-ता होकर श्रीकृष्ण जययुक्त हैं । उनसब के सहित नित्य विहरण व्यतीत उनसब का उक्त विच्छेद विरह दुःख नाश होना सम्भव नहीं है । नित्य विहरण में प्रमाण प्रदर्शन करते हैं ।—'जन निवासः" यहाँ जन शब्द स्वजन वाचक है । भा० ३।२९।१३ में उक्त है—

"सालोक्य सार्ष्टि—सारूप्य सामीप्यैकत्वमप्युत ।

दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ।' मदीय जन गण को सालोक्य (एकत्र वास) सार्ष्टि--(तुल्यऐश्वर्य्य) सामीप्य— (निकट वर्त्तिता)सारूप्य—(समानरूपता) किंवा-एकत्व (सायुज्य) मुक्ति प्रद.नेच्छु होने पर भी वे सब मेरी सेवा व्यतीत अपर कुछ भी ग्रहण नहीं करते हैं ।" इस श्लोक में जन शब्द का अर्थ—भगवान का निज जन है । भक्त भिन्न अपर जन निज जन नहीं होता है । एवं अपर को मुक्ति प्रद.न हेतु आग्रह शील भी नहीं होते हैं । उस प्रकार ही जन निवास पदस्थ जन शब्द से निज भक्त के हृदय में सपरिकर द्वारका मथुरा वृन्दावन विह.रि रूप में विराजित हैं, इस प्रकार अर्थ बोध होता है । इस प्रकार व्याख्या में प्रमाण क्या है ?

उत्तर में कहते हैं—निखिल प्रम.ण समूह की चूड़ामणि स्वरूप विद्वदनुभव ही यहाँपर एकमात्र प्रमाण है ।

जिस कार्य्य के द्वारा श्रीकृष्ण सर्वोत्कर्ष मण्डित हैं, उसका प्रदर्शन हुआ । सम्प्रति श्रीकृष्ण स्वयं किसरीति से जय युक्त हैं ? उस को दर्शाते हैं,-व्रजवनिता एवं मथुरा द्वारका पुरवनिता वृन्द का कामलक्षण जो देव, श्रीकृष्ण, स्वयं ही तद्रूप में विराजमान हैं । काम देव का कार्य्य निर्वाह श्रीकृष्ण ही करते हैं । काम

जनितात्यर्थानुरागायाञ्च योषिति" इति नामलिङ्गानुशासनम् । व्रजेति श्रैष्ठ्येन पूर्व्वनिपातः। अतएव पूर्व्वं मेरुदेव्यां सुदेवीति संज्ञावत् देवकी-शब्देन श्रीयशोदा च व्याख्येया—

"द्वे नाम्नी नन्दभार्य्याया यशोदा देवकीति च । अतः सख्यमभूत्तस्या देवक्या शौरिजायया ॥"३५६॥

इति स्कान्दवचनात् । तदेवं त्रिष्वपि नित्यविहारित्वं सिद्धम् ॥ श्रीशुकः ॥

११६। अथ यदुक्तं श्रीवृन्दावनस्यैव प्रकाशविशेषे गोलोकत्वम्, तत्र प्रापञ्चिकलोक-प्रकटलीलावकाशत्वेनावभासमान-प्रकाशो गोलोक इति समर्थनीयम् । प्रकटलीलायां तस्मिंस्तच्छब्दप्रयोगादर्शनात् भेदांशश्रवणाच्च । प्रकटाप्रकटतया लीलाभेदश्चाग्रे दर्शयितव्यः। तदेवं वृन्दावन एव तस्य गोलोकाख्यप्रकाशस्य दर्शनेनाभिव्यनक्ति, (भा० १०।२८।११-१८)—

रूपी श्रीकृष्ण सर्वदा अपने को उद्दीप्त करके जय युक्त हैं। यहाँपर व्रजपुर वनिता गणका हृदयस्थ काम एवं उस काम का अधिष्ठातृ देवता को अभेदमान कर कहा गया है। कारण, व्रजपुर वनिता गण का वर्द्धन शील जो कामभाव है, वह भी श्रीकृष्ण के समान परमार्थ पदार्थ है।

उसका प्रकाश करने के निमित्त कहा है—श्रीकृष्ण स्फूत्तिमय तादृश भाव अप्राकृत है, लौकिक नहीं है, एवं परमानन्द परम काष्ठा रूप है। उक्त श्लोक में ही श्रीकृष्ण को कामदेव रूप में कहा गया है, यह नहीं, अपितु,—आगम में श्रीकृष्ण की उपासना कामदेव रूप में ही है।

अत्रस्थ श्लोकस्थ 'वनिता' शब्द से श्रीकृष्ण में अनुरागवती वृन्दावन—मथुरा—द्वारकास्थ रमणी वृन्द का बोध होता है। नामलिङ्गानुशासन में वर्णित है - जिस रमणी का अतिशय अनुराग कान्त के प्रति है—उस को 'वनिता' कहते हैं। व्रजरमणी वृन्द का श्रेष्ठत्व प्रतिपादन हेतु कहते हैं—'व्रजपुर वनिता' यहाँ व्रज शब्द का पूर्व निपात हुआ है।

अतएव वृन्दावन, मथुरा, द्वारका धाम में श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति होने से उक्त (जयति जन निवास) श्लोक में श्रीकृष्ण को देवकी नन्दन शब्द से कहा गया है। यहाँ 'देवकी' शब्द से केवल वसुदेव पत्नी का बोध ही नहीं होता है अपितु श्रीनन्द पत्नी यशोदा का बोध भी होता है। जिस प्रकार श्रीऋषभदेव जननी 'मेरुदेवी का नाम 'सुदेवी' है, उस प्रकार श्रीयशोदा का अपर नाम देवकी है।

स्कन्द पुराण में वर्णित है, "द्वेनाम्नी नन्द भार्य्याया यशोदा देवकीति च, अतः सख्यमभूत्तस्या देवक्या शौरिजायया।" नन्दभार्य्या यशोदा के नामद्वय 'यशोदा देवकी' थे, नामसाम्य हेतु यशोदा का वसुदेवपत्नी देवकी के सहित सख्य भाव हुआ था। अतएव 'जयति जन निवासः' श्लोक के द्वारा श्रीवृन्दावन, मथुरा द्वारका धाम में श्रीकृष्ण की नित्य विहरण परायणता सुनिश्चित रूप से प्रति पादित हुई। प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(११५)

अनन्तर श्रीगोलोक तत्त्व का वर्णन करते हैं,—इतः प्राक् श्रीवृन्दावन का प्रकाश विशेष को ही गोलोक कहा गया है। अनन्तर उक्त गोलोक का तत्त्व वर्णन करते हैं। वृन्दावनीय लीला के स्थिति स्थान दो हैं—वृन्दावन एवं गोलोक। वृन्दावन में प्रकट एवं अप्रकट रूप लीलाद्वय की स्थिति है, और गोलोक में केवल अप्रकट लीलाकी स्थिति है। सुतरां जो लीला प्रापञ्चिक जगत् में अभिव्यक्त नहीं होती है। उस लीला का अभिव्यक्ति स्थान गोलोक है। कारण,—प्रकट लीलास्थल श्रीवृन्दावन में 'गोलोक' शब्द का प्रयोग दृष्ट होता है, एवं गोलोक एवं गोकुल का भेद भी कियदंश में श्रुत है। प्रकट एवं अप्रकट रूप लीलाद्वय का भेद वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में करेंगे। वृन्दावन का प्रकाश विशेष ही गोलोक है, तज्जन्य

(११६) "नन्दस्त्वतीन्द्रियं दृष्ट्वा लोकपालमहोदयम् ।
कृष्णे च सन्नतिं तेषां ज्ञातिभ्यो विस्मितोऽब्रवीत् ॥३६०॥
ते चौत्सुक्यधियो राजन् मत्वा गोपास्तमीश्वरम् ।
अपि नः स्वगतिं सूक्ष्मामुपाधास्यदधीश्वरः ॥३६१॥
इति स्वानां स भगवान् विज्ञायाखिलदृक् स्वयम् ।
सङ्कल्पसिद्धये तेषां कृपयैतदचिन्तयत् ॥३६२॥
जनो वै लोक एतस्मिन्नविद्याकामकर्म्मभिः ।
उच्चावचासु गतिषु न वेद स्वां गतिं भ्रमन् ॥३६३॥
इति सञ्चिन्त्य भगवान् महाकारुणिको विभुः ।
दर्शयामास लोकं स्वं गोपानां तमसः परम् ॥३६४॥

श्रीवृन्दावन में ही उक्त गोलोकाख्य प्रकाश दृष्ट हुआ है । श्रीमद् भागवत के १०।२८।११ १८ में इसका सुविशद् वर्णन है—

"नन्द महाराज, लोक पाल वरुण का अदृष्टपूर्व ऐश्वर्य्य एवं वरुण लोकनिवासि जनगण की श्रीकृष्ण के प्रति सम्यक् प्रणति दर्शन कर अत्यन्त विस्मित होकर ज्ञाति वृन्दको कहे थे—"हे राजन् ! उक्त गोप समूह श्रीकृष्ण को ईश्वर मानकर समुत्सुकचित्त से सोच रहे थे—'भगवान् अवश्य ही हमारी सूक्ष्मा गति को दिखलायेंगे।' सर्वज्ञ भगवान्—ज्ञातिवर्ग के सङ्कल्प को जानकर उनसब की सङ्कल्पसिद्धि के निमित्त कृपा पूर्वक स्वयं इस प्रकार चिन्ता किये थे,—जनगण—अविद्या काम कर्म के द्वारा देव एवं तिर्य्यगादि नाना शरीर में भ्रमण करते रहते हैं, किन्तु निज गति को नहीं जानते हैं ।

महाकारुणिक विभु भगवान् इस प्रकार चिन्ता करके प्रकृति के परस्थित गोपगण के निज लोक का दर्शन कराये थे । मुनिगण—गुणक्षय होने से जिस का दर्शन करते हैं, जो सत्य, ज्ञान, अनन्त ज्योतिर्म्मय ब्रह्म स्वरूप है, गोपगण उस को देखे थे । श्री अक्रूर जहाँपर ब्रह्म दर्शन किये थे—श्रीकृष्ण के द्वारा गोपगण वहाँपर नीत होकर उस ब्रह्महृद में निमज्जित एवं उद्धृत होकर ब्रह्मरूप दर्शन किये थे । श्रीकृष्ण वहाँपर मूर्त्तिमान् वेद समूह के द्वारा स्तुत हो रहे थे, यह देखकर गोपगण परम विस्मित एवं परमानन्द निर्वृत हुये थे ।

उक्त श्लोक समूह का अर्थ इस प्रकार है—अतीन्द्रिय—अदृष्ट पूर्व, लोकपाल—वरुण, स्वगति—निजधाम, सूक्ष्मा—दुर्ज्ञेया, उपाधा यत्-उपधास्यति, हम सब को उसधाम प्राप्त करायेंगे । जन—व्रजवासी श्रीकृष्ण के निजजन, एतस्मिन्—प्रापञ्चिकलोक में, अविद्या—देहादि में अहंबुद्धि, काम्यकर्म द्वारा कृता उच्चावचा गति, देव तिर्य्यक् जन्म ।

गोपवृन्द का सङ्कल्प को जानकर श्रीकृष्ण विचार कर रहे थे,—मेरा परिकर यह गोपगण हैं, प्रापञ्चिक लोक में अविद्या द्वारा रचित देवादि तिर्य्यक् पर्य्यन्त विभिन्न शरीर में अवस्थित जीव गण के सहित अपना कुछ भी विशेष नहीं है इस प्रकार भ्रम में पड़कर निज अवस्था को जानने में अक्षम हैं ।

यद्यपि इस भ्रम के प्रति लीलाशक्ति ही कारण है, तथापि व्रजवासि स्वजन वृन्द को कुछ समय के निमित्त सर्व विलक्षणा गति दिखाऊँगा, एवं भ्रम विदूरित करूँगा । भा० ३।२९।१३ में वर्णित "सालोक्य सार्ष्टि—' इत्यादि पद्योक्त जन शब्दवत् यहाँपर भी 'जनो वै' शब्द का अर्थ भी निजजन है ।

सत्यं ज्ञानमनन्तं यद्ब्रह्म ज्योतिः सनातनम् ।
यद्धि पश्यन्ति मुनयो गुणापाये समाहिताः ॥६६५॥
ते तु ब्रह्महृदं नीता मग्नाः कृष्णेन चोद्धृताः ।
ददृशुर्ब्रह्मणो लोकं यत्राक्रूरोऽध्यगात् पुरा ॥३६६॥
नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा परमानन्द-निवृ'ताः ।
कृष्णञ्च तत्र छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिताः ॥"३६७॥

अतीन्द्रियमदृष्टपूर्व्वम्, लोकपालो वरुणः, स्वगतिं स्वधाम, सूक्ष्मां दुर्ज्ञेयाम्, उपाधारयत् उपधारयति; नोऽस्मान् प्रति प्रापयिष्यतीति सङ्कल्पितवन्त इत्यर्थः । जन इति 'जन'—शब्देनात्र तदीयस्वजन एवोच्यते, (भा० ३।२९।१३) "सालोक्य-सार्ष्टि-" इत्यादि-पद्ये जना इतिवत् । अत्रैते मत्सेवनं विना प्राप्यमाण-सालोक्यादि-परित्यागेन तत्सेवैकवाञ्छादृताः साधका एवेति लभ्यते । 'न वेद स्वां गतिम्' इत्यत्र तु श्रीभगवता तस्मिन् लोके स्वीयत्व-तदीयत्वयोरेकत्वमननेन स्वाभेद एव प्रतिपादित इति परम एवासौ तदीय-स्वजनः । अतएव (भा० १०।२५।१८)—

जहाँपर मेरीसेवा नहीं है, उस प्रकार स लोक्य को भी मदीय जन गण नहीं चाहते हैं, कारण—उन सब की मदीय सेवामें ही निष्ठा एवं महत्त्व है। 'न वेद स्वां गति भ्रमन्" यहाँ पर श्रीभगवान्—उस लोक में स्वीयत्व तदीयत्व को एक मानाहै, स्वाभेद ही यहाँ प्रतिपादित हुआहै । अतएव गोपगण उनके परम स्वजन हैं। भा० १०।२५।१८ में स्वयं भगवान् ने ही कहा है,—'व्रजवासिजन गण मेरा आश्रित हैं, मैं ही रक्षक हूँ, मेरा ही ये सब निज जन हैं, अतएव मैं व्रज की रक्षा करूँगा, गोपाये—रक्षिष्यामि । किञ्च सोऽयं में मया व्रतो नियमः सङ्कल्पो वा आहितो धृतः' इत्यर्थः । स्वामिपादः। क्रमसन्दर्भकार के मतमें—गोपाये—इति वर्त्तमान प्रयोगेन स्वाभाविकत्वं व्यञ्जयति । मैं ने यह व्रतधारण किया है। व्रत, नियम, संकल्प यह ही मेरा है । 'गोपाये' वर्त्तमान प्रयोग से स्वाभायिकता व्यञ्जित हुई है !

स्वयं भगवान् ने कहा है व्रजवासिजनगण मत् परिग्रह हैं। मत् परिग्रह शब्द से प्रतीति होता है, व्रज वासि जनगण श्रीकृष्ण के ही परिकर हैं, मच्छरण शब्द से भी क्रमप्राप्त बहुव्रीहिके द्वारा श्रीकृष्ण का निज परिकरत्व सिद्ध हुआ है। सोऽयं में व्रतः" इस के द्वारा रक्षा करना व्रत श्रीकृष्ण का सुनिश्चित है, सूचित हुआ है । अतएव जन शब्द से निज परिकर व्रजवासि जनका लाभ हुआ है, अतः करुणापूर्वक उन सबको गोलोक दर्शन उक्त रूप से कराए थे । किन्तु अपर के प्रति उस प्रकार करुणा नहीं होती है । "स्वां गतिं" शब्द से सामानाधिकरण्य प्रकटित हुआ है, किन्तु उस पदद्वय के द्वारा वस्तु द्वयकी प्रतीति नहीं हुई है। "स्वगतिं" सूक्ष्मां" पूर्वोक्त कथन से भी उक्तार्थ का बोध ही होता है । अतएव उभय वाक्य से ही उन का निज लोक दर्शन प्रसङ्ग लाभ ही हुआ है । निज लोक गोलोक का कहना अभीप्सित होने पर वह लोक सर्व साधारण जनगण का प्राप्य नहीं है अतएव 'जन' शब्द विशिष्ट जन—अर्थात् परिकर जन गण का ग्रहण होता है, उनसब का स्थान ही गोलोक है ।

पद व्याख्या उस प्रकार होने पर सरलार्थ इस प्रकार है – जनगण व्रजवासी हैं, और मेरा परम स्वजन हैं । इस जगत में प्रापञ्चिक लोक में अविद्या के द्वारा निर्मित उच्चनीच शरीर रूप गति—देव–

"तस्मान्मच्छरणं गोष्ठं मन्नाथं मत्परिग्रहम् ।
गोपाये स्वात्मयोगेन सोऽयं मे व्रत आहितः ।।"३६८।।

इति स्वयमेव भगवता मत्परिग्रहमित्यनेन स्वस्मिंस्तत्परिकरतामच्छरणमित्यादिक्रम-प्राप्त-बहुव्रीहिणा दर्शिता, 'सोऽयं मे व्रतः' इत्यनेन स्वस्य तद्गोपनव्रतता च । तदेवं व्रज-वासिजन एव लब्धे तं प्रत्येव करुणया दर्शितवान्, न त्वन्यान् 'स्वां गतिम्' इति सामानाधिकरण्य एव व्यक्ते, न तु ताभ्यां पदाभ्यां वस्तुद्वयमुच्यते । स्वगतिं सूक्ष्मामिति पूर्वोक्तमपि तथा । तस्मात्तल्लोकदर्शनमेवोभयत्र विवक्षितम् । विवक्षिते च तल्लोके स तु जनमात्रस्य स्वगतिर्न भवतीति च जन-शब्देन तद्विशेष एव व्याख्यातः । तदेवं सार्थमर्थः— जनोऽसौ व्रजवासी मम परमस्वजनः । एतस्मिन् प्रापञ्चिकलोके अविद्यादिभिः कृता या उच्चावचा

तिर्य्यग् प्रभृति हैं, उस के सहित निज शरीर का तुल्य बोध होने से ही निज गति की उपलब्धि उन सब की नहीं हुई ।

अनन्तर सर्वोत्तम प्रेम भक्ति के द्वारा मेरा दर्शन होता है, इसमें भ्रम की सम्भावना ही नहीं है । सर्वोत्तम पदार्थ मैं हूँ ।

परम भक्ति योग के द्वारा मुझ को जानने के बाद पुनर्वार भ्रम की सम्भावना ही नहीं होती है, तथापि तत्तत् लीला रस पोषण नियन्धन मदीय लीलाशक्ति भ्रमादि की कल्पना करती रहती है । किन्तु वह भ्रम अविद्या विजृम्भित नहीं हैं । भा० १०।११।५८ में उक्त है

"इति नन्दादयो गोपाः कृष्ण राम कथां मुदा
कुर्वन्तो रममाणाश्च नाविदन् भववेदनाम् ।।

"नन्दादि गोपगण, आनन्द से रामकृष्ण के चरित कथा में रत होकर सांसारिक क्लेश को जान नहीं पाये थे ।" अतएव उन सब की प्राकृत कर्माधीन जीववत् गति की सम्भावना ही नहीं है । भा० १०।१४।३५ में ब्रह्माने भी कहा है—

"एषां घोष निवासिनामुत भवान् किं देव रातेति न
श्चेतोविश्वफलात् फलं त्वदपरं कुत्राप्ययन् मुह्यति ।
सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता
यद्धामार्थ सुहृत् प्रियात्मतनय प्राण शयास्त्वत् कृते ।।"

टीका—'अपि च किं वर्ण्यते कृतार्थस्त्वमेतेषां येषां भक्त्या भवानपि ऋणीदास्ते' ननु किं दातुम-समर्थोऽहं येन ऋणी स्याम् ? अत आह—उत अपि,—भवानपि, एषां कुत्रापि, किं विश्वफलात् सर्व-फलात्मकात् त्वत् त्वत्तः, परं राता दास्यतीति, न श्चेतः, अयत् सर्वत्र गच्छत्—विचारयत् मुह्यति ।
ननु मामेव दत्त्वानृणः स्यामिति चेत्तर्हि नहि, सद्वेषादिव,– सतां भक्तानां यो वेषः, तदनुकरण-मात्रेण पापिष्ठा पूतनापि त्वामेवापिता प्रापिता । तर्हि तत् सम्बन्धिनामपि दास्यामीति चेत्—तत्राह सकुलेति । बकासुराघासुर सहिता । एषामपि तादृश्येव चेदपर्य्याप्तमित्याह यदिति,– येषां धामादय स्त्वत्कृते त्वदर्थ मेवेत्यर्थः ।।"

किन्तु भगवन् ! मेरा एक महान् संशय है, उसका अपनोदन आप भी करने में अक्षम हैं । उस को

गतयो देवतिर्य्यगादयस्तासु स्वां गतिं भ्रमन् ताभिस्तुल्यतया जानन् तामेव स्वां गतिं न वेदेत्यर्थः। ततो मामपि सर्व्वोत्तमतया प्रेमभक्त्या सर्व्वोत्तमतया द्रष्टुरेतस्य यद्यपि तत्तल्लीलारसपोषाय मदीयलीलाशक्तैव भ्रमादिकं कल्पितम्, न पुनरविद्यादिभिः (भा० १०।११।५८—)

"इति नन्दादयो गोपाः कृष्णरामकथां मुदा।
कुर्व्वन्तो रममाणाश्च नाविन्दन् भववेदनाम् ॥"३६८॥ इति।

(भा० १०।१४।३५) "यद्धामार्थसुहृत् प्रियात्मतनय–प्राणाशयास्त्वत्कृते" इत्यादि; तथाप्येतस्येच्छानुसारेण क्षणकतिपयमेतदीयां सर्वविलक्षणां स्वां गतिं दर्शयन् तदपनेष्यामीति भावः। वैलक्षण्यं त्वग्रे व्यञ्जनीयम्। गोपानां स्वं लोकं श्रीगोलोकम्। यः खलु "गोपीगोपैरसंख्यातैः सर्व्वतः समलङ्कृतम्" इति मृत्युञ्जयतन्त्रे वर्णितम्, तथा—

प्रकाश कर कहते हैं—हे देव! यह सब घोषनिवासीयों को, उत विस्मयार्थ में प्रयुक्त है। भवान्—आप विश्व से श्रेष्ठ हैं, आप से अपर कौन वस्तु देय है? यह ही संशय सङ्कट है, इस में मेरा मन निपतित है। इसमें संशय ही क्या है,मैं अपने को दे सकता हूँ। अतः देयवस्तु को न देखकर चित्तमोह प्राप्त करना व्यर्थ है? अपने को देंगे, इस प्रकार कहना अपाण्डित्य पूर्ण है, कारण सद्वेषादिव—सती माता, उनके वेष के समान वेष से ही, किन्तु उनके वेष से नहीं, स्तन्य दानकर मातृ गति को प्राप्त किया, ऐसा नहीं, किन्तु हत्या करने के निमित्त स्तन दान किया। मातृ वेषाभासमात्र से ही पूतना ने आप को प्राप्त कर लिया है; उन में भी निज गोष्ठी के सहित—बक अघ के सहित सद्गति को प्राप्त किया। इन सब को यदि आत्मदान करते हैं, आप में यथायोग्य विचार नहीं है, अतः पाण्डित्य हीनता ही आती है।

अपने से अधिक अपर कोई वस्तु है ही नहीं, अतः अपर क्या देय है, चिन्ताकर मेरा चित्त संविहान है। ब्रह्मन्! तुम संशय न करो। इन सब को समुचित जो देना है, वह मैंने दिया ही है। ब्रह्मा के वाक्य से ही सरस्वती ने सिद्धान्त कर दिया है—श्रीकृष्ण के सुख के निमित्त धाम प्रभृति का अर्पण इन्होंने किया है, यह ही सिद्धान्त है। पूतना प्रभृति को सायुज्य प्रदान किया, व्रजवासिओं को सायुज्य से परम दुर्लभ प्रेम प्रदान किया है। इस से मुझ में अपाण्डित्यदोष का अवसर नहीं हुआ। इस से प्रति पादित हुआ, व्रज वासिओं की कभी भी न भोग्यवत् साधारणी गति नहीं रही। तथापि श्रीकृष्णकी इच्छाके अनुसार क्षण कतिपय इन सबको सर्व विलक्षण गति को दर्शन कराकर उसको अपसारित करेंगे,इस प्रकार अभिप्राय श्रीकृष्ण का था। इस से ही उक्त प्रसङ्ग का समारम्भ हुआ था। विलक्षणस्थिति की कथा का वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में करेंगे।

गोपगण के निज लोक का नाम ही श्रीगोलोक है। जो लोक असंख्य गोप गोपी प्रभृति के द्वारा सर्वतः समलङ्कृत है। इस प्रकार वर्णन ही मृत्युञ्जय तन्त्र में है।

उस प्रकार वर्णन नारद पुराण के विजयोपाख्यान में भी है—पद्म की आकृति युक्त धाम है, उसम गोपुर के द्वारा शोभित है "असंख्य नायिकावृन्द मण्डलीबद्ध रूप में अवस्थित हैं। महाशक्ति सम्पन्न रामादि गोपगण पुरके चतुर्दिक में अवस्थित हैं।" ब्रह्म संहिता के ५।२९ में वर्णित है—गोलोक के गृह समूह—चिन्तामणि समूह के द्वारा निर्म्मित हैं, वन समूह—कल्पवृक्षमय हैं। इत्यादि रूप में बहु वैभव के

"पद्माकृतिपुरोद्वारि लक्षमण्डलनायिकाः । रामादयस्तु गोपालाश्चतुर्दिक्षु महेश्वराः ॥"३७०॥

इति नारदपञ्चरात्रे विजयाख्याने वर्णितः । (ब्र०सं० ५।२९) "चिन्तामणि-प्रकरसद्म-" इत्यादिना ब्रह्मसंहितादिषु वर्णित-व्यक्तवैभवातिक्रान्त-प्रपञ्चाप्रपञ्चलोकमहोदयस्तमेवेत्यर्थः । तमसः प्रकृतेः परं प्रपञ्चानभिव्यक्तत्वात्तवीयेनाप्यसङ्कुरम् । अतएव सच्चिदानन्दरूप एवासौ लोक इत्याह—सत्यमिति । सत्यादिरूपं यद्ब्रह्म, यच्च मुनयो गुणात्यये पश्यन्ति, तदेव स्वरूप शक्तिवृत्तिविशेषप्राकट्यविशेषेण सत्यादिरूपाव्यभिचारिणं गोलोकरूपं दर्शयामासेति पूर्व्वेणान्वयः । यथान्यत्रापि वैकुण्ठे भगवत्सन्दर्भोदाहृतं पाद्मादिवचनं ब्रह्माभिन्नतायाचित्वेन दर्शितं तद्वत् । अथ श्रीवृन्दावने च तादृशदर्शनं कतमदेशस्थितानां तेषां जातमित्यपेक्षायामाह-ब्रह्महृदमक्रूरतीर्थं श्रीकृष्णेन नीताः पुनश्च तदाज्ञयैव मग्नाः, पुनश्च तस्मात्तीर्थात् श्रीकृष्णेनैवोद्धृताः, उद्धृत्य वृन्दावनमध्यदेशमानीतास्तस्मिन्नेव नराकृतिपरब्रह्मणः श्रीकृष्णस्य लोकं गोलोकाख्यं ददृशुः । कोऽसौ ब्रह्महृदः ? तत्राह—यत्रेति । पुरेत्येतत्प्रसङ्गाद्ध्राविकाल इत्यर्थः, "पुरा पुराणे निकटे प्रबन्धातीतभाविषु" इति कोषकाराः । अध्यगादस्तौदधिगतवानिति वा । सर्व्वत्रैव श्रीवृन्दावने यद्यपि तत्प्रकाशविशेषोऽसौ गोलोको दर्शयितुं शक्यः

द्वारा वरुण का प्राकृत वैभव पराभूत हुआ है, उक्त गोलोक ही उनका निजधाम है । 'तमसः-प्रकृतेः परम्' वह तमः—अर्थात् प्रकृत्यस्पृष्ट है, प्रपञ्च में अवतरित न होने से प्रपञ्च में अभिव्यक्त नहीं होता है । अतएव यह लोक—सच्चिदानन्द स्वरूप है । एतज्जन्य कहा गया है—'सत्यं ज्ञानं इत्यादि ।

सत्यादि रूप जो ब्रह्म हैं, गुणातीत अवस्था में मुनिगण जिस का अनुभव करते हैं, वह ब्रह्म हैं, स्वरूप शक्ति की वृत्ति विशेष के द्वारा सत्यादि स्वरूप में व्यतिक्रम उपस्थित न करके ही गोलोक रूप में अभिव्यक्त हैं ।

सत्यज्ञान आनन्द अनन्त ब्रह्म में शक्ति क्रिया नहीं है अतः अनभिव्यक्त स्वरूप-निरवयव कहते हैं । वह ब्रह्म—स्वरूप शक्ति क्रिया विशेष से सावयव श्रीगोलोक नामसे अभिहित हैं । श्रीकृष्ण, गोपगणको उक्त धाम दर्शन कराने के निमित्त कृतसङ्कल्प थे ।

भगवत् सन्दर्भ में पद्म पुराणीय वचन समूह के द्वारा दर्शाया गया है कि अन्यान्य वैकुण्ठ भी ब्रह्मसे अभिन्न हैं, श्रीगोलोक के सम्बन्ध में उस प्रकार समझना होगा ।

अनन्तर श्रीवृन्दावन के किसस्थान में गोपों ने श्रीगोलोक दर्शन किया था उसका वर्णन करते हैं—ब्रह्महृद में-अपर नाम अक्रूरतीर्थ है, श्रीकृष्ण कर्त्तृक नीत होकर श्रीकृष्ण की आज्ञा से ही उसमें आप सब निमग्न हुये थे, पुनर्वार उस तीर्थ से श्रीकृष्ण ने ही उनसब को उठाया, उठाकर श्रीवृन्दावन के मध्यदेश में ले आये थे, वहाँपर ही नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्ण का लोक गोलोक का दर्शन उन्होंने किया ।

यह ब्रह्महृद कौन है ? उत्तर में कहते हैं, जिस ब्रह्म हृद में श्रीअक्रूर इस प्रसङ्ग के पूर्व में श्रीकृष्ण का स्तव किये थे । उस ब्रह्महृद में ही गोपों ने गोलोक दर्शन किया था ।

इस कल्प में श्रीअक्रूर का ब्रह्म दर्शन के पहले ही गोपों ने श्रीगोलोक का दर्शन उस ब्रह्महृद में किया था । पुरा—पहले, कहने का अभिप्राय यह है कि—पूर्ववर्त्तिकल्प में भी श्रीअक्रूरने इस ब्रह्महृद में उसबार के समान ब्रह्म दर्शन किये थे । उसका स्मारक पूर्व वाचक पुरा शब्द का प्रयोग हुआ है । पुराशब्द

स्यात्तथापि तत्तीर्थमाहात्म्य-ज्ञापनार्थं विनोदार्थमेव वा तत्र तेषां नयनादिकमिति ज्ञेयम् । नन्दादय इति कर्त्रन्तरानिर्द्देशाच्छन्दोभिरेव मूर्त्तैः कर्त्तृभिः, तदभिज्ञापनार्थं तज्जन्मादि-लीलया स्तूयमानम् । अन्तरङ्गाः परिकरास्तु पूर्ववर्णितरीत्या गो गोपादय एव । अतएव कृष्णं यथा ददृशुस्तथा तत्परिकरान्तराणां दर्शनानुक्तेस्तत्र त एव तत्र परिकरा इत्यभि-व्यज्यते । त एव च पूर्वदर्शित-मृत्युञ्जयादि-तन्त्र-हरिवंशवचनानुसारेण प्रकटाप्रकटप्रकाश गततया द्विधाभूताः सम्प्रत्यप्रकटप्रकाशप्रवेशे सत्येकरूपा एव जाता इति न पृथग्दृष्टाः । यदा तत्प्रकाशभेदो भवति, तदा तत्तल्लीलारसपोषाय तेषु प्रकाशेषु तत्तल्लीलाशक्तिरेवाभि-मानभेदं परस्परमननुसन्धानञ्च प्रायः सम्पादयतीति गम्यते, उदाहरिष्यते चाग्रे । अतएवोक्तं

का अर्थ कोषकारके मत में—पुराण, निकट, प्रसङ्ग के अतीत काल, एवं भविष्य अर्थ है । अध्यगात्—अस्तौत्—अधिगतवान्—स्तुति की, एवं उत्तमरूप से जाना ।

यद्यपि समस्त श्रीवृन्दावन नामक स्थान में ही श्रीवृन्दावन का प्रकाश विशेष रूप उक्त गोलोक का प्रदर्शन सम्भव है, तथापि अक्रूर तीर्थ का माहात्म्य विशेष प्रकट करने के निमित्त अथवा आमोद विशेष प्रकटन हेतु गोपगण को उक्त ह्रदमें निमज्जित करके उक्त गोलोक दर्शन कराये थे । 'नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा उक्ति से दर्शन कर्त्ता प्रसिद्ध नन्दादि ही थे, अपर व्यक्ति नहीं, 'छन्द" अर्थात् वेदगण निज मूर्त्ति में स्थित होकर श्रीकृष्ण का स्तव किये थे । श्रीकृष्ण स्वरूप को विशेष रूप से प्रकट करने के निमित्त सुप्रसिद्ध श्रीकृष्ण की जन्मादि लीला का वर्णन करते हुये स्तुति किये थे । इस प्रकार श्रीकृष्ण को नन्दादि गोपगण देखे थे । श्रीकृष्ण के अन्तरङ्ग परिकरगण पूर्व वर्णित रीति से गो गोपगण ही हैं । अतएव श्रीकृष्णको आप सबोंने जिस प्रकार देखा था, अपर परिकर वर्ग का दर्शन प्रसङ्ग यहाँपर उल्लिखित नहीं है, अतएव श्रीकृष्ण जिन परिकर गण के सहित अर्थात् गो गोपगण के सहित निरन्तर अवस्थित होते हैं, उन सब परिकर समन्वित श्रीकृष्ण का दर्शन गोपगणोंने किया था । सु प्रसिद्ध नन्दादि गोपगण ही श्रीकृष्ण के परिकर थे—अपर कोई परिकर नहीं थे—इसका विवरण मृत्युञ्जय तन्त्र एवं हरिवंशोक्त कथन के अनुसार-एक ही परिकर प्रकट अप्रकट प्रकाश भेदसे द्विविध होने परभी सम्प्रति अप्रकट प्रकाशमें प्रवेश हेतु उभय प्रकाश एक रूप ही हुये थे—तज्जन्य पृथक् दर्शन नहीं हुआ अर्थात् श्रीमद् भागवत की उक्ति के अनुसार गोपगण—उक्त धाम में श्रीकृष्ण दर्शन किये थे । किन्तु द्वितीय परिकरों का उल्लेख नहीं है । सुतरां गोलोक एवं गोकुल में परिकर एकविध ही है । सुतरां व्रजलीला एवं गोलोक लीला में श्रीकृष्ण के समान सबीय परिकर वृन्द का प्रकाश भेद होता है । अर्थात् श्रीकृष्ण जिस प्रकार एक प्रकाश में श्रीवृन्दावन में, अपर प्रकाश में श्रीगोलोक में विहार करते हैं, उनके परिकर वृन्द भी ठीक उस प्रकार एक प्रकाश में श्रीवृन्दावन में एवं अपर प्रकाश में श्रीगोलोक में अवस्थित हैं । जिस समय प्रकाश भेद होता है, उस समय उभय धामगत विविध लीलारस पोषण निबन्धन लीलाशक्ति परिकर वृन्दों में अभिमान भेद सम्पन्न करती है, इससे पारस्परिक अनुसन्धान भी नहीं रहता है ।

जिस प्रकार गोलोक में एक श्रीनन्द है, गोकुल में भी उस प्रकार श्रीनन्द है, उभय धाम गत श्रीनन्द जानते हैं, मैं ही नन्द हूँ । अपर किसी स्थान में नन्द नामक कोई नहीं है । अग्रिम ग्रन्थ में इसका विशेष विवरण प्रस्तुत करेंगे ।

अतएव कहा गया है—" न वेदं स्वां गतिं भ्रमन्' गोपगण भ्रमवशतः निजगति अवगत नहीं हैं ।

'न वेद स्वां गतिं भ्रमन्' इति। तथा च सतीदानीं श्रीव्रजवासिनां कथञ्चिज्जातया तादृश्येच्छया तेभ्यस्तेषामेव तादृशलोकप्रकाशविशेषादिकं दर्शितमिति गम्यते। न च प्रकाशान्तरमसम्भावनीयम्। परमेश्वरत्वेन तत्र श्रीविग्रह–परिकर-धाम-लीलादीनां युगपदेकत्राप्यनन्तविधवैभवप्रकाशशीलत्वात्। तत्र स्वां गतिमिति तदीयतानिर्द्देशो गोपानां स्वं लोकमिति षष्ठी–स्वशब्दयोर्निर्द्देशः, कृष्णमिति साक्षात्तन्निर्द्देशश्च वैकुण्ठान्तरं व्यवच्छिद्य श्रीगोलोकमेव प्रतिपादयति। अतएव तेषां तद्दर्शनात् परमानन्दनिर्वृतत्वं सुविस्मितत्वमपि युक्तमुक्तम्। तस्यैव पूर्णत्वात्तथा तेषां पुत्रादिरूपेणोदयाच्च। तदेवमुक्तोऽर्थः समञ्जस एव॥ श्रीशुकः॥

११७। एवं श्रीद्वारकादीनां तस्य नित्यधामत्वं सिद्धम्। अथ तत्र के तावदस्यपरिकराः? उच्यते—पुर्य्योर्यादवादयो वृन्दावने गोपादयश्चेति,–श्रीकृष्णस्य द्वारकादिनित्यधामत्वेन तेषां स्वतः सिद्धेः, तद्रूपत्वे परिकरान्तराणामयुक्तत्वादश्रवणाच्च। तत्परिकरत्वेनैवाराधनादि–वाक्यानि दर्शितानि दर्शयितव्यानि च अतएवोक्तं पाद्मे कार्त्तिक–माहात्म्ये श्रीकृष्णसत्यभामा संवादे—

तज्जन्य व्रजवासिगण—निजगति दर्शनेच्छु होने से श्रीकृष्ण उनसब के प्रकाश विशेषादि का प्रदर्शन किये थे। इस प्रकार जानना होगा।

इस प्रकाशान्तर का सङ्घटन होना असम्भव नहीं है। श्रीकृष्ण-परमेश्वर हैं। उनके श्रीविग्रह, धाम, परिकर, लीला प्रभृति एक हैं। समयमें एकही स्थान में अनन्त प्रकार वैभव प्रकाश करने में आप सक्षम हैं।

श्रीकृष्ण, गोपवृन्द को जिस लोक का प्रदर्शन किये थे, वह लोक वैकुण्ठान्तर गत गोलोक नहीं हैं, इसका प्रकाश "स्वां गतिं' गोपानां स्वं लोकं" "कृष्णञ्च" प्रयोगत्रय से ही हुआ है। "स्वां गतिं' कहने पर उक्त लोक की तदीयता निर्द्दिष्ट हुई है। उक्त लोक गोपवृन्द का निज धाम है। "गोपानां" यहाँ षष्ठी विभक्ति प्रयोग है, उस से उक्त धाम के सहित गोपगण का सम्बन्ध, एवं स्वं शब्द से वहाँ पर गोपगणों का अधिकार सूचित हुआ है। 'कृष्ण' शब्द से प्रतीत होता है, उक्त लोक में श्रीकृष्ण साक्षात् रूप में अवस्थित हैं। अतएव वह वैकुण्ठ विशेष नहीं है। वैकुण्ठ में श्रीनारायण विविधरूप में विहार करते हैं, श्रीकृष्ण नहीं। गोपवृन्द भी वैकुण्ठ में नहीं रहते हैं। उनसब का निवास स्थान गोलोक एवं गोकुल हैं, यह वार्त्ता सुप्रसिद्ध है।

अतएव गोलोक को देखकर परमानन्दित होना एवं परम विस्मित होना समीचीन है। कारण—पूर्ण—भगवान् श्रीकृष्ण का धाम होनेसे श्रीगोलोक, स्वरूप गत ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य से परिपूर्ण है। गोपवृन्द ने समझा—हम सब इस धाम में रहेंगे। यहाँपर प्राण कोटि प्रतिम श्रीकृष्ण हमारे पुत्र रूप में अवस्थित होंगे—यह ही परमानन्द का विषय है। अपर कथा यह है कि—उन सब के पुत्र रूपमें अवस्थित श्रीकृष्ण ही मूर्तिमान् वेद गण कर्त्तृक स्तुत हो रहे हैं—यह ही अतीव विस्मयावह है।

सुतरां उपरि उक्त अर्थ समूह सुसङ्गत ही हैं। प्रवक्ता श्रीशुक हैं—११६॥

श्रीद्वारका श्रीमथुरा, श्रीवृन्दावन—श्रीकृष्ण के नित्य धामहैं, श्रीकृष्ण, उक्त धाम में सतत विराजित हैं, इस प्रकार नित्य धामत्व का निरूपण के अनन्तर उक्त धामत्रय में उनके परिकर कतिविध हैं? इस

"एते हि यादवाः सर्व्वे मद्गणा एव भामिनि। सर्व्वदा मत्प्रिया देवि मत्तुल्यगुणशालिनः ॥"३७१॥ इति।

एवकाराच्च देवादयः। श्रीहरिवंशेऽप्यनिरुद्धान्वेषणे तादृशत्वमेवोक्तमक्रूरेण (विष्णु-प० १२१।५७)—"देवानाञ्च हितार्थाय वयं याता मनुष्यताम्" इति। श्रीमथुरायां त्ववतारावसरेऽनभिव्यक्ता अपि निगूढ़तया केचित्तस्यामेव वर्त्तमानाः श्रूयन्ते, यथा श्रीगोपालोत्तरतापन्याम् (उ० ५०)—

"यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः।
रामानिरुद्धप्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ॥"३७२॥ इति।

श्रीवृन्दावने तैः सदा विहारश्च, यथा पाद्मपातालखण्डे श्रीयमुनामुद्दिश्य—

"अहो अभाग्यं लोकस्य न पीतं यमुनाजलम्। गोगोपगोपिकासङ्गे यत्र क्रीड़ति कंसहा ॥"३७३॥ इति।

स्कान्दे तु—

"वत्सैर्वत्सतरीभिश्च सदा क्रीड़ति माधवः। वृन्दावनान्तरगतः सरामो बालकैर्वृतः ॥" ३७४॥ इति।

न तु प्रकटलीलागतेभ्य एते भिन्नाः, 'एते हि यादवाः सर्व्वे' इत्यनुसारात्। तथाहि पाद्म-निर्माणखण्डे च श्रीभगवद्वाक्यम्—

प्रकार जिज्ञासा का उदय होने से परिकरनिकर का निरूपण करते हैं। पुरी में अर्थात् द्वारका मथुरा में यादवादि श्रीकृष्ण के परिकर हैं।" एवं श्रीवृन्दावन में श्रीगोप गोपी प्रभृति उनके परिकर हैं। कारण-द्वारका, मथुरा, वृन्दावन-यादव, एवं गोपगोपी प्रभृति का नित्य धाम—स्वतः सिद्ध है। श्रीकृष्णस्वरूप का यादव गण एवं गोप गोपी गण व्यतीत अपर परिकर की वार्त्ता अयुक्त है। शास्त्रादि में अन्यविध परिकर का वर्णन नहीं है। श्रीकृष्ण के परिकर रूप में यादवादि का एवं गोप गोपी वृन्द का वर्णन पूर्व में हुआ है, उत्तर ग्रन्थ में भी होगा।

अतएव पद्मपुराण के कात्तिक माहात्म्य में वर्णित है, कृष्ण सत्यभामा का संवाद उस प्रकार है—हे भामिनि! यह यादवगण, मदीय निजजन हैं, हे देवि! ये सब सर्वदा मत् प्रिय हैं, 'एवं' मेरे तुल्य गुण शाली हैं। 'मद्गणा एव' कथन से 'एव' कार के द्वारा देवादि का निरास हुआ है। अर्थात् देवगण, श्रीकृष्ण के परिकर नहीं हैं, केवल यादव गण ही स्वीय परिकर हैं, यह निर्णय हुआ—।

श्रीहरिवंश में भी अनिरुद्धान्वेषण प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण परिकर रूप में यादवगण का वर्णन श्रीअक्रूर ने किया है। " देव निकर के हितसाधन के निमित्त हम सब मनुष्य होकर आविर्भूत हुए हैं।" इस प्रकार यादवगण द्वारका के परिकर हैं।

श्रीमथुरा में आविर्भाव के समय अर्थात् प्रकट लीला अवसर में जो सब परिकर आविर्भूत हुये थे, उनमें से कोई कोई वहाँ पर निगूढ़ रूप से विराजित थे। अर्थात् प्रकट लीला में भी मथुरा के कतिपय परिकर अप्रकट भावसे अर्थात् जन नयनगोचर न होकर अवस्थान करते हैं, इस प्रकार सुनने में आता है। यथा—गोपाल तापनी के उत्तर विभाग में वर्णित है—'मथुरा में विभु श्रीकृष्ण, राम, अनिरुद्ध प्रद्युम्न एवं शक्ति श्रीरुक्मिणी के सहित अवस्थित हैं, इस प्रमाण के अनुसार प्रकट लीलाके समय मथुरा में अनिरुद्धादि की अवस्थिति की वार्त्ता अप्रसिद्ध होने परभी मानव नेत्र के अगोचर में सर्वदा वे सब अवस्थित हैं। यादववर्ग—मथुरा के परिकर हैं। उस प्रकार श्रीवृन्दावन के प्रकट अप्रकट प्रकाश में उभय लीला में ही गोपादि ही श्रीकृष्ण के परिकर हैं। पद्म पुराण के पाताल खण्ड में श्रीयमुना को उद्देश्य कर कहा गया है-अहो!

"नित्यां मे मथुरां विद्धि वनं वृन्दावनं तथा। यमुनां गोपकन्याश्च तथा गोपालबालकान्।
ममावतारो नित्योऽयमत्र मा संशयं कृथाः ॥"३७५॥ इति।

अतस्तानेवोद्दिश्य श्रुतौ च, तत्र ऋक्षु (१।१५४।६)—"तां वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः। अत्राह तदुरुगायस्य कृष्णः परमं पदमवभाति भूरि" इति। व्याख्यातञ्च—"तां तानि वां युवयोः कृष्णरामयोर्वास्तूनि लीलास्थानानि गमध्यै गन्तुं उश्मसि कामयामहे। तानि किं विशिष्टानि? यत्र येषु भूरिशृङ्गा महाशृङ्ग्यो गावो वसन्ति, यथोपनिषदि 'भूम'-वाक्ये धर्म्मिपरेण 'भूम'-शब्देन महिष्ठमेवोच्यते, न तु बहुतरमिति, यूथदृष्टैव वा भूरिशृङ्गा बहुशृङ्ग्यो बहुशुभलक्षणा इति वा, अयासः शुभाः, "अयः शुभावहो विधिः" इत्यस्य देवास इतिवत् जसन्तं पदमिदम्। अत्र भूमौ तल्लोकवेदप्रसिद्धं श्रीगोकुलाख्यमुरुगायस्य स्वयं भगवतो कृष्णः सर्व्वकामदुघचरणारविन्दस्य परमं प्रपञ्चातीतं पदं स्थानं 'भूरि' बहुधा अवभातीत्याह—वेद इति। यजुःषु माध्यन्दिनीयास्तु या ते धामान्युश्मसीत्यादौ विष्णोः परमं पदमवभाति भूरीत्यन्ते पठन्ति। पाद्मोत्तरखण्डे

लोकों का अभाग्य कैसा है, जिसने यमुना जलपान नहीं किया है, जहाँ गो गोप गोपिका के सहित कंसहा श्रीकृष्ण निरन्तर क्रीड़ा करते रहते हैं। इस प्रकार अनेक वर्णन हैं। स्कन्द पुराण में उक्त है—

"वत्स वत्सतरी गण के सहित माधव सर्वदा वृन्दावन में राम एवं बालक वृन्द के सहित सर्वदा क्रीड़ा रत हैं।" इस प्रकार विविध वर्णन उपलब्ध हैं। किन्तु उक्त परिकर वृन्द प्रकट लीला गत परिकर से भिन्न नहीं हैं।

'एते हि यादवाः सर्वे मद्गणा एव भामिनि।
सर्वदा मत् प्रिया देवि! मत्तुल्य गुण शालिनः॥

श्रीकृष्ण मुख वचन से ही प्रतीत होता है कि—प्रकट अप्रकट गत परिकर एक प्रकार ही है। भिन्न भिन्न नहीं हैं। पद्म पुराण के निर्माण खण्ड में भगवद्वाक्य यह है—

"मेरी मथुरा को नित्य जानना, वृन्दावन नामक वन, यमुना, गोप कन्या, एवं गोप बालक गण को भी तद्रूप नित्य ही जानना चाहिये। मथुरा एवं वृन्दावन में मेरा नित्य अवतार है—इस विषय में कुछ भी संशय नहीं है।

अतएव गोप प्रभृति को लक्ष्य करके ही नित्यता कही गई है। श्रुति में वर्णित है—(ऋग्वेद) "राम कृष्ण के लीलास्थान समूह को प्राप्त करने के निमित्त कामना करता हूँ।" उक्त लीलास्थान समूह कीदृश हैं? यहाँ पर भूरि शृङ्ग विशिष्ट गो समूह निवास करते हैं, यहाँ 'भूरिशृङ्गी—' शब्दका अर्थ—महाशृङ्गी है, जिस प्रकार उपनिषत् का भूम शब्द धर्मिपर है, तत् द्वारा महिष्ठ 'वृहत्' अर्थ प्रकाशित होता है, बहुतर अर्थ का बोध नहीं होता है, यहाँ पर भी तद्रूप भूरि शब्द का बहुतर अर्थ नहीं होगा। किन्तु महिष्ठ अर्थ होगा।

अथवा 'भूरि' शब्द का 'बहुतर' अर्थ स्वीकार करके भी अनुरूप अर्थ हो सकता है, गो यूथ के प्रति दृष्टि रखकर (बहुतर शृङ्गी) अर्थ हो सकता है, यूथ में अनेक धेनु विद्यमान हैं, उन सब के अनेक शृङ्ग हैं। गो समूह किस प्रकार हैं?—'अयास' शुभ लक्षण युक्त हैं। 'अत्र' इस भूमि में लोकवेद प्रसिद्ध श्रीगोलोक नामक स्थान है, वह स्थान 'उरुगाय' स्वयं भगवान् जो कृष्ण हैं-अर्थात् जिनके श्रीचरण कमल सर्वाभिलाष

यदियं श्रुतिः परव्योमप्रस्तावे उदाहृता, तत् खलु परमव्योम-गोलोकयोरेकतापरत्यपेक्षयेति मन्तव्यम् । 'गो'-शब्दस्य सास्नादिमत्येव प्रचुर प्रयोगेण झटित्यर्थप्रतीतेः, श्रीगोलोकस्य ब्रह्म-संहिता-हरिवंश-मोक्षधर्म्मादिषु प्रसिद्धत्वाच्च । अथर्व्वसु च श्रीगोपालतापन्याम् (उ० २७)- "जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयमच्छेद्योऽयं योऽसौ सौर्य्ये तिष्ठति, योऽसौ गोषु तिष्ठति, योऽसौ गाः पालयति, योऽसौ गोपेषु तिष्ठति" इत्यादि । सौर्य्ये इति सौरी यमुना तस्या अदूरभवे देशे श्रीवृन्दावन इत्यर्थः । सहस्रनामसु यामुन इत्यत्र हि तथा व्याख्यातं भाष्यकृद्भिः । आगमे च—"सकललोकमङ्गलो नन्दगोपतनयो देवता" इति । तदीयपरममहामन्त्र-गतऋष्यादिषु तदीयाराध्यत्वेन तस्य स्मरणम् । तदेवमुभयेषामपि नित्यपार्षदत्वे सिद्धे यत्तु शस्त्राघातक्षत-

पूरक है । उनका 'परम' प्रपञ्चातीत 'पद' स्थान बहुविध रूप में प्रकाशित है—यह विवरण ऋग्वेद में है । यजुर्वेद की माध्यन्दनीय श्रुति में उक्त है—"उस धाम की कामना करता हूँ । जो विष्णु का परम धाम है एवं बहुधा प्रकाशमान है ।

यद्यपि पाद्मोत्तर खण्ड में यह श्रुति परव्योम प्रतिपादक रूपमें उल्लिखित है, तथापि परव्योम एवं श्रीगोलोक में ऐक्य को मानकर ही परव्योम प्रस्ताव में उक्त श्रुति उल्लिखित है । कारण यह है कि गोशब्द का गलकम्बल विशिष्ट पशुमें भूरि प्रयोग दृष्ट होने से तादृश प्रणाली से ही सत्वर अर्थ की प्रतीति होती है, विशेष कर—ब्रह्मसंहिता—हरिवंश मोक्ष धर्म प्रभृति में श्रीगोलोक का वर्णन उक्त रूप में ही प्रसिद्ध है । अथर्ववेदीय श्रीगोपाल तापनी श्रुति में वर्णित है—

"जो जन्म जरा रहित हैं, त्रिकाल स्थायी, अपक्षय शून्य हैं, जो सूर्य्य मण्डल में अवस्थित हैं । गो समूह में अवस्थित हैं । जो गो पालन रत हैं, जो गोपगण के मध्य में अवस्थित हैं । "इत्यादि । उक्त श्रुतिसे सुस्पष्ट प्रमाणित हुआ है कि गोपादि के सहित श्रीकृष्ण श्रीवृन्दावन में नित्य अवस्थित हैं । उक्त श्रुतिस्थ "सौर्य्ये" पद का अर्थ है—सौरी—यमुना, उसके अदूरवत्तिदेश श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण अवस्थित हैं । सहस्र नाम की व्याख्या में श्रद्धेय भाष्यकार आचार्य शङ्कर ने कहा है-"यामुन-यमुना के अदूरवर्त्ती देशमें स्थित ।'

आगम में भी वर्णित है—"सकल लोकमङ्गलो नन्द गोप तनयो देवता " इति । तदीय परम महामन्त्र गत ऋष्यादि में तदीय आराध्य रूप में ही श्रीकृष्ण का स्मरण हुआ है ।

उक्त प्रमाण समूह से प्रतिपन्न हुआ है कि—यादव वर्ग एवं गोपवर्ग- श्रीकृष्ण के नित्य परिकर हैं । ऐसा होने पर भी यादवगण, शत्रुकृत शस्त्राघात से क्षत हुये थे, गोपगण कालियह्रद के विषजल पान से मूर्च्छित हुये थे, श्रीवसुदेव-उद्धव तत्त्व जिज्ञासु हुये थे, कुरुक्षेत्र में श्रीवसुदेव-समागत मुनिवृन्द के निकट संसार निस्तारोपाय जिज्ञासा किये थे ।—इस प्रकार संशयास्पदविषयों का समाधान यह है कि—उक्त प्रसङ्ग समूह का विस्तार नर लीला का पोषक रूप से ही किया गया है, अर्थात् श्रीभगवान् श्रीकृष्ण जिस प्रकार नरलीला के अभिप्राय से विविध मनुष्यवत् चेष्टा करते हैं, उनके परिकर वृन्द भी उनके नरलीलाके सहायक हैं आप सबने भी मनुष्योचित व्यवहार का प्रदर्शन किया है । उसका प्रकृष्ट उदाहरण भा० १०।५४।४२ श्रीरुक्मिणी के प्रति श्रीबलदेव वाक्य में है—'तवेयं विषमाबुद्धिः सर्वभूतेषुदुहृ दाम् । यन्मन्यसे सदाभद्रं सुहृदां भद्रमज्ञवत् ॥

टीका—"पुनर्देवीं प्रत्याह—तवेयमिति । सर्वभूतेषु दुहृ दाम्, अहितानां भ्रातॄणाम्—अज्ञवद् यदभद्रं मन्यसे इच्छसि, इयं तव विषमा असमीचीना बुद्धिः : कुतः ? यत स्तवैव सुभद्रामभद्रमिति । यद्वाभूतेषु-

विषपानमूर्च्छातस्त्वदुभुनुसासंसारनिस्तारोपदेशास्पदत्वादिकं श्रूयते, तद्भगवत इव नरलीलोपयिकतया प्रपञ्चितमिति मन्तव्यम् । तथा (भा० १०।५४।४२)—"तवेयं विषमा बुद्धिः" इत्यादिकम् साक्षात् श्रीरुक्मिणीं प्रति श्रीबलदेववाक्ये, यच्च श्रीमदुद्धवमुद्दिश्य (भा० ३।२।३)—"स कथं सेवया तस्यकालेन जरसं गतः"इत्युक्तम्,तदपि चिरकालसेवातात्पर्यमेव । (भा० १०।४५।१६) "तत्र प्रवयसोऽप्यासन् युवानोऽतिबलौजसः" इति विरोधात् । क्वचिच्च प्रकटलीलायाः प्रापञ्चिकलोकमिश्रत्वादयथार्थमेव तदादिकम् । यथा (भा० १०।५७।२१) शतधन्ववधादौ । उभयेषां विभागश्च श्रीदशमान्ते दृश्यते (भा० १०।९०।४३-४४,४५)—

दुर्हृदामपि स्व सुहृदां भद्रमेव वण्डरूपं मुण्डनम् अभद्रं यन्मन्यसे तवेयं विषमा बुद्धिः । अथवा सर्वभूतेषु मध्ये दुर्हृदां शिशुपालादीनामभद्रं सुहृदि भद्रञ्च यन्मन्यसे तवेयं विषमा बुद्धिः समा न भवति । अज्ञवत् अज्ञानामिव ।"

बलदेव कहे थे—"तुम अज्ञके समान—सर्वजन अहितकारी भ्रातृवर्ग की हित चिन्ता करती रहती हो, यह तुम्हारी असमीचीना बुद्धि है । कारण—उस प्रकार चिन्ता तुम्हारे भ्रातृ वर्ग के निमित्त अशुभकरी है ।" श्रीरुक्मिणी का भगवद्द्रोही भ्राता रुक्मी के प्रति रुक्मिणी की सहानुभूति को देखकर बलदेव उस प्रकार कहे थे । श्रीकृष्ण प्रेयसी रुक्मिणी देवी का—प्राणीमात्र के प्रति अनिष्टकारी के प्रति सहानुभूति प्रकाश नहीं हो सकता है । तादृश व्यक्ति में भ्रातृत्वबुद्धि, एवं तज्जनित हितानुसन्धान केवल नरलीला की मुग्धता है, अज्ञता नहीं है । भा० ३।२।३ में उद्धव को लक्ष्य कर कहा गया है—"सकथं सेवया तस्य कालेन जरसं गतः । हे राजन् ! शैशवावधि श्रीकृष्णसेवा करते करते कालक्रम से वृद्धत्व प्राप्त उद्धव,—श्रीविदुर कर्त्तृक जिज्ञासित होकर प्रत्युत्तर प्रदान में अक्षम हुये थे । कारण-आप निजप्रभु श्रीकृष्ण की विरहोत्कण्ठा से अत्यन्त अधीर हो गये थे ।" यहाँपर वृद्धत्व प्राप्ति की जो कथा है—वह कालकृत वार्द्धक्य सूचना के निमित्त नहीं है । किन्तु आप चिरकाल श्रीकृष्ण सेवा किये थे, उसको सूचित करने के निमित्त ही कहा गया है । भा० १०।४५।१६ में वर्णित है—

"तत्र प्रवयसोऽप्यासन् युवानो ऽतिबलौजसः
पिबन्तोऽक्षै र्मुकुन्दस्य मुखाम्भोजसुधां मुहुः ॥

महाराज ! कंसभयसे भीत होकर यदु, वृष्णि, अन्धक, मधु, कुकुर, प्रभृति वंशोद्भव व्यक्तिगण अन्यत्र चले गये थे । श्रीकृष्ण पुनर्वार उन सब को आनयन पूर्वक वित्त प्रदान करतः स्व स्व गृह में स्थापन किये थे । उन सब के मध्य में वृद्ध व्यक्ति गण भी श्रीकृष्ण मुखाम्भोजमधु को नयन के द्वारा पान कर अतिशय बलसम्पन्न युवा के समान सम्पन्न हुये थे ।'

श्रीकृष्ण दर्शन करके वयोवृद्ध यादवगण यदि युवक हो सकते हैं,—तब शैशवावधि श्रीकृष्ण सेवा परायण श्रीउद्धव का वृद्धत्व होना कैसे सम्भव होगा ? पक्षान्तर में - प्रकट लीला में प्रापञ्चिक लोक मिश्रण हेतु स्थल विशेष में मनुष्य के समान यथार्थ अज्ञता भी दृष्ट होती है । जिस प्रकार शतधन्वा वध प्रभृति हैं— श्रीअक्रूर,—शतधन्वा के सहित मिलित होकर श्रीसत्यभामा के पिता को हत्या करने का उपदेश प्रदान किये थे । यहाँ अक्रूर की दुःसङ्ग जनित दुरभिसन्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है,किन्तु प्रापञ्चिक लोक मिश्रण हेतु उस प्रकार सघटित हुआ था ।

दशमस्कन्ध के अन्त में १०।९०।४४-४५ श्लोक में यादवों का आविर्भाव वर्णित है-देव एवं असुर के

"देवासुराहवहता दैतेया ये सुदारुणाः ।
ते चोत्पन्ना मनुष्येषु प्रजा दृप्ता वबाधिरे ॥३७६॥
तन्निग्रहाय हरिणा प्रोक्ता देवा यदोः कुले ।
अवतीर्णा कुलशतं तेषामेकाधिकं नृप ॥३७७॥
ये चानुवर्त्तिनस्तस्य ववृधुः सर्व्वयादवाः ॥"३७८॥

इत्यनुवर्त्तिनां पृथङ्निर्द्देशात् । अन्तरङ्गानां भगवत्साधारण्यन्तु यादवानुद्दिश्योक्तम्—'मत्तुल्य-गुणशालिनः' इति, गोपानुद्दिश्य च—'गोपैः समानगुणशीलवयोविलासवेशैश्च' इति, पाद्मनिर्माणखण्डे—"गोपाला मुनयः सर्व्वे वैकुण्ठानन्दमूर्त्तयः" इति । यतो यो वैकुण्ठः श्रीभगवान्, स इवानन्दमूर्त्तयस्ते, ततस्तत्-परमभक्तत्वादेव मुनय इत्युच्यते, न तु मुन्यवतारत्वादिति ज्ञेयम् ।(भा० १०।१३।३९) "नैते सुरेशा ऋषयो न चैते" इत्यादिकं श्रीबलदेववाक्यञ्च भगवदाविर्भावलक्षण-गोपादीनां (भा० १०।१३।३७) "केयं वा कुत आयाता

संग्राम में निहत सुदारुण दैत्यगण मनुष्य लोक में राजन्य होकर उत्पन्न हुये थे, एवं प्रजापीड़न में रत थे। उक्त आसुरिक स्वभाव सम्पन्न नृपति वृन्द को संहार करने के निमित्त श्रीहरि के आदेश से देवगण यदुकुल में उत्पन्न हुये थे। अतएव यादव गण द्विविध हैं, देवरूपी, एवं नित्य पार्षद। यदुकुल में अवतीर्ण देवगण की संख्या अपरिमेय हैं। उस का विवरण १०।९०।४३-४४ श्लोक में है।

नित्य पार्षदगण की संख्या उक्त देव कुलोत्पन्न यादवों से अत्यधिक है। किन्तु भगवान् की इच्छाधीन है। उसका विवरण १०।९०।४५ में है, नित्य पार्षद यादवगण का अभ्युदय सर्वाधिक था। कारण वे सब भगवत् अनुवर्त्ती नित्य पार्षद थे" अभ्युदय एवं प्रभुत्व में वे सब अत्यधिक थे, किन्तु संख्या विषय में भगवान् हरि ही साक्षी है—अर्थात् साक्षात् द्रष्टा श्रीहरि ही थे—अपर कोई नहीं।

१०।९०।४५ में वर्णित है—ये च अनुवर्त्तिनस्तस्यववृधुः सर्वयादवाः" अतएव यादव गण-अनुवर्त्ती—नित्यपार्षद एवं सामयिक अवतार समय में लब्ध जन्मा यादव गण हैं। अनुवर्त्तिनां—शब्द प्रयोग से ही उभय में भेद सुस्पष्ट हुआ। अन्तरङ्ग भक्तगण की श्रीभगवत् तुल्य धर्मता का वर्णन यादवगण को लक्ष्य करके पद्म पुराण में उक्त है—

"मत्तुल्यगुण शालिनः" ये सब मेरे समान गुण शाली हैं। भगवत्तुल्य धर्मता के सम्बन्ध में उक्त है—'गोपैः समान गुण शीलवयो विलासवेशैश्च" समान गुण शील वयस वेष विशिष्ट गोपगण के सहित श्रीकृष्ण विहार करते हैं। पद्म पुराण के निर्म्माण खण्ड में लिखित है—गोप समूह—मुनि हैं—कारण वे सब वैकुण्ठानन्द मूर्त्ति हैं। अर्थात् वैकुण्ठ भगवान् जिस प्रकार आनन्द मूर्त्ति हैं, तदीय परिकर गोप समूह भी उस प्रकार आनन्द मूर्त्ति हैं। श्रीभगवान् के परमभक्त होने के कारण गोपगण—आनन्द मूर्त्ति हैं,—अतएव गोपगण को मुनि कहा गया है। मुनि गण का अवतार होने के कारण उन सब को मुनि नहीं कहा गया है।

भा० १०।१३।३९ में श्रीबलदेव ने कहा है—'नैते सुरेशा ऋषयो न चैते, त्वमेव भासीश भिदाश्रयेऽपि' गोपगण एवं वत्स समूह—देवता एवं ऋषि नहीं हैं, भेदाश्रय होने पर भी तुम ही सब के मध्य में प्रकाशित हो रहे हो। अर्थात् ब्रह्मा कर्त्तृक श्रीकृष्ण के सखा गोप बालक एवं वत्सगण अपहृत होने से श्रीकृष्ण निज

दैवी वा नार्य्युतासुरी" इत्यादि-प्राप्तमन्यत्वमेव निषेधति, न तु पूर्व्वेषाञ्च तद्विदधाति, कल्पनागौरवादिति ज्ञेयम्,– (भा० १०।१२।११) "इत्थं सतां ब्रह्मसुखानुभूत्या" इत्यादेः, (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यम्" इत्यादेश्च । युक्तञ्चैषां तत्साद्दश्यम्, (भा० ६।३।१७) –

स्वरूप से ही गोपादि प्रकाश कर उन सब के सहित क्रीड़ा करते थे । तज्जन्य श्रीबलराम ने कहा—तुम ही प्रकाशित हो। इस वाक्य से निर्णय हुआ कि—गोपगण श्रीकृष्ण के आविर्भाव विशेष हैं । भा १०।१४।३४ में कथित है—

"केयं वा कुत आयाता दैवी वा नार्य्युतासुरी
प्रायो मायान्तु मे भर्त्तु र्नान्या मेऽपि विमोहिनी ।'

इस श्लोक में गोपगण—श्रीकृष्ण माया द्वारा रचित हैं, इस प्रकार धारणा निरस्ता हुई है । जो सब वत्स वत्सपालक ब्रह्मा की माया द्वारा अभिभूत थे, वे सब मुनि एवं देवांश सम्भूत हैं एवं श्रीकृष्ण जो सब वत्स बालक आविर्भूत किये थे—वे सब मुनि एवं देवता के अंश सम्भूत नहीं हैं—इस प्रकार निर्द्धारण नहीं हुआ है । उस प्रकार निर्द्धारण करने से कल्पना गौरव होगा ।

भा० १०।१२।११ में कहा गया है—'इत्थंसतां ब्रह्मसुखानुभूत्या, दास्यं गतानां पर दैवतेन, मायाश्रितानां नर दारकेण साद्धंविजह्रुः कृतपुण्यपुञ्जाः ।

बृहत् क्रमसन्दर्भः—एवं भगवता सह क्रीड़तो व्रजबालानाम् प्रशंसमाह—इत्थं सतामित्यादि । मायाश्रितानां मायया कैतवेन आश्रितानां निष्कैतवानां सतामुत्तमानां दास्यं गतानां भक्तानां मध्ये कृतपुण्य पुञ्जाः, कृतं कारितं पुण्यपुञ्जं यैः, अर्थविद्रष्टॄणां श्रोतॄणाञ्च, ते गोपबाला नरदारकेण-नरदारकाकारेण तेन कृष्णेन सममित्थं विजह्रुः । कीदृशेन ? ब्रह्मसुखानुभूत्या ब्रह्मसुखानुस्वरूपेण, अथवा, एकदेश-स्त्रीत्वाद् स्वमत्यै पुरुषायेतिवत् पुंलिङ्गेऽपि स्त्रीवद्रूपम् । नरदारकाकृतिना ब्रह्मानन्दज्ञानेन—भा० ७।१०।४८, ७।१५।७५ गूढं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम् इत्याद्युक्तेः । पुनः कीदृशेन ? पर दैवतेन-सार्द्धं विजह्रुः । ब्रह्मसुखानुभूत्येति करणे तृतीया । तत्र विहारे तेषां य आनन्द आसीत्,सैव ब्रह्मसुखानुभूति स्तया । विशेषणे वा तृतीया । कीदृशेन नरदारकेण ? 'नृ विक्षेपे' नरोविक्षेपः, तस्य दारकेण—खण्डकेन ।

अथवा, सतां ज्ञानिनां ब्रह्मसुखानुभूत्या,, तेऽपि तद्व्यतिरिक्तमन्यद् ब्रह्मेति न जानन्तीत्यर्थः । दास्यं गतानां परदैवतेन-परमेश्वरेण पूर्ववन्मायाश्रितानां रागिणां नरदारकेण-विक्षेपखण्डकेनपरमनिवृत्तिकारिणां नरबालकपक्षेऽनुत्कर्षादि चमत्कारः ।।'

श्रीभगवान् के सहित क्रीड़ारत व्रजबालकों की प्रशंसा करते हैं । इत्थं सतां वाक्य के द्वारा । कैतव पूर्वक आश्रित—एवं निष्कैतव भाव से आश्रित—सज्जनों के मध्य में दास्य मायाश्रित भक्तगण के मध्यमें जो सब अतिशय पुण्यशाली हैं, जिन्होंने उत्तम पदार्थों को जाना है एवं श्रवण भी किया है--इस प्रकार गोपबालक गण-नरबालकाकृति नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्णके सहित क्रीड़ा करते हैं । कीदृशेन-ब्रह्मसुखानुभूति स्वरूप के सहित । नरदारकाकृति ब्रह्मानन्द ज्ञान के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं, भा० ७।१०।४८, ७।१५।७५ में उक्त है—"गूढं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" पुनः कीदृशेन ? परदैवत रूप के सहित— परोपदेवताधिदेवके सहित, अथवा परदैवत के सहित क्रीड़ा करते हैं, ब्रह्मसुखानुभूत्या—करण में तृतीया है, श्रीकृष्ण के सहित विहार में जो आनन्द है, वह ही ब्रह्म सुखानुभूति है, उसके सहित ही क्रीड़ा करते रहते हैं । किस प्रकार नरदारक के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं ? नृ विक्षेपार्थकधातु है - नरो विक्षेपः—उस को जो खण्डन करते हैं, अथवा सतां—ज्ञानि गणकी जो ब्रह्म सुखानुभूतिहै—उसके सहित, ज्ञानिगण— भी उससे अतिरिक्त कोई ब्रह्म हैं—इस प्रकार नहीं जानते हैं । दास्य प्राप्त जनगण के परदैवत—परमेश्वर के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं । पूर्ववत् मायाश्रित रागियों का विक्षेपापनोदनकारी के सहित क्रीड़ा करते हैं, एवं परम निवृ'ति कारियों

"तस्यात्मतन्त्रस्य हरेरधीशितुः, परस्य मायाधिपतेर्महात्मनः।
प्रायेण दूता इह वै मनोहरा,–श्चरन्ति तद्रूपगुणस्वभावाः॥"३७८॥

इति श्रीयमवाक्याद्यनुगतत्वात्, दृष्टञ्च यथा प्रथमे (भा० १।११।११)–"प्राविशत् पुरम्' इत्यारभ्य (भा० १।११।१२) "मधुभोजदशार्हार्ह-कुकुरान्धकवृष्णिभिः। आत्मतुल्यबलैर्गुप्ताम्"

के निमित्त नरबालक अर्थ करने पर उत्कर्ष की सम्भावना नहीं है, एवं चमत्कार भी नहीं है।

भा० १०।१४।३४ में श्रीब्रह्माने कहा भी है—

"तद् भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद् गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रि रजोभिषेकम्।
यज्जीवितन्तु निखिलं भगवान् मुकुन्द स्त्वद्यापि यत् पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥"

टीका—अतो मया प्रार्थितं तदस्तु मे नाथ स भूरिभाग इतियत् तदेतदेवेत्याह तत्रापि अटव्यां यत्, तत्रापि गोकुले यत्। अहो सत्यलोकं विहाय अत्र जन्मनि जाते को लाभोऽस्त आह–अपि कतमाङ्घ्रि–रजोऽभिषेकमिति। गोकुलवासिनां मध्येऽपि कतमस्य यस्य कस्याप्यङ्घ्रि रजसा अभिषेको यस्मिस्तत्। ननु कुतो गोकुलवासिन एव धन्यास्तत्राह यदिति। येषां जीवितं निखिलं भगवान् मुकुन्दः, मुकुन्दपरमेव जीवन मित्यर्थः। दुर्लभतामाह–अद्यापीति। श्रुतिमृग्यं वेदैरपि मृग्यत एव नतु दृश्यत इत्यर्थः॥

भगवन्! मैंने जो कुछ प्रार्थना की है, उसका फल स्वरूप में इसको ही भूरि भाग्य मानता हूँ। मुझ को इस गोकुल में नगण्य जन्म प्रदान करें। ब्रह्म शरीर से व्रजवासियों का आनुगत्य स्वच्छन्द रूपसे नहीं हो सकता है। यदि यहाँपर जन्मान्तर लाभ नहीं होता तो, अतः आप कृपा करें, जिस से यहाँ की अटवी में यत् किञ्चित् जन्म लाभ करूँ। ब्रह्मा जन्म से भी उसको भूरिभाग्य मानूँगा। यह क्या है ? व्रज वृन्दावन में मनुष्य जन्म हो, अति तुच्छ जन्म क्यों न हो, सत्य लोक की सुख सुविधा प्रभुत्व को छोड़कर वृन्दावन में मनुष्य जन्म लेने का अभिलाषी क्यों होते हो ? कहते हैं ब्रह्मा जन्म भूरि भाग्य का द्योतक नहीं है। किन्तु व्रज वृन्दावन में यत् किञ्चित् जन्म ही सौभाग्य का द्योतक है। गोकुल में यत् किञ्चित् जन्म होगा, उसमें भी अटवी में होगा, उससे गोकुल वासियों की चरण रज से अभिषिक्त हो सकूँगा, ब्रह्मा तुम क्या कहते हो, यह हो तुम्हारा अभिलषणीय है,गोकुल वासियों की जिस किसी की चरण धूलि को प्राप्त करूँ ? कारण-जिन गोकुल वासियों का जीवित मुकुन्द है,प्राण, जाति धनादि सब कुछ ही मुकुन्द हैं, मैं तो मुकुन्द हूँ, मुझ को तुमने प्राप्त कर हो लिया है, अपर अभिलाप तुच्छ वस्तु का क्यों करते हो ? कहते हैं-जिनके चरण रज का अन्वेषण श्रुतिगण करते रहते हैं। आप भगवान् मुकुन्द हैं, आपकी चरणधूलि श्रुति प्राप्त कर नहीं पाती है, केवल ढूँढ़ती रहती है। किन्तु गोकुल वासियों ने तो सर्वथा अपना ही लिया है। अतः इनसब की चरणधूलीसे अभिषिक्त होना ही परम जन्म सौभाग्य है।

इससे प्रतिपन्न हुआ गोपगण श्रीकृष्ण के नित्य सहचर हैं। श्रीकृष्ण का सर्वथा सादृश्य गोपगण के सहित है—यमराजने भा० ६।३।१७ में दूतगण को कहा है—"उन परम स्वतन्त्र अधीश्वर मायाधिपति महात्मा सर्वनियामक श्रीहरि के मनोहर दूतगण—रूप, प्रभावादि गुण एवं भक्त वात्सल्यादि स्वभाव समूह के द्वारा सर्वथा श्रीहरि के तुल्य हैं, वे सब भक्तरक्षा हेतु सर्वत्र भ्रमण करते रहते हैं," इस वाक्य प्रमाण से भगवत् पार्षद मात्र की ही श्रीभगवत् के तुल्य गुणशालिता होती है। यह प्रतिपन्न हुआ। भा० १।११।११ के वर्णन में भी पार्षद वृन्दों का भगवत् सादृश्य दृष्ट होता है। श्रीकृष्ण का द्वारकापुर प्रवेश प्रसङ्ग में उक्त है—"मधु भोजदशार्हार्ह कुकुरान्धक—वृष्णिभिः। आत्मतुल्यबलैर्गुप्तां नागैर्भोगवतीमिव।

नागवृन्द के द्वारा सुरक्षित भोगवती पुरी के समान निज तुल्य बलशाली मधुभोजयादव, अर्ह कुकुर

इत्यादौ। अतएव ब्रह्मणा हृतेषु बालवत्सेषु भगवता नान्येषां तत्तद्रूपाणां सृष्टिः, किन्तु स्वेनैव तत्तद्रूपताप्राप्तिरित्युक्तम्। अतएव (भा० १०।१८।११)—

गोपजातिप्रतिच्छन्ना देवा गोपालरूपिणम्।
ईडिरे कृष्णं रामञ्च नटा इव नटं नृप॥"३८०॥

इत्यत्र साम्यमेव सूचितम्। अर्थश्च—देवाः श्रीकृष्णावरणे (भा० ११।१९।२१) "मद्भक्त-पूजाभ्यधिका" इति न्यायेन तद्वदेवोपास्या अपि श्रीदामादयो गोपजात्या प्रतिच्छन्ना अन्य-गोपसामान्यभावेन प्रायस्तादृशतया लक्षयितुमशक्याः। तत्र कृष्णं रामञ्च गोपालरूपिणमिति दृष्टान्तगर्भे यथा तादृशावपि तौ तद्रूपिणौ तथा तेऽपीत्यर्थः। अत्र देवा इत्यनेन महत्त्वसाम्यम्। गोपालरूपिणमित्यनेन प्रकृतिवेश-लीला-साम्यम्, नटा इव नटमित्यनेन गुणसाम्यञ्चाभि-प्रेतमिति। तत्र यादवादीनां तत्पार्षदत्वं योजयति (भा० १०।८५।२३)—

(११७) "अहं यूयमसावार्य्य इमे च द्वारकौकसः।
सर्व्वेऽप्येवं यदुश्रेष्ठ विमृग्याः सचराचरम्॥" ३८१॥

(वंशविशेष) अन्धकगण, कर्त्तृक रक्षित द्वारका पुरी में श्रीकृष्ण प्रविष्ट हुये थे।" इस श्लोक में यादवगण की श्रीकृष्णतुल्यबलशालिता का वर्णन हुआ है।

अतएव ब्रह्मा कर्त्तृक अपहृत वत्सबालकों की सृष्टि भगवान् ने माया द्वारा नहीं की है, किन्तु स्वयं ही तत्तद्रूप हुये थे।

भगवत् परिकरों का सर्वथा भगवत् सादृश्य हेतु—वक्ष्यमाण श्लोक में गोपगण की श्रीकृष्ण तुल्यता सूचित हुई है। भा० १०।१८।११ में उक्त है—हे नृप! नट जिस प्रकार नट का स्तव करता है, गोप जाति प्रतिच्छन्न देवगण भी तद्रूप गोपाल रूपी रामकृष्ण का स्तव किये थे। यहाँपर 'देवता' शब्द के द्वारा श्रीकृष्ण सखागण अभिहित हुये हैं।

भवस्तु (भा० १२।१३।१६) "वैष्णवानां यथा शम्भुः" इत्यादि-दर्शनात् ततोऽप्युत्कर्षवान्, स च, श्रीस्तु तयोरपि भगवद्भक्तिशिक्षा–निदर्शनप्रथमरूपत्वात् परमोत्कर्षवती। तदेवमुत्तरोत्तर-विन्यासेन यथोत्तरमहिमानं सूचयित्वा श्रीस्तु न केवलं भक्तिमात्रेण तादृश्येव, किं तर्हि परमसख्येन ततोऽप्यनिर्वचनीयमाहात्म्येत्याह—अङ्गसंश्रयेति। एवम्भूतापि सा च प्रसादं लेभिरे एव। कस्मात्? विमुक्तिदात्, (भा० ५।६।१८)—'अस्त्वेवमङ्ग भजतां भगवान् मुकुन्दो, मुक्तिं ददाति कर्हिचित् स्म न भक्तियोगम्" इत्युक्तरीत्या प्रायो मुक्तिमेव ददाति,

ही भा० १०।९।२० में कहते हैं—

"नेमं विरिञ्चो न भवो न श्रीरप्यङ्ग संश्रया।
प्रसादं लेभिरे गोपी यत्तत् प्राप विमुक्तिदात्॥

गोपी यशोदाने विमुक्ति दाता श्रीकृष्ण से जो प्रसाद प्राप्त किया, —उस का लाभ—ब्रह्मा-शिव, अङ्ग संश्रिता लक्ष्मी ने भी नहीं किया है। असामर्थ्य के कारण—श्रीकृष्णने व्रजेश्वरी का बन्धन अङ्गीकार किया है, ऐसा नहीं, किन्तु श्रीयशोदा का वात्सल्य प्रेम से वशीभूत होकर ही उन्होंने अङ्गीकार किया है। सुतरां बन्धन का एकमात्र कारण प्रेम ही है। प्रेमका अचिन्त्य प्रभाव है, जिस से वशीभूत होने पर भी भगवत्ता की हानि नहीं होती है। कारण, प्रेम—स्वरूप शक्ति की वृत्ति—ह्लादिनी सार समवेत सम्वित् स्वरूप है। स्वरूप शक्ति के द्वारा वशीभूत होकर विविध लीलाविनोद करने के कारण वह गुण होता दोष नहीं। भा० २।९।५ के अनुसार—

"स आदि देवो जगतां परोगुरुः स्वधिष्ण्यमास्थाय सिसृक्षयैक्षत।
तां नाध्यगच्छद् दृशमत्र सम्मतां प्रपञ्च निर्माण विधिर्यया भवेत्॥"

जगत् के परमगुरु आदि देव ब्रह्मा, नारायण नाभि कमल में अधिष्ठित होकर जगत् सृष्टि का उपाय सोच रहे थे। उन्होंने अनेक काल पर्य्यन्त चिन्ता करके भी किस रीति से जगत् सृजन हो सकता है, उस विषय में अव्यभिचारिणी प्रज्ञा प्राप्त कर नहीं पाया।

उक्त प्रमाण से प्रतिपन्न होता है कि—समस्त भक्त वृन्द का आदि गुरु ब्रह्मा हैं, एवं महादेव—भा० १२।१३।१६ के अनुसार,

"निम्नगानां यथा गङ्गा देवानामच्युतो यथा।
वैष्णवानां यथा शम्भुः पुराणानामिदं तथा।"

नदीगण के मध्य में गङ्गा जिस प्रकार, देवगण के मध्य में श्रीहरि, जिस प्रकार, एवं वैष्णव गणों के मध्य में शम्भु जिसप्रकार श्रेष्ठ हैं, उस प्रकार समस्त पुराणों के मध्य में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ हैं।

वैष्णव गण के मध्य में आदर्श स्थानीय होने से श्रीशम्भु श्रीब्रह्मा से भी उत्कर्ष मण्डित हैं। किन्तु ब्रह्मा।शिव की भक्ति शिक्षा की अग्रणी श्रीलक्ष्मी हैं, अतः उनकी श्रेष्ठता सर्वाधिक है।

एतज्जन्य ही श्लोक में क्रम विन्यास भी हुआ है। अर्थात् ब्रह्मा से शिव—शिव से लक्ष्मी सर्वाधिक उत्कर्ष मण्डित हैं। केवल भक्ति प्रभाव से लक्ष्मी उत्कर्ष मण्डिता हैं, ऐसा नहीं, किन्तु—परम सख्य के कारण अनिर्वचनीय माहात्म्य विशिष्टा लक्ष्मी है। तज्जन्य अङ्ग संश्रया विशेषण प्रयुक्त हुआ है। वक्षो-विलासिनी लक्ष्मी को भगवत् प्रसन्नता प्राप्ति हुई है। किन्तु व्रजेश्वरी के समान अनिर्वचनीय प्रसन्नता की प्राप्ति नहीं हुई है।गोपिकाने किस से प्रसाद प्राप्त किया है?—कहते हैं—विमुक्ति दाता से। कारण—भा० ५।६।१८ में वर्णित है—अस्त्वेवमङ्ग भजतां भगवान् मुकुन्दो मुक्ति ददाति कर्हिचित् स्म न भक्तियोगम्

न तु तथाभूतं प्रसादम्, तस्माच्च श्रीभगवत एव किन्तु गोपी श्रीगोपेश्वरी यत्तदनिर्वचनीयं प्रसादशब्देनापि वक्तुं शङ्कनीयम्, तस्मात् प्राप तद्रूपं प्रसादं विरिञ्चश्च भवश्च श्रीश्च न लेभिरे-न लेभिरे न लेभिरे इत्यर्थः। 'लेभिरे' इत्यस्य प्रत्येकं नञ्त्रयेणान्वयः। नञस्त्रिरावृत्तिश्च निषेधस्यातिशयार्था। पूर्व्वोत्तराध्यायद्वये श्रीबादरायणेर्विवक्षितमिदम्। द्रोणधरयोरेतायत् साधारणदेवतात्वञ्चेत्तर्हि तयोः श्रीशिवादिदुर्लभचरणारविन्दस्फूर्त्तिलेशस्य श्रीकृष्णस्य तथा प्राप्तौ स्वतः सम्भावना नास्ति, न च तयोस्तादृशगाढ़भजनादिकं कुत्रचिद्वर्ण्यते। अन्यथा तदेवाहमाख्यास्यम्। न च ताभ्यां यदीदृशं फलं लब्धम्, तद्ब्रह्मणि पूर्व्वं प्रार्थितम्, किन्तु दुर्गतितरणहेतुत्वेनोत्तमभक्तिमात्रं प्रार्थितम्, न च ब्रह्मापि श्रीकृष्णस्य महाभक्तैरपि दुर्लभं पुत्रत्वादिकं विशिष्य ताभ्याञ्च वरं दत्तवान्, न च 'नेमं विरिञ्चः' इत्यादिनोच्यमान-तादृश-प्रसादाप्तिराहित्यस्य ब्रह्मणो वरस्तादृशफलदाने भवति समर्थः। वक्ष्यते च तस्य तत्-प्रसादाप्तिराहित्यातिशयः (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां,

भगवान् मुकुन्द मुक्ति प्रदान करते हैं, किन्तु भक्ति प्रदान नहीं करते हैं, लक्ष्मीने जिस प्रकार श्रीभगवान् से प्रसाद प्राप्त किया है, उस प्रकार प्रसाद, उन भगवान् से अपर व्यक्ति लाभ करने में सक्षम नहीं हैं किन्तु गोपी यशोदाने जो अनिर्वचनीय प्रसाद प्राप्त किया है, उसको प्रसाद शब्द से प्रकाश करना भी शङ्कास्पद है, उक्त प्रसाद लाभ, ब्रह्मा, शिव, लक्ष्मी ने नहीं किया है. नहीं किया है, नहीं किया है। उक्त कथन का तात् पर्य्यार्थ यह ही है, तीन बार न कार का प्रयोग हुआ है, 'लेभिरे' क्रिया के सहित 'न' कार का अन्वय तीन बार करना होगा। अतिशय रूप में निषेध करने के निमित्त तीनबार 'नञ्' की आवृत्ति हुई है।"

इस विषय में पूर्वोत्तर अध्याय द्वय में श्री शुकदेव का वक्तव्य यह है—द्रोण धरा यदि साधारण देवता में अन्तर्भूत हो तो,—जिस के चरण कमल का स्फूर्त्तिलेश भी श्रीब्रह्मा शिवादि के पक्ष में दुर्लभ है, उन श्रीकृष्ण को उक्त रूप से प्राप्त करना—उन दोनों के पक्ष में असम्भव होगा द्रोण धरा की प्रगाढ़ तपस्या की वार्त्ता का वर्णन भी कुत्रापि नहीं है। यदि वर्णित होती तो उसका उल्लेख मैं अवश्य करता।

जिस प्रकार फल लाभ उन्होंने किया है, पहले उन्होंने उस प्रकार प्रार्थना ब्रह्मा के निकट नहीं की है। संसार दुर्गति से त्राण करने के निमित्त उक्त भक्ति लाभ की प्रार्थना उन्होंने की है।

श्रीकृष्ण के महाभक्त गण के पक्ष में जो पुत्र भाव अतिदुर्लभ है। विशेष रूप से श्रीब्रह्माने उक्त वर प्रदान उन दोनों को नहीं किया है। विशेषतः—"ब्रह्माने प्राप्त नहीं किया" श्लोकोक्त इस वाक्य से प्रति पादित होता है कि जिस की प्राप्ति ब्रह्मा को नहीं हुई है। उस विषयक वर प्रदान करना ब्रह्मा के पक्ष में असामर्थ्य कर है। अतः श्रीब्रह्मा के वर से श्रीकृष्ण पुत्रप्राप्ति विवरण भी असमीचीन है।

ब्रह्माने उस प्रकार प्रसाद लाभ नहीं किया था, उसका कथन श्रीब्रह्म ने भा० १०।१४।३४ तद्भूरि भाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां, यद् गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रि रजोऽभिषेकम्" श्लोक द्वारा किया है।

अतएव श्रीनन्द यशोदा का तादृश भाग्योदय में अर्थात् श्रीकृष्ण रूप पुत्र प्राप्ति रूप सौभाग्योदय में कुछ भी कारण नहीं है। किन्तु बिना कारण से ही व्रजराज व्रजेश्वर की तादृशीस्थिति हुई है। अर्थात् श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता के प्रति जिस प्रकार कोई कारण नहीं है, तद्रूप श्रीनन्द यशोदा का श्रीकृष्णरूप पुत्र लाभ हेतु कुछ भी कारण नहीं है।

यद्गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोऽभिषेकम्" इत्यादिना। तस्मात्तयोस्तादृशमहोदये कारणं नास्ति, किन्तु निष्कारणत्वेन तयोर्नित्यामेव तादृशीं स्थितिं विज्ञाय मया स्वभक्तिविशेष-प्रचार-कारणक-श्रीभगवदिच्छयैव द्रोणधरारूपेणांशेनैवावतीर्णयोरैश्वर्यविवक्षया यथाकथञ्चित् कारणाभास एवोपन्यस्त इति। किञ्च, श्रीमद्भागवतेऽस्मिन् श्रीभगवत्प्रेमैव सर्वपुरुषार्थ-शिरोमणित्वेनोद्घुष्यते। तस्य च परमाश्रयरूपं श्रीगोकुलमेव, तत्रापि श्रीव्रजेश्वरौ, ततस्तत्-परमाश्रयनित्यत्वे सिद्ध एव तादृशग्रन्थप्रयत्नः सफलः स्यात्। यत एव श्रीब्रह्मादिभिस्तत्र यत्किञ्चिज्जन्म प्रार्थ्यत इति॥

१५२। तस्मात् स्वाभाविक्येव तयोस्तादृशी स्थितिरिति प्रतिपादयंस्तत्सम्बन्धेनैव भजतां सुखापो नान्येषामित्याह (भा० १०।९।२१)—

(१५२) "नायं सुखापो भगवान् देहिनां गोपिकासुतः।
ज्ञानिनाञ्चात्मभूतानां यथा भक्तिमतामिह॥" ४३०॥

सुखेनाप्यत इति सुखापः, अयं श्रीगोपिकासुतो भगवान् देहिनां देहाभिमानिनां तपआदिना न सुखापः, न सुलभः, किन्तु तैरतिचिरेणैव तेन शुद्धेऽन्तःकरणे कथञ्चित्तद्भक्तावलोकनलेशेन

यशोदा नन्दन रूप में ही श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं। इस को मैंने (शुकने) अच्छी तरह से जाना है। निज भक्ति विशेष प्रचार निबन्धन श्रीभगवदिच्छा से लीलासम्पादन हेतु द्रोण धरा रूप अंश से जो अवतीर्ण हैं, उक्त श्रीव्रजराज दम्पति के सहित उनके की ऐश्वर्य वर्णनेच्छा से यथा कथञ्चित् कारणाभास स्वरूप ब्रह्मा कर्त्तृक वरदान का प्रसङ्ग मेरे द्वारा (शुक के द्वारा) उपन्यस्त हुआ है।

और भी,—श्रीमद् भागवत में श्रीभगवत प्रेम ही सर्व पुरुषार्थ शिरोमणि रूप में उद्घोषित है। उक्त प्रेम का सर्व श्रेष्ठ आश्रय श्रीगोकुल ही है। गोकुल के मध्य में भी व्रजराज दम्पति श्रीकृष्ण प्रेम का परमाश्रय स्वरूप हैं। श्रीव्रजराज दम्पति प्रेम का परमाश्रय हैं, यह सिद्ध होने पर श्रीमद् भागवत रूप ग्रन्थ प्रकाशन प्रयत्न सफल होगा। अर्थात् श्रीनन्द यशोदा यदि प्रेम का परमाश्रय होते हैं, तब ही जो श्रीमद्भगवत श्रीकृष्ण प्रेम को पुरुषार्थ शिरोमणि रूप में प्रकाश करते हैं, उन श्रीमद् भागवत में श्रीनन्द यशोदा का महत्त्व वर्णन सार्थक होगा। उस से ग्रन्थ प्रतिपाद्य प्रेम की महिमा ही प्रकाशित हुई है। गोकुल वासियों की प्रेम महिमासे मुग्ध होकर श्रीब्रह्मादिने गोकुल वासियों की पदरज से अभिषिक्त होने की इच्छा से गोकुल में किसी भी प्रकार जन्म लाभ की प्रार्थना की है॥१५१॥

सुतरां श्रीनन्द यशोदा की व्रज में पिता माता रूप में नित्य स्थिति है" इसका प्रति पादन कर के श्रीशुकदेव कहते हैं—जो लोक उनके आनुगत्य से भजन करते हैं, श्रीकृष्ण उन सब के पक्ष में सुख लभ्य हैं, अपर का नहीं, "नायं सुखापो भगवान् देहिनां गोपिका सुतः।
ज्ञानिनाञ्चात्मभूतानां यथा भक्तिमतामिह॥"

"गोपिका सुत भगवान् श्रीकृष्ण श्रीनन्द यशोदा में भक्तिमान् जन गण के पक्ष में जिस प्रकार सुख लभ्य हैं—देही अथवा आत्मभूत ज्ञानिगण के पक्ष में उस प्रकार सुखाप नहीं हैं।" भा० १०।९।२१ के सुख से प्राप्त होता है—इस अर्थ में 'सुखाप' शब्द का प्रयोग हुआ है, गोपिका सुत भगवान् श्रीकृष्ण, देही—देहाभिमानी व्यक्ति गण के द्वारा अनुष्ठित तपस्या से सुखाप सुखलभ्य नहीं हैं। किन्तु दीर्घकाल तपश्चर्या

जातसद्बुद्धिभिस्तदेव तप-आदिकं तस्मिन्नर्पयद्भिः कथञ्चिदेवासौ लभ्यते । तथा चात्मभूतानामाविर्भूताद्वैतात्मवृत्तीनां निवृत्तदेहाभिमानानां ज्ञानिनामपि तादृशेन ज्ञानेन न सुखापः, किन्तु पूर्व्वेणैव कारणेन जाततदासक्तिभिस्तेन ज्ञानेन यद्ब्रह्मस्फुरति, तदेवायमिति चिन्तयद्भिस्तैः कथञ्चिदेवासौ लभ्यते । ततश्च द्वयोरपि तयोः साधनयोर्हीनत्वात् तल्लाभश्च न साक्षात्, किन्तु केनचिदंशेनैवेति व्यञ्जितम्, (गी० १२।४) "ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्व्वभूतहिते रताः", (गी० १२।५) "क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्" इति श्रीभगवदुक्तेः, (भा० १।५।७) "शाब्दे परे च ब्रह्मणि धर्म्मतो व्रतैः, स्नातस्य मे न्यूनमलं विचक्ष्व" इति श्रीव्यासप्रश्नानन्तरात् (भा० १।५।८)—

"भवतानुदितप्रायं यशो भगवतोऽमलम् ।
येनैवासौ न तुष्येत मन्ये तद्दर्शनं खिलम् ॥" ४३१॥

के द्वारा चित्त शुद्धि होने से यदि भक्त जनकी कृपावृष्टि उस व्यक्ति के प्रति निपतित होती है, तब उस में सद् बुद्धि का उदय होता है। तब वे सब तपस्यादि रूप कर्म का अर्पण श्रीकृष्ण में करते हैं, इस अवस्था में किञ्चित् कृष्णानुभव लाभ होता है।

उस प्रकार आत्मभूत— अर्थात् जिन सब की अद्वैत आत्मवृत्ति हुई है, तज्जन्य देहाभिमान निवृत्त हुआ है। इस प्रकार ज्ञानिगणके पक्षमें भी गोपिका सुत भगवान् श्रीकृष्ण सुखाप नहीं हैं। किन्तु पूर्व कारण से ही सुखाप हैं, अर्थात् यदृच्छाक्रम से यदि भक्त जन की कृपावृष्टि लेश निपतित होता है, तब उस से पुनः पुनः भक्त सङ्ग होता है। उस से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उस से जो ब्रह्म स्फुरित होते हैं, उसे से यह श्रीकृष्ण हैं, इस प्रकार चिन्ता होती है। उससे उन सब का यत् किञ्चित् कृष्णानुभव लाभ होता है।

सुतरां तपस्या एवं ज्ञान उभयसाधन ही उपकृष्ट है, उक्त साधनद्वयके द्वारा साक्षात् सम्बन्ध से श्रीकृष्ण प्राप्ति नहीं होती है। अंश विशेष की ही प्राप्ति होती है, यह व्यञ्जित हुआ।

गी० १२।४ में उक्त है—'ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहितेरताः"
गी० १२।५ में उक्त है—"क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्"

जो लोक,—कूटस्थ अव्यक्त ब्रह्म की उपासना करते हैं, सर्वभूत के हिताचरण में रत होने से वे सब सुख को प्राप्त करते हैं। किन्तु अव्यक्त ब्रह्म में आसक्त व्यक्ति गण अधिकतर क्लेश प्राप्त करते हैं। यह श्रीभगवान् की स्वमुखोक्ति है। भा० १।५।७ में उक्त है—

"शाब्दे ब्रह्मणि धर्मतो व्रतैः, स्नातस्य मे न्यूनमलं विचक्ष्व"

श्रीव्यास देव कहे थे—मैं योगबल से परब्रह्म निष्ठ हूँ। एवं अध्ययनादि के द्वारा अव्यय ब्रह्म रूप वेद में निष्णात होने पर भी मुझ में न्यूनता क्यों दिखाई दे रही है ? अर्थात् आत्म प्रसाद की स्वल्पता क्यों दिखाई दे रही है ? प्रश्नोत्तर में श्रीनारद कहे थे—तुमने श्रीभगवान् श्रीकृष्ण का विमल यशः वर्णन प्रायशः नहीं किया है, श्रीभगवान् के यशः वर्णन व्यतीत धर्मादि ज्ञानाचरण द्वारा श्रीभगवान् का सन्तोष नहीं होता है। जिस से भगवान् सन्तुष्ट नहीं होते हैं, उस प्रकार धर्म ज्ञानादि को मैं न्यून मानता हूँ।

भवतानुदितं प्रायं यशो भगवतोऽमलम् ।
येनैवासौ न तुष्येत मन्ये तद् दर्शनं खिलम् " भा० १।५।८

स्थित श्रीनारद का प्रत्युत्तर ही उक्त विषय में प्रमाण है। श्रीकृष्ण जिसके निकट सुखाप—सुखलभ्य

इति श्रीनारद-प्रतिवचनाच्च । सुखापस्तु केषामित्यपेक्षायां निदर्शनमाह— इह श्रीगोपिकासुते भक्तिमतां यथा सुखाप इति । तथा च श्रीब्रह्मोक्तिः (भा१०।१४।३)—"ज्ञाने प्रयासमुदपास्य" इत्यादि, श्रीनारदोक्तिश्च (भा० १।५।३८)—"यजते यज्ञपुरुषं स सम्यग् दर्शनः पुमान्" इति । श्रीगोपिकायास्तु सुखाप इत्येवं किं वक्तव्यम् । तस्याः सुत एवायं भगवानित्यतो गोपिकासुत इति विशेषणं दत्तम् । सुखमापयतीति वा सुखापः । ततश्चायं न देहाभिमानिनां सुखापः, यतो गोपिकासुतस्तत्सुतत्वलीलायाः एव साधारणदृष्ट्यानादरात् । तथा ज्ञानिनामपि न सुखापः, यत एव गोपिकासुतः,—सर्वात्मैक्यदृष्ट्युदयेन भगवत्-स्वरूपानन्दवैचित्रीसारोपरिचर तल्लीलातत्त्वाननुभवात् । यथेह श्रीगोपिकासुते भक्तिमता

हैं ? इस प्रकार जिज्ञासा के उत्तर में दृष्टान्त द्वारा स्पष्टी करण कर रहे हैं । गोपिकासुत में,—अर्थात् यशोदानन्दन स्वरूप में जो लोक भक्तिमान् हैं, श्रीकृष्ण—उन सब का सुखलभ्य हैं, यदि ऐसा ही होता है, तब—गोपिका का श्रीकृष्ण— सुखलभ्य ही हैं, यह अनायास गम्य है । यह श्रीकृष्ण रूप श्रीभगवान् उक्त गोपिका का ही सुत हैं, तज्जन्य- गोपिका' सुत विशेषण प्रयुक्त हुआ है ।

अथवा,—सुख प्राप्ति कराते हैं—अतः श्रीकृष्ण, सुखाप हैं । कारण, गोपिका सुत लीला में श्रीकृष्ण-, साधारण जनगण उनको भगवान् न कह कर गोपिकासुत मानेंगे, उपेक्षा भी करेंगे, इस प्रकार व्यवहार को भी उपेक्षा किये हैं । श्रीकृष्ण का अभिप्राय यह है—परिकर वृन्द को विचित्र लीलारसास्वादन के द्वारा सुखी करना है, तज्जन्य मुग्ध मानव के समान व्यवहार करने में मुझे कुण्ठित होना नहीं है । लोक—मुझ को भगवान् न मानकर यदि सामान्य गोप बालक मानते हैं, उससे क्षति नहीं है, भक्त वृन्द का सुख सम्पादन करना ही एक मात्र काम्य है ।

भक्तिमान् जन गण के निकट जिस प्रकार गोपिका सुत सुखलभ्य हैं, ज्ञानि गणके निकट उस प्रकार सुखलभ्य नहीं हैं, कारण—आप गोपिका सुत हैं, ज्ञानलभ्य ब्रह्म नहीं हैं । सर्वत्र आत्मा अवस्थित है, इस प्रकार परिपक्व बुद्धि का उदय होने पर ब्रह्म दर्शन होता है । किन्तु भगवत् स्वरूपानन्द वैचित्री सार के ऊपर भगवल्लीला तत्त्व प्रतिष्ठित है, ज्ञानिगण भगवल्लीलातत्त्वानुभव में असमर्थ हैं, कारण—सर्वात्मैक्य-दृष्टि का उदय होने से ब्रह्मानुभव होता है, उस से भगवल्लीलानुभव विदूरित हो जाता है,अतएव ज्ञानिगण लीला तत्त्वानुभव में वञ्चित हैं । तज्जन्य वे सब गोपिका सुत रूप में लीलापरायण श्रीकृष्ण को प्राप्त नहीं करते हैं, गोपिकासुत में भक्तिमान् जन गण के निकट गोपिकासुत जिस प्रकार सुखलभ्य हैं, यह वाक्य निदर्शन स्वरूप है ।

अथवा सुख पूर्वक प्राप्त होने के कारण—ही श्रीकृष्ण सुखाप हैं । इस से यह बोध होता है कि— गोवर्द्धन धारण प्रभृति लोकोत्तर कर्म समूह को अवलोकन कर देहाभिमानी जनगण श्रीकृष्ण को असाधारण पुरुष भगवान् मानते हैं, किन्तु ज्ञानिगण अनादृत ब्रह्म होने के कारण जानने में अक्षम हैं । यह सत्य है, तथापि गोपिकासुत में भक्तिमान् जनगण जिस सहज रूप से उनको समझ पाते हैं, वे सब उस प्रकार सहज रूप से नहीं जान पाते हैं, लौकिक तर्क के द्वारा देहाभिमानी के श्रीकृष्णतत्त्व, अति दुर्बोध्य है, उस प्रकार ज्ञानिगण के निकट ब्रह्मास्मिज्ञान के द्वारा भी श्रीकृष्ण तत्त्व दुर्बोध्य है ।' श्रीकृष्ण भक्तगण श्रीकृष्ण लीलानुभव को ही परम पुरुषार्थ मानते हैं, भा० १२।१२।६९ में उक्त है—

"स्वसुख निभृतचेतास्तद्व्युदस्तान्यभावोऽप्यजितरुचिरलीलाकृष्टसारस्तदीयम् ।
व्यतनुत कृपया यस्तत्त्वदीपं पुराणं तमखिलवृजिनघ्नं व्याससूनुं नतोऽस्मि ॥

मिति निदर्शनम् । सुखेनाप्यते ज्ञायते इति वा सुखापः सुबोधः । ततश्चायं देहाभिमानिभि-स्तर्कादिना न सुबोधः, तथा ज्ञानिभिरपि ज्ञानेन न सुबोधः । तत्र पूर्व्ववद्धेतुर्गोपिकासुत इति । ननु देहाभिमानिभिरपि तत्तदलौकिक-कर्म्मलिङ्गकानुरूर्फात ज्ञानिभिरप्यनावृत ब्रह्मत्वावगमात् सुबोध एव । सत्यम्, तथापि यथेह श्रीगोपिकासुते भक्तिमद्भिः सुबोधस्तथा न । ते हि श्रीकृष्णभक्ताः (भा० १२।१२।६६) "स्वसुखनिभृतचेतास्तद्व्युदस्तान्यभावोऽ-प्यजितरुचिर-लीलाकृष्टसारः" इत्यादि-दर्शनात् तादृशलीलानुभवस्यैव परमपुरुषार्थत्वमव-गच्छन्तीति भावः । अत्रार्थत्रयेऽपीह-पदेन श्रीपरव्योमनाथादिभक्तिमन्तोऽपि व्यावृत्ताः गोपिकासुत इति विशेषणेन च त्रैकालिक तद्भक्तानां तत्सम्बन्धिसुखापत्वं प्रति तत्सुतत्वायोग-

टीका श्रीगुरुं नमस्करोति । स्व सुखेनैव निभृतं पूर्णं चेतोयस्य । तेनैव व्युदस्तोऽन्यस्मिन् भावो यस्य तथाभूतोऽपि अजितस्य रुचिराभि र्लीलाभिराकृष्टः सारः स्वसुखगतं स्थैर्यं यस्य सः, तत्त्वदीपं परमार्थ प्रकाशकं श्रीभागवतं यो व्यतनुत तं नतोऽस्मीति ॥

श्रीशुकदेव—स्वरूपानुभवानन्द में परिपूर्ण एवं तद् द्वारा अन्यत्र आसक्ति रहित होकर भी श्रीकृष्ण की मनोहर लीलाके द्वारा आकृष्ट चित्त हुये थे ।" इत्यादि विवरण दर्शन हेतु, गोपिकासुत रूप में क्रीड़ा परायण श्रीकृष्ण की लीला—आत्मारामगण का भी चित्ताकर्षक है, अतएव भक्तवृन्द गोपिकासुत श्रीकृष्ण के लीलानुभव को परमपुरुषार्थ मानते हैं, यहाँ पर 'सुखाप' शब्द का भावार्थ यह ही है ।

यहाँपर अर्थत्रय का प्रदर्शन हुआ है,—सर्वत्र 'इह' 'गोपिका सुत में' पद विन्यास के द्वारा परव्योम नाथादि में भक्तिमान् जन गण के पक्ष में भी गोपिकासुत श्रीकृष्ण सुखलभ्य अथवा सुखबोध्य नहीं हैं, यह निश्चित हुआ ।

गोपिकासुत विशेषण के द्वारा त्रैकालिक भक्तगण के सम्बन्ध में गोपिकासुत का सुखापत्व का विरोधी, गोपिका सुत का अयोग—एवं अन्य सुतत्व योग, व्यवच्छिन्न हुआ ।

अर्थात् मूल श्लोक में 'गोपिकासुत' विशेषण प्रयुक्त है, तज्जन्य श्रीकृष्ण कभी भी गोपिका सुत नहीं थे, अथवा अन्य किसी का 'सुत' थे, इस द्विविध संशय का निरसन हुआ । कारण, विशेषण, कार्यान्वयी विशेष्य के सहित सतत विद्यमान रहता है, उसका व्यभिचार कभी भी नहीं होता है, अतएव गोपिकासुत विशेषण प्रयुक्त श्रीकृष्ण, निरन्तर गोपिका सुत रूप में विराजित हैं । इसका व्यभिचार कभी भी नहीं होता है, यहाँ का तात्पर्य्य यह ही है, अतएव त्रिकालदर्शी भक्तगण के पक्ष में गोपिका सुत रूप में ही श्रीकृष्ण सुखाप हैं ।

प्रमाण समूह के मध्य में विद्वदनुभव प्रमाण ही श्रेष्ठ है, इसका प्रतिपादन पुनः पुनः हुआ है । यहाँ पर भी उक्त प्रमाण के द्वारा ही श्रीकृष्ण के सहित गोपिका यशोदा का नित्य सम्बन्ध व्यक्त हुआ है । कारण, विज्ञवर्य्य श्रीशुकदेव ने लीला वर्णन समकाल में श्रीकृष्ण को गोपिका सुत रूप में अनुभव किया था, अतः उन्होंने 'गोपिकासुत' विशेषण का प्रयोग किया है । यहाँ 'गोपिकासुत' विशेषण का प्रयोग साक्षात् अङ्गुलिनिर्देश के समान ही हुआ है । तज्जन्य श्रीव्रजराज दम्पति के सहित श्रीकृष्ण का नित्य सम्बन्ध ही है, यह कथन सर्वथा समीचीन है ।

भा० १०।६।१ 'एकदा गृहदासीषु' से आरम्भ कर भा० १०।६।२० नेमं विरिञ्चः' इत्यादि श्लोकद्वय पर्य्यन्त दशम के नवमाध्याय में जिस दामबन्धन लीला का वर्णन हुआ है, वह भा० १०।८।४८ श्लोको

तदन्यत्वयोगो व्यवच्छिद्यते इत्यतो विद्वदनुभव–याथार्थ्येन नित्य एव तत्सम्बन्धो विवक्षितः। अतएवायं गोपिकासुत इति स्वयमपि साक्षादङ्गुल्या निर्दिश्यते। तस्मादपि साधूक्त नित्य एव श्रीव्रजेश्वरयोस्तत्सम्बन्ध इति। अत्र (भा० १०।९।१) "एकदा गृहदासीषु" इत्यादिकम्, (भा०१०।९।२०) "नेमं विरिञ्चः" इत्यादि-पद्यद्वयान्तमिदमुत्तरवाक्यम्, (भा० १०।८।४८) "द्रोणो वसूनां प्रवरः" इत्यादिकस्य पूर्ववाक्यस्य बाधकत्वेनैवोक्तम्, पूर्व्वविरोधिधर्म्मान्तरप्रतिपादनादयुक्तत्वाच्च पूर्व्वस्य, (ब्र० सू० २।१।१७) "असद्व्यपदेशान्नेति चेन्न धर्म्मान्तरेण वाक्यशेषात्" इतिवत्। तत्र च यथैवासच्छब्दस्य गत्यन्तरं चिन्त्यते, तथात्रापि। तच्च पूर्व्वमेव दर्शितं पूर्व्वोत्तराध्यायद्वये बादरायणेर्विवक्षितमिदमारभ्य प्रकरणेन ॥ श्रीशुकः ॥

१५३। तदेवं श्रुति-पुराणादि-निगमोक्त्यनुसारेण श्रीकृष्णस्य नित्याभिव्यक्तित्वं द्वारकादिषु नित्यविहारित्वं नित्ययादवादिपरिकरत्वञ्च दर्शितम्। इत्थमेव च (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति सुसिद्धम्। अथाशङ्कते—यदि नित्यमेव तथाविधः

वसूनां प्रवरः" इत्यादि पूर्व वाक्य का विरोधी रूप से ही हुआ है,

अर्थात् जिन्होंने तपस्या के द्वारा ब्रह्मा के वर से श्रीकृष्ण को प्राप्त किया है, उनके पक्ष में ब्रह्मा का दुर्लभ, महावशीकरण का निदर्शन स्वरूप दामबन्धन लीला सम्पादन असम्भव है। कारण, पूर्व विरोधी धर्मान्तर का प्रतिपादन असङ्गत है। अर्थात् जो ब्रह्मा का परमदुर्लभ है, ब्रह्मा के वर से उसकी प्राप्ति कभी भी नहीं हो सकती है। सुतरां यहाँपर ब्रह्म सूत्र २।१।१७ "असद्व्यपदेशान्नेतिचेन्न, धर्मान्तरेण वाक्य शेषात्" इस सूत्र के नियमानुसार पूर्ववाक्य का समाधान करना होगा।

इस सूत्र में जिस प्रकार श्रुति में पूर्वोक्त असत् शब्द के सहित शेषोक्त सत् शब्द का विरोध उपस्थित होने से असत् शब्द का अर्थान्तर स्वीकृत हुआ है, प्रस्तुत स्थल में भी उस प्रकार "द्रोणो वसूनां प्रवरः" इत्यादि वाक्य का अर्थान्तर अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है। उक्तार्थ का प्रदर्शन इस के पहले हुआ है। अर्थात् श्रीव्रजराज दम्पति अंश में द्रोण धरा में आविष्ट हुये थे। पश्चात् अंश, अंशी में प्रविष्ट हुआ। अंश अंशी का ऐक्य प्रतिपादनेच्छासे ही उस प्रकार कथन हुआ है। उक्त सूत्रस्य गोविन्द भाष्य—

स्यादेतत् "असद्वा इदमग्र आसीत्" इति पूर्वमसत्त्वश्रवणादुपादाने उपादेयस्य सत्त्वं नास्थेयमिति चेन्न यदयमसद्व्यपदेशोन भवदभिमतेन तुच्छत्वेन, किन्तु धर्मान्तरेणैव सङ्गच्छते। एकस्यैव द्रव्यस्योपादेयोपादानोभयावस्थस्य स्थौल्यं सौक्ष्म्यं चेत्यवस्थात्मकं धर्मद्वयं सदसच्छब्द बोध्यम्। तत्र स्थौल्याद् धर्मादन्यत् सौक्ष्म्यं धर्मान्तरं तेनेति। एवं कुतः ? वाक्य शेषात्। "तदात्मानं स्वयमकुरुतेति च विरुध्येत। असतः कालेन सहासम्बन्धात् आत्माभावेन कर्त्तृत्वस्यवक्तुमशक्यत्वाच्च।

प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं- (१५२)

श्रुति पुराणादि की सुस्पष्टोक्ति के अनुसार श्रीकृष्ण का नित्याभि व्यक्तित्व, एवं द्वारकादि में नित्य विहारित्व नित्य यादव परिकरत्व प्रदर्शित हुआ।

एतज्जन्य ही "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" वाक्य सुसिद्ध हुआ। किन्तु उक्त वाक्य में महती आशङ्का है,—यदि श्रीकृष्णाख्य स्वयं भगवान् द्वारका मथुरा गोकुल में यादवादि परिकरों के सहित निरन्तर विहार

श्रीकृष्णाख्यः स्वयं भगवान् तत्र तत्र तैर्निजपरिकरैः सार्द्धं विहरति, तर्हि कथं ब्रह्मादि-प्रार्थनया श्रीनारायण एवावततारेति श्रूयते ? तस्य यदि श्रीकृष्णे प्रवेशस्तर्हि च कथं नित्य द्वारकादिषु विराजमानं स्वयं भगवन्तं परित्यज्य ते तस्मै निवेदयितुं गताः ? कथं वा जन्मादिलीलया क्रमेण मथुरां गोकुलं पुनर्मथुरां द्वारकाञ्च त्यक्त्वा वैकुण्ठमारुरुक्षानिति । अत्रेदमुच्यते—यो द्वारकादौ नित्यं विहरति, स श्रीकृष्णाख्यः स्वयंभगवान् परात्परो ब्रह्मादिष्वप्रकट एव प्रायशः । यस्तु क्षीरोदादिलीलाधामा नारायणादिनामा पुरुषः, स एव विष्णुरूपः साक्षाद्वा निजांशेन वा तेषु प्रकटः सन् ब्रह्माण्डपालनादि कर्त्तेत्युक्तमेव । तत्र ब्रह्माण्डाधिकारिणो ब्रह्मादयोऽपि ब्रह्माण्डकार्य्यं तस्मा एव निवेदयितुमर्हन्ति । ततस्तदापि तस्मा एव पृथिवीभारावताराय निवेदितवन्तः । अनन्तरं सोऽपि पुरुषस्तान् प्रति केशदर्शनेन (भा० १०।१।२२) "स यावदुर्व्वर्या भरमीश्वरेश्वरः" इत्यादि--वाक्येन च स्वयंभगवत एवावतार-समयोऽयमिति सूचयित्वा स्वयमप्यवततीर्षां चकार । सा चावततीर्षा पूर्व्वयुक्त्या प्रकटी-भवति स्वयंभगवति प्रवेशायैव । तदेवं वैकुण्ठाद्यारोहणमपि तत्तदंशेनैव । स्वयन्तु तत्र तत्रैव पुनर्निगूढं लीलायते । अत्रोदाहृतं तन्त्रभागवतादिवाक्यं वाराहादिवाक्यञ्चानुसन्धेयम् । उदाहरिष्यते च (भा० ११।३१।२४) "नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः" इत्यादिकम् ।

करते हैं; तब क्यों वर्णन हुआ है, कि—ब्रह्मा प्रभृति की प्रार्थना से श्रीनारायण ही स्वयं अवतीर्ण हुये है ? श्रीनारायण का अवतरण यदि श्रीकृष्ण में प्रवेश रूप ही होता है, तब नित्य द्वारका में अवस्थित श्रीकृष्ण के निकट न जाकर ब्रह्मादि देवगण श्रीनारायण को निवेदन करने के निमित्त क्यों गये थे ? जन्मादि लीलाक्रम से मथुरा, को छोड़कर गोकुल लीला, एवं गोकुल को छोड़कर द्वारका लीला, एवं द्वारका को छोड़कर वैकुण्ठारोहण लीला का वर्णन क्यों हुआ ? अर्थात् जन्माष्टमी की रजनी में मथुरा से गव र गोकुल गमन, एवं कंस वध के च्छल से गोकुल परित्याग पूर्वक मथुरा गमन, अनन्तर जरासंधभयच्छल से मथुरा त्यागकर द्वारका गमन, पश्चात् द्वारकात्यागकर मौषल लीलान्त में वैकुण्ठ गमन वर्णन क्यों हुआ है ?

उत्तर में कहते हैं—परात्पर तत्त्व स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण द्वारका में नित्य निवास करते हैं, किन्तु आप प्रायशः ब्रह्मादि के निकट प्रकट रहते हैं । क्षीरोदादि लीलाधामा श्रीनारायणादि नामा जो पुरुष हैं, आप ही श्रीविष्णुरूप हैं । आप साक्षात् एवं निजांश के द्वारा ब्रह्मादि के निकट प्रकट होकर उनसब का पालन कर्त्ता हैं, इसका वर्णन पूर्व ग्रन्थ में हुआ है । ब्रह्माण्डाधिकारी ब्रह्मादि— ब्रह्माण्ड कार्य्य का निवेदन उन श्रीविष्णु के समक्ष में करते हैं । तज्जन्य श्रीकृष्णाविर्भाव के पहले ब्रह्मादि देवगण पृथिवी का भारापनोदन के निमित्त क्षीरोदपति श्रीविष्णु को निवेदन किये थे । अनन्तर भा० १०।१।२२ के 'स यावदुर्व्यभिर मीश्वरेश्वरः" के द्वारा स्वीय केश प्रदर्शन पूर्वक ब्रह्मादि को आपने सूचित किया कि—इस समय स्वयं भगवान् का आविर्भाव काल है । आप भी अवतीर्ण होंगे—इसको भी सूचित किये थे । किन्तु स्वतन्त्र रूप से अवतीर्ण होने का अभिप्राय आपने प्रकट नहीं किया । अतएव पूर्व युक्ति के अनुसार श्रीकृष्ण के प्राकट्य काल में श्रीकृष्ण में प्रविष्ट होकर अवतीर्ण होने की इच्छा प्रकट आपने की । अतएव प्रकट लीला का अवसान होने पर उक्त विष्णु रूप अंश का ही वैकुण्ठारोहण हुआ । स्वयं श्रीकृष्ण, पुनर्वार द्वारका, मथुरा, गोकुल में निगूढ़ रूप से परिकरों के सहितस्थित थे । यहाँ प्रमाण रूप में तन्त्र भागवतादि

एष चाभिसन्धिर्न सर्व्वैरेवाबुध्यतेति । यथा स्वस्वदृष्टचैव मुनिभिरसावुद्वर्ण्यते । यथा समुद्र-तीरस्थ-दृष्टचैव "अद्भ्यो वा एष प्रातरुदेत्यपः सायं प्रविशति" इति श्रुतिः प्रवर्त्तते, न तु वस्तुत इति प्राञ्चः । यदि तत्र सुमेरुपरिभ्रमणादिवाक्येनान्यथा गतिःक्रियते, तदात्रापि स्वयंभगवत्तानित्यविहारितादि प्रतिपादकवाक्येन कथं नाम क्रियताम्, यथा मथुरादि-परित्यागादुपचितरवतारे प्रापञ्चिकजनप्रकटलीलापेक्षयैव । तदप्रकटा तु लीला नित्यमेव विद्यत एव । तस्मान्नित्यत्वेन जन्मादिमयत्वेन च लीलाप्रतिपादकानां वाक्यानां स्वरसत्वस्वारस्यादिदं लभ्यते । यथा, य एव श्रीकृष्णस्तत्र तत्र नित्यमप्रकटो विहरति, स एव स्वयं जन्मादिलीलया प्रकटो भवति । तत्र च नारायणादयोऽपि प्रविशन्तीति सर्व्वं शान्तम् । तदेवं श्रीकृष्णलीला हि द्विविधा, अप्रकटरूपा प्रकटरूपा च । प्रापञ्चिकलोकाप्रकटत्वात् तत्-प्रकटत्वाच्च । तत्राप्रकटा (गो० ता० उ० ४०) —

> "यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः ।
> रामानिरुद्ध—प्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ॥४३२॥

का वचन एवं वराह पुराणादिका वचन अनुसन्धेय है । उत्तर ग्रन्थमें भा० ११।३१।२४ "नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः" वाक्य का उट्टङ्कन करेंगे ।

श्रीकृष्ण की इस प्रकार अभिसन्धि को सब व्यक्ति नहीं जानते हैं । सर्व साधारण जनगणने जिस प्रकार प्रत्यक्ष किया है, तदनुसार मुनिवृन्द ने वर्णना भी की है । जिस प्रकार प्राचीनगण कहते हैं,—"सूर्य्य प्रातः काल में जलराशि से उदित होते हैं, एवं सायं काल में उक्त जलराशि में प्रविष्ट होते हैं," यह श्रुति-समुद्र तीरस्थ व्यक्ति गण की दृष्टि के अनुसार हुई है । किन्तु उक्त घटना वास्तव नहीं है । कारण—सूर्य्य के सुमेरुपरिक्रमणादि वाक्य प्रमाण के द्वारा यदि उक्त वाक्य का अर्थ अन्य रूप करना समीचीन होता है, तब श्रीकृष्ण का वैकुण्ठारोहण प्रसङ्ग भी स्वयं भगवत्ता एवं नित्य विहारादि प्रतिपादक वाक्य प्रमाण के द्वारा अन्य प्रकार से व्याख्यात क्यों नहीं होगा ?

अर्थात् अनेक वाक्य जब श्रीकृष्ण को स्वयं भगवत्ता एवं सपरिकर द्वारका मथुरा गोकुल में विहारादि का वर्णन करते हैं, तब श्रीकृष्ण के प्रकट लीला अवसान में वैकुण्ठ गमन विषयक वाक्य का अर्थ अन्यरूप क्यों नहीं होगा ? अर्थात् श्रीविष्णुरूप अंश से वैकुण्ठ गमन किये थे, इस प्रकार अर्थ करना समीचीन होगा । इस प्रकार सिद्धान्त से सब व्यक्ति शान्त होंगे । किसी प्रकार विरोध उपस्थित होने की सम्भावना नहीं होगी ।

अतएव श्रीकृष्ण लीला द्विविधा हैं, अप्रकट रूपा, एवं प्रकट रूपा । प्रापञ्चिक लोक के समक्ष में जो लीला दृष्ट नहीं होती है, वह लीला अप्रकटलीला है, और जो लीला, प्रापञ्चिक जनगण के निकट प्रकाशित है, वह प्रकट लीला है । तन्मध्य में गोपाल तापनी (उ० ता) में वर्णित "तत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः, रामानिरुद्ध प्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ।" मथुरा तत्त्व वचन में, एवं ब्रह्मसंहिता के—"चिन्तामणि प्रकट सद्मसु" इत्यादि वृन्दावन प्रतिपादक वचनों में प्रकट लीलासे किञ्चित् विलक्षण बोध होता है, इस लीला में प्रापञ्चिक लोक,—एवं प्रापञ्चिक वस्तु का मिश्रण नहीं है । इसका प्रवाह—काल जनित आदि मध्य अवसान रूप परिच्छेद रहित है, अर्थात् उक्त अप्रकट लीला का आदि मध्य अवसान नहीं है, अनन्तकाल अनवरत एकरूप लीला प्रवाह है । इस लीला में भी श्रीकृष्ण यादवेन्द्र

इति मथुरातत्त्वप्रतिपादक—श्रीगोपालतापन्यादौ, (ब्र० सं० ५।४०) "चिन्तामणिप्रकर-सद्मसु" इत्यादि-वृन्दावनतत्त्वप्रतिपादक—ब्रह्मसंहितादौ च प्रकटलीलातः किञ्चिद्विलक्षणत्वेन दृष्टा, प्रापञ्चिकलोकैस्तद्वस्तुभिश्चामिश्रा, कालवदादिमध्यावसानपरिच्छेदरहितस्वप्रवाहा, यादवेन्द्रत्व-व्रजयुवराजत्वाद्युचिताहरहर्महासभोपवेश-गोचारणविनोदादिलक्षणा। प्रकटरूपा तु श्रीविग्रहवत् कालादिभिरपरिच्छेद्यैव सती भगवदिच्छात्मकस्वरूपशक्त्यैव लब्धारम्भ-समापना प्रापञ्चिकाप्रापञ्चिक—लोकवस्तुसम्वलिता तदीयजन्मादिलक्षणा। तत्राप्रकटा द्विविधा,—मन्त्रोपासनामयी स्वारसिकी च। प्रथमा यथा—तत्तदेकतरस्थानादिनियत-स्थितिका तत्तन्मन्त्रध्यानमयी। यथा बृहद्ध्यानरत्नाभिषेकादि-प्रस्तावः क्रमदीपिकायाम्; यथा वा—"अथ वृन्दावनं ध्यायेत् सर्व्वदेवनमस्कृतम्" इत्यादि च श्रीगौतमीयतन्त्रे। यथा च (ब्र० सं ५।३०।३१) —

> "वेणुं क्वणन्तमरविन्ददलायताक्षं, बर्हावतंसमसिताम्बुदसुन्दराङ्गम्।
> कन्दर्पकोटिकमनीयकिशोरवेशं गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥४३३॥
> आलोलचन्द्रक-लसद्वनमाल्यवंशी,--रत्नाङ्गदं प्रणयकेलिकलाविलासम्।
> श्यामं त्रिभङ्गललितं नियतप्रकाशं, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥४३४॥

इति ब्रह्मसंहितायाम्, "होमस्तु पूर्व्ववत् कार्य्यो गोविन्दप्रीतये ततः" इत्याद्यनन्तरम्—

> "गोविन्दं मनसा ध्यायेद्गवां मध्ये स्थितं शुभम्। बर्हापीडकसंयुक्तं वेणुवादनतत्परम्।
> गोपीजनैः परिवृतं वन्यपुष्पावतंसकम् ॥४३५॥

रूपमें एवं व्रजयुवराज रूप में अहरहः महासभा में उपवेशन, गोचारण प्रभृति लीलाविनोद प्रकाश करते रहते हैं। यह सब अप्रकट लीला का स्वरूप हैं।

किन्तु प्रकट लीला—श्रीविग्रहवत् कालादि के द्वारा परिच्छेद प्राप्त न होकर भगवदिच्छात्मक स्वरूप शक्ति के द्वारा ही समारम्भ एवं समापन होती है, यह लीला, प्रापञ्चिक एवं अप्रापञ्चिक वस्तु संवलित श्रीकृष्ण जन्मादि लीला लक्षणान्विता है।

अर्थात् श्रीकृष्ण विग्रह में जिस प्रकार बाल्य पौगण्ड कैशोर का क्रमविकाश स्वरूप शक्ति के द्वारा होता है, प्राकृत कालशक्ति के द्वारा नहीं, तद्वत् लीलादि अन्तरङ्गा शक्ति के द्वारा परिचालित होते हैं, प्राकृत काल शक्ति के द्वारा नहीं। अतएव परिच्छेद आरम्भ परि समाप्ति दृष्ट होने पर भी वह काल कृत नहीं है, ईश्वर की इच्छा कृत है।

तन्मध्य में, अप्रकट लीला द्विविधा है। मन्त्रोपासनामयी, एवं स्वारसिकी। प्रथमोक्त लीला इस प्रकार है—जिसकी उपासना—लीला योग्य नियत एकस्थान में होती है, एवं उक्त लीला सम्बन्धीय मन्त्र ध्यान में परिकर प्रभृति का जिस प्रकार संस्थान वर्णित है, तद्रूप संस्थान विशिष्ट है। इसका वर्णन—श्रीकेशवाचार्य्य रचित क्रमदीपिका का रत्नाभिषेक प्रस्ताव में, एवं श्रीगौतमीयतन्त्र के "अथ वृन्दावनं ध्यायेत् सर्वदेव नमस्कृतम्" 'अनन्तर सर्वपाप प्रणाशन ध्यान यह है, श्रीकृष्ण पीताम्बरधर कमल तुल्य नयन के हैं।" इत्यादि में है। अथवा— ब्रह्मसंहिता के ५।३०।३१ में वर्णित है-"वेणु वादन परायण, कमल-दललोचन, शिखिपुच्छचूड़, नवीन नीरदवत् कमनीय कान्ति विशिष्ट कन्दर्पसे भी अतिशय मनोहर शोभाशाली

इति बौधायनकर्म्मविपाकप्रायश्चित्त-स्मृतौ (गो० ता० पू० ११-१५) "तदु होवाच हैरण्यो गोपवेशमभ्राभं तरुणं कल्पद्रुमाश्रितम् । तदिह श्लोका भवन्ति—

सत्पुण्डरीकनयनं मेघाभं वैद्युताम्बरम् । द्विभुजं मौनमुद्राढ्यं वनमालिनमीश्वरम् ॥४३६॥
गोपगोपीगवावीतं सुरद्रुमतलाश्रयम् । दिव्यालङ्करणोपेतं रत्नमण्डपमध्यगम् ॥४३७॥
कालिन्दीजलकल्लोल–सङ्गिमारुतसेवितम् । चिन्तयंश्चेतसा कृष्णं मुक्तो भवति संसृतेः ॥'४३८।

इति श्रीगोपालतापन्याम्, (गो० ता० पू० ३७) "गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहम्" इत्यादि च । या तु तत्तत्कामनात्मक प्रयोगमयी पूतनावधादिरूपा, (भा० ३।६।११) "यद्यद्धिया त

आदि पुरुष गोविन्द का भजन मैं करता हूँ। चञ्चल चन्द्रक विभूषित वदन, वनमाला वंशी रत्नाङ्गद शोभित, प्रणय केलि कला विलासी त्रिभङ्ग ललित श्यामसुन्दर नियत प्रकाश आदि पुरुष गोविन्द का मैं भजन करता हूँ।"

बौधायन कर्मविपाक प्रायश्चित स्मृति में भी वर्णित है—'अनन्तर श्रीगोविन्द प्रीत्यर्थ, पूर्वके समान होम कार्य सम्पन्न करे।" इत्यादि वाक्य के पश्चात् श्रीगोविन्द का मानसिक ध्यान करे' श्रीगोविन्द-गोगण के मध्य में अवस्थित हैं, शुभ मयूरपुच्छ चूड़ा संयुक्त हैं, वेणु वादन रत पर, गोपीजन परिवृत, वन्यकुसुम रचित अवतंस मण्डित हैं।"

गोपाल तापनी (पू० ११-१५) में वर्णित है—अनन्तर ब्रह्माने कहा,—"श्रीकृष्ण,—गोपवेश, मेघश्यामल, किशोर, कल्पद्रुमाश्रित हैं।" कतिपय श्लोक भी उक्त प्रसङ्ग में लिखित हैं।

"सत् पुण्डरीक नयनं मेघाभं वैद्युताम्बरम् ।

द्विभुजं मौनमुद्राढ्यं वनमालिनमीश्वरम् ॥ गोपगोपीगवावीतमित्यादि ।" सत् पुण्डरीक नयन, मेघाभ, वैद्युताम्बर, द्विभुज, मौनमुद्रायुक्त, वेणुवादनरत, वनमाली,ईश्वर, गोप गोपी गो परिवृत, कल्पतरु तलस्थित, दिव्यालङ्कार भूषित, रत्न मण्डप मध्यस्थित, यमुना तरङ्गसङ्ग वायु सेवित, श्रीहरि का स्मरण करने से संसृति से मानव मुक्त होता है।" गोपाल तापनी पूर्व—३७ में उक्त है—"गोविन्दं सच्चिदानन्द विग्रहम्" गोविन्द, गोकुलानन्द, सच्चिदानन्द विग्रह" इत्यादि।

यह सब वाक्य,—मन्त्रमयी उपासना का प्रकाशक हैं। अभिचारादि कर्म में कामनात्मक प्रयोगमयी पूतना वधादि जो सब लीला वर्णित हैं, उसके प्रति भा० ३।६।११ में नियम लिखित है—

"त्वं भक्तियोग परिभावित हृत् सरोजे आस्से श्रुतेक्षितपथो ननु नाथ पुंसाम् ।
यद्यद् धिया त उरुगाय विभावयन्ति तत् तद् वपु प्रणयसे सदनुग्रहाय ॥

टीका—तदेवमभक्तानां संसारानिवृत्तिमुक्त्वा भक्तानां तन्निवृत्तिमाह त्वमिति । भक्तियोगेन शोधिते हृत् सरोजे, आस्से तिष्ठसि। श्रुतेन—श्रवणेन ईक्षितः पन्थायस्य सः। किञ्च श्रवणं विनापि त्वद् भक्ता मनसा यद् यद् वपुः रूपं स्वेच्छया ध्यायन्ति, तत्तत् प्रणयसे—प्रकटयसि। सतां त्वद् भक्तानां अनुग्रहाय।

"हे उरुगाय! आपके भक्तगण श्रुतसम्मत बुद्धियोग के द्वारा जिस रूप विशेष का ध्यान करते हैं, सदनुग्रह के निमित्त आप उन उन वपु को प्रकट करते रहते हैं।" इसके अनुसार अद्यापि साधक हृदय में कदाचित् सम्प्रति लीला हुई है, इस प्रकार स्फुरित होती है, वह मन्त्रोपासनामयी होनेपर भी स्वारसिकी में पर्य्यवसित है। कारण, यह लीला,—सर्वत्र अतीत रूप में निर्दिष्ट है। अर्थात् गोप—गोपी प्रभृति के सहित कल्पतरु तलादि में अवस्थित श्रीकृष्ण का प्रकाशक, वर्त्तमान में भी अनेक प्रमाण उपलब्ध हैं। किन्तु

उरुगाय विभावयन्ति, तत्तद्वपुः प्रणयसे सदनुग्रहाय" इत्युक्तानुसारेणाद्यापि साधकहृदि कदाचित् साम्प्रतीव स्फुरति, सा खलु मन्त्रोपासनामयीत्येऽपि स्वारसिक्यामेव पर्य्यवस्यति, सर्व्वत्रातीतत्वेन निर्दिष्टत्वात्। अथ स्वारसिकी च (११७ अनु०) यथोदाहृतमेव। (स्कान्दे-)

"वत्सैर्वत्सतरीभिश्च सदा क्रीड़ति माधवः। वृन्दावनान्तरगतः सरामो बालकैर्वृतः॥"४३९ इत्यादि।

अत्र चकारात् श्रीगोपेन्द्रादयोऽपि गृह्यन्ते। 'राम'–शब्देन रोहिण्यपि। तथा 'तेनैव क्रीड़ति' इत्यादिना व्रजागमनशयनादिलीलापि। 'क्रीड़ा'-शब्दस्य विहारार्थत्वाद्विहारस्य नानास्थानानुसरणरूपत्वादेकस्थाननिष्ठाया मन्त्रोपासनामय्या भिद्यतेऽसौ। यथावसरविविध-स्वेच्छामयी स्वारसिकी। एवं ब्रह्मसंहितायाम् (ब्र० सं० ५।२९।)

"चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्ष,–लक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम्।
लक्ष्मीसहस्रशतसम्भ्रमसेव्यमानं, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि॥"४४०॥

पूतनारि रूप में उसके वक्षः स्थल में अद्यापि विद्यमान श्रीकृष्ण हैं इस प्रकार प्रमाण अनुपलब्ध है। जहाँ जहाँपर पूतना वधादि लीला का प्रसङ्ग है, वहाँ वहाँ पर उक्त लीला अतीत काल में हुई थी,—इस प्रकार उल्लेख दृष्ट होता है। साधक हृदय में उक्त लीला की जो स्फूर्त्ति होती है, वह मिथ्या नहीं है, कारण, भक्तानुग्रह कातर श्रीकृष्ण की इच्छा से उक्त लीला उस समय प्रकटित होती है। ऐसा होने पर भी उक्त मन्त्रोपासनामयी नहीं होगी, कारण,—मन्त्रोपासनामयी लीला की अवस्थिति एकत्र होनी चाहिये।

स्वारसिकी लीला—बहु स्थान व्यापिनी होती है, वह नाना प्रकाशमयी एवं आदि मध्य अवसान होता है। किसी प्रकाश में स्थान विशेष में उक्त लीला सम्पन्न होने पर पूतनावधादि लीला भी स्वारसिकी में पर्य्यवसित होती है।

मन्त्रमयी उपासनाका निर्णय करने के पश्चात् सोदाहरण स्वारसिकी उपासना का निर्णय करते हैं। स्कन्दपुराण में उक्त है—

"वत्सैर्वत्सतरीभिश्च सदा क्रीड़ति माधवः।
वृन्दावनान्तरगतः सरामो बालकैर्वृतः॥"

वृन्दावन में माधव, एवं बलराम के सहित बालकगण परिवेष्टित होकर वत्स वत्सतरी के सहित सतत क्रीड़ा करते रहते हैं। उक्त श्लोकस्थ 'वत्सवत्सतरीभिश्च' 'च' कार के द्वारा श्रीकृष्ण के सहित श्रीव्रजराज प्रभृति की अवस्थिति सूचित होती है। राम शब्द के द्वारा बलराम जननी रोहिणी देवी की अवस्थिति उपलब्ध है। उस प्रकार 'क्रीड़ति' क्रिया के द्वारा श्रीकृष्ण की शयन व्रजगमन भोजनादि लीला का बोध होता है, कारण,—क्रीड़ा शब्दका अर्थ—विहार है, विहार—नानास्थान में गमन रूप होने से एकत्रस्थित मन्त्रोपासनामयी लीला से उसका पार्थक्य सुस्पष्ट है।

स्वारसिकी लीला—यथा अवसर विविध स्वेच्छामयी है। इसका दृष्टान्त—ब्रह्मसंहिता ५।२९ में है—

"चिन्तामणि प्रकट सद्मसुकल्पवृक्षलक्षावृतेषु सुरभिरभिपालयन्तम्।
लक्ष्मी सहस्रशतसम्भ्रमसेव्यमानम् गोविन्दमादि पुरुषं तमहं भजामि॥

टीका—स्तुतिमाह,—चिन्तामणीत्यादिभिः। तत्र गोलोकेऽस्मिन्मन्त्र भेदेन तदेक देशेषु वृन्दावन मयादिष्वेकस्यापि मन्त्रस्य रासमयादिषु च पीठेषु सत्स्वपि मध्यस्थत्वेन मुख्यतया प्रथमं गोलोकाख्य पीठनिवासियोग्य लीलया स्तौति–चिन्तामणीत्येकेन। अभि सर्वतोभावेन वननयन, चारण, गोस्थानानयन,

इत्यादि (ब्र० सं० ५।५२) "कथा गानं नाट्यं गमनमपि" इत्यत्राप्यनुसन्धेयम् । तत्र नानालीलाप्रवाहरूपतया स्वारसिकी गङ्गेव एकैकलीलात्मकतया मन्त्रोपासनामयी तु लब्धतत् सम्भवह्लदश्रेणीव ज्ञेया । किञ्च, मन्त्रोपासनामय्यामपि व्रजराजादिसम्बन्धः श्रूयते; किमुत स्वारसिक्यामिति न कुत्रापि तद्रहितता कल्पनीया । तदेतत् सर्व्वं मूलप्रमाणेऽपि दृश्यते । तत्र प्रकटरूपा विस्पष्टैव । अथाप्रकटायां मन्त्रोपासनामयीमाह (भा० ६।८।२०)—

(१५३) "मां केशवो गदया प्रातरव्याद्,—गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः"

'आत्तवेणुः' इति विशेषणेन गोविन्दः श्रीवृन्दावनदेव एव, तद्सहपाठात् केशवोऽपि श्रीमथुरानाथ एव, तौ हि वृन्दावन-मथुराप्रसिद्ध—महायोगपीठयोरतत्तत्प्राम्नैव सहितौ प्रसिद्धौ । तौ च तत्र तत्र प्रापञ्चिकलोकदृष्ट्यां श्रीमत्प्रतिमाकारेणाभातः, स्वजनदृष्ट्यां साक्षाद्रूपेण च । तत्रोत्तररूपं ब्रह्मसंहितायां गोविन्दस्तवादौ प्रसिद्धम् । अतएवात्रापि

सम्भालन प्रकारेण पालयन्त सस्नेहं रक्षन्तं । कदाचिद्रहसि तु वैलक्षण्यमित्याह लक्ष्मीति, लक्ष्म्योऽत्र गोपसुन्दर्य्य एवेति व्याख्यातमेव ॥

"चिन्तामणि के द्वारा निर्मित भवन समूह, असंख्य कल्पवृक्षावृत वृन्दावन में जिन सुरभी पालनरत को सेवा लक्ष्मी सहस्रशत सम्भ्रम एवं आदर के सहित करती रहती हैं, उन आदि पुरुष गोविन्द का भजन मैं करता हूँ ॥"

ब्रह्मसंहिता का अपर श्लोक उक्त विषयक यह है ।

"श्रियः कान्ताः कान्तः परम पुरुषः कल्प तरवो द्रुमा भूमिश्चिन्तामणिगणमयी तोयममृतम् ।
कथा गानं नाट्यं गमनमपि वंशीप्रियसखी चिदानन्दज्योतिः परमपि तदास्वाद्यमपि च ॥

जिस स्थान में परमलक्ष्मी स्वरूपा श्रीकृष्ण प्रेयसी श्रीव्रजसुन्दरीगण ही कान्ता वर्ग हैं, परम पुरुष स्वयं भगवान् श्रीपुरुषोत्तम श्रीगोविन्द ही कान्त हैं, समस्त पदार्थप्रद वहाँ के वृक्षसमूह हैं, भूमि चिन्तामणिमयी है, तेजोमयी वाञ्छितार्थ दायिनी है, जल—अमृत तुल्य सुस्वादु है,कथा ही गान है, गमन-अर्थात् साधारण गति ही नृत्य तुल्य है, वंशी,—प्रियसखी के समान प्रिय कार्य्य साधिका है ।

चिदानन्द ज्योतिष्क पदार्थ है,—वह ही उनसब का आस्वाद्य भोग्य है, कारण वे सब ही चिच्छक्तिमय है ।

मन्त्रमयी एवं स्वारसिकी—उभयविध लीलाके मध्य में प्रवाह रूपनानालीलात्मक होने से स्वारसिकी गङ्गाके समान है, एवं एक एक लीलाविशिष्टा होने के कारण—

मन्त्रोपासनामयी गङ्गा प्रवाह सम्भूता ह्रद श्रेणी के समान ही है । अर्थात् श्रीवृन्दावन के अनेक स्थानों में विभिन्न प्रकाश में विविध मन्त्रोपासनामयी लीला विद्यमान है । स्वारसिकी—उनसब को निजान्तर्भुक्त कर विविध वैचित्र्य के सहित अनन्त काल से प्रकाशित है । जिस प्रकार—मन्त्रमयी उपासना में,—श्रीराधाकृष्ण—यमुनातीरस्थ कुञ्ज में उपविष्ट हैं, स्वारसिकी लीला प्रवाह में—अभिसार के अनन्तर उभय का प्रथम मिलनोपलक्ष्य में कुञ्ज में प्रवेश, कियत् काल अवस्थान के अनन्तर वन भ्रमण के छल से वहिर्गमन, पुलिन भ्रमण करते करते मन्त्रोपासनामयी का एक केन्द्र—रास लीला में प्रवेश, वहाँपर नृत्य, अन्तर्द्धान, पुनर्मिलन इत्यादि विविध विचित्रता के सहित अनन्त प्रवाह है ।

यहाँ पर विशेष वक्तव्य है कि—मन्त्रोपासनामयी में ही जब व्रजराज प्रभृति का सम्बन्ध श्रुत है,

साक्षाद्रूपवृन्दप्रकरण एव तौ पठितौ। ततश्च नारायणवर्म्माख्य-मन्त्रोपास्यदेवतात्वेन श्रीगोपालतापन्यादिप्रसिद्धस्वतन्त्रमन्त्रान्तरोपास्यदेवतात्वेन च मन्त्रोपासनामय्यामिदमुदाहृतम् ॥ विश्वरूप इन्द्रम् ॥

१५४। वक्ष्यमाणभगवदभिप्रायानुसारेण स्पष्टार्थत्वेन च वस्तुतः स्वारसिकीमाह (भा० १०।४६।३६)—

(१५४) "मा खिद्यतं महाभागौ द्रक्ष्यथः कृष्णमन्तिके।
अन्तर्हृदि स भूतानामास्ते ज्योतिरिवैधसि ॥"४४१॥

तब स्वारसिकी लीलामें उनसबका सम्बन्ध तो होगा ही। किसी किसी स्थल में उन सबकी सम्बन्ध रहिता स्वारसिकी लीला की कल्पना नहीं हो सकती है। इस सम्बन्ध में विचार की आवश्यकता ही क्या है? मौलिक प्रमाण रूप श्रीमद् भागवत में ही उक्त समस्त विषय दृष्ट हैं, उस में प्रकट लीला—सुस्पष्ट रूप से वर्णित हैं। अप्रकट लीला में मन्त्रोपासना का वर्णन करते हैं। (भा० ६।८।२०) मां केशवो गदया प्रातरव्याद्, प्रातः काल में एवं वंशीधारी गोविन्द, आसङ्गवसमय में रक्षा करें।"

उक्त मन्त्र में आत्तवेणु 'वंशीधारी' का प्रयोग विशेष रूपसे हुआ है, यह शब्द गोविन्द का विशेषण है। गोविन्द ही श्रीवृन्दावन देवता है, उनके साहचर्य्य से पाठ हेतु—श्रीकेशव भी श्रीमथुरा नाथ हैं। श्रीगोविन्द एवं श्रीकेशव, उभय ही श्रीवृन्दावन एवं मथुरा के प्रसिद्ध महायोग पीठ में गोविन्द एवं केशव नामके सहित विराजित हैं।

यह प्रसङ्ग प्रसिद्ध है। उभय स्थान में प्रापञ्चिक लोक दृष्टि से प्रतिमाकार में एवं स्वजन गण की दृष्टि में साक्षात् रूप में प्रकाशित हैं। अर्थात् श्रीगोविन्द एवं श्रीकेशवदेव को लोक प्रतिमा रूप में देखते हैं, श्रीकृष्णके निज जनगण उनको सच्चिदानन्द विग्रह रूपमें देखते हैं। तन्मध्य में श्रीगोविन्द देवकी कथा श्रीब्रह्मसंहिता के ब्रह्मस्तव में वर्णित है। श्रीब्रह्माने तो श्रीगोविन्द देव का ही स्तव किया था। अतएव श्रीमद्भागवत के नारायण वर्म कथन के समयमें तदुभय का नामपठित हुआ है। तज्जन्य नारायण वर्माख्य मन्त्रोपास्य देवता रूप में एवं श्रीगोपाल तापनी श्रुति में प्रसिद्ध स्वतन्त्र अन्य मन्त्रोपास्यरूप मन्त्रोपासना मयी में श्रीगोविन्द रूप का वर्णन हुआ है।

विश्वरूप इन्द्र को कहे थे। (१५३)

वक्ष्यमाण भगवदभिप्राय के अनुसार स्पष्टार्थ रूप में भा० १०।४६।३६ "माखिद्यतं महाभागौ द्रक्ष्यथः कृष्णमन्तिके। अन्तर्हृदि स भूतानामास्ते ज्योतिरिवैधसि ॥" के द्वारा स्वारसिकी लीला का वर्णन करते हैं,—श्रीउद्धव व्रजराज दम्पत्ति को कहे थे " हे महाभागद्वय ! खेद न करें, अन्तिक में श्रीकृष्ण का दर्शन होगा। श्रीकृष्ण, काष्ठ के मध्य में अग्नि के समान भूत समूह के अन्तर्हृदय में विद्यमान हैं।

वैष्णव तोषणी—आगमिष्यतीत्यप्रसहमानौ प्रत्याह—'माखिद्यतम्" इति। महाभागाविरयधुना द्वयोः सम्बोधनं, पुत्रागमनवार्त्तया तस्या अपि स्वं प्रतिदृष्टि निक्षेपं दृष्ट्वा। अथाल्पविलम्बमसहमाना याशङ्क्य शोकशमक लोकरीत्या तत्त्वोपदेशमारभमाण आह—अन्तरिति। स कृष्णः भूतानां सर्वेषामेव प्राणिनाम् अन्तर्हृदि, हृदयाभ्यन्तरं यदन्तःकरणाख्यं हृदयं तत्राप्यास्ते, किमुत बहिरिति। अत्र दार्ष्टान्तिकः दृष्टान्तः। ज्योतिरिवेति—दारुबन्धन मृद् भक्षण लीलादौ श्रीमाया मात्रैव तद्भावकत्वानुभवात्, तत्रादौ स्वतोऽप्यनुभावो भास्तीत्यसन् नियतंते, भवतोऽस्तु सदा स्फूर्तं हृदयाभ्यन्तरेऽपि सन्नेव विराजते, इत्यसं

हे महाभागौ श्रीव्रजेश्वरौ, मा खिद्यतम्, यतः श्रीकृष्णं द्रक्ष्यथः । कथम् ? यतः सोऽन्तिक एवास्ते, तस्यान्तिकस्थितेरव्यभिचारे दृष्टान्तः— भूतानामन्तर्हृदि परमात्मलक्षणं ज्योतिरिव एधसि चाग्निलक्षणं ज्योतिरिवेति । अत्र निरन्तर-तत्स्फूर्त्तिरेव भवतां प्रमाणमिति भावः । अर्थान्तरे तूत्तरार्द्धस्य हेतुत्वास्पष्टत्वम् । परमात्मरूपेणान्तर्हृदि स्थितत्वयापि दर्शनानियमात् ॥ उद्धवः श्रीव्रजेश्वरौ ॥

१५५ । एवं श्रीभगवानुवाच (भा० १०।४७।२९)—

(१५५) "भवतीनां वियोगो मे न हि सर्व्वात्मना क्वचित्"

वहिस्तदपेक्षया, तदपि तदपेक्षया चेत्, तदा शीघ्रमेव तदपि भविष्यतीत्यर्थः ।

अथवा, भूतानामन्तर्हृदि परमात्मलक्षणं ज्योतिरेव, एधसि चाग्निलक्षणं ज्योतिरिवाप्रकटः सन् अन्तिके युवयोर्निकटे, तत्रैव स्वयं भवद्भ्यां वर्ण्यते यं लोकात्ये प्रकाशे आस्ते, सतु युवांनिकटात् पश्यत्येव युवाञ्च मनसा तं पश्यथ एव, चक्षुषापि शीघ्रं पश्यतमेवेति तात्पर्य्यम् ॥

हे महाभाग ! व्रजराज दम्पति ! खेद न करें, कारण—श्रीकृष्ण का दर्शन होगा । कैसे ? कारण—श्रीकृष्ण, समीप में ही हैं, निकट में स्थिति का अव्यभिचारीदृष्टान्त—प्राणिगण के हृदय में परमात्म स्वरूप ज्योतिः सदृश, एवं काष्ठ में अग्निलक्षण ज्योतिः सदृश श्रीकृष्ण सर्वदा अन्तिक में विद्यमान हैं । निरन्तर स्फूर्त्ति ही इस में दृष्टान्त है ।

यहाँपर अप्रकट लीला में निकट में स्थित हैं, इस प्रकार अर्थ न करने से सामञ्जस्यरक्षा नहीं होती है । कारण—उत्तरार्द्धका हेतुत्व अस्पष्ट है, अर्थात् अन्तर्हृदय में हैं, तज्जन्य ही उनका दर्शन होगा, ऐसी बात नहीं है,कारण उसका निदिचय नहीं है । परमात्मा रूपमें हृदय में अवस्थित होने पर भी उनका दर्शन दान का कोई नियम नहीं है ।

उद्धव—श्रीव्रजेश्वर दम्पत्ति को कहे थे ॥ (१५४)

भा० १०।४७।२९ में श्रीभगवान् ने भी उस प्रकार कहा है,—

"भवतीनां वियोगो मे नहि सर्वात्मना क्वचित् "

श्रीकृष्ण ने उद्धव के द्वारा व्रजसुन्दरीगण के निकट जो संवाद प्रेरण किये थे—उसमें अप्रकट प्रकाश में नित्य स्थिति की कथा है । आप सब के सहित मेरा समस्त स्वरूपों से विच्छेद नहीं है ।" आप सब के सहित मेरा जो विच्छेद है, वह समस्त प्रकाशों में नहीं है, यह किस प्रकार है ? प्रकट लीलामें विराजमान एक प्रकाश के सहित वियोग, अप्रकट लीला में विराजमान—अपर प्रकाश के सहित निश्चय ही संयोग है " यह कथनाभिप्राय है ।

बृहत् क्रमसन्दर्भ—"तदेव भगवद् वचनेनापि दृढ़ीकरोति—भवतीनां वियोगो मे इत्यादि । भवतीनां वियोगो मम क्वचित् कदाचिदपि नहीति जानीथ । भवतीनां समीप एवाहं तिष्ठामीत्यर्थः । सर्वात्मना—सर्वतो भावेन, यतश्चाक्षुष एव नाहम् । किन्तु समीप इत्येव, अन्यथा मद् विरहेण भवत्यः किं जीवन्तीति निरन्तरं वृन्दावनस्थितत्वमात्मनः प्रकटितम् । नन्वेवमघटमानं देशान्तरस्थितत्वान्नैवमित्याह—यथेत्यादि । यथा भूतेषु पञ्चीकरणावस्थासु भूतानि पृथिव्याकाशादिनी आकाशे पृथिव्यादीनीत्यादि तथापि पृथिवी पृथिव्येवेति दृश्यते, आकाश आकाशएव दृश्यते, तथाहञ्च भवतीषु मनः प्राण—बुद्धीन्द्रियगुणाश्रयः सन् निकट एव वर्त्ते इति भावः । भवत्यस्तु आत्मानमेव पश्यन्ति, न मामिति भावः ।

मे मया सह भवतीनां योऽयं वियोगः, स सर्व्वात्मना सर्व्वेणापि प्रकाशेन न विद्यते। किन्तह्येकेन प्रकटलीलायां विराजमानेन प्रकाशेन वियोगः, अप्रकटलीलायां त्वन्येन प्रकाशेन संयोग एवेत्यर्थः। अत्रैतदुक्तं भवति (भा० १०।९।१३) —"न चान्तर्न बहिर्यस्य" इत्यादि-दामोदरलीला–प्रघट्टकवृष्ट्या मृद्भक्षणलीलादौ श्रीव्रजेश्वर्यादीनां तथानुभूत्या च श्रीविग्रहस्य मध्यमत्व एव विभुत्वं दृश्यते। तच्च परस्परविरोधि–धर्म्म-द्वयमेव श्राचिन्त्यशक्तिमति तस्मिन्नासम्भवम्, "श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्" इत्येतन्न्यायेन। तदेतच्च (३०--३९ अनु०) भगवत् सन्दर्भे विभुत्वप्रघट्टकेन विवृतमस्ति। तदेवं विभुत्वे सति युगपदनेकस्थानाद्यधिष्ठानार्थं रूपान्तरसृष्टिः पिष्टपेषिता। किन्तु युगपन्मध्यमत्व-विभुत्व प्रकाशिकया तयैवाचिन्त्यशक्त्या तदिच्छानुसारेणैक एक श्रीविग्रहोऽनेकधा प्रकाशते, बिम्ब इव स्वच्छोपाधिभिः। किन्तु

तत्र निकटस्थ एव भवतीनामन्तरे वाहं प्रविष्टः। मनः प्राणेत्यादि, भवतीनां मनो मन्मनः, भवतीनां प्राणाइत्यादि प्रकारकः सन्निरित्यर्थः। एतेन भवतीनां मम चाभेद इति प्रेम्नपरिपाक प्राबल्यम्, ननु ज्ञान योग वार्त्ता। अतः सर्वात्मना नहि विरह इत्युक्तम्॥"

एक श्रीकृष्ण विग्रह की विविध प्रकार में स्थिति होती है। उसका वर्णन भा० १०।९।१३ "न चान्त र्न बहिर्यस्य" दामबन्धन लीला की सङ्गतिके अनुसार एवं मृद्भक्षण लीलाप्रभृति में श्रीव्रजेश्वरी प्रभृति का श्रीकृष्ण विग्रहमें ही नराकार मध्यमपरिमाणमें ही विभुत्व-सर्व व्यापकत्व का बोध है। अचिन्त्य शक्तिमति श्रीभगवान् में परस्पर विरुद्ध धर्मद्वयका एकत्र अवस्थान असम्भव नहीं है। ब्रह्मसूत्र २।१।२७ 'श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्" में उक्त नियम का वर्णन है। भगवत्तत्त्व विषय में श्रुत्यात्मक शब्द ही एकमात्र प्रमाण है। अर्थात् श्रुति एवं तदनुगत शास्त्र समूह श्रीभगवान् की अचिन्त्य शक्ति सत्ता का वर्णन करते हैं, इसके विरुद्ध में तर्क उपस्थित करना अनुचित है, श्रुत्युक्त शब्द समूह अभ्रान्त सिद्धान्त प्रतिपादक हैं। इसका प्रतिपादन भगवत् सन्दर्भ के --३९ अनुच्छेद में है।

उक्त श्रुतिस्थ गोविन्द भाष्य यह है—

अथैतौ दोषौ ब्रह्म कर्त्तृत्वपक्ष स्यातां न वेति वीक्षायां सर्वेषु कार्य्येषु कृत्स्नेन स्वरूपेण चेत् प्रवर्त्तते, तर्हि तृणोदञ्चनादौकृतत्स्नस्य प्रसक्ति र्न च सा सम्भवेदंशेन तत् सिद्धेः। दवचिदंशेन चेत् प्रवर्त्तते, तर्हि निष्कलं निष्क्रियमित्यादि श्रुति व्याकोपापत्ति रतः स्यातामिति प्राप्ते—

"श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्" शङ्काच्छेदाय तु शब्दः। उपसंहार सूत्रान्नेत्यनुवर्त्तते। ब्रह्म कर्त्तृत्व पक्षे लोकदृष्टा दोषा न स्युः। कुतः? श्रुतेः। अलौकिकमचिन्त्यं ज्ञानात्मकमपि मूर्त्तं ज्ञानवच्चैकमेव बहुधावभातं च, निरंशमपि सांशं च, मितमप्यमितञ्च, सर्वं कर्त्तृ निर्विकारं च ब्रह्म इति श्रवणादेवेत्यर्थः। तत्रहि "बृहच्च तद्दिव्यमचिन्त्य रूपमिति" मुण्डके अलौकिकत्वादि श्रुतम्।" तमेकं गोविन्दं सच्चिदानन्द विग्रहम्' "बर्हापीड़ाभिरामाय रामायाकुण्ठमेधसे" "एकोऽपि सन् बहुधा योऽवभाति" इति गोपालोपनिषदि— ज्ञानात्मकत्वादि। "अमात्रोऽनन्तमात्रश्च द्वैतस्योपशमः शिवः" इति माण्डुक्योपनिषदि निरंशत्वेऽपि सांशत्वम्। "आसीनोदूरं व्रजति शयानो याति सर्वत इति" काठके, मितत्वेऽप्यमितत्वं च। द्यावाभूमि जनयन् देव एकः,एष देवो विश्वकर्मा महात्मा स विश्वकृत् विश्वद्विदादेस्येतत् सर्वं श्रुत्यनुसारेणैव स्वीकार्य्यम्, केवलया युक्त्या प्रतिविधेयमिति।

ननु श्रुत्यापि बाधितार्थकं कथं बोधनीयं तत्राह— शब्देति-अचिन्त्यार्थस्य शब्दैक प्रमाणत्वादित्यर्थः,

अत्रोपाधिमात्रजीवनत्वेन साक्षात् स्पर्शाद्यभावेन वैपरीत्योदयनियमेन बिम्बस्य परिच्छिन्नत्वेन च प्रतिबिम्बत्वम् । अत्र तु स्वाभाविक-शक्ति–स्फुरितत्वेन साक्षात्स्पर्शादिभावेन यथेच्छमुदयेन श्रीविग्रहस्य विभुत्वेन च बिम्बत्वमेवेति विशेषः । एवमेव सर्व्वेषामपि प्रकाशानां पूर्णत्वमाह श्रुतिः (बृ० ६।१।४) —

"पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥" ४८२॥ इति ।

तादृशो मणिमन्त्रादौ दृष्ट ह्येतत् प्रकृते कैमुत्यमापादयति ।

इदमत्र निष्कृष्टम् । प्रत्यक्षानुमान शब्दाः प्रमाणानि भवन्ति । प्रत्यक्षं तावत् व्यभिचारि दृष्टं माया मुण्डावलोके चैत्रस्येदं मुण्ड मित्यादौ । वृष्ट्या तद् काल निर्वापित वह्नौ चिरमधिकोद्वित्वर धूमे पर्वते वह्निमान् धूमादित्यनुमानं च । आप्त वाक्य लक्षणं शब्दस्तु न क्वापि व्यभिचरति हिमालये हिमं, रत्नालये रत्नमित्यादिः । सहि तदनुग्राही तन्निरपेक्षस्तदगम्ये साधकतमश्च । दृष्टचरमायामुण्डस्य पुंसो भ्रान्त्या सत्येऽप्यविश्वस्ते तदेवेदमित्याकाशवाण्यादौ । "अरे शीतार्त्ताः मास्मिन् वह्निं सम्भावयत वृष्ट मस्माभिः स इदानीं वृष्ट्यैव निर्वाणः । किन्त्वमुष्मिन् धूमोद्गारिणि गिरौ स दृश्यत" इत्यादौ च तदुभयानुग्राहिता । मणि कण्ठस्त्वमसीत्यादौ तन्निरपेक्षता, तदगम्ये ग्रहचेष्टादौ साधक तमता चेतिशब्दस्य सर्वतः श्रैष्ठ्ये स्थिते ब्रह्मबोधकस्तु श्रुतिशब्द एव । "नावेदविन्मनुते तं बृहन्त" मित्यादि श्रवणात्, स्वतः सिद्धत्वेन निर्दोषत्वाच्चेति ॥'

अतएव कतिपय व्यक्ति के मत में स्वीकृत है—कि 'मध्यमाकार श्रीकृष्ण विग्रह विभु होने पर भी युगपत् अनेक स्थान में अधिष्ठान के निमित्त रूपान्तर की सृष्टि होती है, यह कल्पनापिष्टपेषण मात्र ही है, विभु वस्तु का अर्थ सर्वव्यापक वस्तु है । जब सब स्थान में ही सतत स्थिति है, तब विभिन्न स्थानों में स्थिति के निमित्त विभिन्न रूप सृष्टि की आवश्यकता क्या है ? किन्तु दर्पणादि स्वच्छोपाधि समूह के द्वारा बिम्ब जिस प्रकार बहुधा प्रकाशित होता है, उस प्रकार युगपत् मध्यमस्य विभुस्य प्रकाशिका स्वीय अचिन्त्य शक्ति के द्वारा श्रीकृष्णेच्छाक्रम से एक श्रीविग्रह ही अनेक प्रकार से प्रकाश प्राप्त होता है । दर्पणादि के द्वारा बिम्ब का बहुधा प्रकाश में उपाधि ही उपजीव्य है, अर्थात् बिम्ब के समक्ष में यावत् काल पर्य्यन्त दर्पणादि की स्थिति होती है । तावत् काल पर्य्यन्त ही विभिन्न प्रकाश रूप प्रतिबिम्ब समूह विद्यमान होते हैं । जो रूप उपाधि से प्रकाशित होता है, उस रूप की अनुभूति स्पर्शादि के द्वारा नहीं होता है । वह बिम्ब का विपरीत भाव से उदित होता है, एवं बिम्ब, परिच्छिन्न होने के कारण दर्पणादि में प्रकाशित रूप उक्त बिम्ब से भिन्न होता है । एतादृश कारण समूह से ही उसे प्रतिबिम्ब कहते हैं । दार्ष्टान्तिक स्थल में उक्त बिम्ब प्रतिबिम्ब से अत्यन्त वैशिष्ट्य है, श्रीकृष्ण विग्रह बहुधा प्रकाशित होने पर उस में वैशिष्ट्य है, दर्पणपूर्ण भवन के मध्य में व्यक्ति स्थित होने से समस्त दर्पण में उसका प्रतिबिम्ब पड़ता है, मूल रूप बिम्ब है, अन्य रूप प्रतिबिम्ब है । किन्तु श्रीकृष्ण का समस्त प्रकाश ही बिम्ब है, प्रतिबिम्ब नहीं है । कारण—वह रूप स्वाभाविक शक्ति द्वारा सम्पादित होता है, प्रकाशित रूप समूह का अनुभवअनुरूप स्पर्शादि द्वारा होता है । यथेच्छ उदित होता है ।

श्रीकृष्ण विग्रह विभु होने के कारण,—मूल रूप के सहित प्रकाशित रूपका कुछ भी पार्थक्य नहीं होता है । अतएव समस्त ही बिम्ब हैं ।

प्रकाशित रूप समूह का पूर्णत्व, श्रुति में वर्णित है,—

अत्र च तेषां प्रकाशानां तथैवाचिन्त्यशक्त्या पृथक्पृथगेव क्रियादीनि भवन्ति । अतएव युगपदाविर्भूतानां प्रकाशभेदावलम्बिनीनां निमेषोन्मेषादिक्रियाणामविरोधः । अतएव विभोरपि परस्परविरुद्धक्रियागणाश्रयस्यापि तत्तत्क्रियाकर्त्तृत्वं यथार्थमेव । तदयथार्थत्वे बहुशः श्रीभागवतादि वर्णितम्, विदुषान्तु तदुद्भूतं सुखं नोपपद्यत इति तदन्यथानुपपत्तिश्चात्र प्रमाणम् । इत्थमेवाभिप्रेत्य श्रीनारदेन (भा० १०।६९।२) —"चित्रं बतैतदेकेन वपुषा युगपत् पृथक्" इत्यादौ वपुष एकत्वेऽपि पृथक् पृथक् प्रकाशत्वं तेषु प्रकाशेषु पृथक् पृथक् क्रियाधिष्ठानादित्वं तादृशशक्तिस्त्वन्यत्र मुनिजनादौ न सम्भवतीति स्वयं चित्रत्वञ्चोक्तम् । एष एव प्रकाशः क्वचिदात्म--शब्देनोच्यते, क्वचिद्रूपादि-शब्देन च । यथा तत्रैव " न हि सर्व्वात्मना क्वचित्" इति, अन्यत्र (भा० १०।३३।१९) —"कृत्वा तावन्तमात्मानम्" इति

"पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥"

मूल रूप पूर्ण है, प्रकाश रूप भी पूर्ण है, पूर्ण से पूर्ण का उदय होता है, पूर्ण से पूर्ण गृहीत होने से भी पूर्ण अवशिष्ट रहता है। इस प्रकार संघटन अचिन्त्य शक्ति के द्वारा ही सम्भव है । अचिन्त्य शक्ति के द्वारा प्रकाश समूह में पृथक् पृथक् क्रियादि सर्वत्र विद्यमान रहते हैं । अतएव युगपत् आविर्भूत प्रकाश मूर्त्ति के निमेषोन्मेषादि क्रिया समूह में कोई विरोध उपस्थित नहीं होता है, सुतरां विभु होने पर भी परस्पर क्रिया समूह का आश्रय होने से भी उन सब क्रिया का कर्त्तृत्व श्रीकृष्ण में यथार्थतः ही है ।

अर्थात् जो विभु हैं, सर्वत्र उनका प्रकाश एक रूप होना ही सम्भव है, उक्त प्रकाश समूह में पार्थक्य की सम्भावना नहीं रहती है ।

किन्तु श्रीकृष्ण विग्रह जब परस्पर विरुद्ध शक्ति का आश्रय है, तब तदीय विभिन्न प्रकाश में युगपत् विभिन्न क्रिया प्रकाश, भ्रान्ति मूलक नहीं है । वह यदि अयथार्थ ही होता तो, तब श्रीमद्भागवतादि में विविध प्रकार से वर्णित विद्वद्गण का तदनुभव– प्रकाश गत रूपानुभवसुख नहीं होता । विद्वद्गण उक्त प्रकाश रूप की अनुभूति से परमानन्दानुभव करते हैं । यह ही प्रस्तुतस्थल में यथार्थ प्रमाण है ।

इस अभिप्राय से भा० १०।६९।१ में श्रीनारदने कहा—

"चित्रं बतैतदेकेन वपुषा युगपत् पृथक् ।
गृहेषु द्व्यष्ट साहस्रं स्त्रिय एक उदावहत् ॥"

टीका—विवक्षामभिनयेनाह चित्रमिति । द्व्यष्ट सहस्रस्त्रीरुदावहत् परिणीतवान् ।

अथवा—हरिकथा के समान ही जिनका उद्गीत है, जिन सब का माहात्म्य गान है, माहात्म्य निबद्ध उच्च गीत है, अथवा, जिनका उद्गीत ही हरिकथा है, अतएव इन सब का माहात्म्य गान करना ही मेरा एक मात्र कृत्य है । व्रज में चिरकाल वास करने के कारण, कर्त्तव्य लङ्घनजनित श्रीरङ्कुला'द से अपराध होने पर भी मेरा कुछ भी भय नहीं है, यह है निगूढ़ाभिप्राय है । यह गान एवं वन्दन उनसब का साक्षात् ही है, किन्तु नन्द व्रजस्त्रीगण प्रत्यक्षस्थित होने पर भी परोक्ष उक्ति का कारण है, उक्त उक्ति से ही उनसब का माहात्म्याधिक्य सूचित हुआ है । कि वा गौरव विशेष से ही उस प्रकार कहा गया है । अतएव मध्यम पुरुष का प्रयोग नहीं हुआ है । अथवा परमलज्जादि गुणवती के पक्ष में निज माहात्म्य श्रवण असहिष्णुकर होने के कारण—परोक्ष रूप से वर्णित हुआ है । अतएव 'एता' 'आसां' शब्द निकटस्थ वस्तु का परिचायक है, अथवा सर्वदा हृदय में वर्त्तमान होने के कारण ही प्रत्यक्ष के समान वर्णित हुआ है । श्रीमदुद्धव की वन्दना मैं करता हूँ कृष्ण भक्त पर होकर भी जिन्होंने गोपीपादाब्जधूली प्राप्ति की स्पृहा से तृण जन्म की प्रार्थना की है ।

यहाँपर व्रजस्त्रीगणों का केवल जारत्व की प्रशंसा नहीं की गई है, किन्तु उनसब का श्रीकृष्ण विषयक राग ही प्रशंसित हुआ है । जिस प्रकार दुर्दम्य अत्युत्कट तृष्णा के द्वारा उन्होंने जार रूपसे भी श्रीकृष्ण को अङ्गीकार किया । विशुद्ध जारवादि गण जारबुद्धया शब्दमें प्रयुक्त तृतीया विभक्ति को सहार्थे तृतीया मान कर व्याख्या करते हैं । उस प्रकार कल्पना असत्य मूलक है, श्रीकृष्ण ही सर्व साधारण के सुनिश्चित पति हैं, विशुद्ध पति हैं, अतएव उनमें जार बुद्धि नहीं हो सकती, निज प्रिया वर्ग के सहित ही परम र विनोद क्रीड़ा सदा करते रहते हैं, उसमें उनका दोष नहीं होता है, स्वयं पति भी हैं, पत्नी भी हैं । लोक शिक्षार्थ लीला करते हैं । 'रमणं जारं' यहाँ पर जारपद के सहित रमण पद का पाठ होने से भी जार संसक्त रमण पद का जार अर्थ न होकर नित्य प्रिय पति होता है, इसका प्रति पादन पूर्व ग्रन्थ में हुआ है ।

"जारबुद्धया" सहार्थ में तृतीया विभक्ति मानने पर सह' पद का अनुसन्धान करना होगा, इस से गौरव प्रयुक्त कष्ट कल्पना होगी । कारण, उपपद विभक्ति से कारक विभक्ति बलीयसी होती है । व्यापारवद् असाधारण कारण ही करण है, उस से ही कार्य्य होता है, 'जारबुद्धया' सहार्थ में तृतीया मानने पर अन्य करण की कल्पना करनी पड़ेगी ।

पाद्मोत्तरखण्ड में वर्णित विवरण से ज्ञात होता है कि भर्त्तृ गृह रता गोपीगण सिद्धदेहा नहीं थीं ।

"ते सर्वे स्त्रीत्व मापन्नाः समुद्भूताश्च गोकुले ।
हरिं सम्प्राप्य कामेन ततोमुक्त भवार्णवात् ॥"

मुनिगण गोकुल में गोपो से उत्पन्न होकर स्त्रीत्व प्राप्त किये थे । अनन्तर नित्यसिद्ध गोपीगणके सङ्ग से श्रीकृष्ण विषयिणी प्रबल तृष्णा हुई,प्रबल अनुराग से श्रीकृष्ण भजन करने के पश्चात् भवार्णव से मुनिचरी गोपीगण मुक्त हो गई थीं । अतएव आनुष्ठानिक पति सम्पर्कान्वित देह त्याग से एवं पति त्यागके द्वारा

"या मया क्रीड़ता रात्र्याम्" इत्यादिना। किन्तु जारपदमेतादृशश्लीलम्, यत् खलु जारतया भजन्तीभिरपि न जारं प्रतिवचनदिषयीक्रियते, किन्तु रमणादिपदमेवेति तदभिदेयं कथमिव फलाय कल्पते ? तदेवं जारमिति ब्रह्मेत्याद्यप्यनुवादमगन्तिः पारयेव; किन्तु भ्रममयत्वा-न्निन्दितत्वाच्च जारत्वस्य हेयत्वम्। रमणमिति तु विधेयमिति यदुक्तम्, तत् खलु प्रकटलीलायां पूर्व्वस्य स्पष्टतया दर्शितत्वेन श्रोतरि प्रसिद्धत्वादुत्तरस्य तद्वद्दर्शितत्वेनापि प्रसिद्धत्वादपि

श्रीकृष्ण प्राप्ति होने से श्रीकृष्ण उपपति नहीं होते हैं, नतो वे सबमें परकीयात्व ही होता है, पर तो अवशेष रहा ही नहीं, नित्य पति श्रीकृष्ण में पतित्व का पर्य्य वसान हुआ। तब साधकचरी गोपीगण के सम्बन्ध में ही विश्वपति श्रीकृष्ण की प्राप्ति उपपति भाव से नहीं हुई--किन्तु नित्य पति रूप में प्राप्ति हुई, तब निज चिच्छक्ति रूप योग माया के द्वारा अध्यस्त परकीयात्व बुद्धि सम्पन्न स्वरूप शक्ति स्वरूप नित्य प्रेयसी वर्ग की श्रीकृष्ण प्राप्ति प्रियत्वेन ही होगी न तु उपपतित्वेन इसका कहना व्यर्थ है। अर्थात् स्वाभाविकीरियति ही है, शक्ति शक्तिमत्तत्व का मिलन, नित्य कान्ता कान्त का मिलन।

भा० १०।४७।३७ में श्रीभगवान् श्रीकृष्णने भी कहा है—

"या मया क्रीड़ता रात्र्यां वनेऽस्मिन् व्रज आस्थिताः।
अलब्धरासाः कल्याण्यो मापुर्मद्वीर्य्यचिन्तया॥"

टीका—उपेत्ययेति माधुर्य्यमात्रमिति चेदत आह या इति। हे कल्याण्यः स्व भर्तृभि प्रतिबद्धा या वने क्रीड़ता मया सह अलब्ध क्रीड़ा रसास्तश्च मा माम् आपुः प्रापुः।"

बृहत्क्रमसन्दर्भ—अत्र किं प्रमाणमित्याशङ्क्य सोदाहरणमाह— या मया क्रीड़तेत्यादि। या व्रज वध्वोऽलब्धरासास्तेनेश्वरेण न लब्धो रासो याभिस्ताः, अस्मिन् व्रजे रात्र्यां क्रीड़ता मया आस्थिताः कृतास्थाः कल्याण्य आनन्द विग्रहा भूत्वा मा मामापुः। (भा० १०।२९।११) "जहुर्गुणमयं देहम्" इत्यादिना कथिता स्ताएव तत्क्षणं कल्याण्यो भूत्वा पश्चान्मयैव रात्रौ क्रीड़ता रासे नृत्यता सह आस्थिता इत्यर्थः। कुतः ? इत्याह—मद् वीर्य्यचिन्तया, वीर्य्यं गुणाः। अतस्ता एव प्रमाणम्। तास्तु पूर्वमयोग्या एवासन्, तथापि मत् प्रेम्णा तद् देह त्यागेन योग्यदेहं लब्ध्वा तदैव मां प्रापुः। यूयस्तु—अनेनैव देहेन प्रापुश्च, प्राप्स्यथ चेत्यर्थः॥

अति सत्वर साक्षात् संयोग होगा, इस में निश्चयता क्या है ? उत्तर में कहते हैं—क्रीड़तेत्यादि। जो सब व्रजवधू—रास में सम्मिलित होने में असमर्थ थीं, वे सब ही उस रात्रि में उक्त रासावसर में ही आनन्दमय विग्रह प्राप्तकर रास लीला में सम्मिलित हुई थीं। "जहुर्गुणमयं देहं" कथन के अनुसार सद्यः कल्याणी होकर रास क्रीड़ा के समय ही वे सब सम्मिलित हो गईं। कैसे हुई ? मेरी गुणावली की चिन्ता करने से ही उस प्रकार प्राप्ति हुई, यह ही प्रमाण है। वे सब पूर्व में अयोग्या थीं, मदीय प्रेम के द्वारा पूर्व अविय देह त्यागानन्तर योग्य देह प्राप्त कर उस समय ही मुझ को प्राप्त कर चुकी थीं। आप सब किन्तु यथावस्थित देह में ही मुझ को प्राप्त करोगी। इस से नित्य पति श्रीकृष्णको प्राप्ति गुण ध्यान से सिद्ध हुई।

किन्तु जार शब्द इस प्रकार अश्लीलता का उद्दीपक है कि—जार भाव से भजन कारिणीगण के पक्ष में जार शब्द हृदय ग्राही नहीं है, उन्होंने कही भी है। (भा० १०।४७।८) "जारा भुक्त्वा रतांस्त्रियम्॥ किन्तु रमणादि पद ही गोपीदणों का अनुमत है, अतएव जार पद फल प्रदान में समर्थ कैसे होगा ? अतएव जार एव ब्रह्मादि पद—अनुवाद वर्गन्तिः पाती हैं। किन्तु आध्यासिक रीति से भ्रममय एवं निन्दित होने के कारण जारत्व हेय है, श्रीकृष्ण स्वरूपतः ही नित्य कान्त परमपति सब के हैं। इस प्रकार उक्त जार पद

सिध्यति । प्रसिद्धत्वाप्रसिद्धत्वे एव हि तयोः प्रवृत्तिहेतु, 'ब्राह्मणोऽयं पण्डितः' इतिवत् । न च 'अनुवादमनुक्त्वा तु न विधेयमुदीरयेत्" इति सर्व्वत्रोपलभ्यते, "यस्य पर्णमयी जुहुर्भवति" इत्यत्र वैपरीत्य-दर्शनात्, 'अप्राप्ते हि शास्त्रमर्थवत्' इति न्यायेन च, "दध्ना जुहोति" इत्यादिवदप्राप्ते रमणत्व एव तात्पर्य्यम्, न च पूर्व्वं पूर्व्वप्रसिद्धे ब्रह्मत्वादिजारत्वपर्य्यन्ते 'अनधिगतार्थगन्तृप्रमाणम्' इति च वृद्धाः किञ्च, जारत्वस्य वास्तवत्वेऽश्लीलता दुर्निवारा;

अनुवाद होने से विधेय पद– रमण ही है । किन्तु अनुवाद एवं विधेय का समन्वय कैसे होगा ? कहते हैं— अनुवाद सर्वत्र प्रसिद्ध है, प्रकट लीला में जारत्व सुप्रसिद्ध है, सुस्पष्ट रूप से वर्णित होने के कारण वक्ता एवं श्रोता में उक्त जार विषयक प्रतीति सुप्रसिद्ध ही है । किन्तु विधेय अज्ञात होता है । इसका अवर्णन है, अवर्णित विषय ही विधेय होता है, "गोपाल कामिनी जार श्चौरो जार शिखामणिः" नामतः श्रीकृष्ण— प्रकटलीला में गोपाङ्गना गण का नित्य जार हैं । 'जार भावेन सुस्नेहोऽपको भवेत्" यह श्रीकृष्ण की उक्ति है । अतएव प्रसिद्ध जारत्व का विधेय रमणत्व स्वाभाविक है, सम्बन्धतः प्रकृतितः जारत्व है, किन्तु फल में रमणत्व ही है । जारत्व एक उपाधि है, किन्तु फलास्वादन रमण में ही है । अनुवाद एवं विधेय स्थल में प्रसिद्ध एवं अप्रसिद्ध दृष्टि से उभय का प्रयोग होता है, ज्ञात को अनुवाद कहते हैं, अज्ञात को विधेय कहते हैं, जिस प्रकार 'ब्राह्मणोऽयं पण्डितः" यह ब्राह्मण पण्डित है, ब्राह्मण ज्ञात होने से अनुवाद है, पूर्व कथन भी है, पण्डित रूप विधेय अज्ञात है, उसका कथन भी पश्चात् हुआ है । इस प्रकार सुप्रसिद्ध जारत्व कृष्ण में तो प्रसिद्ध है ही, किन्तु वह जो गोपी गणों का जार भाव का फल स्वरूप रमण है, यह अज्ञात है । उस श्लोक में उसका वर्णन हुआ है । इस प्रकार ही जार पद को उद्देश्य कर रमण पद को विधेय करना आवश्यक है, कारण—मिलन के समय तो जार बुद्धि से मिलन नहीं होता है, किन्तु प्रियत्वेन होता है, सम्बन्ध भेद में होता है, ममत्व—अभेद में होता है । "अनुवाद को न कहकर विधेय का कीर्त्तन असमीचीन है, यह नियम का निर्वाह सर्वत्र नहीं होता है, "यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति न सः पापं श्लोकं शृणोति" यहाँ उक्त नियम का वैपरीत्य है । अज्ञात ज्ञापको हि विधिः' अप्राप्त विषय को सूचित करने के निमित्त ही शास्त्र सफल होते हैं, ज्ञात वस्तु का विधान शास्त्र नहीं करते हैं । अग्नि होत्रं कुर्य्यात् । विधिस्थल में किस के द्वारा याग विधेय है, अज्ञात वस्तु ज्ञापन हेतु 'दध्ना जुहोति" वाक्य द्वारा करणक हवन का विधान विधेय रूप से हुआ है । इस प्रकार..जारत्व के समय रमणत्व अश्रुत होने के कारण रमणत्व में जारत्व का तात्पर्य्य है । रमणत्व सम्पादन निबन्धन ही तो जार भाव है । किन्तु पूर्व पूर्व प्रसिद्ध ब्रह्मत्व जारत्व में विधेयत्व नहीं हो सकता है । वृद्धगण कहते हैं– अनधिगतार्थ गन्तृ प्रमाणम्" प्रमाण अज्ञात वस्तु का परिज्ञान कराकर सफल होता है । अतएव "जारत्व" पद श्रवण के समय रमणत्व अश्रुत है, तदर्थ ही रमण पद विधेय हुआ ।

और भी कहना है कि—जारत्व को यदि वास्तव कहा जाय– तो सर्वत्र चरित्र हीनता का प्रसङ्ग होगा, श्रीकृष्ण जन शिक्षार्थ स्वयं कान्ता कान्त होकर अभिनय करते हैं, उनमें दोष नहीं है, स्वयं पति होकर पत्नी का उपपति होनेपर दोष नहीं होता है । किन्तु अपर को पति करने में अथवा अपर की पत्नी को पत्नी करने से पापात्मक अश्लीलता का आदर्श निवारित नहीं होगा, जारत्व आदरणीय होने से व्यभि-चारित्व ही होगा, कारण– पतित्व में रमणत्व में प्रियत्व में एकान्त मिलन में जारत्व की स्थिति नहीं होती है । अतएव जारत्व—सर्वथाविधेय नहीं हो सकता है । अतएव अतिविस्तार करना निष्प्रयोजन है । कारण, श्रीकृष्ण ही सर्वनामा हैं, एवं वेद समूह के द्वारा स्तुत हैं ।

अवास्तवत्वे तु व्यभिचारित्वमेवेति । सर्व्वथा तद्विदेयं न भवत्येव वेदग्लमतिविस्तरेण । अत्र ब्रह्मेत्येवोक्ते भगवन्तम्, श्रुतनिर्व्विशेषब्रह्मत्वादस्य कस्यचित् सन्देहविषयो भवतीति परम-मित्युक्तम्; परममित्यप्युक्ते श्रीकृष्णरूपत्वं न प्रतीयत इति मामित्युक्तम्; मामित्येवोक्ते ब्रह्मत्वं परमत्वञ्च प्रमाणान्तरसापेक्षं भवतीति तत्तदुच्यते । तथा जारमित्येवोक्ते पर्य्यवसितं न सिध्यतीति रमणमित्युक्तम्; रमणमित्येवोक्ते पूर्व्वप्रतीतत्वाद्रमणपदेनापि कश्चिज्जारत्व-

अनन्तर "जारं,रमणं परमं, ब्रह्म, मां पदसमूह की सार्थकता दर्शाते हैं, ब्रह्म को प्राप्त किया है, कहने से ही वाक्य की पूर्णता होती, किन्तु भगवन्तम् प्रापुः—कहा गया है, ब्रह्म की प्राप्ति नहीं होती है, अतएव प्राप्य वस्तु का परिचायक शब्द का प्रयोग भगवान् किया गया है, निखिलैश्वर्य्य माधुर्य्य पूर्ण नराकृति पर-ब्रह्म श्रीकृष्ण को प्राप्त किया है । श्रुति प्रसिद्ध निर्विशेष ब्रह्मका बोध ब्रह्मशब्द श्रवणसे प्रतीत होगा,उससे गोपीगण की मुक्ति प्राप्ति हुई, इस प्रकार सन्देह हो सकता है, उसका निरसन हेतु कहते हैं, 'परमम्' यह शब्द—ब्रह्मका विशेषण है, शक्ति समन्वित ब्रह्म की प्राप्ति हुई, निर्विशेष ब्रह्म की नहीं, "परम" विशेषण से भी स्वयं भगवान् नराकृति परम ब्रह्म का बोध नहीं होगा, तज्जन्य कहते हैं । कथन कर्त्ता अपने को निर्देश करते हैं, श्रीकृष्ण स्वरूप मुझ को प्राप्त किया है । 'माम्'—मुझ श्रीकृष्ण को प्राप्त किया है, कहने पर भी मां पद सम्वलित—ब्रह्मत्व, परमत्व प्रमाणान्तर सापेक्ष है, कारण नराकृति पर ब्रह्म में ब्रह्मत्व. परमत्व का प्रतिपादन करना आवश्यक होगा । अतएव उक्त विशेषण को कहा गया है, अतः स्वतः सिद्ध नराकृति परम ब्रह्म श्रीकृष्ण का ही बोध उक्त पदों से होता है । उस प्रकार—(जार) शब्द कथन से ही शोदफल निर्बाध परमानन्द प्राप्ति नहीं होगी, तज्जन्य 'रमण' पद का कथन हुआ है, केवल 'रमण' शब्द कथन से ही अभीष्ट सिद्धि होती, तथापि 'जार' शब्द का प्रयोग किया गया है, कारण,– 'रमण' शब्द से भी पूर्व सम्बन्धान्वित जारत्व का ही बोध होगा, अतः तन्निरासार्थ"जार"पदका उपन्यास अनुवाद्य रूप से हुआ है, अनुवाद कथन के पश्चात् ही विधेय का कथन विहित है, अतएव परमाभीष्ट होने के कारण ही रमणत्व का ही विधेयत्व हुआ है । किन्तु जारत्व विधेय नहीं है, । कारण—"जारत्व" बहुबाधा सम्वलित है, जिस प्रकार अवैध प्रणय के पश्चात् लोक भीति निवारण पूर्वक जन समर्थन के द्वारा आनुष्ठानिक उद्वाहविधि उपद्रव शून्य है, उस प्रकार—निरुपद्रव—अभीष्ट प्राप्ति ही सिद्धान्त एवं रस शास्त्र सम्मत है । प्राचीन लौकिक अलौकिक कविगण—उस प्रकार सिद्धान्त ही करते हैं । अस्मदुपजीव्य चरण—अर्थात् श्रीरूप गोस्वामिचरण निज कृत ललित माधव नाटक में श्रीराधा गोविन्द का प्रकट लीला वर्णन उक्त रूप से ही किये हैं । ललित माधव में पूर्ण मनोरथाङ्क नामक दशम अङ्क है, यह नाटक—पुरलीला वर्णनात्मक है, अर्थात् शैशव में गोप कन्या गण ही कैशोर में राज कन्या हुई थीं, इस पौराणिक आख्यान अवलम्बन से उक्त अङ्क—समाधान हुआ है । उक्त अङ्क में वर्णित है श्रीद्वारकास्थित नव वृन्दावन में श्रीराधाकृष्ण का विवाह सम्पन्न हुआ है । उक्त विवाह सभा में सती शिरोमणि—अरुन्धती, लोपामुद्रा, स पत्नीक इन्द्र प्रभृति देवगण, व्रजराज दम्पति, श्रीदामादि सखागण,पौर्णमासी देवी प्रभृति व्रजपरिकर गण,एवं श्रीवसुदेव देवकी बलराम प्रभृति द्वारका परिकर वृन्द उपस्थित थे । व्रजलीला वर्णनात्मक नाटक विदग्ध माधव है, उस में राधाकृष्ण का विवाह वर्णन नहीं हुआ है । उज्ज्वल नीलमणि ग्रन्थ में सर्वरस पूरक समृद्धि मदाख्य सम्भोग का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है । श्रीभगवान् ने भी भा० १०।४७।३४ में "यत्वहं भवतीनां वै" भा० १०।४७।३७ "या मया क्रीड़ता रात्र्याम्" में उस प्रकार अभिप्राय को व्यक्त किया है । जारभावमय सङ्गम लौकिक में सर्वदा उपद्रव पूर्ण है, अतएव निरुपद्रव पूर्ण सम्भोग सुख सम्पादन हेतु लौकिक समर्थन

मेव लक्ष्येतेति तन्निरासार्थं जारमिति चानूद्यते । परमाभीष्टत्वादपि रमणत्वस्यैव विधेयत्वम्, न तु जारत्वस्य । तथापि सर्व्वत्र पर्य्यवसाने निरुपद्रवाभीष्ट-दर्शिभि रेव खलु सिद्धान्तरस-शास्त्रयोः सम्मताः । प्राचीनैर्लौकिकैरलौकिकैरपि कविभिस्तथैवोपाख्यायते । श्रीमदस्मदुपजीव्यचरणैरपि ललितमाधवे पूर्णमनोरथनामाङ्के तथैव समापितम् । तदेवोज्ज्वलनीलमणौ प्रमाणीकृत्य सर्व्वरसपूरक-समृद्धिमदाख्यः सम्भोग उदाहृतः । श्रीभगवता

रूप विवाह अनुष्ठान श्रेयस्कर है । वामन प्रभृति लौकिक रस वेत्तागण जार भाव को ही रस हेतु मानते हैं, किन्तु पर्य्यवसान में उपद्रव पूर्ण स्थिति सुखद नहीं होती है । भरत मुनिने गोकुललसना गण में जार भाव को रसोत्कर्ष का हेतु माना है, अन्यत्र निषेध किया है । पारमहंस्यसंहितारूप श्रीमद् भागवत में सुस्पष्टतया जारभाव का वर्णन श्रीशुकने किया है, यह लीला शक्ति शास्त्रमर्म्म की लोक शिक्षार्थ है । "अत्रैव परमोत्कर्षः शृङ्गारस्य प्रतिष्ठितः" (उज्ज्वल नीलमणि)

टीका—श्रीजीवगोस्वामिचरण—अत्रैव—परकीयायामेव ।

उस प्रकार असंख्य व्रजवनितागण के द्वारा श्रीकृष्ण के व्रजस्थिति समय में भी स्वीय भाव गोपन करना दुष्कर था, उसका वर्णन भा० १०।३५।१६ में है—

"निज पदाब्जदलै र्ध्वजवज्रनीरजाङ्कुशविचित्रललामैः ।
व्रजभुवः शमयन् खुरतोदं वर्ष्मधुर्य्यगतिरीडितवेणुः ॥"

टीका—अस्माकन्तु मोहं किं ब्रूम इत्याहुः निज पदाब्ज दलैरिति । ध्वजादीनि विचित्राणि ललामानि चिह्नानि येषां तैः निजानि पदान्येव अब्जदलानि तैः व्रजभुवः खुरतोदं खुराक्रमण व्यथां शमयन् वर्ष्मणा देहेन धुर्य्योगजस्तद्वद्गतिर्यस्य स कृष्णो वादित वेणुः सन् यद् व्रजति"

वृहत् क्रमसन्दर्भ—हे सख्यः ! यद्येवं तस्य वेणु वाद्य कौशलं न स्यात्, तदा कथमस्माकमीदृगवस्था स्यादित्यपरा आहुः—निजपदाब्जेत्यादि द्वाभ्याम् । दलैरिति बहुमाने बहुत्वम् । ध्वज वज्रादीनि विचित्राणि ललामानि येषां तैः । वर्ष्मधुर्य्यो हस्ती, तद्वद् गतिर्यस्य, यद्वेडीत वेणु वादित वेणुस्तदा वयं कुजगति वृक्ष वज्जाड्यं गमिताः सत्यः कश्मलेन कवरं वसनं वा स्खलितमस्खलितं वा न विदाम इत्यर्थः ॥"

"व्रजति तेन वयं सविलासवीक्षणार्पितमनोभव वेगाः ।
कुजगतिं गमिता न विदामः कश्मलेन कवरं वसनं वा ॥" भा० १०।३५।१७

तेन निमित्तेन सवीक्षणार्पितो मनोभववेगो यासु ता वयम् कुजा वृक्षास्तेषां गतिं गमिताः सत्यो मोहेन न विदामः कवरं वा वसनंवेति ।

"गजगामी श्रीकृष्ण,—ध्वज वज्र कमल अङ्कुशादि विचित्र शोभा से शोभित निज चरण कमल द्वारा व्रजभूमि की गोष्ठ गमन काल में खुराक्रमण जनित व्यथा को विदूरित कर व्रजागमन करते हैं, तज्जन्य उनका सविलास अवलोकन से हमारे मन में कन्दर्प वेग अर्पित होता है । उस से हम सब में जड़ता आ जाती है । सुतरां हमारे वसन एवं केश बन्धन स्खलित हो जाते हैं, मोह के कारण हम सब का कुछ अनुसन्धान नहीं रहता ।" इस प्रकार उद्भट भावरीति सम्पन्न व्रज सीमन्तिनी गण का भाव सङ्गोपन व्रज में श्रीकृष्णावस्थिति समय में भी दुष्कर था । अर्थात् श्रीव्रजेश्वरी की सभा में उपस्थित होकर श्रीकृष्ण प्रेयसी वर्ग जब उस प्रकार परस्पर कहती थीं, तब उन सब का भाव सुव्यक्त हुआ था । उसके बाद महाविरह उपस्थित होने पर—अर्थात् अक्रूर श्रीकृष्ण को मथुरा में ले जाने के निमित्त आने पर—वे सब

च (भा० १०।४७।३४) 'यत्वहं भवतीनां वै' इत्यादिना, (भा० १०।४७।३७) "या मया क्रीड़ता रात्र्याम्" इत्यन्तेन तथैवाभिप्रेतम् । जारभावमयः सङ्गमश्च सदैव सोपद्रवः । सोपद्रवत्वमेव हि जारवादिनां रसहेतुरिति गत्यन्तरञ्च न शक्यमिति पर्य्यवसानपुरुषार्थत्वे तत्तच्छास्त्र-सम्मतो न स्यात् । तथा परकोटिसंस्थानां (भा० १०।३५ १६) "निजपदाब्जदलैः" इत्यादि-युगले (भा० १०।३५।१७) 'कुजगतिं गमिता न विदामः,कश्मलेन कवरं वसनं वा'इत्यादि—रीतीनामुद्भट-

एक साथ खेद प्रकट कर कही थीं—भा० १०।३९।२८

निवारयामः समुपेत्य माधवं किन्नोऽकरिष्यन् कुल वृद्ध बान्धवाः।'

चल, हम सब मिलकर माधव को रोकें, कुलवृद्धबान्धवगण, हमारे क्या करेंगे ? उस के बाद-प्रिय विच्छेद शङ्का से आकुल होकर (भा० १०।३९।२८)

विसृज्य लज्जां रुरुदुः स्म सुस्वरं गोविन्द दामोदर माधवेति । चेति ॥

गोपीगण लज्जा विसर्जन पूर्वक "हे गोविन्द ! हे दामोदर ! हे माधव कहकर उच्चैःस्वर से रोदन करने लगीं । भा० १०।४७।९।१० में वर्णन है—

"कृष्णदूते समायाते उद्धवे त्यक्त लौकिकाः ।

गायन्त्यः प्रिय कर्म्माणि रुदत्यश्च गतह्रियः ।

तस्य संस्मृत्य संस्मृत्य यानि कैशोर बाल्ययोः ॥"

टीका—प्रियस्य कर्माणि गायन्त्य स्तथा बाल्य कैशोरयो र्यानि कर्माणि तानि संस्मृत्य गतह्रियः सत्यो रुदत्यश्च तमपृच्छन्निति पूर्व क्रिययैव सम्बन्धः ।

गोपीवृन्द के काय, वाक्य, मन श्रीगोविन्द में आविष्ट थे । श्रीकृष्ण दूत उद्धव का व्रजागमन होने पर वे सब लौकिक व्यवहार विसर्जन पूर्वक प्रियतम श्रीकृष्ण के कर्म समूह का कीर्त्तन एवं उनके बाल्य कैशोर के कर्म समूह का बारम्बार स्मरण कर निर्लज्ज भाव से रोदन करती थीं ।" (भा० १०।४७।११ में उक्त है—

"काचिन्मधुकरं दृष्ट्वा ध्यायन्ती प्रियसङ्गमम् ।

प्रिय प्रस्थापितं दूतं कल्पयित्वेदमब्रवीत् ॥

प्रियतम श्रीकृष्ण का सङ्गमकाध्यान परायणा गोपी श्रीराधा, एक मधुकर को देखकर प्रिय श्रीकृष्ण प्रेरित दूत मानकर बोली थीं ।

उनकी प्रेमचेष्टा को देखकर उद्धवने कहा था—(भा० १०।४७।६१)

"आसामहो चरणरेणु जुषामहं स्यां वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम् ।

या दुस्त्यजं स्वजनमार्य्य पथञ्च हित्वा भेजुर्मुकुन्द पदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ।

बृहत् क्रमसन्दर्भ—तस्मादेतासां चरण रजः सम्बन्धोऽप्यति दुर्लभ इत्याह—आसामहो'व । अहो चित्रम्, आसां चरणरेणु जुषां गुल्मलतौषधीनां मध्ये वृन्दावने किमप्यहं स्याम्, यत्र कस्यचिदासां चरण-रजो लभ्यते । तत्रैव गुल्मादिषु मध्ये कतमत् स्यामित्यर्थः । कुतः ? इत्य ह—या दुस्त्यजमित्यादि । श्रुतिभि विमृग्यामेव, नतु लभ्याम्, मुकुन्दपदवीं मुकुन्द प्रेम । ननु (भा० १०।३२।१३)

"मनोरथान्तं श्रुतयो ययुः" इति पूर्व मुक्त्वा कथमिदानीं श्रुतिभि मृग्यामित्युच्यते ? सत्यम् श्रुतयो हि ज्ञानकाण्ड कर्मकाण्डोपासना काण्डात्मिकाः । तत्रोपासना काण्डात्मिकास्तु तत् पदवीं गच्छन्त्येव, अन्यास्तु मृगयन्त्येवेति ॥

जिन्होंने दुस्त्यजं स्वजन एवं धर्म पथ को परित्याग कर श्रुति समूह के द्वारा अन्वेषणीय मुकुन्दपदवी

भावानां तासां व्रजे च भावसङ्गोपनं पूर्व्वमपि दुष्करमासीत्। महाविरहे तु जाते (भा० १०।३९।२८) 'निवारयामः समुपेत्य माधवं, किं नोऽकरिष्यन् कुलवृद्धबान्धवाः" इति, (भा० १०।३९।३१) 'विसृज्य लज्जां रुरुदुः स्म सुस्वरं, गोविन्द दामोदर माधवेति' चेति, (भा० १०।४६।४) 'ता मन्मनस्का मत् प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः' इति, (भा० १०।४७।६) 'कृष्णदूते व्रजायाते उद्धवे त्यक्तलौकिकाः' इति, (भा० १०।४७।१०) 'गतह्रियः' इति, (भा० १०।४७।११)

(मुकुन्द विषयक प्रेम) का भजन किया है, उन सब गोपीगण की चरणरेणु सेवी वृन्दावनस्थ गुल्मलता औषधि के मध्य में एक हो सकूँ, तब धन्य हो जाऊँगा" ॥ भा० १०।६५।९ में श्रीबलदेव का व्रजागमन होने पर उक्त है, ।

"गोप्यो हसन्त्यः पप्रच्छू राम सन्दर्शनादृताः ।
क्वचिदास्ते सुखं कृष्णः पुरस्त्रीजन वल्लभः ॥"

श्रीबलरामसन्दर्शन से आदृता गोपीगण हँस हँस कर उनको पूछी थीं, "पुरस्त्री जनवल्लभ श्रीकृष्ण सुखी हैं न ?

(भा० १०।६५।११) "मातरं पितरं भ्रातॄन् पतीन् पुत्रान् स्वसॄरपि ।
यदर्थे जहिमदाशार्ह दुस्त्यजान् स्वजनान् प्रभो ।
ता नः सद्यः परित्यज्य गतः सञ्छिन्नसौहृदः ॥"

"हे प्रभो ! हे दाशार्ह ! जिस के कारण, माता, पिता, पुत्र, भगिनी प्रभृति दुस्त्यज स्वजन गण को परित्याग कर चुकी हूँ, वह कृष्ण सब को छोड़कर सौहार्द्दबन्धन छिन्न किये हैं ।

इस श्लोक में महाविरह उपस्थित होने पर व्रज सुन्दरी गण का भाव (श्रीकृष्ण में प्रगाढ़ प्रेम) सुव्यक्त हुआ है

"निवारयाम." "चल, हम सब जाकर माधव को मना करें ।" इत्यादि रूप में जो सङ्कल्प हुआ था, गोपीगण के द्वारा वे सब अनुष्ठित हुए थे। उसका विवरण "विसृज्यलज्जां" लज्जावर्जन पूर्वक उच्चैःस्वर से हे गोविन्द ! इत्यादि कहकर रोदन किये थे । लज्जात्याग के द्वारा ही श्रीकृष्ण विषयक भाव परिस्फुट हुआ था । रोदनादि के द्वारा नहीं । कारण, समस्त गोकुल वासी जनगण—श्रीकृष्ण विच्छेद से कातर होकर रोदन किये थे । उस से कोई वैशिष्ट्य नहीं हुआ। कुल वधूवर्ग के निकट प्राणापेक्षा लज्जा ही आदरणीय है, वे सब प्राण कोटि निर्मञ्छनीय चरण प्रियतम के विच्छेद भय इस प्रकार अधीर हो चुकी थीं, जिस से लज्जाविसर्जन पूर्वक हा गोविन्द कहकर रोदन करने से गुप्त कृष्णानुराग व्यक्त होगा, तज्जन्य गुरु गञ्जनादि सहन करना पड़ेगा—इस प्रकार भीति वार्त्ता मन में उदित नहीं हुई । अनन्तर भाव व्यक्ति पूर्वक रोदन द्वारा उन सब के द्वारा निवारण भी उपयुक्त ही हुआ था । ललित माधव नाटक में इसका चित्रण इस प्रकार है— क्षणं विक्रोशन्ती लुठति शताङ्गस्य पुरतः ।
क्षणं बाष्पग्रस्तां किरति किलदृष्टिं हरिमुखे ।
क्षणं रामस्याग्रे पतति दशनोत्तम्भित तृणा
न राधेयं कं का क्षिपति करुणाम्भोधि कुहरे ।

अहो ! श्रीराधा क्षण काल चीत्कार करते करते रथाग्रे लुठित हो रही हैं, क्षणकाल बाष्पाकुल नयन से हरिमुख निरीक्षण कर रही हैं । क्षणकाल राम के सम्मुख में दन्त द्वारा तृणोत्तोलन कर रही हैं, हाय !

'काचिन्मधुकरं दृष्ट्वा' इति, (भा० १०।४७।६१) 'या दुरत्यजं स्वजनमार्य्यपथञ्च हित्वा' इति, (भा० १०।६५।६) 'गोप्यो हसन्त्यः पप्रच्छू रामसन्दर्शनादृताः' इति, (भा० १०।६५।११)—

'मातरं पितरं भ्रातॄन् पतीन् पुत्रान् स्वसॄरपि ।
यदर्थे जहिम दाशार्ह दुस्त्यजान् स्वजनान् प्रभो ॥" ५११॥

इति च श्रूयते । अत्र 'निवारयामः' इत्यादिकं यथा सङ्कल्पतं तथैव' विसृज्य लज्जाम्'

राधा इस प्रकार दशाग्रस्त होकर किस को शोक सागर में निक्षेप नहीं करती हैं । अर्थात् श्रीराधा की अवस्था को देखकर समस्त जन निकर शोक सागर में निमग्न हो रहे हैं । इस प्रकार "कृष्ण दूते व्रजायाते उद्धवेत्यक्त लौकिकाः" इत्यादि श्लोक त्रय में उन सब की भावव्यक्ति वार्त्ता सुस्पष्ट रूप में अभिव्यक्त है । अधिक विचार का प्रयोजन ही क्या है ? भा० १०।३१।१६ में पूर्वराग प्रकरण है, उस में कथित है—

"पतिसुतान्वय भ्रातृबान्धवानति विलङ्घ्य तेऽन्त्यच्युतागताः ।"
इस में पति सुतादि परित्याग की कथा है, किन्तु भा० १०।६५।११ में
"मातरं पितरं भ्रातॄन् पतीन् पुत्रान् स्वसॄरपि"
यदर्थे जहिम दाशार्ह दुस्त्यजान् स्वजनान् विभो ॥" माता प्रभृति का परित्याग का वर्णन है, उस समय उन सब की अपेक्षा थी किन्तु विरहोत्कण्ठामें उक्त अपेक्षा भी तिरोहित हो चुकी थी ।

सुतरां तदानीं महाविरह वैकल्य उपस्थित होने पर दुर्द्धरमहाभाव हेतु उन सब की उन्मत्त चेष्टा (दिव्योन्माद) व्यक्त हुई थी । दिव्योन्माद का लक्षण यह है,—

"एतस्य मोहनाख्यस्य गतिं कामप्युपेयुषः ।
भ्रमाभा कापि वैचित्री दिव्योन्माद इतीर्य्यते ॥"

किसी प्रकार अनिर्वचनीया वृत्ति विशेष प्राप्त मोहनाख्य महाभाव की भ्रम सदृश किसी अद्‌भूत विचित्रता को दिव्योन्माद कहते हैं । जिन्होंने निर्लज्ज भाव से श्रीकृष्ण में कान्त भाव को व्यक्त किया है, श्रीकृष्णने उद्धव को कहे थे— "ता मन्मनस्का मत्प्राणामदर्थेत्यक्तदैहिकाः ।
मामेव दयितं प्रेष्ठमात्मानं मनसा गताः ॥

दयितं, प्रेष्ठं, आत्मानं—पदत्रय के योग से ही गोपीगण का पतित्व श्रीकृष्ण में निश्चित हुआ है । अतः जिन्होंने अत्यन्त प्रबल विरहोत्कण्ठा से माता प्रभृति का त्याग किया है । उन सब असंख्य गोपीजन का भाव संगोपन कदापि सम्भवपर नहीं है । सबने जाना था । किन्तु कान्ता भाव व्यक्त होने पर भी महाविरह पीड़ा से विवश व्रजवासिगण के निकट वह अज्ञात के समान था । किन्तु विरहावसान होने पर उन्होंने पूर्व प्रकाशित कृष्ण प्रेम विषय का अनुसन्धान अवश्य ही किया था ।

जार भावमय सङ्गम, भाव संगोपन के द्वारा कुछ समय पर्य्यन्त रसता को पुष्ट करता है जार भाव व्यक्त होने पर श्रीकृष्ण के सहित व्रजलक्ष्मी गण का जार भावमय सङ्गम, धर्ममय रूपसे ही प्रतीत हुआ । उस से यह जार भाव—महामुनीन्द्र श्रीशुकदेवादि के द्वारा पारमहंस्य संहित में परमादर से कीर्त्तित हुआ है, तज्जन्य ही मुनिने कहा है ।

"बहु वार्य्यते यतः खलु यत्र प्रच्छन्न कामुकत्वञ्च ।
याच मिथो दुर्लभता, सा मन्मथस्य परमा रतिः ।

इत्यादिनाचरितम् । तासां लज्जात्यागः खलु भावव्यक्त्यैव स्यात्,— सर्व्वेषां गोकुलवासिनां रोदनादिसाम्यात् । ततस्तद्व्यक्तिपूर्व्वकरोदनद्वारेण ताभिर्निवारणमपि योग्यमिति । एवं त्यक्तलौकिका इत्यादिषु च सुष्ठ्वेव भावव्यक्तिर्गम्यते । किं बहुना ? मातर्गमित्यादौ मात्रावीन् जह्मि इत्युक्तम्, न तु पूर्व्वरागवत् (भा० १०।३१।१६) 'पतिसुतान्वयभ्रातृबान्धवानतिविलङ्घ्य' इतिमात्रमुक्तम् । तदेवं तदानीन्तु दुर्द्धरमहाभावेनोन्मत्तचेष्टानां निरपत्रपाणां

लघुत्वमत्र यत्प्रोक्तं तत्तु प्राकृत नायके ।
न कृष्णे रस निर्य्यास स्वादार्थमवतारिणि ।।

प्राञ्च— शृङ्गार रस सर्वस्वं शिखिपिञ्छ विभूषणम् ।
अङ्गीकृत नराकार माश्रये भुवन त्रयम् ।।

किञ्च,— नासौ नाट्ये रसे मुख्ये यत् परोढ़ा निगद्यते ।
तत्तु स्यात् प्राकृत क्षुद्रनायिकाद्यनुसारतः ।।

तथाचोक्तम्— 'नेष्टा यदङ्गिनि रसे कविभिः परोढ़ा, तद् गोकुलाम्बुजदृशां कुलमन्तरेण ।
आशंसया रस विधेरवतारितानां, कंसारिणा रसिक शेखरमण्डलेन ।

सज्जन्य ही अलौकिक जारभाव में ही शृङ्गार रसकी चरमोत्कर्षता है, तत्त्व विद्गण का इस में ऐकमत्य है, रस ध्वनि के द्वारा व्यक्त होता है, उसमें ध्वनि प्रधान काव्य ही राधाकृष्ण है, अन्यथा निर्दोष साहित्य ही विलुप्त होगा । अन्यत्र परिपूर्ण रसपोषक सामग्री नहीं है । अतएव श्रीरूप गोस्वामीपाद ने उज्ज्वल नीलमणि में कहा है—

"अत्रैव परमोत्कर्ष शृङ्गारस्य प्रतिष्ठितः" उत्रैव–परकीयायामेव, श्रीजीव गोस्वामि चरण की व्याख्या।
पति—उपपति भेद से द्विविध—"उक्तः पतिः स कन्याया यः पाणि ग्राहको भवेत्" यथा रुक्मिणी पतिः ।

"रागेणोल्लङ्घयन् धर्मं परकीयाबलार्थिना ।
तदीय प्रेम वसति बुधैरुपपतिः स्मृतः ।।

लोक शिक्षा के निमित्त स्वयं ही श्रीकृष्ण निज शक्ति रूपा प्रेयसी वर्ग के सहित व्रज में अवतीर्ण हैं, अतएव उन में अधर्ममयत्व नहीं है, अतएव अश्लीलता भी नहीं है, सुतरां रस हानि भी नहीं है, प्रत्युत परम रसमयत्व है, कारण—श्रीकृष्ण ही "रसो वैसः" शब्द से कीर्त्तित है । कर्माधीन मानव में दोषावह है, सुतरां लौकिक परकीया में रस अस्वीकार्य है । जार भावमय रसके उपकरण समूह इसप्रकार हैं "विभाव, अनुभाव, सात्त्विक व्यभिचारी" सम्मिलन से स्थायी भाव रस होता है आलम्बन — उद्दीपन भेद से विभाव द्विविध हैं । वंशी स्वरादि—उद्दीपन, कृष्णादि आलम्बन हैं ।

अनुभाव—स्मित, नृत्य, गीतादि उद्भास्वर एवं स्तम्भादि सात्त्विक हैं,

व्यभिचारी—निर्वेद हर्षादि तेत्रीश हैं ।

उक्त सामग्री सम्मिलन से चमत्कार कारी रस होता है । अर्थात् विभाव, अनुभाव, सात्त्विक, व्यभिचारी, सामग्री चतुष्टय सम्मिलन से श्रीकृष्ण विषयक स्थायिभाव—कृष्णरति—रसनाम से अभिहित होती है ।

विभाव—आलम्बन– उद्दीपन भेद से द्विविध हैं ।

आलम्बन– विषय, आश्रय भेद से द्विविध हैं ।

विषयालम्बन– श्रीकृष्ण, आश्रयालम्बन– कृष्ण भक्त प्रस्तुत स्थल में व्रजसीमन्तिनीवृन्द हैं ।

व्यञ्जितभावानां त्वयतमात्रादीनां तासामसंख्यानां भावसङ्गोपनं नोपपद्यत एव, किन्तु ज्ञातोऽप्यसौ महाविरहपीड़या सर्व्वैरज्ञात इवासीत्। अनन्तरं त्वनुसन्धेय एव, स तु भाव-सङ्गोपनार्थेव कालकतिपयं स्वस्य रसतामावहति। व्यक्तत्वे तु स्वस्य परेषामपि सर्व्वत्र वस्तुतो धर्म्ममयत्व-प्रतीतौ जातायामेवेति रसविदां मतम्। अधर्म्ममयत्वप्रतीतौ त्वश्लीलतया व्याहन्यत एव रसः। अधर्म्ममयत्वञ्च द्विधा—परकीयत्वेन परस्पृष्टत्वेन च। तस्माद्—यथैश्वर्य्यज्ञानमय्यां श्रीपरीक्षित्सभायामैश्वर्य्यज्ञानमय्या रीत्यैव तत् परिहृत्य रसावहत्वं समाहितम्

स्थायिभाव—कृष्णरति—शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य एवं मधुर। प्रस्तुत स्थल में मधुर है।

रसोपकरण समूह विद्यमान होने पर नायक नायिका का सङ्गम प्राकृत जारमय होता है तो वह रसाभास होता है रस नहीं, यह ही लौकिक रसशास्त्रविद्गणों का मत है, श्रीकृष्ण में ही अलौकिक जारत्व होने से परमोपादेय रस स्वीकृत है।

रस का लक्षण—"बहिरन्तः करणयो र्व्यापारान्तर रोधकम्।
स्व कारणादि संश्लेषिचमत्कारि सुखं रसः॥"

बहिरिन्द्रिय एवं अन्तरिन्द्रिय के सम्बन्ध में व्यापारान्तर का प्रतिबन्धक, (निज) रस का कारण स्वरूप विभावादि के सहित सम्मिलित जो चमत्कार सुख, उस को सुख कहते हैं।

प्राकृतस्थल में परकीयात्व एवं परस्पर्शत्व हेतु अधर्ममयत्व द्विविध हैं। अर्थात् कर्माधीन जन्म होने से आनुष्ठानिक समाजिक रीति अन्य कर्त्तृक विवाहिता अथवा कन्यका नायिका होने से परकीयात्व होता है, एवं अपर के द्वारा उपभुक्ता रमणी नायिका होने से पर स्पर्शत्व दोष होता है, सुतरां वेदनिषिद्ध अधर्ममयत्व प्रतीत होने से रसहानि होती है। श्रीमद् भागवतीय सर्वोत्तम लीलात्मक रास प्रसङ्ग के उपसंहार में राजा का प्रश्न "परदारा' अभिमर्षण पर रहा, आप्तकाम यदुपति ने परदारा गमन रूप अधर्म कर निन्दनीय कार्य्य क्यों किया? (भा० १०।३३।२९-३६)उक्त परीक्षित् सभा ऐश्वर्य्य ज्ञानमयी थी, अतएव श्रीशुकने प्रश्न का उत्तर सीधा नहीं दिया— 'श्रीकृष्ण की धर्म पत्नी गोपाङ्गनागण हैं" किन्तु चक्कर से उत्तर दिया, अर्थात् प्रश्न हुआ लौकिक रीति से उत्तर हुआ अलौकिक ऐश्वर्य्य रीति से, आत्मा परमात्मा की क्रीड़ा है, लोक शिक्षा हेतु है, सब का अध्यक्ष एवं पति श्रीकृष्ण हैं, पर है ही कहाँ, जिस से परस्त्री गमन दोष होगा, किन्तु अवगुण्ठन कौतुक मयी लीला होने से सब सभासद् गण परम रसाविष्ट हुये थे।

लौकिक जार भाव पापमय वेदनिषिद्ध हेतु श्रवण मात्र से ही सामाजिक के मन में घृणा का उद्रेक होता है। चित्त सङ्कुचित होने से रसोदय नहीं होता है। तज्जन्य लौकिक पारकीय भाव से रस सिद्ध नहीं होता है, परकीया भाव के स्थायिभाव विभावादि यावतीय उपकरण घृणास्पद होने के कारण रसता सम्पादन में अक्षम हैं। व्रजस्थ परकीया भाव अतिविशुद्ध लोकोत्तर भाव है। इस से निरवद्य साहित्य निर्दोष दर्शन,कामतन्त्र,गन्धर्व कला प्रभृति का विस्तार असमोर्द्ध्वरूपसे हुआ है। लोकोत्तर ममत्व आस्वादन ही व्रजीय परकीया भाव का मूल उत्स है। अतएव इस में ही स्वयं भगवान् स्वरूप शक्त्यानन्द रूप भक्ति रस का आस्वादन कर जगत् में आदर्श शिक्षा स्थापन करते हैं। कारण—व्रजीय परकीयाभाव विशुद्ध स्वकीयाभाव के ऊपर प्रतिष्ठित है, एक अद्वय ज्ञान तत्त्व श्रीकृष्ण ही सर्व पति एवं आश्रय तत्त्व हैं। अतएव जो श्रीकृष्ण, नित्य कान्त हैं, वह ही नित्य उपपति हैं। और जो नित्य स्वरूप शक्ति रूपिणी नित्य प्रेयसी, कान्ता हैं, वे सब ही उनकी परकीया नायिका हैं। नायक—परम ब्रह्म हैं, नायिका गण—उनकी स्वरूप

तथा लोकवल्लीलाकैवल्यावलम्बन-प्रेममय्यां श्रीगोकुल-सभायां लोकरीत्यैव समाधेयम् । तथाहि (भा० १०।३३।३७)—

'नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया ,
मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः ॥'५१२॥

इति च यच्छ्रूयते, तत्रात्राप्यवश्यमेव सङ्गमनीयम् । तस्य चायमर्थः— तस्य मायया कर्त्र्या मोहिताः सन्तो नासूयन् । तस्य स्वनित्यप्रेयसीस्वीकारलक्षणे गुणे कल्मसावरसद्धामार्थद् हृत्-प्रियात्मतनयप्राणाशयजीवातुतमः परदारस्वीकारामङ्गलमङ्गीकरोतीति दोषारोपं नाकुर्व्वन्नित्यर्थः । मायामोहितत्वमेवाह-मन्येति । स्वरूपासद्धानां भगवद्दाराणामपरकर्त्तृक-बलात्-

शक्ति रूपा हैं । उस में अपर रूपी श्रीकृष्ण कर्त्तृक विवाहादि—निज चिच्छक्ति योगमाया द्वारा सम्पादित है, परिणाम में अर्थात् वृन्दावनीय अप्रकट वैभव रूप गोलोक लीला में योगमायावरण विदूरित होने पर नित्य कान्त, के सहित नित्य कान्ता रूप में मिलन होता है ।

यह सब कारण से व्रजीय परकीयाभाव के विभावादि चमत्कार सुख स्वरूप होकर रसता वहन करते हैं । यहाँ रस निष्पन्न होता है, उस को व्यक्त करने का माध्यम शब्द है, किन्तु वह परमार्थ वस्तु भूत ही है, अतएव व्रजीय परकीया भाव का विशेष स्तव श्रीशुकादि महानुभावों ने मुक्त कण्ठ से किया है । ऐश्वर्य्य ज्ञानमयी परीक्षित् सभा में ऐश्वर्य्य ज्ञानरीति परकीयात्व का समाधान पूर्वक परम रसावहत्व स्थापित हुआ है, उस प्रकार ही ' लोकवल्लीला कैवल्य रीति से"– अर्थात् केवल लीला वशतः मनुष्य के समान चेष्टान्विता प्रेममयी गोकुल राजसभा में भी उक्त परकीया भाव का समाधान हुआ है ।

भा० १०।३३।३७में उक्त है—"नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया ।
मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः ॥

श्रीकृष्ण माया मोहित व्रज वासिगण, निज निज पत्नी को निज निज पार्श्व में अवस्थिता मानकर श्रीकृष्ण के प्रति असूया (गुण में दोषारोपण)प्रकाश नहीं किये थे । इसका तात् पर्य्य यह है—श्रीकृष्ण की चिच्छक्ति रूपा योग माया के द्वारा मोहित होकर व्रजवासि वृन्द श्रीकृष्ण के प्रति असूया नहीं किये थे । गुण में दोषारोपण असूया है । श्रीकृष्ण का निज निज प्रेयसी ग्रहण लक्षण गुण में, गृह, अर्थ, प्रिया, आत्मा तनय, प्राण, आशय एवं एक मात्र जीवन सर्वस्व से भी श्रीकृष्ण हमारे प्रियतम हैं, श्रीकृष्ण क्यों परदार ग्रहण करेंगे ? इस प्रकार मानकर दोषारोपण नहीं किये थे ।

व्रजराज की सभा में विविध प्रमाणों से श्रीराधा चन्द्रावली का श्रीकृष्ण नित्य प्रेयसीत्व प्रति पादित होने पर, जब श्रीकृष्ण प्रकाश्य रूप से निज प्रेयसी ग्रहण में तत् पर हुये थे उस समय गोपीगण के पतिम्मन्य गोपगण मन में धारणा किये थे, हमारे प्रियतम श्रीकृष्ण, कभी भी परदार ग्रहण रूप अधर्म में प्रवृत्त नहीं हो सकते हैं, इस के पहले व्रजसीमन्तिनीगण का जो कृष्णानुराग सुव्यक्त हुआ था, वह अनुराग भी दोषा वह नहीं है, कारण, श्रीकृष्ण की नित्य निज प्रेयसी गण ही श्रीकृष्ण में अनुरक्त हुई थीं, गोपगण की पत्नी वर्ग नहीं । यदि ऐसा नहीं होता तो अनुरागिणी होने पर भी श्रीकृष्ण परपत्नी को अङ्गीकार नहीं करते । श्रीकृष्णने हमारी क्षति कुछ भी नहीं की है । सुतरां श्रीकृष्ण के द्वारा अनुष्ठित कार्य्य में हम सब दोषारोप क्यों करेंगे ? किन्तु, श्रीकृष्ण यदि साक्षात् रूप से गोप गण की धर्म पत्नी को प्रेयसी रूप में अङ्गीकार

कारपरिहारार्थमधुना चान्यदा च तत्तदाकारतया तस्य माया कल्पिता, ये ये स्वे स्वे दारास्तान् स्वस्वपार्श्वस्थान् मन्यमाना भगवद्दाराभेदेन स्वमत्या निश्चिन्वाना इत्यर्थः। तदेवम् (भा० १०।२९।९) "अन्तर्गृहगताः काश्चित्" इत्यत्रोक्तानामपि समाधानं ज्ञेयम्। परमसमर्थायास्तस्या मायाया निजप्रभुप्रेयसीनां तदेकानुरागस्वभावानां मर्यादारक्षणार्थं

करते, तथापि निज निज धर्म पत्नी को श्रीकृष्ण हस्त गत देखकर दुःखित नहीं होते। दुःखित होते— श्रीकृष्ण का अधर्मानुष्ठान को देखकर, कारण, अधर्मानुष्ठान से श्रीकृष्ण का अमङ्गल होगा।

गोपगण,—योगमाया रूप चिच्छक्ति के द्वारा (प्राकृत गुण माया के द्वारा नहीं,) मोहित थे, इसका प्रकाश करते हैं, 'मन्यमानाः' शब्द के द्वारा गोपगण निज पार्श्वस्थित पत्नीगण को मानते थे, किन्तु निज शय्यास्थिता नहीं मानते, योगमाया कल्पित श्रीकृष्ण प्रेयसी वर्ग की रक्षा योगमाया अपर पुरुष सङ्गम से करती थी। निज पत्नी वर्ग को निजशय्या सङ्गिनी करने का आग्रह गोपगण नहीं करते थे, इस में कारण द्वय हैं,—एक कारण चिच्छक्ति रूपा योगमायाका प्रभाव है,अपर कारण— व्रज प्रदेश की रीति है, पुष्पिता न होने से रमणीगण पतिशय्या सङ्गिनी नहीं होती हैं। व्रजदेवी गण पुष्पिता नहीं थीं, उनमें नारी धर्म का प्रकाश नहीं है, वे सब नित्य किशोरी एवं श्रीकृष्ण प्रेमवती हैं।

स्वरूप सिद्धा भगवत् प्रेयसीवृन्द अपर के द्वारा बलात्कार प्राप्ता नहीं तज्जन्य उस उस आकृति से योगमाया कल्पिता निज पत्नी गण को गोपोंने निज पार्श्व में अवस्थिता माना था, अर्थात् निज निज बुद्धि के द्वारा उन्होंने निश्चय ही कर लिया था।

कहा जा सकता कि—उक्त वृत्तान्त तो रास रजनी का ही, है, किन्तु सर्वदा ही क्या योगमाया वैसी रक्षा करती थीं ? उत्तर, हाँ, परम सामर्थ्य वती अघटनघटन पटीयसी चिच्छक्ति योगमाया, निज प्रभु प्रेयसी—जो सब श्रीकृष्ण में स्वभावतः ही अनुरागिणी हैं,उन सब की मर्यादा रक्षण हेतु तादृशीमाया कल्पित स्वरूप के सहित शुभ परिणय दिन से आरम्भ कर सर्वदा सावधान रही, रास लीला के दिन तो उपलक्षण है। परिणय दिवस में चिरन्तर रीति से पति शय्यास्थ करण नहीं हुई, कारण, गोप क्लीव थे—पुरुषत्व हीन थे, अतएव उक्त कार्य्य में वे सब अरुचिशील थे।

सुतरां स्वरूप सिद्धा गोपीगण की रक्षा पतिम्मन्य गोपगण के समीप में आवरण के द्वारा, एवं कल्पिता वनिताgण की रक्षा भी योगमाया आवरण के द्वारा सर्वदा करती रहती थीं। इस प्रकार रीति को अपनाने का प्रयोजन—उत्तम भक्ति मार्ग प्रदर्शन करना था,इस से उत्कण्ठावर्द्धन उत्तमोर्द्ध्व रूपसे होता है ही, विषय वितृष्णा भी ऐकान्तिक रूप से होती है।

तज्जन्य ही योगमाया द्वारा अनुष्ठित परकीया भाव सर्वदा श्लाघनीय है, दाम्पत्य में उस प्रकार उत्कर्ष नहीं है। अतएव श्रीकृष्णेच्छारूप योगमाया द्वारा अनुष्ठित कार्य्य सर्वथा सफल हुआ था, उसका निदर्शन श्रीमद्भागवत ३५।१४ के युगलगीत में है, इस में अत्यधिक उत्कण्ठा विवृत हुई है।

> "विविध गोपचरणेषु विदग्धो वेणु वाद्य उरुधा निजशिक्षाः
> तव सुत सदाधर बिम्बे दत्तवेणुरनयत्स्वर जातीः"।

टीका—अपि च महदेतदाश्चर्यमित्याहुः विविधेति। हे सति यशोदे। तव सुतो नाना गोप क्रीड़ासु विदग्धो निपुणो वेणुवाद्ये विषये निजैव या शिक्षा, यासु ताः स्वोत्प्रेक्षिता नत्वन्यतः श्रुता इत्यर्थः। निषाद स्वरजाती निषाद ऋषभादि स्वरालाप भेदान् अनयत् उन्नीतवान्॥

परिणयमारभ्य सदैव सावधानताया योग्यत्वात्तद्दिनमुपलक्षणमेवेति । श्रूयते च कूर्म्मपुराणे द्वात्रिंशाध्यायस्यान्ते पतिव्रतामात्रस्य परात् परिभवो न सम्भवतीति कैमुत्येन श्रीसीता-देव्युदाहृता,—

गोपिका कही थीं, यह महदाश्चर्य है, हे सति यशोदे ! तुम्हारा पुत्र, विविध गोप क्रीड़ाओं में निपुण है, वेणुवाद्य विषय में स्वोद्भावित शिक्षा के द्वारा ही महीयान् है, अन्य से सिखने की आवश्यकता नहीं है, कारण—स्वर जाति समूह में जितने भेद हो सकते हैं, सब का ही तुम्हारा पुत्र आलाप करने में सक्षम है । रास प्रसङ्ग में उक्त है,—

"शुश्रूषन्त्यः पतीन् काश्चिदश्नन्त्यो ऽपास्य भोजनम् ।
लिम्पन्त्यः प्रमृजन्त्योऽन्या अञ्जन्त्यः काश्च लोचने ।
व्यत्यस्तवस्त्राभरणाः काश्चित् कृष्णान्तिकं ययुः ।
ता वार्य्यमाणाः पतिभिः पितृभिर्भ्रातृ बन्धुभिः ।
गोविन्दापहृतात्मानो न न्यवर्त्तन्त मोहिताः ॥
अन्तर्गृह गताः काश्चिद् गोप्योऽलब्ध विनिर्गमाः ।
कृष्णं तद् भावना युक्ता दध्यु र्मीलित लोचनाः ।"

कतिपय गोपी स्नानादि के निमित्त उत्तोयक अर्पणादि द्वारा पति शुश्रूषा में रत रहीं, कोई कोई अङ्गराग लेपन कर रही थीं, अपर कतिपय गोपी अङ्गोद्वर्त्तन प्रवृत्ता हुई थीं, कोई तो लोचन में अञ्जन प्रदान कर रही थीं, वेणु ध्वनि श्रवण से ही उक्त कर्म्म समूह का त्याग कर ही वे सब श्रीकृष्ण के निकट उपस्थित हो गईं, त्वरतता के कारण, उन सब के वसन भूषण विपर्य्यस्त हो गये थे । अर्थात् शरीर के ऊर्द्ध्व भाग में धारण योग्य वसन का धारण अधोभाग में हुआ था ।

पति, पिता, माता, भ्राता, एवं बन्धुवर्ग के द्वारा निवारिता होने पर भी गोविन्द कर्त्तृक उनसब के चित्त अपहृत होने से वे सब गमनरत रहीं, किसी भी प्रकार से निवृत्ता नहीं हुई । कतिपय गोपिका, अन्तर्गृह में अवरुद्धा हो गई थीं, किन्तु निर्गमन उपाय प्राप्त न होकर ध्यान से ही श्रीकृष्ण सङ्ग प्राप्त कर चुकी थीं ।

स्वरूप सिद्धागण की उत्कण्ठा वृद्धि का विवरण—युगलगीत एवं रास प्रकरणस्थ १०।२९।४-११ में परिस्फुट है । अन्यत्र भी उक्त विवरण सुव्यक्त है, अर्थात् उक्त स्थल में स्वरूप सिद्धागण,— माया कल्पिता नहीं रही, किन्तु प्रबलोत्कण्ठा ही अभिव्यक्त हुई है, यदि परकीया का आवरण नहीं होता तो उक्त उत्कण्ठा का परिचय दुष्प्राप्य ही होता ॥

संशय हो सकता है कि—व्रजदेवीगण की प्रबलोत्कण्ठा दर्शन कर गुरगण निर्य्यातन कर सकते, किन्तु उसका प्रतीकार का उपाय क्या रहा ? उत्तर—श्रीकृष्ण विषयक भाव ही अन्य कर्त्तृक पराभव का निवारक है, कारण—गर्गाचार्य ने कहा ही है, "य एतस्मिन् महाभागे प्रीतिं कुर्वन्ति मानवाः । नारयोऽभि-भवन्त्येतान् विष्णु पक्षानिवासुराः" जो सब मानव महाभाग श्रीकृष्ण में प्रीति करते हैं, विष्णु पक्षीय गण को जिस प्रकार असुरगण पराभूत करने में असमर्थ हैं, उस प्रकार ही उन सब का पर भव अपर कर्त्तृक नहीं हुआ । भा० १०।८।१८ श्लोकोक्त विवरण ही जब उस प्रकार है, तब निरतिशय प्रेमवती व्रजदेवी गण का अनिष्ट साधन अपर के द्वारा नहीं हो सकता है ।

परम समर्था श्रीकृष्णेच्छारूप योगमाया निज प्रभु प्रेयसी श्रीकृष्णकानुरागवती वृन्द की सर्वदा मर्य्यादा रक्षणार्थ परिणय दिवस से आरम्भ कर निरन्तर अति सावधान तथा जागरूक रही, रास प्रसङ्ग के

"पतिव्रताधर्म्मपरा रुद्राण्येव न संशयः। नास्याः पराभवं कर्त्तुं शक्नोतीह जनः क्वचित् ।५१३।
यथा रामस्य सुभगा सीता त्रैलोक्य विश्रुता। पत्नी दाशरथेर्देवी विजिग्ये राक्षसेश्वरम् ।५१४।
रामस्य भार्य्यां विमलां रावणो राक्षसेश्वरः। सीतां विशालनयनां चकमे कालचोदितः ।५१५।
गृहीत्वा मायया वेशं चरन्तीं विजने वने। समाहर्त्तुं मतिं चक्रे तापसः किल भाविनीम् ।५१६।
विज्ञाय सा च तद्भावं स्मृत्वा दाशरथिं पतिम्। जगाम शरणं वह्निमावसथ्यं शुचिस्मिता ।५१७।
उपतस्थे महायोगं सर्व्वपापविनाशनम्। कृताञ्जली रामपत्नी साक्षात् पतिमिवाच्युतम् ।५१८।
नमस्यामि महायोगं कृतान्तं गहनं परम्। दाहकं सर्व्वभूतानामीशानं कालरूपिणम् ।'५१९। इत्यादि।
"इति वह्निं पूजय जप्त्वा रामपत्नी यशस्विनी। ध्यायन्ती मनसा तस्थौ राममुन्मीलितेक्षणा ।५२०।
अथावसथ्याद्भगवान् हव्यवाहो महेश्वरः। आविरासीत् सुदीप्तात्मा तेजसेव दहन्निव ।५२१।
सृष्ट्वा मायामयीं सीतां स रावणवधेच्छया। सीतामादाय धर्म्मिष्ठां पावकोऽन्तरधीयत ।५२२।
तां दृष्ट्वा तादृशीं सीतां रावणो राक्षसेश्वरः। समादाय ययौ लङ्कां सागरान्तरसंस्थिताम् ।५२३।
कृत्वा च रावणवधं रामो लक्ष्मणसंयुतः। समादायाभवत् सीतां शङ्काकुलितमानसः ।५२४।
सा प्रत्ययाय भूतानां सीता मायामयी पुनः। विवेश पावकं दीप्तं ददाह ज्वलनोऽपि ताम् ।५२५।

विन घटना तो एक उपलक्षण दृष्टान्त है। कूर्म्म पुराण के विवरण से ज्ञात है कि(कूर्म्म पुराणके द्वात्रिंशदध्याय से) पतिव्रता मात्र का ही पराभव अपर के द्वारा नहीं होता है, अतएव श्रीसीता देवी का प्रकरण उट्टङ्कित हुआ है।

पतिव्रता धर्म परायण रुद्राणी हैं, इस में कोई संशय नहीं है, कोई भी व्यक्ति इनको पराभूत करने में समर्थ नहीं हैं ।५१३।

जिस प्रकार त्रैलोक्य विश्रुता राम पत्नी सुभगासीता के द्वारा राक्षसेश्वर पराभूत हुआ ।५१४।

राक्षसेश्वर रावण ने विमला राम भार्य्या विशाल नयना सीता की अभीप्सा, काल प्रेरित होकर की ।५१५। मायिक वेश धारण कर तापस वेशी राक्षसेश्वरने निर्जन वने में भाविनी सीता को अपहरण करने की इच्छा की ।५१६। शुचिस्मिता सीता ने राक्षसेश्वर का भाव को जानकर वह्नि की शरण ली ।५१७। राम पत्नी सीताने कृताञ्जलि होकर सर्वपाप प्रणाशन साक्षात् पति अच्युत के समान महायोग का अनुष्ठान किया ।५१८। और कही—सर्वभूतों का दाहक एवं स्वामी कालरूपी परम गहन कृतान्त महायोग को मैं प्रणाम करती हूँ ।५१९।

उन्मीलित नयना राम पत्नी यशस्विनी सीताने इस प्रकार से जप एवं वह्नि पूजन कर मनसा राम चन्द्र की भावना की ।५२०।

अनन्तर आवसथ्य अग्नि से महेश्वर भगवान् हव्यवाह तेजके द्वारा मानों दग्ध कर रहे हैं, इस प्रकार सुदीप्तात्मा आविर्भूत हुये थे ।५२१।

वह्नि, रावण वधेच्छासे मायामयी सीता का सृजन कर धर्मिष्ठा सीता को लेकर अन्तर्धान हो गये ।५२२। उस प्रकार सीता को देखकर राक्षसेश्वर रावण सागरान्तर संस्थित लङ्का में सीता को ले गये ।५२३। लक्ष्मण के सहित राम, रावण को बध कर सीता का उद्धार किये थे, किन्तु शङ्का से व्याकुलचित्त हो गये थे ।५२४।

सीता राम की आशङ्का को जानकर मानवों को विश्वस्त करने के निमित्त सुदीप्त अनल में प्रविष्ट हो गई, अग्नि ने भी उनको जला दी ।५२५।

दग्ध्वा मायामयीं सीतां भगवानुग्रदीधितिः । रामायादर्शयत् सीतां पावकोऽभूत् सुरप्रियः ।५२६।
प्रगृह्य भर्त्तुश्चरणौ कराभ्यां सा सुमध्यमा । चकार प्रणतिं भूमौ रामाय जनकात्मजा ।५२७।
दृष्ट्वा हृष्टमना रामो विस्मयाकुललोचनः । ननाम वह्निं शिरसा तोषयामास राघवः ।५२८।
उवाच वह्ने भगवन् किमेषा वरवर्णिनी । दग्धा भगवता पूर्व्वं दृष्टा मत्पार्श्वमागता ।५२९।
तमाह देवो लोकानां दाहको हव्यवाहनः । यथावृत्तं दाशरथिं भूतानामेव सन्निधौ ॥"५३०॥ इत्यादि

एवमग्निपुराणमपि दृश्यम् । तदेवमपि यत्तु वाल्मीकिना नेदं स्पष्टीकृतम्, तत् खलु करुण-रसपोषार्थमेवेति गम्यते । सेयञ्च तस्य परिपाटी क्वचिदन्येनाप्युपजीव्यत इति ज्ञेयम् । तदेवं पतिव्रतामात्राणां विशेषतः श्रीभगवत्प्रेयस्याः प्रभावे सति (भा० १०।८।१८)

"य एतस्मिन् महाभागे प्रीतिं कुर्व्वन्ति मानवाः ।
नारयोऽभिभवन्त्येतान् विष्णुपक्षानिवासुराः ॥"५३१॥

इति सामान्यविषये गर्गवचने च सति तादृशीनां भ्रमेऽपि तं नित्यकान्तमपरित्यजन्तीनां नित्यं तत्कान्तं परिचरन्ती माया श्रीरामावसथ्याग्निवदपि किं रक्षां न कुर्व्वीत, किन्तु तदीयलीलानाट्यरक्षार्थं तत्पतिम्मन्यादिष्वेव विवाहादि-शयनादिष्वेव च स्वरूपसिद्धा

भगवान् उग्रदीधिति माया सीता को दग्ध करने के पश्चात् सुरप्रिय पावक राम को सत्यसीता का दर्शन कराये थे ।५२६। जनकात्मजा सीताने भर्त्ता श्रीराम के चरण स्पर्श कर भूमि में प्रणति की ।५२७।

विस्मयाकुल लोचन राघव राम सीता को देखकर आनन्दित हुये, एवं शिरसा वह्नि को प्रणति के द्वारा सन्तुष्ट किये थे ।।५२८। एवं वह्नि को कहे थे,—हे भगवन् वह्ने ! मत् समीपस्था पूर्वदृष्टा वरवर्णिनी सीता को आपने दग्ध किया ? (५२९)

लोक दाहक हव्यवाहन देवने प्रत्युत्तर में दाशरथिको समस्त मानवों के सन्निकट में यथायथ रूप में समस्त वास्तविक वृत्तान्त कहे थे ।५३०। इत्यादि । यह वृत्तान्त कूर्मपुराण का है, अग्नि पुराण में भी उस प्रकार विवरण है ।

किन्तु आदि कवि वाल्मिकि ने उस प्रसङ्ग को नहीं उठाया है, उसका कारण है, रामायण करुण रस पोषक काव्य है, उक्त करुण रस को पुष्ट करने के निमित्त ही आपने उसका उट्टङ्कन नहीं किया है । उस प्रकार परिपाटी को कहीं पर अपर कविने भी अपनाया है । इसका विशेष अनुसन्धान करना विधेय है ।

पतिव्रता मात्र का ही प्रभाव उक्त रूप जब है, तब भगवान् की नित्य प्रेयसी वर्ग का विशेष प्रभाव होगा, अर्थात् अपर कर्त्तृक स्पृष्ट ये सब नहीं होंगे,इसमें कोई सन्देह नहीं है, वस्तुत अद्वय तत्त्व रूप भगवान् द्वितीय है ही नहीं, जीव शक्ति अथवा वहिरङ्गा शक्ति के सहित उनका साक्षात् व्यवहार नहीं है, भगवान् निज स्वरूप शक्ति में प्रतिष्ठित रहते हैं । प्रेयसीवर्ग— भगवान् की अभिन्न स्वरूप शक्ति हैं । इसका विवरण भा० १०।८।१८ में है—

" य एतस्मिन् महाभागे प्रीतिं कुर्वन्ति मानवाः ।
नारयोऽभिभवन्येतान् विष्णुपक्षानिवासुराः ॥"

वृहद् वैष्णव तोषणी—महाभागेति—परम पुण्यवतीत्यसम्भावनानिरस्ता । वस्तुतस्तु भागो भगमेव निजांशेन भगवत्ता प्रकटन पर इत्यर्थः । यद्वा, "हे महाभागे ! इत्यन्ते श्रीयशोदा सम्बोधनम्,

आवव्रिरे । अन्येषु चान्यथा च कल्पिता एवेति गम्यते । तावदेव च युक्तम्, तासु मर्य्यादा-रक्षणोत्कण्ठावर्द्धनैकप्रयोजनत्वात्तस्याः । अथ तासामपत्यश्रवणञ्च यातुमानिनीप्रभृतीना-मपत्येषु तद्व्यवहारात् । साम्ब–लक्ष्मणा-प्रत्यानयने श्रीबलदेवमुद्दिश्य (भा० १०।६८।५२) "ससुतः सस्नुषः प्रायात् सुहृद्भिरभिनन्दितः" इतिवत् । स्वापत्यत्वे सति विवाहवैगुण्येन

"सपत्नीको धर्ममाचरेत्" इति न्यायात्, तथा भर्त्तुं भार्य्यया सह अभेदात्, तथा स्नेह भरेण पुत्रस्य शुश्रूषया तत्रैवोपविष्टाया स्तस्याः प्रहर्षार्थं सर्वत्र अन्यत्र च श्रीनन्द प्राधान्यात् सम्बोधनमुक्तमेव । मानवा इति जात्याद्यपेक्षा निरस्ता, वस्तुतस्तु सङ्कोपनार्थमेव विशेषतश्च मर्त्य लोकेऽवतीर्णत्वेन मनुष्याणामेव प्रीति सम्भवात् । अरयो बाह्याः श्रीकंसादयः, प्रीतिकर्त्तुं प्रतिपक्षा आन्तराश्च कामादयः । विष्णु पक्षान् देवान् दैत्या इव,यद्वा,वैष्णवान् असुरा, असुर प्रकृतय इव नाभिभवितुं शक्नुवन्त्यतः, न कोऽपि कथञ्चिदपि कंसादिभ्यो युष्माभिर्न भेतव्यमिति भावः ॥

श्रीगर्गाचार्य्य कहे थे—जो सब मानव महाभाग श्रीकृष्ण में प्रीति करेंगे, विष्णु पक्षीयजनगण जिस प्रकार असुरगण कर्त्तृक पराभूत नहीं होते हैं, उस प्रकार उन सब को भी शत्रुगण पराभूत नहीं कर सकते हैं । सुतरां निरतिशय प्रेमवती व्रजाङ्गना गण का अनिष्ट साधन करने में कोई भी समर्थ नहीं हैं, यह सहज अनुमेय है ।

वृ० वै० तोषणी । परम पुण्यवतीत्व में असम्भावना निरसन हेतु 'महाभाग' शब्द प्रयुक्त हुआ है । वस्तुतस्तु भागो ही भग है, अर्थात् जिन्होंने अशेष निज भगवत्ता को प्रकट किया है, उनमें प्रीति करने से मानव व धाप्राप्त नहीं होते हैं, अथवा, 'महाभागे' यह यशोदा का सम्बोधन है, 'सपत्नीक धर्माचरण विधेय है, इस नियम से भर्त्ता के सहित पत्नी की अभिन्नता है, स्नेह परिपूरित हृदय से पुत्र परिचर्य्या हेतु एकत्र उपविष्ट यशोदा को आनन्दित करने के निमित्त सम्बोधन हुआ है, अन्यत्र प्राधान्य से श्रीनन्द का सम्बोधन होता है । 'मानवा' पद से सूचित है, कि—श्रीकृष्ण में प्रीति मानव मात्र ही कर सकते हैं, इस में वर्ण अथवा जाति भेद का विधान नहीं है, वस्तुतः ईश्वरत्व सगोपन पूर्वक मनुष्य में आविर्भूत होने के कारण श्रीकृष्ण प्रीति में मनुष्यमात्र ही अधिकारी हैं । अरि—कंसादि, जो शरीर से बाहर हैं, अन्तर में कामादि हैं, दैत्य गण विष्णुपक्षभूत देवगण को पराभूत नहीं कर सकते हैं, उस प्रकार ।

अथवा, आसुरिक प्रकृति भावसम्पन्न व्यक्तिगण वैष्णव को पराभूत करनेमें समर्थ नहीं होते हैं । अतएव आप सब का कंस से किसी प्रकार भय नहीं है ।

गोपाङ्गना गण तो स्वप्न में भी नित्य कान्त श्रीकृष्ण को परित्याग नहीं करती हैं, चिच्छक्ति रूपिणी श्रीकृष्णेच्छा रूपा योगमाया भी नित्य कान्त श्रीकृष्ण की परिचर्य्या करती है. तब क्या श्रीराम की आवश्यकता रञ्जन के समान योग माया क्या श्रीकृष्ण प्रेयसी वर्ग की रक्षा नहीं करेगी ? किन्तु तदीय लीला नाट्य रक्षार्थ परिम्मन्य गोपगण के सहित विवाह विषयक शयनादि यावतीय व्यवहारों में अति सतर्कता के सहित प्रेयसी वर्ग की रक्षा योगमाया करती रहती थीं, रस परिपोषण के निमित्त श्रीकृष्णेच्छारूपा चिच्छक्ति ही समस्त कल्पना करती थी । प्रकरण पाठ से इस प्रकार अर्थ बोध ही होता है । वैसा करना समीचीन ही था । कारण—उत्तमाभक्ति का प्रदर्शन अभिनय के द्वारा करने के निमित्त भक्ति स्वरूपभूत मर्य्यादा रक्षण, एवं श्रीकृष्ण विषयिणी दुर्दम्य लालसा को वर्द्धित करना ही उक्त परिपाटी का एकमात्र प्रयोजन था ।

रसाभासत्वमापद्येत । ततश्च(भा० १०।३३।३६)"भजते तादृशीः क्रीड़ा याः श्रुत्वा तत्परो भवेत्"

भा० १०।२९।२० में वर्णित है—"मातरः पितरः पुत्रा भ्रातरः पतयश्च वः ।
विचिन्वन्ति ह्यपश्यन्तो मा कृध्वं बन्धु साध्वसम् ॥

भा० १०।३०।१६ में उक्त है—

"पतिसुतान्वय भ्रातृबान्धवान् अतिविलङ्घ्य तेऽन्त्यच्युतागताः ।
गतिविदस्तवोद्गीतमोहिता कितव योषितः कस्त्यजेन्निशि ॥

इत्यादि वर्णना से प्रतीत होता है कि व्रज सीमन्तिनीगण पुत्रवती रहीं, इसका समाधान करते हैं । वे सब धातृ (माता) प्रभृति पुत्र में पुत्र शब्द का प्रयोग करती थीं, अतएव उस प्रकार उक्ति हुई है ।

भा० १०।६८।५२ में श्रीबलदेव को लक्ष्य कर कथन है—पुत्र पुत्रवधू के सहित श्रीबलराम का आगमन हुआ । अन्यथा, आश्रयालम्बन रूप विभाव वैरूप्य दोष से "रसानां समूहोरासः" रास लीला स्वादन में रसाभास उपस्थित होता । पुत्रवती रमणी गण के पुत्रगण माता का अन्वेषण के निमित्त निर्गत होने पर नायिकागण के पक्ष में अनादर्श अश्लील काम क्रीड़ा ही होती, इस में रस गन्ध भी न होने से भक्ति रस शब्द का प्रयोग श्रीभागवत में नहीं होता, वर्त्तमान काल में अभिनय परायण व्यक्ति गण विशुद्ध अश्लील काम क्रीड़ा का परिवेशन ही श्रीकृष्ण चरित्र के माध्यम से करते हैं, एवं स्वयं कामाभ्यास भी करते हैं ।

किन्तु सज्जन वृन्द कभी भी उस प्रकार जघन्य आदर्श का स्थान मनमें नहीं देते हैं । प्राचीन आचार्य्य गण, एवं शास्त्र कर्त्तागण के चरित्रानुशीलन से प्रतीत होता है कि वर्त्तमान में प्रचलित जघन्य सांसारिक विषय भोगाकाङ्क्षा से उक्त सज्जन वृन्द का अवलम्बनीय विषय पूर्णतः भिन्न है । कारण, मुनीन्द्र श्रीशुक-देव, सज्जन पूर्ण महानुभव श्रीपरीक्षित् महाराज के सभा में श्रीकृष्ण की औपपत्यमयी रासादि लीला का वर्णन प्रेम विह्वल चित्त से ही किये हैं । जो लोक प्राकृत सांसारिक रस में ही एकमात्र रस शब्द का प्रयोग करते हैं, उन सब को अनुसन्धान करना कर्त्तव्य होगा कि—अप्राकृत रस का उत्स होने के कारण—श्रीशुकदेव ब्रह्म समाधि को धिक्कार प्रदान कर रास लीलास्वादन में आत्म नियोग किये थे ।

रास क्रीड़ा का उपसंहार में श्रीशुक ने कहा है भा० १०।३३।३६।

"भजते तादृशीः क्रीड़ा याः श्रुत्वा तत् परो भवेत् ॥

श्रीकृष्ण—तादृशी क्रीड़ासमूह का अनुष्ठान करते हैं । जिस को सुनकर भक्तभिन्न अन्यजन भी श्रीकृष्ण में आसक्त हो जाय ।" इस से बोध होता है कि—श्रीकृष्ण लीला सर्व चित्ताकर्षिणी है ।

यदि श्रीकृष्ण, निज विवाहित पत्नी अथवा पुत्रवती रमणी वृन्द के सहित रास लीला का अनुष्ठान करते तो यह विशुद्ध वीभत्सकामातुर की क्रीड़ा होती, एवं विभाव वैरूप्य होने से रसाभास दोष होता, रसाभास दोष दुष्ट आचरण में श्रवण वर्णन कारिगण आसक्त न होकर विरक्त ही होते । भा० १०।३३।३६ स्थ 'भजते तादृशीः क्रीड़ाः' का बृहत् क्रम सन्दर्भ—

व्रजाङ्गनाभिः सह क्रीड़नं स्वरूप विहार एव न धर्म व्यतिक्रम इति भावः । ननु तर्हि रहस्य भूतामीदृशीं क्रीड़ां कथं भुवि प्रकटितवान् ? इत्याह—अनुग्रहायेत्यादि । भक्तानामनुग्रहायेत्यादि । भक्तानामनुग्रहाय तादृशीः क्रीड़ा भजते, या श्रुत्वा मानुषं देहमाश्रितो यः कश्चिदेव तत् परः भवेत् । भक्तास्तावद् विविधाः—रसस्य वैविध्यात् । तेन नाना रसा एव लीलाः करोति । तेषां स्व स्ववासनोपासनाभेदादिति भक्तानुग्रहार्थमेव लीलाः ॥ तासां श्रवणात् कश्चिदेव मानुष देहभाक् मुच्यते" इत्यर्थः ॥

इति, (भा० १०।३३।२५) "सिषेव" इत्यादौ "सर्व्वाः शरत्काव्यकथारसाश्रयाः" इति च विरुध्येत। परपुत्रत्वप्रतिपादनायैव (भा० १०।२९।६) "पाययन्त्यः" इत्यन्ते "सुतान् पयः" इत्येवोक्तम्, न तु सुतान् स्तनमिति। अतएव (भा० १०।२९।२०) "मातरः पितरः पुत्रा भ्रातरः

गोपीनां तत् पतीनाञ्च सर्वेषामपि देहिनाम् योऽन्तश्चरति सोऽध्यक्षः क्रीड़नेनेह देहभाक्। श्लोक में कहा गया है, गोपाङ्गनागण, श्रीकृष्ण के क्रीड़ापाञ्चालिका के समान निज क्रीड़ा देह हैं। उन सब के सहित श्रीकृष्ण साक्षात् क्रीड़ा देह आविष्कार कर क्रीड़ा करते हैं।

प्रश्न हो सकता है, इस प्रकार अज्ञात पूर्व अति गूढ़ लीला का प्रकटन भूतल में क्यों करते हैं ? कहते हैं मानव मात्र के प्रति अनुग्रह करने के निमित्त, भक्तगण के प्रति अनुग्रह करने के निमित्त अपूर्व लीला करते हैं, मानव को सत् शिक्षा से शिक्षित करने से ही भक्त गण के प्रति अनुकम्पा होती है, अतएव इस प्रकार लोभनीय क्रीड़ा करते हैं, जिसको सुनकर मानव देह धारी कोई मनुष्य, जिस को अच्छा लगेगा, वह श्रीकृष्ण में आत्म समर्पण करेगा। भक्तगण—अनेक विध होते हैं, कारण—रस बहुविध हैं, तज्जन्य श्रीकृष्ण—नाना विध लीला करते रहते हैं। निज निज वासना भेद से उपासना में भेद होता है, अतः बहुविध लीला करते हैं, उन सब लीला श्रवण से आकृष्ट चित्त कोई व्यक्ति दैहिक आसक्ति से अपने को मुक्त करेगा।

भा० १०।३३।२५। में उक्त है—

"एवं शशाङ्कांशुविराजिता निशाः ससत्यकामोऽनुरताबलागणः।
सिषेव आत्मन्यवरुद्ध सौरतः सर्वाः शरत् काव्यकथारसाश्रयाः॥

टीका—रास क्रीड़ा निगमयति एवमिति। स कृष्णः, सत्यसङ्कल्पः अनुरागि स्त्री कदम्बस्य एवं सर्वा निशाः सेवितवान्। शरत् काव्य कथारसाश्रयाः शरदि भवाः काव्येषु याः कथास्ताः सिषेवे इति। एवमपि आत्मन्येव अवरुद्धः सौरतश्चरमधातु र्नतु स्खलितो यस्येति काम जयोक्तिः॥

वृहत् क्रम सन्दर्भः—उपसंहरति—एवमित्यादि। सत्य कामः सत्य सङ्कल्पः स श्रीकृष्णः, शशाङ्कांशु विराजिता निशा व्याप्य, उक्त प्रकारे बहु वचनम्। शरत् काव्य कथाः सिषेवे, शरदि—सवत्सरे याः काव्य कथा ऋतु षट्क भवा या वनविहार—जलविहार-मधुपान रतोत्सवादयः काव्याङ्गभूताः कथारता इत्यर्थः। तादृश लीलानामतिगोप्यत्वात् श्रोतॄणामनधिकाराच्च सङ्केतेनैवोपसंहृतं भगवता श्रीशुकाचार्य्येण। "तत्र मदच्युदृद्विरद" दृष्टान्तेन मधुपानम्। "आत्मन्यवरुद्ध सौरतः" इत्यनेन रतोत्सवः। अवरुद्धमवरोधः सुरतमेव सौरतम्, आत्मन्यवरोधः सौरतं यस्येति रतमर्य्यादा चोक्ता, सङ्केतेनैवेति दिक्। तच्च विपरीततरमित्यर्थः। रसाश्रयाः शृङ्गाररसाश्रयाः॥"

सत्य सङ्कल्प प्रभु ने व्रजसुन्दरी वृन्द के सुरतसम्बन्धी हावभावादि को एवं चरम धातु स्खलन को निरोध कर शरत् काव्य कथा रसाश्रया रजनी समूह में उनसब के सहित विहार किया था।

भा० १०।३३।२५ के विवरण के अनुसार सुस्पष्ट प्रतीत होता है कि—अलौकिक भक्ति रस ही जिस रजनी समूह का आश्रय है, उक्त समूह रजनी में विहार श्रीकृष्ण किये थे। इस से स्वरूप शक्तिभूता व्रज देवी गण के सहित प्रकाशित लीला में रस निष्पत्ति हुई थी। व्रजाङ्गना गण श्रीकृष्ण की धर्मपत्नी होने से अथवा पुत्रवती होने से इस निष्पत्ति का अङ्गीकार श्रीशुकदेव नहीं करते।

